तल्पतीर: (पुं०) गद्दे का किनारा, गद्दे से संयुक्त। शय्या अनल्पतूलोदित-तल्पतीरे क्षीरोपूरदरचुम्बिचीरे। (सुद० २/११)

तल्लज: (पुं०) [तत्+लज्+अच्] प्रसन्नता, श्रेष्ठता।

तल्लिका (स्त्री०) [तस्मिन् लीयते तत्+ली+ड+कन्] ताली, कुंजी, १. प्रशस्त तरुणी (जयो० ३/७७)

तल्ली (स्त्री०) [तत् लसति-तत्+लस्-ड+ङीष्] तरुणी, युवती।

तल्लीतलं (नपुं०) युवती प्रान्त, तरुणी स्थान। (जयो० ११/९८)

तल्लीन (वि०) तत्पर, संलग्न। (वीरो० २१/१६)

तष्ट (वि०) [तक्ष्+क्त] खण्डित, विनष्ट किया गया, विदारित।

तवर्ग: (पुं०) स, थ्, द, थ, न वर्ग। (जयो० वृ० ३/२०)

तवोचित (वि०) उससे उचित (जयो० १/७७)

तवसिस्थित (वि०) उस रूप में स्थित। (हि० ४९)

तव-तुम्हारी। (सुद० ७३)

तवक-(तुम्हारी) (जयो० १२/१२७)

तवस्विराट् (पुं०) ऋषिवर। (जयो० १/७७)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तस्करः (पुं०) चोर, लुटेरा। तुच्छवस्तु का ग्रहण (जयो० २८/५७)

तस्करता (वि०) चोरी भाव, (समु० ८/५)

तस्करयुतिः (स्त्री०) चौर संयुति। (जयो० २८/५७)

तस्करप्रयोगः (पुं०) चोरी की प्रेरणा। 'तस्कराश्च चौरास्तेषां प्रयोगो'

तस्थु (वि०) स्थिर, अचल।

ताक्षण्यः (पुं०) [तक्षन्+ण्य] बढ़ई का पुत्र।

तार्क्ष्यकेतुः (स्त्री०) गरुड ध्वजा। (वीरो० ११/१९)

ताच्छीलिकः (पुं०) विशेष प्रवृत्ति।

ताटङ्कः (पुं०) कर्णाभूषण, कर्णफूल।

ताटस्थ्य (वि०) सामीप्य, समीपता, १. उदासीनता, २. माध्यस्थता।

ताडः (पुं०) [तड्+घञ्] प्रहार, घूंसा, थप्पड़। १. देखना, २. पूला, गट्ठर। (जयो० ८/१०) ३. पर्वत।

ताडका (स्त्री०) [तड+णिच्+ण्वुल+टाप्] राक्षसी।

ताडकेयः (पुं०) ताडका पुत्र, मरीची राक्षस।

ताडनं (नपुं०) [तड+णिच्+ल्युट्] मारना-पीटना (समु० ८/२८) (जयो० १५/५२)

ताडपः (पुं०) ताडपत्र।

ताडपत्रं (नपुं०) ताड का पत्र।

ताडवृक्षः (पुं०) ताडतरु। (जयो० १४/१)

ताडिः (स्त्री०) एक आभूषण।

ताडित (वि०) आहत, प्रहारित। (जयो० वृ० २/१४१)

ताड्यमान (वि०) [तड+णिच्+शानच्] प्रहार किया जाता हुआ, पीटा जाता, पीडित किया। (जयो० वृ० १५/५१)

ताडयन्-ताडे, बजाए।

ताण्डवः (पुं०) नृत्य, नाच, उदात्त नृत्य।

ताण्डुल (पुं०) नृत्य, नाच, अभिनय।

तातः (पुं०) [तनोति विस्तारयति गोत्रादिकम्] जनक, पिता। (समु० ३/८) पितृस्थान (जयो० १/६) पूज्य-जयो० ४/२)

तातख्यातः (पुं०) महोदय। (जयो० १८/४४)

तातनः (पुं०) [तात+नृत्+ड] खंजन पक्षी।

तातलः (पुं०) एक रोग। १. पकाना, तपाना। २. ऊष्मा, तेज, गर्मी।

तातिः (स्त्री०) उत्तराधिकारी। १. पंक्ति। (जयो० ११/८०)

तात्कालिक (वि०) [तत्काल+ठञ्] उसी समय होने वाला। भव्य रहित।

तात्त्विकस्थितिः (स्त्री०) वास्तविक स्थिति। (जयो० वृ० २८/४०)

तात्पर्यं (पुं०) आशय, अभिप्राय, निष्कर्ष, अर्थ, सुद्देश्य, अभिप्रेत।

तात्त्विक (वि०) [तत्त्व+ठक्] वास्तविक, यथार्थ, परमाश्यक चिन्तनीय, विचारणीय, तत्त्व सम्बंधी। (सम्य० ६१)

तात्त्विकवृत्तिः (स्त्री०) तत्त्व सम्बंधी व्याख्या।

तात्त्विकी (स्त्री०) तत्त्व सम्बंधी। (जयो० ११/४१)

तादात्म्य (नपुं०) [तदात्मन्+ष्यञ्] एक रूपता, समानता, सम्बन्ध विशेष, एकीकृत, गुण-गुणी का सम्बन्ध, अवयव-अवयवी का सम्बन्ध। एकीभावगत। (जयो० १/१०३)

तादात्विकः (वि०) अपव्यय करने वाला, व्यय की चिन्ता नहीं करने वाला।

तादृक् (वि०) वैसा, उसी प्रकार का, उसी तरह का। (सम्य० ४२)

तादृक्मुखं (नपुं०) वैसा ही आनन। 'तादृक्मुखं सम्यक् सुष्ठु यथा स्यात्तथा परिचुम्बति। (जयो० १५/४९)

तादृक्ष (वि०) वैसा ही, उसी रूप में।

तादृष्ट (वि०) उसी तरह का।

तादृश (वि०) उसी रूप में, वैसा ही।

तादृगनुबन्धः (पुं०) वैसा ही अनुबन्ध। (वीरो० २१/२२)

तानः (पुं०) [तन+घञ्] रेशा, धागा, संगीत का स्वर, तांत। (जयो० ७/१९)

तानं (नपुं०) विस्तार, प्रसार।

तानवं (नपुं०) [तनु+अण्] पतलापन, छोटापन। १. शरीर सम्बंधी, आयुर्वेदशास्त्र। (जयो० २/५६)

तानवोपमः (पुं०) मनुष्योचित उपमा। तनोरियं तानवी या उपमितिः (जयो० २/१६७)

तानूरः (पुं०) [तन्+ऊरण्] भंवर, जलावर्त।

तान्त (वि०) [तम+क्त] क्लांत, थका हुआ, परेशान। १. व्याप्त। (जयो० १२/७९, जयो० ११/८८)

तान्तवं (नपुं०) [तन्तु+अण्] तांत, कातना, बुनना, जाला।

तान्त्रिक (वि०) तन्त्र विद्या प्रवीण। (सुद० १३४)

तापः (पुं०) [तप्+घञ्] उष्ण, गर्मी, तेज, धूप-ततस्तापेऽनुयायात्तदा (मुनि० १२) प्रताप, संताप, वेदना, पीड़ा, कष्ट खेद, दु:ख। देह पीड़ा। १. पश्चाताप। २. कलुषान्तकरण। ३. निन्दाकरण।

तापत् (पुं०) धूप, गर्मी, तेज, उष्णता। छायायां यदि तापतोऽथ च ततस्तापेऽनुयायात्तदा। (मुनि० १२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तापत् (पुं०) सूर्य, दिवाकर, उष्णता। 'निवारिता तापतया घनाघना' (जयो० २४/१९)

तापत्रयं (नपुं०) संताप त्रय, जन्य, जरा और मृत्यु ये तीनों तापत्रय हैं। 'समाप तापत्रयभिच्छवेर्भवे' जिनेन्द्रचन्द्रस्य मुदं सुदर्शने' (जयो० २४/७०) जन्म जरा-मृत्यु रूप-सन्तापत्रितयोच्छेदकस्य (जयो० वृ० २४/७९)

तापनः (पुं०) [तप्+णिच्+ल्युट्] सूर्य, रवि, ग्रीष्म ऋतु, सूर्यकान्तमणि, कामदेव का एक बाण।

तापस (वि०) साधक, तपस्वी, तपशीला व्यक्ति, साधनारत।

तापसः (पुं०) १. भक्त, सन्यासी। २. जटाधारी। जे जडिला से उ तावसा।

तापसतरुः (पुं०) हिंगोल वृक्ष, इंगुदीतरु।

तापस्यं (नपुं०) [तापस+ष्यञ्] तपस्या।

तापान्वित (वि०) ताप से युक्त, अग्नि से संयुक्त। 'त्रापेन धर्मेणान्वितं यद्वा वह्निं संतप्तं। (जयो० १५/१७)

तापिच्छः (पुं०) [तापिनं छादयति तापिन्+छद्+उ] तमाल वृक्ष।

तापित (वि०) तपाया गया। (जयो० वृ० २/८१)

तापी (स्त्री०) ताप्ती नदी, जो सूरत के निकट।

तापोज्जयी (वि०) संताप को जीतने वाला। 'संसार-तप्पोज्जयिसामतोया' (भक्ति० ४)

तामः (पुं०) [तम्+घञ्] १. भय, २. दोष, चिन्ता, दुःख, इच्छा।

तामपत्रायिता (वि०) ताम्रपत्र पर अंकित। (जयो० २०/७५)

तामरं (नपुं०) [ताम+ए+क] १. पानी, २. घृत।

तामरसं (नपुं०) [तामरे जले स्नहित-सस्+उ] रक्त कमल, पद्म। (जयो० १/७) सुवर्ण। ३. ताँबा।

तामस (वि०) १. तामसिक प्रवृत्ति। सन्धीयते तामस एषशिष्टा (समु० ८/४४) दुर्व्यसनता, अज्ञानता, तमोगुण। (जयो० ११/५४) २. काला, अन्धकारग्रस्त, अन्धेरा। ३. अज्ञानी।

तामसः (पुं०) दुर्जन, दुष्ट।

तामसं (नपुं०) अन्धकार, अंधेरा।

तामसगुणः (पुं०) तमोगुण, हानिकारक गुण, उत्तेजक कारण, दुव्यसनात्मक प्रवृत्ति।

तामसत्यागः (पुं०) तमोगुण का त्याग। (समु० ८/४५)

तामसप्रवृत्तिः (स्त्री०) तमोगुण को उत्पन्न करने वाली वृत्ति, (सुद० १/४४) यतः समुद्रोद्धारकारकस्तामस-वृत्ति-कयाऽभिसारकः' (सुद० १/४४)

तामसिक (वि०) तम से सम्बन्ध रखने वाला। तमोमय, तमोगुण सहित।

तामिस्रः (पुं०) [तमिस्रा+अण्] नरक का एक भाग।

तामेष (अव्य०) वैसा ही, उसी प्रकार का ही। (जयो० वृ० १/१५)

ताम्बूलं (नपुं०) [तम्+उलच्] पान-सुपारी। (जयो० १२/१३७) ओठों राग उत्पन्न करने वाला। (जयो० १२/१३७)

ताम्बूल-करण्डः (पुं०) पानदान।

ताम्बूलपेटिका (स्त्री०) पानदान।

ताम्बूलभावः (पुं०) नाग वल्लीपत्र। योग्यप्रमाणोवेता नागदलं नागवल्लीपत्रं तस्योदारं क्षणमाप्त्वा ताम्बूलभावेन सत्पुरुषाणां मुखमण्डनाय भवत्येव। (जयो० वृ० २२/५४)

ताम्बूलरागः (पुं०) पान की लाली। दन्तावलीमधरशोणिमसंभृदङ्कां ताम्बूलराग-परिणाम-धियाप्यपङ्काम्। (जयो० १८/१०२) ताम्बूलरागस्य नागवल्लीदलजन्य-लौहित्यस्य परिणामः। (जयो० वृ० १८/१०२)

ताम्बूल वाहकः (पुं०) पान देने वाला।

ताम्बूलवल्ली (स्त्री०) पानलता, पान की बेल।

ताम्बूलावशिष्ठ (वि०) पान की पीठ। (जयो० ६/८२)

ताम्बूलिक (वि०) [ताम्बूल+ठन्] तम्बोली, पान लगाकर बेंचने वाला, पनवारी।

ताम्बूली (स्त्री०) पान लता।

ताम्र (वि०) [तम्+रक्] तांवा, लाल रंग।

ताम्रं (नपुं०) रक्तवर्ण।

ताम्रकारः (पुं०) कसेरा, ठठेरा, तांवे का कार्य करने वाला।

ताम्रकृमिः (स्त्री०) इन्द्रवधूटी, रक्तवर्ण का कीट।

ताम्रचूडः (पुं०) मुर्गा, सानुमति, कुक्कुट। (सुद० १/४, जयो० ५/७०, दयो० ५१)

ताम्रचूलः (पुं०) १. सानुमति, मुर्गा, कुक्कुट। शब्दत्यनेन रणकर्मणि ताम्रचूलः। (जयो० १८/७३) २. कलगी युक्त-कुक्कुट।

ताम्रपत्र (नपुं०) तांबे का फलक।

ताम्रपत्रायिता (वि०) सुवर्णक्षरा, स्वर्ण अक्षरों सहित। (जयो० वृ० २०/७५)

ताम्रपर्णी (स्त्री०) एक नदी, जो मलयगिरि से निकलती है।

ताम्रपल्लवः (पुं०) अशोकवृक्ष।

ताम्रलिप्तः (पुं०) एक देश।

ताम्रवृक्षः (पुं०) चन्द्रन वृक्ष का प्रकार।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ताम्राक्षः (पुं०) १. कौवा, २. कोयल।

ताम्रिक (वि०) [ताम्र+ठक्] ताम्रमय, तांबे का बना हुआ।

ताम्रोष्ठः (पुं०) रक्त होंठ।

ताय् (सक०) फैलाना, विस्तार करना।

तार (वि०) [तृ+णिच्+अच्] उच्च, उन्नत, उज्ज्वल, श्रेष्ठ, स्पष्ट, कर्कश, अच्छा, मनोज्ञ।

तारः (पुं०) १. मुक्ता। 'तारो मुक्तादि-संशुद्धौ तरुणे शुद्धमौक्तिके' इति विश्वलोचन। (जयो० १३/९०) २. नदी तट, ३. प्रभा, चमक, आभा।

तारं (नपुं०) १. तारा, ग्रह, नक्षत्र। २. कपूर, ३. रजत। ४. आंख की पुतली।

तारक (वि०) [तृ+णिच्+ण्वुल्] पार ले जाने वाला, रक्षा करने वाला, पार करने वाला।

तारकः (पुं०) जहाज, जलपोत, बेड़ा।

तारकं (नपुं०) १. अक्षि, आंख, २. आंख की पुतली। ३. तारा।

तारकनायकः (पुं०) चन्द्र, शशि। (जयो० वृ० १/१०५)

तारकजित् (पुं०) कार्तिकेय।

ताकरवृत्तः (पुं०) तारक नामक मणि, प्रभा युक्त मणि, चमकीली मणि। (जयो० ५/५२)

तारका (स्त्री०) [तारक+टाप्] तारा। (जयो० १८/२२) १. उल्का, धूमकेतु, अक्षिपुत्तलिका।

तारकाचयः (पुं०) तारों का टूटना। (वीरो० ७/११)

तारकिणी (वि०) [तारक+इनि+ङीष्] तारों से युक्त रात्रि, कृष्णपक्ष की रात्रि।

तारकित (वि०) [तारक+इतच्] तारों से युक्त।

तारकोक्तिमत्व (वि०) नक्षत्ररूपत्व, तारों के स्वरूप वाला। (जयो० १२/७१)

तारण (पुं०) [तृ+णिच्+ल्युट्] नौका, नाव।

तारणं (नपुं०) पार, उतारना, बचाना, छुड़ाना।

तारणिः (स्त्री०) [तृ+णिच्+अनि] बेड़ा, घडनई।

तारतम्यत् (वि०) तारतम्यता से, एक दूसरे के योग से, साक्षेप महत्त्व। (जयो० २६/९२)

तारतम्यं (नपुं०) क्रमांकन, साक्षेप दृष्टि, तुलनात्मक दृष्टिकोण। अन्तर भेद।

तारयितु–पार कराने के लिए (सुद० २/३१)

तारलः (पुं०) [तरल+अण्] विषयी, कामुकी।

तारा (स्त्री०) [तार+टाप्] १. तारा, ग्रह। (जयो० वृ० १५/२९) २. अक्षिपुत्तलिका, दृष्टि (सुद० ८२), ३. मुक्ता।

तारततिः (स्त्री०) ताराओं की पंक्ति। (वीरो० ९/४२)

तारापतिः (स्त्री०) चन्द्रमा, शशि। (जयो० १८/४०)

तारापदेशः (पुं०) ताराओं के वहाने, ताराणामपदेशाच्छलात् (जयो० १५/५०)

ताराप्रमाणं (नपुं०) तारालोक, राशिचक्र।

तारामृगा (पुं०) मृगशिरा नक्षत्र।

तारावतारः (पुं०) नक्षत्रप्रस्फुरण, तारों की चमक। (वीरो० २/३६)

तारिकं (नपुं०) [तार+ठन्] भाड़ा, किराया।

तारुण्यं (नपुं०) [तरुण+ष्यञ्] युवावस्था, यौवनकाल, वयस्थ, युवक अवस्था युक्त। (जयो० १/६) (दयो० ५६, जयो० २३/५८) यौवने कारुण्य करुणा बुद्धिं विधेहि, यौवनं व्यर्थं मा कुरु रुचिं निधेहि।। (जयो० २४/१३२)

तारुण्यतेजः (पुं०) युवावस्था का कान्ति, यौवन शक्ति। (दयो० ४२)

तारुण्यपूर्णः (पुं०) तरुणता से परिपूर्ण, यौवनावस्था से युक्त। (सुद० ११९) 'तारुण्यपूर्णामिह भाग्यपूर्णा:' (वीरो० ९/३१)

तारुण्यमूर्तिः (स्त्री०) वयः सन्धि, तरुणाई की मूर्ति। (जयो० १६/२)

तारुण्यारम्भः (पुं०) यौवनारम्भ, वयावस्था का प्रारम्भ। (जयो० वृ० २/५७)

तारेयः (पुं०) [तारा+ठक्] बुधग्रह।

तार्किक (वि०) [तर्क+ठक्] दार्शनिक, विचारशील, न्याय परम्परा में सिद्धहस्त, तर्कशैली वाला।

तार्क्ष्यः (पुं०) [तृक्ष्+अण्+तार्क्ष+ष्यञ्] गरुड़। (वीरो० २०/१)

तार्क्ष्यरूपः (पुं०) गरुड़ स्वरूप। (वीरो० २०/१)

तीर्तीय (वि०) [तृतीय+अण्] तीसरा, तृतीय।

तार्तीयीक (वि०) [तृतीय+ईकक्] तृतीय, तीन संख्या युक्त।

तालः (पुं०) [तल+अण्] १. ताडवृक्ष। (जयो० १४/१) २. कंसिका, वाद्य विशेष। ३. लय-लयमूर्च्छनादि-संगीत शात्रोक्तस्तैरन्वितो युक्तो' (जयो० १४/१) तालस्तु कंसिकादिशब्द विशेष। ४. ताली, हाथों से बजने वाली। ५. टेक, गीत की पुनरावृत्ति की लय, गति, नियत मात्राओं पर ताल, लय देना।

ताल (नपुं०) हरताल।

तालकेतुः (पुं०) भीम।

तालक्षीरकं (नपुं०) ताड़ी, ताड का क्षीर/दुग्ध।

तालगर्भः (पुं०) ताड़ी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तालध्वजः (पुं०) बलराम।

तालपत्रं (पुं०) ताडपत्र, जिस पर ग्रन्थ लिखे गए।

तालभृत् (पुं०) बलराम।

तालबद्ध (वि०) झांझ, करताल, मंजीरा।

तालयन्त्रं (नपुं०) जर्राह का एक उपकरण।

तालयुक्त (वि०) लय सहित। (जयो० १४/१)

तालरेचनकः (पुं०) नर्तक, अभिनेता।

तालक्षकः (पुं०) बलराम।

तालवनं (नपुं०) वृक्ष समूह, ताडवृक्षों का वन।

तालवृक्षरसं (नपुं०) ताड़ी, आलीयक। (जयो० वृ० १६/२६)

तालवृन्तं (नपुं०) बिजना, विजन, पंखा। (जयो० १२/१२२)

तालवृन्तभ्रमणं (नपुं०) तालवृक्ष के डण्ठल के आश्रय। (वीरो० १२/१५)

तालवृन्तबंधः (पुं०) एक छन्द की प्रक्रिया (वीरो० २२/४०)

तालव्य (वि०) [तालु+यत्] तालु स्थानीय, तालु से सम्बन्ध रखने वाला।

तालव्यवर्णः (पुं०) तालु स्थानीय अक्षर-इ, ई, च, छ्, झ्, ञ्, य् और श्'

तालव्यस्वरः (पुं०) तातु स्थानीय स्वर ई, ई।

तालिकः (पुं०) [तल+ठक्] ताली बजाना, खुली हथेली।

तालितं (तल्+णिच्+क्त) रंगा हुआ वस्त्र, १. रज्जू, रस्सी।

ताली (स्त्री०) [तल्+णिच्+अच्+ङीष्] १. ताडवृक्ष, पर्वतीय ताडतरु। २. सुगन्ध युक्त मृत्तिका।

तालीवनं (नपुं०) ताडवृक्ष समूह।

तालु (नपुं०) [तरन्त्यनेन वर्णाः--तृ+उण् रस्य लः] उपरिदंत और कौवे के मध्य का गर्त।

तालुजिह्वः (पुं०) मगरमच्छ।

तालुरः (पुं०) भंवर, जलावर्त।

तालुस्थ (वि०) तालु स्थान।

तालुस्थानं (नपुं०) तालुभाग।

तालूषकं (नपुं०) [तल्+णिच्+ऊषक्] तालु।

तावक (वि०) [युस्मद्+अण्-तवक आदेशः, तवक+खञ्] तावकीन, त्वदीय (जयो० १७/१२८) तेरा, तेरी।

तावकीन (वि०) उतने ही। (जयो० वृ० १८/३५)

तावत् (वि०) [तत्+डावतु] उतना, इतना, इतने। (सुद० ९५, तत्कालमेष (जयो० २/१३३) इस समय, अवधारण अर्थ में (जयो० १४/३१) यावत्तावच्च साकल्येऽवधौ मानावधारणे

तावद देखो ऊपर।

तावता (अव्य०) तत्काल ही। (जयो० ४/३)

तावत्तु (अव्य०) तत्पश्चात भी। (वीरो० ४/२९) एकोन्यतः सम्मिलतीति यावद्धौभाविकी शक्तिरुदेति तावत्।

तावतैव (अव्य०) इतने ही। (दयो० २०) (सम्य० २३)

तावतैकत्र (वि०) उतने ही। (दयो० १७) मात्र।

तावत्कृत्यः (अव्य०) इतनी बार।

तावत्मात्रं (नपुं०) इतना मात्र।

तावत्वर्ष (पुं०) इतने वर्ष पुराना।

तावतिक (वि०) इतनी कीमत का।

तावतैव (अव्य०) तो भी। (जयो० २/१०५)

तावदन्यत्र (वि०) इसके अतिरिक्त। (सम्य० ७१) नात्माऽस्य दृष्टौ भवतीति तावदन्यत्र चैतस्यु किलात्मभावः। (सम्य० ७१)

तावदकिञ्चन (वि०) और कुछ भी। (जयो०

तावदलीकः (पुं०) उतना मिथ्या।

तावदलीकबोधः (पुं०) उतना मिथ्याबोध। तदुत्तरं तावदलीकबोधः प्रणाशमायाति न किन्त्वबोधः।

तावदितः (वि०) एतदर्थः (जयो० ८/२४) (सम्य० १३६) इतने से ही यहां (वीरो० १७/२६)

तावदिति (अव्य०) वाक्य की शोभा के लिए (जयो० २/११०)

तावदेव (वि०) इतने में भी (दयो० ७)

तावदीय (वि०) उतने ही (जयो० वृ० ११/८५)

तिक्त (वि०) [तिज+क्त] तीखा, कड़वा, चरपरा। (जयो० २५/२९) तीखापन, सुगन्ध।

तिक्तनाम (वि०) तीखे से युक्त नामकर्म।

तिक्तफलं (नपुं०) कटुकफल।

तिक्तफलः (पुं०) कतक पादप।

तिक्तमरिचः (पुं०) कवक वृक्ष।

तिक्तसारः (पुं०) खदिर तरु।

तिक्तायते-जलाता है। (सुद० १११)

तिग्मः (वि०) [तिज्+कम्+जस्य काः] १. गहन, अधिक, प्रगाढ़, प्रचण्ड, २. दाहक, गरम, उष्ण।

तिग्मकरः (पुं०) सूर्य, रवि।

तिग्मकरोदयः (पुं०) सूर्योदय। (जयो० २०/८९)

तिग्मदीधितिः (पुं०) दिवेस, दिनकर, रवि, सूर्य।

तिग्मरश्मिः (पुं०) सूर्य, दिनकर, रवि।

तिग्मांशु (पुं०) सूर्य। तिग्मांशु कृपयोऽस्य तावदुदिता सम्वर्तते साधुता। (मुनि० १)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तिङन्तः (पुं०) ति आदि प्रत्यय। (जयो० १/३१)
तिज् (सक०) सहना, निर्वाह करना, भुगतना।
तितउः (पुं०) [तन्+डउ, द्वित्वम् इत्वम्] चलनी।
तितउं (नपुं०) छतरी, छाता।
तितिक्षा (स्त्री०) [तिज्+सन्+ऊ+टाप्] त्याग, सहिष्णुता, सहनशक्ति, क्षमा।
तितिक्षु (वि०) [तिज्+सन्+उ] सहिष्णु, क्षमाशील।
तितिभः (पुं०) [तितीतिशब्देन भणति तिति+भण्+ड] जुगनू। इन्द्रबधूटी, वीरबहोटी।
तितिरः (पुं०) [तिति इति शब्दं राति ददाति रा+क] तीतर, चकोर।
तित्तिरिः (पुं०) [तितीति शब्दं रौति] तीतर।
तिथ [तिज्+थक्] (पुं०) १. अग्नि, २. प्रेम, ३. वर्षा ऋतु।
तिथिः (पुं०/स्त्री०) [अत्+इथिन्] चान्द्र दिवस, एक नियत दिवस। (जयो०)
तिथिक्षयः (पुं०) अमावस्या।
तिथिपत्री (स्त्री०) पञ्चाङ्ग।
तिथिप्रणीः (स्त्री०) चन्द्रमा।
तिथिवृद्धिः (स्त्री०) तिथि की वृद्धि, जिसमें तिथि दो सूर्यों के भीतर पूर्ण होती है।
तिथिसत्कृतीद्धा (वि०) तिथियों को प्रकट करती हुई।
तिनिशः (पुं०) इमली वृक्ष।
तिन्तिडः (स्त्री०) इमली वृक्ष।
तिन्तिडिका (स्त्री०) इमली वृक्ष।
तिन्दुः (पुं०) तेन्दु का वृक्ष।
तिम् (सक०) आर्द्र करना, गीला करना, तर करना।
तिमिः (पुं०) [तिम्+इन्] १. समुद्र, २. एक मछली विशेष। (जयो० १५/९)
तिमिकोषः (पुं०) समुद्र।
तिमिङ्गिलः (पुं०) एक मत्स्य विशेष।
तिमित (वि०) [तिम्+क्त] गतिहीन, निश्चल। १. आर्द्र, गीला, तट।
तिमिध्वज् (पुं०) एक राक्षस विशेष।
तिमिर (वि०) [तिम्+किरच्] अन्धकारपूर्ण।
तिमिरं (नपुं०) १. तिमियुक्त, अन्धकार, श्यामवर्ण। 'नदीपरूपे तिमिरे ब्रुडन्ति' (जयो० १५/२१) तिमिर रोग, शार्वर रतौन्धी (जयो० वृ० १८/१८)
तिमिरक्षति (स्त्री०) अन्धकार का नाश। 'तया वृषभदासस्या-भून्सोहतिमिरक्षतिः' (सुद० ४/१३)
तिमिरक्षणा (स्त्री०) सन्ध्या।
तिमिरघातक (वि०) अन्धकार नाशक चन्द्र या सूर्य।
तिमिरनुद् (पुं०) सूर्य।
तिमिरमुतान्धकारः (पुं०) एक दैत्य विशेष, अन्धकार नामक असुर। (जयो० वृ० १८/३०)
तिमिररिपुः (पुं०) सूर्य।
तिमिराख्यः (पुं०) तिमिरनामक रोग, रतौंधी (जयो० १८/१८) 'तिमिराख्यं दोषमधुः'
तिमिरारिः (पुं०) सूर्य, दिनकर, रवि।
तिमिरुः (पुं०) १. अन्धकार, २. समुद्र। 'तिमिं लातीति तं समुद्रं' (जयो० १५/९)
तिमिलक्षणा (स्त्री०) अन्धकार को अवकाश/स्थान देने वाली सन्ध्या। अन्तस्थया च तिमिलक्षणयोद्व्रजन्ती वृत्यात्तया तिरयितुं समभूत् स्रवन्ती। (जयो० २०/४८)
तिरः (पुं०) तिरछा, तिर्यक्, (जयो० वृ० ६/६२)
तिरश्ची (स्त्री०) [तिर्यक् जातिः स्त्रियां ङीष्] पशु, पक्षी, चौपाया जानवर।
तिरश्चीन (वि०) [तिर्यक्+ख] टेढ़ा, पार्श्वस्थ, तिरछा।
तिरसामान्यः (पुं०) विभिन्न पुरुषों में जो समान पुरुषत्व रहता है, (वीरो० १९/१९)
तिरस् (अव्य०) [तरति दृष्टिपथं तृ+असुन्]
तिरस्कारः (पुं०) अवहेलना। (जयो० ५/५३)
तिरस्करणी (स्त्री०) परदा, घूंघट।
तिरस्कारिणी (स्त्री०) परदा, घूंघट, जवनिका।
तिरस्कर्त्री (वि०) तिरस्कार करने वाला। (जयो० ३/४२)
तिरस्क्रिया (स्त्री०) छिपाना, अन्तर्धान, तिरोहित, आच्छादन, निवारण, विघ्नहरण। (जयो० १२/२७)
तिरसकृत् (वि०) तिरस्कार, किया गया, अवहेलित, निवारित। (सुद० ४/४७)
तिरस्क्लृप्तवती (वि०) प्राणेशदिशि। (जयो० वृ० १७/२६)
तिरश्चक्रतु -तिरस्कार किया गया। (सुद० ४/४९)
तिरस्तः (पुं०) तिर्यग्भाग, तिरछा हिस्सा। (जयो० १४/९१)
तिरस्थानं (नपुं०) अन्तर्धान होना, दूर हटना।
तिरस्प्रसरित (वि०) तिर्यक् स्थापित। (जयो० वृ० १/५२)
तिरस्भावः (पुं०) अन्तर्धान होना, छिपना, ओझल होना।
तिरहित (वि०) ओझल, अन्तर्धान।
तिरयते–छिपाता, गुप्त करता है। (जयो० ५/२३)
तिर्यक् (अव्य०) [तिरस्+अञ्च्+क्विप्] टेढ़ेपन से, तिरछेपन से, वक्रता युक्त।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तिरोभावः (पुं०) दिगन्तर लीन। (जयो० १८/९५)

तिरोभवति-तिर्यक् होना- तिरोभवस्येन भुवोऽवरे च वरो। (वीरो० ९/३०)

तिरोभावः (पुं०) स्वाभाविक विनाश।

तिरोहिताञ्जनं (नपुं०) विलुप्ताञ्जन, कुञ्जल का अभाव (जयो० १४/९२)

तिर्यक्पातिन् (वि०) तिरछे पड़ने वाले। (जयो० १६/२३)

तिर्यक् प्रचयः (पुं०) प्रदेशों का समुदाय। 'प्रदेशप्रचयो हि तिर्यक्प्रचयः' (प्रवचनसार वृ० २/४९)

तिर्यक्सामान्यं (नपुं०) सादृश्यज्ञान का विषयभूत परिणाम। सामान्यं सादृश्यापरिणाम-लक्षणं तिर्यक् सामान्यम्- सादृशपरिणाम रूप।

तिर्यक्सूरि (वि०) सूर्य की समीपता पूर्वक गमन। 'तिरियसूरी य तिर्यगवस्थितं दिनकरं कृत्वा गमनम्।' (भ०आ०टी० २२२)

तिर्यग्गति (स्त्री०) तिर्यंच अवस्था। (समु० ८/३५)

तिर्यग्गतिनामः (पुं०) तिर्यंच गति नामकर्म।

तिर्यग्दिग्व्रतः (पुं०) तिरछी दिशाओं का परिमाण।

तिर्यग्योनिः (स्त्री०) तिरोभावगत अवस्था, तिर्यंच अवस्था।

तिर्यग्लोकः (पुं०) सूचि अंगुल का बाह्यरूप जगप्रतर एक लाख योजन के सातवें भाग मात्र।

तिर्यग्वणिज्य (पुं०) तिर्यंच सम्बंधी वाणिज्य/व्यापार का देशक।

तिर्यग्व्यतिक्रमः (पुं०) दिशा परिमाण का उल्लंघन।

तिर्यगतिक्रमः (पुं०) भूमि सीमा का उल्लंघन।

तिर्यगायु (स्त्री०) तिर्यंच पर्याय का अवस्थान।

तिर्यगुरु (वि०) तिरः प्रसारित, वक्र कथन वाला। (जयो० १/५२)

तिर्यंच् (वि०) तिर्यग्गति वाला जीव। तिरस्तिर्यगञ्चति गच्छन्ति।

तिर्यञ्च देखें ऊपर।

- ० जो वक्रगमन करते हैं।
- ० अन्तर्हित होकर गमन करते हैं।
- ० तिर्यग्गति नामकर्म को प्राप्त होते हैं।

तिर्यंचकर्म (वि०) तिर्यक् कर्म वाला।

तिर्यंच्जातिः (स्त्री०) पशु-पक्षी की योनि।

तिर्यंचप्रमाणं (नपुं०) चौड़ाई।

तिर्यंच् प्रेक्षणं (नपुं०) तिरछी आंख से अवलोकन।

तिर्यंच्योनिः (स्त्री०) पशु-पक्षी की पर्याय।

तिर्यंचस्त्रोतस (पुं०) पशु उत्पत्ति, पशु जन्म।

तिलः (पुं०) [तिल्+क्] १. तिल पादप। तिल का पौधा। (जयो० वृ० १७/५४) २. मस्सा, धब्बा।

तिलकः (पुं०) [तिल+कन्]

तिलक (नपुं०) १. तिलक नामक वृक्ष। २. स्वभाविक चिह्न। २. चित्रक, मस्तक पर लगाया गया तिलक जो चन्दन, रोली, हल्दी राख आदि का होता है। तिलकं तस्य रुचिं शोभां व्रजति। (जयो० वृ० ६/३०) आराध धाम धनतो धरणीं समस्तां लोकत्रयी-तिलकतां प्रति यात्यतस्ताम्' (सुद० १/३६) १. शोभा, प्रसिद्धि (जयो० २/४६) शिरोमणि (जयो० १/९७)

तिलकता (वि०) तिलक पना, शिर से बनाया गया चिह्न विशेष। प्रसिद्धि को प्राप्त हुए। भूतले तिलकतामुताञ्चतां श्रीमतां चरितमर्चतः सताम्। (जयो० २/४६) 'तिलकस्य भावस्तां श्रेष्ठतामञ्चतां प्राप्तवताम्' (जयो० वृ० २/४६)

तिलकत्व (वि०) तिलकपना।

तिलकत्वमाल (वि०) तिलकपने को धारण करने वाला। अस्मिन् भुवो भाल इयद्विशाले समादधच्छ्रीतिलकत्वभाले। (वीरो० २/२१)

तिलकल्कः (पुं०) खल, खली। तिल की पीठी। (जयो० वृ० १७/५४)

तिलकाकितः (पुं०) तिलक वृक्ष की पंक्ति (वीरो० ७/२५)

तिलकालकः (पुं०) मस्सा, काला तिल।

तिलकायित (वि०) तिलक धारण करने वाला। (जयो० १०/९०) ललाटे च तिलकायितं तिलकवदाचरति 'तिलकमिवाचरतीति तिलकायितः' (जयो० वृ० १२/२३)

तिलकिल्टं (नपुं०) खली, खल।

तिलकोपमेय (वि०) तिलक की तरह उपमा वाला। (सुद० १/१४)

तिलखलि (स्त्री०) खली।

तिलचूर्णं (नपुं०) तिल की खली।

तिलतण्डुकं (नपुं०) आलिंगन।

तिलतैलं (नपुं०) तिल का तैल।

तिलन्तुदः (पुं०) [तिल+तुद+खश्] तेली।

तिलपर्णः (पुं०) तारपीन।

तिलपुष्पं (नपुं०) तिल पादप का फूल। (जयो० ५/८३)

तिलपर्णी (स्त्री०) चन्दन तरु।

तिलकवत् (वि०) तिलक की तरह। (जयो० १२/१०७)

तिलरसः (पुं०) तिल का तेल।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तिलशः (अव्य०) [तिल+शस्] तिल तिल करके, खण्ड-खण्ड करके, अल्प टुकड़े करके।

तिलत्सः (पुं०) एक सर्प विशेष।

तिलाञ्जली (स्त्री०) छोड़ना, उपेक्षा करना। (सुद० ७१) व्रसनेभ्यश्च तिलाञ्जलिमुक्त्वाऽऽह्वयति तु दैगम्बर्यन्तत्। (सुद० ८१)

तिलाङ्कः (पुं०) तिल का चिह्न। तिलस्याङ्कश्चिह्नः' (जयो० ६/२१)

तिलोत्तमा (स्त्री०) रम्भा (जयो० ११/७७) अप्सरा (दयो० १/११) १. देवीयं ते महाभाग समा समतिलोत्तमा (सुद० ११/३८) २. अच्छे लक्षणों वाली नारी- तिलोत्तमापि रम्भा अप्सरसः सम्प्रति। (जयो० वृ० ११/७७)

तिलोकदं (नपुं०) तिल और जल।

तिलोदनं (नपुं०) तिल और दूध मिश्रित चावल।

तिलोयपण्णत्तिः (स्त्री०) यतिवृषभ कृत एक प्राचीन रचना, जिसमें भूगोल, गणित एवं ज्योतिष का आदि विषय समाहित है।

तिल्वः (पुं०) [तिल्+वन्] लोध तरु।

तिष्ठद्गु (अव्य०) [तिष्ठन्यो गावो यस्मिन् काले, तिष्ठन्+गो] गो दोहन का समय, सन्ध्या समय, गोधूली बेला।

तिष्यः (पुं०) [तुष्+क्यप्] नक्षत्र विशेष।

तिसाय (वि०) त्रि सन्ध्या (जयो० २/३६)

तीक् (अक०) पहुंचना, हिलना।

तीक्ष्ण (वि०) [तिज्+क्स्न, दीर्घः] १. पैना, कष्टप्रद, उत्तेजक, उष्ण, कठोर, प्रबल, कटु, अहितकर, अशुभ, खर (जयो० ८/६९) २. चतुर, बुद्धिमान।

तीक्ष्णं (नपुं०) अयस्क, लोहा, विष, मृत्यु, शस्त्र।

तीक्ष्णः (पुं०) चरपरा, कटुक, मिर्च, कालीमिर्च, राई। तीक्ष्णोऽसहनो वा।

तीक्ष्णकन्दः (पुं०) प्याज,

तीक्ष्णकर्मन् (वि०) साहसी, उद्यमी, प्रयत्नशील, अत्यधिक दृष्टकर्मी।

तीक्ष्णकोणवर (वि०) अन्तस्थल भेदकर। (जयो० ६/१)

तीक्ष्ण-कटाक्ष (वि०) तीव्र कटाक्ष, तिरछी चितवन्। (जयो० ६/१)

तीक्ष्णदष्ट्रः (पुं०) व्याघ्र।

तीक्ष्णधारः (पुं०) असि, तलवार।

तीक्ष्णपुष्पं (नपुं०) लवंग, लौंग।

तीक्ष्णपुष्पा (स्त्री०) लवंग पादप।

तीक्ष्णबुद्धि (वि०) तीव्रमति, उत्तम धी, तेजबुद्धि, कुशाग्रबुद्धि

तीक्ष्णरश्मिः (पुं०) रवि, सूर्य।

तीक्ष्णरसः (पुं०) १. जवाखर, २. जविष।

तीक्ष्णलौहं (नपुं०) इस्पात।

तीक्ष्णशूकः (पुं०) जौ।

तीक्ष्णांशुः (पुं०) १. सूर्य , २. अग्नि।

तीक्ष्णातपः (पुं०) १. सूर्य, २. अग्नि।

तीक्ष्णातपना (स्त्री०) कठोर तप की साधना।

तीक्ष्णाराधना (स्त्री०) उत्कृष्ट भक्ति भाव।

तीक्ष्णायसं (नपुं०) इस्पात।

तीक्ष्णोपायः (पुं०) प्रबल उपचार।

तीतारामः (नपुं०) प्रान्तोद्यान। समीपवर्ती आरामगृह बगीचा। (जयो० १४/१)

तीम् (अक०) गीला होना, तर होना।

तीरं (नपुं०) ० किनारा, तट, कूल,

० प्रान्तभाग, समीपस्थल, ० उपान्त, कगार, कोर। (दयो० ४७, जयो० २१/७५) अलल्पतूलोदित तल्पतीरे। (सुद० २/११)

० बाण, धनुष पर चढ़कर छोड़ा जाने वाला। तीरो बाणो यस्य स राजा गुणी। (जयो० वृ० ६/५८) बेला भाग। (जयो० ६/५८)

० गुणयुक्त तीर, भेदक तीर।

० पार्श्वभाग, समीपवर्ती प्रान्त। (जयो० वृ० ६/५८)

तीरः (पुं०) १. बाज पक्षी, २. सीसा, टीन। ३. एक शब्द विशेष, जो कौवों को उड़ाने के लिए प्रयुक्त किया जाता है। व्येति काककलितां किलापदं तीरमित्यरमितीरयन्। (जयो० २/३७) तीरमिति पदमरं शीघ्रमीरयन्-'तीर-तीर' ऐसा कथन विशेष। (जयो० वृ० २/३७)

तीरित (वि०) [तीर+क्त] निर्णीत, साक्ष्य प्राप्त हुआ, सुलझाया गया। पार गया।

तीर्ण (वि०) [तॄ+क्त] १. पार किया हुआ, पार पहुंचा हुआ। २. प्रसारित, फैला हुआ।

तीर्थं (नपुं०) १. पथ, मार्ग, स्थान, साधन, माध्यम। २. श्रेष्ठमार्ग, उत्तम पथ।

० ज्ञान-दर्शन और चरित्र का समूह।

० सुदीर्घ संसार सागर से पार होने का मार्ग।

० जिसमें पार हुआ जाता है तीर्यतेऽनेनेति तीर्थम्'

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

० श्रमण-श्रमणी, श्रावक श्राविका का समूह।

० पवित्र स्थान, जिस स्थान से अर्हत् जिन मुक्ति को प्राप्त हुए या तपश्चरण का पवित्र स्थान।

० धर्मक्षेत्र-तीर्थाय-धर्मक्षेत्राय (जयो० २/११०)

० धर्म तीर्थ-'स्वशक्तितोऽसौकृततीर्थसेव:' (सुद० ११०)

० जलावगाहप्रदेश-निशीथतीर्थो कृतमज्जनेन जयाय निर्यातमथ स्मरणे। (जयो० १६/१)।

० इष्ट प्राप्ति-मुमुक्षुभिस्तीर्थतया किलेष्टा।

तीर्थकर (पुं०) अर्हत् प्रभु, अर्हन्त भगवन्। तीर्थ मार्ग के प्रणेता। (वीरो० ९/१८) तीर्थकर:-तरन्ति संसारं येन भव्यास्तत्तीर्थम्। तीर्यते संसार-समुद्राऽनेनेति तीर्थम्, तत्करणशीलास्तीर्थकरा:।

तीर्थकरत्व (वि०) तीर्थंकर पना, सोलह भावना का स्थान। (वीरो० ७/२०) (वीरो० ७/३०)

तीर्थकरनाम: (पुं०) अरहन्त अवस्था की प्राप्ति का कारण। 'यस्य कर्मण-उदयेन परमार्हन्त्यं त्रैकोक्य-पूजाहेतुर्भवति तत्परमोत्कृष्टं तीर्थकर नाम-जस्स कम्मस्स उदएण जीवस्स तिलोयपूजा होदि तं तित्थयरं णाम' (धव० ६/६८)

तीर्थकरसिद्ध (वि०) तीर्थंकर होकर सिद्ध होने वाले जीव।

तीर्थकृत् (वि०) भगवत् अवतार, तीर्थंकर।

अन्त:पुरे तीर्थकृतोऽवतार। (वीरो० ५/५)

निर्दोष रूपाय गुणाश्रयाय तस्मै च भव्याम्बुज भास्कराय। समस्त-सत्त्वप्रतिबोधकाय, नमोऽर्हते तीर्थकृते जिनाय।। (तीर्थ भक्ति० भ०वृ० २)

तीर्थकृत्व (वि०) तीर्थकर्ता (जयो० वृ० ७२/७३)

तीर्थकर्तृ (वि०) तीर्थ को करने वाला तीर्थकर्तु: स्वकीयस्य संस्कारस्य त्वनर्थता (हि० सं० २९)

तीर्थंकर (वि०) तीर्थमार्ग को स्थापित करने वाले तीर्थंकर।

तीर्थंकरभक्ति: (स्त्री०) चतुर्विंशति तीर्थंकरो की स्तुति। (भक्ति० १८)

तीर्थघाटं (नपुं०) तीर्थस्थान, तीर्थस्थल।

तीर्थज्योति: (स्त्री०) तीर्थदीप।

तीर्थतट: (पुं०) तीर्थ प्रान्त।

तीर्थता (वि०) तीर्थरूपता। मुमुक्षुभिस्तीर्थतया किलेष्टा स्याद्वादमुद्राङ्कितचक्रचेष्टा। सुकौशला या नयसत्त रङ्गा पुनातु सा मामपि वाक्सुगङ्गा।। (भक्ति० ५)

तीर्थनाथ: (वि०) तीर्थंकर प्रभु। (समु० १/३)

तीर्थनायक: (पुं०) तीर्थपति, तीर्थंकर प्रभु। (भक्ति० २५) (वीरो० ४/६१)

तीर्थपद: (पुं०) तीर्थंकर पद।

तीर्थपति (पुं०) तीर्थ नायक। (भक्ति० २५)

तीर्थ-बिंद (वि०) तीर्थ समूह।

तीर्थभानु (पुं०) तीर्थ तेज। (वीरो० ११/३०)

तीर्थभाव: (पुं०) तीर्थंकर का परिणाम।

तीर्थभूमिका (स्त्री०) तीर्थंकर प्रकृति की प्रारम्भिकी (जयो० २४/१६)

तीर्थभृत् (व०) तीर्थ रूपता। (जयो० २३/८०)

तीर्थमय (स्त्री०) तीर्थरूप। जिसे तीर्थमय अपना करके भव्य जीव भव पार करे। (भक्ति० ६)

तीर्थयात्रा (स्त्री०) अकार्य से निवृत्त होना, धर्मयात्रा तीर्थस्थान में जाकर भक्तिभाव पूर्वक विचरण।

तीर्थराज: (पुं०) प्रयाग, गङ्गा-यमुना का संगम स्थल, जिस स्थान पर हो। ऐसा पवित्र स्थान तीर्थराज कहा जाता है। (जयो० वृ० ६/१०७)

तीर्थरूप: (पुं०) तीर्थस्वरूप (वीरो० ४/३७) वाणीं प्रोक्तां प्रथितसुपृथुप्रोथया तीर्थरूपाम्। (वीरो० ४/३७)

तीर्थसम्भव-पथ: (पुं०) तीर्थभवतार मार्ग, वृद्धपरम्परा मार्ग। (जयो० ३/१०) जैनवागिव सरित्सुवेशिनी तीर्थसम्भव पथानुवेशिनी। 'तीर्थसम्भवेन पथा वृद्ध परस्पराया तेन मार्गेण यद्वा उपायसञ्जातेन वर्त्मनाऽनुवेशिनी प्रवेशवती, वाण्या आप्तोपज्ञेन, वर्त्मनाऽनुवेशिनी' (जयो० वृ० ३/१०)

तीर्थसंकथा (स्त्री०) तीर्थ चरित्र की उत्तम कथा।

तीर्थसिद्ध (वि०) संसार समुद्र से पार होने वाले।

तीर्थसेव: (पुं०) धर्मतीर्थ का आचरण। (सुद० १११) दिनानि अत्येति तटस्थ एव स्वशक्तितोऽसौ कृततीर्थसेव:। (सुद० १११)

तीर्थस्नात: (वि०) १. तीर्थ में नहाया हुआ। (दयो० १४) २. ऋतुकाल में नहाई हुई। तीर्थस्नाताङ्गनाजकवरीभारमिव मुक्तबन्धनम्। (दयो० वृ० ५३)

तीर्थाङ्कपदं (नपुं०) विशिष्ट अंगों का उद्घाटन स्थान। 'तीर्थाङ्कानां शासनप्रकाशकरणां पदस्थानं-(जयो० वृ० १६/४७)

तीर्थेश: (पुं०) तीर्थकर प्रभु।

तीर्थेशजन्माभिष: (पुं०) तीर्थंकर ऋषभादि का जन्माभिषेक। (जयो० १९/२) 'तीर्थेशान्तं वृषभादीनां जन्माभिषव' (जयो० १९/२)

तीर्थेश्वर: (पुं०) तीर्थंकर प्रभु, तीर्थाधिपति, तीर्थनायक। (भक्ति० १८) 'जाता यत्सुतमात्र एव सुखदस्तीर्थेश्वरे किम्पुन:' (वीरो० ४/६२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तीर्थोदकं (नपुं०) तीर्थस्थान का जल, पवित्र स्थान का जल। (जयो० वृ० १८/२६)

तीव्र (वि०) [तीव्र+रक्] कठोर, प्रचण्ड, तेज, उग्र, तीखा, पैना।

तीव्रगतिः (स्त्री०) तेजगति।

तीव्रगति (वि०) शीघ्रगामी, फुर्तीला, अत्यधिक गतिमान।

तीव्रतर (वि०) कठोर से कठोर।

तीव्रपरिणामः (पुं०) उत्कृष्ट भाव, कठोर भाव।

तीव्र पौरुषं (नपुं०) अत्यधिक साहस, विशेष शौर्य, शूरवीरता।

तीव्रभावः (पुं०) उत्कृष्ट परिणाम, गतिमान भाव। 'उत्कटो भवति यः परिणामः स तीव्र इत्युच्यते' (जैन०ल० ४९६)

तीव्रमन्दभावः (पुं०) प्रकर्षता एवं अपकर्षता का परिणाम, पगरिसापगरिसत्तं तिव्वमन्दभावो णाम। (धव० ५/१८७)

तीव्रसंवेगः (वि०) दृढ़ आवेग युक्त, अत्युग्र, अत्यन्त तेज।

तु (अव्य०) [तुद्+डु] विरोधवाचक अव्यय, प्रथम शब्द प्रयोग के बाद प्रयोग। परन्तु, किन्तु, तो, तथा, तो भी।

० दुःखाम्बुनिधौ तु सेतुः। (सुद० १/२)

० कि, जो कि-तदेक भागो भरताभिधानः समीक्षणाद्यस्य तु विद्विधानः। (सुद० १/१३)

० तु पादपूरणे (जयो० २/१३५, सुद० १/२) 'प्राणादपीष्टं जगतां तु वित्तम्' (जयो० २/१३५)

० जबकि-सुषुवे शुभलक्षणं सुतं रविमैन्द्रीव हरित्सती तु सम्। (सुद० ३/१)

० तु तुकार इहेवार्थक (जयो० २३/७५)

० निश्चये-प्रशंसायां वा-तरङ्ग-भङ्गीतरलाभि- नेतुर्जगाम जन्माथ च मानसे तु। (जयो० ११/९)

० जैसे-किं पतिता व्रततो धृतापि तु लङ्कापतिना तेन। (सुद० ८८)

० ही-श्रुतमश्रुतपूर्वमिदं तु कुतः।

० और तथा (सम्य० १/११)

० मानो कि-'करौ पलाशप्रकरौ तु' (सुद० २/२७)

० श्रेष्ठता, भेद, आदि के अर्थ में भी 'तु' प्रत्यय का प्रयोग होता है।

तुक् (पुं०) पुत्र, सुत, बालक। 'राज्ञस्तुक् सुतो जयकुमारः' (जयो० १/७५) सुद० २/४७, जयो० २३/५१, दयो० ३७)

तुक् जा (वि०) पुत्र उत्पन्न करने वाली।

तुक् संग्रह (वि०) शिशुकुल, शिशु समूह। 'तुक् लोकं चालाजा प्रजा' इति धनंजयः। (जयो० १४/७)

तुकार (अव्य०) तु, तो,

तुकाराभाव (वि०) तु का अभाव, तु का लोप। (जयो० ११/५२)

तुक्खारः (पुं०) विन्ध्याचल की एक जाति।

तुङ् (पुं०) तुक्, पुत्र, सुत, तनय। न तुङ् ममायं कुविधामनुष्या देकेति बुद्ध्या सुतमत्र पुष्यात्। (सम्य० ६८)

तुङ्ग (वि०) [तुञ्ज्+घञ्, कुत्वम्] १. उन्नत, ऊँचा, उत्तुंग। (जयो० ९/९५) २. प्रमुख, प्रधान, श्रेष्ठ, मुख्य। ३. तीव्र, उग्र, जोशीा।

तुङ्गः (पुं०) उन्नत, ऊँचा, पर्वत, चोटी, शिखर, कूल १. बुधग्रह, २. गेंडा नारिकेल तरु।

तुङ्गकथा (स्त्री०) प्रमुख कथा, श्रेष्ठ कथा।

तुङ्गकूट (पुं०) उन्नत शिखर।

तुङ्गगति (वि०) उग्र गति।

तुङ्गगृहं (वि) उन्नत घर, उच्च गृह।

तुङ्गचाप (वि०) उत्तम चाप।

तुङ्गजाति (वि०) उत्तम जाति, प्रमुख जाति।

तुङ्गज्योति (वि०) प्रखर ज्वाला, तीव्र प्रकाश।

तुङ्ग तोरण (वि०) उच्च तोरण, ऊँचा तोरण, श्रेष्ठ तोरण।

तुङ्गद्वार (वि०) प्रमुख द्वार, मुख्य दरवाजा, अभीष्ट प्रवेश द्वार।

तुङ्गधाम (वि०) उत्तम धाम, श्रेष्ठ स्थान।

तुङ्गबीजः (पुं०) पारा, एक धातु विशेष।

तुङ्गभद्रः (पुं०) हस्ति, श्रेष्ठ ज्ञान, उन्मत्त करि।

तुङ्गभद्रा (स्त्री०) एक नदी।

तुङ्गनाद (वि०) उच्च नाद।

तुङ्गयोग (वि०) प्रबल योग, उत्तम योग।

तुङ्गरवि (वि०) प्रचण्ड सूर्य, तेज दिवाकर।

तुङ्गवेणा (स्त्री०) एक नदी।

तुङ्गशिखरः (वि०) उच्च शिखर।

तुङ्गशेखः (पुं०) पर्वत विशेष।

तुङ्गस्थानं (नपुं०) प्रमुख स्थान।

तुङ्गी (स्त्री०) [तुङ्ग+ङीष्] १. रजनी, २. हरिद्रा, हल्दी।

तुङ्गिवसन्निवशः (पुं०) स्थान नाम। (वीरो० १४/११)

तुङ्गीशः (पुं०) १. चन्द्र, २. सूर्य।

तुङ्गीपतिः (पुं०) चन्द्र।

तुच्छ (वि०) [तुद्+क्विप्-तुद्+छोक] शून्य, मन्द, अल्प, हीन, असार, नगण्य, परित्यक्त, तिरस्करणीय। (जयो० १/११) तुच्छास्त्वसारा मुद्गफली प्रभृतय इति-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तुच्छं (नपुं०) तुष, भूसी।

तुच्छता (वि०) अल्पता, हीनता।

गुणो न कस्य स्वविधौ प्रतीत: सूच्या: न कार्यं स तु कर्तरीत:।
ततोऽन्यथा व्यर्थमशेषमेतद्वस्तूत नस्तुच्छ तया सुचेत:।
(वीरो० १७/३)

तुच्छद्रु: (पुं०) एरण्ड तरु।

तुच्छधान्य: (पुं०) भूसी, चूर, तुष।

तुच्छधान्यक: (पुं०) भूसी, चूर, तुष।

तुञ्ज् (अक०) उन्नत होना, उत्तुंग होना।

तुञ्ज: (पुं०) [तुञ्ज्+अच्] इन्द्र का वज्र।

तुदुम: (पुं०) [तुद्+उम] मूषक, चूहा।

तुण् (सक०) टेढ़ा करना, मोड़ना, झुकाना, ठगना, कपट करना।

तुण्डं (नपुं०) [तुण्ड+अच्] मुंह, मुख। (जयो० २१/१०) १. चेहरा, २. चोंच, ३. हस्ति सूंड।

तुण्डि: (नपुं०) [तुण्ड्+इनि] मुख।

तुण्डिका (स्त्री०) नाभि (जयो० ५/७८)

तुण्डिन् (पुं०) शिव। (जयो० ५/७८)

तुण्डिकेरी (स्त्री०) कुनरु लता, बिम्ब लता। (जयो०) कर्मकरीति नाम्नास्यास्तुण्डकेरी महौजस। (जयो०) समाख्याता फलं लब्धुं बिम्वन्तु दरवासस:।। (जयो०)

तुण्डिकाकुहर: (पुं०) नाभिप्रदेश। (जयो० ११/९९)

तुण्डिभ (वि०) तुन्दी, तोंद।

तुण्डिल (स्त्री०) [तुण्ड्+भ] १. वाचाल, मुखरी, अधिक बात करने वाला, गप्पी। २. उभरी हुई नाभि वाला, तोंद वाला।

तुण्डी (स्त्री०) नाभि, तोंद, सुण्डी। (जयो०वृ० ३/४७)

तुण्डीमण्डलं (नपुं०) नाभिचक्र। (जयो० २१/२०)

तुत्थ: (पुं०) [तुद्+थक्] १. आग, २. प्रस्तर, पत्थर, ३. कज्जल विशेष, नीला थोथा, तूतिया जो सुर्मे की भांति आंख में डाला जाता है।

तुत्थ-कथा (स्त्री०) कज्जल कथा। (जयो० ९/३९)

तुत्था (स्त्री०) १. छोटी इलायची, २. नील का पौधा।

तुत्थाञ्जनं (नपुं०) कज्जल, अक्षि औषधि।

तुद् (सक०) प्रहार करना, घायलकरना, कष्ट देना, खरोंचना, सताना, चोट पहुंचाना।

तुन्दं (नपुं०) [तुन्द्+दन्] तोंद, पेट।

तुन्दकूपिका (स्त्री०) नाभि, नाभिगर्त।

तुन्दकूपी (स्त्री०)

तुन्दपरिमार्ज (वि०) आलसी, उदासीन, श्रमहीन।

तुन्दचरिमृज् (वि०) श्रमहीन, सुस्त, आलसी।

तुन्दमृज् (वि०) आलसी, सुस्त।

तुन्दवत् (वि०) [तुन्द्+मतुप्] तोंदवाला, उभरे हुए पेट वाला, मोटा।

तुन्दिक (वि०) तोंद वाला, मोटे पेट वाला।

तुन्दिकासमीप (वि०) नाभिदेश। (जयो० १८/९४)

तुन्दिन् (वि०) तोंद वाला।

तुन्दिभ (वि०) तोंद वाला, भरा हुआ।

तुन्दिल (वि०) तोंद वाला।

तुन्न (वि०) [तुद+क्त] आहत, घायल, चोट ग्रस्त।

तुन्नवाय: (पुं०) दर्जी।

तुभ् (सक०) प्रहार करना, पीड़ा देना, घायल करना।

तुमुल (वि०) [तु+मुलक्] शोरगुल, उद्विग्न, हंगामा, होहल्ला, आक्रोश स्थान, उत्तेजना।

तुम्ब: (पुं०) [तुम्ब्+अच्] लौंकी, तूंबी।

तुम्बर: (पुं०) गन्धर्व।

तुम्बा (स्त्री०) [तुम्ब+टाप्] लम्बी लौंकी, बड़ी तूंबी।

तुम्बी (स्त्री०) तूंबी, कड़ुवी लौंकी। जो सुराई के समान, नीचे मोटी और ऊपर पतली होती है। कमण्डल (जयो० २७/२८)

तुम्बीफल: (नपुं०) अलाबुफल, आल, लौंकी। (जयो० १४/६५)

तुम्बुरु: (पुं०) गन्धर्व।

तुरग: (पुं०) घोड़ा, अश्व, हय।

तुरगाक्रान्त (वि०) तुरग से आक्रान्त। नहि वेत्ति निजं स्मरादरस्तुरगाक्रान्तमपीत इत्यसौ। (जयो० १३/४०)

तुरङ्ग: (पुं०) [तुरेण वेगेन गच्छति-तुर+गम्+ड] घोटक, अश्व, हय। (दयो० ४०, जयो० ४/१६)

तुरङ्गं (नपुं०) मन, विचार।

तुरङ्गगति: (स्त्री०) घोड़े की चाल।

तुरङ्गद्विषणी (स्त्री०) भैंस।

तुरङ्गप्रिय: (पुं०) जौ।

तुरङ्गम: (पुं०) [तुर+गम्+खच्] अश्व, घोड़ा, अश्वकार (जयो०

तुरङ्गमेघ: (पुं०) अश्वमेध यज्ञ।

तुरङ्गयायिन् (पुं०) किन्नर।

तुरङ्गवक्त्रा: (पुं०) किन्नर।

तुरङ्गवदन: (पुं०) किन्नर।

तुरङ्गशाला (स्त्री०) अस्तबल।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तुरङ्गस्थानं (नपुं०) अस्तबल, अश्वशाला।

तुरङ्गस्कन्धः (पुं०) घोड़ों का समूह।

तुरङ्गस्कन्धावारः (पुं०) अस्तबल।

तुरङ्गहेषित (वि०) घोड़ों की हिन-हिनाहट। पुनरत्रं तुरङ्गहेषितं स्वतितारं सुतरामराजत। (जयो० १३/३५)

तुरायणं (नपुं०) अनासक्ति।

तुरासाहः (पुं०) [तुर+सह्+णिच्+क्विप्] इन्द्र।

तुरी (स्त्री०) [तुर्+इन्+ङीप्] नली, जुलाहे की नाल।

तुरीय (वि०) [चतुर्+छ, आद्यलोपः] चौथा, चतुर्थ।

तुरीय-वर्णः (पुं०) चतुर्थ वर्ण, शूद्र।

तुरीयोपनिषद् (नपुं०) नौ उपनिषद में एक उपनिषद्। (दयो० २५)

तुरुष्कः (पुं०) यवन, मुसलमान, तुर्क लोग। (जयो० २८/२९, वीरो० १९/१०)

तुर्य (वि०) चौथा, चतुर्थ। (जयो० १/६) तुर्यप्रकारत्व चतुर्दशत्व (दयो० १/६)

तुल् (सक०) १. तोलना, मापना, २. उठाना, सोचना, तुलना करना, परस्पर मिलान करना। ३. अल्प करना, छोटा करना, हल्का करना। रूप-यौवन-गुणादिकमन्यैः स्वंजनोऽथ तुलयन्निह धन्यैः। (जयो० ५/१३)

तुलनं (नपुं०) १. तोलना, मापना, उठाना। २. तुलना करना।

तुलना (स्त्री०) तोलना, मापना।

तुलनाकरणं (नपुं०) स्पर्धा करना, समानता करना। 'बाहुदण्डस्य स्पर्द्धने तुलनाकरणे' (वीरो० ३/२६)

तुलनीय (वि०) मूल्यशालिनी। (जयो० १२/२२)

तुलसी (स्त्री०) [तुलां सादृश्यं स्यति नाशयति-तुला+सो+क+ङीष्] तुलसी का पौधा, औषधि पादप। ० नाम विशेष।

तुलसीपत्रं (नपुं०) तुलसी का पत्र।

तुलसीमाला (स्त्री०) तुलसी की माला।

तुला (स्त्री०) [तोल्यतेऽनया-तुल्+अङ्+टाप्] १. तराजू, २. तवर्ग युक्ता (जयो० ११/७८) ३. समानता, एकसा-काव्यस्य तुलां समानतमुपैति (वीरो०वृ० २/२६) पलशतं तुला (त०वा० ३/३८)

तुलाकूटः (पुं०) कम तोलना।

तुलाकोटिः (स्त्री०) १. तराजू के अग्रभाग। (जयो० २/१४६) २. नूपुर (जयो० १५/७५)

तुलाकोटियुग (वि०) १. मञ्जरी युगल। तुलाकोटयोर्युगं मञ्जरीयुगलं (जयो० ११/१५) २. पायजेव की जोड़ी (जयो०वृ० ११/१५) 'हैमं तुलाकोटियुगं च मे तत्। (जयो०वृ० १५/७५) 'हैमं तुलाकोट्योर्नूपुरयोर्युगः (जयो०पृ० १५/७५)

तुलाकोशः (पुं०) तोल की परीक्षा।

तुलादानं (नपुं०) शरीर के समतुल्य तौलकर दान देना।

तुलाधरः (पुं०) १. व्यापारी, व्यवसायी, सौदागर। २. सादृश्यकर (जयो० १८/५७)

तुलाधिरोपित (वि०) तराजू पर चढ़ाया हुआ। (जयो० २४/६६) तुलाधिरोपितो यावदमानाश्रयोऽपि सन्। (जयो० ७/१२९)

तुलान्तवत् (वि०) तराजू के दोनों प्रान्त की तरह। 'तुलाया अन्तौ प्रान्तौ द्वौ तुलाप्रतिबद्धौ रत्' (जयो०वृ० २६/७७)

तुलापुरुषः (पुं०) सोना, जवाहरात।

तुलाप्रग्रहः (पुं०) तराजू की डोरी।

तुलाप्रतिबद्ध (वि०) तुलाप्रान्त।

तुलामानं (नपुं०) तुला के समान भाग।

तुलायष्टिः (स्त्री०) तराजू की डंडी।

तुलासूत्रं (नपुं०) तराजू की डोरी।

तुलित (वि०) १. तौला गया, २. सदृश, समान, एक सा (जयो०वृ० ५/१०) उपमित, वरावर। हेमतुलायास्तां किन्तु रत्नाञ्चितम्। (जयो० १५/८१)

तुल्य (वि०) [तुलया संमितं यत्] समान, सदृश, एकसा, एक प्रकार का, सन्निभ (जयो० ६/१८) सम, समान (जयो० ४/५९, सुद० ४/४७) अनुरूप-भवन्निजापत्तिषु वज्रतुल्यः (सम्य० ७७) 'स्त्रैणं तृणं तुल्यमुपाश्रयन्तः' (सुद० ११८) 'स्निह्येत वत्सं प्रति धेनुतुल्यः' (सम्य० ३६)

तुल्यकुलः (पुं०) समान वंश। (जयो०वृ० २३/२५)

तुल्यगुणः (पुं०) समान गुण। (जयो०वृ० १/२)

तुल्यचर (वि०) सादृश्य गमनशील।

तुल्यजातिः (स्त्री०) समान जाति।

तुल्यता (स्त्री०) समता (जयो० ४/५९) समानता, सादृश्यता, एक रूप वाला। (वीरो० २२/८)

तुल्यदर्शन (वि०) समदर्शी, सापेक्षदर्शी, समत्वदर्शी।

तुल्यदृष्टि (वि०) समदृष्टि।

तुल्यधनं (नपुं०) समरूप में धन।

तुल्यपानं (नपुं०) सहपान, सहभोग।

तुल्यप्रीति (स्त्री०) समान प्रीति, समान वात्सल्यता।

तुल्यभावः (पुं०) समान भाव। (जयो०वृ० ३/९७)

तुल्ययोगिता (वि०) एक अलंकार, एक ही विशेषण रखने वाले कई पदार्थों का एक एकत्र संयोग।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तुल्यरूप (वि०) अनुरूप, सादृश्य।

तुल्यार्थवृत्तिः (स्त्री०) समान अर्थ की वृत्ति। (वीरो० ४/२०) तुल्यार्थवृत्तिः प्रथितो धराङ्के खद्योतनाम्ना चरतीति शङ्के। (वीरो० ४/२०)

तुल्यावस्था (स्त्री०) एक समान अवस्था।
तुल्यावस्था न सर्वेषां किन्तु सर्वेऽपि भागिनः।
सन्ति तस्या अवस्थायाः सेवामो यां वयं भुवि।। (वीरो० १७/४१)

तुल्यौषधिः (स्त्री०) योग्य औषधि, अनुकूल औषधि।

तुवर (वि०) [तु+ष्वरच्] कषैला, कटुक।

तुष् (अक०) प्रसन्न होना, सन्तोषी होना, परितृप्त होना। तुष्यति द्वेष्टि चाभ्यन्तो निमित्तं प्राप्य दर्पणम्। (सुद० १२५) तोषवान् (सुद० १०८)
० पुरस्कृत करना।
एवमत्र पुनरादिसुतोऽपि
तोषमेष्यति दुराग्रहलोपी।
दापयामि भवते परितोषं
सज्जनाक्षयमितः कुरु कोषम्।। (जयो० ४/४६)

तुषः [तुष्+क०] भूसी, कण। (सम्य० १३८)

तुषकण्डनं (नपुं०) भूसी दूरीकरण। (जयो० २५/५४)

तुषग्रहः (पुं०) अग्नि, अनल, आग।

तुषग्राही (वि०) कण ग्रहण करने वाला।

तुषमास (वि०) किंचित्मात्र भी। तुषमाषवदङ्गविदो शिवघोषमुनिः सभिदो। (जयो० २३/३८)

तुषाद्रिः (पुं०) हिमवान् पर्वत। (जयो० १३/५५)

तुषातिग (वि०) तुष रहित, भूसी रहित। दूरस्थ सम्पश्य पुनः सुहक्ततुषातिगं तण्डुलमत्ररक्तम्। (सम्य १३८)

तुषानलः (पुं०) भूसी की अग्नि।

तुषाग्निः (स्त्री०) भूसी की आग।

तुषाम्बुः (नपुं०) चावल की कॉजी।

तुषार (वि०) [तुष+आरक्] बर्फ, हिम, शीतल, ठण्डा, ओस, पाला। तुषारतः सन्दधनी सितं शिरस्तुते भ्रमोत्पत्तिकरीत्यहो चिरम्। (वीरो० ९/२१)

तुषारगिरिः (पुं०) हिमगिरि, हिमालय।

तुषारकणः (पुं०) हिमकण, ओस बिन्दु।

तुषारकालः (पुं०) शीतकाल।

तुषारकिरणः (पुं०) चन्द्र, शशि।

तुषारगौर (वि०) हिम सदृश श्वेत।

तुषारपातः (पुं०) हिमपात, ओस पड़ना, पाला गिरना। (दयो० २/५) पक्वेषु धान्येषु तुषारपातः करोमि किम्भो तनयस्य तात। (दयो० २/५)

तुषारभासः (पुं०) चन्द्र, रात्रिपति, शशि। स्वच्छप्रभस्य चन्द्रस्य चन्द्र, रात्रिपतिः। (जयो० १५/६०)

तुषाररः (पुं०) कपूर।

तुषाररुक् (पुं०) चन्द्र, हिमकर, रात्रिपति, रजनीकर। (जयो० ११/२)

तुषारवारः (पुं०) हिम, वर्फ, शिशिरकाल, शीतकाल, प्रालेयकाल। (जयो० ६/५३)

तुषार संहारकृत (वि०) हिमनाशक, शीत नाश करने वाला। (वीरो० ९/४०)

तुषारसारः (पुं०) हिम, शीत, ठण्डा। तुषारस्य हिमस्य सार एव गात्रं शरीरं यस्य सोऽत्यन्तधवलतनुरपि (जयो० १५/५८)

तुषाराद्रि (पुं०) हिमगिरि, हिमालय।

तुषित (वि०) संतुष्ट, प्रसन्न हुआ, विषयपराङ्मुख।

तुषोदकं (नपुं०) चावल की कांजी।

तुष्ट (भू०क०कृ०) [तुष्+क्त] संतुष्ट, प्रसन्न, परितृप्त।

तुष्टिः (स्त्री०) [तुष्+क्त] संतुष्ट, प्रसन्न, परितृप्त।

तुष्टिः (स्त्री०) [तुष्+क्तिन्] उत्कृष्ट हर्ष, परम संतुष्टि, (जयो० ६/२३) अधिक प्रसन्नता, खुशी, परितोष। 'तुष्टि दत्ते दीयमाने च प्रहर्षेः।

तुष्टिकर (वि०) सन्तोष प्रदान करने वाला।

तुष्टिगत (वि०) प्रसन्न हुआ, परितोष को प्राप्त।

तुष्टिधर (वि०) संतोषी।

तुष्टिमत् (वि०) संतोषी। 'तुष्टिरस्ति येषां तं तेषां सन्तोषिणां सज्जनानां। (जयो० ९/८०)

तुष्टिवल्लरी (वि०) संतोष रूपी लता। (जयो० २६/११)

तुष्टुः (वि०) संतोषी।

तुहिन (वि०) [तुह+इनन्] शीतल, ठण्डा।

तुहिनं (नपुं०) हिम, बर्फ, ओस।

तुहिनकरः (पुं०) चन्द्र, शशि।

तुहिनकिरणः (पुं०) चन्द्र।

तुहिन-द्युतिः (स्त्री०) चन्द्रमा।

तुहिनगिरिः (पुं०) हिमगिरि।

तुहिन-पातः (पुं०) हिमपात।

तुहिनांशुः (नपुं०) चन्द्र।

तुहिनाचलः (पुं०) हिमगिरि, हिमालय।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तूण् (सक०) सिकोड़ना, संकुचित करना।
तूणः (पुं०) तरकस।
तूणधार: (पुं०) धनुर्धर।
तूणी (स्त्री०) [तूण+ङीष्] तरकस (जयो० ११/६१) निषङ्ग (जयो० ५/८३) दृग्वेशवाक् सम्प्रति यापि नासा तूणीव मान्या तिलपुष्पभासा। (जयो० ५/८३)
तूणीरः (पुं०) तरकस।
तूर् (सक०) शीघ्र जाना, जल्दी पहुंचना।
तूपक्लृप्तिः (स्त्री०) प्रस्तर प्रभा (वीरो० २०/११)
तूरम् (नपुं०) [तूर्+घञ्] वाद्ययन्त्र, बिगुल।
तूर्ण (वि०) [त्वर्+क्त] शीघ्रगामी, द्रुतगामी, अतिशीघ्र। (सुद० १/३२) बृहद्गुणाङ्केन बभूव तूर्णमावर्जितं प्रोञ्छनकेन पूर्णम्। (जयो० १९/१०)
तूर्णं (अव्य०) शीघ्रता से, तीव्रता से, जल्दी से।
तूर्यः (पुं०) [तूर्यते ताड्यते-तूर्+यत्] एक वाद्ययन्त्र।
तूर्यं (नपुं०) तूरही, विगुल, भेरी (जयो० २१/९१)
तूर्य (वि०) चतुर्थ, चार प्रकार का, चौथा। (सम्य० १२८)
तूर्यघोष: (पुं०) भेरी उद्घोष।
तूर्यनाद: (पुं०) भेरी नाद, भेरी का शब्द।
तूर्यगुणस्थ (वि०) चतुर्थ गुणस्थान वाला। स्यूतेः समं तूर्यगुणस्थेऽतो भवेत् प्रपूर्तिर्भवसिन्धुः सेतुः। (सम्य० १२५)
तूर्यरवः (पुं०) भेरी नाद। (जयो० २१/९१)
तूर्यविध (वि०) चार प्रकार का। (सम्य० २८/१७(
तूर्यस्थलं (नपुं०) चतुर्थ गुणस्थान। कुवृत्तभावोऽपसरेदवृत्तभावो न तूर्यस्थल एवं हृत्तः। (सम्य० १३७)
तूर्याच्छूद्धानं (नपुं०) चतुर्थ गुणस्थान। आसप्तमान्तं प्रथमन्तु तूर्याच्छूद्धान माहुर्जिनवाचिधूर्या। (सम्य० १२८)
तूलः (पुं०) [तूल्+क] १. रुई। (वीरो० ९/२४) २. आकाश, वायु, पर्यावरण।
तूलं (नपुं०) महत्त्व देना। (वीरो० १७/३१)
० विस्तर, आसन, शयन-'सदा मखमलोत्तूलशय-नाद्यनुकुर्वता। (वीरो० ८/३३)
० तूल देना, बढ़ाकर कहना-घृणास्पदं केवलमस्य तूलम्। (सुद० १०२)
तूल-कलापः (पुं०) कार्पास समूह, रुई का ढेर। तूलस्य कार्पासत्त्वचः कलापे समूहे भवति (जयो० ५/३)
तूल-कल्पनं (नपुं०) रुई की पल्ली, रजाई। पितुस्तस्य कल्पना। (जयो० २४/२८)
तूलकुथः (पुं०) रजाई, पल्ली।
उपर्यथो तूलकुथोऽनयायिनः। (वीरो० ९/२४)
तूलतल्पस्थ (वि०) रुई की शय्या वाला। रुई की शय्या के ऊपर स्थित। (जयो० २/१४९)
तूलफलता (वि०) निष्फल जीवन, फल युक्त जीवन। तूलफलता-व्यर्थजीवनता।
तूलस्येव फलानि यस्य तत्ता' (जयो० ७/६९)
तूलयुक्तवस्त्रं (नपुं०) रुई से निर्मित वस्त्र। (वीरो० ९/४४)
तूलिः (स्त्री०) [तूल्+इन्] कूची, चित्रकार की तूलिका।
तूलिका (स्त्री०) [तूलि+कन्+टाप्] कूची, चित्रकार की कूची।
तूलोक्त-तल्पं (नपुं०) रुई की शय्या, रुई के गद्दे। (सुद० १०८)
तूष्णीक (वि०) [तूष्णीम्+क] मौनी, अल्पभाषी, परिमित भाषी, चुप रहने वाला।
तूष्णीं (अव्य०) अवाक्, चुप, शान्त, खामोश, स्वल्पभाषी। (जयो०वृ० ६/७८, १८/१०१) इत्युक्त्वा तूष्णीमस्थाद्राज्ञी तवादिहागतम्। (समु० ३/४०)
तूस्तं (नपुं०) [तूस्+तन्] १. जटा, २. पाप। ३. कण।
तृड् (स्त्री०) प्यास, वाञ्छा (जयो० १२/८६)
तृड्हा (वि०) पिपासाहर, वाञ्छापूर्तिकर। (जयो० ६/८१)
तृडपसंहृत (वि०) पिपासा निवृत्तक। (जयो० ९/४५)
तृडुपायन (वि०) पिपासा शान्त करने वाला। (जयो० १२/८६)
तृषि पिपालायामुपायन उपहार स्वरूपस्तृडपहारको अपि सन (जयो० १२/८६)
तृह् (सक०) मारना, घायल करना, चोट पहुंचाना।
तृण (नपुं०) [तृह्+क्न्] घास, तिनका। (जयो० ८/९२) स्त्रैणं तृणं तुल्यमुपाश्रयन्तः' (सुद० ११८) गावस्तृणामिवारण्येऽभिसरन्ति नवं नवम्। (जयो० २/१४७) १. तुच्छ, हीन।
तृणकाण्डः (पुं०) घास समूह, घास का ढेर।
तृणकुटी (स्त्री०) घास की कुटिया।
तृणकुटीरं (नपुं०) घास की कुटिया।
तृणकूटः (पुं०) १. घास का ढेर, २. घास की कुटिया। (दयो० २२)
तृणकेतु (पुं०) ताडवृक्ष।
तृणगोधा (स्त्री०) गोह, गिरगिट।
तृणग्राहिन् (वि०) नीलम, नीलकान्त मणि।
तृणचरः (पुं०) १. गोमेद, एक रत्न। २. घास चरने वाला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तृणजलायुक्ता (स्त्री०) तिवली का लार्वा।
तृणजलूका देखें ऊपर।
तृणता (वि०) १. कामुकता। तृणता कामुकेऽपि च इति विश्वलोचनः (जयो० ८/४७) २. तृणपना-
तृणत्व (वि०) तृण पना, तुच्छता। (वीरो० १८/३५)
तृणद्रुमः (पुं०) ताडवृक्ष, खजूर तरु, नारियल का पेड़, सुपारी का पेड़।
तृणधान्यं (नपुं०) जंगली धान्य।
तृणपीडं (नपुं०) तुच्छ पीड़ा।
तृणपूली (स्त्री०) चढ़ाई, सरकण्डी का बना मूढा।
तृणप्राय (वि०) उद्यमहीन, कार्य करने को अक्षम।
तृणमणिः (स्त्री०) एक रत्न विशेष।
तृणमत्कुणः (पुं०) जमानत।
तृणराजः (पुं०) नारिकेल तरु। बांस, ईख।
तृणवणाली (स्त्री०) तिनके का ढेर, तृण समूह। (दयो० ३८)
तृणसंस्तरः (पुं०) तृण का बिछौना।
तृणसारा (स्त्री०) कदली, केला का पादप।
तृणसिंहः (पुं०) कुल्हाड़ा।
तृणस्पर्शपरीषहजयः (पुं०) तृण स्पर्श के परीषह का सहन।
तृणहर्म्यः (पुं०) घास की कुटिया, घास-फूंस का घर।
तृणाग्निः (स्त्री०) तिनके की आग।
तृणाज्जनः (पुं०) गिरगिट।
तृणाटवी (स्त्री०) घास वाला जंगल।
तृणायित (वि०) अंकुरभावजन्य। (जयो० ६/४५)
तृणावर्तः (पुं०) हवा का वेग, भभूल।
तृणासृज् (नपुं०) सुगन्धित द्रव्य।
तृणोत्कर (वि०) भूसा। (जयो० २/३)
तृणोकस् (नपुं०) घास की झोपड़ी।
तृण्या (स्त्री०) [तृण्+य+टाप्] घास का ढेर।
तृतीय (वि०) [त्रि+तीय] तीसरा।
तृतीयं (नपुं०) तीसरा भाग। (जयो०)
तृतीयक (वि०) [तृतीय+कन्] तीसरे दिन होने वाला।
तृतीयकाण्डं (नपुं०) तीसरा अध्याय।
तृतीयकूटः (पुं०) तीसरा शिखर।
तृतीयखण्डः (पुं०) तीसरा खण्ड।
तृतीयग्रहं (नपुं०) तीसरा प्रवेश भाग, तीसरा स्थान।
तृतीय-पदं (नपुं०) तीसरा चरण, तृतीय भाग, तीसरा हिस्सा।
तृतीयपादः (पुं०) तीसरा चरण।
तृतीयपुरुषार्थः (पुं०) तीसरा पुरुषार्थ काम। (जयो० १/८)
तृतीय प्रतिमा (स्त्री०) तीसरी प्रतिमा, सामायिक प्रतिमा, जिसमें प्रमादरहित होकर दोनों कालों के पूर्व दो प्रतिमाओं के अनुष्ठानपूर्वक तीन मास तक सामायिक का प्रतिपालन करना।
तृतीयभागः (पुं०) तीसरा हिस्सा।
तृतीयमूलगुणः (पुं०) अचौर्य मूलगुण, किंचित् भी वस्तु का ग्रहण न करना।
तृतीयसर्गः (पुं०) तीसरा सर्ग/अध्याय। (जयो०वृ० १९०)
तृतीय सम्पौरुषः (पुं०) तृतीय का पुरुषार्थ। तृतीयस्य सम्पौरुषस्य कामपुरुषार्थस्य (जयो० १७/५३)
तृतीया (स्त्री०) [तृतीय+टाप्] १. चन्द्र पक्ष का तृतीय दिवस, तीसरा दिन। २. करण कारक-विभक्ति चिह्न।
तृतीयाकृत (वि०) तीन बार जीता गया।
तृतीया-तत्पुरुषः (पुं०) करण कारक समास।
तृतीयाप्रकृतिः (स्त्री०) हीजड़ा।
तृतीयिन् (वि०) [तृतीय+इनि] तीसरे अंश का अधिकारी।
तृद् (सक०) फाड़ना, खण्ड-खण्ड करना, विदीर्ण करना, चीरना, नष्ट करना, संहार करना। तर्दति, तृणत्ति।
तृप् (अक०) तृप्त होना, संतुष्ट होना, प्रसन्न होना, सुख होना।
तृप्त (वि०) [तृप्+क्त] संतुष्ट, प्रसन्न, परिसंतोष युक्त।
तृप्तिः (स्त्री०) [तृप्+क्तिन्] संतोष, परितोष, आत्म संतुष्टि, परितुष्टि। (हित सं० ६) कुरु तृप्तिं प्रक्लृप्ति हर स्वामिन् तव देवाधिसेवां सदा यामि। (सुद० ७३)
तृप्तिकर (वि०) संतोष करने वाला, प्रसन्न होने वाला। किमपि तृप्तिकरं भगवन्नतः।
तृप्तिकारणं (नपुं०) संतुष्टि कारक। (जयो० २४/४२, समु० ७/३०)
तृप्तिजन्य (वि०) संतुष्ट हुआ।
तृप्तिधर (वि०) परितोष धारक।
तृप्तिभावः (वि०) संतोष भाव।
तृप्तिभृत (वि०) संतुष्ट।
तृप्तिसार्थ (वि०) सन्तर्पणकारक। ॐ सत्यजाताय स्वाहा-इत्यादिमयः स तृप्तिसार्थः सन्तर्पणकारकः (जाये० १२/७२)
तृष् (अक०) प्यासा होना, इच्छा करना, लालयित होना, कामना करना, संतुष्ट होना, उत्कण्ठित होना, संयुक्त होना, अभिलषित होना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तृष् (स्त्री०) वाञ्छा, तृष्णा, तृषा प्यास लालसा, उत्सुकता, अभिलाषा। (जयो० २२/५) तृषः अभिष्वङ्गलक्षणा याः सन्निपीय बहुपीनमनास्संस्तावतैव तृष आप्य च नाशम्। (समु० ५/२९)

तृषहारिणी (वि०) पिपासापहारक। समस्तप्रकाराभिला षापरिपूरक। (जयो० २२/६०)

तृषा (स्त्री०) प्यास, वाञ्छा, लालसा, तृष्णा। पिपासा च तृषा, प्यास की बाधा होना। असातावेदनीय-तीव्र-तीव्रतर-मन्द-मन्दतर-पीडया समुपजाता तृषा। (निय०वृ० ६)

तृषाकारी (वि०) पिपासाकारक, अभिलाषी (जयो० १२/१२८)

तृषातुरः (पुं०) प्यास से व्याकुल। (समु० ७/१०)

तृषापहारी (वि०) पिपासापहारक, तृष्णा शान्त करने वाला, प्यास बुझाने वाला। (जयो०वृ० २२/६०)

तृषापरीसहजयः (पुं०) प्यास की बाधा का सहन करना।

तृषाहम् (नपुं०) जल, वारि, पानी।

तृषि (स्त्री०) पिपासा, प्यास। (जयो० १२/२)

तृषित (भू०क०कृ०) [तृष्+क्त] प्यासा, अभिलाषा युक्त, इच्छा करने वाला, इच्छुक।

तृष्णाज् (वि०) [तृष्+नजिङ्] पिपासु, लालची, लोभी, आसक्तिजन्य।

तृष्णा (स्त्री०) [तृष्+न+टाप्] प्यास, तृषा, पिपासा, इच्छा, वाञ्छा, अभिलाषा। (जयो० ६/२१) वाञ्छति वसनं स च पुनरशनं कस्य न धनतृष्णा वा। (सुद० ७४)

तृष्णाक्षयः (पुं०) तृषा का नाश, संतोष, शान्ति।

तृष्णाजन्य (वि०) तृषा युक्त।

तृष्णातुरः (पुं०) पिपासा से पीड़ित। (वीरो० ४/४८)

तृष्णालु (वि०) [तृष्णा+आलु] अधिक प्यास, प्यास से व्याकुल।

तृष्णाभिवृद्धिः (वि०) धनाभिलाषा, प्यास। (वीरो० १२/४)

तृष्णावान् (वि०) पिपासासहित, अभिलाषावान्। (जयो० २२/७)

तृष्णावती (वि०) पिपासा जनक, तृषा जन्य। (जयो० १६/१३)

तृह् (सक०) मारना, घायल करना, क्षति पहुंचाना, विनाश करना।

तृ (सक०) पार करना, तैरना, बहना।

तेइन्दियः (नपुं०) तीन इन्द्रिय जीव। (वीरो० १९/३६)

तेजः (पुं०) उष्णप्रभा, अग्नि ज्वाला। मूलोष्णवती प्रभा तेजः। इतस्ततो विक्षिप्तं जलादिसिक्तं वा प्रचुरभस्मप्राप्तं वा मनाक् तेजोमात्रं तेजः कथ्यते।

तैक्ष्ण्यकरणवृत्तिः (स्त्री०) उत्तेजना, उदबेलना। (जयो०वृ० १५/५२)

तेजकाय (नपुं०) अग्निकाय जीव, स्थावर जीवों का एक भेद जो चैतन्यभाव से युक्त अनेक है और पृथक्-पृथक् भी है।

तेजकायिकः (पुं०) अग्निकाय जीव। तेज उष्णलक्षणं प्रतीतम्, तदेव कायः शरीरं येषां ते तेजः काया।

तेजजीवः (पुं०) अग्नि शरीर का धारक।

तेजनं (नपुं०) [तिज्+ल्युट्] तपन, जाना, चमकना, प्रदीप्त करना, सरकंडा, नरकुल, बाण की नोक, शस्त्र की धार।

तेज पुञ्जमय (वि०) आत्मबल युक्त। (जयो० १/१३)

तेजयितुं (तेजय्+तुमुन्) संवर्धन करने के लिए (जयो० ११/६२)

तेजस् (नपुं०) प्रभा, (समु० ५/१०) 'येन तस्य हृदयाब्जविकाशस्तेजसेव समभूद्रविभासः। (समु० ५/१०) १. प्रताप-दृष्टिरभ्युदयभाजि जनानां तेजसाञ्च निलये भुवनानाम्' (जयो० ५/२८)

० प्रभाव-तनुतेऽनुतेजसा स्वां कलिङ्गराजाभिधां सुलभाम्। (जयो० ६/२३) (वीरो० ६/२३)

तेजस्तर (वि०) तेज लक्षण वाला।

तेजस्वत् (वि०) [तेजस्+अतुप्] चमकीला, प्रभावान, कान्तियुक्त, तेज, तीखा, पैना।

तेजस्विन् (वि०) [तेजस्+विनि] १. उज्ज्वल, प्रभायुक्त, चमकदार, बलवान्, शौर्ययुक्त, प्रसिद्ध, विख्यात, २. तपन, तेज, सूर्य (जयो०वृ० ३/१३, ३/१०२) ३. विधिसम्पन्न, प्रचण्ड, प्रखर।

तेजित (वि०) [तिज्+णिच्+क्त] उत्तेजित, उद्दीप्त, प्रदीप्त, प्रभावान्।

तेजोजीवः (पुं०) अग्नि शरीर का धारक जीव।

तेजोजराशिः (स्त्री०) एक गणतीय प्रमाण। जिस राशि में चार का भाग देने पर तीन शेष रहे वह तेजोजराशि है।

तेजोमय (वि०) [तेजस्+मयट्] उज्ज्वल, कान्तिमय, प्रभावान्।

तेजोलेश्या (स्त्री०) सर्वधर्मसमदर्शित्व भाव। 'दृढमित्रता-सानुक्रोशत्व सत्यवाद-दान-शीलात्मीय-कार्य-समपादनपटु-विज्ञान योग-सर्वधर्म-समदर्शनादि तेजोलेश्यालक्षणम्। (त०वा० ४/२२) कान्तियुक्त लेश्या।

तेमः (पुं०) [तिम्+घञ्] आर्द्र, गीला, तर।

तेमनं (नपुं०) [तिम्+ल्युट्] १. गीला करना, तर करना, तेल युक्त आहार। २. शाक विशेष। (जयो० १२/१६)

तेवनं (नपुं०) [तेव्+ल्युट्] मनोरंजन, आमोद-प्रमोद, क्रीड़ा, अनुरंजन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तैजसतेवनं (वि०) उज्ज्वल, स्वच्छ, कान्तिमय, प्रकाशमान, चमकदार, ओजस्वी, बलिष्ट, गुण युक्त, पद्मरागमणि सदृश।
'तेयप्पहगुणजुत्तमिदि तेजइयं' (ष०खं० १४/३२७) शंख-धवल-प्रभालक्षणं तैजसम् (त०वा० २/४९)

तैजसशरीरं (नपुं०) अग्नि प्रभा सदृश शरीर, जिस कर्म के उदय से तैजस वर्गणा के स्कन्ध नि:सरण। अग्नि सरणरूप और प्रशस्त-अप्रशस्त परिणत हों।

तैतिक्ष (वि०) सहिष्णु, सहन शील।

तैतिरः (पुं०) तीतर।

तैतिलः (पुं०) गैंडा।

तैत्तिरीयोपनिषदः (पुं०) एक उपनिषद का नाम।

तैमिरः (पुं०) अक्षि रोग।

तैर्थिकः (वि०) तीर्थवासी, पावन, पवित्र।

तैर्थिकः (पुं०) एक सन्यासी।

तैलं (नपुं०) [तिलस्य तत्सदृशस्य वा विकार: अण्] तेल, चिक्कण पनयुक्त पदार्थ, तिल से निकाला गया, मूंगफली, सरसों, सोयाबिन, विनौला आदि का तैल। (सम्य० १०८)

तैलफुलेः (पुं०) तैल का फोहा।

तैलङ्गः (पुं०) तेलगुप्रान्त, तमिल भाषा का प्रदेश।

तैलिकाः (पुं०) [तैल+ठन्] तेली, तेल पेरते वाला। (जयो० २५/५५)

तैलिन् (पुं०) तेली।

तैलिनी (स्त्री०) [तैलिन्+ङीप्] दीपक की वत्ती।

तैलीनं (नपुं०) [तिलानां भवनं क्षेत्रम्] तिलक्षेत्र, तिल को खेत।

तैषः (पुं०) [तिष्य+अण+ङीप्] तिष्येण नक्षत्रेण युक्ता पौर्णमासी पौषमाह।

तोकं (नपुं०) शिशु, बालक, बच्चा।

तोककः (पुं०) चातक पक्षी।

तोटकः (पुं०) तोटक छन्द। चार सगण और सोलह मात्रा पर विराम। ।।ऽ।। ऽ।।ऽ ।।ऽ=१२ वर्ण।

तोडनं (नपुं०) [तुड्+ल्युट्] खण्ड-खण्ड करना, टुकड़े करना, फाड़ना, विनाश करना, विदीर्ण करना।

तोत्त्रं (नपुं०) [तुद्+ष्टुन्] अंकुश, अरई, चाबुक।

तोदः (पुं०) [तुद्+घञ्] दु:ख, पीड़ा, वेदना, संताप।

तोदनं (नपुं०) [तुद्+ल्युट्] १. कष्ट, पीड़ा, वेदना, अंकुश, २. मुख।

तोमरः (पुं०) [तुम्पति हिनस्ति-तुम्प+अट्र] लोहे की छड़। लोह-दण्ड।

तोयं (नपुं०) उदक, जल, पानी। (भक्ति० ४) (जयो० २/१५२)

तोयकर्मन् (नपं०) देह प्रमार्जन, शरीर प्रमार्जन, जलतर्पण।

तोयकृच्छः (पुं०) जल से जीवन चलाना।

तोयक्रीडा (स्त्री०) जलक्रीड़ा, जलविहार।

तोयगर्भः (पुं०) नारिकेल, नारियल।

तोयचरः (पुं०) एक जन्तु, जल में विचरण करने वाला प्राणी।

तोयडिम्बः (पुं०) ओला, बर्फ कण।

तोयडिम्भः (पुं०) बर्फ कण, हिमकण, ओला।

तोयक्षः (पुं०) मेघ, बादल।

तोयधरः (पुं०) मेघ, बादल।

तोयधिः (पुं०) समुद्र, उदधि।

तोयनिधिः (पुं०) समुद्र, उदधि।

तोयनीवी (स्त्री०) भू, धरा, पृथ्वी।

तोयपानं (नपुं०) जल पीना।

तोयप्रसादनं (नपुं०) कतकफल, निर्मली, फिटकरी।

तोयमलं (नपुं०) समुद्रफेन।

तोयमुच् (पुं०) समुद्र।

तोययन्त्रं (नपुं०) जलघड़ी।

तोयराजन्ः (पुं०) समुद्र।

तोयराजिः (पुं०) जल पंक्ति। १. समुद्र।

तोयराशिः (पुं०) समुद्र।

तोयवेला (स्त्री०) समुद्र का किनारा, समुद्रतट।

तोयव्यतिकरः (पुं०) नदी का मिलन स्थान, संगम स्थल, जल का एक स्थान से दूसरे स्थान पर मिलना।

तोयशुक्तिका (स्त्री०) सीपी।

तोयसर्पिका (पुं०) मेंढक।

तोयसूचकः (पुं०) मेंढक।

तोरणः (पुं०) द्वारमुख, प्रवेशद्वार।

तोरणं (नपुं०) बहिर्द्वार। (समु० २/२०) 'मणिपूर्णसुतोरणोत्थितैः' (जयो० १०/११) १. तोरण नामक वृक्ष 'उपात्त: स्वीकृतस्तोरणे नाम वृक्ष:' (जयो० २४/५०)

तोरणप्रांतः (पुं०) मुख्यद्वार का भाग।

तोरणश्री (स्त्री०) मुख्यद्वार की शोभा। (जयो० २२/४४)

तोरणोत्तम (वि०) उत्तम द्वार युक्त। 'दशधाशत-तोरणोत्तमम् (समु० २/२०)

तोरणोत्थिः (वि०) तोरणों से युक्त (जयो० १०/११) तोरणों

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

से उत्पन्न। 'तोरणानि तेभ्य उत्थितैराविर्भूतैः' (जयो०वृ० १०/११)

तोलः (पुं०) [तुल्+घञ्] तोल, भार, तुला पर तोला गया।

तोलं (नपुं०) तोलं, भार, तुला पर तोला गया।

तोषः (पुं०) [तुष्+घञ्] संतोष, प्रसन्नता, खुशी।

तोषकारिणी (वि०) संतोष प्रदायक। (जयो० १२/२०)

तोषण (नपुं०) [तुष्+ल्युट्] संतोष, प्रसन्नता, खुशी तृप्ति।

तोषततिः (स्त्री०) संतोषभाव। (समु०१/२४) प्रसन्नता की राजि।

तोषयन् (वि०) [तोष+लृ+ड] मूसल।

तोषवान् (वि०) संतोषी। (सुद० १०३)

तौक्षिकः (पुं०) तुला राशि।

तौतिकः (पुं०) सीप का मोती।

तौर्यं (नपुं०) [तर्यू+अण्] विगुल शब्द, तूर्यरव, तुरही की आवाज।

तौर्यत्रिकं (नपुं०) नृत्य, गान, ध्वनि, स्वरसंगति, स्वरलहरी।

तौलं (नपुं०) [तुला+अण्] तराजू।

तौलिकः (पुं०) [तुलि+ठक्] चित्रकार।

त्यक्त (भू०क०कृ०) [त्यज्+क्त] विहीन, रहित, छोड़ गया, परित्यक्त, टाला गया, विमुख। 'ततः क्तप्रत्ययवान् भवामि' (जयो०वृ० १/१०३) 'क्त प्रत्ययस्य धातूनामुक्तत्त्वात्' (जयो०वृ० १/१०३)

त्यक्तकषाय (वि०) कषाय रहित।

त्यक्त-कोप (वि०) कोप मुक्त, क्रोध रहित।

त्यक्त-खेद (वि०) क्षोभ रहित।

त्यक्त-क्षोभ (वि०) राग-द्वेष से रहित।

त्यक्तगेह (वि०) घर से पराङ्मुख, घर को छोड़ने वाला।

त्यक्तचेतन (वि०) चैतन्य से रहित।

त्यक्तजीवित (वि०) प्राण मुक्त।

त्यक्तज्ञान (वि०) ज्ञान परिहीन।

त्यक्त-तप (वि०) तप से विमुक्त।

त्यक्त-दान (वि०) दान रहित।

त्यक्त-दोष (वि०) दोष परिहीन।

त्यक्तधर्म (वि०) धर्म विमुख।

त्यक्तप्राण (वि०) प्राणशून्य।

त्यज् (सक०) छोड़ना, त्यागना, उत्सर्ग करना, सेवा मुक्त करना, टालना, उपेक्षा करना, अवहेलना करना। त्यजाति (दयो० १२३) (सम्य० ५१) 'लाति त्यजति चाङ्कम्' (सुद० ४/८) बालोऽत्र नाहं भवतीं त्यजामि तत्याज-(समु० ३/१४) छोड़ दिया (जयो० ३/१३, ११/६१) त्यक्त्वा। (सं०कृं०) 'गुरुपादयोर्मदयोगं त्यक्त्वा' (सुद० ३६)

त्याज्यता (वि०) परित्यक्तता। (भक्ति० ४१)

त्यागः (पुं०) [त्यज्+घञ्] परित्याग, छोड़ना, तिलाञ्जलि देना (सुद० १२६)

० विरागता (जयो० २७/७) त्यागोऽपि मनसा श्रेयान्न शरीरेण केवलम्' (वीरो० १३/३७)

० दान-त्यागो दानं, तच्छक्तितो यथाविधि प्रयुज्यमानं त्यागः।

० धर्मविशेष-(जयो० २८/३९)

० परिग्रहनिवृत्तिस्त्यागः।

० परित्यजन।

० आहारादि दान।

० संयतस्य योग्यज्ञानादिदानम्।

० विशिष्ट संप्रदान।

० भावदोष परित्याग।

० वैयावृत्यकरण, सेवा करना।

० संविभागकरण।

त्यागधर्मः (पुं०) त्याग धर्म, बाह्य और आभ्यन्तर क्रियाओं का परित्याग। दशधर्मो में आठवां धर्म।

त्यागभावः (पुं०) निवृत्ति भाव, निग्रहभाव।

त्यागातिग (वि०) त्याग रहित। (सम्य० ७०)

त्यागिता (वि०) निस्वार्थता-दानशीलता (जयो० २/७४) 'त्यागिताऽनुभाविता कृतज्ञता'

त्यागिन् (वि०) छोड़ने वाला, परित्यजनशील, दाता, प्रदाता, भोगों से विमुख होना, स्वेच्छप्रवृत्ति का परित्यजन करने वाला।

त्रप् (अक०) शर्माना, लज्जा करना।

त्रपमाणक (वि०) लज्जित (जयो० ३/११)

त्रपा (स्त्री०) [त्रप्+अङ्+टाप्] १. शर्म, लज्जा, लाज। (जयो० ६/४८) २. कामुक स्त्री, ३. प्रसिद्धि ख्याति।

त्रपालु (वि०) लज्जजालु (जयो० १/२५)

त्रपापगा (वि०) लज्जासरि (जयो० १७/७९)

त्रपाभर (वि०) लज्जायुक्त (मुनि० २८)

त्रपाला (वि०) लज्जाकारक (जयो० १६/५१)

त्रपाहीनः (वि०) निर्लज्ज, लज्जा रहित।

त्रपारण्डा (स्त्री०) वेश्या।

त्रपिष्ठ (वि०) अत्यन्त संतोष को प्राप्त, प्रसन्न चित्त।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

त्रपीयस् (वि०) अधिक संतुष्ठ।

त्रपु (नपुं०) टीन, रांगा।

त्रपुलम् (नपुं०) टीन, रांगा।

त्रप्स्यं (नपुं०) मट्ठा, छांछ, विलोडित दहि।

त्रय (वि०) [त्रि+अयच्] तेहरा, तिगुना, तीन प्रकार का। (सम्य० ११६) त्रये (सम्य० १३१)

त्रयकर (वि०) तीन करण।

त्रकर्मन् (वि०) त्रिविध कर्म।

त्रयखण्ड (वि०) तीन खण्ड वाला।

त्रयचर (वि०) तिर्यक् चर, तिरछा चलने वाला।

त्रयदोष (वि०) तीन दोष वाला।

त्रयधर्म (वि०) त्रिविध धर्म रत्नत्रयधर्म, सम्यग्दर्शन, सम्यज्ञान और सम्यक्चारित्र धर्म।

त्रयपाद (वि०) तीन चरण।

त्रयभव (वि०) तीन भव। (मुनि० ७)

त्रयमार्ग (वि०) तीन मार्ग, त्रिपथ्, तिराहा।

त्रयमेककालमत (वि०) त्रिरूपता। (वीरो० १९/१२)

त्रयरत्न (वि०) तीन रत्न।

त्रययोग (वि०) तीन योग।

त्रयस् (पुं०) तेइसवां।

त्रयविंशति (वि०) तैंतीस।

त्रयषष्ठि (स्त्री०) तिरेसठ।

त्रयसप्तति: (स्त्री०) तिहत्तर।

त्रयात्मक (वि०) उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य रूप त्रिविध युक्त (वीरो० १९/३) तीन प्रकार।

त्रयी (स्त्री०) [त्रय्+ङीप्] तीनों का समावेश। १. देवत्रयी। (जयो० ११/२६) जन्म, अरण्य और मरण त्रयी। दर्शन, ज्ञान और चारित्र त्रयी। मोह राग और द्वेषत्रयी। वीरोदय, जयोदय और दयोदय त्रयी।

० त्रिविध विद्या। (वीरो०पृ० ३/१४)

त्रयीधर्म (वि०) तीन प्रकार का धर्म।

त्रयीधर (वि०) त्रयी विद्याधारक, श्रेष्ठबुद्धिधारक। (जयो० १२/२९) 'गुणिनो गुणिने त्रयीधराय' (जयो० १२/२९) 'गुणिनो गुणिने त्रयीधराय' (जयो० १२/२९)

त्रयोदशसर्गः (पुं०) तेरहवां सर्ग।

त्रस् (अक०) कांपना, हिलना, भयभीत होना, डरना, विचलित होना, त्रस्त होना। त्रसति, त्रस्यति, त्रस्त।

त्रस (वि०) [त्रस्+क] चर, जंगम। त्रय जीव, दो इन्द्रिय से लेकर पंचेन्द्रिय तक के जीव।

त्रसानां तनुर्मांसनाम्ना प्रसिद्धा युदुक्तिश्च विज्ञेषु नित्यं निषिद्धा।

सुशाकेषु सत्स्वप्यहो तं जिघांसुर्धिगेनं मनुष्यं परासृक् पिपासुम्।। (जयो० २/१२८) त्रसानां चरजीवानाम्। (जयो०वृ० २/१२८)

त्रसनामः (पुं०) जिससे दो इन्द्रियादि का जन्म हो। 'यद्दुयाद् द्वीन्द्रियादिषु जन्म तत् त्रसनाम' (त०वा० ८/११) 'जस्स कम्मस्सुदएण जीवाणं तसत्तं होदि तस्स कम्मस्स तसत्ति सण्णा' या-जस्स कम्मस्सुदएणं जीवाणं संचरणासंचरणभावो होदि तं कम्मं तसणाम' (धव० १३/३६५)

त्रसनाली (स्त्री०) क्षेत्र प्रमाण, वृक्ष के मध्यगत सार के समान लोक के बहुमध्य भाग में स्थित एक राजु लम्बे-चौड़े और कुछ कम तेरह राजु ऊँचे क्षेत्र को त्रसनाली कहते हैं।

त्रसर: (पुं०) ढरकी, जुलाहे का एक उपकरण जिसमें धागों की नली रखकर बुनते हैं।

त्रसरेणु (पुं०) अति सूक्ष्म रजांश, आठ परमाणु युक्त (वीरो० २०/१०)

त्रसुर (वि०) [त्रस्+उरच्] भीरु, कांपने वाला।

त्रस्त (भू०क०कृ०) [त्रस्+क्त] भयभीत, बाधायुक्त, भीरु, डरा हुआ, त्रास (जयो० ८/६) 'मुनेरथात्रस्तविजन्तुमात्रम्' (जयो० २७/४४)

त्रस्तहृदय (वि०) भयभीत हृदय वाला। (जयो० २८/३३)

त्रस्ति (वि०) वेपथ, कुमार्ग (वीरो० १८/५५) (जयो० २/१५७)

त्रस्तिमित (वि०) त्रास युक्त, डरा हुआ। (वीरो० १८/५५)

त्राण (भू०क०कृ०) [त्रै+क्त तस्य नत्वम्] रक्षा किया गया, बचाया गया, आरक्षित, सुरक्षित।

त्राणं (नपुं०) रक्षा, प्रतिरक्षा, बचाना, सुरक्षित करना, शरण, सहारा, आश्रय। (सुद० ७९)

० अनर्थप्रतिहनन्, विघात हनन।

त्राता (वि०) [त्रै+क्त] रक्षक। (दयो० ८६) रक्षित, बचाया गया, सुरक्षित।

त्रात्री (वि०) बचाने वाला। (सुद० ९७)

त्रापुष (वि०) रागे से निर्मित।

त्रायते-बचाता है, ग्रहण करता है, शरण देता है। (दयो० २७/४४)

त्रायस्त्रिंशः (पुं०) एक देव जाति समूह, तैर्तीस संख्या वाले देव, इन्द्रमंत्री या पुरोहित सदृश देव। 'त्रायस्त्रिंशा

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मंत्रि-पुरोहितस्थानीया:' (त०वा० ४/४४) मंत्रि-पुरोहितस्थानीयास्त्रायस्त्रिंशा:' (त०वा० ४/४) त्रयस्त्रिंशति जाता त्रायस्त्रिंशा।

त्रास (वि०) [त्रस्+घञ्] चर, गमनशील, भयभीत।

त्रास: (पुं०) डरा, भीरु, भयाक्रान्त।

त्रासवश: (पुं०) भय के वशीभूत। (जयो० १/३३)

त्रासन (वि०) डरावना, भयानक।

त्रासनी (स्त्री०) एक प्रकार की मुद्रा।

त्रासित (वि०) [त्रस्+णिच्+क्त] आतंकित, भयभीत।

त्राहि (वि०) बाधाएं-त्राहि मां त्राहि। (दयो० १२)

त्रि (पुं०नपुं०स्त्री०) तीन, त्रय: (पुं०) (मुनि० २८) **त्रीणि** (नपुं०) तिस्र: (स्त्री०)

त्रिकं (नपुं०) तीन ओर से मार्ग, तीराहा। 'त्रिकोणं स्थानं त्रिकं यत्र रथ्यात्रय मिलति'

त्रिककुद: (पुं०) त्रिकूट वाला पर्वत/पहाड़।

त्रिकर्मन् (नपुं०) तीन कर्म।

त्रिकाय: (पुं०) बुद्ध, तथागत।

त्रिकालं (नपुं०) सर्वदा, सदैव, भूत, भविष्यत् और वर्तमानकाल। (वीरो० १/१२)

त्रिकालयोग: (पुं०) तीनों कालों का संयोग। (सुद० ११८) वर्षा, शीत एवं उष्ण समय में योग प्रतिमा।

त्रिक्रमणं (नपुं०) तीन प्रदक्षिणा। 'पुनरेत्य च कुण्डिनं पुराधिपुरं त्रिक्रमणेन ते सुरा:' (वीरो० ७/१२)

त्रिकूट: (पुं०) तीन शिखर, तीन पर्वत चोटी।

त्रिकूर्चकं (नपुं०) तीन फलक का चाकू।

त्रिकोण (वि०) त्रिभुजाकार।

त्रिखट्वं (नपुं०) तीन खाटों का समूह।

त्रिखट्वी (स्त्री०) तीन खण्ड।

त्रिखण्डाधिप: (पुं०) तीन खण्ड का राजा। (वीरो० ११/१९)

त्रिखण्डेश्वर: (वि०) जरासन्ध। (वीरो० १८/४)

त्रिगजद्विजेता (वि०) कामदेव, (वीरो० १२/१६) तीनों जगत् का विजेता।

त्रिगण: (पुं०) तीन गण, तीन का समूह धर्म, अर्थ और काम।

त्रिगन (वि०) तिगुना।

त्रिगर्ता (वि०) कामासक्त स्त्री, स्वैरिणी, स्वेच्छाचारिणी।

त्रिगुण (वि०) तीन गुण, तीन बार आवर्तक।

त्रिगुणित (वि०) तीन से गुणा होने वाला, अधो, मध्य और उर्ध्व भेद के रूप में विभक्त। (जयो० २०/४१)

त्रिगुणीकृत (वि०) तिगुनाकार, तीन गुना करने वाला। (जयो० १२/४७)

त्रिगुप्ति: (स्त्री०) तीन गुप्ति, मन, वचन और काय।

त्रिचक्षुस् (पुं०) शिव।

त्रिचतुर (वि०) तीन और चार युक्त।

त्रिचत्वारिंशत (स्त्री०) तैंतालीस (४३) एक संख्या।

त्रिजगत् (नपुं०) तीन लोक, त्रिभुवन। (समु० २/४)

त्रिजगती (स्त्री०) तीन लोक।

त्रिजट: (पुं०) शिव।

त्रिजटा (स्त्री०) एक राक्षसी।

त्रिजीका (स्त्री०) त्रिज्या, अर्धव्यास।

त्रिज्या (स्त्री०) अर्धव्यास।

त्रिणव (वि०) तिगुना।

त्रितक्षं (नपुं०) तीन बढ़ई का समूह।

त्रितक्षी (वि०) तीन बढ़ईयों का समूह।

त्रितय (वि०) लोकत्रय, तीन लोक सम्बंधी। (जयो० १०/७२, १८/५) १. तीन वार (वीरो०१/१, सम्य० ५९) ० तीन-तीन आवर्त- (हित० ५७)

त्रितय-प्रयोग: (पुं०) अस्ति, नास्ति और अवक्तव्य प्रयोग (वीरो० १९/६)

त्रिदण्डं (नपुं०) मन, वचन और काय योग। (भक्ति० १४) वसन्ति सानो शिखरे प्रचण्डांशु सन्मुखा: संयमितत्रिदण्डा:। (भक्ति० १४)

त्रिदण्डिन् (पुं०) तीन योग को निग्रह करने वाला संयती।

त्रिदश (पुं०) देव, अमर। १. तेरह, २. तैंतीस।

त्रिदशा (पुं०) तीस।

त्रिदशेश्वर: (पुं०) इन्द्र। जानीहि योगं त्रिदशेश्वरादि पदप्रदं तं जिन इत्यवदीत। (समु० ८/२७)

त्रिदिनं (नपुं०) तीन दिन।

त्रिदिवं (नपुं०) सुरालय, इन्द्रधाम। (वीरो० २/१०)

त्रिदोष: (पुं०) वात, पित्त एवं कफ दोष। (दयो० ११६)

त्रिधा (वि०) तीन प्रकार, त्रिविध। (जयो० २४/६९)

त्रिधारा (स्त्री०) गंगा।

त्रिनयन: (पुं०) शिव।

त्रिमय: (पुं०) तीन नय, तीन प्रकार के नय।

त्रिनवत (वि०) तिरानवें।

त्रिनवति (स्त्री०) तिरानवें।

त्रिपञ्च (वि०) पन्द्रह।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

त्रिपञ्चाश (वि०) तिरेपनवां।
त्रिपञ्चाशत् (स्त्री०) तिरेपन।
त्रिपत्रकं (नपुं०) ढाक।
त्रिपथ (नपुं०) गंगा। (दयो० ९३/
त्रिपदं (नपुं०) तीन पैर।
त्रिपदिका (वि०) तीन पैर वाला।
त्रिपदी (स्त्री०) १. हस्ति तंग। २. तीन पद वाली।
त्रिपरीत्य (वि०) तीन प्रदक्षिणा युक्त। (दयो०)
त्रिपर्णः (पुं०) ढाक तरु।
त्रिपाद (वि०) तीन पैरों वाला।
त्रिपुट (वि०) त्रिभुजाकार।
त्रिपुटः (पुं०) १. बाण, २. हथेली, ३. एक हस्त प्रमाण। तट, किनारा।
त्रिपुटकः (पुं०) त्रिकोण, त्रिभुज।
त्रिपुण्ड्रं (नपुं०) चन्दन।
त्रिपुरं (नपुं०) तीन नगर, तीन स्थान। (जयो० १९/४१)
त्रिपुरारि (पुं०) शिव। त्रिपुरारि-रुद्र-उमा च तस्या श्री पार्वती (जयो० १९/४१)
त्रिपुरादिराट् (पुं०) नाभेय, आदीश्वर, आदिनाथ, प्रथम जिन तीर्थंकर ऋषभदेव (जयो० २६/६३) 'त्रिपुराणां जन्म-जरामरणाख्यानामरिराजो नाभेयस्य' (जयो० २६/६८) ० शिव, शंकर।
त्रिपु..ी (पुं०) प्रपितामह, पितृमह। (जयो० १२/१४५)
त्रिपूरुषी (स्त्री०) गोत्रशाखोच्चारण, गोत्रोच्चारण।
त्रिपौरुष (वि०) तीन पीढ़ियों से सम्बंधित।
त्रिप्रस्तुतः (पुं०) मदास्राव वाला हस्ति।
त्रिपृष्टः (पुं०) पोदनपुरी राजा प्रजापति की द्वितीय रानी मृगावती का पुत्र। (वीरो० ११/१७)
विशाखभूतिर्नभसोऽत्र जातः प्रजापतेः श्रीविजयो जयातः। मृगावतीतस्तनयस्त्रिपृष्ठ नाम्नाऽप्यहं पोदपर्युथातः। (वीरो० ११/१७)
त्रिफला (स्त्री०) तीन फलों का संघात, हर्ड, बहेड़ा और आंवला समूह का चूर्ण।
त्रिबली (स्त्री०) तीन रेखाएं, नाभि के ऊपर होने वाली रेखा।
त्रिविघ्न (वि०) तीन बाधाएं।
त्रिभदं (नपुं०) मैथुन, संभोग।
त्रिभुजं (नपुं०) त्रिकोण।
त्रिभुवनं (नपुं०) तीन लोक।
त्रिभुवनजयिन् (वि०) तीनों लोकों को जीतने वाला। (दयो० ११६)
त्रिभुवनपतिः (पुं०) तीन भुवन के स्वामी। (जयो० ६/११५)
त्रिभूमः (पुं०) तीन मंजिल, तीन माला वाला भवन।
त्रिमार्ग (पुं०) त्रिपथ, तिराहा, १. रत्नत्रय। दर्शन, ज्ञान और चारित्र की एकरूपता।
त्रिमार्गा (स्त्री०) गंगा नदी।
त्रिमार्गानुगामिन् (वि०) १. त्रिमार्गपथिक, २. रत्नत्रयात्मक। (जयो० ३/११४)
त्रिमुकुटः (पुं०) तीन शिखर का पर्वत।
त्रिमुखः (पुं०) बुद्ध का विशेषण।
त्रिमदः (पुं०) तीन मद।
त्रिमूर्तिः (स्त्री०) तीन मूर्ति।
त्रिमेखला (स्त्री०) तीन लड़ी, की करधनी, तीन कटनी की मेखला। (वीरो० १३/३)
त्रियष्टिः (स्त्री०) तीन लड़ी, हार की तीन लड़ी, तीन लड़ी वाला हार।
त्रियामा (स्त्री०) तीन रात का समय।
त्रियोगः (पुं०) मन, वचन और काम योग।
त्रियोनिः (स्त्री०) तीन योनियां।
त्रिरजनी (स्त्री०) तीन रात।
त्रिरात्रं (नपुं०) तीन रात।
त्रिरत्नं (नपुं०) तीन रत्न-दर्शन, ज्ञान और चारित्र ये तीन अध्यात्म रत्न हैं, इन्हें सर्वोत्कृष्ट रत्न कहा गया है।
त्रिरेखः (पुं०) शंख।
त्रिलिंग (वि०) तीनों लिंगों में प्रयुक्त होने वाला।
त्रिलोकं (नपुं०) तीन लोक, त्रिभुवन।
त्रिलोकनाथः (पुं०) तीनों लोकों के स्वामी। (वीरो० १३/१०)
त्रिवोकपतिः (पुं०) तीनों लोकों के अधिपति।
त्रिलोकप्रज्ञप्तिः (स्त्री०) तीन लोकों के विषय को प्रतिपादित करने वाली एक रचना त्रिलोकप्रज्ञप्ति, यतिवृषभाचार्य कृत गणित, ज्योतिष सम्बन्धी रचना। (हि० २६)
त्रिलोकसारः (पुं०) नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती द्वारा रचित रचना, जिसमें भूगोल, गणित एवं ज्योतिषादि के विषय को व्यक्त किया गया है।
त्रिलोकी (वि०) तीनों लोकों वाले। (सुद० २/१५) 'त्रिलोकानां समाहारिस्त्रलोकी' (जयो० ५/८३)
त्रिलोकीनाथः (पुं०) तीनों लोकों के अधिपति। (वीरो० १३/१०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

त्रिलोचनं (नपुं०) त्रिनेत्र।

त्रिवर्णकं (नपुं०) तीन वर्णों का समाहार। क्षत्रिय, बाह्मण और वैश्य।

त्रिवर्गः (पुं०) तीन वर्ग-धर्म, अर्थ और काम। (दयो०पृ० ३३)

त्रिवर्गनिष्पन्न (वि०) तीन वर्गों से युक्त। (जयो० १/२८)

त्रिवर्गपरिणायक (वि०) १. त्रिवर्गमार्ग से गमन करने वाले। २. कु, चु, टु वर्ण से मंडित होने वाले। "त्रिवर्णाणां धर्मार्थ-कामानां यद्वा त्रिवर्णाणां कु चु टुनामेव परिणायकेऽधिकारिणि जयकुमारे तिष्ठति। अमात्यादीनां वर्गः समूहस्तेन मण्डिते सेविते। (जयो० ३/२०)

त्रिवर्ग-परिणाम-संग्रही (वि०) तीनों वर्गों का संग्राहक- 'त्रिवर्गस्य परिणामं। संग्रह्णातीति त्रिवर्गपरिणामसंग्रही धर्मादित्रिवर्ग-संग्राहको भवतीत्याशयः'। (जयो० २/२१)

त्रिवर्गमार्गः (पुं०) त्रिपथ, तीन वर्ग का पथ त्रिवर्गगुणित, (हि०वा० ७) त्रिवर्गमागणो नाभिन्नदनस्य' (हि०सं० ३६)

त्रिवर्गभावः (पुं०) धर्म, अर्थ और काम भाव। (वीरो० ३/९)

त्रिवर्गसंसाधनं (नपुं०) तीन वर्गों की साधना-धर्म, अर्थ और काम पुरुषार्थ की साधना। (दयो० ३३)

त्रिवर्गसम्पत्तिः (स्त्री०) तीन वर्ग का सम्पादन-'त्रिवर्गस्य धर्मार्थकामत्रिवर्गस्य तस्य सम्पत्तिसपादनम्' (जयो०वृ० १/३९) 'कु-चु-टु' इति त्रयाणां वर्गाणां समाहारस्त्रिवर्ग तस्य सम्पत्तिः' (जयो०वृ० १/३९)

त्रिवर्गसम्पादनं (नपं०) धर्म, कर्म और शर्म का सम्पादन या धर्म, अर्थ औ सुख का सम्पादन। (जयो० १२/४८)

त्रिवलि (स्त्री०) तीन रेखाएँ। (जयो० १६/८१,

त्रिवलित (वि०) कटि, हृदय और ग्रीवा को झुकाने वाला। मस्तिष्क पर तीन रेखाएँ उत्पन्न करने वाला।

त्रिवारं (अव्य०) तीन वार, तीन प्रकार से।

त्रिविक्रमः (पुं०) विष्णु।

त्रिविध (वि०) तीन प्रकार का।

त्रिविष्टपं (नपुं०) स्वर्गलोक, इन्द्रलोक। (वीरो० १/२३) समुल्लसत्कल्पलतैकतन्तु त्रिविष्टपं काव्यमुपैम्यहन्तु' (वीरो० १/२३)

त्रिवेणी (स्त्री०) तीन नदियों के मिलन का स्थान, गंगा यमुना और सरस्वती का संगम स्थल।

त्रिविशुद्धिः (स्त्री०) मनोवाक्काय शुद्धि। (जयो० १२/२९)

त्रिवेदी (वि०) पु, नपुं और स्त्रीलिंग का जानने वाला। तीन वेद जानने वाला। त्रयो वेदा अस्यसन्तीति त्रिवेदि, त्रिवेदि विकल्पनमेव आयुर्जीवनं यस्य स। (जयो० १/७६)

त्रिशङ्कु (वि०) बीच में लटका हुआ।

त्रिशङ्कुः (पुं०) राजा, हरिश्चन्द्र का पिता।

त्रिशला (स्त्री०) महावीर की माता का नाम। कुण्ड ग्राम के राजा सिद्धार्थ की रानी त्रिशला। (वीरो० ६/४३)

त्रिशलाखनी (स्त्री०) त्रिशलादेवी की कूख। (वीरो० ६/४३)

त्रिशिखं (नपुं०) त्रिशूल।

त्रिशिरस् (पुं०) त्रिशूल।

त्रिशुद्धि (स्त्री०) मन, वचन और काम की शुद्धि। (सम्य० ७८, वीरो० १७/८)

त्रिशूलिन् (पुं०) शिव।

त्रिषष्टिः (स्त्री०) तिरेसठ।

त्रिषष्टि-पुरुचरितं (नपुं०) प्रथमानुयोग लक्षण। तिरेसठ महा शलाका पुरुषों का चरित्र। (जयो० १६१)

त्रिशृङ्गः (पुं०) त्रिकूट पर्वत।

त्रिसंयोगी (वि०) तीन संयोग वाला। (वीरो० १९/६)

त्रिसन्ध्यं (नपुं०) तीन सन्ध्या।

त्रिसन्ध्यी (स्त्री०) तीन सन्ध्या।

त्रिसप्तत (वि०) तिहत्तरवां।

त्रिसप्तन (वि०) तीन बार सात।

त्रिसाम्य (वि०) तीनों की समानता।

त्रिसूत्रिन् (वि०) रेखात्रय युक्त। (जयो० ५/५०)

त्रिस्थली (स्त्री०) तीन पवित्र स्थान।

त्रिस्रोतस् (स्त्री०) तीन स्रोत।

त्रिसीत्थ (वि०) तीन बार जीता हुआ।

त्रिहायण (वि०) तीन वर्ष का।

त्रिंश (वि०) तीसवां।

त्रिंशक (वि०) तीस से युक्त।

त्रिंशत् (स्त्री०) तीस।

त्रीणि (नपुं०) तिस्त्रः (स्त्री०)

त्रुट् (सक०) तोड़ना, फाड़ना, चीरना, टुकड़े करना। त्रुट्यन् (जयो० ७/१०७) त्रोटयित्वा (जयो० २३/३७)

त्रुटिः (स्त्री०) [त्रुट्+इन्] अपघात, भूल, कमी (जयो० १२/१३६) 'भो महाशयाः, वो अस्माकमातिथ्येऽतिथिसत्कारे नस्त्रुटिरेव' (जयो० १२/१३६) १. काटना, तोड़ना, फाड़ना, २. सन्देह, अनिश्चिता, ३. हानि, नाश। ४. छोटी इलायची।

त्रुटित (वि०) भ्रंश, नष्ट।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

त्रुटितः (पुं०) एक प्रमाण विशेष, चौरासी लाख त्रुटितांगों का एक त्रुटित।

त्रुटितसूत्र (नपुं०) टूटा हुआ धागा। (जयो०वृ० १७/४७)

त्रुटिस्मरणं (नपुं०) गलत स्मरण (जयो०वृ० १७/४७)

त्रुटिस्मृत्य (वि०) गलत स्मरण करने वाला। (जयो० २०/८६)

त्रुटिताङ्गः (पुं०) एक प्रमाण विशेष। चौरासी लाख महाकुमुद।

त्रुटिरेणु (स्त्री०) एक प्रमाण विशेष। आठ संज्ञासंज्ञों का एक त्रुटिरेणु।

त्रेता (स्त्री०) [त्रीन् भदान् एति प्राप्नोति] तिकड़ी, तीन का समाहार। त्रेतायुग, तीसरा काल। एवं पुरुर्मानवधर्ममाह यत्रापि तैः संकलितोऽवगाहः। त्रेतेतिरूपेण विनिर्जगाम कालः पुनर्द्वापर आजगामा। (वीरो० १८/४३) त्रेता बभूव द्विगुणोऽप्ययन्तु कालो मनागून गुणैकतन्तु। यस्मिन् शलाकाः पुरुषः प्रभूया बभुश्चदुर्मार्गकृताभ्यसूयाः।। (वीरो० १८/४४) त्रेता पुनः काल उपाजगाम यस्मिन् मनः संकुचितं वदामः। निवासिनामाप शनैस्ततस्तु सङ्कोचमुर्वीतनयाख्यवस्तु।। (वीरो० १८/१०) द्वितीय युग की समाप्ति बाद त्रेतायुग/तीसरा काल का प्रारम्भ हुआ, जिसमें यहां के रहने वाले लोगों का मन धीरे-धीरे संकुचित होने लगा। इसके फलस्वरूप पुत्री के पुत्र कल्पवृक्षों ने भी फल देने में संकोच करना प्रारम्भ कर दिया।

त्रेतायुगः (पुं०) तीसरा युग (वीरो० १८/१०)

त्रेतोजः (पुं०) एक प्रमाण विशेष। जिस राशि में चार का भाग देने पर तीन शेष रहे वह त्रेता या त्रेतोज कहलाता है।

त्रेधा (अव्य०) [त्रि+एधाच्] तीन प्रकार से, तीन तरह से।

त्रै (सक०) बचाना, रक्षा करना, सुरक्षा प्रदान करना, शरण देना।

त्रैकालिक (वि०) [त्रिकाल+ठञ्] सदा, हमेशा, तीनों काल संबंधी। (वीरो० १३/२२) त्रैकालिकायाब्धितुजे सुसज्जं सतां जरामृत्युजनुर्विपत्रम्। (वीरो० १३/२२)
० त्रिकालवर्ती (वीरो० २०/७)

त्रैकाल्यं (नपुं०) [त्रिकाल+ठक्] तीनकाल-भूत, भविष्यत् और वर्तमान काल।

त्रैगुणिक (वि०) [त्रिगुण+ठक्] तिगुना, तिहरा।

त्रैगुण्यं (नपुं०) [त्रिगुण+ष्यञ्] तिगुनापन, तीन गुणों का समाहारा। सत्त्व, रजस् और तमस् का संयोग।

त्रैपुरः (पुं०) [त्रिपुर+अण्] एक देश विशेष।

त्रैमातुरः (पुं०) [त्रिमातृ+अण्] लक्ष्मण।

त्रैमासिक (वि०) [त्रिमास्+ठञ्] तीन माह पुराना, तिमाही।

त्रैराशिकं (नपुं०) तीन राशियों की रीति।

त्रैलोक्यं (नपुं०) [त्रिलोकी+ष्यञ्] तीन लोक सम्बंधी, तीनों लोकों का संयोग (दयो० १/३)

त्रैलोक्यगुरु (पुं०) तीनों लोकों के गुरु। त्रैलोक्यवासिसत्त्वेभ्यो गुणन्ति शास्त्रार्थमिति त्रैलोक्यगुरवः।

त्रैलोक्यधी (स्त्री०) तीन लोग सम्बंधी बुद्धि। (वीरो० १४/२६)

त्रैलोक्यनाथः (पुं०) तीन लोकों के अधिपति।

त्रैलोक्यपतिः (पुं०) तीन लोकों के नायक।

त्रैलोक्यसारः (पुं०) त्रिलोकसार, नेमिचंद्र सिद्धान्तचक्रवर्ती द्वारा रचित तीन लोक के विवेचन सम्बंधी शास्त्र। (जयो० १९/३१)

त्रैवर्गिक (वि०) त्रिवर्ग सम्बंधी धर्म, अर्थ और काम सम्बंधी। त्रैवर्गिक कार्यक्रमं, संकोच्यैकान्तसुस्थले। (हित सं० ५७)

त्रैवर्णिक (वि०) [त्रिवर्ग+ठञ्] तीन वर्ण से सम्बन्धित।

त्रैविक्रम (वि०) [त्रिविक्रम+अण्] विष्णु।

त्रैविद्यं (नपुं०) [त्रिविद्या+अण्] तीन शास्त्र, तीन वेद।

त्रैविद्यः (पुं०) तीनवेद में निपुण।

त्रैविपः (पुं०) देव, सुर।

त्रोटकं (नपुं०) [त्रुट्+णिच्+ण्वुल्] १. एक छन्द विशेष, २. नाटक का एक भेद।

त्रोटिः (स्त्री०) [त्रुट्+इ] चोंच, चंचु।

त्रोटिमत् (पुं०) १. कटफल, कायफल। २. क्षुद्रमछलियां। त्रोटिः स्वीचञ्चुमीन्कटफले इति विश्वलोचनः। (जयो० २१/२६)

त्रोत्रं (नपुं०) [त्रै+उत्र] पतली छड़ी, वेंत, जिससे पशुओं को हांका जाता है।

त्वक्पानकः (पुं०) त्वचा जल।

त्वक्स्पर्श (पुं०) चर्म स्पर्श।

त्वक्ष् (सक०) कतरना, उतारना, छीलना।

त्वगाद-त्वच् से (पंचमी एक सुद० २/४६)

त्वङ्कारः (पुं०) [त्वम्+कृ+अण्] निरादर सूचक 'तू' शब्द बोध।

त्वच (स्त्री०) [त्वच्+क्विप्] १. चमड़ी, खाल, चर्म (समु० १/१७) २. छाल, वल्कल।

त्वच्कण्डुरः (पुं०) फुंसी, फोड़ा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

त्वच्गन्धः (पुं०) सन्तरा।

त्वच्-छेदः (पुं०) चर्मछिद्र, घाव, फोड़ा।

त्वच्जं (नपुं०) रुधिर, रक्त।

त्वच्तरङ्गकः (पुं०) झुर्री, शरीर के चर्म में सिकुड़न।

त्वच्त्रं (नपुं०) कोढ़, चर्मरोग।

त्वच्पारुष्यं (पुं०) चर्म खुश्की, चमड़े में रुखापन।

त्वच्पुष्पः (पुं०) रोमाञ्च, हर्ष।

त्वच्सारः (पुं०) बांस।

त्वचांकुरः (पुं०) रोमांच, हर्ष।

त्वचेन्द्रियः (पुं०) स्पर्शेन्द्रिय।

त्वद्-आप। मध्यम पुरुष के लिए इसका प्रयोग होता है। पयोनिधिस्त्वद्हृदि वाप्यवारपारोऽतलस्पर्शितयाऽत्युदारः। (सुद० २/१६)

त्वत्ता (वि०) आपके समान, त्वद्रूपता। त्वत्ता च मत्ता पुनरत्र ताभ्यामागत्य हे देवः सुदेवताभ्याम्। (जयो० २३/७४)

त्वदीय (वि०) [युष्मद् छ त्वद् आदेशः] तेरा, तुम्हारा, आपका। (सुद० २/३४)

त्वद्विध (वि०) तेरी तरह, आपके समान।

त्वर् (अक०) शीघ्रता करना, जल्दी करना, स्फूर्ति रखना।

त्वरा (स्त्री०) [त्वर्+अङ्+टाप्] शीघ्रता, क्षिप्रता, वेग।

त्वरिः (स्त्री०) वेग, शीघ्रता, स्फूर्ति युक्त।

त्वरित (वि०) [त्वर्+क्त] गतिवान्, वेगयुक्त, शीघ्रगामी, स्फूर्तिमान।

त्वरितं (अव्य०) शीघ्र, तुरन्त, वेग से, स्फूर्ति से। (जयो०वृ० १३/११) 'आव्रजताऽऽव्रजत त्वरितमितः' (सुद० १०४) त्वरितं स्म चरन्ति (जयो०वृ० ३/११)

त्वरितमेव (अव्य०) शीघ्रता से ही। (जयो० १२/६६)

त्वष्टृ (पुं०) [त्वक्ष्+तृच्] बढ़ई, कारीगर, निर्माता।

त्वादृश् (वि०) आपके समान।

त्विट् (स्त्री०) कान्ति, तेज, यश, प्रभा। (दयो० १/१०) 'कन्दुत्वमिन्दुत्विडनन्यचारैः' (जयो० १/१०)

त्विड् (स्त्री०) प्रकाश, तेज, यश, प्रभा।

त्विष् (अक०) चमकना, आभावान् होना, दमकना, स्फुरित होना।

त्विष् (स्त्री०) १. प्रभा, यश, कीर्ति, कान्ति, दीप्ति। २. इच्छा, अभिलाषा।

त्विषिः (स्त्री०) प्रकाश किरण।

त्वरुः (पुं०) रेंगने वाला जन्तु।

थ

थः (पुं०) तवर्ग का द्वितीय वर्ण, इसका उच्चारण स्थान दन्त्य है।

थं (पुं०) १. क्षण, २. मंगल, ३. भय।

थः (पुं०) १. पर्वत, गिरि, २. भक्षण ३. रोग विशेष, ४. त्रास, भय।

थुड् (सक०) ढकना, पर्दा डालना, आच्छादित करना, छिपाना, गुप्त रखना।

थुकृत् (वि०) वमथु, फूत्कार, थूक दिया। (जयो० १५/१/४) सूंड की फूत्कार से निकले जलकण। (जयो० ६/५३) कालेन तद्बीजभुजा तु भानि भवन्तु अस्थीन्यथ थूत्कृतानि।

थुडनं (नपुं०) [थुड्+ल्युट्] आच्छादन करना, ढकना, लपेटना।

थुत्कारः (पुं०) [थुत्+कृ+अण्] फूत्कार ध्वनि, थूकने का स्वर।

थूक (दे) थूंक। (हि० ४३)

थूत्कः (पुं०) थूक। (वीरो० ६/४)

थूत्कधारः (पुं०) लार, लाल। (जयो०वृ० २७/३५)

थूत्कर (वि०) थूंकने वाला।

थूत्कानुयोगः (पुं०) थूंक का संयोग। थूत्कानुयोगेन यतोऽत्र जन्तूत्पत्ति सुधीनां धिषणा श्रयन्तु। (सुद० १३०)

थूत्कारः (पुं०) वमथु, फूत्कार, हाथी की सूंड से निकले शब्द।

थूत्कृत् (वि०) फूत्कार करने वाला।

थूत्करोति थूकता है। (वीरो० ४/१४)

थूत्कार-व्याजः (पुं०) फूत्कार के छल से। (जयो०वृ० १३/१००)

थूर्व् (सक०) चोट पहुंचाना, नष्ट देना।

थैथै (अव्य०) अनुकरणात्मक ध्वनि।

द

दः (पुं०) तवर्ग का तृतीय वर्ण, इसका उच्चारण स्थान दन्त्य है। दकार, दकारमेव, 'द' वर्ण वर्णनीय (जयो०वृ० १/२९)

द (वि०) देने वाला, नाश करने वाला।

दंशस्पृड् (वि०) मर्म स्पर्शकर (जयो० १६/१७)

दः (पुं०) उपहार, दान, प्राभृत। पर्वत। २. दः शुद्धि भावो वर्वते (जयो० १२/४८) शुद्धि-'दस्य शुद्धताया वः कुम्भोऽर्थान्निधिदेवो बभूव। (जयो०वृ० १/३७)

दः-हितैषी (जयो० १/२९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

दं (नपुं०) पत्नी। द, द, दकार। दः शुद्धौ वः कुम्भे वरुहो विश्व। (जयो० १/१५)

दंश् (सक०) डसना, खाना, ग्रसना, निगलना, काटना, डंक मारना।

दंशः (पुं०) [दंश्+घञ्] काटना, डासना, ग्रसना, मारना। भक्षण करना (जयो० १५/३२) दोषेऽपि खण्डने दशो इति विश्वः १. दांत, २. तीखापन, ३. त्रुटि, दोष, कमी। ४. कवच, ५. जोड़, अंग।

दंशनं (नपुं०) [दंश्+ल्युट्] काटना, डंक मारना।

दंशमशकः (पुं०) डांश मच्छर। (दयो० ६५)

दंशस्पृङ् (वि०) मर्म स्पर्शकर (जयो० १६/१७)

दंशित् (वि०) [दंश्+क्त] डसा हुआ, काटा हुआ।

दंशिन् (पुं०) काटना, डसना।

दंशी (स्त्री०) [दंश+ङीष्] डांस मच्छर।

दंष्ट्रा (स्त्री०) [दंश्+ष्ट्रन्+टाप्] दांत, दाड, विषैला दांत, हाथी का बड़ा दांत। (दयो० ८१)

दंष्ट्राल (वि०) [दष्ट्रा+ल] बड़े-बड़े दांतों वाला।

दंष्ट्रिन् (पुं०) [दंष्ट्रा+इनि] १. जंगली शूकर। २. सर्प, ३. लकड़बग्घा।

दक्ष (वि०) [दक्ष्+अच्] चङ्ग, चतुर, सक्षम, योग्य। 'चङ्गो दक्षेऽथ शोभने इति विश्वलोचने। (जयो० २७/५७)
 ० विचार-(जयो० २७/५७) 'मनुष्यो व्यवहारदक्षः। (जयो० २७/५०) 'दक्षः सुचतुरो मनुष्यः'
 ० समर्थ-'दक्षः समस्तु परिचिन्तनमात्रतः'। (सुद० १३४)
 ० दक्षिणदिशा-सुनमि-सुविनमिप्रभृतीन् दक्षेतर-खेचरात्मज्ञांस्तु सती'। (जयो० ६/१६) उचित, समुचित, उपयुक्त, उद्यत, तैयार।

दक्षः (पुं०) प्रजापति नाम, एक राजा।

दक्षकन्या (स्त्री०) चतुर कन्या, योग्यकन्या। 'रजस्वलाः सम्प्रति दक्षकन्या'। (जयो० ८/१०)

दक्षजा (स्त्री०) दुर्गा का विशेषण।

दक्षतनया (स्त्री०) दुर्गा का विशेषण।

दक्षपदं (नपुं०) राजा दक्ष का स्थान। (जयो० २८/४७) 'दक्षस्य नाम नृपतेः पदं स्थान माश्रितः'। (जयो० २८/४७)

दक्षत्व (वि०) आवश्यक क्रियाओं को ठीक से करने वाला-दक्षत्वं आशुकारित्वम्।

दक्षा (स्त्री०) प्रवीणा, योग्य। (जयो० १२/९२)

दक्षाप्यः (पुं०) [दक्ष+आप्य] १. गिद्ध. २. गरुण्ड।

दक्षिण (वि०) [दक्ष्+इनन्] निपुण, (समु० १/३०) चतुर, प्रवीण, योग्य, चङ्ग, विचारवान्, सक्षम, समर्थ, निष्पक्ष, शिष्ट, आज्ञानुकारी। उदारमना, दानशील। (जयो० १२/९५) 'मम सम्प्रति किं न दक्षिणोऽसि' (जयो० १२/९४)
 ० दक्षिण भाग, दक्षिण दिशा (जयो० १२/९२)
 ० गौरव (जयो० ६/३)
 ० दाहिना, दायां।

दक्षिणत्व (वि०) सरलता। दक्षिणत्व सरलता।

दक्षिणदिक्पालः (पुं०) दण्डधर यम। (जयो० २२/६६) दक्षिणो दिग्धवो दिक्पालो यम इवासि। (जयो०

दक्षिणदिग्धवः (पुं०) यम। (जयो० २२/९४)

दक्षिणदिग्भागः (पुं०) १. दक्षिण दिशा भाग। २. वामभाग, वायां हिस्सा। (जयो०वृ० १९/२३) अवाची (वीरो० २/२९)

दक्षिणा (अव्य०) दाईं ओर, दक्षिण दिशा की ओर।

दक्षिणा (स्त्री०) १. भेंट, उपहार, दान, पारश्रमिक, शुल्क। २. रीति-क्षणात्कनकमेव सतामपि दक्षिणा। (दयो० ४९)

दक्षिणाग्निः (स्त्री०) दक्षिण की ओर स्थापित अग्नि।

दक्षिणाग्र (वि०) दक्षिण की ओर अग्रसर।

दक्षिणाचलः (पुं०) मलयगिरि।

दक्षिणाभिमुख (वि०) दक्षिण की ओर उन्मुख।

दक्षिणार्ह (वि०) उपहार प्राप्त करने योग्य अधिकारी।

दक्षिणायनं (नपुं०) भूमध्य रेखा, सूर्य की गति उत्तरायण से दक्षिणायन। (वीरो० २१/३१)

दक्षिणावर्त (वि०) दक्षिण की ओर मुड़ा हुआ।

दक्षिणाशा (स्त्री०) दक्षिण दिशा।

दक्षिणीकृत (वि०) दक्षिण की ओर किया गया। (जयो० १२/८५)

दक्षिणेतर (वि०) वाम, बाया हिस्सा।

दक्षिणाहि (अव्य०) [दक्षिण+आहि] दूर दक्षिण की ओर।

दक्षिणेन (अव्य०) [दक्षिण+एनप्] दाईं ओर।

दग्ध (भू०क०कृ०) [दह्+क्त] जला हुआ, भस्मीभूत, विदग्ध, संतप्त, क्लान्त, अभिशप्त, दुर्वृत्त। (जयो० ११/६७) ईदृशे युवगणेऽथ विदग्धे का क्षती रतिपतावपि दग्धे। (जयो० ५/२५) 'दग्धे-भस्मीभूते' (जाये०वृ० ५/२५)

दग्ध्वात्मान् (वि०) जलाया हुआ। स्वयं च नरकं प्राप, दग्ध्वात्मानपीत्यसौ' (समु० २/३२)

दग्धिका (स्त्री०) [दग्ध+कन+टाप्] मुर्मुरे, जले हुए।

दग्धोदरार्थ (वि०) संहारार्थ, मारने के लिए उद्यत। समस्ति शौकरपि यस्य पूर्तिर्दग्धोदरार्थे कथनस्तु जूर्तिः। (दयो०पृ० ३८)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

दघ्न (वि०) ऊँचाई।

दण्ड् (सक०) सजा देना, जुर्माना करना, दण्ड देना।

दण्डः (पुं०) डंडा, छड़ी, गदा, यष्टि, मुद्गर, सोंटा, १. जंग। पंके पतित्वापि च लोहदण्डः (सम्य० ६१) २. एक प्रमाण विशेष। दण्ड, धनुष, युग, नालिका, अक्ष और मूसल ये एकार्थवाची शब्द है।
० वे रिक्कूहिं दंडो-दो रिक्कुओं का एक दण्ड होता है।
० शत्रुवध-वधः परिक्लेशोऽर्थहरणं दण्डः
० दण्ड्यते-ज्ञानाद्यैश्वर्यापहारतोऽसारीक्रियते आत्माऽनेनेति दण्डः।'
० दण्डः-शरीर-धनयोरपहार।
० कष्ट देना। (सुद० ९०)
० सम्पत्ति का हरण
० परिक्लेश।

दण्डकः (पुं०) [दण्ड+कन्] डंडा, छड़ी। २. पंक्ति, कतार। २. छन्द विशेष।

दण्ड-कर्मन् (नपुं०) दण्ड देना, कष्ट देना, ताडना, मारना।

दण्डकाकः (पुं०) पर्वतीय/पहाड़ी कौवा।

दण्डकाष्ठं (नपुं०) लकड़ी का सोंटा।

दण्डग्रहणं (नपुं०) तीर्थयात्री का दण्ड देना।

दण्डछदनं (नपुं०) भाण्डागार।

दण्डढक्का (स्त्री०) एक उद्घोषक ढोल।

दण्डदासः (पुं०) सेवक, वधुआ बंधक मजदूर चाकर।

दण्ड-देवकुलं (नपुं०) न्यायालय।

दण्डधर (वि०) डंडाधारी, दक्षिण दिक्पाल। (जयो० २२/६६)

दण्डनं (नपुं०) [दण्ड्+ल्युट्] ताड़ना, मारना, कष्ट देना।

दण्डनायकः (पुं०) न्यायाधीश।

दण्डनीतिः (स्त्री०) न्यायपद्धति, न्याय करण, न्यायप्रक्रिया। (जयो० २/१२०) (वीरो० ३/१४) अपराध के अनुसार दण्डव्यवस्था। 'यथादोषः दण्डप्रणयनं दण्डनीतिः।

दण्डनीतिपरायणः (पुं०) दण्डविद्या में कुशल। (जयो० २२/६६)

दण्डनियंत्रित (वि०) डंडे से चोट पहुंचाई, 'दण्डेन पापाचारेण लगुडेन वा नियन्त्रित, प्रपीडितो, जगतीत्थं भ्रमति। (जयो०वृ० २५/४४)

दण्डनेतृ (पुं०) अधिपति, राजा, नृप।

दण्डपः (पुं०) राजा, नृप।

दण्डपद्धतिः (स्त्री०) राजतंत्र, शासनविधि।

दण्डपाणि (पुं०) यमराज।

दण्डपातः (पुं०) डंडे का गिरना।

दण्डपातनं (नपुं०) दण्ड देना, धनोपहरण।

दण्डपारुष्यं (नपुं०) संप्रहार, प्रतिघात, कठोर दण्डदान। अपराधी को क्लेश पहुंचाना, अपराधी को दण्ड देना, धनापहरण करना। 'वधः परिक्लेशोऽर्थहरणं वा क्रमेण दण्डपारुष्यम्'।

दण्डपालकः (पुं०) दण्डाधिकारी, द्वारपाल, ड्येढ़ीवान।

दण्डपोणः (पुं०) मूठदार चलनी।

दण्डप्रणामः (पुं०) दण्डवत नमन, सर्वांग नम्रीभूत, नमन, साष्टांग नमन।

दण्डबालधिः (पुं०) हस्ति, गज, हाथी।

दण्डभङ्गः (पुं०) आज्ञा विरोध, अनुशासन के प्रति विरोध, आज्ञा का उल्लंघन।

दण्डभृत् (पुं०) कुम्भकार, कुम्हार।

दण्डमाणवः (पुं०) दण्डधारी।

दण्डमार्गः (पुं०) राजमार्ग, प्रमुखपथ, राजपथ।

दण्डमुद्रा (स्त्री०) ध्यान की एक अवस्था, जिसमें दाहिने हाथ की मुट्ठी बांधकर तर्जनी को फैलाना।

दण्डयात्रा (स्त्री०) वरयात्रा, बरात का वंदोली।

दण्डयामः (पुं०) यम की एक विशेषता।

दण्डवत् (वि०) विनम्रता युक्त। (जयो० २४/६७)

दण्डवादिन् (पुं०) द्वारपाल, पहरेदार, सन्तरी।

दण्डवाहिन् (पुं०) रक्षाकर्मी, सुरक्षा प्रहरी, पुलिस अधिकारी।

दण्डविधिः (स्त्री०) दण्डनियम।

दण्डव्यूहः (पुं०) सैनिक की रचना, सैन्य व्यवस्था का एक रूप।

दण्डशास्त्रं (नपुं०) दण्डविधान, न्याय निर्णय ग्रन्थ।

दण्डसमुद्घातः (पुं०) आत्मप्रदेश की आकृति, जिसमें अन्तर्मुहूर्त मात्र आयु के शेष रहने पर सयोग केवली जो लोकपूरण समुद्घात करते हैं। अर्थात् जिस शरीर विस्तार से चौदह राजू प्रमाण लम्बे दण्ड के आकार निकलते हैं।

दण्डस्थूणाकृतिः (स्त्री०) दण्ड का लघु आकार (जयो० १/२५)

दण्डाजिनं (नपुं०) मृगछाल।

दण्डादण्डि (अव्य०) [दण्डैश्च दण्डैश्च प्रहृत्य प्रवृत्तं युद्धं इच्, द्वित्वं पूर्वपददीर्घः] आपस में दण्डों से लड़ना, परस्पर में दण्ड प्रहार पूर्वक भिड़ना।

दण्डाधिपः (पुं०) दण्डाधिकारी प्रमुख।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

दण्डायतशयनं (नपुं०) सर्वांग शयन, दण्ड के समान लम्बायत शयन। 'दण्डवदायतं शरीरं कृत्वा शयनम्' (भ०आ०टी० २२५) दण्डवदायतं शरीरं कृत्वा शेते इत्येवं व्रतं यस्य स दण्डायतशायी साधु:तत्साहचर्यात्तच्छयनमपि तथोक्तं दण्डायतशयनम्। (भ०आ०टी० २२५)

दण्डार: (पुं०) चाक, १. बेड़ा, नाव, २. हाथी, ३. गाड़ी।

दण्डार्ह (वि०) दण्ड दिए जाने के योग्य, दण्ड का पात्र।

दण्डालसिका (स्त्री०) हैजा।

दण्डासनं (नपुं०) दण्डवत् आसन। एक आसन विशेष, जिसमें बैठ करके दोनों पैरों की अंगुलियों, गुल्फों और जंघाओं को संसृष्ट करते हुए उनको फैलाना।

दण्डिक: (पुं०) दण्डधारी, छड़ीधारक।

दण्डिका (स्त्री०) १. लकड़ी, २. पंक्ति, आलि, श्रेणी, लड़ी, रस्सी।

दण्डिन् (पुं०) [दण्ड+इनि] १. द्वारपाल, पहरेदार, संतरी। २. दण्डधारी, एक जैन संत।

दत् (पुं०) दांत।

दत्त (भू०क०कृ०) [दा+क्त] प्रदत्त, दिया हुआ, वितरित, समर्पित, रखा गया, फैलाया गया।

दत्त: (पुं०) मेतार्य गणधार के पिता श्री। मेतार्यवाक् तुङ्गिकसन्निवेशवासी पिता दत्त इयान् द्विजेश:। (वीरो० सं० १४/११)

दत्तं (नपुं०) दान, उपहार, भेंट।

दत्तक: (पुं०) [दत्त+कन्] गोद लिया गया पुत्र।

दत्तकपुत्र: (पुं०) गोद लिया गया पुत्र।

दत्तकपुत्री (स्त्री०) गोद ली गई पुत्री।

दत्तचित्त (वि०) कुशल, प्रवण, प्रणतिप्रवण। (जयो० १६/६१)

दत्तदानं (नपुं०) दिया गया उपहार।

दत्तदृष्टि: (स्त्री०) समर्पित दृष्टि। (जयो०वृ० ५/१९)

दत्तपात्रं (नपुं०) प्रदेय भाण्ड, दिया गया भाजन।

दत्त-पुस्तकं (नपुं०) प्रदत्त पुस्तक।

दत्त-मानं (नपुं०) प्राप्त हुआ सम्मान।

दत्तमोद: (वि०) आनंद प्राप्त हुआ।

दत्तयानं (नपुं०) यान को प्राप्त।

दत्तवती (वि०) देने वाली (जयो०वृ० ५/१९)

दत्तशुष्क: (पुं०) प्रदत्त दान।

दत्तशुल्का (स्त्री०) दहेज।

दत्ति (स्त्री०) प्रत्याख्यान भेद, हस्तथाल से पतित भिक्षा।

दत्तिकृत् (वि०) पात्रदानकर्ता। (जयो० २३/४४)

दत्तिग्रास-परिणाम: (पुं०) दान क्रिया का प्रमाण।

दद् (सक०) देना, प्रदान करना।

दद (वि०) देने वाला।

ददनं (नपुं०) [दद्+ल्युट्] दान, उपहार।

ददेदेहि (स्त्री०) अस्पष्टवाणी। (जयो० १०/५०)

दध् (सक०) पकड़ना, ग्रहण करना, आदधना (जयो० ११/७०) दधाम (सुद० ७०) लेना, धारण करना। दधनी (सुद० १२३)

दधाना (वि०) धारयित्री। (जयो० १५/९१)

दधि (नपुं०) दहि, जमा हुआ दूध। (सुद० १३०)

दधिकूचिका (स्त्री०) दूध का मिश्रण।

दधिचार: (पुं०) रई।

दधिजं (नपुं०) मक्खन।

दधित्थ: (पुं०) कपित्थ, कैंथ, कवीट, दहिफल, कपित्थ। (जयो० २५/११)

दधिफल: (पुं०) दही का जामन।

दधिप्रयुक्ति: (स्त्री०) दधि प्रयोग (वीरो० १९/३)

दधिमन्थनं (नपुं०) दहि मथना।

दधिवाहन: (पुं०) चम्पानगरी का एक राजा।

दधिविलोडनं (नपुं०) दहि मथना। (जयो०वृ० २१/५६)

दधिशोण: (पुं०) बन्दर।

दधिसक्तु (पुं०) दधि मिश्रित सत्तू।

दधिसार: (पुं०) मक्खन।

दधिस्नेह: (पुं०) मक्खन।

दधिस्वेद: (पुं०) अधरिड़ का दही। (जयो० २०/८४)

दधिभाजनं (नपुं०) दहिपान। (जयो० २१/५८)

दधीच: (पुं०) दधीचि नामक ऋषि, अस्थिदान कर्ता महर्षि।

दनु: (स्त्री०) दक्ष की कन्या।

दनुजा (स्त्री०) दक्ष की पुत्री।

दनुसंभव: (पुं०) एक राक्षस।

दन्त: (पुं०) दांत, रद, रदन। रदेषु दन्तेषु (जयो०वृ० ५/८८)

दन्तकर्मन् (नपुं०) दांत पर कार्य।

दन्तकर्षण: (पुं०) नींबू का वृक्ष।

दन्तकार: (पुं०) दांत बनाने वाला, हाथी दांत का काम करने वाला।

दन्तकाष्ठं (नपुं०) दातौन।

दन्तकूट: (न०) लड़ाई।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

दन्तग्राहिन् (वि०) दांतों की छवि बिगाड़ने वाला,
दन्तघर्षः (पुं०) दांत पीसना, दांत से दांत रगड़ना।
दन्तचालः (पुं०) दांतों का ढीलापन।
दन्तछदः (पुं०) होंठ, ओष्ठ। (वीरो० २/४८)
दन्तच्छदलौहित्य (वि०) अधर शोणि, होंठों की लाली।
दन्तच्छदारुणिमा (स्त्री०) अधर राग। (जयो० १०/९०)
दन्तजात (वि०) दांत जिसके निकल रहे हों।
दन्तजाहं (नपुं०) दांत की जड़।
दन्तधावनं (नपुं०) दन्तमञ्जनं, दन्तप्रक्षालन, दांत धोना, दशन स्वच्छता। (जयो०वृ० २७/४८)
दन्तपत्रं (नपुं०) कर्णाभूषण, कर्णफूल।
दन्तपत्रकं (नपुं०) कर्णाभूषण, कर्णाभरण।
दन्तपत्रिका (स्त्री०) कर्णाभूषण, कर्णालंकार।
दन्तपावनं (नपुं०) दातौन, दांत साफ करना।
दन्तपातः (पुं०) दांत गिरना।
दन्तपाली (स्त्री०) दांत के अग्रभाग।
दन्तपुष्पं (नपुं०) कुन्द पुष्प, कतक पुष्प, निर्मली।
दन्तप्रघर्षः (पुं०) दन्तप्रक्षालन। (मुनि०) दन्तमञ्जन।
दन्तप्रक्षालनं (नपुं०) दांत साफ करना।
दन्तप्रमार्जनं देखें ऊपर।
दन्तभागः (पुं०) दांत का अग्र भाग।
दन्तमञ्जनं (नपुं०) दन्त प्रक्षालन, दांत की सफाई करना, दन्तप्रमार्जन। (जयो०वृ० २७/४८)
दन्तमण्डलं (नपुं०) रदचक्र, दांत समूह। (जयो० १३/३६)
दन्तमलं (नपुं०) दांततैल।
दन्तमार्जनं (नपुं०) दन्त प्रक्षालन, दन्तमृष्ट, दन्त प्रघर्ष, दन्तधावन, दन्तमञ्जन।
दन्तमूलं (नपुं०) दांत का मूल-भाग, दांत की जड़, मसूड़ा। (जयो० १३/१०)
दन्तमूलीया (वि०) दन्त्यवर्गा। तृ, त्, थ्, द्, ध्, न्, ल्, स्।
दन्तमृष्टं (नपुं०) दन्तमञ्जन, दन्तमार्जन। (जयो०वृ० २७/१६)
दन्तरुचिः (स्त्री०) दशनकान्ति, रदप्रभा। (जयो०वृ० ३/२२)
दन्तरोगः (पुं०) दन्त पीड़ा।
दन्तवासः (पुं०) अधरोष्ठ। (जयो०वृ० १८/३३)
दन्तवाणिज्यं (नपुं०) दांतों का व्यापार।
दन्तवीणा (स्त्री०) सारंगी।
दन्तव्यसनं (नपुं०) दन्त क्षय, दांत टूटना।
दन्तशठ (वि०) खट्टा, चरपरा।
दन्तशठः (पुं०) नींबू पादप।
दन्तशर्करा (स्त्री०) दांतों की पपड़ी।
दन्तशाणः (पुं०) दन्तमञ्जन, दन्तशोधन, दन्तमार्जन, मिस्सी।
दन्तशूलं (नपुं०) दांत की पीड़ा।
दन्तशोधनिः (स्त्री०) दांत कुरेलनी।
दन्तशोधन चूर्णः (पुं०) मंजन। (जयो० २७/४७)
दन्तशोफः (पुं०) मसूड़ों की सूजन।
दन्तसंघर्षः (पुं०) दांतों का रगड़ना, मिसमिसाना।
दन्तसंस्कारः (पुं०) दांत रंजन, दांतों को रंगना। 'दन्तमलापकर्षणं तद्रंजनं वा दन्त संस्कारः'
दन्ताग्रं (नपुं०) दांतों का अग्रभाग।
दन्तादन्ति (अव्य०) दांतों का रगड़ना।
दन्तान्तरं (नपुं०) दशन के मध्य का स्थान।
दन्तावलः (पुं०) [अतिशयितौ दन्तौ यस्य, दन्त+बलच्] हस्ति, करि, हाथी।
दन्तावलि (स्त्री०) रदनराजि, दांत समूह, दशन पंक्ति। (जयो० १५/२४) 'दन्तावली दाडिमबीजभुक्तिः' (जयो० ११/६०) दन्तावलीमधरशोणिमसं भृदङ्क्ष्। (जयो० १८/१०२)
दन्तावली (स्त्री०) दशन पंक्ति, दन्त समूह।
दन्तिम (पुं०) हस्ति, गज। (जयो० ८/१७) दन्तिवो हस्तिनश्च। (जयो०वृ० १/३८)
दन्तुर (वि०) [दन्त+उरच्] दांतेदार, विषम, उन्नतावनत।
दन्तुरः (पुं०) दन्ती, हस्ति, गज, हाथी। 'रदाभ्यामपि दन्तुरोऽन्यः' (जयो० ८/१८)
दन्तुरित (वि०) [दन्तुर+अरच्] निकले हुए दांत वाला, दांतेदार।
दन्त्य (वि०) [दन्त+यत्] दांतों से सम्बन्धित।
दन्दशः (पुं०) दांत।
दन्दशूक (वि०) [दंश्+यङ्+ऊक्] काटने वाला, विषैला।
दन्दशूकः (पुं०) १. सर्प, २. काल, यमराज। (दयो० ४०)
दभ्/दम्भ (सक०) क्षति पहुंचाना, नष्ट करना, ठगना, उकसाना, धकेलना।
दभ्र (वि०) [दम्भ्+रक्] स्वल्प, थोड़ा।
दम् (अक०) शान्त होना।
दम् (सक०) जीतना, दमन करना, रोकना, वश में करना।
दमः (पुं०) [दम्+घञ्] दमन, शान्त, शमन, नियन्त्रण। संयम मनोज्ञ-अमर्नोज्ञ इन्द्रिय विषय का रोकना।
दमथः (पुं०) [दम्+अथच्] उग्र वृत्तियों को रोकना।
दमन (वि०) १. वश में करने वाला, जीतने वाला, दबाने वाला शमनकारी। २. आत्मसंयम।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

दमनः (पुं०) १. सुभट, वीरयोद्धा। २. पुष्प सहित। पुष्पे वीरेऽपि दमनः 'सर्वत्र विश्वलोचनः' (जयो०वृ० २१/३८) दमनैर्नमपुष्पैस्तथा वीरैः समन्वितं समुद्धरत्। (जयो०वृ० २१/३८)

दमनी (स्त्री०) एक औषधी विशेष। सर्वदमन औषधि।

दमयन्ती (स्त्री०) [दमयति नाशयति अमङ्गलादिकम्-दम्+णिच्+शतृ+ङीष्] विदर्भ के राजा भीम की पुत्री।

दमयितृ (वि०) [दम्+णिच्+तृच] दमन करने वाला, शमन करने वाला, निग्रह करने वाला, संयमित।

दमित (वि०) [दम्+क्त] शान्त, विजित, जीत युक्त, वशीभूत।

दम्पतिः (स्त्री०) [जाया च पतिश्च] पति और पत्नी। (सुद० ११६) दम्पत्योरुभयोर्व्यतीतिमुद्गाद्। (सुद० ११६)

दम्भः (पुं०) प्रतारण, (जयो० १/२९) बहाना, ब्याज (वीरो० २/२) 'दुन्दुभि-निनाद-दम्भाज्जहास हासस्वरं त्वरजः' (जयो० ६/१२७) 'दम्भाद् व्याजात् सत्वरं जहास' २. धोखा, छल, पाखण्ड, जालसाजी, अहंकार, घमण्ड। 'दम्भनं दम्भो वेष-वचनाद्यनुमेयः'

दम्भनं (नपुं०) [दम्भ्+ल्युट्] छल, कपट, धोखा, धूर्तता, ठगना अहंकार, अभिमान।

दम्भवन्त (वि०) छलकरी। (जयो० १/८२)

दम्भातीत (वि०) छलरहित। (जयो० २३/९०)

दम्भिन् (पुं०) [दम्भ+णिनि] पाखण्डी, छल-कपटी, धूर्त।

दम्भोलिः (पुं०) [दम्भ्+असुन्=दम्भस् तस्मिन् प्रेरणे अलति पर्याप्नोति] इन्द्र वज्र, एक आयुध।

दम्य (वि०) [दम्+यत्] धारण करने योग्य, साधने योग्य।

दम्यः (पुं०) तत्कालिक उत्पन्न बछड़ा।

दय् (अक०) १. करुणा होना, सहानुभूति होना, दया आना, सहृदय होना, सरस होना। २. अच्छा होना, रुचिकर होना।

दय् (सक०) स्वीकार करना, ग्रहण करना, वितरण करना, बांटना, देना।

दया (स्त्री०) प्राणियों पर अनुकम्पा, करुणा, सहानुभूति, दुःख का अनुभव करना, सुकुमारता। 'अहो किमु नास्ति दया तव शस्य' (सुद० ९४)

दयाङ्कुरं (नपुं०) करुणा परिणाम, दयाभाव। (जयो०वृ० २२/४७)

दयाकूटः (पुं०) योग्यमति, श्रेष्ठबुद्धि।

दयाकूर्चः (पुं०) योग्यबुद्धि।

दयादत्ति (स्त्री०) अभयदान।

दयाधनः (वि०) करुणाभाव वाला। (सुद० ११४) 'प्रसाध्य पूजां स्तवनं दयाधनः'(सुद० ११४)

दयाधारिन् (वि०) अभ्युदितानुकम्प, दयाधारक। (जयो०वृ० २०/८४)

दयाधीन (वि०) सदय, अनुकम्पा युक्त, करुणा धारक, दया से परिपूर्ण। (जयो० १२/१०२)

दयापर (वि०) अहिंसा धर्म में रत। (जयो० २४/१४)

दयाभावः (पुं०) करुणाभाव, अनुकम्पा की भावना।

दयाव्रतं (नपुं०) अहिंसाव्रत।

दयाशील (वि०) दयालु।

दयित (भू०क०कृ०) [दय्+क्त] प्रिय, यथेष्ट, इच्छित, चाहा गया, वाञ्छित।

दयितः (पुं०) पति, स्वामी। 'अहह पार्श्वमिते दयिते द्रुतम्' (जयो० २/१५६) 'हृद्गतमस्या दयितं न तु प्रयातुं शशाक सहसाऽक्षि। (जयो० ५/११८)

दयिता (स्त्री०) प्रिया।

दयोदय (वि०) दयालु। (सुद० १२४)

दयोदयं (नपुं०) दयोदय नामक चम्पू, भूरामल कवि द्वारा रचित अपर नाम आचार्य ज्ञानसागर प्रणीत चम्पूकाव्य।

दर (वि०) [दृ+अप्] फाड़ने वाला, १. चीरने वाला, २. समूह। (जयो०वृ० ५/८९)

दरः (पुं०) १. गुफा, दर्रा, कन्दरा, छिद्र। २. भय, डर, त्रास, ३. पत्र (जयो० ११/९५) ४. द्वार-दरवाजा (जयो० ११/९५)

दरं (अव्य०) थोड़ा, अल्प, कम, हीन। (जयो० ६/३४) ईषत् किंचित्।

दरणं (नपुं०) [दृ+ल्युट्] तोड़ना, टुकड़े करना, खण्ड-खण्ड करना।

दरणिः (पुं०/स्त्री०) [दृ+अनि, दरणि+ङीष्] १. भंवर, आवर्त, चक्कर धारा, हिलोर।

दरद् (स्त्री०) [दृ+अदि] १. हृदय, २. त्रास, भय। (जयो० १/९४) (जयो० २०/२६) ३. पर्वत, ४. चट्टान, किनारा, टीला, ढेर।

दरदाः (पुं०) एक क्षेत्र।

दरिः (स्त्री०) १. गुफा, कन्दरा, घाटी, दरीगृह। (जयो० २२/१२) गुहा- (वीरो० १२/२०) २. भय (जयो० १/२९)

दरदूरग (वि०) भयवर्जित, भय रहित। (जयो० १९/८७)

दरमतिः (स्त्री०) भय युक्त बुद्धि। (जयो० ९/४४)

दरवलिताङ्ग (वि०) ईषत् वक्रताङ्ग, कुछ वक्र अंग वाला। (जयो० ६/३४)

दरवारिधारा (स्त्री०) १. जरा सी जल धारा, छोटा जल प्रवाह।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(वीरो० ९/३४) २. पं० दरबारीलाल की विचारधारा, २०वीं शती के उत्तरार्ध में न्याय दर्शन के क्षेत्र में विख्यात। (वीरो० ९/३४)

दररूपोच्चकुच (वि०) किंचित् उठे हुए स्तन, उभरे हुए कुच। (जयो० १२/११४)

दरिद्र (वि०) [दरिद्रा+क] निर्धन, गरीब। (दयो० ९) अभावग्रस्त (सम्य० ७७)

दरिद्रता (वि०) १. गरीबी, निर्धनता। २. व्यर्थता (जयो०वृ० २/५९) ३. स्वल्पपरिमाणता (वीरो० २/४०) 'दरिद्रता स्त्रीजनमध्यदेशे।

दरिद्रा (अक०) निर्धन होना, गरीब होना, कष्टग्रस्त होना, अभावयुक्त होना।

दरिद्रित (वि०) खाली, अभाव युक्त, कष्टगत।

दरिद्रितहस्त (वि०) खाली हाथ वाला। (दयो० २०)

दरीमय (वि०) गुहात्मक। (जयो० २४/२०)

दरैकधाता (वि०) भयानक। (६/१५)

दर्दरः (पुं०) [दृ+यद्+अच्] १. पर्वत, पहाड़।

दर्दरीकः (पुं०) [दृ+यङ्+ईकन्] १. मेंढक, २. बादल, मेघ। ३. वाद्ययन्त्र विशेष।

दर्ददीकं (नपुं०) एव वाद्ययन्त्र विशेष।

दर्दुरः (पुं०) [दृ+यङ्+उरच्] १. मेंढक, २. मेघ, बादल। प्लवङ्ग (वीरो० ४/८) ३. पर्वत, पहाड़।

ददुरदोषः (पुं०) शब्द कहते हुए वन्दना करना।

दर्दुः (स्त्री०) दाद, चर्मरोग। (जयो० २/४, कुष्ठविकार (जयो०वृ० १८/२२)

दर्पः (पुं०) [दृप्+घञ्] १. अहंकार, (वीरो० १/३४) दर्पो वलकृत। घमण्ड, अभिमान धृष्ट्ता। (जयो० ३/१०५) दर्पो निष्कारणोऽनादरः गर्व, ०दम्भ, ०रोष, ०विक्षोभ। २. गर्मी, ३. कस्तूरी।

दर्पकः (पुं०) [दृप्+णिच्+ल्युट्] मदन, कामदेव। (जयो० ३/२३, ५/२४)

दर्पकरः (वि०) अहंकारी, अभिमानी। (सुद० १३१)

दर्पकारी (वि०) अहंकारी, अभिमानी।

दर्पणः (पुं०) शीशा, आयना। (सम्य० १५३) मुकुर, आदर्श। (जयो० ३/७५) सुद० १२५

दर्पणं (नपुं०) १. अक्षि, २. जलन।

दर्पणखण्डः (पुं०) काचांश। (जयो०वृ० १५/२६)

दर्पणतलं (नपुं०) शीशा का भाग। (सम्य० १५३)

दर्पभृत् (वि०) उत्साह सहित। (जयो० ३/१४)

दर्पलोपी (वि०) मदमर्दनकर, अहंकार नष्ट करने वाला। (जयो० १०/३८)

दर्पवत् (वि०) अहंकार के समान, अहं युक्त। (सुद० १०५)

दर्पापकृति (वि०) निर्मद। दर्पस्य मदस्यावृत्तिरभावा। (जयो० वृ० १८/२२)

दर्पिका (स्त्री०) बिना कारण वस्तु का सेवन।

दर्पित (वि०) [दृप्+क्त] अभिमानी, अहंकारी, घमण्डी।

दर्पिन् (वि०) [दृप्+क्त] अभिमानी, अहंकारी।

दम्पतिन (नपुं०) मिथुन। (जयो० १६/३७)

दर्भः (पुं०) [दृ+भ] एक प्रकार की घास हरी कूंपल युक्त दूब। कुशेशय। (जयो०वृ० ११/५०)

दर्भटं (नपुं०) [दृभ्+अटन्] स्वकीय कक्ष, अपना कक्ष।

दर्भाङ्कुरः (पुं०) दर्भ की कूंपल, दूब का अग्रभाग।

दर्भानूपः (पुं०) दर्भ युक्त भूमि।

दर्वः (पुं०) [दृ+व] राक्षस, पिशाच।

दर्वटः (पुं०) पहरेदार, द्वारपाल।

दर्वरीकः (पुं०) १. इन्द्र, २. वायु, हवा।

दर्विका (स्त्री०) [दर्वि+कन्+टाप्] कड़छी, चमचा।

दर्वी (स्त्री०) कड़छी, चमचा।

दर्शः (पुं०) [दृश्+घञ्] दृश्य, दृष्टि, दर्शन, अवलोकन।

दर्शकः (पुं०) अलकानगरी का राजा। (समु० ५/२०)

दर्शक (वि०) [दृश्+ण्वुल्] देखने वाला, अनुष्ठान करने वाला। दृष्टुमिच्छद्भिः कतिपयैः (जयो० ५/२) (जयो०वृ० १०/११४)

दर्शकः (पुं०) १. प्रदर्शन, २. द्वारपाल।

दर्शन-संचयः (पुं०) दर्शक समूह। (सुद० १०७)

दर्शनं (नपुं०) [दृश्+ल्युट्] १. देखना, अवलोकन करना (जयो० ३/३४) निरीक्षण करना। २. जानना, चिंतन करना, समझना। ३. नयन, अक्षि, आंख। ४. निरीक्षण, परीक्षण। ५. सम्मुखीकरण, सम्मुख होना। ६. विवेक, सूझ-बूझ। ७. निर्णय, अवबोध।

० तत्त्वश्रद्धान, विश्वास। (सम्य० ५) दृश्यन्ते-श्रद्धीयन्ते पदार्था अनेना स्मादस्मिन् वेति दर्शनम्।

० दृष्टिर्वा दर्शनम् (सुद० ९८)

० तत्त्वश्रद्धान रूप आत्मपरिणाम (सम्य० १२४)

० दर्शन विशोधक प्रवृत्ति।

० तत्त्वार्थ श्रद्धान।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

० तत्त्वरोचक।
० सम्यग्दर्शन (सम्य० पृ० ६)।
० उपयोग रूप-जं सामण्णग्गहणं दंसमेयं।
० अनाकार दर्शनम्।
० सामान्यावबोध।
० आत्मविषयक उपयोग।
० स्वरूप ग्रहण-सामान्य और विशेषण का ग्रहण।
० अवलोकनवृत्तिर्वा दर्शनम् (जयो० १/१६६)
० स्वरूपसंवेदनं दर्शनम्।
० वस्तुमात्रग्राहकं दर्शनम्।
० सामान्यग्राहि दर्शनम्।
० सामान्यस्यावलोकनं दर्शनम्।
० आत्मविषयक उपयोग।
० दर्शनोपयोग विशेष।

दर्शनक्रिया (स्त्री०) देखने की अभिलाषा, अवलोकनाभिप्राय, स्वरूपावलोकन।

दर्शनगत (वि०) दर्शन को प्राप्त हुआ।

दर्शनगामी (वि०) श्रद्धागामी।

दर्शन-ज्योतिः (स्त्री०) दृष्टि की कान्ति।

दर्शनपण्डितः (पुं०) क्षायिक, क्षायोपशमिक, या औपशमिक में परिणत पण्डित।

दर्शनपण्डितमरणं (नपुं०) सम्यक्त्वपूर्वक मरण।

दर्शनपुलाकः (पुं०) मिथ्यादृष्टियों का प्रशंसक साधु।

दर्शनप्रतिमा (स्त्री०) ग्यारहवीं प्रतिमा में प्रथम, जिसमें शंकादि शल्यों से रहित निर्मल सम्यग्दर्शन का भाव हो।

दर्शनकालः (पुं०) तत्त्वार्थ श्रद्धान से रहित। 'मिथ्यादृष्टयः सर्वथा तत्त्वश्रद्धानरहिताः दर्शनबालाः'। (भ०आ०टी० २५)

दर्शनबालमरणं (नपुं०) अतत्त्वश्रद्धान पूर्वक विरुद्ध आहार या विषादि द्वारा घात करना।

दर्शनबोधिः (स्त्री०) सम्यग्दर्शन का बोध, सम्यक्त्वपूर्वक लाभ।

दर्शनमोहः (पुं०) शुद्धात्मादि तत्त्वों के विपरीत अभिनिवेश, (सम्य० ५९) तत्त्वार्थश्रद्धान रूप दर्शन को मोहित करना। 'दर्शनं मोहयति मोहनमात्रं वा दर्शनमोहः' (ल०श्लो० ८३)
० दर्शनमोहस्य, प्रकृतिः तत्त्वार्थश्रद्धानम्। (त०वा० ६/३)
० शुद्धात्मादितत्त्वेषु विपरीताभिनिवेशजनकमोहो दर्शनमोहो मिथ्यात्वम्' (वृं० द्रव्यं सं० टी० ४८)

दर्शनयोग्यः (पुं०) दृश्य योग्य, देखने योग्य। 'दृश्यो दर्शनयोग्यः' (जयो०वृ० १५/२६)

दर्शनयोग्यः (पुं०) शंकादिदोष रहित तत्त्वार्थश्रद्धान, परमार्थ श्रद्धान सप्त तत्त्व सम्बंधी विनय।

दर्शनरुचिः (स्त्री०) १. तत्त्व श्रद्धान, २. अवलोकन के प्रति लगाव (जयो०वृ० ३/४१) श्रद्धानरुचि, श्रुतज्ञान रुचि। 'पदार्थश्रद्धाने निःशङ्कितत्त्वादिलक्षणोपेतता दर्शनविनयः' (त०वा० ६/२४)

दर्शनशुद्धः (पुं०) सम्यक्त्व के अष्ठ गुण से युक्त।

दर्शनसमाधिः (स्त्री०) धर्मध्यानादि युक्त समाधि।

दर्शनाचारः (पुं०) सम्यक्त्व परिपालन।

दर्शनावरणं (नपुं०) तत्त्वार्थ श्रद्धान की प्रतीति न होने देना। दर्शन गुण के आवरक कर्म। दर्शनावरणस्य अर्थानालोचनम् (स०वा० ८/३) 'दंसणस्स आवरणं कम्मं दंसणावरणीयं' (धव० १३/२०८)

दर्शनार्यः (पुं०) सम्यग्दर्शन से सम्पन्न आर्य।

दर्शनिक (वि०) परमेष्ठि-पथानुगामी श्रावक।

दर्शनीय (वि०) सुन्दर, सुहावना, मनोहर, रमणीय, इष्ट, योग्य, अभीष्ट, देखने योग्य, अवलोकन करने योग्य, मंगल को अभिव्यक्त करने वाला दर्शनीय है। (जयो०वृ० ३/८४)

दर्शनीय-कल्पः (पुं०) देखने योग्य पदार्थ। (दयो० ६६) यस्यास्ति वित्तं स नरः कुलीनः कृतज्ञ एवं श्रुतिमान् प्रवीणः। स एव वक्ता। स च दर्शनीयः स्वर्णे गुणस्तत्र मितोऽनणीयः।। (दयो० ८२)

दर्शनोपयोगः (पुं०) आत्म विषयक उपयोग।

दर्शयति-वर्तमान काल लट्लकार दिखलाता है। (जयो० ४/५५) 'तटभागं दर्शयति प्रकटयति'।

दर्शयितृ (वि०) [दृश्+णिच्+तृच्] ०द्वारपाल, ०पहरेदार, ०दौवारिक, ०ड्यौढ़ीवान, ०संतरी, ०कौचवान, ०मार्ग दर्शक।

दर्शित (वि०) [दृश्+णिच्+क्त] प्रदर्शित, प्ररूपित, देखा गया, अवलोकित, व्याख्यात, सिद्ध, प्रसिद्ध, भाषित।

दर्शिनी (स्त्री०) साक्षिणी, तरतमभावेन सौन्दर्यसाक्षणी शोभाम्, शोभा शालिनी। (जयो०वृ० ८/१२०)

दल् (अक०) फटना, टूटना, ध्वंस होना, प्रसार होना, खिलना, विकसित होना।

दल् (सक०) फाड़ना, काटना, बांटना, दल करना, चूर्ण करना, पीसना। दलयन्त (जयो० १३/११)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

दलः (पुं०) [दल्+अच्] १. अंश, भाग, टुकड़ा, खण्ड, २. उपाधि, ३. पुंज, राशि, ढेर, टुकड़ी, टोली। ४. पत्र।

दलकोषः (पुं०) कुन्दलता।

दलजातिः (स्त्री०) पत्र जाति। 'या खलु लोके फलदलजाति र्जीवननिर्वहणाय निभाति' (सुद० १३१)

दलनं (दल्+ल्युट्) फाड़ना, तोड़ना, काटना, पीसना, मसलना, कुचलना, विदीर्ण करना।

दलनिर्मोकः (पुं०) भोजपत्र पादप।

दलपः (पुं०) शस्त्र, १. सोना, २. शास्त्र।

दलपुष्पा (स्त्री०) केवड़े का पादप।

दललता (स्त्री०) पत्रावली, पत्रोपलक्षितवल्ली। (जयो० १५/८२)

दलशः (अव्य०) [दल्+शस्] टुकड़े-टुकड़े करके, पीस करके, हिस्से करके।

दलसङ्कल्पः (पुं०) पल्लवप्रपञ्च, पत्र समूह। (जयो० १२/५) 'दलसङ्कल्पेन पल्लवप्रपञ्चेन'

दलित (भू०क०कृ०) [दल्+क्त] टूटा हुआ, भ्रंश हुआ, मसला हुआ, विदीर्ण किया हुआ, पतित, भ्रंश, अपभ्रंश।

दल्भः (पुं०) [दल्+भ] १. चक्र, पहिया, चाक, २. धोखाधड़ी, ३. पाप।

दवः [दु+अच्] अरण्य, वन, जंगल। १. दवाग्नि, दावानल (भक्ति० २५)

दवज्वाला (स्त्री०) दावाग्नि। (दयो० ७६)

दवथुः (स्त्री०) [दु+अथुच्] १. अग्नि, आग, २. गर्मी, उष्णता, ३. दुःख, पीड़ा, चिन्ता।

दवदानं (नपुं०) अग्नि प्रज्वलित करना।

दववह्निः (स्त्री०) दावानल, वृंहण। (जयो० १३/५०)

दविष्ठ (वि०) [दूर+इष्ठन्] अधिक दूर वाला।

दवीयस् (वि०) [दूर+ईयसुन्] अधिक दूर।

दवीयसी (वि०) दीर्घता। (जयो० २१/६९)

दवोपतापः (पुं०) दावानल का संताप। (भक्ति. २५)

दशक (वि०) [दशन्+कन्] दश से युक्त, दशगुना।

दशकं (नपुं०) दश का योग।

दशत् (स्त्री०) [दशन्+अति] दशक, दश का योग।

दशन् (पुं०) संख्यावाची विशेषण, दस संख्या।

दशककष्ठः (पुं०) रावण।

दशकन्धरः (पुं०) रावण।

दशतय (वि०) [दशन्+तयम्] दस गुना।

दशत्वशंस (पुं०) दस संख्या का सूचक। 'दशेव दशाऽवस्था यस्य तत्त्वं शंसतीत्येवमेष' (जयो० ११/१४) 'दशत्वं तच्छंसो' (जयो०वृ० ११/१४)

दशधर्मः (नपुं०) एक हजार। (समु० २/२०)

दशधाशतं (पुं०) क्षम्मदि दशधर्म।

दशधा (अव्य०) [दशन्+धा] दश प्रकार का, दस अंशों का। स्वर्णमेव कलितं सुकृतायं स्यादिहेति दशधा दुरूपाय। (जयो० २/१०१) 'दशधा दशप्रकारं दानं प्रोक्तम्' (जयो०वृ० २/१०१)

दशध्वजा (स्त्री०) दस प्रकार की ध्वजाएं। (जयो०वृ० २६/५७)

दशन (पुं०) दांत, दन्त। (दयो० ८६)

दशनं (नपुं०) (जयो० ८/३०) १. पर्वत शिखर। २. कवच।

दशनछदः (पुं०) ओष्ठ, होंठ।

दशनपदं (नपुं०) दन्त चिह्न, दांत से काटने पर जो चिह्न हो।

दशनबीजः (पुं०) दाडिम तरु, अनार का वृक्ष।

दशनवसनं (नपुं०) अधरोष्ठ। (जयो० ६/६४)

दशनवायस् (नपुं०) होंठ।

दशनांकः (पुं०) दांत के चिह्न।

दशनांशुः (स्त्री०) दांतों की शोभा। 'दशनानां दन्तानामंशभिः किरणैः' (जयो० १४/३५)

दशनि (पुं०) दन्ति, हस्ति, हाथी। (जयो० १२/८०)

दशनी (स्त्री०) दशवाँ दिन।

दशपदं (नपुं०) दश कदम।

दशपूर्वी (वि०) दश पूर्व ग्रन्थ का ज्ञाता, विद्याधर श्रमण।

दशबलः (पुं०) बुद्ध।

दशभूमिगः (पुं०) बुद्ध।

दशमसर्गः (पुं०) दसवां अध्याय।

दशमी (वि०) एक दश संख्या की तिथि वाला दिन।

दशमीतिथिः (स्त्री०) दशमी का दिन, मार्गशीर्ष मास की तिथि, कृष्ण दशमी-'मार्गशीर्षस्य मासस्य कृष्णा सा दशमीतिथिः' (वीरो० १०/२६) धूप दशमी, सुगन्धदशमी।

दशमीप्रतिमा (स्त्री०) श्रावक की दशमी प्रतिमा, जिसमें अपने निमित्त बने हुए आहार के खाने दस मास तक त्याग किया जाता है।

दशमुखः (पुं०) रावण।

दशमूलं (नपुं०) दशमूल स्थान।

दशमूलारिष्टः (पुं०) एक औषधि, जिसमें दश प्रकार की औषधियों का मिलाकर काढ़ा बनाया जाता है।

दशयोजनं (नपुं०) दस योजन का प्रमाण, चार कोश का एक

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

योजन माना गया। 'तपस्या-माहात्म्यात् दशयोजन-पर्यन्त-सुगन्धदायी पुरीष: समभूदिति' (दयो० ३१)

दशरथः (पुं०) अयोध्याधिपति राजा। सूर्यवंशीय भूपालो रथोऽभूद्दशपूर्वकः। (वीरो० १५/२३) दशरथ।

दशरश्मिशतः (पुं०) दिनकर, सूर्य।

दशरात्रं (नपुं०) दस रातों का समय।

दशरिपुः (पुं०) राम।

दशरूपभृत् (पुं०) विष्णु।

दशवक्त्रः (पुं०) दशमुख।

द्रव्यबन्धः (पुं०) सांकल आदि का बन्धन। द्रव्यबन्धो निगडादिः। वस्तु की ओर अनुरक्त होना।

द्रव्यमनः (पुं०) पुद्गल विपाक का रूप ग्रहण, मन रूप परिणमन।

द्रव्यमनोयोगः (पुं०) द्रव्य मन रूप परिणमन।

द्रव्यमलं (नपुं०) बाह्य मल मूत्रादि मल सम्बद्धता।

द्रव्यमंगलं (नपुं०) साधुओं का शरीर द्रव्यमंगल।

द्रव्यमोक्षः (पुं०) भव परित्याग, सांकलादि बन्धन से मुक्ति।

द्रव्ययुतिः (स्त्री०) द्रव्य की संयुक्ति, द्रव्य का स्वामित्व।

द्रव्ययोगः (पुं०) मन, वचन और काय का योग।

द्रव्यलक्षणं (नपुं०) द्रव्य का स्वरूप निर्धारण।

द्रव्यलिङ्गं (नपुं०) १. बाह्य परिवेश, बाह्य चिह्न। २. नामकर्म के उदय से उत्पन्न होने वाले योनि या मेहन आदि/पुरुषेन्द्रिय आदि।

द्रव्यलेश्या (स्त्री०) पुद्गल विपाकी वर्ण, शरीर गत वर्ण, कृष्ण, नीलु, पीतादि वर्ण।

द्रव्यलोकः (पुं०) जीवाजीव द्रव्यरूप सप्रदेश-अप्रदेश रूप, कालाणु या परमाणु रूप।

द्रव्यवर्गणा (स्त्री०) द्रव्य की वर्गणा, एक प्रदेशी से लेकर अनन्तप्रदेशी तक पुद्गलों की वर्गणा।

द्रव्यवाक् (नपुं०) पुद्गल रूप वचन।

द्रव्यविवेकः (पुं०) बहिर संग परित्याग।

द्रव्यविशेषः (पुं०) गुणों की उत्कर्षता।

द्रव्यवेदः (पुं०) योनि, लिंगादि-पुंवेद, नपुंसकवेद और स्त्रीवेद।

द्रव्यव्युत्सर्गः (पुं०) अन्न-पानादि का परित्याग।

द्रव्यशल्यं (नपुं०) कारण भूत कर्म, मिथ्यादर्शन, माया और निदान रूप शल्य।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

द्रव्यशस्त्रं (नपुं०) कुठार आदि शस्त्र।

द्रव्यशुद्धिः (नपुं०) वस्त्रादि की स्वच्छता।

द्रव्यश्रुतं (नपुं०) अक्षरों की प्राप्ति, उच्चारण का आश्रय।

द्रव्यसमवायः (पुं०) द्रव्यों का समान समुदाय।

द्रव्यसमाधिः (स्त्री०) स्वस्थान में समत्व।

द्रव्यसंकोचः (पुं०) हाथ, पैरादि का संकुचन।

द्रव्यसंयोगः (पुं०) दो से अधिक द्रव्यों का संयोग।

द्रव्यसंवरः (पुं०) संसार के कारण भूत कर्मपुद्गलों के ग्रहण का अभाव।

द्रव्यसाधु (पुं०) भाव से रहित-वेषधारी साधु।

द्रव्यसामायिकं (नपुं०) द्रव्य के विषय में राग-द्वेष नहीं करना।

द्रव्यसूत्रं (नपुं०) गणधर प्रणीत शब्द रचना, विसंवाद रहित शब्दरचना।

द्रव्यस्तवं (नपुं०) चौबीस तीर्थंकरों का कीर्तन, अभिप्राय युक्त गुणगान। ० गुणानुवाद, संकीर्तन।

द्रव्यस्थानं (नपुं०) आकाश द्रव्य का स्थान।

द्रव्यस्नानं (नपुं०) जल से स्नान।

द्रव्यस्पर्शः (पुं०) द्रव्यों का संयोग, समवाय रूप से एकत्व।

द्रव्याग्निः (स्त्री०) १. काष्ठिक अग्नि, २. पारिणामिक भाव से युक्त अग्नि।

द्रव्यानुयोगः (पुं०) आत्म-कल्याणकारी शस्त्र। (जयो०वृ० १/८७, १/६) तत्त्वार्थ वर्णन का योग (जयो०वृ० १९/२८) उत्सङ्गमध्यप्रहिसैक पाणिस्तत्त्वार्थ साथानुभवे च वाणी। ध्यानैकतानं मनसो विधानं कर्तुं सदैवादिशतीव सा नः।। (जयो० १९/२८)

० द्रव्य में द्रव्य का अनुयोग। दव्वस्स जोऽणुओगो दव्वे दव्वेण दव्वहेदु वा। दव्वस्स पज्जवेण व जोगो दव्वेण वा जोगो।

० जीवादि तत्त्वों का यथार्थ व्याख्यानप्राभृत तत्त्वार्थ सिद्धान्तादौ यत्र शुद्धाशुद्ध जीवादिषड्द्रव्यादीनां मुख्यवृत्त्या व्याख्यानं क्रियते स द्रव्यानुयोगो भत्यते। (बृ०द्र०सं०टी० ४२)

द्रव्याभिग्रहः (पुं०) द्रव्य का विशेष नियम, द्रव्य/पदार्थ का ग्रहण।

द्रव्यार्जनं (नपुं०) धन प्राप्ति, धन का संग्रहण।

द्रव्यार्थिकनयः (पुं०) नयों के दो भेदों से एक भेद-

० जिसका प्रयोजन द्रव्य है। द्रव्यमर्थ प्रयोजनमस्येत्यसौ द्रव्यार्थिकः। (स०सि० १/६)

० द्रव्य की सामान्य अनुवृत्ति। 'द्रव्यं सामान्यमुत्सर्गः अनुवृत्तिरित्यर्थः तद्विषयो द्रव्यार्थिकः (स०सि० १/३३)

० जो सामान्य की सिद्धि करता है-अनुप्रवृत्ति सामान्यं द्रव्यं चैकार्थवाचका नयस्तद्विषयो य स्याज्ज्ञेयो द्रव्यार्थिको हि सः।। द्रवति द्रोष्यति अदुद्रुवदिति वा द्रव्यम् तदेवार्थो यस्य द्रव्यार्थिकः।

० द्रव्याश्रय अभेद रूप होता है।

द्रव्यार्थिकनिक्षेपः (पुं०) भूत, भावी पर्यायों में अनुपचारित। द्रव्य के सादृश होना।

द्रव्यार्थिकनैगमः (पुं०) संग्रह एवं व्यवहार का ग्रहण करना।

द्रव्यावग्रहः (पुं०) तत् तत् द्रव्य का अवग्रहण, देवेन्द्र, राजा, गृहपति, सागरिक और साधार्मिक इन पांच अवग्रहों में जो चेतन है उसका ग्रहण। सचित्त द्रव्य का ग्रहण।

द्रव्यावश्यकः (पुं०) द्रव्य स्वरूप का अनुभव करना।

द्रव्यास्तिकः (पुं०) अविवक्षित से प्रतिपादन, ध्रुवत्व का प्रतिपादन।

द्रव्यास्रवः (पुं०) आत्म समवाय से रागादि परिणाम प्राप्त होना। ज्ञानावरणादि योग्य पुद्गलों का आगमन। णाणावरणादीणं जोग्गं जं पोग्गलं समासदि। दव्वासवो स णेओ अणेयभेओ जिणक्खादो।। (द्रव्य सं० ३१)

द्रव्येन्द्रियं (नपुं०) निवृर्त्ति और उपकरण। 'निर्वृत्युपकरणे द्रव्येन्द्रियम्' (त०सू० २/१७) निर्वृति नाम रचना, वह दो प्रकार की होती है, एक भीतरी और दूसरी बाहरी। उसमें आत्मा के प्रदेशों का इन्द्रिय के आकार परिणमन होना अभ्यन्तर निर्वृति है और नोकर्म परमाणुओं का इन्द्रिय आकार रूप होना बाह्य निर्वृति है। (त०सू० १/१७, पृ० ३७)

० द्रव्य पुद्गल पर्याय रूप इन्द्रिय।

० पुद्गलस्कन्ध और आत्म प्रदेश का आधार।

० द्रव्येन्द्रियं पुद्गलात्मकम्। (समु० १/५)

० द्रव्यं पुद्गलपर्यायः, तद्रूपमिन्द्रियं द्रव्येन्द्रियम्।

द्रव्योत्थानं (नपुं०) द्रव्य का उत्थान, शरीर को स्थिर रखना, कायोत्सर्ग के समय शरीर को स्थिर रखना। शरीर का अविचल अवस्थान।

द्रव्योत्सर्गः (पुं०) द्रव्य विषय का परित्याग, द्रव्यभूत विषय से रहित होना।

द्रव्योत्सृतः (पुं०) ध्यान रहित होना।

द्रव्योद्गमः (पुं०) द्रव्य/वस्तु विषयक उद्गम।

द्रव्योद्योतः (पुं०) द्रव्य प्रकाश, द्रव्य के परिमित क्षेत्र में रहना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

द्रव्योपक्रमः (पुं०) द्रव्य का उपक्रम, विवक्षानुसार कारकों की योजना।

द्रष्ट (वि०) दर्शक, देखने वाला।

द्रष्टव्य (सं०कृ०वि०) १. देखने योग्य, २. अनुसन्धान करने योग्य, परीक्षण योग्य। ३. दर्शनीय, ४. सौन्दर्य युक्त।

द्रहः (पुं०) गहरी झील। द्रह इव दधान सततं क्लमनाशको भविनाम्। (वीरो० ४/५०)

द्रा (अक०) १. सोना, २. दौड़ना, ३. शीघ्रता करना, उड़ना भागना।

द्राक् (अव्य०) [द्रा+कु] शीघ्रता से, जल्दी से, तत्काल, उसी समय (जयो० ५/५१, वीरो० ४/११) २. दृष्टि (जयो० ५/२८)

द्राक्षा (स्त्री०) [द्राक्ष्+अ+टाप्] दाख, गोस्तनी, दाख, अंगूर। (जयो० ६/४६) द्रोक्षव मृद्वी रसने हृदोऽपि प्रसादिनी नोऽस्तु मनाक् श्रमोऽपिः। (वीरो० १/१)

द्राक्षारस: (पुं०) अंगूर का रस, द्राक्षा का आसव, एक पेय पदार्थ

द्राघयति-लम्बा करना, फैलाना, बढ़ाना, विस्तार करना।

द्राघिमन् (पुं०) [दीर्घ इमनिच्] लम्बाई।

द्राघिष्ठः (वि०) [अतिशयेन दीर्घः, दीर्घ इष्ठन्] अधिक लम्बाई वाला।

द्राघीयस् (वि०) [दीर्घ+ईयसुन्] बहुत लम्बा।

द्राण (वि०) [द्रा+क्त] उड़ा हुआ, भागा हुआ।

द्रापः (पुं०) [द्रा+णिच्+अच] १. कीचड़, दलदल, २. स्वर्ग, आकाश, ३. मूर्ख, जड़।

द्रामिलः (पुं०) चाणक्य।

द्रावः (पुं०) [द्रु+घञ्] १. भगदड़, प्रत्यावर्तन। चाल, गमन। २. सरलता युक्त, ३. पिघलना, बहना।

द्रावकः (पुं०) [द्रु+ण्वुल्] १. पिघलने वाला पदार्थ। २. अयस्कान्तमणि, चुम्बक। ३. चन्द्रकान्त मणि।

द्रावणं (नपुं०) [द्रु+णिच्+ल्युट्] १. गलना, पिघलना, भागना। २. अर्क निकालना।

द्रावयति पिघला देना। वह्निघृतं द्रावयतीत्यनेन। घृतं पुनः संद्रवतीश्रितेन। (सम्य०पृ० ७)

द्राविडः (पुं०) [द्रविण+अण्] द्रविड देश, दक्षिण प्रान्त, द्राविण, कर्णाट, गुर्जर, महाराष्ट्र और तैलंग ये पांच द्राविण क्षेत्र हैं।

द्राविडिक (वि०) द्रविड देश का निवासी।

द्रु (वि०) १. दौड़ना, बहना, भाग जाना, प्रत्यावर्तन करना। २. धावा बोलना, हमला करना आक्रमण करना। ३. तरल होना, घुलना, पिघलना, रिसना। ४. जाना, हिलना, अनुसरण करना।

द्रु (पुं०/नपुं०) [द्रु+डु] १. वृक्ष, तरु, पादप। (जयो० १/८०) भूयात्सुतो मेरुरिवातिधीरः सुरद्रुवत्सम्प्रति दानवीरः। (सुद० २/३९) २. लकड़ी, ३. शाखा।

द्रुघणः (पुं०) गदा, थापी, बढ़ई की हथौड़ी।

द्रुघ्नी (स्त्री०) कुल्हाड़ी।

द्रुणः [द्रुण+न] १. बिच्छू, २. तलवार।

द्रुणं (नपुं०) १. धनुष, २. तलवार।

द्रुणा (स्त्री०) धनुष की डोरी।

द्रुणिः (स्त्री०) [द्रुण+इन्] १. कछुवी, २. ढोल, ३. कनखजूरा।

द्रुत (भू०क०कृ०) [द्रु+क्त] १. शीघ्रगामी, फुर्तीला, बहा हुआ, भागा हुआ। २. दूर किया, अलग किया। लोकाचारपराङ्गमुखानुगुणिभिः संभाषणे ह्रीर्द्रुता। (मुनि १/२) ३. शीघ्रता से। 'तमितिद्रुतमेवाऽऽनेष्यामि' (सु० ९२) ४. सादर। इदं स्विदङ्के द्रुतभ्युदेति यदादरी तच्छिशुको मुदेति। (सुद०१/५) ५. दौड़े हुए। राज्या इदं पूत्करणं निशम्य भटैरिहाऽऽगत्य धृतो द्रुतं या। (सुद० १०५) ६. प्राप्त हुआ। स्तुतवानुतनिर्निमेषतां द्रुतमेवायुतनेत्रिणा धृताम्। (सुद० वृ० ३/९)

द्रुतंगमा (वि०) शीघ्रगामी। (जयो० २१/१०)

द्रुतमेव (अव्य०) शीघ्रता से ही। (दयो० ८१) (जयो० १/२६) 'ध्रियते द्रुतमेव पाणिसत्तलयुग्मे' (सुद० ३/२४)

द्रुता (वि०) द्रविता, द्रवित हुई, पसीजी हुई। किं चन्द्रकान्ता न कलावता द्रुता। (सुद० ३/४१)

द्रुतिः (स्त्री०) [द्रु+क्तिन्] घुलना, रिसना, पिघलना, पसीजना, भागना।

द्रुपदः (पुं०) पांचाल देश का अधिपति।

द्रुपदभूपतिः (पुं०) पांचाल देश का राजा, बाला द्रुपदभूपतेर्यापि, गदिता पञ्चभर्तृका सापि। (सुद० ८८)

द्रुमः (पुं०) पादप, वृक्ष, तरु।

द्रुमनतिः (स्त्री०) तरु पंक्ति।

द्रुमनखः (पुं०) कांटा।

द्रुममाला (स्त्री०) वृक्ष पंक्ति। द्रुमाणां वृक्षाणां माला पङ्क्तिः (जयो० १३/५२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

द्रुममूलदेशः (पुं०) वृक्ष के नीचे। मुनि हिन्मर्तौ द्रुममूलदेश स्थितं वनान्ताद्दिवसात्ये सः। (सुद० ४/२३)

द्रुमव्याधिः (स्त्री०) ताड़ वृक्ष।

द्रुमश्रेष्ठः (पुं०) ताड़ वृक्ष।

द्रुमारिः (पुं०) हस्ति, हाथी, कारि।

द्रुमामयः (पुं०) लार, गोंद।

द्रुमावली (स्त्री०) वृक्षपंक्ति। क्वापि बाधा समायाता द्रुमालीवेष्यते सहिमा। (सुद० १०९)

द्रुमाश्रयः (पुं०) छिपकली।

द्रुमिणी (स्त्री०) [द्रुम+इनि+ङीप्] वृक्ष समूह।

द्रुमेश्वरः (पुं०) ताड़ वृक्ष, चन्द्रमा।

द्रुमोत्पलः (पुं०) कनेर वृक्ष, कर्णिकार तरु।

द्रुवयः (पुं०) [द्रु+वय] माप, मान, प्रमाण विशेष।

द्रुह् (अक०) विद्रोह करना, द्वेष करना, ईर्ष्या करना। (जयो० २५/३०) के स्मो वयं निष्कपट-द्रुहाणाम् कर्त्तव्यताया विषये ब्रुवाणा। (समु० १/२०)

द्रुह् (वि०) [द्रुह्+क्विप्] द्रोह, द्वेष करने वाला, चोट पहुंचाने वाला।

द्रुहः (पुं०) [द्रुं संसारगतिः हन्ति-द्रु+हन्+अच्] शिव।

द्रुहिलं (नपुं०) द्रोह स्वभाव, द्रोहात्मक वचन। कलुषं वा द्रुहिलम्-वृकपदं (जैन०ल० ५६४)

द्रूः (पुं०) [द्रु+क्विप्] स्वर्ण, सोना।

द्रूषणः (पुं०) हथौड़ा।

द्रूणः (पुं०) बिच्छू, वृश्चिक।

द्रोणः (पुं०) [द्रुण्+अच्] १. बादल, २. माप विशेष। चतुराढकं द्रोणः (त०वा० ३/३८) चतुर्भिराढकैर्द्रोणः

द्रोणकाकः (पुं०) पर्वतीय काका।

द्रोणक्षीरा (स्त्री०) चार आढक प्रमाण। दूध देने वाली।

द्रोणदुग्धा (स्त्री०) द्रोण प्रमाण वाली गाय।

द्रोणपथं (नपुं०) जल-थलमार्ग, जल स्थलमार्ग से युक्त भाग।

द्रोणमुखं (नपुं०) १. द्रोणपथ, जल एवं स्थल मार्ग से संयुक्त भाग। २. मुख्यनगर।

द्रोणाचार्यः (पुं०) धनुर्विद्या प्रवीण आचार्य। 'स्वयमेव द्रोणाचार्यप्रतिमामारोप्य स्वसहायेन धम्वियतापि प्राप्ता किल।' (जयो०वृ० २०/६०)

द्रोणायनः (पुं०) अश्वत्थामा।

द्रोणिःद्रोणी (स्त्री०) [द्रु+नि-द्रोणि+ङीष्] १. कुप्पी, जलाधार, काठ की खोर। २. एक माप विशेष।

द्रोहः (पुं०) षड्यन्त्र रचना, द्वेष करना, आघात, आक्रमण की चेष्टा, क्षति, उपद्रव, ईर्ष्या।

द्रोहकर (वि०) आघात कारक, द्वेष युक्त, ईर्ष्याजनक। दौरात्म्यमात्मसात् कुर्वन्नाह द्रोहकरं वयः। (जयो० ७/१)

द्रौपति (स्त्री०) द्रुपद पुत्री, पांचालनृपति की पुत्री, पाण्डव प्रिया। (सुद० ८८)

द्रौपदेयः (पुं०) [द्रोपदी+ढक्] द्रौपदी का पुत्र।

द्वन्द्वः (पुं०) [द्वौ द्वौ सहर्तभव्यक्तौद्विशब्दस्य द्वित्वम्] घड़ियाल घंटा निनाद सूचक।

द्वन्द्वं (नपुं०) १. युगल, जोड़ा, समूह। २. प्रतिस्पर्धा (दयो० ५/२९) ३. कलह, झगड़ा, लड़ाई, युद्ध, टण्टा, विवाद, परस्पर भिड़ना। ४. किला, गढ़। ५. रहस्य।

द्वन्द्वचर (वि०) युगल रूप में विचरण करने वाले।

द्वन्द्वचारिन् (वि०) समूहात्मक रूप से गतिशील।

द्वन्द्वभावः (पुं०) वैपरीत्य भाव।

द्वन्द्वभिन्नं (नपुं०) एक-दूसरे का वियोग, स्त्री और पुरुष का वियोग।

द्वन्द्वमतिः (स्त्री०) दोलायमान धी, चंचल बुद्धि। (जयो० ६/२) इत्येवमभिनिवेशा द्वन्द्वमतिस्तेषु परिशेषात्। (जयो० ६/२)

द्वन्द्वयुद्धं (नपुं०) मल्ल युद्ध।

द्वन्द्वशः (अव्य०) [द्वन्द्व+शस्] दो दो करके युगल रूप से।

द्वन्द्वसमासः (पुं०) दो पदों में परस्पर सम्बन्ध।
० तयोरितरेतरयोगलक्षणो द्वन्द्व।
० उभयप्रधानो द्वन्द्वः। (जैन ल० ५६५)

द्वन्द्वसमासः (पुं०) दो या अधिक संज्ञाओं का योग-इतरेतर द्वन्द्व, समाहार द्वन्द्व और एक शेष द्वन्द्व।

द्वय (वि०) [द्वि+अयट्] दुगुना, दोहरा दो प्रकार का। (सम्य० ३१)

द्वयं (नपुं०) १. दो, युगल, युग्म, संयुक्त, जोड़ा, द्वैधता। २. मिथ्यात्व, झूठा।

द्वयकोशमुन्नतः (पुं०) दो कोश प्रमाण से उन्नत। (वीरो० १३/१)

द्वयर्थभावः (पुं०) मायाचार, छल-कपट भाव। (जयो० ७/५०)

द्वयणुकः (पुं०) अत्यंत सूक्ष्म। (जयो० ५/५१)

द्वयशनं (नपुं०) दो बार भोजन। (सुद० १३१)

द्वयस (वि०) इतने से इतना।

द्वयात्मक (वि०) दो रूप युक्त।

द्वयी (स्त्री०) युगल, युग्म।

द्वाः (स्त्री०) द्वार, दरवाजा, उपाय। (वीरो० ५/३१) शुद्धरेश्च किं द्वाः जिनवाक्यप्रयोगः।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

द्वादशं (नपुं०) बारह, दो और दश-बारह एक संख्या विशेष। (जयो०वृ० २६/५८)

द्वादश-नक्षत्रं (नपुं०) बारह नक्षत्र। (जयो० २६/५८)

द्वादशभागः (पुं०) बारह भाग, बारह अंग, आचारांगदि बारह अंग। वाणीं द्वादशभागेषु भक्तिमान् स विभक्तवान्। (वीरो० १५/७)

द्वादशव्रतं (नपुं०) बारह व्रत, श्रावक के पांच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत ये बारह भेद।

द्वादश-भावना (स्त्री०) बारह भावना, बारह अनुप्रेक्षा।

द्वादश-शताब्दी (स्त्री०) बारहवीं शताब्दी। (वीरो० १५/४७)

द्वादशसद्व्रतं (नपुं०) बारह उत्तम व्रत। प्रद्युम्नवृत्ते गदितं भविन्नः शुनी च चाण्डाल उवाह किन्न। अण्वादिक-द्वादश-सद्व्रतानि उपासकोतानि शुभानि तानि।। (वीरो० १७/३२)

द्वादशसर्गः (पुं०) बारह सर्ग।

द्वादशात्मकत्व (वि०) बारह प्रकार के रूप का धारक। स न दृश्यः सन्तापकृद् भो द्वादशात्कमत्वेन। (सुद० ८७)

द्वादशाङ्गं (नपुं०) द्वादशाङ्ग सूत्र। (जयो० वृ० १/२)

द्वादशानुप्रेक्षा (स्त्री०) बारह भावना। भावनानामनित्या-शरणेत्यादिद्वादशानुप्रेक्षाणां जिनागमोक्तनामाद्ये पदे तावदनित्यवचनेऽर्थवति' (जयो०वृ० १८/८)

द्वापरः (पुं०) द्वापरकाल, चतुर्थकाल। एवं पुरुर्मानव-धर्ममाह यत्रापि तैः संकलितोऽवगाहः। त्रेतेतिरूपेण विनिर्जगाम कालः पुनर्द्वापर आजगाम।। (वीरो० १८/४३)
० संख्या प्रमाण-जिस राशि में चार का भाग देने पर दो शेष रहे। चतुर्विभक्ते द्विशेषो द्वापरसंज्ञः।

द्वापरयुग्म (पुं०) एक संख्या का प्रमाण १४भाग४=३, शेष २)

द्वार् (स्त्री०) [द्वृ+णिच्+विच्] १. द्वार, दरवाजा, फाटक। ० प्रवेश भाग (जयो०वृ० १/६) उपतिष्ठामि द्वारि पश्य। राज्ञीहाऽहं द्वारि खलु। (सुद० ३४)
० उपाय।

द्वारंद्वारं (अव्य०) प्रतिद्वार। (जयो० १०)

द्वारपालः (पुं०) दरबान, ड्योढीवान्।

द्वारपट्टः (पुं०) द्वार का पर्दा।

द्वारपिंडी (स्त्री०) द्वार देहली।

द्वारविधानः (पुं०) दरवाजे की कुण्डी, दरवाजे की सांकल।

द्वारबलिभुज् (पुं०) काक, कौवा।

द्वार-बाहु (पुं०) द्वार पाख।

द्वारयन्त्रं (नपुं०) सांकल, कुंडी।

द्वारवती (स्त्री०) द्वारकापुरी।

द्वाराग्रामभागः (पुं०) देहली। (जयो०वृ० ३/२५)

द्वारिका (स्त्री०) द्वारकापुरी, गुजरात के पश्चिमी किनारे पर स्थित कृष्ण की राजधानी।

द्वाविंशत् (वि०) बावीस। (दयो० २८)

द्वाविंशसर्गः (पुं०) बावीसवां सर्ग।

द्वाःस्थ (वि०) द्वार पर स्थित।

द्वारस्थजनः (पुं०) द्वार पर स्थित मनुष्य। (सुद० १०४, ९२)

द्वासप्ततिः (स्त्री०) बहत्तर। (जयो० १/१३)

द्वाः स्थनिरन्तराय (वि०) द्वार पर बिना रुकावट। 'अन्तःपुरं द्वाःस्थनिरन्तरायि' (सुद० ८/१)

द्वास्थितः (पुं०) द्वारपाल, पहरेदार। द्वास्थितो रविकरानवदात उत्पलेषु सरसीव विभातः। (जयो० ५/२२)

द्वि (संख्यावाची विशेष) (वीरो० ११/४८) दो, दोनों। द्वि-त्राणामशनं च गेहिसदने' (मुनि० २८)

द्विऋचं (नपुं०) ऋचाओं का संग्रह।

द्विकः (पुं०) काक, कौवा।

द्विक् (सं०वि०) दो। (वीरो० ४/४५)

द्विअथ (वि०) दो आंख वाला।

द्विअक्षर (वि०) द्वयक्षरी, दो अक्षरों से सम्बद्ध।

द्विअङ्गुल (वि०) दो अंगुल लम्बा।

द्वि-अणुकं (नपुं०) दो अणुओं का समूह।

द्विअर्थ (वि०) दो अर्थ रखने वाला।

द्वि-अशीत (वि०) बयासीवां।

द्विअशीतिः (स्त्री०) बयासी।

द्वि-अष्टम् (नपुं०) तांबा।

द्वि-आत्मक (वि०) दो प्रकार के स्वभाव वाला।

द्वि-आमुष्यायणः (पुं०) उत्तराधिकारी।

द्वि-ककुदः (पुं०) ऊँट, ऊष्ट्र।

द्विगु (वि०) दो गौओं से विनिमय किया हुआ।

द्विगुः (पुं०) संख्यावाची समास। तत्पुरुष समास का एक भेद। संख्या पूर्वकस्तत्पुरुषो द्विगुसमासः। संख्या के साथ जो तत्पुरुष समास होता है, वह द्विगुसमास है। 'त्रिरत्नम्' पञ्चमहाव्रत।

द्विगुण (वि०) दुगुना।

द्विगुणत्व (वि०) दुगुना। (सुद० १२६)

दिगुणीकृत् (वि०) दो गुनी परिवृद्धि।

द्विचरण (वि०) दो पैरों वाला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

द्विचत्वारिंश (वि०) बयालीसवां।

द्विचत्वारिंशत् (स्त्री०) बयालीस।

द्विजः (पुं०) दुजन्मा, ब्राह्मण, विप्र। (जयो०वृ० ६/१०८, समु० ४/२४) संस्काराद् द्विज उच्यते द्वाभ्यां जन्म संस्काराभ्यां जायेत स द्विज इति। (हित० २३)
० दांत-दन्त (जयो० १/६२)
० अंडज जंतु: पक्षी (वीरो० ९/४३)
० दो जन्म वाला (जयो० १/६२) द्विजः द्विर्जातो मातृगर्भे जिनसमयज्ञानगर्भ चोत्पादात् द्विजः ब्राह्मण-क्षत्रिय-विशामन्यतमः (सा०ध०टी० २/१९)

द्विजगणः (पुं०) १. ब्राह्मणवर्ग, २. पक्षी समूह। (वीरो० ९/४३)

द्विजत्व (वि०) ब्राह्मणतव (वीरो० ११/९) ब्राह्मण कुल की प्राप्ति। स्वर्गं गतोऽप्येत्य पुनर्द्विजत्वं धृत्वा परिव्राजकतामतत्त्वम्। (वीरो० ११/९)

द्विजन्मन् (पुं०) १. ब्राह्मण (जयो० २/१११) अथो पुनर्द्विजन्मानो विप्राश्च सन्ति। जो द्विज हैं, उनका दूसरा जन्म/संस्कार जन्म भी होता है। 'द्विजन्मा चन्द्रः स नित्यं नवोदयं नूतनमुदयं याति' (जयो० ११/५४)
० दो जन्म वाला (जयो०वृ० १/६२)

द्विजभावः (पुं०) ब्राह्मण भाव। (जयो०वृ० ६/१०८)

द्विजराजः (पुं०) १. चन्द्र, शशि। (जयो० ११/५५) द्विजराजस्य चन्द्रस्य (जयो०वृ० १/५४) २. ब्राह्मणा-'द्वाभ्यां जन्मसंस्काराभ्यां जायन्ते ते द्विजाः' (जयो० वृ० ११/५५) ३. पक्षी। पिकद्विज-कोकिलो नाम पक्षी। द्विजानां राजा। (जयो०वृ० ११/५५)

द्विजराजराशि (स्त्री०) १. ब्राह्मण समूह। २. चन्द्रमंडल-'द्विजराजस्य चन्द्रस्य राशौ रात्रौ मौनं मुद्रणम्' (जयो०वृ० १/५४) द्विजानां राजराशौ प्रधानसमूहे मौनं मूकभावः (जयो०वृ० १/५४)

द्विजराड् विरोधी (वि०) १. चन्द्रमा का विरोधी, २. विप्र विरोधी। सत्संगमापकरणो द्विजराड्विरोधी। (जयो० १८/७५)

द्विजवर्गः (पुं०) विप्रवर्ग, ब्राह्मण समूह। (सुद० ९७)

द्विजातिः (पुं०) १. ब्राह्मण, २. पक्षी, द्विजातयः पक्षिणो नीडानि श्रयन्ति। (जयो०वृ० १५/१२)

द्विजाधिराट् (पुं०) १. विप्र, ब्राह्मण। (जयो० १५/६७)

द्विजातीय (वि०) दो जन्म वाले।

द्विजाली (स्त्री०) पक्षिसमूह, खग पंक्ति। 'द्विजानां पक्षिणामाली पंक्तिः' (जयो० १८/६९)

द्विजिह्वः (पुं०) १. सर्प, सांप, शेषनाग। २. चुगलखोर।

द्विजिह्वाधिपति देखें ऊपर।

द्विडकीर्ति (स्त्री०) बैरियों की अपकीर्ति। द्विषां वैरिणामकीर्तिरपयशः परिणतिः (जयो० ६/४३)

द्वितय (वि०) [द्वौ अवयवौ यस्य-द्वि+तयप्] दो से युक्त, दुगुना, दोहरा।

द्वितयं (नपुं०) १. युगल, दो, दोनों (सुद० २/४८) २. युगल, युग्मं श्रीपादपद्मद्वितयं-चरण-विन्दयुगलम् (जयो०वृ० १/६८) शाटकं चोत्तरीयं च वस्त्रयुग्ममुवाह सा। कमण्डलु भुक्तिपात्रमित्येतद् द्वितयं पुनः।। (सुद० ४/३१) सहस्र-द्वितयात् सूर्य-संख्याके विक्रमाब्दके। (सम्य० १५५)

द्वितिय (वि०) दूसरा, पृथक्।

द्वितीय (वि०) [द्वयोः पूरणं-द्वि+तीय] दूसरा, अन्य पृथक्-दूसरा, दो प्रकार का। (जयो० १/५) तत्राद्यः साध्यरूपः स्याद् द्वितीयस्तस्य साधनम्। (सम्य० ८२)

द्वितीयः (पुं०) १. दूसरा। 'अर्हदुपाश्रये द्वितीय-तृतीय' (जयो० २६/५७)
२. युगम, युग्म। (जयो०वृ० ३/६२)
३. अपर। (जयो०वृ० ३/६२)
४. दूसरा अर्थ (जयो० ३/६२)

द्वितीयक (वि०) [द्वितीय+कन्] दूसरा, अपर, अन्य।

द्वितीय-कर्म (पुं०) दूसरा कर्म, दर्शनावरणीय कर्म।

द्वितीय-कारकः (पुं०) दूसरा कारक, कर्म कारक।

द्वितीय-खण्डं (नपुं०) दूसरा भाग, दो खण्ड, युगल अंश।

द्वितीय-गतिः (स्त्री०) अन्य गति, दूसरी पर्याय।

द्वितीयचन्द्रः (पुं०) दूसरा चन्द्र।

द्वितीयजन्मन् (पुं०) अन्य जन्म, पुनर्जन्म, दूसरा जन्म।

द्वितीय-तपः (पुं०) उत्कृष्ट तप।

द्वितीय दानं (नपुं०) अनुपम दान।

द्वितीय-वर्गः (पुं०) १. अर्थ पुरुषार्थ। (जयो० १/६६) 'द्वितीयश्चासौ वर्गः पुरुषार्थोऽर्थस्तेन। (जयो० १/६६) २. चवर्ग-व्यञ्जन समूह का द्वितीय वर्ग-द्वितीय वर्गेण चवर्गेण, अर्थात् जकारेण सह अन्तःस्थेषु लसन्। (जयो०वृ० १/६६)

द्वितीयसर्गः (पुं०) दूसरा सर्ग, द्वितीय अध्याय।

द्वितीया (स्त्री०) १. द्वितीया विभक्ति, कर्मकारक। २. द्वितीया तिथि दूज। (जयो०वृ० ५/१०६)

द्वितीयाख्य-कषायः (पुं०) द्वितीय अप्रत्याख्यानावरण कषाय। (सम्य० ९९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

द्वितीयातिथिः (स्त्री०) दूज। (जयो०वृ० ५/१०६)
द्वितीयाप्रतिमा (स्त्री०) दूसरी प्रतिमा,
द्वितीयाश्रमः (पुं०) गृहस्थाश्रम। (दयो० ६५)
द्वितीयिन् (वि०) [द्वितीय+इनि] दूसरे स्थान पर अधिकार किए हुए।
द्वितीयेऽञ्चतिः (स्त्री०) करणानुयोग। द्वितीयेकरे पुस्तकमञ्चति-करणानुयोगः (जयो० १९/२६)
द्वितीयोपशमसम्यक्त्वः (पुं०) मोह के उपशम से उत्पन्न सम्यक्त्व।
द्वितीयो लम्बः (पुं०) दूसरा लम्ब, चम्पूकाव्य के दूसरे अध्याय का नाम।
द्वित्र (वि०) दो तीन बार।
द्वित्रिंश (वि०) बत्तीसवां।
द्विदण्डि (अव्य०) डंडे से डंडा।
द्विदन्त-दन्तः (पुं०) गजदन्तपर्वत। द्विदन्तदन्तान् स्म स वन्दते मुदामुदार-वक्षारगिरीनुताश्रयः। (जयो० २४/१४)
द्विदलं (नपुं०) दो दल वाले चना, उड़द, मूंग आदि। अन्नेन नाद्युर्द्विदलेन साकमामम्। (जयो० १३०) 'दध्ना तक्रेण वा मिश्रं द्विदलञ्च न भक्षयेत्' (हित० ४६)
द्विदलान्नं (नपुं०) दो दल वाले अन्न, दाल विशेष, उड़द, मूंग चना, मसूरादि। 'मसूरो नाम द्विदलान्नभेदः' (जयो०वृ० १२/१२६)
द्विदलान्नभुक्तिः (स्त्री०) दालादि का सेवन। 'दुरेषातः पणकादिभुक्तिः क्षीरेण दध्ना द्विदलान्नभुक्तिः। अकारि रात्रावशनाय चेतः सम्प्रार्थ्यते नाथ! मृषा क्रियेत।। (भक्ति०४४)
द्विदश (वि०) १. बीस, २. द्वादश, बारह।
द्विदशी (स्त्री०) चंद्र पक्ष की १२वीं तिथि।
द्विदेहः (पुं०) गणपति।
द्विधा (अव्य०) दो प्रकार का। (सम्य० ८२)
द्विधार (स्त्री०) दो भाग। (वीरो० १८/५)
द्विनवत (वि०) बानवेवां।
द्विनवतिः (स्त्री०) बानवे।
द्विपक्षः (पुं०) १. पंछी, पक्षी। २. दो पक्ष का **एक माह**। पन्द्रह-पन्द्रह दिन वाले दो पक्ष।
द्विपञ्चाश (वि०) बावनवां।
द्विपञ्चाशत् (स्त्री०) बावन।
द्विपथं (नपुं०) दो मार्ग, दोराहा।
द्विपदः (पुं०) १. दो पैरों वाला मनुष्य। २. दो काव्य के पद। (सुद० ११७)
द्विपदिका (स्त्री०) पक्षी।
द्विपदी (स्त्री०) दो पद युक्त, पक्षी।
द्विपवृन्दः (पुं०) हस्तिकरि। (जयो० १३/४८)
द्विपाद्यः (पुं०) दुहरा।
द्विपायिन् (पुं०) हस्ति, हाथी।
द्विपेन्द्रः (पुं०) हस्ति, हाथी, करि। (जयो० १३/९६) गजराज द्विपानां इन्द्रो-गजराजः (जयो० ७/४१)
द्विपेन्द्रवृन्दं (नपुं०) हस्ति समूह। द्विपानां हस्तिनां वृन्दं। (जयो० १३/१०९)
द्विप्रहरं (नपुं०) दोपहर, मध्याह्न काल (जयो० १३/६८)
द्विबिन्दु (स्त्री०) विसर्ग। (:)
द्विभुजः (पुं०) कोण।
द्विभूम (वि०) दो माले का भवन, दो मंजिला, भवन।
द्विमातृ (पुं०) गणपति।
द्विमातृजः (पुं०) गणपति।
द्विमात्रः (पुं०) दीर्घ स्वर-आ, ई, ऊ, ए, ओ, औ।
द्विमार्गी (स्त्री०) पगडंडी, छोटा रास्ता, पैदल चलने का रास्ता।
द्विमुखा (स्त्री०) जोंक।
द्विरः (पुं०) भ्रमर, भौंरा।
द्विरतः (पुं०) हस्ति, हाथी, गज। (वीरो० ४/४१, जयो० १३/१०२) (समु० २/१६)
द्विरसनः (पुं०) सर्प, नाग, अहि।
द्विरात्रं (नपुं०) दो रात्र।
द्विरूप (वि०) दो रूप वाला।
द्विरेतस् (पुं०) खच्चर, टट्टू।
द्विरेफः (पुं०) भ्रमर, भौंरा। (वीरो० ४/८)
द्विरेफ-वर्गः (पुं०) मधुपवर्ग। पलाशिता किंशुक एव यत्र द्विरेफवर्गे मधुपत्वमत्र। (सुद० १/३३)
द्विवचनं (नपुं०) १. दो वचन, व्याकरण प्रसिद्ध वचन। २. द्वयर्थकता, दो अर्थ की वास्तविकता। (जयो० ६/३७) दो अर्थों वाला-पयसो द्विवाच्यताऽसौ हंसस्य च तद्विवेचकता। (जयो० ६/३७) द्विवाच्यता-पयो दुग्धं जलश्चेति।
द्विवज्रकः (पुं०) १६ कोणों का स्थान।
द्विवाहिका (स्त्री०) वहंगी।
द्विविंश (वि०) बाइसवां।
द्विविंशतिः (स्त्री०) बाईस।
द्विविध (वि०) दो प्रकार का, दो तरह का।
द्विवेशरा (स्त्री०) खच्चर गाड़ी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

द्विशतं (नपुं०) दो सौ।

द्विशत्य (वि०) दो सौ वाला, दो सौ में क्रय किया गया।

द्विशफ (वि०) दो खुर वाला, फटे खुर वाला, बैल आदि।

द्विशीर्षः (पुं०) अग्नि।

द्विष् (अक०) घृणा करना, विरोध होना।

द्विष् (वि०) [द्विष्+क्विप्] विरोधी।

द्विष (पुं०) शत्रु।

द्विषत् (पुं०) शत्रु।

द्विषत्स्थलं (नपुं०) शत्रु स्थल, शत्रुदेश। द्विषतां स्थलं शत्रुदेशः (जयो० ६/८६)

द्विषदसुपवनं (नपुं०) बैरियों की प्राण वायु। 'द्विषदां रिपूणामसुपवनं प्राणवायुं निपीय' (जयो०वृ० ६/१०६)

द्विषन् (पुं०) दुष्ट, शत्रु। स्थायीतां भवत एव पद्यया योजितो भवतु स द्विषन्मया। (जयो० ७/८१)

द्विषष् (वि०) दो बार, छह (६+६=१२)।

द्विषष्टि (स्त्री०) वासठ।

द्विषष्ट (वि०) बासठवां।

द्विषाञ्जित (वि०) शत्रु नाशक, शत्रुविजयी। सुभगा शुभगान्धिकार्पितपिचुका संक्रमतो द्विषाञ्जितः। (जयो०२६/१९)

द्विष्ट (वि०) [द्विष्+क्त] दो बार।

द्विसंयोगीः (वि०) दो तरह से सम्बंध रखने वाला, दो के संयोग वाला। (वीरो० १९/६)

द्विसप्तत (वि०) बहत्तरवां।

द्विसप्ततिः (स्त्री०) बहत्तर।

द्विसप्ताहः (पुं०) पक्ष, पखवाडा।

द्विसहस्र (वि०) दो हजार युक्त।

द्विसीत्य (वि०) लम्बाई से चौड़ाई की ओर।

द्विसुवर्ण (वि०) दो सुवर्ण मुद्रा में क्रय किया गया।

द्विह्न (पुं०) हस्ति, हाथी।

द्विहायन् (वि०) दो वर्ष की आयु का।

द्विहितृ (वि०) दोनों पक्षों का कल्याण करने वाली। (जयो० ३/५६)

द्विहृदया (वि०) गर्भवर्ती स्त्री।

द्विहोत् (पुं०) अग्नि।

द्वीन्द्रियः (पुं०) दो इन्द्रिय जीव। लट, शंख, केंचुआ आदि स्पर्शन और रसना युक्त जीव। (वीरो० १९/३५)

द्वीन्द्रियजाति (स्त्री०) दो इन्द्रिय में उत्पन्न।

द्वीन्द्रियजीवः (पुं०) स्पर्श और रस को जानने वाला जीव। द्वीन्द्रियनामकर्मोदयाद् द्वीन्द्रियाः।

द्वीपः (पुं०) [द्विर्गता द्वयोर्दिशार्वा गता आपो यत्र-द्वि+अप्] टापू, (जयो० ११/३५) 'द्वीपोऽथ जम्बूपपदः समस्ति' (वीरो० २/१) अन्तर्द्वीप, शरणस्थल, आश्रयभूतस्थान। भूलोक का एक हिस्सा। (सुद० १/११)

द्वीपकुमारः (पुं०) द्वीपों में क्रीड़ा करने वाला कुमार, जो वर्ण से श्याम और सिंह के चिह्न से युक्त होते हैं।

द्वीपधरणी (स्त्री०) द्वीप स्थान।

द्वीपपथं (नपुं०) टापू मार्ग।

द्वीपवत् (वि०) [द्वीप्+मतुप्] टापुओं से युक्त।

द्वीपवत् (पुं०) समुद्र।

द्वीपसागर-प्रज्ञप्ति (पुं०) द्वीप-समुद्र की प्रामाणिकता का ग्रन्थ, जिसमें बावन लाख छत्तीस हजार पदों द्वारा द्वीप-समुद्रों के प्रमाण का प्ररूपण किया गया हो। 'दीप-सायर-पण्णत्ती वावण्ण-लक्खण-सत्तीस-पद-सहस्सेहि बहुभेयं वण्णेदि। (धव० १/११०)

द्वीपस्थानं (नपुं०) द्वीप स्थल।

द्वीपान्तरं (नपुं०) अन्य द्वीप। 'द्वीपान्तराणामुपरिप्रतिष्ठः' (वीरो० २/१)

द्वीपायनः (पुं०) द्वीपायन मुनि। एक तपस्वी ऋद्धिधारी मुनि। जो ऋद्धियों के अहंकार से नरकगामी हुआ। स्वस्या एव समद्धितो न नरकं द्वीपायनः किं गत। (मुनि० १५)

द्वीपिन् (पुं०) [द्वीप+इनि] १. सिंह, २. चीता, ३. व्याघ्र।

द्वैतरूपचरणं (नपुं०) यति, धावक के आचरण योग्य शास्त्र। चरणानुयोगश यति-श्रावकभेदेन द्वैतरूपं यच्चरणश्रुतं चरणानुयोगशास्त्रम् (जयो०वृ० ५/४६) २. युगल चरण (जयो०वृ० ५/४६)

द्वैतवत् (पुं०) मिथुन (जयो० १६/८)

द्वेधा (अव्य०) [द्वि+धा] दो भागों में, दो प्रकार से, दो रूप में। 'शुभाशुभप्रायतया जगाद, द्वेधा जिनो यस्य वरोऽभिवादः। (समु० ८/२५)

द्वेधाजनः (पुं०) दो प्रकार के आदमी। द्वेधाजनो भूवलये विभाति, संयोग एकः खलु दुःखजातिः। (समु० १/२५)

द्वेषः (पुं०) [द्विष्+घञ्] घृणा, अरुचि, दोष, क्रोधादि कषाय भाव, जुगुप्सा, शोक, अरति, भय। (सम्य० ४१) अनिच्छा (सुद० १२५) -राग-द्वेष-मलीमसेन मनसा श्री धर्मभावाद् विना।। (मुनि० १८)

० द्विष्यतेऽनेनेति द्वेषः।

० द्वेषणं द्वेषः।

० अप्रीतिलक्षण द्वेषः।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

० अप्रीतिपरिणाम द्वेषः

० वैरपरिणाम-द्वेषः।

० आत्मीयोपघातकारिणि द्वेषः।

द्वेषणं (वि०) [द्विष्+ल्युट्] घृणा करने वाला, ईर्ष्या करने वाला।

द्वेषधामः (पुं०) अन्यायमार्ग। (वीरो० २२/३७)

द्वेषिन् (वि०) [द्वेष+इनि] घृणा करने वाला।

द्वेषिन् (पुं०) शत्रु।

द्वेष्य (सं०कृ०) [द्विष्+ण्यत्] १. घृणा के योग्य। २. घृणित।

द्वेष्टि (वि०) दोष, शत्रुता, विरोध। (वीरो० ११/४१) तुष्यति द्वेष्टि चाभ्यन्तो निमित्तं प्राप्य दर्पणम्। (सुद० १२५)

द्वैगुणिकः (पुं०) [द्विगुण+ठक्] सूदखोर, ब्याज लेने वाला।

द्वैगुण्यं (नपुं०) [द्विगुण+ष्यञ्] १. द्वित्व, द्वैतावस्था, २. दो पर अधिकार रखने वाला।

द्वैतं (नपुं०) [द्विधा इतम् द्वितम् तस्य भावः स्वार्थे अण्] द्वित्व द्वैतवाद-दो तत्त्वों का विवेचन करने वाला। आत्मा-परमात्मा, ब्रह्म-जगत्, जीव-प्रकृति आदि।

द्वैतवादिन् (पुं०) द्वैतसिद्धान्त का प्रतिपादक।

द्वैतिन् (पुं०) द्वैतसिद्धान्त का प्रतिपादक।

द्वैतीयीक (वि०) [द्वितीय+ईकक्] दूसरा।

द्वैध (वि०) [द्वि+धमुञ्] दुगुना, दोहरा, दो प्रकार का।

द्वैधं (नपुं०) दुहरी प्रकृति वाला, दो भागों में विभक्त।

द्वैधीभावः (पुं०) [द्वैध+च्वि+भू+घञ्] १. द्वैतता, दो प्रकार की अवस्था, दो खण्ड! २. द्विधाभाव, अनिश्चितता। (जयो०वृ० २६/५९)

द्वैध्यं (नपुं०) [द्विधा+ष्यञ्] दोनों की ओर, दोनों पक्ष वाला।

द्वैप (वि०) [द्विप+अण्] टापू से सम्बंध रखने वाला।

द्वैपक्षं (नपुं०) [द्विपक्ष+अण्] दो दल, दो भाग।

द्वैपायनः (पुं०) [द्वीपायन+अण्] १. द्वीप में उत्पन्न। २. वेदव्यास। ० द्वीपायन ऋषि।

द्वैप्य (वि०) [द्विप+ष्यञ्] टापू निवासी।

द्वैमातुर (वि०) [द्विमातृ+अण्] दो माताओं वाला।

द्वैमातृक (वि०) [द्विमातृक+अण्] दोनों क्षेत्र वाला।

द्वैरथं (नपुं०) [द्विरथ+अण्] एकल युद्ध।

द्वैराज्यं (नपुं०) [द्विराज्य+ष्यञ्] दो राजाओं में विभक्त, दो राज्यों में विभक्त।

द्वैवार्षिक (वि०) [द्विवर्ष+ठक्] दूसरे वर्ष होने वाला।

द्वैविध्यं (नपुं०) [द्विविध+ष्यञ्] विविधता, दोगलापन, भिन्नता।

ध

धः (पुं०) १. तवर्ग का चतुर्थ वर्ण, इसका उच्चारण स्थान दंतमूल है। २. ब्रह्मा, ३. कुबेर, ४. गुण, आचार विचार, ५. इष्ट।

ध (वि०) [धा+ड] धारण करने वाला, रखने वाला।

धं (नपुं०) धन-सम्पत्ति, वैभव।

धक्क् (सक०) ध्वस्त करना, गिराना, नष्ट करना।

धटः (पुं०) [ध+अट्+अच्] १. तराजू, तराजू के पलड़े २. तुलाराशि, तुला परीक्षण।

धटकः (पुं०) [धट+कै+क] एक तौल विशेष।

धटिका (स्त्री०) [धटी+कन्+टाप्] १. चिथड़ा, जीण-जीर्ण वस्त्र। २. लंगोटी।

धटिन् (पुं०) [धट+इनि] तुला राशि।

धण् (अक०) शब्द करना, ध्वनि होना।

धत्तूरः (पुं०) [धयति धातून्-धे-उरच्] धतूरे का पौधा।

धन् (अक०) शब्द करना, ध्वनि निकालना।

धनं (नपुं०) [धन्+अच्] द्रविण, सम्पत्ति, निधि, रूपया-पैसा। (जयो०वृ० २५/१४) वित्त। गेहमेकमिह भुक्तिभाजनं पुत्र तत्र धनमेव साधनम्। तच्च विश्वजनसौहृदाद् गृहीति त्रिवर्ग-परिणाम-संग्रही।। (जयो० २/२१)

नो चेत्परोपकराय समुप्तं गुप्तमेव तु।
धनं च निधनं भूत्वाऽऽपदे सद्भिर्निवेद्यते।। (वीरो० १७/४४)

० मूल्यवान, सम्पत्ति, सोना-चांदी।

० मूल्वान्, वस्तु। आराम् धाम-धनतो धरणीं समस्ताम्। (सुद० १/३६)

० राशि।

० पुरस्कार, पारितोषिक।

० धनिष्ठा नक्षत्र।

धनकेलिः (पुं०) कुबेर।

धनघात (वि०) धन हानि।

धनक्षय (वि०) संपत्ति विनाश।

धनक्षीण (वि०) निर्धनता, धनहानि, धन की कमी।

धनगत (वि०) वित्त से अहंकारी, संपत्ति से घमण्डी।

धनगर्वित (वि०) वैभव में भूला हुआ, समस्त निधियों से अहंकारी।

धनज (वि०) धन कमाने वाला।

धनजात (वि०) धन युक्त, सम्पत्ति वाला।

धनञ्जयः (पुं०) एक जैन कोशकार, नाममाला प्रणेता।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

धनतृष्णा (स्त्री०) धन की इच्छा (सुद० ७४) लालची, लोलुपी।

धनदः (पुं०) १. दानी, उदार। २. कुबेर (समु० २/१०) अलकानगरी गरीयसीहगिरावुत्तरोनहीदृशी। धनदस्य पुरी परीक्ष्यते प्रतिभूषेन समस्तु साक्षितेः। (समु० २/१०)

धनदेवः (पुं०) मण्डिक गणधर के पिताश्री। मौर्यस्थले मण्डिकसंज्ञयाऽन्यः बभूव षष्ठो गणभृत्सुमान्यः पिताऽस्य नाम्ना धनदेव आसीत्ख्याता च माता विजया शुभाशीः।। (वीरो० १४/७)

धनदण्डः (पुं०) अर्थदण्ड, संपत्ति का दण्ड, जुर्माना।

धनदायिन् (पुं०) अग्नि, आग।

धनधान्य-प्रमाणातिक्रमः (पुं०) परिग्रह परिमाणव्रत का दोष जिसमें धन-रुपया-पैसा एवं धान्यब्रीहि, जो मसूर आदि का नियमित प्रमाण का अतिक्रमण।

धन-धान्य-संख्यातिक्रमः (पुं०) धन-धान्य की संख्या का अतिक्रमण। 'धनं गणिम-धरिम-मेय-परीक्ष्यलक्षणम्। धान्यं-ब्रीहिर्यवो मसूरो गोधूम-मुद्ग-माष-तिल-चणकाः' (जैन०ल०पृ० ५६८) 'धनं च धान्यं च धनधान्यम् तया अतिक्रमं उल्लंघनं संख्यातिक्रमोऽतिचारः। (जैन०ल० ५६८)

धनपतिः (पुं०) कुबेर।

धनपालः (पुं०) कोषाध्यक्ष।

धनपिशाचिका (वि०) धन का लोभ, धन का लालची, धनलिप्सी, धनलोलुपी।

धनप्रयोगः (पुं०) सूदखोरी, रिश्वतखोरी।

धनबलः (पुं०) सम्पत्ति की शक्ति। (दयो० ४८)

धनमति (पुं०) एक वणिक।

धनमद (वि०) वैभव पर इठलाने वाला, सम्पत्ति से अहंकारी।

धनमित्रः (पुं०) एक सेठ, नगर सेठ। (समु० ४/३८)

धनमूलं (नपुं०) मूल सम्पत्ति, मूलधन, वास्तविक पूंजी।

धनवत् (वि०) [धन+मतुप्] धनी, धनवान।

धनवती (स्त्री०) उष्ट्रदेश के राजा यम की रानी। (वीरो० १५/२९)

धनवती (स्त्री०) १. इक्ष्वाकुवंशी राजा पद्म की पत्नी। (वीरो० १५/३३) २. आर्य व्यक्त गणधर के पिताश्री, कोल्लागनिवासी (वीरो० १४/४)
अभूच्चतुर्थः परमार्य आर्यव्यक्तोऽस्य बप्ता धनमित्र आर्यः। कोल्लागवासी भुवि वारुणीति माता द्विजाऽऽख्यातकुलप्रतीति। (वीरो० १४/५)

धनविलासः (पुं०) धन का विलासी। 'धनस्य विलासस्तस्मिन् तत्पदाः' (जयो० २/२०)

धनव्ययः (पुं०) अपव्यय, खर्च।

धनसारशाली (वि०) धन युक्त। (जयो० १३/३४)

धनस्थानं (नपुं०) कोषागार, धनागार, खजाना।

धनहरः (पुं०) १. उत्तराधिकारी। २. चोर, धन हरण करने वाला।

धनहीनजनः (पुं०) निर्धन व्यक्ति। निधिघटीं धनहीनजनो यथाऽधिपतिरेष विशां स्वहशा तथा। (सुद० २/४९)

धनश्री (स्त्री०) एक स्त्री का नाम।

धनि (वि०) धनवान्, धनसम्पन्न। (जयो० २/२८)

धनिकः (पुं०) [धनमादेयत्वेनास्ति अस्य] साहूकार, महाजन। (जयो० २/२८)

धनिन् (वि०) स्वामी, धनी। (दयो० १७)

धनिष्ठ (वि०) [धन+इष्ठन्] अत्यन्त वैभवसम्पन्न, धनी।

धनुराकारः (पुं०) चापसन्निभ। (जयो०वृ० ८/५३)

धनुषकाण्डं (नपुं०० चाप, कम्र। (जयो० ६/१०४) कम्रः शोभनश्चाप इव धुनष्काण्ड इव विभाति (जयो०वृ० ६/१०४)

धनुष्काण्डार्थ (वि०) चापार्थ। (जयो० ५/८४)

धनी (पुं०) सेठ, साहूकार (सुद० २/८, ३/१६)
धनी धनबलेनैव कुर्याद् यद्यदपीच्छति।
धनस्यान्तः स्वयं तिष्ठेद्यनायत्तं यतो जगत्।। (दयो० ४८)
स्त्री, तरुणी, युवती।

धनुः (पुं०) [धन्+उ] धनुष, चाप, कम्र।

धनुष्कर (वि०) धनुष से सुसज्जित।

धनुर्कल (स्त्री०) धनुष विद्या। (जयो० ६/१०८)

धनुःखण्डं (नपुं०) धनुष भाग।

धनुर्गुणः (पुं०) धनुष की डोरी।

धनुर्ग्रहः (पुं०) धनुर्धारी।

धनुग्रहपरायण (वि०) प्राणिमात्रोपरि उपकारक। सभी जीवों का उपकार करने वाला। (जयो०वृ० १/१०५)

धनुर्ज्या (स्त्री०) धनुष की डोरी। (जयो० १०/६९)

धनुर्द्रुमः (पुं०) बांस।

धनुर्धरः (पुं०) धनुर्धारी।

धनुर्धारि (पुं०) धनुर्कला प्रवीण, धनुर्विद्या निष्णात। (जयो० ६/१०८, जयो० २१/२४)

धनुर्धारी देखो ऊपर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

धनुप्रसङ्गः (पुं०) धनुराशि का प्रसङ्ग। (वीरो० ९/१९)
धनुष्पाणि (वि०) धनुष से सुसज्जित, हाथ वाला।
धनुर्मार्गः (पुं०) वक्ररेखा, तिरछी रेखा।
धनुर्लता (स्त्री०) चापयष्टि। (जयो० ८/५१)
धनुर्विद्या (स्त्री०) धनुष कला। (जयो० ६/१०६)
धनुर्वेदः (पुं०) धनुर्विज्ञान। (जयो०वृ० ९/३९)
धनुर्वेदित (वि०) चापविद्या वाला।
धनेशः (पुं०) १. कुबेर (जयो० ४/६१, वीरो० ६/१) २. कोषाध्यक्ष।
धनोत्सवः (पुं०) द्रविणोत्सव, धन का उत्सव। (जयो०वृ०२५/१४)
धनोद्गीतिः (स्त्री०) धनका अपहरण। दृष्ट्या याऽपहरेन्मनोऽपि तु धनोद्गीतिं समायोजने। (सुद० १०२)
धनोपार्जनं (नपुं०) धन कमाना। (जयो० ३/१) 'स्वहस्तेन धनोपार्जनादेः उत्तमपुरुष-लक्षणत्वात्। (जयो०वृ० ३/१)
धन्धन् (पुं०) धन्धा, कार्य व्यापार। 'धन्धने कार्यव्यापारेऽभ्युनुरतो विलग्नोऽपि।' (जयो०वृ० २५/७०)
धन्नः (पुं०) धन्नासेठ। (जयो० २८)
धन्य (वि०) [धन्+यत्] धन प्रदान करने वाला, धनी, साहूकार। किं निर्धनं किं पुनरत्र धन्यम् (सुद० ११९) सेठ मालदार। महाभाग, ऐश्वर्यशाली।
धन्यः (पुं०) भाग्यशाली, श्लाघ्य, प्रशंसनीय। धन्याः परिग्रहाद्यूयं विरक्ताः परितो ग्रहात्। (जयो० १/१०७) वैद्यो भवेद्भक्तिरुधेव धन्यः। (वीरो० १६/१६) मृगादयो वा सहचारिणस्तु धन्यः स एवात्म-सुखैकवस्तु। (सुद० ११७)
० पुण्यात्मन् आत्म-गुण-सम्पन्न। (जयो० ५/१३)
धन्यमन्य (वि०) सौभाग्यशाली मानने वाला।
धन्यवादः (पुं०) साधुवाद, प्रशंसा, स्तुति।
धन्याकं (नपुं०) [धन्य+आकन्] धनिया, धनिये का पौधा।
धन्वं (नपुं०) [धन्+वत्] धनुष।
धन्वन् (पुं०/नपुं०) [धन्व्+कनिन्] मरुधरा, मरुभूमि, परती भूमि, उपजविहीन भूभाग।
धन्वन्तरं (नपुं०) चार हाथ के बराबर दूरी का माप।
धन्वन्तरि (पुं०) [धनुः चिकित्साशास्त्रं तस्यान्तमुच्छति-धनु-अन्त+ऋ-इ] चरकविशेषज्ञ वैद्य, भिषग, चिकित्साशास्त्र जानकार, सुश्रुतसंहिता। (जयो० ३/१६)
धन्विन् (वि०) धनुष से सुसज्जित।
धन्विनः (पुं०) [धन्व+इनन्] सूकर।
धम (वि०) [धम्+अच्] धौंकने वाला, पिघलाने वाला, गलाने वाला।

धमः (पुं०) १. चन्द्र, शशि। २. यमराज।
धमकः (पुं०) लुहार।
धमधमा (स्त्री०) अनुकरणात्मक शब्द।
धमन (वि०) [धम+ल्युट्] चौंकने वाला।
धमनः (पुं०) एक मनुष्य सम्बंधी कुल।
धमनि/धमनी (स्त्री०) [धम्+अनि, धमनि+ङीष्] १. शरीर की नाड़ी, शिरा। २. गला, कण्ठ, गर्दन।
धमिः (स्त्री०) [धम्+र] फूंक मारना।
धम्मलः (पुं०) अलंकृत शिरो भूषण, स्त्री के सिर का अलंकृत भूषण।
धम्मिलः (पुं०) कोल्लाग ग्राम का ब्राह्मण, पञ्चम गणधर के पिता।
धम्मिल्लः (पुं०) धम्मिल्ल नामक मंत्री, महाकच्छ का मंत्री (समु० ४/११)
धम्मिल्लचर (पुं०) महाकच्छ राजा का मंत्री। (समु० ४/३७)
धय (वि०) [धे+श] पीने वाला, चूसने वाला।
धर (वि०) [धृ+अच्] धारण करने वाला, ग्रहण करने वाला, अक्षधर, गदाधर, अंशुधर, महीधर आदि।
धरः (पुं०) गिरि, पर्वत, पहाड़।
धरण (वि०) [धृ+ल्युट्] रखने वाला, संभालने वाला।
धरणः (पुं०) १. गिरि, २. सूर्य, ३. वक्षस्थल, ४. चावल।
धरणं (नपुं०) सहारा देना, संभालना।
धरणि/धरणी (स्त्री०) [धृ+अनि, धरणी+ङीष्] १. पृथ्वी, भू, धरा, भूमि। आराम-धाम-धनतो धरणीं समस्तान्। (सुद० १/३६) २. छत, ३. नाड़ी, शिरा, ३. मिट्टी। ४. बुद्धि। धारयति तथा निर्णीतमर्थ या बुद्धिर्धरयति।
धरणीकीलकः (पुं०) गिरि, पर्वत, पहाड़।
धरणीकम्पः (वि०) पृथ्वी का कम्पन्न।
धरणिखण्डं (नपुं०) भू भाग।
धरणीगुहा (स्त्री०) भू कंदरा, खोह।
धरणीजा (स्त्री०) जनक पुत्री, पृथ्वी से उत्पन्न होने वाली।
धरणीतलं (नपुं०) भू भाग, भूतल, पृथ्वी का अंश। (दयो० ६१, जयो० ४/६३) भैरवश्यमपि यत्र नभस्तु भैरवस्य धरणीतलमस्तु। (जयो० ४/६३)
धरणीतिलकः (पुं०) विजयार्द्ध पर्वत की दक्षिण दिशा का एक नगर। पत्तनस्य धरणीतिलकस्यादित्यवेगनरपो विजयार्द्धे। (समु० ५/१७)
धरणीधरः (पुं०) नृप, राजा। 'सोमदत्तः धरणीधरणाविन्दयुगलं प्रणनाम।' (दयो० १०८)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

० चक्रवर्ती-शुचिरिहास्मद् धीड्धरणीधर सति पुनस्त्वयि कोऽयमुपद्रवः। (जयो० ९/७३)
० कच्छप।
० पर्वत, गिरि। धरणीधरवक्त्रतः पुनस्तत् (जयो० १२/१८)
० हस्ति, हाथी।
० विष्णु।

धरणीधवः (पुं०) राजा, सर्व शिरोमणि। (जयो० २५/५९)

धरणीधवलः (पुं०) पवित्र भूमि।

धरणीधामं (नपुं०) भूतल, भूस्थान।

धरणीधृत (पुं०) पर्वत, गिरि।

धरणीपुत्रः (पुं०) पृथ्वी पुत्र मंगल।

धरणीपुत्री (स्त्री०) जनक पुत्री सीता।

धरणीभूषणं (नपुं०) पृथ्वी का अलंकार, भू अलंकरण।

धरणीभूषणता (वि०) धरणीतल की शोभा वाला। 'धरा तु धरणीभूषणताया नैव जात्वपि स दूषणतायाः। (सुद० ७५)

धरणीभृत् (पुं०) पर्वत, गिरि। भरतेऽत्र गिरिर्महानुरु, विजयार्द्धो धरणीभृतां गुरुः। (समु० २/१)

धरणीवलयः (पुं०) भू अलंकरण, पृथ्वी का कंगन। (समु० ६/४२)

धरणीश्वरः (पुं०) नृप, राजा।

धरणेन्द्रः (पुं०) नागेन्द्र, एक देव का नाम। (भक्ति० ३२)

धरा (स्त्री०) [धृ+अच्+टाप्] पृथ्वी, भूमि, भू (जयो० १/५) धरैव शय्या (सुद० ९/१) धरा पुरान्यैरुररीकृता वाऽसकाविदानीं भवता धृता वा। (सुद० १११) निष्कण्टकादर्शमयी धरा वा मन्दः सुगन्धः पवनः स्वभावात्। (वीरो० १२/५०)
० शिरा।
० योनिस्थल।

धराङ्कं (नपुं०) धरातल, भूभाग। 'धराया मातृस्थानीयाया अङ्के (जयो० ३/२३)

धराचरः (पुं०) राजा, भूपति।

धराचलः (पुं०) भूपति। (जयो० ६/१२)

धराचलकुलः (पुं०) भूपति समूह। (जयो० ६/१२) 'धराचराणां भूमिगोचराणां भूपतीनां कुलं समाजमनयन्त'

धरातलं (नपुं०) भू भाग, भूतल। (सुद० ८५) (वीरो० २१/७)

धरात्मजः (पुं०) मंगल ग्रह।

धरात्मजा (स्त्री०) सीता, पृथ्वी से उत्पन्न होने वाली।

धराधरः (पुं०) पर्वत, गिरि।

धराधिपः (पुं०) भूपति, राजा। धराधिपानामिति चित्रमाला। (समु० ६/१८)

धराधीशः (पुं०) अधिपतिः भूपति, नृप, राजा। साधारण-धराधीशाञ् जित्वाऽपि स जयः कुतः। (जयो० ७/४९)

धराधीश्वरः (पुं०) नृप, राजा। ये ये समुपायाता अत्र धराधीश्वराः परेऽप्यनया। (जयो० ६/९८)

धरानिवासिन् (वि०) पृथ्वी पर रहने वाले, वसुधालय के वासी। (जयो०वृ० १२/७०)

धरापतिः (पुं०) राजा, नृप।

धरापुत्रः (पुं०) मंगल ग्रह।

धराभवः (पुं०) मृत्युलोग। (जयो० १/७९)

धराभितप्त (वि०) पृथ्वी संतप्त, भू तपन। धरा पृथिवीदानीम-भितप्ता किल सन्तापसमन्वितास्तीति (जयो० १५/१६)

धराभुज् (पुं०) नृप, राजा, पृथ्वीपति।

धरामण्डलं (नपुं०) भू भाग, पृथ्वीमंडल।

धरामोदः (पुं०) पृथ्वी का आनन्द।

धरावंशः (पुं०) धरा नामक वंश, धरा नामक परिवार।
परमारान्वयोत्थस्य धरावंशस्य भामिनी।
शृङ्गारदेवी आसीच्च जिनभक्ति सुतत्परा।।
(वीरो० १५/५२)

धरावलयः (पुं०) भूमण्डल, भूभाग। (जयो० १३/५४)

धरासुरः (पुं०) ब्राह्मण, विप्र। (वीरो० १४/६)

धरित्री (स्त्री०) [धृ+इत्र+ङीष्] भूमि, पृथ्वी।

धरिमण् (नपुं०) [धृ+इमनिच्] तुला, तराजू।

धत्तूरः (पुं०) धतूरे का पौधा।

धत्रं (नपुं०) [धृ+त्र] १. घर, गृह। २. सद्गुण।

धर्मः (पुं०) [ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा-धृ+मन्] नैतिक गुण, श्रेष्ठ कार्य, उत्तम कार्य, उत्तम विधि क्रिया कलाप।
० दार्शनिक अभिव्यक्ति-एक वस्तु का गुण-जो धर्म एवं धर्मी के तादाम्य से युक्त होता है। 'धर्मेण वै संध्रियतेऽत्रवस्तु न वस्तुसत्त्वं तमृते समस्तु। (सम्य० ७१)
० धार्मिक संस्कार-'अङ्गीकृते धर्मिणि भातु धर्मः सूर्ये प्रकाशः स्फुरतीति मर्मः। (सम्य० ७२)
० आचार, आचरण-सदाचार (जयो०वृ० १/९८) 'नाप्नोति धर्म बहिरात्मतातः' (सम्य० ७०)
० कर्त्तव्य।
० प्रथा, रीति, प्रचलन, अध्यादेश, अनुविधि।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

० अधिकार, न्याय, औचित्य, निष्पक्षता।
० पवित्रता, शालीनता, अच्छा, सात्त्विक। (सुद० ४/१२)
० नैतिकता। (समु० ४/२१)
० प्रकृति, स्वभाव, चरित्र गुण। (सुद०) धर्मस्य तत्त्वं च समीक्ष्य तावत्' (सुद० १०८)
० सत्संगति, समरूपता।
० धर्म पुरुषार्थ (जयो०वृ० १/३) तत्रापि धर्म: प्रवरोऽस्ति भूमौ न तं विना यद्भवतोऽर्थ-कामौ (दयो० २/२५) 'किमु धर्मं हि च नर्मशर्मणी व:' (जयो० १२/४८) धर्म: खलु शर्महेतुरीष्यते जनानाम् (जयो० २३/४९)
० दया की प्रधानता-दयाविसुद्धो धम्मो।
० आत्म-परिणाम-मोहक्खोह-विहीणो परिणामो अप्पणो धम्मो। (भा०पा० ८१)
० सम्यक् दृष्टि-
० इष्ट स्थान को प्राप्त करने वाला-इष्ट स्थाने धत्ते इति धर्म:। (स०सि० ९/२)
० अहिंसा आदिलक्षण धर्मं।
० शुभ स्थान की प्राप्ति। (सम्य० ९८)
० अभ्युदय, नि:श्रेयस सुख।
० धर्म परिणाम, भाव, अवस्था, परिस्थिति, अन्त और तत्त्व ये एकार्थवाचक हैं।
चारित्र धर्म, वस्तुस्वभाव धर्म। वत्थुसहावो धम्मो।
० धर्मद्रव्य-गमनशील जीव। (सम्य० १९)
० सम्यक्त्व-प्रभावेयेदेष सदा स्वधर्ममाप्नोति लोको यत एव शर्म (सम्य० ९६)
० धर्मात्मा विना धर्म नहीं-धर्मस्य संग्राहक एष यस्माद् धर्मात्मना नास्तु विना स तस्मात्। (सम्य० ९६)
० धर्म महापुरुष चरित्र चित्रण। (सम्य० ९७)
० वीतरागपने का नाम धर्म। (सम्य० ९८)
० भेद-विज्ञान। (सम्य० १०६)
० धर्म नाथ तीर्थंकर का नाम। (भक्ति० १९)

धर्मकथा (स्त्री०) अनुयोग कथा, सदाचरण की कथा।

धर्मकर (वि०) धर्म करने वाला।

धर्मकर्मन् (नपुं०) धर्मपालन, सदाचरण का उपयोग, धार्मिक कर्त्तव्य, यज्ञानुष्ठान। (जयो० वृ० ३/१)

धर्म-कर्माध्यक्ष: (पुं०) पुरोहित। (जयो०वृ० ३/१४)

धर्मकार्यं (नपुं०) सदाचरण का कार्य।

धर्मकोष: (पुं०) धर्मशास्त्र।

धर्मक्षेत्रं (नपुं०) धर्मभूमि।

धर्मचरणं (नपुं०) उत्तमधर्मों का आचरण।

धर्मग्रहणं (नपुं०) धर्म स्वीकार करना। (समु० ४/२१)

धर्मगृहैककेतु (स्त्री०) धर्म प्रसार की अद्वितीय ध्वजा। (वीरो० ११/६) प्रजासु आजीवनिकाभ्युपायमस्यादिषट्-कर्मविधिं विधाय। पुन: प्रवव्राज स मुक्तिहेतु-प्रयुक्तये धर्मगृहकैकेतु:। (वीरो० ११/६)

धर्मचक्रं (नपुं०) धर्म प्रवर्तन चक्र। दिशि यस्यामनुगम: सम्भाव्योऽभूज्जिनेशिन:। तत्रैव धर्मचक्राख्यो वर्त्म वर्तयति स्म स:।। (वीरो० १५/१३) हे धर्म चक्र तल संस्तव एष पातु पश्चात् भुवि क्व परचक्रकथास्तु जातु। दुष्कर्मचक्रमपि यत्प्रलयं प्रायतु सिद्धि: समृद्धिसहिता स्वयमेव भातु।। (जयो० १०/९८)
वृषचक्र। वृषचक्रं धर्मचक्राख्यं रत्नं यत् किलापक्रमप्रभावस्य दुर्मतप्रसारस्य प्रतियोगि प्रतिपक्षस्वरूपं यच्च योगिनं योगिनं प्रति प्रभावद् भवति। (जयो० १२/४)

धर्मचर्या (स्त्री०) धार्मिक अनुष्ठान, धर्म आचरण।

धर्मचारिन् (वि०) भद्रव्यवहार करने वाला, धर्माचरणशील, सद्गुणी, सद्व्यवहारी।

धर्मचारिन् (पुं०) श्रमण, साधु, मुनि, यति, साधक।

धर्मचारिणी (स्त्री०) पतिव्रता, नारी, पत्नी, भार्या।

धर्मचिंतनं (नपुं०) सद्गुणों का मनन, वस्तुस्वरूप का अध्ययन, सात्त्विक विधिविधान का प्रतिपालन, नैतिक विचार, आत्म-परिणाम पर विचार।

धर्मचिंता (स्त्री०) आत्म-परिणाम का चिन्तन, वस्तुस्थिति का मनन।

धर्मज: (पुं०) धर्म से उत्पन्न पुत्र।

धर्मजन्मन् (पुं) युधिष्ठिर।

धर्मजिज्ञासा (स्त्री०) सदाचरण की पृच्छा, उत्तम संस्कारों की अभिलाषा।

धर्मजीवनं (नपुं०) धर्ममय जीविका, कर्त्तव्यनिष्ठ जीवन।

धर्मज्ञ (वि०) धर्मज्ञाता, वस्तु स्वरूप का ज्ञाता, धार्मिक विधिविज्ञ, पुण्यात्मा, धर्मपरायण, तत्त्वज्ञ, नीतिज्ञ।

धर्मतरू (पुं०) कल्पवृक्ष। धर्मवृक्ष सर्वमेतच्च भव्यात्मन् विद्धि धर्मतरो: फलम्। (सुद० ४/३९) 'मूलं धर्मतरोरबोहिमति-मन्यत्नादहिंसाव्रतम्' (मुनि० ५)

धर्मतीर्थं (नपुं०) धर्म प्रवर्तक।

धर्मतीर्थंकर (वि०) धर्म रूप तीर्थ के प्रवर्तन करने वाले।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

धर्म तीर्थंकर: (पुं०) धर्मनाथ तीर्थंकर, जैनधर्म के पंद्रहवें तीर्थंकर का नाम।

धर्मत्याग (पुं०) धर्मच्युत, धर्ममार्ग से विमुख।

धर्मदेव: (पुं०) निर्ग्रन्थ साधु।

धर्मद्रव्यं (नपुं०) जीव और पुद्गल को गमन करने में सहकारी। (वीरो० १९/३९)

० धर्मास्किाय-गमनशील जीव और पुद्गल को मछली की तरह जल गमन करने में सहायक हो। (सम्य० १९) 'धर्मोऽत्रकर्म प्रकारोऽथवा तु' (समु० ८/३) धर्मद्रव्य पुन: क्रिया शुरू करने वाला है।

धर्मद्रोह: (पुं०) धर्म के प्रति ईर्ष्या, धर्मग्लानि।

धर्मद्रोहिन् (वि०) धर्म के प्रति ईर्ष्य करने वाला।

धर्मधर (वि०) धर्म के धारक, सदाचरण को धारण करने वाले। 'धर्म: सदाचार: चापश्च सद्धारकेण साधुना' (जयो०वृ० १/९८)

धर्मधुरी (स्त्री०) धर्माधार। (वीरो० १६/१८)

धर्मध्वज: (पुं०) छद्मवेशी।

धर्मध्वजिन् (पुं०) पाखण्डी, धर्म के नाम पर छल करने वाला, छद्मवेशी।

धर्मध्यानं (नपुं०) दश प्रकार के धर्म का अनुचिंतन। आज्ञा, अपाय, विपाक और विवेक में संस्थित।

० मोह क्षोभ से विवर्जित ज्ञान, दर्शन और चारित्र का ध्यान।

० वस्तु स्वरूप का यथार्थ अनुचिन्तन।

० आर्त, रौद्र, धर्म और शुक्ल इन चार ध्यानों में धर्म ध्यान, जिसमें अपने समान दूसरे के हित का चिंतन किया जाता है। अन्यस्यापिहिताय चिन्तनमथ स्वस्येव संजायते, यत्रैतत्किल धर्मनाम सुखदं ध्यानं समाख्यातं। (मुनि० २२)

० औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक, औदयिक और पारिणामिक इन पांच भावों का अनुचिन्तन मनन धर्मध्यान है। (सम्य० ८१)

० सरागधर्म और वीतरागधर्म एवं दोनों का अनुचिन्तन-मनन। (सम्य० ८२)

धर्मध्यान-ध्याता (वि०) धर्मध्यान की ओर संलग्न होने वाला, अशुभ लेश्या और अशुभ भावना से रहित चिन्तन करने वाला धर्मध्यान का ध्याता है।

धर्मनन्दन: (पुं०) युधिष्ठिर।

धर्मनाथ: (पुं०) पन्द्रहवें तीर्थंकर का नाम।

धर्म-निवेश: (पुं०) धार्मिक श्रद्धा।

धर्म-निष्पत्ति: (स्त्री०) धर्माचरण, धर्म अनुष्ठान, धर्मनीति का पालन, कर्तव्य पालन।

धर्मपत्नी (स्त्री०) पतिव्रता पत्नी, जिसके साथ विधिपूर्वक विवाह किया गया, जो सजातीय हो, धर्मादि कार्य में सहयोगी हो।

परिणीतात्मज्ञातिश्च धर्मपत्नी च सैव च।
धर्मकार्ये च सध्रीचि यागादौ शुभकर्मणि।।
(लाटी संहिता २/१८०)

धर्मपथ: (पुं०) सन्मार्ग, नीतिपथ, न्यायपरायण मार्ग। धर्मादागतो धर्म्य आगमोक्त उत्तरलोकहितंकर: 'धर्मश्च तौ पन्थानौ तयोर्युग्मम्' (जयो०वृ० ५/४७)

धर्मपर (वि०) धर्मनिष्ट, धर्म में लीन।

धर्मपरायण (वि०) धर्मभाव युक्त, कर्त्तव्यनिष्ट।

धर्मप्रभावना (स्त्री०) धर्म प्रचार-प्रसार (वीरो० १५/३७) धर्म मार्ग की प्रभावना।

धर्मपात्र: (पुं०) दिगम्बर साधु। (जयो० २/९४)

धर्मपाल: (पुं०) धर्मरक्षक, धर्म की ओर अग्रसर।

धर्मपालनं (नपुं०) धर्ममार्ग का अनुसरण। (दयो० ३४)

धर्मपाठक: (पुं०) धर्मज्ञान दायक शिक्षक धर्माध्यापक।

धर्मपीडा (स्त्री०) धर्मापराध, अशुभप्रवृत्ति।

धर्मपुत्र: (पुं०) युधिष्ठिर।

धर्मप्रतिपादकशास्त्रं (नपुं०) श्रुति, आगम। (जयो०वृ० ३/१५)

धर्मप्ररोट: (पुं०) धर्म प्रचार। (वीरो० १५/३२)

धर्मप्रवक्तृ (पुं०) धर्म व्याख्याता, धर्म प्रतिपादक, धर्म प्रचारक।

धर्मप्रवचनं (नपुं०) धर्म प्रधान व्याख्यान, वस्तु-तत्त्व प्रतिपादक कथन, धर्मोपदेश।

धर्मभाव: (पुं०) धर्मभावना, धर्मानुचिन्तन।

धर्ममय (वि०) धर्म युक्त, धर्म सहित, धर्मध्यान सहित। (सम्य० ९७)

धर्ममूलं (नपुं०) धर्माधार, धर्म की प्रमुखता। यथा स्वयं वाञ्छति तत्परेभ्य: कुर्याज्जन: केवलकातरेभ्य:। तदेतदेकं खलु धर्ममूलं परन्तु सर्वं स्विदमुष्य तूलम्।। (वीरो० १६/६)

धर्मयुगं (नपुं०) सत्युग, अच्छा समय।

धर्मरति (स्त्री०) न्यायशील, न्यायप्रिय।

धर्मराज (पुं०) १. जिन, अर्हत्, २. युधिष्ठिर, ३. राजा।

धर्मरोधिन् (वि०) धर्म विरुद्ध, अनैतिक, अन्याय, अनाचार।

धर्मलक्षणं (नपुं०) धर्म चिह्न, धर्मभाव।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

धर्मलाभः (पुं०) धर्मवृद्धि।

धर्मवत्सल (वि०) कर्त्तव्यशील, धर्मपरायण।

धर्मवर्तिन् (वि०) कर्त्तव्यशील, धर्मपरायण, न्यायशील।

धर्मवादः (पुं०) स्वसमय का ज्ञायक, धर्म कथन, धर्मचर्चा।

धर्मवासरः (पुं०) पूर्णिमा दिवस।

धर्मवित्त (वि०) धर्मवेत्ता, धर्म स्वरूप जानने वाला। 'धर्मो वदेत् केवलिनं हि सर्वं न धर्मवित्तोऽस्ति यतो ह्यखर्वः। (वीरो० १७/२५)

धर्मविद् (वि०) धर्मबोध, संस्कार जन्य शिक्षा।

धर्मविप्लवः (पुं०) धर्म विरोध, अनैतिकता, कर्त्तव्य संहार, नीति उल्लंघन।

धर्मवीरः (पुं०) शौर्यसम्पन्न, अत्यधिक धर्मनिष्ठ योद्धा।

धर्मवृक्षः (पुं०) कल्पवृक्ष, वृषतरु। (जयो० २५/८४)

धर्मवृद्ध (वि०) सद्‌गुणों में ज्येष्ठ सद्‌गुणी वृद्ध व्यक्ति।

धर्मवृद्धि (स्त्री०) धर्मलाभ, धर्मवृद्धि, सद्‌गुणों का विकास, पवित्र गुणों की प्राप्ति।
उत्तमाङ्गं सुवंशस्य यद्दासीदृषिपादयोः।
धर्मवृद्धिरभूदास्याद् गुणमार्गणशालिनः।। (सुद० ४/४)

धर्मशर्मा (पुं०) नाम विशेष, जैन वेद, वेदांग परायण ब्राह्मण हरिश्चन्द्र कवि (जयो० २२/८५) 'धर्मशर्मा नाम ब्राह्मणः काशिकातो विद्याध्ययनं कृत्वा वेद-वेदङ्ग-पारङ्गतः' (दयो० ९०) १. (वि०) धर्म के सुख का अनुभव करने वाला।

धर्मशर्माधिराट् (पुं०) धर्मशास्त्र में प्रवीण राजा-जयकुमार। (जयो०वृ० २२/८५)

धर्मशर्माभूत् (वि०) धर्म में सुख का अनुभव करने वाला। 'धर्मतो धर्मे वा शर्म सुखं यस्य स धर्मशर्माभूत्' (जयो०वृ० २२/८५)

धर्मशर्माभ्युदयं (नपुं०) महाकवि हरिश्चन्द्र विरचित एक जैन महाकाव्य।

धर्मशाला (स्त्री०) धर्मार्थ संस्था, यात्रियों के लिए निःशुल्क ठहरने योग्य स्थान। **धर्मस्थान** (जयो०वृ० २५/३९) वृषव- (जयो०वृ० २५/३९)

धर्मशासनं (नपुं०) धर्मशास्त्र, धर्म संहिता।

धर्मशास्त्रं (नपुं०) १. आध्यात्म शास्त्र, २. पवित्रशास्त्र, ३. नीतिपरक शास्त्र।

धर्मशील (वि०) पुण्यात्मा, पुण्यवान्, धर्मनिष्ठ, नीतिज्ञ, धर्मज्ञ, विदज्ञ, सद्‌गुणज्ञ, सदाचारी।

धर्मसंधर्ता (वि०) धर्म का समर्थक धर्म धारक। 'धर्मस्य च संधर्ता धारकोऽभूत्। (जयो० २३/४४)

धर्मसंहिता (स्त्री०) धर्मशास्त्र, नीतिशास्त्र।

धर्मसत्व (वि०) धर्मरहस्य।

धर्मसभा (वि०) समवसरण, दिव्योपदेश स्थान, शास्त्रसभा, आगमनिष्ठ सभा, सर्वज्ञवचन को प्रतिपादिन करने वाली सभा।

धर्मसहाय (वि०) धर्म में सहायक।

धर्मज्ञात् (वि०) धर्म युक्त। (जयो० २/७३)

धर्मसाधक (वि०) धर्मध्यान की साधना करने वाला।

धर्मस्तु (वि०) धर्म हो। (सु० ४/६)

धर्मस्थानं (नपुं०) धर्मशाला। (जयो० २५/३९)

धर्मस्थिति (स्त्री०) धर्म की विशेषता, नीति की स्थिति। समाप्य चैवं व्यवहाररूपधर्मस्थितिं सम्प्रति योगिभूपः। (भक्ति० २९)

धर्माख्यः (पुं०) धर्म सम्बन्धी, धर्म नाम वाली।

धर्माङ्कः (पुं०) सारस।

धर्मागमः (पुं०) आगम ग्रंथ, धर्मशास्त्र, सिद्धान्त शास्त्र।

धर्माचार्यः (पुं०) धर्म शिक्षक, सच्चे गुरु।

धर्माचरणं (नपुं०) [धर्मस्य आचरणं करोति] धर्म के आचरण में तत्पर। (जयो०वृ० १/४०)

धर्मात्मजः (पुं०) युधिष्ठिर।

धर्मात्मन् (वि०) धर्मात्मा, धर्म प्रधान आत्मा वाला। धर्मस्य संग्राहक एष यस्माद् धर्मात्मना नास्तु विना स तस्मात्। (सम्य० ९६)

धर्मात्मता (वि०) धर्मात्मापन, धर्म का धारक। धर्मात्मतां विज्ञ उपैति बाह्ययत्यागातिगोऽपि क्षमतां विगाह्य। (सम्य० ७०)

धर्माधिकरणं (नपुं०) विधिप्रशासन, न्यायालय।

धर्माधिकरणिन् (पुं०) न्यायधीश, दण्डनायक।

धर्माधिकर्तृत्व (पुं०) धर्माधिकारी। धर्माधिकर्तृत्वममी दधाना बाह्यं क्रियाकाण्डमिताः स्वमानात् (वीरो० १८/४९)

धर्माधिकारः (पुं०) न्याय-प्रशासन, न्याय संरक्षणाधिकार।

धर्माधिकारी (पुं०) न्याय-प्रशासन, दण्डनायक, न्यायधीश।

धर्माधिभुवः (पुं०) धर्म प्रचार। पुरुदितं नाम पुनः प्रसाद्यामुष्मिस्तु धर्माधिभुवोऽजिताद्याः। (वीरो० ४५)

धर्माधिष्ठानं (नपुं०) न्यायालय।

धर्माध्यक्षः (पुं०) न्यायाधीश।

धर्मानुप्रेक्षा (स्त्री०) जिनोपदिष्ट धर्म का अनुचिंतन।
० एक भावना, जिसमें धर्म का अनुप्रेक्षण किया जाता है।

धर्मानुरागः (पुं०) धर्मप्रेमी, धर्मवत्सल। एतद्-धर्मानुरागेण

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चैतद्देशप्रजाऽखिला। प्रायशोऽव बभूवापि जैनधर्मानुयायिनी।। (वीरो० १५/३१)

धर्मानुयायित्व (वि०) धर्म मार्ग का अनुसरण करने वाले।

धर्मानुयायिनी (वि०) धर्म का अनुसरण करने वाले। (वीरो० १५/३१)

धर्मानुष्ठानं (नपुं०) धर्माचरण, धर्म युक्त क्रिया, पूजा, विधान, आत्म-ज्ञान का शिक्षण।

धर्मान्ध: (पुं०) धर्मान्ध, धर्म पर अन्धविश्वासी। (दयो० ३४)

धर्मापेत (वि०) धर्म विरुद्ध, दुराचारी, अनैतिक आचरण वाला।

धर्मामृतं (नपुं०) धर्मपीयूष, धर्म रूप अमृत। (वीरो० १८/४६)

धर्माम्बुवाह (वि०) धर्मबुद्धि वाले। 'धर्माम्बुवाहाय न क: सपक्षी' (सुद० ४/२२)

धर्मारण्यं (नपुं०) तपोवन।

धर्माराधना (स्त्री०) धर्म की उपासना, उत्तम क्षमादि की आराधना। (जयो०वृ० ३/३)

धर्मालीक (वि०) झूठे चरित्र वाला, दुराचरण करने वाला।

धर्मावर्णवाद: (पुं०) धर्म की निन्दा करना।

धर्मासनं (नपुं०) न्यायाधिकरण, न्याय की गद्दी।

धर्मास्तिकाय: (पुं०) गमन क्रिया युक्त धर्मद्रव्य, जीव और पुद्गल को गमन करने में सहकारी। (सम्य० २२)

० गमणणिमित्तं धम्मं।

० गइ-लक्खणो उ धम्मो।

० गतिपरिणतौ धर्म उपकारक:।

धर्मिन् (वि०) [धर्म+इनि] ० पुण्यात्मा, सद्गुणी। (सम्य० ९२) ० वस्तु को निर्णय करने वाला साधन, जो प्रमाण से, विकल्प से अथवा दोनों से प्रसिद्ध होता है, उसे अनुमान के प्रकरण में धर्मी कहा जाता है। 'कारणादि-व्यपदेशं द्रव्यं धर्मो, स्वधर्मापेक्षया द्रव्यस्य धर्मिव्यपदेश:। (जैन०ल० ५७६) धर्मेण वै संध्रियतेऽत्रवस्तु, न वस्तुसत्त्वं तमृते समस्तु। (सम्य. ७१) धर्म से ही वस्तु धर्मी का ग्रहण होता है। धर्म के बिना धर्मी का अस्तित्व नहीं।

धर्मेन्द्र: (पुं०) एक देव का नाम, २. युधिष्ठिर। ३. धर्म में प्रमुख, धर्म श्रेष्ठ।

धर्मेश: (पुं०) यम।

धर्मोत्तर (वि०) न्यायपरायण, निष्पक्ष व्यक्ति।

धर्मोपदेश: (पुं०) धर्म का प्रवचन, धर्म-कथा का अनुष्ठान। चतुर्थ कथन का विवेचन। 'आक्षेपिणी विक्षेपणी संवेजनी निर्वेदनति चतस्त्र: कथा:, तासां कथनं धर्मोपदेश:। (भ०आ०टी० १०४) धर्मानुष्ठान, धर्मदेशना। तै: सार्द्धं न हि भाषणं च कुरुताद् धर्मोपदेशादृते' (मुनि० ५)

धर्म्यं (पुं०) एकाग्रता, धर्मध्यान सम्बन्धी। न्यायोचित, उपर्युक्त। समीचीन व्रतानि लात्वा समितीर्वहद्भयो, धर्म्ये मतिं भावनया दधद्भ्य:। (भक्ति० वृ० १५)

धर्म्यकर्मन् (नपुं०) धर्मकार्य, अभीष्ट कार्य। 'धर्मेहितं धर्म्यं च तत्कर्म तस्मिन् रतस्तत्पर:' (जयो०वृ० २/७३)

धर्ष: (पुं०) [धृष्+घञ्] धृष्टता, अहंकार, अभिमान, घमंड, अधीरता, १. अवज्ञा, २. बलात्कार, सतीत्व हरण।

नन्दीश्वरपंक्ति (स्त्री०) नन्दीश्वर द्वीप की एक श्रृंखला।

नन्दीश्वरद्वीप भक्तिः (स्त्री०) नन्दीश्वर द्वीप की अर्चना।

नन्दीश्वर-वारिनिधिः (पुं०) नन्दीश्वर समुद्र। (ति०प० ५/४६)

नन्दीषेणः (पुं०) तृतीय नारायण। (ति०प० ४/१६१२)

नन्दोत्तरः (पुं०) नन्दोत्तर नामक देव।

नन्दोत्तरा (स्त्री०) नन्दोत्तरा नामक वापिका।

नपः (पुं०) एक कञ्चुकी नाम। (जयो०वृ० १/५)

नपात् (पुं०) [पाती इति-पा+शतृ-नतो नञा समासे प्रकृतिभावः] पोता।

नपुंस् (पुं०) नपुंसक, हिजड़ा। (सुद० ८४)

नपुंसकता (वि०) कामाशक्ति की क्षीणता। (वीरो० २२/३३)

नपुंसकस्वभावः (पुं०) भोगलिप्सा के अभाव से रहित, कामासक्ति क्षीण। नपुंसकस्वभावस्य स्वभाऽवश्यमियं न किमु। (सुद० ८४)

नपुरस्सर (वि०) क्षत्रियत्व हीन। नकारपूर्वकं नक्षत्रमिति, (जयो०वृ० ५/२७)

नप्तृ (पुं०) पोता, नाती। [न पतन्ति पितरो येन, न+पत्+तृच्] लड़के का पुत्र, लड़की का पुत्र।

नबालता (वि०) बाल्यावस्था से रहित। न विद्यते बालता (जयो० ५/८८)

नभः (पुं०) [नभ्+अच्] श्रवण मास।

नभस् (नपुं०) [नह्यते मेधैः सह-नह्+असुन्] गगन, आकाश, खेभाग, अन्तरिक्ष। (जयो० १/६८) 'प्रवर्तते किञ्च मर्तिमेयं नभस्यभूद् व्याप्तयाऽप्यमेयम्' (जयो० १/२३)
- ० नभ-आकाशद्रव्य (सम्य० १९) 'नभस्तु रङ्गस्थलम्' (समु० ८/२) धर्मोऽप्यधर्मः समयो नभश्च, स्यात् पञ्चम् पुद्गल नामकश्चः' (समु० ८/२) अस्या अनन्यरमणीयायाः पदस्याग्रं प्रान्तभागं भया भान्त्या सहितं, यद्वा भैर्नक्षत्रैः सहितं सभमिति, जनाः साधारणलोकाः सदा खं न भवतीति नखमाहुर्जगुः। कान्त्या व्याप्तया ख वर्जितमवकाशरहित-मित्युक्तवन्तः, किन्तु न कोऽपि जनस्तत्रावकाशमाप्तवान्। 'नभस्तु पुनर्भ-शून्यतया निष्प्रभतया च खमिति ख्यातिमाख्यां श्रीपूज्यपादतो मुनिनायकाल्लेभे खमभावरूपं भाभावादेव नभ आकाशमिति नाम लेभे किल। (जयो०वृ० ३/४५)
- ० नभ-कान्तिविहीन। (जयो०वृ० ३/४५)
- ० नक्षत्र रहित।

नभः कल्पः (पुं०) नभस्तल, नभभाग, आकाश स्थान। (सुद० ७८) 'तत्र तल्पे नभ कल्पे घनाच्छादनमन्तरा' (सुद० ७८)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नभश्कान्तिः (स्त्री०) आकाश प्रभा।

नभश्कान्तिन् (पुं०) सिंह, शेर।

नभश्गजः (पुं०) मेघ, बादल।

नभश्चक्षुस् (पुं०) दिनकर, रवि, सूर्य।

नभश्चमस् (पुं०) शशि, चन्द्र।

नभश्चर (वि०) गगन बिहारी आकाश में विचरण करने वाला। नभोगाधिभुव (जयो० ६/१०)

नभश्चराध्वनि (स्त्री०) १. आकाशध्वनि। (वीरो० ७/२) २. शंखध्वनि।

नभश्चरः (पुं०) ज्योतिषी देव। नभश्चर-व्यन्तर-भावनानां लसन्ति नित्यानि विमानजानाम्' (भक्ति० ३५)

नभश्चरार्थ (वि०) नभचारी।

नभश्चरी (स्त्री०) विद्याधरी। आदिमार्दवतो नभश्चरी, स्ववभातीव गुणेन किन्नरी। (समु० २/८)

नभश्तलं (नपुं०) आकाश भाग।

नभश्दुहः (पुं०) मेघ, बादल।

नभश्दृष्टिः (पुं०) १. अक्षि विहीन, अन्धा २. आकाश की ओर देखने वाला।

नभश्द्वीपः (पुं०) मेघ, बादल।

नभश्धूमः (पुं०) मेघ, बादल।

नभश्नदी (स्त्री०) नभ गंगा, आकाश गंगा।

नभश्प्राणः (पुं०) वायु, पवन, हवा।

नभश्मणिः (पुं०) सूर्य।

नभश्मंडल (नपुं०) आकाश, गगन, अन्तरिक्ष।

नभश्रजस् (पुं०) अन्धकार, अंधेरा, तमस्।

नभश्रेणु (स्त्री०) धुंध, कोहरा।

नभश्लया (स्त्री०) धूम, धुंध।

नभश्लिह् (वि०) १. आकाश चाटने वाला, २. उन्नत, अति विस्तृत, ऊँचा।

नभश्सद् (पुं०) ज्योतिषी देव।

नभसरित् (स्त्री०) छायापथ, 'आकाशगंगा।

नभस्थली (स्त्री०) आकाश, गगन।

नभस्थानं (नपुं०) गगन चुम्बी, विशाल, ऊँची।

नभस्यः (पुं०) [नभस्+यत्] भाद्रपद की महिमा।

नभस्वत् (वि०) [नभस्+मतुप्] धुंधयुक्त, कोहरा जन्य।

नभांवुपः (पुं०) चातक पक्षी।

नभाकः (पुं०) [नभ्+आक] १. अन्धकार, २. राहु।

नभोगा (वि०) आकाशगामिनी। नभसि गच्छन्तीति नभोगा आकाशगामिनी देवविद्याधराः (भक्ति० २५)

नभोगाधिभुव (वि०) नभश्चर, विद्याधर। (जयो० ६/१०)

नभोगृहं (नपुं०) आकाशरूप घर। (वीरो० २५/८)

नभोनिकायः (पुं०) नभस्वरूप, आकाश कक्ष।

नभोयानं (नपुं०) नभ में गमन।

नभोवाक् (स्त्री०) आकाशवाणी। इदं प्रबुद्धाय समपणीयं स्वयं नभोवाक् समुपालभीयम्। (सुद० ४/१९)

नभ्राज् (पुं०) [भ्राज्+क्विप्] कृष्णमेघ, सघन बादल, काली घटा।

नम् (सक०) झुकना, नमस्कार करना, अभिवादन करना। ननाम हे पाठक! वच्मि तुभ्यं (जयो० १९/१५) प्रणाम करना, नमन करना (भक्ति० १/ नाममि)

० व्यतीत करना-बिताना-'तयोरगाज्जीव नमत्यघेन निरन्तरं जन्तुबधाभिधेन। (सुद० ४/१७)

० नमस्कार करना-नमाम्यहं तं पुरुषं पुराणमभूद्यु (समु० १/१) नमति स्म मुदा यत्र न मतिः स्मरतः पृथक् (जयो० ३/२१) व्यक्त करना, बोला जाना। (जयो० १२/७२) तत्र मखे हवनकर्मणि समुक्तं नम इत्येतद्-ऊँ सत्यजाताय नम इत्यादि-मन्त्रो में 'नमः' बोला जाने के रूप में।

नमकीनं (पुं०) १. वटक चुम्बन (जयो० १२/१२४) २. भोज्य पदार्थ। (जयो०वृ० १२/१२४)

नमदाचरणं (नपुं०) नमन व्यवहार। (सुद० ४/४४)

नमंती (वर्त०कृ०) नमन करती हुई। (सुद० १/२०)

नमनं (नपुं०) प्रणाम, नमस्कार, झुकना। (वीरो० ७/३)

नमस् (अव्य०) [नम्+असुन्] नमन, अभिवादन, प्रणाम, पूजा, सत्कार, प्रणति, विनीतभाव। नमोऽस्तु (जयो० ११/८५) 'नमस्' अव्यय का प्रयोग सम्प्रदान अर्थ में किया जाता है। यह निपात से निष्पन्न शब्द है। श्री गुरुभ्यो नमो नमः (दयो० १/५)

नमस्कारः (पुं०) प्रणम्यभाव, सादर नमन, प्रणति, प्रणाम। शिरोवनति, वन्दन। (जयो० ११/८५)

नमस्कारार्थ (वि०) नमनहेतु। (वीरो० ५/२५)

नमस्कृत (वि०) नमन करने योग्य। (सुद० ४/४६)

नमस्कृति (स्त्री०) नमन, प्रणाम, प्रणति।

नमस्कृत्य (वि०कृ०) नमन करके। (जयो० ३/९८)

नमस्गुरु (पुं०) आध्यात्मिक शिक्षक।

नमस्य (वि०) [नमस्+यत्] अभिवादनार्थ, वन्दनीय, सम्मानित, आदरणीय, पूजनीय।

नमस्यनं (नपुं०) नमन, नमस्कार।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नमस्या (स्त्री०) पूजा, अर्चना।

नमि (पुं०) १. एक विद्याधर, पिंगला गान्धार के राजा की पुत्री का पती, दामाद नमि। विद्युत्प्रभा सुपुत्री ह्यन्वितनामा-नयोनमेर्भार्या। (जयो० २४/१०५) २. नमिनाथ तीर्थं कर, इक्कीसवें तीर्थंकर का नाम। (भक्ति० १९)

नमुचिः (पुं०) एक दैत्य।

नमेरुः (पुं०) [नम्+एरु] एक वृक्ष, रुद्राक्ष, मुरपुन्नाग।

नमोह (वि०) विमोही। (वीरो० २६/२४)

नमोऽस्तु (अव्य०) नमन हो, नमस्कार। (समु० ३/१६) नमोऽस्तु सिद्धेभ्यः, नमोऽस्तु विश्व दृश्यवने। (दयो० १/३)

नम्र (वि०) [नम्र+ट] नम्र, विनीत, विनयशील, प्रणतियुक्त, अभिवादन जन्य।

नम्रगत (वि०) झुका हुआ, प्रणत, नमनशील।

नम्रचारी (वि०) झुककर चलने वाला।

नम्रता (वि०) नम्रभाव युक्त, प्रणम्य युक्त। (जयो० २/१३२) विनयशीलता।

नय् (सक०) १. जाना, रक्षा करना, देखना, प्रकट करना। (वीरो० १४/१४), २. सेवन करना (सुद० १२२) नयन्तु-पश्यन्तु (जयो० १/९), ३. ले जाना प्राप्त करना, ग्रहण करना। (सुद० १०८) नयन् प्राप्तयन (जयो० ६/१२) ४. व्यतीत करना। नयाम (सुद० ५/२ नय प्रापय (जयो० २/३) नयानि (सुद० ९८)

नयः (पुं०) [नो+अच्] ० निर्देशन, मार्गदर्शन, प्रबन्धन, ० व्यवहार, आचरण, चर्या। ० नीति, शासन विषय बुद्धिमत्ता, नीतिमार्ग। (जयो० १२/५०) राजनीतिज्ञता, प्रशासन। (जयो०वृ० ६/५४)

० न्याय, (सुद०) नैतिकता, न्यायपूर्वक (जयो० वृ० १२/५०)

० सिद्धान्त वाक्य, नियम, क्रम, प्रणाली पद्धति, परम्परा, रीति।

० नाद्, कथन पद्धति, 'णीञ् प्रापणे, तस्य नय इति रूपम्' वक्तैव सूत्रार्थप्रापणे गम्ये परोपयोगान्नयति नयः' वस्तुनः पर्याणां संभवतोऽधिगमनमित्यर्थः। (जैन० ल० ५८७)

० मुख्यनियामक हेतु।

० स्यात् पद युक्त कथन।

० नय के समानान्तर-प्रापक, कारक, साधक, निर्वर्तक, निर्भासक, उपलम्भक, व्यञ्जक। दीपक, भावक।

० जो विविध प्रकार से अर्थ विशेष को ले जाता है।

० ज्ञाता का मत-अभिप्राय। नयो ज्ञातुरभिप्रायो युक्तितोऽ-र्थपरिग्रहः।

० विकल संकथा।

० प्रमाणप्रकाशितार्थ विशेष प्ररूपको नयः। (त०वा० १/३३)

० निश्चय नय, व्यवहार नयः (सम्य० ११) (जयो० २/३) आत्मने हितमुशान्ति निश्चय (सम्य० ११) व्यवहारिकमुताहित नयम्। (जयो० २/३) एकदेश वस्तु का अध्यवसाय, एकदेशविशिष्टोऽर्थो नयस्य विषयो मतः' (न्यायविनिश्च० २९)

० श्रुतनिरुपितैक देशाध्वसायो नयः' (मूला०वृ० ९/६७)

नयकोविद (वि०) नीतिज्ञ, विधिवेत्ता, न्याय परायण।

नयनी (नपुं०) कथन निरूपण। (सुद० ९९)

नयगत (वि०) न्याय को प्राप्त हुआ, १. नयपक्ष की ओर अग्रसर। २. नियम पालन करने वाला।

नयज्ञ (वि०) १. दूरदर्शी, नीति कुशल, २. नयपक्ष को आधार बनाने वाला।

नयचक्षुस् (वि०) दूरदर्शी, बुद्धिमान, अग्रदृष्टि रखने वाला।

नयनं (नपुं०) [नी+ल्युट्] १. नीति, प्रबन्धन, निर्देशन, निकट लाना। नयन-प्रेषण, भेजना (जयो० २/११३) २. शासन करना। ३. नय (समु० ७/२०), नेत्र, अक्षि। (जयो० ९/११) (वीरो० ४/३०) (जयो० ४/१२)

नयनक्रि (स्त्री०) ले जाना।

नयनगोचरः (वि०) दृष्टिगोचर, दिखाई देने वाला, दृश्यमान। दृग्वर्त्मकर्मक्षण। (वीरो० ६/२१)

नयनगतिः (नपुं०) अक्षिगोलक।

नयनपथ (पुं०) दृष्टिमार्ग, देखने का रास्ता। (जयो० २०/१९) (जयो० ११/४९)

नयनविषयः (पुं०) दृश्यपदार्थ, देखने योग्य विषय, अवलोकन युक्त वस्तु।

नयनानन्दः (पुं०) दृष्टि विनोद, नयनों के प्रिय। नयनाभिराम। (सुद० ८४)

नयनोपन्तिः (पुं०) कटाक्ष। (जयो० २/१३५)

नयनाभिरामः (वि०) प्रियदर्शन, नेत्रों के प्रिय।

नयन्तवन्त (वि०) निकला हुआ। (सुद० २/१७)

नयनाभिरामः (पुं०) शशि, चन्द्र।

नयनोत्सवः (पुं०) १. दीपक। २. नेत्रों की अभिरुचि।

नयनोदकं (नपुं०) प्रेमाश्रु। (जयो०वृ० १३/२)

नयप्रमाणं (नपुं०) नय रूपप्रमाण, अनन्त धर्मात्मक वस्तु के एक अंश का ग्रहण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नयमञ्जुलं (नपुं०) सुन्दरनीति। (जयो० २६/४५)
नयरय-मय (वि०) नीतिविचारवान्। (जयो० १२/१०७)
नयवती (स्त्री०) नीतिमति (जयो० ७/४७)
नयवर्त्मन् (नपुं०) नीतिमार्ग। (जयो० २/१३७)
नयवाद (पुं०) नय प्ररूपक सिद्धान्त। 'उच्यते कथ्यते अनेनेति, ०न्यायाधिकारी, नयवादः सिद्धान्तः' (धव० १३/२८७)
नयविद् (पुं०) राजनीतिज्ञ।
नयविधि (स्त्री०) नयपूर्वक पदार्थों का विधान, सत्-असत् आदि रूप नयों का निरूपण।
नयशास्त्र (नपुं०) राजनीतिशास्त्र।
नयागधिगम (वि०) नीतिज्ञानगत।
नयानतिर्नतिः (स्त्री०) नय की स्वीकृति। (जयो० २४) नयस्य नीतेरानति स्वीकृतिः।
नयान्तरविधि (वि०) नयभेदों की प्ररूपणा। नयान्तराणि नैगमादिसप्तशतनयभेदाः, ते विधीयन्ते निरूप्यन्ते विस्त्रय-साङ्कर्यनिराकरण द्वारेण अस्मिन्नति नयान्तर-विधिश्रुतज्ञानम्। (धव० १३/२८४)
नयान्वित (वि०) नीतियुक्त। (जयो० १३/५८)
नयाभासः (पुं०) प्रतिपक्ष के निराकरण करने वाले नय। दुर्नय इत्यर्थः। (जैन०ल० ५९०)
नयाधीन (वि०) नीतिज्ञान सहित। (जयो० २८/४१)
नयुतः (पुं०) एक संख्या प्रमाण, चौरासी लाख नयतांगों की एक नयुत।
नयनान्तशरं (नपुं०) कटाक्षबाण। (जयो. १०/६९)
नयनोत्पलवासिजलं (नपुं०) अश्रुप्रवाह। (जयो० ६/८६)
नयुताङ्गः (पुं०) एक संख्या प्रमाण। चौरासी लाख प्रयुतों की एक नयुतांग।
नयोज्झित (वि०) अनैतिक, नीतिरहित। नयेन उज्झितो नीतिरहितोऽस्ति (जयो० २/१३३)
नरः (पुं०) [नृ+अच्] मनुष्य, पुरुष, आदमी, पुमान्। नासौनरो यो न विभाति भोगी। (सुद० ३/२०) (वीरो० २/३८) 'नृ नये' नृणन्ति तथा विधद्रव्यक्षेत्रादि सामग्रीमवाप्य स्वर्गापर्गादिहेतुसम्यग्नयविनयपरा भवन्तीत्यचि नरा मनुष्याः' (जैन० ल० ५९)
० शतरंज का मोहरा।
० धूपघड़ी की कील।
० शंकु।
० परमात्मा, परमपुरुष।

नरकः (पुं०) [नृ+वुन्] तीव्र वेदना। (सुद० १२७) आत्यन्तिकं दुःखं नृणन्ति नयन्तीति नरकाणि (त०वा० २/५०) नरक, दुःख पूर्ण स्थान, घृणित प्रदेश। (मुनि० १६) नरकं द्वीपायनः किं गत (मुनि० १५)
० नरान् कायन्तीति नरकाणि।
० नरान् कायन्ति शब्दायन्त इति नरकाणि।
० नरान् प्राणिनः कायति पालयति, खलीकरोति इति नरकः कर्म (धव० १/२०१)
नरनायकः (पुं०) नरनाथ, राजा। (समु० २/२६)
नरकगति (स्त्री०) नरक में जन्म लेना नरकभाव, नारक पर्याय। 'यन्निमित्तं आत्मनो नारको भावस्तन्नरकगति नाम। (स०सि० ८/११) यस्या उदयः सकलाशुभकर्मणामुदयस्य सहकारिकारणं भवति वा, नरकगतिः।
नरगृहं (पुं०) मानवगृह। (धव० १/२०१)
नरकायु (नपुं०) नारक पर्याय धारण करना।
नरतः (पुं०) परस्पर प्रीति का अभाव, रति का अभाव।
नरङ्क्षा (वि०) मनुष्य के वशीभूत। (सुद० १२३)
नरगतिः (स्त्री०) मनुष्यगति।
नरजन्मन् (नपुं०) मनुष्य जन्म। (वीरो० ८/४२)
नरजातिः (स्त्री०) मनुष्यकी उत्पत्ति।
नरदेवः (पुं०) राजा, नृपति, मनुष्यों में श्रेष्ठ, जो चतुरंग चक्रवर्ती होकर सम्यक्त्व से सहित, चक्ररत्न के स्वामी, नौ निधियों के अधिपति, वृद्धिगत कोश युक्त, बत्तीस हजारों राजाओं से अनुगत और समुद्र पर्यन्त पृथ्वी क पति नरदेव हैं।
नरधातु (पुं०) परिपालक, राजा। (जयो० ३/१४)
नरद्वारं (नपुं०) मानवगृह। (वीरो० ५/३)
नरनाथ (पुं०) राजा। (दयो० ४१, जयो०वृ० १/२४)
नरनायकः (पुं०) नरनाथ, राजा, अधिपति, (समु० २/२६)
नरनाथपुत्री (स्त्री०) राजकुमारी। (जयो० ३/८५)
नरपः (पुं०) राजा, अधिपति। (जयो० १२/५१)
नरपतिः (पुं०) नृपति, राजा, चक्रवर्ती। (समु० ५/१०)
नरपशुः (पुं०) मानव रूप पशु।
नरपालः (पुं०) नृपति, अधिपति, राजा।
नरपालता (वि०) राजापना (वीरो० २२/१२)
नरपुंगवः (पुं०) उत्तम पुरुष, श्रेष्ठ पुरुष, सज्जन।
नरभवः (पुं०) मनुष्य जन्म (हित० पृ० १२)
बाल्ये विद्यामधीयानो, युवत्या यौवनेऽञ्चितः।
वार्द्धक्ये सति तां त्यक्त्वा, भगवन्तमनुस्मरेत्॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नरत्वशंस (वि०) मनुष्यपन। (वीरो० १४/२७)
नरमानिका (स्त्री०) मनुष्य जैसी स्त्री, मर्दानगी।
नरयन्त्रं (नपुं०) मनुष्य द्वारा खींची जाने वाली गाड़ी, पालकी। (जयो० १३/३१)
नररथः (पुं०) मनुष्य द्वारा खींची जाने वाली गाड़ी।
नरराट् (पुं०) राजा।
नरराजन् (पुं०) राज कुमार। (जयो० ३/१५, ३/१०९)
नरवर्गः (पुं०) मनुष्य समूह। (जयो०वृ० ३/९०)
नरलोकः (पुं०) कुबेर।
नरवीरः (पुं०) शूरवीर, पराक्रमी व्यक्ति।
नरवेशः (पुं०) मर्त्य शरीर। (जयो० ४/४४)
नरशस्य (पुं०) राजा। (जयो० ६/६८)
नरशार्दूलः (पुं०) प्रमुख पुरुष, प्रधान व्यक्ति।
नरशृंगं (नपुं०) सत्ताविहीनता का लक्षण।
नरर्षभः (पुं०) नरोत्तम, पुरुषश्रेष्ठ। (जयो० १/९६)
नरसंसर्गः (पुं०) मानव समूह।
नरसिंहः (पुं०) एक नाम विशेष।
नरहरिः (पुं०) नाम विशेष।
नरांगः (पुं०) [नर्+अंग्+अण्] लिङ्ग, ज्ञाननेन्द्रिय।
नरायित (वि०) पुरुषायित। नरस्येवाचरण नरायितं। (जयो०वृ० १/२६) (वीरो० ९/३५)
नरी (स्त्री०) नारी, स्त्री।
नरीनर्ति (स्त्री०) स्त्री के नाच।
नरेन्द्रः (पुं०) नराणाम् इन्द्रः चक्रवर्ती, नरोत्तम। (सुद० १/२८) भक्ति० ३२, जयो० ४/१)
नरेशः (पुं०) नराणामीशो नरेशः रामा, अधिपति। (वीरो० ५/३)
नरेशललना (स्त्री०) रानी, महाराज्ञी। (सुद०
नरेशवर्गः (पुं०) राजा समूह, नृपतिवर्ग। 'कदाचिदासीदपराजिताख्यः पराजिताशेष-नरेशवर्गः' (समु० ६/९)
नरेश्वरः (पुं०) नृपति, अधिपति, राजा। (जयो० ३/७१)
नरोत्तमः (पुं०) १. प्रधान पुरुष। २. विष्णु (जयो० ११/९१, नरर्षभ (जयो०वृ० १/९६) उत्तम पुरुष। नरोत्तमदीनता यस्मान्न भोगाधीनता स्वस्मात्। (सुद० १०९)
नर्तः (पुं०) [नृत्+अच्] नृत्य, नाच।
नर्तकः (पुं०) नृत्यवृत्ति वाला पुरुष, अभिनेता, नट, भाट, चारा। ० हस्ति, ० राजा, ० मयूर। ० कदलीवृक्ष, केला का वृक्ष। (जयो० २१/३४) नर्तकः कदलीवृक्ष नटश्च तस्य प्रतिगुणः प्रभावो यत्र सः' (जयो० २१/३४)
नर्तकी (स्त्री०) नृत्याङ्गना, नटी, अभिनेता। (वीरो० १७/३८) (जयो०वृ० १/३२)
० हथिनी।
० मयूरी, मोरनी।
नर्तनः (पुं०) [नृत्+ल्युट्] नाचने वाला, अभिनेता।
नर्तनगृहं (नपुं०) नृत्यशाला।
नर्तनालयः (पुं०) नृत्यशाला। (जयो० २१/३४) नर्तकप्रतिगुणः शुभाननेऽमुष्य पश्य किल नर्तनालयः। (जयो० २१/३४)
नर्तित (वि०) [नृत्+णिच्+क्ति] नचाया हुआ, नाचने वाला।
नर्तिमुखं (नपुं०) नम्रमुख, झुका हुआ मुख। (वीरो० ६/५)
नर्द् (अक०) गरजना, दहाड़ना, शब्द करना, गतिशील होना।
नर्द (वि०) [नर्द्+अच्] गरजना, दहाड़।
नर्दनं (नपुं०) [नर्द्+ल्युट्] गरजना, दहाड़ना, प्रार्थना करना।
नर्दितं (नपुं०) गर्जना, दहाड़, चिल्लाना, चीखना।
नर्मटः (पुं०) [नर्मन्+अटन्] ठीकरा, बर्तन का टुकड़ा।
नर्मठः (पुं०) [नर्मन्+अठन्] १. भांड, लम्पट, २. दुश्चरित्र वाला, ३. दुराचारी। क्रीड़ा, ४. मनोरंजन विनोद, ५. मैथुन, संभोग।
नर्मन् (नपुं०) [नृ+मनिन्] क्रीड़ा, विनोद, आमोद, प्रमोद के लिए विहार, हास्य भाव। अवस्था (सम्य० ४२) 'नर्मशर्मणि शरीरमाश्रयन्' (जयो० ३/१)
० विनोदवृत्ति (सम्य० ३३) संशर्म नर्म भुवि भर्म समेत्यशोकः। (जयो० १०/९५) 'क्षणिकनकर्मणि निजयशोमणि' (सुद० ३८)
० अर्थ पुरुषार्थ (जयो० १२/४८) शोभा-सत्संगतं माणिक्यमिव खलु स्वं नर्म यानि। (सम्य० २६)
नर्मदा (स्त्री०) मेकलकन्यका, नर्मदा नदी। विन्ध्याचल से निकलने वाली नदी। 'मेकलकन्यकाया नर्मदाया नद्याः श्रेणी प्रवाह-तुल्या वर्तते' (जयो० ११/७०) नर्म प्रसादनं ददानीति नर्मदा (जयो० ११/३०) समुद्र-सद्रसनादरतायामस्तु सज्जनाभिनर्मदायाम्।' (जयो० २२/११)
नर्मकीलः (पुं०) पति।
नर्मगर्भ (वि०) रसिक, ठिठोलिया, विनोदी।
नर्मगर्भः (पुं०) गुप्तप्रेमी।
चर्मधर (वि०) उत्साहधारी। (सम्य० १४०)
नर्मद्युतिः (वि०) प्रसन्नमुख, हर्षभाव से युक्त।
नर्मविधिः (स्त्री०) विनोद छटा। 'सुखेन खे नर्मविधेर्विधाति' (समु० ३/८)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नर्मवश्या (वि०) विनोदवशंगता। (जयो० १४/२९)

नर्मची (वि०) विनोदवशंगत। (वीरो० ६/३७)

नर्मसचिवः (पुं०) विदूषक, मनोविनोदी।

नर्मसागम (वि०) प्रसन्नता देने वाली। (जयो० ३/३२)

नर्महेतु (नपुं०) कल्याणकारक। (जयो० २६/२२)

नर्मोद (वि०) एकाग्रचित्तवाला। (सुद० ७१)

नर्मराः (स्त्री०) [नर्मन्+र+टाप्] घाटी, कंदरा, धौंकनी।

नल (नपुं०) [नल+अच्] ० कमलसार। स्वर्गात् सुरद्रोः सलिलान्नलस्य (जयो०१/५०) 'नलं तु रससीरुहे इति विश्वलोचनः' (जयो० ११/१) 'नलं कमलं तद्वच्छस्यः प्रशंसनीयः' (जयो० ६/६८)

नलः (पुं०) नल राजा, निषध देश का राजा

नलक (नपुं०) कुहनी, शरीर की लम्बी हड्डी।

नलकीः (स्त्री०) टांग, घुटने की कपाली।

नलकूबरः (पुं०) कुबेर का पुत्र।

नलकोमलः (पुं०) कमल के समान मृदु। 'नलकोमलः कमल-तुल्यो मुदुः पाणिः' (जयो० १२/६०) उपघातमहो करस्य सोढुं क्व समर्थोऽसिपरिग्रहस्य वोढुः। नलकोमल एव पाणिस्या अनवद्य द्रव एवमर्पितः स्यात्।। (जयो० १२/६०)

नलदं (नपुं०) खस, उशीर, एक सुगन्धित जड़।

नलपट्टिका (स्त्री०) चटाई।

नलमोनः (पुं०) जल वृश्चिक, झींगा मछली।

नलसदास्य (वि०) कमल के समान चमकता हुआ मुख। 'न लसत्यास्ये मुखं यस्य स नलसदास्यो विरूपाननोऽपि विलसति शोभव इति विरोधः। 'नलं कमलमिव सत्सुन्दरमास्यं यस्य स इति परिहारः। (जयो०वृ० ६/५४) विरुपानन (जयो०वृ० ६/५४)

नलिनः (पुं०) [नल+इनच्] १. सारस।
 ० प्रमाण विशेष।

नलिनं (नपुं०) सरोज, कमल। (जयो० १२/१०) नलिनं कमलाङ्ग च। (महापु० ३/३१४)
 ० प्रमाण विशेष, चौरासी लाख वर्षों से गुणित नलिनांग प्रमाण एक नलिन। ० नलिन-जल। ० नील का पौधा।

नलिनस्रजा (स्त्री०) कमलों की माला। नलिनानां कमलानां स्रजा मालया बबन्ध गृहीतवती। (जयो० १२/१०)

नलिनाङ्गं (नपुं०) एक प्रमाण विशेष, गणितीय प्रमाण।

नलिनी (स्त्री०) [नल+इनि+ङीप्] कमल समूह, कमल पादप।
 ० कमलिनी कथितः पति विदुषां पुनः खलु विकसति नलिनी तेन। (सुद० ८७)

नलिनीखण्डं (नपुं०) कमलपुञ्ज, कमलसमूह।

नलिनीरुहः (पुं०) कमलिनी से उत्पन्न। १. ब्रह्मा।

नल्वः (पुं०) [नल+व] एक माप, जिससे दूरी नापी जाती है।

नव (वि०) [नु+अप्] नया, नूतन, नवीन, तात्कालिक, इसी समय का। नव नूतनं चरित्रमिव चरित्रम् (जयो० ३/१०१) नौ संख्या (जयो० १/४)

नवः (पुं०) कौआ, काक।

नवं (अव्य०) इसी समय, आजकल में, अभी अभी, बहुत दिन हुए।

नवकलिका (स्त्री०) नूतन कला।

नवकारिका (स्त्री०) रजस्वला स्त्री, नवविवाहित स्त्री।

नवकालिका (स्त्री०) रजस्वला स्त्री।

नवकौतुकः (पुं०) प्रफुल्लन, (जयो० १८/७१)

नवग्रहः (वि०) नूतन समालिंगन, तात्कालिक समालिंगन। नवे ग्रहे नूतने समालिङ्गने। (जयो० १७/५५)

नवचरित्रं (नपुं०) अद्भूत चरित्र, नूतन आचरण। नूतनं चरित्रमिध चरित्रम्। (जयो० ३/१०१)

नवचत्वारिंशत् (स्त्री०) उनचास।

नवछात्रः (पुं०) नया विद्यार्थी, नवीन शिष्य।

नवछिद (नपुं०) नौ छिद्रवाला शरीर।

नवत (वि०) नब्बे वां।

नवतः (पुं०) कम्बल, चादर, आवरण, हाथी की झूल।

नवता (वि०) नव संख्यात्मकता नवीन भावपना। (जयो० १/३४) नवीनता (वीरो०वृ० १/२२)

नवतानुयोगः (पुं०) नव संख्यात्मक अनुयोग।

नवधा (अव्य०) नौगुणा, नौ प्रकार। (सम्य० ३२)

नवधाभक्तिः (स्त्री०) विशेष भक्तिपूर्वक। प्रतिग्रहण, उच्चासन दान, साधुपूजा, प्रशंसा, मनःशुद्धि, वचनशुद्धि, कायशुद्धि, अन्नशुद्धि। (सम्य० १३२)
 नवधामभक्तितो दानं, तपस्विभ्यः प्रदीयते।
 सौहार्दमात्रतोऽन्येभ्यो, देशकालानुसारतो।। (हि०सं० ५०)

नवतानुयोगचतुष्टयः (पुं०० चार अनुयोग का नौ संख्या को प्राप्त होना। 'अनुयोगचतुष्टये प्रथमकरण-चरण-द्रव्योपनामके शास्त्रचतुष्के नवता नवीनभावो बभूव। (जयो०वृ० १/३४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नवतिः (स्त्री०) नब्बे।

नवतिका (स्त्री०) [नवति+कन्+टाप्] एक संख्या विशेष। (९०)
० नब्बे।
० चित्रकार की कूंची।

नवन् (सं०वि०) [नु+कनिन्] १. नवीन, २. नौ।

नवनवारम्भः (पुं०) १. नवीन केले के स्तम्भ, २. सुन्दर अप्सरा। (जयो० ४/६८)

नवनवतिः (स्त्री०) निन्यानवें।

नवनिधिः (स्त्री०) नौ निधियां-महापद्म, पद्म, शंख, मकर, कच्छप आदि। (जयो० ११/३६) (जयो० ७/८)

नवनी (स्त्री०) नवीनता युक्त।

नवनीतं (नपुं०) १. मक्खन, ताजा मक्खन। २. नवीनता से संघटित, अत्यन्त सुन्दर। नवीनतया नीतं संघटितं सुन्दरमस्ति (जयो०११/३६) (जयो० १०/१३) 'दुग्धतो हि नवनीतमुदेति गौस्तृणानि हि समादरणेऽत्ति। (जयो० ४/२१) 'तक्रतो हि नवनीतमाप्यतेऽत्त पुनर्घृतकृते विधाप्यते। (जयो० २/१४) 'समुचितो नवनीतविनीतकः' (जयो० १/१००)
सन्धानं च नवनीतमगालितजलं सदा।
पत्रशाकं च वर्षासु नाऽहंतव्यं दयावता।। (सुद० १२९)

नवनीतकं (नपुं०) परिष्कृत मक्खन, नैनू, ताजा मक्खन।

नवपरिणीता (स्त्री०) नवलावधू, नई व्यवाहिता। (जयो० ७/६१)

नवपंचाश (वि०) उनसठवां।

नवपंचाशत् (स्त्री०) उनसठ।

नवपदार्थः (पुं०) नौ जीवादि पदार्थ। जीव, अजीव, आश्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा, मोक्ष, पुण्य और पाप।

नवपाठकः (पुं०) नया अध्यापक, नया शिक्षक।

नवपुष्पं (नपुं०) नूतन पुष्प।

नवपुष्यः (पुं०) पुष्य नक्षत्र, ज्योतिर्लोक का एक पुष्य नक्षत्र। लोकोऽखिलः सत्कृतिकः पुनस्ताः स्त्रियः समस्ता नवपुष्य शस्ताः।। (सुद० १/२९)

नवप्रवाहः (पुं०) नौ द्वार का प्रवाह, शरीर के नौ स्थानों से बहने वाला मल।
शश्वन्मलस्त्रावि नवप्रवाहं शरीरमेतत्समुपैम्यथाऽहम्।
पित्रोश्च मूत्रेन्द्रियपूतिमूलं घृणास्पदं केवलमस्य तूलम्।। (सुद० १०२)

नवभक्तिः (स्त्री०) १. नूतन भक्ति, अभिनव भक्ति। २. नवधाभक्ति (जयो० २/९५) प्रतिग्रहण, उच्चासनदान, साधु पूजा, प्रशंसा, मनःशुद्धि, वचन शुद्धि/वाक्यशुद्धि, कायशुद्धि, अन्नशुद्धि/आहारशुद्धि। (हित०सुं० ५०) भोजनोपकृति-भेषज-श्रुतीः श्रद्धया स नवभक्तिभिः कृती। पूरयेद्यतिषु सन्मना गुणगृह्य एव यतिनामहो गणः।। (जयो० २/९५)

नवमसर्गः (पुं०) नवीन आहूति।

नवयौवनं (नपुं०) यौवन का नया क्रम।

नवयौवनयुक्त (वि०) नव युवावस्था से युक्त। (समु० २/१४)

नवयौवनवती (स्त्री०) नवयौवना। (जयो० ११/८९)

नवयौवना (स्त्री०) नवयुवती। कौमारं कुमार भावुत्क्रान्तवती लङ्घितवती-नवयौवनाऽभवदित्यर्थः। (जयो०वृ० ३/४२)

नवरजस् (स्त्री०) नूतन रजस्वला वाली लड़की।

नवरत्नं (नपुं०) नौ अमूल्य रत्न, मुक्ता, माणिक्य, वैडूर्य, गोमेद, वज्र, विद्रुम, पद्मराग, मरकत और नीत रत्न।

नवरसाः (पुं०) काव्य के नौ रस। शृंगार, वीर, करुण, हास्य, रौद्र, भयानक, वीभत्स, अद्‌भुत और शान्त।

नवरात्रं (नपुं०) नौ दिन का समय। आश्विन मास के प्रथम नौ दिन का समय, उपासना का समय।

नवराट् (पुं०) नवभूप। (जयो० २६/१८)

नवला (स्त्री०) नवपरिणीता, नई नवेली। (जयो० १६/६९) व्याहिता। (जयो० १७/६१)

नवलोहितः (पुं०) नया रक्त, नूतन रक्त, तात्कालिक निकला लाल वर्ण का खून। 'नवं च तल्लोहितं रक्तवर्णं च' (जयो० १५/४०)

नववधू (स्त्री०) नई व्याहिता स्त्री। नववधू किल संकुचतान्मतिरपसरेन्मुखवारिमिषाद्धृतिः। (समु० ७/४)

नववधू-समयी (पुं०) नववधू का स्वामी। (जयो० ४/५१)

नववरिका (स्त्री०) नई व्याहिता।

नववल्लभं (नपुं०) चन्दन की एक जाति।

नववल्लभः (पुं०) नया प्रियतम।

नववस्त्रं (नपुं०) नूतन वस्त्र, नया परिधान, स्वच्छ कपड़े।

नवविंश (वि०) उन्नीसवां।

नवविंशतिः (स्त्री०) उन्तीस।

नवविस्मयः (पुं०) अधिक आश्चर्य, नया आश्चर्य, नूतन चमत्कार। नवो नूतनो यो विस्मयस्तमै विस्मयाय भवन्ति। (जयो० ६/९)

नवसुधान्वयः (पुं०) नए चुने से पुते। नवैर्नूतनैः सुधाया अकुलेपनैर्युक्तेति (जयो० ३/७८)

नवविद्रुमः (पुं०) प्रवाल। (जयो० ३/७५) नई कोंपल। नवैविद्रुमैः प्रवालैः पल्लवैर्वा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नवविध (वि०) नौ तरह का।
नवशतं (नपुं०) ० एक सौ नौ। ० नौ सौ।
नवशशिभृत् (पुं०) शिव।
नवषष्टिः (स्त्री०) उनहत्तर।
नवसूतिः (स्त्री०) नई प्रसूतिका गाय। जच्चा स्त्री।
नवसूतिका देखो ऊपर।
नवान्नं (नपुं०) नूतन धान्य, नया चावल।
नवाङ्कुरं (नपुं०) नूतन अंकुर।
नवाङ्कृतिः (स्त्री०) नूतन आकृति, सुन्दर छवि।
नवाङ्गी (स्त्री०) नवयौवना। (वीरो० ४/२९)
नवाम्बु (नपुं०) ताजा पानी, स्वच्छ जल।
नवानवा (स्त्री०) नूतन संपदा। (वीरो० १३/६) (जयो० ३/११५)
नवालका (स्त्री०) नूतन केश। (वीरो० ८/४६) नए केश। 'नवा नवीना अलकाः केशा यस्य अथ च बालको न भवतीति' (जयो० ११/७९)
नवालता (वि०) नवीनता। (समु० ३/२२) 'नवालता यत्र (समु० ६/२२) बभूव साऽधुना' नवीन वल्लरी। (जयो० ११/८९)
नवाशीतिः (स्त्री०) नवासी।
नवासुरा (स्त्री०) नूतनमदिरा। (जयो० १५/५४)
नवोद्धत (वि०) नवनिर्गत। नवोद्धतं नाम दधत्तदिन्दुबिम्बं बभूवेह-घृतस्य विन्दुः। (जयो० १६/२२)
नवीन (वि०) नया, ताजा, नयापन। (वीरो० १०/१२)
नवौढा (स्त्री०) नवयौवना स्त्री। (जयो० १६/५८) (वीरो०
नव्य (वि०) १. नवीन, नया। २. नव्य-व्याकरण।
नव्य-भव्यः (पुं०) अत्यधिक सुन्दर, नूतन सौन्दर्य। (जयो० ५/६७) दृष्टिराशु पतिता विमलायां नव्यभव्यरजनी-शकलायाम्। (जयो० ५/६७) 'नव्यो नवीनोऽत एव भव्यो मनोहरो योऽसौ। (जयो०वृ० ३/६७)
नव्यभव्यनिवहः (पुं०) नव दीक्षित भव्य समूह। (जयो० २१/२७) ० नए दीक्षार्थियों का समूह।
नव्य-मालती (स्त्री०) नवीन मालती पुष्प।
नवमाला (स्त्री०) नवीनस्रक, नई माला।
नव्यरथः (पुं०) नया यान, रथ।
नव्याकृतिः (स्त्री०) नव्य व्याकरण। नव्याकृति में शृणु भो सुचित्वं कुतः पुनः सम्भवतात्कवित्वम्। वक्तव्यतोऽलंकृति दूरवृत्तेर्वृत्ताधिकारेष्वपि चाप्रवृत्तेः। (वीरो० १/२६)
नश् (अक०) नष्ट होना, समाप्त होना, क्षय होना, विलीन होना। (सुद० २/२३) ० लुप्त होना, अदृश्य होना, ० भाग जाना, उड़ जाना, बच निकलना। ० असफल होना, अन्तर्धान होना। ० हटा देना, मिटा देना।
नश् (स्त्री०) नाश, हानि, विनाश अन्तर्धान, ध्वंस।
नश्वर (वि०) [नश्+क्वरप्] क्षणभुगंर, क्षणस्थायी, अनित्य, अस्थायी अशाश्वत, अस्थिर।
नष्ट (भू०क०कृ०) [नश्+क्त] ०लुप्त, ०अदृश्य, ०समाप्त, ०ध्वस्त, ०पलायित, ०उच्छिन्न, ०विनष्ट ।
० वंचित, भागा हुआ, मुक्त।
० क्षीण, भ्रष्ट।
नष्टकषाय (वि०) क्षीण कषाय, कषाय रहित।
नष्टकर्म (वि०) कर्म रहित, कर्म मुक्त।
नष्टकान्तिः (स्त्री०) यश रहित।
नष्टकाय (वि०) क्षीणकाय वाला, कृशकायी।
नष्टखेद (वि०) आवरण विमुक्त। (वीरो० २०/१४)
नष्टगृह (वि०) गृह विहीन।
नष्टचन्द्र (वि०) क्षीणचन्द्र।
नष्टज्योति (वि०) ज्योति विहीन।
नष्टपाप (वि०) पाप रहित।
नष्टयश (वि०) क्षीण यश।
नष्टसंशय (वि०) संशय विमुक्त।
नष्टसौरभ (वि०) सौरभ विहीन।
नष्टोधिष्टार्थ (वि०) प्रनाशार्थ। (जयो० १९/६९)
नस् (स्त्री०) [नस्+क्विप्] नासिका, नाक।
नस्तस् (अव्य०) [नस्+तसिल्] नरक से।
नसा (स्त्री०) नाक, नासिका।
नस्तः (पुं०) [नस्+क्त] नाक।
नस्तं (नपुं०) [नस्+ल्युट्] नासिका, सूंघनी, नसवार।
नस्तित (वि०) [नस्त+इतच्] नाक में रस्सी डालकर।
नस्य (वि०) [नासिक+यत्] अनुनासिक।
नस्यं (नपुं०) नाक का बाल, १. सूंघनी।
नह् (सक०) बांधना, पहनना, धारण करना, कसना, सुसज्जित करना।
नहि (अव्य०) ०निश्चय ही नहीं, ०यथार्थ रूप में नहीं, ०वास्तव में नहीं किसी रूप में नहीं, ०बिल्कुल नहीं। (सम्य० ३९) 'नहि करोम्यहमेतदिहाग्रतः विषभिषग् ध्रियतां स महानतः। (समु० ७/१५) 'बलमखिलं निष्फलं च तच्चेदात्मबलंनहि यस्य। (सुद०७०) 'नहि परतल्पमेति स ना तु। (सुद०८९)
नहि कोऽत्र (अव्य०) यहां कोई भी नहीं। 'नहि कोऽत्र युवा यः' (जयो० ५/४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नहि किञ्चिदपि (अव्य०) किसी तरह का भी नहीं। (वीरो० ४/३६)

न ही न भा (स्त्री०) अक्षीणकान्ति। (जयो० ११/५४)

नहुषः (पुं०) [नह्+उषच्] एक चन्द्रवंश का नृपति।

ना [नह्+डा] नहीं, न, मत। न हि परतल्पमेति स ना तु। (सुद० ८९)

० ना-नरः, मनुष्य। (जयो० २/६७) शिष्टमाचरणमाश्रयेदनावश्यकं च खलु तत्र तत्र न। (जयो० २/४०) 'ना मनुष्यो महत्सु महापुरुषेशु भक्तिमानस्तु' (जयो० २/६७)

नाकः (पुं०) [न+कम्-अकम् दुःखम्, तत् नास्ति अत्र इति] स्वर्ग, सुरालय। 'अनेक दुःखेन रहित नाकम्। (वीरो० २/२२) पाकोऽथवा पुण्यविधेनरन्यः नाकोऽनयात्रैव समस्तु धन्यः। (जयो० ५/८६)

नाकपतिः (पुं०) इन्द्र। (वीरो० ४/४४)

नाकिन् (पुं०) [नाक+इनि] देव, अमर। 'किं न नाकिभिरेव निषेधितम्'

नाकिनायकः (पुं०) सौधर्मइन्द्र। (वीरो० ७/७)

नाकिजनः (पुं०) पुण्यात्मा (जयो० ९/२७)

नाकुः (पुं०) १. गिरि, पर्वत, २. वल्कीम।

नाक्षत्र (वि०) [नक्षत्र+अण्] नक्षत्र विषयक।

नाक्षत्रं (नपुं०) नक्षत्रमास सम्बन्धी।

नाक्षत्रिक (वि०) नक्षत्र सम्बन्धी, नक्षत्र के अन्तर्गत।

नागः (पुं०) [नाग+अण्] १. सर्प, सर्पदेव, नागदेव। (जयो० २/१५८) २. हत्थि, हाथी, करि गज। (जयो०१३/९८)

० क्रूर, अत्याचारी।

० गणमान्य, पूज्य।

० मेघ, बादल।

० खूंटी।

० नागकेसर, नागरमोथा।

० नागकुमार नामक देव।

नागकन्या (स्त्री०) नागपुत्री, नाग सुता। 'सा नागकन्या यतो जघन्या क्व किन्नरीणान्तु तुमैव धन्या। (जयो० ११/७३) 'नागकन्या जगत्प्रसिद्ध-रूपवत्यपि यतो यस्या' (जयो०वृ० ११/७३) दयोदय काव्य में नागकन्या को **भोगिनी** भी कहा है। (दयो० १०९)

नागकुलं (नपुं०) नागकुल, नाग परम्परा। यन्निरन्तरं नागकुलैकरम्यम्। (वीरो० २/२३)

नागकेसरः (पुं०) नागकेसर नामक वृक्ष।

नागगर्भं (नपुं०) सिन्दूर।

नागचूडः (पुं०) शिव।

नागजं (नपुं०) १. सिन्दूर, २. राग।

नागजिह्विका (स्त्री०) मैनसिल।

नागजीवनं (नपुं०) रांगा।

नागदंतः (पुं०) हाथी दांत।

नागदंतकः (पुं०) हाथी दांत।

नागदंशनं (नपुं०) सर्पदंशन, सर्प का काटना, सर्प डसना। (दयो० ७७)

नागदंती (स्त्री०) सूरजमुखी पुष्प।

नागदलः (पुं०) १. नागसमूह, (वीरो० २/२३) २. नागवल्लीसमूह, ताम्बूल। (जयो० २२/५४)

नाग दमनी (स्त्री०) नाश को वश में करने वाली औषधि। (दयो० ७७)

नागदेवः (पुं०) नागदेवता। (वीरो० २/२३) १. एक राजा (वीरो० १२/३२)

नागदेवता (पुं०) नागों में शिरमोर, शेषनाग।

नागनक्षत्रं (नपुं०) आश्लेषा नक्षत्र।

नागपञ्चमी (स्त्री०) श्रावण शुक्ला, पंचमी का दिन, इस दिन नागों की पूजा की जाती, उन्हें दूध पिलाया जाता है। (दयो० ८०)

नागपति (पुं०) शेष नाग। (सुद० १/३७) (दयो० ४३) (जयो०वृ० १/२५)

नागपदः (पुं०) रतिबन्ध।

नागपाशः (पुं०) एक अस्त्र विशेष, जो नाग की आकृति का होता है, जिसमें शत्रुओं को फंसाने का कार्य किया जाता है।

नागपुरी (स्त्री०) नागों की नगरी। (दयो० ३०)

नागपुष्पः (पुं०) चम्पक का पौधा, पुन्नाक वृक्ष।

नागपूजा (स्त्री०) नाग की अर्चना।

नागमंलिकः (पुं०) सपेरा, सांप को पकड़ने वाला।

नागमन्दिरं (नपुं०) नागदेवता का स्थान, नाग देव मन्दिर। (वीरो० ११/५४, दयो० ८०)

नागमणि (स्त्री०) सर्प शिरोरत्न। (जयो० २/१६)

नागमल्लः (पुं०) ऐरावत।

नागमुक्ता (स्त्री०) नागर मोथा (जयो० २८/३०)

नागमोथा (स्त्री०) ०नागर मोथा, ०नागमुक्ता, ०मेघ, ०बादल। (जयो० २८/३०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नागयष्टिः (स्त्री०) एक गहराई नापने का बांस।

नागर (वि०) [नगर+अण्] नगर में उत्पन्न, नगर में पला। ० नम्र, शिष्ट, चतुर, चालाक।

नागरः (पुं०) नागरिक। १. देवर, २. व्याख्यान, ३. नारंगी। ४. लिपि विशेष।

नागरक (वि०) नगर में उत्पन्न।

नागरी (स्त्री०) नागरी लिपि।

नागरीटः (पुं०) लम्पट, दुश्चरित्र, जार।

नागरुकः (पुं०) संतरा, नारंगी।

नागरेणुः (स्त्री०) सिन्दूर।

नागर्यम् (नपुं०) बुद्धिमत्ता, चतुराई।

नागलता (स्त्री०) नागवल्ली, ताम्बूल, मालुदल।

नागलोकः (पुं०) भूलोक, सर्पलोक।

नागवल्ली (स्त्री०) पान, तम्बूल, मालुदल। (जयो० १०/६३, १२/१३४) ० सौधसम्पदद्दल (जयो०वृ० १२/१३४)

नागवारिकः (पुं०) महावत, राजकील हस्ति, मयूर।

नागशय्या (स्त्री०) शेषनाग का आसन। (जयो०वृ० १२/८३)

नागसम्भवं (नपुं०) सिन्दूर। (जयो० १०/४२)

नागसंभूतं (नपुं०) सिन्दूर।

नागांगना (स्त्री०) हथिनी।

नागसेवित (वि०) सत्पुरुषों से आराधित। नागैः सत्पुरुषैः सेवित आराधित। (जयो० ३/५)

नागांजना (स्त्री०) हथिनी।

नागांतकः (पुं०) गरुड़।

नागधिपः (पुं०) शेषनाग।

नागारातिः (पुं०) गरुड़।

नागरिः (पुं०) गरुड़।

नागाननः (पुं०) गणपति, गणेश।

नागाशनः (पुं०) मयूर।

नागेन्द्रः (पुं०) धरणेन्द्र देव।

नाचिकेतः (पुं०) अग्नि, वह्नि।

नाग्न्यपरीषहजयः (पुं०) बाईस परीषहों में नग्नता का सहन करना।

नाटः (पुं०) [नट्+घञ्] नाचना, अभिनय करना।

नाटकं (नपुं०) [नट्+ण्वुल्] स्वांग, रूपक, रूपक का एक भेद।

नाटकीय (वि०) नाटक सम्बन्धी, नाटक विषयक।

नाटारः (पुं०) [नट्या अपत्यम् आरक्] अभिनेत्री का पुत्र।

नाटिका (स्त्री०) [नाट्+कन्+टाप्] एक लघु नाटिका, प्रहसन।

नाटितकं (नपुं०) [नट्+णिच्+क्त+कन्] अनुकृति, संकेत, चेष्टा, हाव-भाव।

नाट्यं (नपुं०) [नट्+ष्यञ्] नाचना, अनुकरणात्मक चित्रण, हाव-भाव, प्रदर्शन। (समु० ८/४)

नाट्यन्ती (वर्त०कृ०) नाचती हुई। (वीरो० २/४४)

नाट्यर (वि०) नाटक, नृत्य। (वीरो० ७/३८)

नाट्यशाला (स्त्री०) रंगमंच। (वीरो० १३/१०)

नाडि (स्त्री०) [नड+णिच+इनि] कमल नाल।

नाडिका (स्त्री०) [नाडि+कन्+टाप्] ० घड़ी, २४ मिनट का समय। ० नली के आकार का अंग।

नाडिधमः (पुं०) सुनार, स्वर्णकार।

नाणकं (नपुं०) [न+आणकम् इति] वित्त (जयो०वृ० ३/१) सिक्का, मोहर लगी हुई वस्तु।

नात (भू०क०कृ०) नहीं होना (सुद० ११४)

नातिचर (वि०) [न अतिचदः] जो लम्बी दूरी का न हो।

नातिचार (वि०) [न अतिचरः] अतिचार रहित, दोष रहित, अहिंसादि व्रतों में दोष से विमुक्त।

नातिदूर (वि०) [न+अतिदूरः] समीप, पास में, अधिक दूरी से रहित।

नातिवादः (पुं०) [न+अतिवादः] अतिवाद/दुर्वचन रहित, अपशब्द से रहित।

नाथ् (सक०) निवेदन करना, याचना करना, प्रार्थना करना।
० शक्ति रखना, सामर्थ्य होना।
० तंग करना, कष्ट देना।

नाथः (पुं०) [नाथ्+अच्] ० प्रभु, स्वामी, नायक, रक्षक (जयो० १/३७)
० पति (जयो० २/१४१)
० एकोऽद्वितीयश्चासौ नाथः स्वामी (जयो० १/३७)
० नाथवंश (जयो० ७२/११०)

नाथचरः (पुं०) पति। 'गतेर्षयां नाथचरामङ्गना' (जयो० २/१४१)

नाथ-नामवंशः (पुं०) नाथ नामक वंश। अथ कश्चन नाथनामवंशसमयस्य स्म समीष्यते वतंसः। (जयो० १२/११०)

नाथवंशः (पुं०) नाथवंश।

नाथवंशिन् (पुं०) नाथवंश, वाले राजा। 'नाथवंशिन् इवेन्दुर्वंशिनः' ये भुतोऽपि परपक्ष शंसिनः' (जयो० ७/९१)

नाथ-सोम-संज्ञकः (पुं०) नाथवंश और सोमवंश। (जयो०७/३७)

नाथसोमाभिधः (पुं०) नाथ और सोमवंश। (जयो० ७/३७)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नादः (पुं०) [नद्+घञ्] शब्द, ध्वनि, चीख, चिल्लाहट, गरजना, दहाड़ना, निनाद, घोषणा।

नादिन् (वि०) [नद्+णिनि] शब्द करने वाला, चिल्लाने वाला।

नादेय (पुं०) [नदी+ठक्] जलीय, नदी में उत्पन्न, समुद्र में उत्पन्न।

नादेयं (नपुं०) सेंधा नमक।

नाना (अव्य०) [न+नाञ्] अनेक प्रकार के, विविध प्रकार के, तरह-तरह के, अलग-अलग, पृथक्-पृथक्, विभिन्न।

नानांद्रः (पुं०) [ननांदृ+अण्] ननद का पुत्र।

नानाकुकर्मः (पुं०) अनेक प्रकार के दुराचरण। (जयो० २/)

नानाकुचेष्टा (स्त्री०) अनेक कुचेष्टाएं, विविध दुष्प्रवृत्तियां। इत्यादि सङ्गीतिपरायणा च सा नानाकुचेष्टा दधती नरङ्कुषा। कामित्वमापादयितुं रसादितऐच्छत्समालिङ्गन चुम्बनादितः।। (सुद० १२३)

नानाकुयोनिः (स्त्री०) विविध निम्न योनियां। (वीरो० ११/१०)

नानागृहं (नपुं०) अनेक घर, तरह तरह के घर।

नानाचरणं (नपुं०) अनेक प्रकार का आचरण।

नानाचरित्रं (नपुं०) तरह तरह के चरित्र चित्रण।

नानाजडः (पुं०) अनेक अचेतन पदार्थ। नित्योऽहमेकः खलु चिद्विलासी, नानाजडो दृश्यविधिर्विनाशी। (भक्ति० २६)

नानाजातिः (स्त्री०) विविध जन्म स्थान, अनेक जातियां, अनेक उत्पत्ति स्थल।

नानाज्योतिः (स्त्री०) विविध प्रकाश।

नानातपः (पुं०) अनेक प्रकार के तप।

नानादरिणी (वि०) अनुकूलाभाव युक्त, प्रतिकूल प्रवृत्ति युक्त।

नानादोषः (पुं०) अनेक दोष, विविध दुराचरण।

नानाधर्मः (पुं०) अनेक धर्म।

नानापदं (नपुं०) अनेक प्रकार पद/स्थान।

नानाप्रकृतिः (स्त्री०) अनेक स्वभाव। (वीरो० १८/३४)

नानाफलं (नपुं०) विविध परिणाम। अनेक कर्मविध फल।

नानाभावः (पुं०) विविधभाव।

नानामणि (स्त्री०) विधिमणिरत्न।

नानामणि-मण्डलांशु (नपुं०) नाना प्रकार की मणिसमूह की किरणें। (जयो० २४/२१) 'नानामणयस्तेषां मण्डलस्यांशुभिः किरणैः' (जयो०वृ० २४/२१)

नानामहिः (स्त्री०) विविध पृथिवियां। (सुद० १/३९)

नानामहिम-विधानं (नपुं०) अनेक प्रकार के इष्ट दान। (सुद० १/३९)

० विविध महिमा धारक।

नानारदा (स्त्री०) बहुत दांत। (जयो० १/६१)

नानारस (स्त्री०) विविध रस युक्त।

नानारूपा (वि०) विविध रूपों वाले। (जयो०वृ० १/३२)

नामावर्ण (वि०) भिन्न-भिन्न रंगों वाले।

नानाविध (अव्य०) विविध रीति से।

नानाविधानं (नपुं०) नाना प्रकार। (वीरो० ४/३९)

नानाव्यञ्जनं (नपुं०) विविध पकवान्। षड्रसमय-नाना-व्यञ्जनदलमचि कलमवि च सुधायाः। (सुद० ७२)

नानुया (वि०) अनुगमन नहीं करने वाला। (जयो० २/७)

नांत (वि०) अन्त रहित, अनन्त।

नांदिकरः (पुं०) [नान्दी करोति-कृ+ट] नांदी पाठ कर्ता।

नांदी (स्त्री०) [नन्दन्ति देवा अत्र-नन्द्+घञ्] हर्ष, सन्तोष, खुशी। १. समृद्धि।

नांदीनिनादः (पुं०) हर्षनाद।

नांदीमुख (वि०) पुण्यस्मृति की भावना।

नांदीवादिन् (पुं०) नांदी पाठ कर्ता।

नाधिकलम्ब (वि०) दीर्घता रहित। (जयो० ११/८९)

नापितः (पुं०) [न आप्नोति सरलताम-न+आप्+न तन्] नाई, क्षौर कर्मी।

नापिप्यं (नपुं०) [नापित+ष्यञ्] नाई का व्यवसाय।

नाभिः (पुं०/स्त्री०) [नह्+इञ्]

० तुण्डी-जयो० ३/४७, (सुद० २/४७) (वीरो० ३/२२)

० सूंडी।

० केन्द्र, केन्द्र बिन्दु (सुद० ७४)

० मुख्यभाग, प्रधान, अग्रणी।

० आधारभूत।

० चक्रधूरी।

० नाभि राजा, प्रथम तीर्थंकर के पिता।

नाभिक-नाभिक (वि०) नाभितक व्याप्त, नाभिस्तुण्डी यस्या, एवं स्वार्थेक प्रत्ययश्च (जयो० ६/४६)

नाभिका (स्त्री०) तुण्डी। 'सद्याप पद्मा हृदि नाभिकापि' (जयो० १/५८)

नाभिकुहरः (पुं०) तुण्डिकाप्रदेश, नाभिगर्त। (जयो० २४/१३५)

नाभिकूपः (पुं०) नाभिगर्त। (जयो० १७/६७) गहीर नाभियुक्त। (सुद० ११९)

नाभिगर्तः (पुं०) नाभिकुहर, नाभिकूप, तुण्डिकाकूप। (जयो० १७/६७)

नाभिगोलः (पुं०) तुण्डी। (जयो० ११/३२) तारुण्यलक्ष्म्या गलिताथ नाभिगोलान्मषेः सन्ततिरेष भामिः। (जयो० ११/३२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नाभिचक्रं (नपुं०) तुण्डी मण्डल। (जयो० २१/२०)

नाभिजः (पुं०) नाभिराज।

नाभिजातः (पुं०) कमल से उत्पन्न ब्रह्मा, विधि। (जयो०वृ० १/३५)

० नाभिमण्डल (वीरो० ६/५) अकुलीन-'स नाभिजातोकुलीनः' (जयो०वृ० १/३५)

० ऋषभदेव, आदिब्रह्मा, नाभिराजा का पुत्र, अन्तिम कुलकर अन्तिम मनु से उत्पन्न ऋषभ। सैवाभिजातोऽपि च नाभिजातवः समाजमन्यो वृषभोऽभिधानः। (वीरो० १/२)

० नाभिराजस्य जात सुपुत्र।(जयो०वृ० १९/१७)

नाभिजात (वि०) हीन जातीय, अकुलीन 'अभिजातं न भवतीति नाभिजातः' (जयो० २८/२९)

नाभिजातकः (पुं०) नाभिनाल। 'सितिमानमिवेन्दुस्तकम-भिजातादपि' नाभिजातकम् (सुद० ३/१३)

नाभिदरी (स्त्री०) नाभिगर्त, ताभि रूप गुहा। नाभिमेव दरीं गुहाम् (जयो० २२/१२)

नाभिदघ्नु (वि०) नाभिपर्यन्त (जयो० १८/२७)

नाभिदेशः (पुं०) तुण्डिकाप्रदेश, तुण्डी के समीप। (जयो० १३/९४)

नाभिनरेशः (पुं०) अन्तिम कुलकर नाभिराज। (मुनि० १)

नाभिनरेशसुनुः (पुं०) नाभिराज का पुत्र, ऋषभदेव, आदिदेव, आदिब्रह्मा, वृषभदेव, आदिनाथ। (मुनि० १)

नाभिपर्यन्तभागः (पुं०) नाभि का भाग।

नाभिपुत्रः (पुं०) नाभिराज का पुत्र, ऋषभदेव।

नाभिबिलं (नपुं०) नाभिगर्त। पिपीलिकालीक्रमकृत्य-प्रशस्तिर्विनिर्गता नाभिबिलात्समस्ति। (जयो० ११/३३)

नाभिभवः (पुं०) नाभिरूप संसार। (सुद० १/२२)

नाभिभ्रमणं (नपुं०) नाभिकुहर, नाभिगर्त। (सुद० २/४)

नाभिमण्डलं (नपुं०) नाभिजात। (वीरो० ६/५)

नाभिमान (वि०) अभिमान रहित। (वीरो० ८/१८) अहंकारशून्य।

नाभिराज (पुं०) नाभिराजा, अन्तिम कुलकर।

नाभिराजात्मजः (पुं०) ऋषभदेव। (मुनि० १०)

नाभिल (वि०) नाभि से सम्बन्धित।

नाभिवापी (स्त्री०) नाभिगा, नाभिभ्रमण। (जयो० २/४८)

नाभिसरस् (नपुं०) तुण्डी गर्त रूप जलाशय। 'सतृष्णाया नाभिसरस्य वापि किलावतारः शनकैस्तुयापि' (जयो० ११/५)

नाभिसुनुः (पुं०) ऋषभदेव। (जयो० ७/५९)

नाभीलं (नपुं०) [नाभि+गीष्+ला+क] १. नाभिगर्त, २. पीड़ा।

नाभेरसा (पुं०) नाभिराज के पुत्र।

नाभेरसा वृषभ आस सुदेवसूनु यो,
वै चचार समदृग्दृढयोगचर्य्याम्।
यत्पार्महंस्यमृषयः पदमामनन्ति
स्वस्थः प्रशान्तकरणः परिमुक्तसङ्गः।। (दयो० ३०, दयो० ३१)

नाभेयः (पुं०) ऋषभदेव, प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ। (भक्ति० १८) (जयो० ५/२४) (जयो० २४/१२)

नाभ्य (वि०) [नाभि+यत्] नाभि से सम्बन्ध रखने वाला।

नाम (अव्य०) नामधारी, नामक। समस्युज्जयिनी नाम नगरीह गरीमसी। नाम वाला, नाम युक्त। (दयो० ५) नाम धारक। (जयो० ५)

० निःसन्देह, निश्चय ही, सचमुच ही, वास्तव में, यथार्थ में, वस्तुतः- नृभवो नाम पन्थैको (दयो० १२०)

० संभावना-विषाऽस्या नाम सञ्जातं रजनीव निशोऽवनो (दयो० ६)

० झूठ-मूठ का बहाना।

० आश्चर्य-धरातले साम्प्रतमर्दितोदरः प्रवर्तते हन्त स नामतो नरः। (वीरो० ९/१२)

० दोष, निन्दा।

० वाक्यालङ्कारे–मधुर्धनी नाम वनीजनीनाम् कालः किलायं सुरभीतिनामा। (वीरो० ६/१३)

० यथार्थवाचक (सम्य० १३२) नाम सत्यमिव वार्हतामिति मङ्गले न पठितुं समर्हति। (जयो० २/१५) (जयो० ११/७२)

नामन् (नपुं०) [म्नायते अभ्यस्यते नम्यते अभिधीयते अर्थोऽनेन वा म्ना+मनिन्] नाम, अभिधान, नाम रखना, बुलाना। 'नमयत्यात्मानं गम्यतेऽनेनेति नाम।

० केवल नाम।

० चिह्न, पहचान। (सम्य० १२२) 'धात्री वाहननामा राजाऽभूदिह'। (सुद०पृ० ३३)

० नाम्नि। (सम्य० १३५)

० गतिजातिनाम।

० संसार को प्राप्त कराना, अभिमुख करना।

० कर्मपुद्गल द्रव्य।

० जीव को नमाना।

० नाना रूप को प्राप्त करना।

० भवान्तर की प्राप्ति होना।

० शुभाशुभ भाव होना।

० छठा कर्म का भेद छट्ंठ कम्मं तु भण्णेद णामं।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नामकरणं (नपुं०) नाम रखना। नामकरणं करणमिति नामैव, नाम्नो वा करणं नामकरणम् नामतः करणं नामकरणं (जैन० लं० ५९४)
० नामकरण संस्कार।

नामकर्मन् (नपुं०) नामकर्म, जिस कर्म के उदय से शरीर, संस्थान, संगठन वर्ण, गन्ध आदि की प्राप्ति होती है।
० चित्रकार की तरह विविध प्रदेश की प्रवृत्ति।
यन्नमयति किलात्मानं नाना नरकादि।
पर्यायैः शब्द यति तन्नामकर्म गति वगैरह बियालीस नामकर्म की प्रकृतियों का उदय जो होता है, वह उस उस तरह की साधन सामग्री के साथ इस आत्मा का समागम करा देता है। (तत्त्वार्थसूत्र पृ० १२७)

नामकायोत्सर्गः (पुं०) दोषों के शोधनार्थ कायोत्सर्ग।

नामकृतिः (स्त्री०) नाम देना। एक जीव, एक अजीव, बहुत जीव बहुत अजीव।

नामक्षेत्रं (नपुं०) अपने आप में प्रवृत्त होना, जीव-अजीव या उभय कारणों से निरपेक्ष अपने आप में प्रवृत्त होना।

नामग्रहः (पुं०) नामोल्लेख करना, नामोच्चारण, नाम स्मरण करना।

नामचतुर्विंशति (स्त्री०) नाम से या अक्षरों की पंक्ति से चतुर्विंशति नाम रखना।

नामच्छेदना (स्त्री०) दूसरे से अलग करना, सचित्त-अचित्त द्रव्यों को दूसरे से अलग करना।

नामजातिः (स्त्री०) यथार्थ जाति। (सम्य० १३२)

नामजिनः (पुं०) जिन ऐसा शब्द कहना, 'जिणसद्दो णामजिणो (धव० ९/६)

नामजीवः (पुं०) 'जीव' नाम रखना, किसी भी जीवन गुण की अपेक्षा न करके जीव नाम रखना।

नामदिक् (स्त्री०) नाम से दिशा।

नामद्रव्यं (नपुं०) 'द्रव्य' ऐसा नाम रखना।

नामधर्मः (पुं०) धर्म संज्ञा देना, धर्म के गुण से रहित का भी धर्म नाम रखना।

नामधारक (वि०) नामधारी, नाममात्र का।

नामधारिन् (वि०) नामधारी।

नामधेय (वि०) नाम वाला। (जयो०वृ० ३/६९) स्फुरायमाणं तिलकोपमेयं किलार्य खण्डोत्तमनामधेयम्। (सुद० १/१४)

नामनमस्कारः (पुं०) नाम रूप में नमस्कार।

नामनिक्षेपः (पुं०) अतद् गुण वस्तु में न्यास।
० अर्थ के विपरीत संज्ञाकर्म।
० पुरुष के द्वारा किया जाने वाला नामकरण।
० विवक्षित अर्थ से निरपेक्ष नाम।

नामनिर्देशः (पुं०) नाम से संकेत। यस्य निर्देश इति नाम क्रियते, नाम्नो वा निर्देशो यथा अयं जिनभद्र इत्याद्यभिधान विशेषभणनम्।

नामपदं (नपुं०) नाम आश्रित पद। नामपदं नाम गौडोऽन्ध्रो द्रमिल इति।

नामपिण्डं (नपुं०) विवक्षा विना नाम।

नामपुरुषः (पुं०) पुरुष नाम युक्त।

नामपूजा (स्त्री०) अरहंत, सिद्धादि का नामोच्चारण करना।

नामप्रतिक्रमणं (नपुं०) आयोग्य नामों के उच्चारण का परिहरण। अयोग्यनाम्नामुच्चारणं नाम प्रति प्रतिक्रमणम्' (भ०आ०टी०वृ० २७५) नामप्रतिक्रमणं पापहेतुनामातिचारान्निवर्तनं प्रतिक्रमणं-दण्डक- गतशब्दोच्चारणं वा। (मूला०वृ० १/११५)

नामप्रत्याख्यानं (नपुं०) अयोग्य नाम का उच्चारण नहीं करूंगा, ऐसा विचार।

नामप्रमाणं (नपुं०) प्रमाण का नामकरण।

नामबन्धः (पुं०) बन्ध नाम विशेष।

नामबन्धक (वि०) नाम बन्ध वाला।

नामभावः (पुं०) अपने आप में प्रवृत्त भाव।

नाममंगलं (नपुं०) अरहंतादि का नाम। 'तत्थ णामंगलं णाम णिमित्तंतर-णिरवेक्खा मंगलसण्णा' (धव० १/१७) 'तत्र मङ्गलमिति नामैव नाममङ्गलम्'

नामलक्षणं (नपुं०) वस्तु का लक्षित होना।

नामलोकः (पुं०) लोक के शुभ-अशुभ का जानना।

नामवर्गणा (स्त्री०) 'वर्गणा' शब्द व्यवहार।

नामवेदना (स्त्री०) अष्टविध बाह्य अर्थ का आलम्बन न करना।

नामव्रतं (नपुं०) व्रत संज्ञा होना।

नामश्रुतं (नपुं०) श्रुत/शास्त्र नाम रखना।

नामसत्यं (नपुं०) जो अर्थ सत्य हो, फिर भी नाम रखना।

नामसमः (पुं०) नाना रूप से जानना।

नामसंक्रमः (पुं०) 'संक्रम' शब्द व्यवहार।

नामसंख्या (स्त्री०) जिसकी कोई संख्या हो, एक जीव, दो भाव।

नामसामायिकः (पुं०) गुण आदि की अपेक्षा न करके सामायिक करना। उच्चारण में गुण को महत्त्व देना।

नामस्तवं (नपुं०) चौबीस तीर्थंकरों का नाम रूप में स्मरण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नामस्थापना (स्त्री०) जिस नाम का स्थान हो।
नामस्पर्शः (पुं०) आठ स्पर्श में से किसी एक स्पर्श।
नामांक (वि०) नाम युक्त, नाम चिह्नित।
नामानन्तः (पुं०) कारण की अपेक्षा बिना अनन्त नाम।
नामानुयोगः (पुं०) जो अनुयोग हो उसका नाम। चरित्र से चरणानुयोग, वस्तु विवेचन से द्रव्यानुयोग।
नामान्तरं (नपुं०) अपने आप में प्रवृत्त योग।
नामाभिधानं (नपुं०) नाम विशेष।
नामावश्यकः (पुं०) आवश्यक नाम होना।
नामासंख्यातः (पुं०) असंख्यात संख्या का नाम।
नामास्रवः (पुं०) आस्रव नाम होना।
नामोत्तरं (नपुं०) उत्तर नाम युक्त।
नामोपक्रमः (पुं०) निकटवर्ती काल का उपक्रम।
नायः (पुं०) [नी+घञ्] नायक, नेता, अभिनेता, मार्गदर्शक निर्देशक।
० नीति, उपाय।
नायकः (पुं०) [नी+ण्वुल्] मार्गदर्शक, अग्रणी, नेता, अभिनेता। (जयो० ३/९५)
० गणमान्य, प्रधान, मुखिया। मानवानामग्रणी नायका (जयो०वृ० ३/९५)
० पूज्य व्यक्ति, प्रतिष्ठित व्यक्ति।
० धीरोदात्त व्यक्ति।
० निदर्शन की प्रधानता युक्त।
नायिका (स्त्री०) [नायक+टाप्] ०स्वामिनी, ०अभिनेतृ, ०प्रमुखा, (जयो०वृ० ३/११३) विशिष्ट स्त्री, ०नेतृत्वकर्त्री ०गणसंघिनी, ०संचालिका, ०निर्देशिका।
नारः (पुं०) [नर्+अण्] जल।
नारं (नपुं०) नरसमूह, नर-समुदाय।
नारजीवनं (नपुं०) सोना।
नारक (वि०) नरकों में रत। नरकों में उत्पन्न।
० जो मनुष्यों को क्लेश पहुंचाते हैं। 'नरान् कायन्तीति नरकास्तेषु भवा नारकाः' (जैन० ल० ६००)
० नरकगति में होना 'नरान् प्राणिनः कायति घातयति कदर्थयति खलीकरोति बाधत इति नरकं कर्म, तस्यापत्यानि नारकाः। (गो०जी०क०टी० १४७)
नारकगतिः (स्त्री०) नरकों में जाने की गति।
नारकानुपूर्वी (स्त्री०) नरकगति के प्रायोग्य का अनुपूर्वी।
नारकायु (स्त्री०) नरक में दीर्घ समय तक रहना, नरक में उत्पन्न होना। नरकेषु भवं नारकमायुः (स०सि० ८/१०) 'नरकेषु तीव्र-शीतोष्णवेदनेषु यन्निमित्तं दीर्घजीवनं तन्नारकायुः' (त०वा० ८/१०)
नारकिक (वि०) [नरक+ठक्+इनि] नरक में रहने वाला।
नारंगः (पुं०) [नृ+अगच्] १. संतरे का वृक्ष। (सुद० ७२) आम्रं नारंगं पनसं वा-२. लम्पट, लालची।
नारदः (पुं०) [नरस्य धर्मो नारं, तत् ददाति, दा+क] एक विद्वान् नारद और पर्वत नामक विज्ञ बीसवें तीर्थंकर में हुए
० नारद मुनि। (जयो०वृ० २४/१०)
० विरञ्चिपुत्र/श्रीकृष्ण वाभ्यां सहितस्य विरञ्चिपुत्रस्य त्वादरस्य सच्छविं विभर्ति। (जयो०वृ० २४/१०)
० संक्लेश-नारदपर्वतवद्यत् कृतम् भवति तद् द्यूत। (जयो० २/१२७)
० सन्त, वीणाधारी सन्त। (जयो० १४/१)
नारद-परिव्राजकोपनिषदः (पुं०) नारद की कथावस्तु को प्रस्तुत करने वाला उपनिषद्। (दयो० २४)
नारसिंह (वि०) [नरसिंह+अण्] नरसिंह से सम्बन्ध रखने वाला।
नाराचः (पुं०) [नरान् आचमति नारं आचामति] लोह का बाण।
० नाराचसंहनन; वज्राकार बन्धन और वलयबन्धन से रहित, मर्करबन्ध।
नाराचिका (स्त्री०) [नाराच+ह्व+टाप्] सुनार की तुला, स्वर्णकार की तराजू।
नारायणः (पुं०) त्रिषष्ठि शलाका पुरुषों में प्रसिद्ध नारायण पुरुष, मुरारि। (जयो०वृ० १४/६६)
० श्री कृष्ण नारायण। (मुनि० २४) यो नारायणतां जगाम च हरिः।
नारायणता (वि०) परमात्मपना, परमात्मदशा। नरस्य नारायणताऽऽप्तिहेतोर्जुनर्व्यतीतं भवसिन्धुसेतो। (वीरो० १४/३२)
नारिकेरः (पुं०) नारियल, श्रीफल। (जयो० २४/८०)
नारी (स्त्री०) [स्त्री जातिः न विद्यते अरिर्यस्या] (जयो० १५/३८) स्त्री, नारी, नर को जन्म देने वाली। (सुद० ११५) जिसके समान नर का दूसरा अरि न हो-तारिसओ णत्थि अरी णरस्स अण्णेत्ति उच्चदे णारी। (भ०आ० ९७८)
'अन्तर्विषमया नार्यो बहिरेव मनोहराः।
परं गुञ्जा इवाभान्ति तुलाकोटिप्रयोजनाः।। (जयो० २/१४६)
या नाम नारीति विभर्ति मे साऽरिभावमायात्यधुना विशेषात्।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विचारतोऽहं परिवारलोके पुन: पदेनैव तथावलोके।
(दयो० ३७)
करोति नारी जनुरत्रसाथकं विनाव्रतैर्जीवनमस्त्यपार्थकम्।।
(समु० ४/३२)
नारीं बिना क्वनुश्छाया निश्शाखस्य तरोरिव। (वीरो० ८/४)

नारीदलं (नपुं०) स्त्री समूह। (जयो० १४/९६)

नारीप्रसंग: (पुं०) कामासक्ति।

नारीरत्नं (नपुं०) स्त्रीरत्न, श्रेष्ठ स्त्री।

नार्यण: (पुं०) [नारीणाभङ्गमिव शोभनमंगं यस्य] संतरा, नारंगी।

नाल (वि०) नरकुल का बना हुआ।

नालं (नपुं०) नाल, पोला, खोखला, नालदण्ड, कमलदण्ड।
० धमनी, शरीर की नालिका।
० हरताल।
० मूठ।
० नाली, नहर, जलप्रवाह की नाली।

नाला (स्त्री०) [नल्+ण+टाप्] पोला डंठल, कमलनाल।

नालि: (स्त्री०) [नल्+णिच्+इन]
० नालिका, शरीर की धमनी।
० कमलनाल।
० समय द्योतक यन्त्र।
० नहर, नाली।

नाली देखो ऊपर। प्रणालिका।

नालिक: (पुं०) [नलमेव नालमस्त्यस्य ठन्] भैंसा।

नालिकं (नपुं०) कमलदण्ड।

नालिका (स्त्री०) ० वाद्ययन्त्र, बांसुरी।
० कमलपुष्प।
० एक प्रमाण, माप, साढ़े अड़तालीस लव प्रमाण काल।
'अड़तीस लवे अद्धलवं च घेत्तूण एगा णालिया होदि।' (धव० ३/६५)

नालिकेर: (पुं०) नारियल, श्रीफल। (जयो० २४/८०)

नाली (स्त्री०) नालिका, साढ़े अड़तालीस लव प्रमाण काल।

नालीक: (पुं०) मिथ्याभाषण/झूठ रहित सत्य, यथेष्ठ। अलोकस्य विरोधी-'नालीक: पिण्डजेप्यज्ञे' इति विश्वलोचने (जयो०वृ० २८/६४)
० नालीकानां मूर्खाणां विप्रिय इति।
० नाल्यां कायति-बाण।
१. भाला, २. कमल, ३. कमलदण्ड।

नालीकिनी (स्त्री०) [नालीक+इनि+ङीप्] कमल गुच्छ, कमलसमूह।

नावा (पुं०) नौका, जलयान। (सुद० १०३, जयो० २२/५२)

नावान्त: (वि०) १. गहरी नदी, २. नाव का प्रान्त। 'नावा जलयानेन कृत्वान्त: प्रान्तो यस्या ता' यद्वा न विद्यतेऽवान्तो यस्यास्या नावान्ता (जयो० २२/५५)

नाविक: (पुं०) [नावा-तरति-ठन्] चालक, पोतवाहक, मल्लाह, नौयात्री। १. कर्णधार, ले जाने वाला, पार उतारने वाला।

नाविन् (वि०) मल्लाह, केवट।

नाव्य (वि०) [नावा तार्य नौ यत्] जहाज को ले जाने वाला।

नाव्यं (नपुं०) नयापन, नूतनता।

नाश: (पुं०) [नश्+घञ्] ध्वंस, घात, विनाश, क्षय, हानि।
० 'दृग्मोहनाशान्ननुजायमानं' (सम्य० १२३)
० नाश: पुन: स्वभाव प्रच्यवनम्।
० मृत्यु, मरण। (सम्य० ५९)
० संकट।
० परिकार, परित्याग।
० अभाव।
'कुज्ञाननाशेऽपि भवेत्तथा न:'। (सम्य० १३७)

नाशक (वि०) [नश्+णिच्+ण्वुल्] विध्वंसक, घातक, विनाशक, अन्तक। (जयो०वृ० १/९४)

नाशगत (वि०) नाश को प्राप्त, क्षय को प्राप्त।

नाशन (वि०) नष्ट करने वाला, घात करने वाला, क्षय करने वाला, हटाने वाला, समाप्त करने वाला।

नाशनं (नपुं०) विनाश, घात, विध्वंस, नष्ट होना, दूर करना।

नाशिन् (वि०) [नश्+णिनि] विध्वंसक, घातक, नष्ट करने योग्य, क्षय करने योग्य। (जयो० ३/१४)

नाष्टिक: (पुं०) [नष्ट+ठञ्] खोई हुई वस्तु का स्वामी।

नासा (स्त्री०) [नास्+अ+टाप्] नाक, घ्राण। (जयो० १/६१, जयो० ५/८३)
० घ्राणेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रियों में द्वितीय घ्राणेन्द्रिय।

नासाग्रं (नपुं०) नाक का अग्रभाग।

नासाछिद्रं (नपुं०) नथुना।

नासादृशा (स्त्री०) नासाग्रदृष्टि। 'योग-भोगयोरन्तर खलु नासादृशा समस्य। (सुद० ७०)

नासादृष्टि: (स्त्री०) नासाग्रदृष्टि, ध्यान की एक अवस्था, जिसमें नासाग्रदृष्टि को महत्व दिया जाता है। नासादृष्टिरथ प्रलम्बितकरो ध्यानैकतानत्वत:' श्रीदेवाद्रिवदप्रकम्प इति योऽप्यक्षुब्धभावं गत:।।

नासादारु (नपुं०) नासिक की लकड़ी, चौखट के ऊपर का भाग।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नासापरिस्रावः (पुं०) नाक का बहना, सर्दी लगना।

नासापुटं (नपुं०) नथुआ, नथुना, नाक के विवर, नाक छिद्र।

नासारन्ध्रं (नपुं०) नथुआ, नथुना।

नासावंशः (पुं०) नाक की हड्डी।

नासासंस्कारः (पुं०) नाक का मैल निकालना, नाक साफ करना।

नासास्रावः (पुं०) नाक बहना।

नासिका (वि०) [नास्+ण्वुल्+टाप्] नाक, घ्राण।

नासिक्य (वि०) [नासिका+ण्यच्] अनुनासिक, नाक में होने वाला।

नासिक्यः (पुं०) नाक, घ्राण।

नासीरं (नपुं०) [नासाय-इर्ते-ईर+क] सेना का अग्रभाग, आगे बहना।

नास्ति (अव्य०) [न+अस्ति] यह नहीं है, असद्भाव, एक अंश का अभाव। नहीं है। (सुद० ९४) परकीय द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा नास्ति रूप। ० स्याद्वाद सिद्धान्त की एक पद्धति, जिसमें वस्तु का सर्वथा निषेध या अभाव नहीं किया जाता, अपितु कोई भी वस्तु से विरुद्ध धर्म के बिना पूर्णता को प्राप्त नहीं होती है।

नास्ति-अवक्तव्यं (नपुं०) स्याद्वाद सिद्धान्त का छटा भंग, वस्तु के सद्भाव और असद्भाव में युगपत विवक्षित होना।

नास्तिकः (पुं०) नास्तिक पुरुष, धर्म, देश और गुरु से रहित पुरुष नास्तिक है। (वीरो०वृ० १/३४)

० अनीश्वरवादी, विश्वास नहीं रखने वाला, आगम प्रामाणिकता को नहीं मानने वाला।

नास्तिकत्व (वि०) नास्तिक वादपना। (जयो० ५/४४)

नास्तिक्यं (नपुं०) [नास्तिक+ष्यञ्] नास्तिकता।

नास्तिता (वि०) नास्तिकपना। (वीरो० १९/१३)

नास्तिद्रव्यं (नपुं०) अर्थान्तर रूप द्रव्य, 'घट से भिन्न पर द्रव्य।'

नाहः (पुं०) [नह+घञ्] ० बन्धन, निग्रह, ० फंदा, जाल, ० मलाविरोध।

नाहुषः (पुं०) एक नृपति का विशेषण।

नि (अव्य०) संज्ञा के पूर्व लगने वाला उपसर्ग- ० नीचे की ओर, निम्नता निषद।

० समूह, संग्रह, निकर, निकाय।

० तीव्रता, निगृहीत।

० निदेश, आदेश।

० स्थायित्व।

० कुशलतानिपुण।

० नियन्त्रण, निग्रह, निरोध।

० आश्रय, शरण।

निःकांक्षितः (पुं०) देशकांक्षा और सर्वकांक्षा रहित सम्यग्दृष्टि। कांक्षा न होना (सम्य० ९१) 'कांक्षानिरासो वा निःकांक्षता' जो ण करेदि दुक्खं कम्मफले तह य सव्वधम्मेसु। सो णिक्कंखो चेदा सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो।। (समयसार २४८)

निःश्रयणी (स्त्री०) नसैनी, सीढ़ी, जीना, पदपंक्ति, सोपान- 'निश्चिता श्रेणिः सोपानपंक्तिः।'

निःश्रेणिः (स्त्री०) खर्जूरवृक्ष। निःश्रेणिरधिरोहिण्यां खर्जूरी पादपे स्त्रियाम् इति वि (जयो० २४/५)

निःश्रेणी (स्त्री०) नसैनी, सीढी, सोपान। (जयो० ११/५, मुनि० ११)

निःशेषीकरणं (नपुं०) समस्त, पूर्ण। (जयो० २/११०)

निःश्रेयसः (पुं०) मोक्ष, मुक्ति, रत्नत्रय, अपवर्ग। (जयो० १२/२८) समस्त कर्मों की अभाव रूप अवस्था।

निःशङ्कः (पुं०) भय रहित, दृढ़ श्रद्धशील, देशशंका और सर्वशंका रहित। निर्गतो निः शंकस्तस्य भावो निःशंकता (मूला०वृ० ५/४)

० संदेहाभाव। (सम्य० ९०)

० शंकानिरास। (दयो० ९९)

० सन्मार्गे असंशया।

निःशङ्कितः (पुं०) संदेहाभाव, सगुण। (भक्ति० ७) 'निर्गतं वि शंकितं यस्मादसौ निःशङ्कितम्'।

निःशेष (वि०) १. पूर्ण सुखाना (जयो० १/२६) २. अखिल (दयो० १/५६) ३. कुछ भी नहीं। (सुद० ३५)

निःशर्वरीत्व (वि०) रात्रि का अभाव।

० स्त्री का अभाव। (जयो० १८/४३)

० ब्रह्मचारित्व।

निःशाणं (नपुं०) ध्वजदण्ड। (जयो० १९/६०)

निःशेषता (वि०) सम्पूर्णता (दयो० १६) सदाचर।

निःशेषवाचनाविनयः (पुं०) विवक्षित आगम की वाचना में विनय सूत्र, अर्थ, हित और निःशेष में विनय।

निःश्वसंतः (पुं०) श्वासोच्छवास युक्त। (जयो०८/८४)

निःशत्रुः (वि०) शत्रुशून्य, शूरवीर। (जयो० ६/१०९)

निःक्षेपः (पुं०) [निर्+क्षिप्+घञ्] फेंकना, भेजना, व्यय करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नि:श्वासित: (पुं०) नीचे सांस लेना।

नि:श्वास: (पुं०) [निर्+श्वस्+घञ्] श्वांस निकालना, सांस छोड़ना, लम्बा सांस लेना, आह भरना। अधोगमनस्वभावो नि:श्वास:'

नि:सरणं (नपुं०) [निर्+सृ+ल्युट्]
- ० बहिर्गमन, बाहर जाना।
- ० महाप्रयास, अभिनिष्क्रमण।
- ० निकास, द्वार।
- ० मृत्यु, मरण, घात।
- ० उपाय, उपचार।
- ० मुक्ति, मोक्ष।

नि:स्वेहरहित (वि०) प्रीति रहित। (जयो० ८/४१)

नि:स्नेहता (वि०) प्रेमा भावपना, प्रेम का अभाव। (जयो० ८/२०)

नि:स्वजन: (पुं०) दरिद्रजन। (सुद० ११५)

नि स्व (वि०) धन रहित। (जयो० २२/१४)

नि:स्वजनी (स्त्री०) धनरहित लोग (सुद० ७४)

नि:स्वनं (नपुं०) कोलाहल, शब्द, गुंजार। (जयो० ७/११)

नि:स्वान: (पुं०) दीन, निर्धन। (जयो०वृ० ३/६)

नि:स्वार्थता (वि०) त्यागना, परित्यक्तता। (जयो० २/७४)

नि:स्वेदपदं (नपुं०) घर्मजकव्याज, पसीना बहना। (जयो० २७/१२७)

नि:स्वागतगणना (स्त्री०) दरिद्र के आगमन की गणना। 'वयं तु नि स्वेभ्योदरिद्रेभ्य आगत गणनैव गणना। (जयो० १२/१४३)

नि:स्पृह (वि०) अनासक्त। (जयो० २/१२)

नि:स्वार्थ (वि०) स्वार्थरहित।

नि:संकोच (वि०) अपगत-लज्जा, लज्जारहित। (जयो० ४/५५) (जयो० ११/५१) निरुह। (जयो० १४/९५)

नि:संग: (पुं०) १. सर्व परिग्रह रहित। (दयो० २/८) (भक्ति० १६) २. बाह्य और आभ्यन्तर परिग्रह से रहित साधु। (मुनि० ७)

नि:संगत: (पुं०) परिग्रहरहित, सम्पूर्ण वस्तुओं के परित्याग।

नि:संगता (वि०) अपरिग्रहता। (वीरो० १८/१२९)

नि:सरणात्मक: (पुं०) अशुभ का हो जाना, तैजस् शरीर का बाहर निकल जाना।

नि:सह (वि०) [निर्+सह्] असह्य, नि:शक्त, बलहीन, शक्तिक्षीण, श्रान्त, थका हुआ, परेशान।

नि:सही (स्त्री०) विघ्ननिवारक मन्त्र। (जयो० २४/)

नि:साधन (स्त्री०/वि०) अपर साधन वर्जित। (जयो० ८/९३)

नि:सार (वि०) सार हीन, व्यर्थ। (जयो० ७/२४) (वीरो० १/११)

नि:सारणं (नपुं०) [निर्+सृ+णिच्+ल्युट्] १. निष्कासन, बाहिर करना, निकाल बाहर करना। २. द्वार, निकास, दरवाजा।

नि:सारपरिणति (स्त्री०) असारता। (जयो०वृ० ११/९४)

नि:सारभाग: (पुं०) सिंचन भाग। (जयो० ३/५०)

नि:सृतज्ञानं (नपुं०) १. अवग्रह, ईहादि का ज्ञान। २. अभिमुख्यार्थ का ग्रहण। (मूला० १२/१८७)

नि:स्रव: (पुं०) [निर्+स्रु+अप्] शेष, बचा हुआ, अवशिष्ट।

नि:स्राव: (पुं०) [निर्+स्रु] व्यय, बहना, खर्च करना, व्यर्थ होना।

निकट (वि०) [नि समीपे कटति नि+कट्+अच्] समीप, सन्निकट, पास में दूरता रहित। (जयो० ९/५)

निकटक देखें ऊपर।

निकटस्थलकाल: (पुं०) समीप का समय। (जयो० १८/९३)

निकर: (पुं०) [नि+कृ+अच्] ० समूह, समुदाय, निकाय।
- ० ढेर, झुण्ड।
- ० संग्रह।

'समस्त-नारी-निकरोत्तमाङ्गमण्डनरूपा' (दयो० १०९)

निकर्तनं (नपुं०) [नि+कृत्+ल्युट्] काट डालना, छाटना।

निकर्षणं (नपुं०) [नि+कृष्+ल्युट्] यात्री स्थल, अतिथिगृह।
- ० विश्रामस्थल।
- ० खेल का मैदान।
- ० ढालान।

निकष: (पुं०) [नि+कष्+ध+अच] परीक्षण, कसौटी, परीक्षोपल आदर्श रेखा। (सम्य० ८९) (जयो० २/४७) 'स्वर्णकं हि निकषे परीक्ष्यते' (जयो० २/४७)

निकष-ग्रावन् (पुं०) कसौटी का पत्थर।

निकषपाषाण: (पुं०) कसौटी का पत्थर।

निकषा (स्त्री०) [नि+कष्+अच्+टाप्] निकट, समीप, पास, अदूर।

निकषात्मज: (पुं०) राक्षस।

निका (स्त्री०) ग्राहणी। (जयो० २४/२९)

निकाच: (पुं०) निकाचन, छंदन, निमंत्रण।

निकाचना (वि०) कर्म का उत्कर्षण अपकर्षण होना।

निकाम (वि०) [नि+कम्+घञ्] पर्याप्त, अत्यधिक।
- ० विपुल, बहुत, अधिक।
- ० इच्छुक।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निकामः (पुं०) कामना, इच्छा, चाह। १. निष्क्रिय, निरीह। (जयो० २४/९०)

निकामं (अव्य०) यथेच्छ, इच्छानुसार।

निकायः (पुं०) [नि+चि+घञ्] ० समूह, समुदाय, संघात, संकाय, भाग। (सुद० २६) 'निचीयन्ते इति निकायाः' 'स्वधर्म विशेषापादितसामर्थ्यात् निचीयन्ते इति निकायाः' (त०वा० ४/१)
० तरह, प्रकार-'देवाश्चतुर्णिकायाः'। (त०सू० ४/१)
० अधिक काय-'अधिको वा कायः निकायः यथा-अधिकदाहो निदाह इति'।
० घर, आवास, स्थान।
० धर्म परिषद्।
० शरीर।
० उद्देश्य, निशाना।
० परमात्मा।

निकाय्यः (पुं०) [नि+चि+ण्यत्] निवास, आवास, घर, स्थान,

निकारः (पुं०) [नि+कृ+घञ्]
० उड़ाना, धान्य फटकना, साफ करना।
० उठाना।
० वध, हत्या।
० अनादर, अवज्ञा, क्षति, दुष्टता। पराभय, तिरस्कृत। (जयो० ५/१)
० द्वेष, विरोध।

निकारणं (नपुं०) [नि+कृ+णिच्+ल्युट्] वध, हत्या।

निकाशः (पुं०) [नि+काश्+घञ्]
० दर्शन, दृष्टि।
० क्षितिज।
० सामीप्य।
० समानता, समरूपता।

निकाषः (पुं०) [नि+कष्+घञ्] खुरचना, रगड़ना।

निकुंचनः (पुं०) [नि+कुंच्+ल्युट्] एक तोल, १/४ कुदव के बराबर। आठ तोले बराबर।

निकुंजः (पुं०) लतामण्डप, लतागृह।

निकुंजं (नपुं०) पर्णशाला, कुटिया, आवास स्थान।

निकुम्भः (पुं०) [नि+कुम्भ्+अच्] ० एक अनुचर, ० सुन्द-उपसुन्द का जनक। ० गण्डस्थल-'हस्तिनो निकुम्भात् गण्डस्थलात्' (जयो० ८/३५)

निकुरं (नपुं०) झुण्ड, समूह, संग्रह, समुच्चय, समुदाय।

निकुलीनिका (स्त्री०) [नि+कुवीन+कन् टाप्] परम्परागत विशेषता युक्त, अपने कुल की कला में प्रवीण।

निकृत (भू०क०कृ०) [नि+कृ+क्त] विजित, तिरस्कृत, प्रवंचित, हटाया गया, कष्टग्रस्त, क्षतिग्रस्त, दुष्ट, अधम नीच।

निकृति (वि०) [नि+कृ+क्तिन्] वञ्चना, ठगना, छल करना। 'निक्रियतेऽनया परः परिभूयत इति' निकृतिः। (त०भा० ८/१०)
० धन या कार्य की अभिलाषा। 'अतिसन्धानकुशलता धने कार्ये वा कृताभिलाषस्य वंचना निकृतिः' (भ०आ०टी०२५)
० दुष्टता, नीचता।
० धोखा।
० तिरस्कार, अपमान, अपराध।
० निराकरण, अस्वीकृति।
० दरिद्रता निर्धनता।
० हीनता, कमी।

निकृन्तनार्थ (वि०) कष्ट के प्रयोजनार्थ। (वीरो० १६/८)

निकृंतन (वि०) काटने वाला, नष्ट करने वाला।

निकृष्ट (वि०) [नि+कृष्+क्त] अधम, नीच, दुराचारी, गिरा हुआ, घृणित, बहिष्कृत।

निकेतः (पुं०) [निकेतति निवसति अस्मिन् नि+कितु-घञ्] घर, आवास, भवन, आलय, निकुञ्ज, कुञ्ज।

निकेतनः (पुं०) [नि+कित्+घञ्] प्याज।

निकेतनं (नपुं०) [नि+कित्+ल्यु] भवन, आलय, निवास स्थान। (जयो० २४/४१) शिविरस्थान-'उज्ज्वलस्य श्वेतवर्णस्य निकेतनस्य निवासस्थानस्य' (जयो० १३/१०९)

निकेतिवृत्तिः (स्त्री०) आधारभूत वृत्ति। (सम्य० ४०)

निकोचनं (नपुं०) [नि+कुच्+ल्युट्] सिकुड़न, सिमटन, संकुचन।

निक्वणः (पुं०) संगीतस्वर, ध्वनि।

निक्षा (स्त्री०) [निक्ष्+अ+टाप्] लीख।

निक्षिप् (सक०) डालना, छोड़ना, रखना। (जयो०वृ० १/५९)

निक्षिप्त (भू०क०कृ०) [नि+क्षिप्+क्त] ० फेंका हुआ, डाला हुआ, रक्खा हुआ। ० समर्पित (जयो० ५/१३) ० अस्वीकृत, परित्यक्त (वीरो० २१/१५), ० प्रस्थापित (जयो० १३/८९), ० भेजा हुआ, आहित, ० स्थापित किया हुआ-'निक्षिप्तः स्थापितः, सचित्तादिषु परिनिक्षिप्तमाहारम्

निक्षिप्तदोषः (पुं०) हरित वस्तु से आच्छादित आहार, सचित्त पृथ्वी आदि के ऊपर आसन, शय्यादि का लगाना। 'सचित्त-पृथिव्यादेस्त्रसानां वा उपरि पीठफलकादिकं

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

स्थापयित्वा अत्रशय्या कर्त्तव्येति या दीयते वसतिः सा निक्षिप्ताः' (भ०आ०टी० २३०)

निक्षिप्त दृष्टिः (स्त्री०) परित्यक्त दृष्टि। (वि० २१/१५)

निक्षेपः (पुं०) [नि+क्षिप्+घञ्] ० फेंकना, डालना, ० न्यास, धरोहर, अमानत। ० स्थापना, नियत, निश्चित, ० भेजना, ० परित्याग करना। ० मिटाना, सुखाना। ० जैन दर्शन में प्रसिद्ध एक पद्धति, जो वस्तु की विविधता का न्यास करता। ० जो अवस्था हो वैसा मानना। (त०सू०पृ० १४) निक्षिप्यते इति निक्षेपः स्थापना। ज्ञानं प्रमाणमात्मादेरुपायो न्यासः इष्यते' (लघीयस्त्रय पृ० २) णिच्छए णिण्णए खिवदि त्ति णिक्खेवो' (धव० १/१०) उपाय: कारणं आत्मादिज्ञानस्य नामादि न्यासो निक्षेप इष्यते- (न्यायकुमुद-५२)

निक्षेपणं (नपुं०) [नि+क्षिप्+ल्युट्] डालना, फेंकना, न्यास करना, रखना, विरचना।

निक्षेपणासमितिः (स्त्री०) प्रतिलेखन समिति, कमण्डलु, पुस्तक आदि का सावधानी पूर्वक रखना।

निक्षेपणीकथा (स्त्री०) वस्तु प्रतिष्ठापन कथा, निक्षेपकोविदकथा, जो यथार्थ चित्रण में समर्थ हो।

निक्षोदिमः (पुं०) पर्वतीय खनन, सुरंग से पृथ्वी का उत्खनन।

निखननं (नपुं०) [नि+खन्+ल्युट्] खोदना, उत्खनन करना, निकालना।

निखर्व (वि०) टिंगना।

निखात (भू०क०कृ०) [नि+खन्+क्त] ० निकाला हुआ, खोदा हुआ। ० गाढ़ा हुआ।

निखिल (वि०) [निवृत्तं खिलं शेषो यस्मात्] सम्पूर्ण, पूर्ण, सकल, व्याप्त। 'निखिलेऽप्याकाशे' (जयो०वृ० १/२३)

निखिलात्म (वि०) सम्पूर्ण आत्म युक्त। (वीरो०२२/२९)

निखिलोत्करः (पुं०) चारों ओर का समूह, सम्पूर्ण ढेर।

निगड (वि०) [नि+गल्+अच् लस्य डः] ०बंधा हुआ, ०जकड़ा हुआ, शृंखलित।

निगडः (पुं०) जंजीर, बेड़ी,

निगडं (नपुं०) हथकड़ी।

निगडदोषः (पुं०) कायोत्सर्ग का दोष।

निगडित (वि०) [निगड+इतच्] जकड़ा हुआ, बंधा हुआ, जंजीर युक्त, शृंखलित।

निगणः (पुं०) यज्ञ धूम।

निगदः (पुं०) [नि+गद्+अप्+घञ्] ० स्तुति पाठ, सस्वर पाठ। द्विजवर्णे निष्क्रियतां दृष्ट्वा किं निगदानि भ्रात्द्न्। (सुद० ९७)

निगदं (नपुं०) स्तुति पाठ करना, सस्वर पाठ करना।

० भाषण, प्रवचन, प्ररूपण।

० व्याख्या, उल्लेख।

० छोड़ना, (सुद० ९७)

निगद् (सक०) १. कहना, बोलना, (सुद० ७०) २. भाषण करना, पाठ करना। (जयो० १/२०) ३. स्तुति करना, प्रार्थना करना। जातिं श्रीजिनवाचमेव निगदद्येस्याः प्रसादाद्यतिः। (मुनि० १५) 'आनुकूलवचनं निजगाद' (जयो० ४/११) 'निजगाद-कथितवांस्तदा' (जयो० ४/११) निगद्यते (जयो०वृ० १/२०)

निगदत (वि०) बात करते हुए। (जयो०वृ० १८/७०)

निगदित (वि०) ०कथित, ०प्ररूपित, (सम्य० १५४) कहा गया, ०प्रतिपादित। 'जिनशासनस्य चरणानुयोगे निगदितमस्ति' (जयो०वृ० १/२२)

निगदितं (नपुं०) प्रवचन, भाषण, कथन, प्ररूपण।

निगम् (सक) जाना, निश्चय करना।

निगमः (पुं०) [नि+गम्+घञ्]

० वेद पाठ।

० शास्त्र, ग्रन्थ-'श्रीनिमित्तनिगमं प्रपश्यता भाविवस्तु तदपेक्ष्यते मता। (जयो० २/५८)

० वाणिग्जन। (जयो० २/११३)

० व्यापार, धन्धा, व्यवसाय यः क्रीणाति समर्घमितीदं विक्रीणीतेऽवश्यम्। विपणौ सोऽपि महर्घं पश्यन् कार्यमिदं निगमस्य। (सुद० ९४)

० मण्डी, मेला, संग्रह स्थान।

० निश्चय, विश्वास, तर्क।

– निगमो वणिग्जननिवासः। ०वणिकों का निवास, ०मण्डी क्षेत्र।

– निगमः प्रभूत-तर-वणिग्वर्गावासं (जैन०ल० ६०६)

निगमनं (नपुं०) कथन, निरूपण, प्ररूपण, तर्क प्रस्तुतीकरण, उपसंहार, अध्यात्म हेतुओं का कथन।

० प्रतिज्ञा का उदाहरण।

० हेतुपूर्वक पक्षवचन प्रस्तुत करना।

० प्रतिज्ञा का उपसंहार-'प्रतिज्ञाया उपसंहारः साध्यधर्म-विशिष्टत्वेन प्रदर्शनं निगमनम्' (प्रमेयरत्नमाला० ३/५१)

० जाना, पलायन करना, छोड़ जाना। 'नक्षत्रता दृष्टिमपि नाञ्चति सितद्यु तेर्निगमनतः। (सुद० ६९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निगमानाभासः (पुं०) साध्यधर्म का दृष्टान्तधर्मी में उपसंहार।

निगरः (पुं०) [नि+गृ+अप्] निगलना, डकारना, गले उतारना।

निगरणं (नपुं०) [नि+णृ+ल्युट्] निगलना, गले उतारना।

निगरणः (पुं०) गला, कण्ठ भाग।

निगलः (पुं०) [निगरं, निगार-रलयोरभेदः] ० निगलना, उतारना। सांकल। (दयो० ६५) ० गला, कण्ठभाग तत्तदाप्य निगले हि विभूनामर्पणीयमिति युक्तिरनूना। (जयो० ४/३२) 'निगले कण्ठभागेऽर्पणीयम्' (जयो०वृ० ४/३२) मालां जयस्य निगले वदति क्षेप्तुं किल स्मरः स्मर माम्। (जयो० ६/११७) भुजपाशेन दृढन्तं वधान निगलेऽत्र विलसन्तम्। (जयो० १६/६०)

निगालनं (नपुं०) धावन, ०धोना, प्रक्षालन अमिसिञ्चना। (जयो० १२/१३२)

निगीयते दिलाना, (समु०)

निगीर्ण (भू०क०कृ०) [नि+गृ+क्त] निगला हुआ, डकारा हुआ, छिपा हुआ, गुप्त।

निगूढ (वि०) [नि+गुह्+क्त] ० रहस्यपूर्ण, प्रच्छिन्न, ढका हुआ। ० गुप्त, अदृश्य। (जयो० १२/५९)
–अतिनिगूढपदं स पुनः कुतश्चतुरशीतिकलक्षभवेष्वतः' (समु० ७/८)

निगूहनं (नपुं०) [नि+गुह्+ल्युट्] छिपाना, दुराना।

निगोदं (नपुं०) जीवों का आश्रय विशेष स्थान, जीवों का नियत स्थान। 'नियतां गां भूमिं क्षेत्रं निवासमनन्तानन्तजीवानां ददातीति निगोदम्। (गो जी०टी० १९१)

निगोदजीवः (पुं०) साधारण रूप में एक ही शरीर वाला जीव, जो निगोद भाव से जाते हैं। 'णिगोदेसु जीवंतु, जिगोदभावेण वा जीवंति त्ति णिगोदजीवा' (धव० ७/६०६)

निगोदशरीरं (नपुं०) निगोद का शरीर।

निगोप (वि०) सुरक्षित, रक्षित, गुप्त। (वीरो० १८/४१) 'सन्निधानमिवाऽऽभान्तं यत्नेनैवं निगोपय (सुद० १०४)

निगोपयन्-छिपना, ढकना, आच्छादित करना। (जयो० २४/३८)

निगंथनाठपुत्तः (पुं०) महावीर। (वीरो० २०/२२)

निग्रंथनं (नपुं०) [नि+ग्रन्थ्+ल्युट्] वध, हत्या।

निग्रह् (सक०) ०रोकना, ०वश में करना, ०आधीन करना आश्रय बनाना (सुद०१/२७)

निग्रहः (पुं०) [नि+ग्रह्+अप्] एकाग्रता, स्थिरीभाव।
० निरोध, रोक।
० निराकृत, निराकरण।
०नियन्त्रण, दमन।
० दबाना, कुचलना, रोकना।
० पराजय, हार।
० नष्ट करना, दूर करना।
० दण्ड। –स्वेच्छाप्रवृत्तिनिवर्तनम्।
– प्राकाम्याभावो निग्रहः-
– स्वपक्षसिद्धिरेकस्य निग्रहोऽन्यवादिनः।
– निग्रहो वादि-प्रतिवादिनो।

निग्रहकारिन् (वि०) निग्रह करने वाला। (मुनि० २)

निग्रहणं (नपुं०) परिहार। पराजययस्यासतां निग्रहणे च निष्ठा मतां सतां संग्रहणे घनिष्ठा। (जयो० १/१६)

निग्रहण (वि०) दबाने वाला।

निग्राहः (पुं०) [नि+ग्रह्+घञ्] दण्ड, सजा।

निग्रहबुद्धिः (स्त्री०) द्वेष से पीड़ित होना, व्यर्थ उपवासादि करना।

निग्रहस्थानं (नपुं०) अपने पक्ष का निराकृत होना।

निघ (वि०) [नि+हन्] एक सा।

निघः (पुं०) गेंद, कन्दुक।

निघंटुः (स्त्री०) [नि+घण्ट्+कु] शब्दावली, एक ग्रन्थ विशेष।

निघर्षः (पुं०) [नि+घृष्+घञ्] रगड़ना, घर्षण, घोटना। (जयो० ५/७८)

निघर्षकुण्डी (स्त्री०) घोटने का साधन।

निघर्षणं (नपुं०) रगड़ना, घर्षण करना।

निघसः (पुं०) ० लाना, ० भोजन करना।

निघातः (पुं०) [नि+हन्+घञ्] प्रहार, अभिघात, दमन, क्षय नाश, अभाव।

निघातिः (स्त्री०) [नि+हन्+डूञ्] लोहे का गदा, मुद्गर।

निघुष्टंक (नपुं०) [नि+घुष्+क्त] ध्वनि शब्द।

निघूर्णा (स्त्री०) चालन, संचालन। (जयो० ३/६१)

निघ्न (वि०) [नि+हन्+क] ० आज्ञाकारी, अनुसेवी, आश्रित।
० संहारक, संकटहरण। (जयो० १०/९५)

निचयः (पुं०) [नि+चि+अच्] संग्रह, समूह, समुदाय, राशि, ढेर, समुच्चय, ओघ।

निचायः (पुं०) [नि+चि+घञ्] समूह, ढेर, समुदाय।

निचित (भू०क०कृ०) [नि+चि+क्त] ० संचय, पूरित, ०भरा हुआ। (जयो० २३/५९) ० आच्छादित, फैला हुआ।
० उठाया हुआ।

निचुम्बनं (नपुं०) चुम्बन का समय। (जयो० १७/२८)

निचुलः (पुं०) चोली, चादर, चुन्नी।

निचुलकं (नपुं०) चोली, वक्षत्राण, अंगिया।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निचोल: (पुं०) [नि+चुल्+घञ्] ० घूंघट, पर्दा, अवगुण्ठन। ० कुचवस्त्र। (जयो० १३/८४) ० बिछाने की चादर। ० डोली का आवरण-डोली का पर्दा

निचोलक: (पुं०) [निचोल+कै+व] चोली, बनियान, जाकेट।

निच्छवि: (स्त्री०) एक प्रदेश।

निच्छवि: (वि०) प्रभा विहीन।

निज् (सक०) धोना, साफ करना।
० स्वच्छ करना, निर्मल करना, पवित्र बनाना।
० पोषण करना।
० प्रक्षालन करना, छिड़कना।

निज (वि०) [नि+जन्+ड] अपना, स्वकीय, आत्मीय। (सुद० ११६) आत्मन्, अपने (सुद० ३/१८) 'भव: स गौरीं निजमधर्मङ्गम्' त्यक्त्वा निजं विजानातु (जयो० १/१५) सुधारसमय बुध: (जयो०वृ० २७/६३)
देही देहस्वरूपं स्वं देह सम्बन्धिनं गणम्।
मत्वा निजं पर सर्वमन्यदित्येष मन्यते।। (सुद० ४/७)
विलोमगामिनृ चैव निजं जिनोऽभवत्।
सहिष्णुभावत: स्वीयां शक्तिमुद्योत यन्नये।। (जयो० २९/२१)
० चिरस्थायी, सदैव रहने वाला।
० विशिष्ट।

निजकरं (नपुं०) अपने हाथ।

निजकल्मष (नपुं०) अपने पाप। (वीरो० १४/४९)

निजकारणं (नपुं०) स्वकीय कारण, अपना हेतु।

निजकीर्ति: (स्त्री०) आत्मयश, स्वमशोगान। 'निजकीर्तिकुलानि कुल्यराट्' (जयो० १३/६६)

निजकेन्द्रं (नपुं०) स्वस्थान। (जयो० ४/१)

निजखण्डं (नपुं०) अपना हिस्सा।

निजग (वि०) निजी, अपना, स्वकीय। निजगौ महीयान्। (सुद० ८/३)

निजचारित्रं (नपुं०) अपना चरित्र, स्वकीय आचरण।

निजचेटिका (स्त्री०) अपनी दासी। (सुद० ८६)

निजचेष्टा (स्त्री०) स्वगति, अपनी चेष्टा, अपनी क्रिया (जयो०वृ० १४/२८)

निजचेष्टित (वि०) चेष्टा युक्त। (वीरो० २२/४)

निजजन्मन् (नपुं०) अपना जन्म, अपनी उत्पत्ति, अपनी जाति, जन्मस्थान का केंद्र।

निजजाति (स्त्री०) अपनी उत्पत्ति, अपनी जाति, जन्मस्थान का केंद्र।

निजजीवनं (नपुं०) स्वकीय जीवन।

निजजीवनत्रुटि: (स्त्री०) अपने जीवन की गलती आमीय। (सुद० ११६)

निजज्योति: (स्त्री०) आत्म प्रकाश।

निजटंकार: (पुं०) स्वध्वनि।

निजतत्त्वं (नपुं०) आत्म तत्त्व। (जयो० २३/८९)

निजतप: (पुं०) स्वकीय तप।

निजतोष: (पुं०) आत्म संतोष।

निजद्रव्यं (नपुं०) आत्म द्रव्य। १. अपना धन।

निजदासी (स्त्री०) अपनी दासी स्वकीय चेटी। (जयो० १२/११०) 'परिहासवचोभिरेव धन्यान्निजदासीभिरभोजयत्स जन्यान्' (जयो० १२/११०)

निजदेश: (पुं०) अपना देश, स्वदेश। (जयो०वृ० २१/७३)

निजदोष: (पुं०) अपनी त्रुटि, स्वकीय दोष।

निजधनं (नपुं०) स्वकीय वित्त, अपना द्रव्य।

निजधान्यं (नपुं०) अपना धान्य।

निजधी (स्त्री०) स्वकीय बुद्धि।

निज-नंद: (पुं०) आत्मानंद।

निजनारी (स्त्री०) अपनी स्त्री।

निजनिजकर्मन् (नपुं०) अपने अपने कर्म। 'निज-निजकर्मणि कुशला: परथाऽमीमूर्ध्नि संपतन्मुशला:। (जयो० २/११५)

निजपति (पुं०) अपना पति। (सुद० ८७)

निजपत्तन (नपुं०) अपना नगर। (वीरो० ७/७)

निजपदं (नपुं०) अपना स्थान।

निजपथ: (पुं०) अपना मार्ग।

निजपल्लव: (पुं०) अपने पल्लव, अपने वृक्षों की कोमलता। (सुद० ४/१) 'अथ कदापि वसन्तवदाययावुपवनं निजपल्लवमायया' (सुद० ४/१)

निजपरिकरेणान्वित (वि०) अपने परिकर सहित, परिच्छिदहान्वित। (जयो०वृ० १३/१३)

निजपश्चिम: (पुं०) स्वपृष्ठस्थित, पीछे स्थित। 'कश्चित्तदानीं निजपश्चिमेन विलूनमूर्धा निपपात तेन। (जयो० ८/३१)

निजपाणि: (पुं०) हस्त, हाथ, स्वहस्त। चिरोच्चितासिव्यसनापदे तुक् सोमस्य जायुं निजपाणये तु। (जयो० १/७५)

निजपाणि: (स्त्री०) अपना हस्तदान, पाणिग्रहण का दान।

निजपात्रं (नपुं०) अपना पात्र।

निजप्रजा (स्त्री०) अपनी प्रजा। 'निजप्रजाया: य: प्रतिपाली' (सुद० १/३८)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निजप्रतीकः (पुं०) स्वकीयमङ्ग, अपने अंग के चिह्न। 'यदेवमिन्दीवरपुण्डरीकसारैः समारब्धनिजप्रतीकम्' (जयो० १६/४१)

निजप्रयत्नं (नपुं०) अपना प्रयत्न, अपना उद्यम, स्वकीय परिश्रम निजप्रयत्नेन तदेक नाम। (समु० १/३२)

निजफलं (नपुं०) आत्म परिणाम।

निजबन्धुः (नपुं०) आत्मबन्धन, स्वकीय बन्धन।

निजबन्धुजनः (पुं०) स्वकीय मित्रजन, कुटुम्बीजन। 'निजबन्धुजनस्य सम्मदाम्बुनिधिं स्वप्रतिपत्तितस्दा' (सुद० ३/२७)

निजबान्धवः (पुं०) कुटुम्बीजन।

निजभरणं (नपुं०) स्वोदरपूर्ति।

निजभर्तृ (पुं०) अपना स्वामी। (जयो० ४/२९)

निजभारः (पुं०) अपना बोझ।

निजभावः (पुं०) अपना, अभिप्राय, आहम-परिणाम।

निजभावना (स्त्री०) आत्मचिन्तन, स्वकीय अनुचिन्तन।

निजभेदः (पुं०) आत्मभेद।

निजभ्रातृ (पुं०) सहोदर।

निजमङ्गजः (पुं०) अपने छोटे छोटे बच्चे। (जयो० १३/१५)

निजमतः (पुं०) अपना अभिप्राय, अपना विचार।

निजमतिः (स्त्री०) अपनी बुद्धि। (सुद० ९०)

निजमदः (पुं०) अपना अभिमान।

निजमनस् (नपुं०) स्वकीय मन।

निजमनोभावः (नपुं०) अपना मनोगत अभिप्राय, अपना आशय।

निजयीप्सित (वि०) स्वाभिलषित। (जयो०वृ० ४८)

निजयशस् (पुं०) आत्मख्याति, अपनी प्रसिद्धि। (सुद० ८९) 'क्षणिकनर्मणि निजयाशोमणिसुलभं च जहातु-(सुद० ८९)

निजरत्नं (नपुं०) अपना रत्न, अपने कीमती रत्न। 'स भद्रमित्रं निजरत्नवस्तुनः' (समु० ४/१)

निजरत्नसारः (पुं०) रत्नत्रय सार।

निजराशिः (स्त्री०) स्वकीय समूह।

निजरुदनं (नपुं०) अपना क्रन्दन।

निजलाभः (पुं०) आत्म लाभ।

निजलालसा (स्त्री०) आत्म इच्छा, स्वकीय इच्छा।

निजलोभः (पुं०) अपनी अभिलाषा, चाह, इच्छा, लालच।

निजवतंसं (नपुं०) १. स्वकीय आभूषण, मुकुटस्थान। (जयो० १/९९) निजस्य स्वस्य वतंसपदे/मुकुटस्थाने (जयो०वृ० १/९९) २. वृत्तपर्यन्त-'निजवतंसपद इति वृत्तपर्यन्तम्' (जयो०वृ० १/९१)

निजवतंसपदं (नपुं०) मुकुट स्थन।

निजवर्तनं (नपुं०) अपना परिणमन। (भक्ति० २७)

निजवित्तं (नपुं०) अपना धन। 'सकल जनानां निजवित्तस्य च लुण्टाकेभ्यस्त्रात्री यमायाताऽरमहो कलिरात्रिः' (सुद० ९७)

निजवैभवः (पुं०) अपनी सम्पत्ति, अपना धन, अपना राज्य। पृथुतुजेऽत्यसृजन्निजवैभवं प्रतिविधातुमुदीय स वैभवम्। (समु० ७/२२)

निजवृत्तं (नपुं०) आत्म चरित्र, अपना वृतान्त। 'नगरं प्रविवेश वैभवान्निज वृत्तं कियदेषु संवदन्' (जयो० २१/७३)

निजशुद्धिः (स्त्री०) मनः सम्यग्भाव। (जयो० २३/८५)

निजहितः (पुं०) आत्मकल्याण, स्वकल्याण, अपना हित। 'आत्मनो निजहिते/आत्मकल्याणे योजनं प्रवर्तमस्ति' (जयो०वृ० २/५०)

निजाङ्कं (नपुं०) क्रोड, गोद। पितरौ तु विषेदातुः सुतां न तथाऽऽजन्मनिजाङ्कवर्द्धितम्। (जयो० १३/२२)

निजात्मानुयुक् (वि०) आत्मा में लीन। इत्याज्ञाविचये समर्थितमना भूयान्निजात्मानुयुक्। (मुनि०पृ० २२)

निजार्द्ध-देहानुमित (वि०) अर्द्धाङ्गिनी रूप में परिणत। (जयो० २४/६) 'गिरीश्वरः सेवत एव सत्तमां निदार्द्धदेहानुमितां तु पार्वतीम्। (जयो० २४/६)

निजान्तरङ्गं (नपुं०) अपना मन। निजनिजन्तरङ्गे मोदं हर्षमुपेत्य (जयो० ४/५०)

निजासनं (नपुं०) अपना आसन, ब्रह्मासन, कमलासन। निजासने चाकुलतां प्रयाता चक्रे न वै मध्यमितीव घाता। (जयो० ११/२५)

निजीय (वि०) आत्मीय, स्वकीय। (समु० ८/२०) 'प्रसादयन् बुद्धिमहो निजीयाम्' (वीरो० १८/३३)

निजीयलीला (स्त्री०) अपनी मनमानी। (वीरो० ११/७)

निजेच्छा (स्त्री०) अपनी इच्छा, इच्छानुसार। (वीरो० ८/१३) 'आगता दैवसंयोगाद्विहरन्ती निजेच्छया' (सुद० १३३)

निजोचितः (पुं०) आत्मानुकूल, आत्मानुरूप। (जयो० १०/८४) अपने योग्य, अभीष्ट। 'पुरी-परीतमुपेत्य निजोचित' परिकरं परमत्र सुसंहितम्। (समु० ७/१३)

निजोद्देशसमर्थनं (नपुं०) अपने उद्देश्य की पुष्टि। (वीरो० १८/२५)

निजोन्नतिः (स्त्री०) आत्मोत्कर्ष, आत्मोन्नति, अपनी प्रगति। परोत्कषसहिष्णुत्वं जह्याद्वाञ्छन्निजोन्नतिम्। (सुद० ४/४२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निजोपार्जित (वि०) अपने पूर्वोपार्जित, कर्म, स्वयं के उत्पन्न किये गए। फलं सम्पद्यते जन्तोर्निजोपार्जितकर्मणः। (सुद० १२५)

निटलं (नपुं०) मस्तक, सिर।

निडीनं (नपुं०) [नीचैः डीनं पतनमस्ति] झपट्टा मारना, पक्षियों का नीचे की ओर उड़ना।

नित (अव्य०) सदैव। (सम्य० १५३)

नितंबः (पुं०) [निभृतं तम्यते कामुकैः, तमु कांक्षायाम्] चूतड़, श्रोणी भाग, कूल्हा, कटिपृष्ट भाग। (जयो० ११/२४) (वीरो० ३/२२) स्त्रियों का पिछला उभरा हुआ हिस्सा, 'समेखलाभ्युन्नतिमन्नितम्बा' नटी स्मरोत्तानगिरेरियं वा। (सुद० २/५) तमेकचक्रं च नितम्बमेनं जगज्जयी संलभते मुदं नः। (जयो० ११/२२) 'नितम्बनामा रसनाकलापच्छेन' (जयो० ११/२३)

नितम्बदेशः (पुं०) कटिपृष्ठ भाग 'नितम्बदेशे पृथुचक्रमानात्। (वीरो० ३/२१)

नितम्बप्रदेशः (पुं०) कटिपृष्ठ भाग। श्रोणिभाग।

नितम्बबिम्बं (नपुं०) १. तीरस्थल (जयो०१३/९६), २. श्रोणिपृष्ठपद। (जयो०वृ० १३/९६), ३. स्वकीय श्रोणिप्रदेश। (जयो० १५/७६)

नितम्बभागः (पुं०) कटिप्रदेश।

नितम्बवत् (वि०) [नितम्ब+मतुप्] सुन्दर कूल्हों की तरह।

नितम्बिन् (वि०) [नितम्ब+इनि] उन्नत कूल्हों वाला, रमणीय श्रोणिपृष्ठ युक्त।

नितम्बिनी (स्त्री०) नितम्ब वाली, श्रोणि युक्त, उभरे सुन्दर कटि पृष्ठभाग वाली। (जयो० १४/८४)

नितराम् (अव्य०) [नि+तरप्+अमु] ० पूर्णरूप से, पूरी तरह से। ० अत्यधिक, अत्यंत, बहुत बड़ा, (जयो० १३) ० भारी से भारी, गुरुतर।

नितलं (नपुं०) [नितरां तलम् अधोभागः यस्मिन्] पाताल का एक भाग।

नितान्त (वि०) ०अत्यधिक, ०बहुत अधिक, ०तीव्र, ०दृढ़तर, ०प्रगाढ़, ०प्रकृष्ट, ०अतिशय, ०बहुत ज्यादा। 'नयतो जय तोषयेरुपेतां प्रणयाधीनतया नितान्तमेताम्। (जयो० १२/५०)

नितान्तं (अव्य०) ०अत्यधिक, ०बहुत ज्यादा, ०तीव्रतर। (वीरो० १२/२३) 'सरलामनुमन्य वंशजां मां कुरुषे कान्त नितान्तमेव वामाम्। (जयो० १२/९३)

नित्य (वि०) [नियमेन नियतं वा भवं नि+त्यप्] ० अटल, ०नियमित, ०निश्चित। अवेहि नित्यं विषयेषु कष्टम्। (सुद० १२१)
० सदैव, हमेशा 'कष्टाय नित्यं ननु देहिराशौ' (सुद० १२१)
० वस्तु स्वभाव का विनाश न होना 'तद्भावाऽव्ययं नित्यम्' ०चिरस्थायी, ०शाश्वत, ०निर्बाध। (त०सू० ५/३१)
० जीव में गुण, चेतन आदि का बना रहना। (त०सू०पृ०८१)
० अनादि, अनन्त एवं सर्वकालिक स्वरूप होना जिसके विषय में यह ज्ञान हो कि यह वही है, जिसे पहले देखा था, वह नित्य है, (जयो०हि० २६/८९) 'यत् सतो भावान्न व्येति, न व्येष्यति तन्नित्यमिति' (जैन०ल० ६०७)

नित्यं (अव्य०) प्रतिदिन, सदा, सर्वथा हमेशा, लगातार, निरन्तर। त्रसानां तनुमांसिनाम्ना प्रसिद्धा यदुक्तिश्च विज्ञेषु नित्यं निषिद्धा। (जयो० २/१२३)

नित्यकृत्यं (नपुं०) प्रतिदिन किया जाने वाला कार्य।

नित्यतदन्यरूपः (पुं०) नित्यानित्यामक, नित्य और अनित्य। (जयो० २६/८९)
नित्यैकतायाः परिहारकोब्दः
क्षणस्थितेस्तद्विनिवेदिशब्दः।
सिद्धोऽधुनार्थः पुनरात्मभूव।
संज्ञानतो नित्यतदन्यरूपः।

नित्यदानं (नपुं०) प्रतिदिन का दान।

नित्यनिगोदः (पुं०) तीनों कालों में त्रस पर्याय के योग्य न हो।

नित्यनियमः (पुं०) नित्य का नियम, प्रतिदिन का सिद्धान्त, प्रतिदिन की प्रक्रिया।

नित्यनूत्वा (वि०) प्रतिदिन, नया-नया।

नित्यनैमित्तकं (नपुं०) निरन्तर किया जाने वाला अनुष्ठान।

नित्यपाठः (पुं०) निरन्तर चलने वाला अभ्यास।

नित्यपिण्डः (पुं०) प्रतिदिन का आहार।

नित्यपूजा (स्त्री०) प्रतिदिन की पूजा, देव, शास्त्र और गुरु की प्रतिदिन की जाने वाली पूजा/अर्चना/भक्ति।

नित्यप्रलयः (पुं०) सुसुप्त दशा।

नित्यबन्धः (पुं०) निरन्तर बन्ध।

नित्यभावः (पुं०) शाश्वत भाव।

नित्यभावना (स्त्री०) स्थायी विचार।

नित्यमरणं (नपुं०) प्रतिसमय आयु का विनाश। 'समये समये स्वायुरादीनां निवृत्तिः'। (त०वा० ७/२२)

नित्यमहः (पुं०) नित्यपूजा।
तेषु नित्यमहो नाम स नित्यं यज्जिनोऽर्च्यते।
नीतैश्चैत्यालयं स्वीयगेहाद् गन्धाक्षतादिभिः॥(जैन०ल०पृ०६०८)

नित्यमित्रं (नपुं०) अकारण दूसरे का रक्षक। 'यः कारणमन्तरेण रक्ष्यो रक्षको वा भवति तन्नित्यं मित्रम्। (जैन०ल० ६०९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नित्यमुक्तः (पुं०) परमात्मा।

नित्यमेव (अव्य०) नित्य ही, प्रतिदिन ही।

नित्ययौवना (स्त्री०) सदा युवती रहने वाली, द्रोपदी।

नित्यवादः (पुं०) नित्यवाद का कथन, कपिल/सांख्य को नित्यवाद की पद्धति। (जयो०वृ० १८/६४)

नित्यशस् (अव्य०) [नित्य+शस्] निरन्तर, सदैव, हमेशा, लगातार, प्रतिदिन। (जयो० २/४८) 'किलाधरप्रदेशे रमते स्म नित्यशः। (जयो० २४/२) इत्थं चिन्तनमस्तु योगिहृदयानन्दप्रदं नित्यशः। (मुनि० २३)

नित्य-शंकित (वि०) सदा ही शंका युक्त रहने वाला, सदैव तत्पर, कार्य के प्रति सजगता।

नित्यहोतृन् (पुं०) वैदिक ब्राह्मण। (जयो०वृ० ३/१४)

नित्यातपत्रं (नपुं०) छत्रत्रय। (जयो० १०/९९)

नित्यात्यः (पुं०) उदधि, समुद्र।

नित्यात्यं (अव्य०) प्रतिदिन, सदैव, निरंतर, लगातार।

नित्यानध्यायः (पुं०) नित्य अध्ययन का त्याग।

नित्यानन्दपदं (नपुं०) ०शुद्धात्मपद, ०परमानन्द पद, ०उत्तम आनन्द का स्थान, ०शाश्वत् कल्याण पद। जन्म-मरणादि से रहित शुद्ध स्वरूप का स्थान। नित्यानन्दपदे निरन्तर-रतो भूयाः स्वयं सर्वदा। (मुनि० १४)

नित्यानित्यामकः (पुं०) नित्य और अनित्य रूप, नित्यदन्यरूप। 'प्रत्यभिज्ञानतो नित्यतदन्यरूपः' (जयो०वृ० २६/८९)

नित्यानुभूतः (पुं०) बार-बार अनुभव में आई हुई। नित्यानुभूतनिजलाभनिवृत्ततृष्ण श्रेयस्मतद्वचनया चिरसुप्तवुद्धेः। (दयो० ३०)

नित्यैकता (वि०) नित्य एकत्व। 'नित्यमेवैकं नानित्यमिति विचारो नित्यैकता' (जयो० २६/८९)

निदद्रुः (पुं०) [निदात् विषात् द्राति पलायते निद्+द्रा+कु] मनुष्य, नर।

निदर्शक (वि०) [नि+दृश्+ण्वुल्] निदर्शक, प्रदर्शक।
- ० देखने वाला, प्रत्यक्ष करने वाला।
- ० संकेत करने वाला, इंगित करने वाला।
- ० प्रकथन वाला।

निदर्शनं (नपुं०) [नि+दृश्+ल्युट्]
- ० दर्शनशक्ति, अन्तर्दृष्टि, दृश्य।
- ० इंगित करना, संकेत करना, बतलाना।
- ० प्रमाण, साक्ष्य।
- ० दृष्टान्त, उदाहरण।
- ० चिह्न, पहचान, सूचक।
- ० योजना, पद्धति विधि
- ० प्रकाशन, आशीर्वाद विरुद्धवृत्तौ रुषमेति लोकश्छन्दोऽनुवोतर्ष निदर्शनौकः। रोषो न तोषा जगदेकपोष ऋषेर्भवत्येव भवेऽपदोषः।। (जयो० २७/२१)

निदर्शना (स्त्री०) एक अलंकार विशेष, जिसमें वस्तु सम्बन्ध उपमा से परिकल्पित होता है।

निदा (स्त्री०) तीव्र वेदना। 'नितरां निश्चितं वा सम्यक् दीयते चित्तमस्यां इति निदा' (जैन०ल० पृ० ६०९)

निदाघः (पुं०) [नितरां दह्यते अत्र+नि+द्+घञ्] ० ताप, गर्मी तपन, उष्णता। (वीरो० २/१५) ० ग्रीष्मऋतु, गर्मी का समय। (वीरो० १२/२)

निदाघकरः (पुं०) सूर्य, दिनकर, रवि।

निदाघकालः (पुं०) ग्रीष्म समय, गर्मी का समय। (जयो० २२/११) 'निदाघकालेऽप्यतिकूलमेव प्रसन्नरूपा वहतीह देव। (वीरो० २/१५)

निदाघभीति (स्त्री०) ग्रीष्मकाल का भय। 'निदाघस्य ग्रीष्मकालस्य भीतिर्भयपरिणतिः' (जयो०वृ० २२/११)

निदानं (नपुं०) [निश्चयं दीयतेऽनेननि+दा+ल्युट्] ० निरादर, अपमान (जयो० ४/२७)
- ० भोगा कांक्षा, भोगाभिलाषा। 'निदानं विषयं। भोगाकांक्षा' (स०सि० ७/१८) 'भोगाकांक्षया नियतं दीयते चित्तं तस्मिंतेनेति वा निदानम्' (स०सि० ७/३७)
- ० अध्वसाय विशेष-'निदायते सूयतेऽनेनेति निदानं अध्यवसाय विशेषः'।
- ० मन का विचार। (सम्य० १५२)
- ० शल्य, पीड़ा, कष्ट।
- ० रोग का कारण जनना, चिकित्सा विज्ञान का कारण। रोग प्रतिपादन।
- ० बन्धन, पट्टा, रस्सी, डोरी।
- ० आर्तध्यान का एक भेद। (मुनि० २१)
- ० अन्त, समाप्ति।
- ० पवित्रता, शुद्धता, निर्मलता।

निदानभावः (पुं०) सुखाभिलाषा का भाव।

निदानमरणं (नपुं०) निदान पूर्वक मरण, ऋद्धि और भोगों की अभिलाषा पूर्वक मरण।

निदानहेतु (स्त्री०) निदान का कारण। (समु० ८/३५)

निदिग्ध (भू०क०कृ०) [नि+दिह्+क्त] संलेपित, चुपड़ा हुआ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निदिध्यासनं (नपुं०) [नि+ध्यै+सन्+ल्युट्] निरन्तर मनन-चिन्तन।

निदेशः (पुं०) [नि+दिश्+घञ्] आज्ञा, अनुदेश, आदेश।

निदेशिन् (वि०) [निदेश+इनि] संकेत करने वाला।

निद् (अक०) निद्रा लेना, निद्रायते। (वीरो० १२/१६)

निद्रा (स्त्री०) [निन्द्+रक्+टाप् न लोप] नींद, सुप्तावस्था, मद, खेद, थकावट, अलस्य, शिथिलता, झपकी आना।
० सुखपूर्वक जागरण।
० स्वाप, शयन। (वीरो० ४/२८) 'मद-खेद-क्लम-विनोदार्थः स्वापो निद्रा' (स०सि० ८/७) (जैन०ल० पृ० ८/१०)
० मद, खेद और थकान वगैरह को दूर करने के लिए या आराम पाने के लिए सो जाना (त०सू० १२४)

निद्राण (वि०) [नि+द्रा+क्त] शयन करता हुआ, प्रमादकारी, आलस्यदायिनी। (जयो०वृ० १८/१२)

निद्रानिद्रा (स्त्री०) नींद पर नींद आना, घोर निद्रा, नींद के ऊपर नींद आना। 'निद्रायाः उपर्युपरिवृत्तिर्निद्रानिद्रा'। (स०सि० ८/७, मूला०वृ० १२/१८८)

निद्राभंगः (पुं०) नींद टूटना, नींद खुलना, जागरण होना।

निद्रावृक्षः (पुं०) अन्धकार तम।

निद्रासंजननं (नपुं०) कफात्मक वृत्ति, श्लेष्मा।

निद्रालु (वि०) [नि+द्रा+आलुच्] निद्रित, नींद में हुआ, नींद वाला।

निद्रित (वि०) [निद्रा+इतच्] सुप्त, सोया हुआ।

निधत्त (वि०) कर्म निधारण करना।

निधन (वि०) [निवृत्त धनं यस्मात्] दरिद्र, निर्धन, गरीब।

निधनं (नपुं०) मरण, ध्वंस, नाश, हानि।
० उपसंहार, अन्त, परिसमाप्ति।
० परिवार, वंश।

निधानं (नपुं०) [नि+धा+ल्युट्] ० आधार, आश्रय, सहारा। ० भरा हुआ, पूर्ण (जयो०वृ० १/१७) चातकस्य तनयो घनाघनमपि निधानमथवा निःस्वजनः। (सुद० ११५) ० ०खजाना, ०कोष, ०आगार, ०गोदाम, भण्डार, ०संपत्तिस्थान सुदृक्त्वमेकं सुविधानिधानम्। (सम्य० १२३)

निधानकुम्भं (नपुं०) भरा हुआ घट। निधानकुम्भाविव यौवनस्य परिप्लवौ कामसुधारसस्य। (सुद० १००)

निधानधामं (नपुं०) आश्रय भूत स्थान।

निधानपात्रं (नपुं०) परिपूर्ण पात्र, भरा हुआ बर्तन।

निधानसेतु (नपुं०) आश्रयभूत कारण।

निधिः (स्त्री०) [नि+धा+कि] ० कोष, भण्डार, खजाना, संचय स्थान। 'निःस्वजनी निधिना सा (सुद० ७४)
० वैभव, ऐश्वर्य। सम्पत्तिपात्राणामुपतर्पणं प्रतिदिनं सत्पुण्य-सम्पन्निधिः। (सुद० ४/४७)
० घर, आधार, आश्रय, स्थान, आशय।
० समुद्र, उदधि।

निधिघटी (स्त्री०) कोष की मटकी, धन से भरी हुई मटकी। निधिघटीं धनहीजनो यथाऽधिपतिरेष विशां स्वहशा तथा। (सुद० २/४९)

निधीयते -बढ़ाना, वृद्धि करना। (वीरो० १५/५)

निधिनाथः (पुं०) कुबेर।

निधिपूर्णः (पुं०) धन से परिपूर्ण।

निधिशः (पुं०) कुबेर।

निधीश्वरः (पुं०) स्वामी, ईशे। वदाम्यथो सौधनिधीश्वरन्तत्सहासमास्यं शुचिरश्मिवन्तम्। (जयो० ११/४९)

निधुवनं (नपुं०) [नितरां धुवनं हस्तपादादिचालनमत्र] ० क्षोभ, कम्पन्न। ० संभोग, मैथुन, ० आनन्द, केलि, उपभोग।

निधेय (वि०) विना प्रयोजन। निधेयं मया किं विधेयं करोतूत सा साम्प्रतं चाखवे यद्वदौतुः' (सुद० ७/५)

निध्यानं (नपुं०) [नि+ध्यै+ल्युट्] अवलोकन, दर्शन, दृष्टि।

निध्वानः (नपुं०) [नि+ध्वन्+घञ्] शब्द, ध्वनि, कोलाहल।

निन् (सक०) ले जाना। निन्यु। (जयो० ६/२६)

निनंक्षु (वि०) [नष्टुमिच्छुः-नश्+सन्+ड] मरने की इच्छा करने वाला, भागने वाला।

निनादः (पुं०) [नि+नद्+घञ्] तारगम्भीररव (जयो० ६/१२७)
० शोरगुल, ध्वनि ० गम्भीर रव, दुन्दुभिनिनाद। (जयो० ६/१२७) ० भिनभिनाहट, गुंजन।

निनादिन (वि०) गर्जनशील। (वीरो० २/३०)

निनयनं (नपुं०) [नि+नी+ल्युट्] समाप्ति, पूर्णतः।
० अनुष्ठान, धार्मिक क्रिया।
० उड़ेलना, उछालना।
० सम्पन्न करना, पूर्ण करना।

निंद् (अक०) निन्दा करना, दोष लगाना, प्रत्यारोपण करना, बुरा कहना, छिद्रान्वेषण करना, ० धिक्कारना, फटकारना, डांटना, लोको निन्दतु पूजतादुत ततस्ते का विशिष्टिः प्रभोः। (मुनि० १४)

निन्दंक (वि०) [निन्द्+ण्वुल्] ० कलंक लगाने वाला, दोषारोपण करने वाला, डाटने वाला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

○ क्षति पहुंचाने वाला।
○ बदनाम करने वाला।
○ प्रच्छन्नस्तुति करने वाला।

निन्दनं (नपुं०) प्रतिकार, विरोध 'स्वस्यदुक्ष्यरितमास स निन्दन, तत्परस्य विधिनाभ्यनुविन्दन् (समु० ५/१२)
○ निन्दा करना, अपमान करना।
○ दोषारोपण।
○ फटकारना।
○ भला-बुरा कहना।
○ क्षति, हानि, नुकसान।
○ प्रच्छन्नस्तुति।
○ व्याजस्तुति।

निन्दा (स्त्री०) ○ पश्चात्ताप। (मुनि० १९) सच्चरित्रस्य सत्त्वस्य पश्चात्तापः स्वप्रत्यक्षं जुगुप्सा निन्दा।
○ आत्मसाक्षिकी निन्दा।
○ दोष का उद्भावन, दोषारोपण।
○ जुगुप्सा, ग्लानि।
○ कलंक।
○ दोषोदभावननेच्छा।
○ परिवाद। (जयो० १२/१४५)

निन्दाकरणं (नपुं०) निन्दा करना, दोषारोपण करना, कलंक लगाना। समस्तु दौस्थित्यविधिर्हृदाचान्यस्यात्र निन्दाकरणादि वाचा। (समु० ८/२८)

निन्दागत (वि०) निन्दा को प्राप्त।

निन्दापरायणः (पुं०) निन्दा में चतुर। (जयो० ११/१३)

निन्दापहरणकर (वि०) परिवादहर। (जयो० १२/१४५)

निन्दापूर्वकं (नपुं०) ०नन्दासहित, ०पश्चात्तापपूर्वक। दुष्कर्मार्जित-मर्हतामधिपते! त्वत्पादमूलेऽत्र तन्निन्दापूर्वकमुज्जहामि सुपथे वर्वतिषुः साम्प्रतम्।। (मुनि० १९)

निन्दायोग्यः (पुं०) निन्दा का पात्र। (जयो०वृ० ११/२७)

निन्दित (भू०क०कृ०) [निन्द्+क्त] कुत्सित। (जयो०वृ० २/१२६) कलंकित, अपमानित, अप्रशंसित, दोषारोपित, गाली दिया हुआ।

निन्दित-व्यभिचारादिकर्मन् (नपुं०) कुत्सिताचरण। (जयो०वृ० २/१२६)

निंदु (स्त्री०) [निदु+उ] मृतवत्सा, मृत बच्चे को जन्म देने वाली।

निंद्य (वि०) [निंद्+ण्यात्] ०कलंक योग्य, ०घृणा योग्य, ०गर्हित, ०जघन्य।
○ प्रतिषिद्ध, वर्जित।

निंद्यवस्तु (नपुं०) अतर्क्य वस्तु। (वीरो० १६/२६)

निपः (पुं०) [नियतं पिवति अनेन नि+पा+क] जल भरने का घट।

निपः (पुं०) कदम्ब तरु।

निपठः (पुं०) पढ़ना, सस्वर पाठ करना, अध्ययन, अभ्यास।

निपत् (अक०) गिरना, प्राप्त होना। निपपात (सुद० १०९) (वीरो० १८/४२) 'सक्ताः सुरापलपरा' (जयो० ६/५९) निपतन्यकेषु (सुद० १२७)

निपतनं (नपुं०) [नि+पत्+ल्युट्] नीचे गिरना, उतरना, नीचे की ओर जाना। (दयो० ८)

निपतन-जात (वि०) पतन को प्राप्त हुआ।

निपत्य (सं०कृ०) गिरकर। 'अधर्मतामित्यत एति सत्यमसौ स्वीवात् सुतरां निपत्य' (सम्य० ७१)

निपत्या (स्त्री०) [निपतन्ति अस्याम्-नि+पत्+क्यप्+टाप्]
○ फिसलन युक्त भूमि।
○ रणक्षेत्र।

निपाकः (पुं०) [नि+पच्+घञ्] पकाना, परिपक्व करना।

निपातः (पुं०) [नि+पत्+घञ्] निपात, अव्यय विशेष।
○ नीचे गिरना, नीचे आना, नीचे उतरना।
○ आक्रमण करना, टूट पड़ना, कूदना झपटना।
○ फेंकना, दागना, मारना।
○ उतार, प्रपात।
○ मरण, मृत्यु।
○ आकस्मिक घटना।
○ अनियमित रूप, अपवाद मानना।
○ अव्यय, -वह शब्द जिसके अन्य रूप न बने।
○ गिनने का अङ्क-निकालना, उत्कीर्णन। 'गुणानां गणनाया योऽङ्क निपातउत्कीर्णनम्।' (जयो०वृ० ६/१०५)

निपातनं (नपुं०) [नि+पत्+णिच्+ल्युट्]
○ मारना, पछाड़ना, गिराना। (समु० २/२४)
○ परास्त करना, ध्वस्त करना।
○ अपवाद, अनियमितता।
○ मर्म स्पर्श करना।

निपानं (नपुं०) [नि+पा+ल्युट्]
○ पीना, आचमन करना।
○ जलाशय, जोहड़, पोखर।
○ पानी का माद।
○ कूप, कुंआ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निपीडनं (नपुं०) [नि+पीड्+णिच्+ल्युट्] निचोड़ना, भींचना, दबाना, चोट पहुंचना।

निपीयते (वर्त०) पीया जाना। (जयो० १६/९)

निपुण (वि०) [नि+पुण+क]
- ० चतुर, चालाक, होशियार। (जयो० ६/९८)
- ० बुद्धिमान्, कुशल, प्रवीण।
- ० परिचित, जानकार, अनुभवशील।

निपुणं (अव्य०) चतुराई से, चालाकी से, कुशलता से।

निपूतः (पुं०) प्रभावित, प्रक्षालन। पवित्र (जयो० ११/११)

निपूतपादः (पुं०) प्रक्षालितचरण। नितरां पवित्रौ पादौ (जयो० २४/६५)

निपूरः (पुं०) शब्द प्रवाह, जलप्रवाह। (जयो० ३/९३)

निपूर-पूरित (वि०) जल प्रवाह से पूरित, शब्द प्रवाह से युक्त। (जयो० ३/९३)

निपूरित (वि०) भरा हुआ, सम्भृत। (जयो० १०/११३)

निफेन प्रकारः (पुं०) फेन कण, छाग कण। (जयो० १३/९१)

निबद्ध (भू०क०कृ०) [नि+बन्ध्+क्त]
- ० बांधा गया, जकड़ा गया।
- ० संलग्न, जुड़े हुए। 'दृग्भ्यां समं निबद्धौ हस्तौ कृत्वा हृद् गिरमपि प्रशस्तौ' (सुद० ११५)
- ० साथ, सम्बद्ध-निबद्धवैरेण च तेन भोगिनां वरेण दष्टः सहसैव कोपिना। (समु० १/११)
- ० निर्मित, जटित, खञ्चित।

निबन्धः (पुं०) [नि+बन्ध्+घञ्] प्रबन्ध, लेखन विधि।
- ० बांधना, कसना, जकड़ना।
- ० रचना करना, लेखन, लिखना, कृति।
- ० नियन्त्रण, अवरोध, रोक, बन्धन।
- ० हथकड़ी।
- ० सम्पत्ति का दान।
- ० हेतु, कारण।
- ० गड़बड़ी। (वीरो० १९/४३)

निबन्धनं (नपुं०) प्रबन्धन, हिसाव, लेखाजोखा। 'प्रजोपयोगिवस्तुनामाय-व्यय-निबन्धनम्। विधाय योग-क्षेमार्थं यतिश्च मर्षिरित्यसौ।। (हि०सं० ९)
- ० बांधना, जकड़ना, जोड़ना, मिलाना।
- ० संरचना करना, निर्माण करना।
- ० नियन्त्रण कराना, रोकना, कैद करना।
- ० बन्धन, हथकड़ी।
- ० गांठ, सहारा, टेक।
- ० पराश्रयता सम्बन्ध।
- ० अन्योन्याश्रित।
- ० कारण, मूल, हेतु, आधार, प्रयोजन।
- ० आगार, आधार।
- ० एक बद्धता युक्त लेख।
- ० नियोजन, अनुदान।
- ० भाष्य, किसी ग्रन्थ की विशेष व्याख्या।

निबन्धनी (स्त्री०) [निबन्धन+ङीप्] हथकड़ी, बन्ध, डोरी, रस्सी।

निबर्हण (वि०) [नि+बर्ह्+ल्युट्] विनाशक, घातक, विध्वंसक नष्ट करने वाला।

निबर्हणं (नपुं०) ० वध, घात, ० ध्वंस, विनाश।

निबिड (वि०) [नि+विड्+क] सघन, तीव्र, व्यापक।

निभ (वि०) [न+भा+क] समान, एक सा, अनुरूप। 'चरित्रनायकश्चन्द्र इव बभौ, परे च सर्वे नक्षत्रनिभा जाताः' (जयो० ५/२७)

निभं (नपुं०) दर्शन, प्रकाश, प्रकटीकरण, बहाना, छद्मवेश, ० कल्प, प्रयास। (जयो०वृ० ४/१३) 'शङ्क-शोधननिभं सहसाऽदः' (जयो० ४/१३)

निभल् (सक०) देखना, अवलोकन करना। 'विघटनं नहि संघटनं च पुनः प्रतिनिभालयतां सकलो जनः' (जयो० ९/४८) 'दम्भं परन्त्वत्र निभालयामि पश्यामि' निभालयामो (वीरो० ९/१) (जयो०वृ० १/२९) निभालयाम, (सुद० ५/१) 'अहो धूर्तस्य धौर्त्यं निभालताम्' (सुद० १०५)

निभालनं (नपुं०) [नि+भल्+णिच्+ल्युट्] ० देखना, अवलोकन करना। (वीरो० ९/१), ० दृष्टि, प्रत्यक्षीकरण।

निभालयन्त (वि०) देखने वाला। निभालयन्तं समरूपतोऽन्यं किं निर्धनं पुनरत्र धन्यम्। (सुद० ११९)

निभूत (वि०) [नि+भू+क्त]
- ० डरा हुआ, भयभीत, भयाक्रान्त।
- ० गया हुआ, बीता हुआ।

निभृत (वि०) [नि+भृ+क्त] रक्खा हुआ, पहनाए गए। निभृतं स शिवाश्रियाऽभितः सुकपोल समुपेत्य चुम्बितः (सुद० ३/१९) संगृहीत, संकलित, इकट्ठा किया हुआ।
- ० छिपाया हुआ, गुप्त, अवलोकित प्रच्छन्न।
- ० चुप, शान्त।
- ० स्थिर, नियत, अचल, गतिहीन
- ० मृदु, सौम्य, सरल।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

० दृढ़, प्रचण्ड, अरल।
० एकाकी, अकेला।

निमग्न (भू०क०कृ०) [नि+गरज्+क्त] निमग्न, तल्लीन।
० जलमग्न, डूबा हुआ, अप्लावित।
० नीचे गया हुआ।
० अभिप्लुत, आच्छादित।
० अवसन्न, अप्रमुख।

निमग्ना (स्त्री०) द्रव्य को नीचे ले जाने वाली नदी। (ति०प० ४/२३९) ० सरिता, प्रवाहिनी।

निमज्जथुः (पुं०) [नि+मरुज्+अथुच्] डुबकी लगाना, गोता लगाना, शयन करना, सो जाना।

निमज्जनं (नपुं०) [नि+मस्ज्+ल्युट्] स्नान करना, नहाना, प्रक्षालन, डूबना 'समुल्वणे यस्य यशः शरीरे निमज्ञनत्रासवशेन मीरे। (जयो० १/३०)

निमज्ञनत्रासः (पुं०) डूब जाने का भय-'निमज्जनत्रासवशेन ब्रुडनभयभीतेन' (जयो०वृ० १/३०)

निमज्ज्य (सं०कृ०) डूबकर, निमग्न होकर-निमज्ज्य-ब्रुडित्वा (जयो० २३/३०)

निमज्जित (वि०) [नि+मस्ज्+क्त]० निमग्न, तल्लीन, तत्पर।
० डुबकी लगाने वाला, स्नान युक्त। निमज्जिताया जले जवेन नेत्रानुमितं मुखं सुखेन। (जयो० १४/६४)

निमंत्र (सक०) [नि+मंत्र] बुलाना, निमंत्रण देना, आह्वान करना। ० आमन्त्रण करना, प्रस्ताव भेजना।

निमंत्रणं (नपुं०) आमन्त्रण, आह्वान, बुलावा, न्यौता, आह्वानन। (जयो० ४/१२, ४/२३)

निमन्त्रणतातिः (स्त्री०) आमन्त्रण पत्रिका, कुंकुंम पत्रिका, कंकूपत्रिका, किसी विशेष समायोजन के लिए दिया जाने वाला पत्र। (जयो० ४/१३)

निमंत्रणपत्रं (नपुं०) आमन्त्रण पत्र। 'दत्तमस्त्यापि निमन्त्रणपत्रमत्र येन च भवान् गिरमत्र। (जयो० ४/२१)

निमन्त्रित (वि०) आमन्त्रित, आहूत। (वीरो० १४/१५)

निमयः (पुं०) [नि+मि+अच्] वस्तु-विनिमय, लेन-देन, अदला-बदली, परस्पर आदान-प्रदान, क्रय-विक्रय।

निमस्ज् (सक०) स्नान करना। (जयो० ६/४३)

निमानं (नपुं०) [नि+मा+ल्युट्] ० माप, ० मूल्य।

निमि (पुं०) निमेष, आंख झपकना।

निमित्तं (नपुं०) [नि+मिद्+क्त] नियमेन मीयते अङ्गीक्रियते तन्निमित्तं सहायकं। वस्तु सहायक सहयोग देने वाला, मददगार और जहां मदद की जाती है। (सम्य० १५)
० कारण, प्रयोजन, आधार, हेतु।
० चिह्न, संकेत, निशान।
० भविष्यसूचक ज्ञान, त्रिकालवर्ती भाव का कथन।
० लक्ष्य।

निमित्तकारणं (नपुं०) हेतु की वास्तविकता।

निमित्तकुशलः (पुं०) निमित्त में निपुण, लोक को आदेश देने वाला। (जयो० १९/६८)

निमित्तज्ञानं (नपुं०) कारण का ज्ञान, निमित्त कुशल।

निमित्तज्ञानार्थ (वि०) निमित्तज्ञान की प्राप्ति के लिए। 'णमो अट्ठंग-महाणिमित्त-कुसलाणं एतत्पदं निमित्तज्ञानार्थं पठ्यते' (जयो०वृ० १९/६८)

निमित्ततन्त्रिन् (वि०) निमित्तज्ञानी, ज्योतिषी 'समं समालोच्य स आत्ममन्त्रिभिस्तदेवमापृच्छ्य निमित्ततन्त्रिभिः। (जयो०३/६६)

निमित्तधर्मः (पुं०) प्रायश्चित्त, सामायिक संस्कार।

निमित्त-नैमित्तिकः (पुं०) एक-दूसरे का सम्बन्ध, कार्य-कार्य का योग। 'सत्योदनेऽभ्येति च भुक्तये स,
० न सर्वथा नूत्नमुदेति जातु, यदस्ति नश्यत्तदथो न भातु। निमित्त-नैमित्तिकभावतस्तु, रूपान्तरं सन्दधकस्ति वस्तु।। (वीरो० १९/३९)
० कार्मण स्कन्ध निमित्त है और आत्मा नैमित्तिक। जैसे कमल के लिए सूर्य का उदय। (सम्य० १५) निमित्त-नैमिक्तिकयोग एषः। क्षुधातुरः, किन्तु व्रती न याति, तथैव दैवाय नुरस्तिजातिः।। (समु० ८/१९)

निमित्तपिण्डः (पुं०) उत्पादन दोष, भिक्षा का कारण बनाना, भिक्षा का दोष।

निमित्तविद् (वि०) शकुन ज्ञाता/भविष्यज्ञाता।

निमित्तविद् (पुं०) ज्योतिषी।

निमित्तशास्त्रं (नपुं०) ज्योतिषी शास्त्र। (जयो० २/५८)

निमित्तशुद्धिः (स्त्री०) शुभ शब्दों का सुनना।

निमित्तसम्यग्दर्शनं (नपुं०) निमित्त से उत्पन्न होने वाला सम्यग्दर्शन। 'निमित्तात् प्रतिमादिकात्, सम्यक्त्वं निमितसम्यग्दर्शनमुच्यते'

निमिषः (पुं०) [नि+मिष्+क] ०पालभार, ०क्षणभर, ०पलक, ०झपकाना, ०आंख बन्द करना, ०बन्द होना।

निमीलनं (नपुं०) [नि+मील्+ल्युट्] पलक झपकाना, बन्द होना।

निमिला (स्त्री०) [नि+मील्+अ+टाप्] आंखें बन्द करना, झपकाना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निमीलिका (स्त्री०) पलक झपकना।
निमीलिताक्ष (नपुं०) मुद्रित नेत्र। (जयो० १३/०८)
निमूल (अव्य०) [नितरां मूलम्] नीचे तक, जल तक।
निमेषः (पुं०) [नि+मिष्+घञ्] ०आंख झपकना, ०टकटकी लगाना, ०एक टक देखना, ०दृष्टि रखना।
निमेषकृत् (स्त्री०) विद्युत, बिजली।
निमेषकृत् (पुं०) खद्योत, जुगनू।
निम्नः (पुं०) [नि+म्ना+क] ० गहरा, गहीर।
० निम्न, नीचा।
० तल्लीतल। (जयो०वृ० ११/९८)
निम्नं (नपुं०) गहराई, नीचा प्रदेश।
० निम्नभाग, अधोभाग।
० ढलान, ढाल।
० व्यवधान, भूरन्ध्र।
० अवसाद।
निम्नगतं (नपुं०) अधोगत, नीचे की ओर गया।
निम्नगतिः (स्त्री०) नीचगति।
निम्नगा (स्त्री०) नदी, पर्वतीय सरिता (वीरो० २/१७)-'निम्न गच्छतीति निम्नगा' (जयो० १४/८३) ० अवनतस्थानगत- 'निम्नमनतवस्थानं गच्छतीति निम्नगा' (जयो० २०/४९) ० नीचे की ओर बहने वाली। (सुद० १/८, १/४३)
निम्नपदं (नपुं०) तुच्छपद।
निम्नप्रेमः (पुं०) तुच्छप्रेम।
निम्नभावः (पुं०) गम्भीर भाव।
निम्न-रूपः (पुं०) नाशक। सम्बभूव वचनं नभसोऽपि निम्नरूपतस्तत्स्मयलोपि। (सु० १०८)
निम्नलिखित (वि०) निम्नोदित, निम्नाङ्कित। (सुद० ११३)
निम्नाङ्कित (वि०) निम्नोदित, निम्नलिखित। (जयो०वृ० १/९१)
निम्नोक्त (वि०) अधो अंकित, कथन, इस प्रकार का कथन। (सुद० ९२)
निम्नोक्ति (वि०) निम्नलिखित। (सुद० ११३)
निम्नान्नतः (वि०) ऊबड़ खाबड़, नीचा-ऊँचा, अवनत-उन्नत।
निम्बः (पुं०) [निम्ब्+अच्] नीम का पेड़।
निम्बकल्पः (पुं०) नीम का प्रयोग, कल्प, रस।
निम्बप्रयोगः (पुं०) नीम का कल्प, प्रयोग रस।
निम्बिका (स्त्री०) निम्बफल। 'मधुरसा करटस्य हि निम्बिका धनमहो दुरितस्य कदर्पिका। (जयो० २५/२१)
निम्बफलं (नपुं०) निम्बोली, निथेरी, निम्बिका। (जयो०वृ० २५/२१)

निम्लोचः (पुं०) [नि+म्लुच्] सूर्यास्त। देना,
नियच्छ प्रदान करना, (जयो० १/९२)
नियत (भू०क०कृ०) [नि+यम्+क्त]
० निश्चित, ध्रुव, शाश्वत। (वीरो० १७/४०)
० अवश्यंभावी, अचूक, जो होना है, वह होगा, अनिवार्य नियुक्त। (जयो० ३/१९)
० नियंत्रित, संयमित, नियोजित। (जयो० ८/३८)
० अभिभूत, स्वशासित।
० मिताहारी, सावधान।
नियतं (अव्य०) हमेशा, लगातार, क्रमशः, अवश्य, अनिवार्यतः, निश्चय ही। 'तदेकदेशे नियतं प्रतीतौ' (सुद० २/२४)
नियतस्थानं (नपुं०) निश्चित स्थान।
नियति (स्त्री०) [नि+यम्+क्तिन्] नियतिवाद।
० भवितव्यता, प्रारब्ध, दैव। सम्मता हि महतां महान्वयाः संस्मरन्तु नियति दृढाशयाः। (जयो० २/११)
० धार्मिक कर्तव्य।
० आत्म नियंत्रण, आत्म संयम।
० प्रतिबन्ध। (जयो० १३/२४)
नियतिवादः (पुं०) एक निश्चितकथन, जो जिस समय में जिससे, जैसे और जिस नियम से होता है, वह उस समय, उसी के द्वारा, उसी प्रकार से और उसके होगा ही।
नियंतृ (पुं०) [नि+यम्+तृच्]
० सारथि, चालक।
० शासक, अधिकारी। (वीरो० १८/१२)
० स्वामी, मालिक।
० राज्यपाल।
० नियंता, विनियंता।
नियंत्रणं (नपुं०) [नि+यन्त्र्+ल्युट्] आरक्षण, रोक, प्रतिबन्ध।
नियन्त्रित (वि०) [नि+यन्त्र्+क्त] प्रतिबद्ध, आरक्षित, संयमित, सीमित।
नियमः (पुं०) [नि+यम्+अम्] प्रतिबन्ध, संयम, नियंत्रण, सीमित करना।
० निग्रह, निरोध।
० प्रतिज्ञा, व्रत।
० निश्चित, अनिवार्यता, आवश्यकता।
० विधि-विधान, कार्य पद्धति।
० धार्मिक साधना, व्रत की पद्धति। (सम्य० १५)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

० नियम से जो किया जाता 'णियमेण य जं कज्जं तण्णियमं णाण-दंसण-चरित्तं।' (नि०सा०३)
० निषिद्ध परिवर्तन।
० परिमितकाल।
० कालसीमाकरण।
० नियमपूर्वक, निश्चितविधि से। (सुद० ७०) 'भूरानन्दस्यात्र नियमतश्चैवं वयं भवाम।'

नियमकृत (वि०) निसम से करने योग्य।

नियमगत (वि०) नियम को प्राप्त, सीमाकरण को प्राप्त।

नियमचर (वि०) परिमित समय पर विचरण करने वाला।

नियमनं (नपुं०) शासन, अवरोध, प्रतिबन्ध, सीमा, आचरण।

नियमनिषिद्ध (वि०) अतिचारों से रहित, अनुष्ठान युक्त, मूलगुण और उत्तरगुण से अतिचारों से रहित।

नियमनिष्ठा (स्त्री०) नियम में दृढ़ता। नियम का पालन।

नियमपत्रं (नपुं०) लिखित पत्र, नियमावली।

नियमवती (स्त्री०) नियम वाली, व्रतिनी, व्रत पालन करने वाली।

नियमित (वि०) ० विहित, निर्धारित। ० स्थिर, संवेदित, प्रतिज्ञात, ० शासित, निर्देशित।

नियागः (पुं०) आमंत्रित आहार का ग्रहण, अनाचरित साधु।

नियानं (नपुं०) प्रयाण, प्रस्थान। (जयो० १३/४)

नियामक (वि०) [नि+यम्+णिच्+ण्वुल्] नियंता।
० निरोधक, नियन्त्रक, नियम में आबद्ध रहने वाला।
० प्रतिबन्धक, शासित।
० शासन करने वाला।

नियामकः (पुं०) शासक, स्वामी, अधिकारी, नियंता। ० सारथि, चाचक, परिचालक। ० कर्णधार, केवट।

नियुक्त (भू०क०कृ०) [नि+युज्+क्त] ० अधिकृत, निर्धारित (वीरो० २१/१८) ० जात, निर्देशित, आज्ञप्त, अनुदिष्ट, आदिष्ट। 'सहसा जग्धिविधौ तु ते नियुक्ताः' (जयो० १२/१५) ० संलग्न, तत्पर, उपवद्ध।

नियुक्तजनः (पुं०) अधिकृत व्यक्ति, निर्देशित व्यक्ति, निर्धारित व्यक्ति।

नियुक्तनेत्रिन् (वि०) दत्त दृष्टि वाला, देखने वाला। 'शुकसन्नि-चयाश्च यात्रिणां हृदि भान्ति स्म नियुक्तनेत्रिणाम्' (जयो० १३/६०)

नियुक्तिः (स्त्री०) [नि+युज्+क्तिन्]० आदेश, आज्ञा, ० कार्यभार, पद, नियोजन।

नियुक्तिमान् (वि०) माने गए। (जयो० २/६३)

नियुतं (नपुं०) [नि+यु+क्त]० एक क्षेत्र का प्रमाण। दस लाख।

नियुज् (नपुं०) ०स्थापित कसा, ०नियुक्त करना, ०पद देना। नियोजयन् (जयो० ३/१)

नियुद्धं (नपुं०) [नि+युध्+क्त]० घमासान युद्ध करना, पैदल लड़ना, व्यक्तिगत संघर्ष।

नियोगः (पुं०) [नि+युज्+घञ्] ० प्रयोग, उपयोग, नियुक्ति।
० आज्ञा, आदेश, प्रतिपालना, समझना। (समु० ४/३)
० अधिकार, कार्यभार, आयोग निदेश। (जयो०वृ० १/२०)
० आवश्यकता, अनिवार्यता।
० प्रयत्न, चेष्टा, शिट रीति।
० कार्य में लगना।
० निवासविधि (जयो० २७/११)

नियोगपूजित (वि०) पूजनीयमात्र। 'नियोगेन पूजितं पूजनीयमात्रम्' (जयो०वृ० २/२४)

नियोगवान् (वि०) समझने वाला। (समु० ४/३)

नियोगिन् (पुं०) [नियोग+इनि] मन्त्री, अधिकारी, कार्यपालक, नियंत्रक, आमात्य। (जयो० १/१२) ० दूत (जयो०वृ० १/१२) 'निखिला अपि नियोगिनोऽमात्यादयस्ते' (जयो०वृ० २६/३७)

नियोगिनी (वि०) अभिसम्बंध युक्त 'नियोगोऽभिसम्बन्धो यस्याः सा' (जयो० २४/३५) ० **समागमिना**-'निशमिन्दुनियोगिनीं बुमृक्षो' पतनं किन्न रवेरहो मुमुक्षो! (जयो० २०/३४) ० **विधेय, मान्य**-'न त्रिवर्ग विषये नियोगिनी नापवर्गपथि चोपयोगिनी। (जयो० २/८८) ० नियम पालन करने वाला 'वृषभृतां तदाश्रमगत-नियम-पालकानामेव नियोगिनी' (जयो०वृ० २/११७)

नियोग्यः (पुं०) [नि+युज्+ष्यन्] ० स्वामी, अधिकारी।

नियोजनं (नपुं०) [नि+युज्+ल्युट्] ०संलग्न करना, लगाना, ०पद लेना, ०कार्य कराना, ०आदेश देना, ०विधान करना, ०नियत करना, ०प्रेरित करना।

नियोजित (भू०क०कृ०) [नि+युज्+क्त] ०नियुक्त किया, ०कार्यभार दिया, ०आदेश दिया, ०आज्ञा दी। 'यमेन नियोजतानि नियुक्तानि' (जयो० ८/३८)

नियोज्य (वि०) [नि+युज्+यत्] अधिकारी, कार्यनिर्वाहक, सेवक, भृत्य, नौकर।

नियोद्धृ (पुं०) [नि+युध्+तृच्] योद्धा, मल्ल, बलवान्, शक्तिमान्।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नियोधिन् (वि०) [नि+युध्+इनि] युद्ध करने वाला, संग्राम करने वाला। 'नियोधिनां दर्पभृदर्पणालैर्यद्व्युत्थितं व्योम्नि रजोऽङ्घ्रिचालैः। (जयो० ८/१४) 'नियोधिनां संग्रामं कुर्वताम्' (जयो०वृ० ८/१४)

निर् (अव्य०) [नृ+क्विप्] से मुक्त, से रहित, उससे दूर, बाहर, उसके बिना, पृथक्। (जयो० १/११)

निरंश (वि०) पूर्ण, सम्पूर्ण, समस्त।

निरक्षः (पुं०) ज्योतिष का भोगांश से मुक्त स्थान।

निरंकुश (वि०) दबाव रहित, स्वतन्त्र। (जयो० ६/२९) (दयो० ४०, जयो० ११/८९)

निरंकुशकथन (वि०) उच्छृङ्खलभाषिन्। (जयो० ११/४१)

निरंग (वि०) अंगहीन, अवयव रहित।

निरंजन (वि०) ०निर्दोष, निष्कलंक (भक्ति० ३), ०मिथ्यात्व रहित, राग-द्वेषादि रहित। ०सरल, मृदुस्वभावी (सुद० १३५) ० परम विशुद्ध, आत्मस्वभावी।

निरगुः (वि०) निष्क्रान्त। (जयो० ८/३५)

निरग (वि०) निकला हुआ। (जयो० १/१९)

निरगत (वि०) बहना, बाहर निकलना। (जयो० ९/६४)

निरन्तरः (वि०) गुणस्थान से अन्तर नहीं।

निरंतर (वि०) लगातार, अव्यवहित। (वीरो० २/११ (सुद०१०७) (जयो० १/११) व्यवधान रहित, अव्यच्छिन्न। अनारत (जयो० २३/२)

निरन्तगौरवधार (वि०) सदैव गौरव का आधार। (जयो०२/११०)

निरग्नि (वि०) अग्नि से रहित।

निरत (वि०) तल्लीनता, उदासीन रहित, तत्पर। (जयो० २/१२)

निरत (वि०) उद्यत, प्रयत्नशील १. असदाचरण युक्त। २. नारक, नरक में उत्पन्न होने वाला।

निरतगतिः (स्त्री०) नरकगति। 'निरतानां गतिर्निरतगतिः' (धव० १/२०१)

निरतिचार (वि०) अतिचार रहित।

निरतिचारिता (वि०) अतिचार का अभाव, परित्याग भाव वाला।

निरनुकम्प (वि०) स्वयं कंपित न होता हुआ, शान्त, सहृदय, अनुकम्पा रहित।

निरनुतापी (वि०) पश्चात्ताप नहीं करने वाला।

निरतिशय (वि०) अद्वितीय, अनुपम, बेजोड़।

निरत्यय (वि०) निर्भय, निरापद, भयहीन, सुरक्षित।

निरध्व (वि०) मार्ग से च्युत, मार्ग को भूला हुआ।

निरनुग (वि०) अनुयायी से रहित।

निरनुनासिक (वि०) अनुनासिक विहीन, जिसके उच्चारण में नासिका का सहारा न लिया जाता हो।

निरानुरोध (वि०) ०मैत्री की कमी, ०मैत्री का अभाव, ०अनुरोध रहित, ०सद्भावशून्य, ०करुणा विहीन।

निरपराध (वि०) निरालम्ब, अपराध रहित। (जयो० २/१३४)

निरभ्यासः (पुं०) निरन्तर अभ्यास, अत्यधिक परिश्रम,

निरपत्रप (वि०) निर्लज्ज, ढीठ।

निरपराध (वि०) निर्दोष, दोष रहित। अनागसृजन (जयो०वृ०३/५)

निरपाय (वि०) ०दुष्टता रहित, ०क्षयरहित, ०अमोध,

निरपेक्ष (वि०) अपेक्षा रहित, परानपेक्ष। (भक्ति० ४) ०स्वावलम्बी, अपने अस्तित्त्व को समझने वाला, अनपेक्ष (भक्ति० ४) ०तृष्णा मुक्त, भयहीन। ०उदासीन, असावधान, ०सांसारिक विषय वासनाओं से परे।

निरभिभव (वि०) तिरस्कार से रहित, दीनता के भाव से विहीन।

निरभिमान (वि०) स्वाभिमानी, अहंकार से रहित।

निरभिलाष (वि०) इच्छा शून्य, उदासीन।

निरभ्र (वि०) मेघ रहित, स्वच्छ गगन।

निरम्बर (वि०) दिगम्बर निर्दोष। (जयो० ८/५६) (वीरो० ९/२२)

निरम्बु (वि०) प्रतिबन्ध रहित शून्य (जयो० २/५) ०अर्गलारहित, निबोध, अनियंत्रित, ०निर्विघ्न, पूर्णता, मुक्त।

निरर्थ (वि०) ०निर्धन, धनहीन, गरीब, ०अर्थहीन, निरर्थक, ०व्यर्थ, बेकार, अलाभकर।

निरर्थक (वि०) अनर्थक, व्यर्थ। ०तर्कसंगत न हो।

निरवकाश (वि०) ०मुक्त स्थान से रहित। ०कार्य के प्रति संलग्न, तत्पर।

निवग्रह (वि०) ०मुक्त, स्वतन्त्र, ०अनियंत्रित, अनवरुद्ध, दुर्निवार, ०स्वेच्छाचारी, दुराग्रही, निर्दोष।

निरवद्यभावः (पुं०) निर्दोष अवस्था। (जयो० ११/१०)

निरवधि (वि०) असीम, अनन्त अवधि से रहित।

निरवद्य (वि०) पापवर्जित, निर्दोष। (जयो० २७/८)

निरवयव (वि०) ०अविभाज्य, ०खण्डरहित, भाग रहित, ०अंग रहित, ०अन्तरहित।

निरवलंब (वि०) असहाय, निराश्रम।

निरवशेष (वि०) पूर्ण, समस्त, सम्पूर्ण, अखिल।

निरववेषेण (अव्य०) पूरी तरह से, पूर्ण रूप से।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निरव्यप (वि०) निर्दोष। (जयो० ७/३८)

निरशन (वि०) भोजन से रहित, उपवास करने वाला।

निरस्त (वि०) समाप्त, गत। (जयो० १४/८२)

निरस्तदोष (वि०) दोष रहित। (सुद० १/९)

निरस्त्र (वि०) अस्त्र रहित।

निरस्तगत (वि०) समाप्त हुई।

निरस्य (सं०वृ०) निराकृत्य। (जयो०वृ० १/११)

निरहंकार (वि०) घमण्डरहित, अभिमान शून्य।

निरंहकृति (वि०) अहंकार से रहित। विनीत, नम्र।

निरहम् (वि०) अहं से मुक्त।

निराकांक्षा (वि०) आकांक्षा विहीन, चाह रहित। वस्तु तत्त्व का ज्ञाता।

निराकार (वि०) ०आकार रहित, ०आकृति शून्य। 'अनाकार दर्शनम्' ०आकार विहीन।

निराकुल (वि०) आकुलता रहित, स्वस्थ। (जयो० २/१६४) ०सचेष्ट, शान्त, स्थिर (जयो०वृ० २३/६४) ०स्वच्छ, निर्मल। ०चेतनाशील।

निराकुलता (वि०) शान्ति। (जयो०वृ० १/११०)

निराकुलभाव (वि०) प्रसन्नता, आनंद, खुशी (जयो०वृ० २३/४७)

निराकुलमतिः (स्त्री०) स्वस्थ्यबुद्धि। निराकुलामतिर्यस्य (जयो०वृ० २/१०४)

निराक्रोश (वि०) तिरस्कार से रहित, दोष से रहित, आक्रोश शून्य।

निरागास् (वि०) निर्दोष, निरीह, निष्पाप, निरपराध। (जयो० २/१३४) 'रक्षेच्छक्त्या किन्नु निरागसः' (जयो० ४/४१)

निराचार (वि०) आचारहीन, सदाचरण रहित।

निराडंबर (वि०) आडम्बर मुक्त, ढोंग रहित। (वीरो०२२/१६)

निरातंक (वि०) आतंक से रहित, भयमुक्त, निर्भय। ० नीरोग, स्वस्थ्य, सुखद। (जयो० ४/२७)

निरादर (वि०) सम्मान हीन। (जयो० ३/४२)

निरापद (वि०) संकटमुक्त, आपत्तिविहीन।

निराबाध (वि०) बाधामुक्त, बाधारहित, उत्पीड़न मुक्त। शान्त।

निरामय (वि०) ०रोगमुक्त, स्वस्थ्य, नीरोग। (मुनि० ६) (वीरो० १८/६) ०निष्कलंक विशुद्ध। (हित० ४५) ०निर्दोष, ०सम्पूर्ण, आनन्द, मंगलयुक्त।

निरामिष (वि०) ०मांसाहार से रहित। (हित० ४५) ०वासनाशून्य, ब्रह्मलीन।

निराम्य (वि०) निरामय, नीरोग, पूर्ण प्रसन्नचित्त

निराय (वि०) लाभरहित, इच्छाशून्य।

निरायास (वि०) सुलभ, तत्काल प्राप्त की जाने वाली, परिश्रम के बिना प्राप्त होने वाली।

निरायुध (वि०) निरस्त्र, निहत्था, हथियार से रहित।

निराग (वि०) राग रहित। (सम्य० १३०)

निरालंब (वि०) स्वतंत्र, पराधीनता से विमुक्त, अकेला, असहाय, आत्मस्थ ध्यान।

निरालोप (वि०) ०इधर-उधर नहीं देखने वाला। ०दृष्टिहीन, प्रकाश रहित, ०अंधकार युक्त।

निरावरणज्ञानं (नपुं०) आवरण रहित ज्ञान, सर्वज्ञज्ञान। भविष्यतामत्र सतां गतानां, तथा प्रणीलीं दधता प्रतानाम्। ज्ञानस्य माहात्म्यमसाववाधा-वृत्तेः पवित्रं भगवानधाऽधात्।। (वीरो० २०/५)

निराश (वि०) आशा रहित, उम्मीद रहित।

निराशंक (वि०) निर्भय, शान्त, निरापद, निराकुल।

निराशिष् (वि०) उदासीन, खिन्न, अशान्त।

निराश्रय (वि०) ०आश्रयहीन, (जयो० २७/५८), ०मित्रहीन, दरिद्र, अकेला, एकाकी। ०शरणरहित, निरालम्ब (जयो० ३/६५) 'निराश्रया न शोभन्ते वनिता हि लता इव'

निरासः (पुं०) विनाश, नष्ट। (जयो० ३/६५) य तो ममान्तस्तमसो निरासः (वीरो० १४/२३)

निरास्वाद (वि०) आस्वाद रहित, फीका।

निराहार (वि०) उपवास करने वाला।

निरिंधन (वि०) ईंधनरहित।

निरिच्छ (वि०) उदासीन, इच्छा रहित।

निरिन्द्रिय (वि०) ०विकलांग, अपंग, ०दुर्बल, अशक्त, बलहीन। ०इन्द्रिय अभाव, ०मन।

निरिय (वि०) चलने वाला। (वीरो० ७/७)

निरीक्ष (वि०) निरीक्षण, दर्शनार्थ। (वीरो० ५/८) गुरोगुर्णां भवतो निरीक्षा।

निरीक्षण (वि०) दर्शनार्थ, देखना, अवलोकन। (जयो० ३/३)

निरीक्षणीय (वि०) दर्शनीय, अवलोकनीय।

निरीक्षमाण (वि०) देखने योग्य। (सुद० २/३४)

निरीक्षित (वि०) अवलोकित। (जयो० १/२२)

निरीक्ष्य (वि०) देखने योग्य। (सुद० १०८)

निरीति (स्त्री०) प्रावर्तत।

निरीतिभावः (पुं०) निराकरण भाव। (जयो० १/११) इच्छा रहित, ०आर्शीवाद से वञ्चित, आशीष से रहित।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निरीश्वर (वि०) ईश्वर को नहीं मानने वाला, आत्मवादी।

निरीषं (पुं०) हल का फाल।

निरीह (वि०) उदासीन, तृष्णा रहित।

निरीहचित् (वि०) निस्पृहचित्त। (वीरो० १८/२३) ०निहथा, निष्काम, निष्क्रिय। (जयो० २४/९०), ०इच्छा रहित (जयो० २४/९०)

निरीहचारिन् (वि०) इच्छा रहित विहार। (वीरो० १५/११)

निरीहता (वि०) आदृता, निःस्पृता, वीतरागता। (वीरो० २०/२, वीरो० १०/१५) इच्छा का अभाव, संतोपना। 'अधारयत ईशिताऽऽदृता क्व रहोनीतिरहो निरीहता। (जयो० २६/६०)

निरीहत्त्व (वि०) निःस्पृहता। (जयो० २७/५४)

निरीहतार्चिषिः (स्त्री०) निःस्पृहता रूपी अग्नि। (मुनि० ३३) 'सम्यक्त्वेन निरीहतार्चिषि तपत्येवं तपस्वी भवेत्। (मुनि० ३३)

निरुच्छवास (वि०) श्वास रहित।

निरुत्तर (वि०) अद्वितीय, अनुपम। (जयो० २०/७१)

निरुक्त (वि०) कथित, प्रतिपादित। (जयो० ४/३२)

निरुक्तमूर्ति (वि०) स्थित, स्थिर, पुत्तलिका की तरह। 'तमःसमूहेन, निरुक्तमूर्तिमिभं तदाऽरुक्षदथार्ककीर्तिः' (जयो० ८/६०)

नीचजन्मन् (नपुं०) तुच्छजन्म।

नीचजातिः (स्त्री०) अधम उत्पत्ति।

नीचत्व (वि०) नीचता, निम्नता, हीनता। (हित० २६)

नीचदानं (नपुं०) स्वल्पदान, निष्कृष्ट दान।

नीचयोनिन् (वि०) नीच कुलोत्पन्न।

नीचपथः (पुं०) निम्न मार्ग।

नीचवृत्तिः (स्त्री०) न्यगवृत्ति, अवनति। नीचवृत्ते परित्यागस्ते स्युः शूद्राश्च संस्कृताः। (हि० २८)

नीडः/नीडकः (पुं०) घोंसला, पक्षी आवास। (मुनि० १८) १. कुलायस्थान। (जयो० १५/१२) 'द्विजा वलभ्यामधुना लसन्ति नीडानि निष्पन्दतया श्रयन्ति। (वीरो० १२/१२)

नीत (भू०क०कृ०) [नी+क्त] ०संचालित, ०नेतृत्व किया गया, ०ले जाया गया। ०शब्दच्छल (जयो०वृ० १/१५) ०व्यतीत, समाप्ति, व्यवहृत, संघटित। (जयो० ११/८६)

नीतं (नपुं०) धन, धान्य।

नीतिः (स्त्री०) [नी+क्तिन्] प्रवृत्ति, शिक्षा।

निमीलिताम्भोजदृगाब्जिनीति,
जाता समारब्ध-विलासनीतिः।

नीतिः-प्रवृतिः शिक्षा वा। (जयो०वृ० १५/८)

०विचार, कथन-'नीतिरैहिकसुखाप्तये' (जयो० २/४)

०वार्ता, निर्देशन, दिग्दर्शन, प्रबन्ध धर्मार्थकामुषे जनाननीतिं नेतुं नृपस्यास्तु सदैव नीतिः। (जयो० २/१२०)

०विनय, शिष्टाचार।

विनयो नयवत्येवाऽतिनये तु गुरावपि।
प्रपापणं जनः पश्येन्नीतिरेव गुरुः सताम्।। (जयो० ७/४७)

विनयः शिष्टाचारस्तु नयवत्येव नीतिमति जन एव, विधीयत इति। यतो यस्मान्नीतिरेव सतां गुरुरुपदेष्ट्री विद्यत इत्यर्थः। (जयो०वृ० ७/४७)

०आचरण, सद्व्यवहार, शीलीनता, औचित्य।

०नीतिविदता, नीतिज्ञता, बुद्धिमत्ता, व्यहारकुशलता। नीतिं नीतिविदो विदुः कुरुपतेः स्फीतिं तु शूरा नरा। (जयो० ८/८५)

०आचारशास्त्र, नीतिशास्त्र, आचारदर्शन। (जयो० ७/४६)

नीतिकुशलः (पुं०) विचारवान्, आचारकुशल, नीतिज्ञ, तत्त्वज्ञ, विचारज्ञ, तत्त्ववेत्ता।

नीतिघोषः (पुं०) बृहस्पति का यान।

नीतिगत (वि०) आचरण गत।

नीतिज्ञ (वि०) नीतिवान्। (वीरो० ७७/४६)

नीतिचतुष्क (वि०) साम, दाम, दण्ड और भेद इन चार नीतियों से युक्त। (वीरो० ३/१४)

एकाऽस्य विद्या श्रवसोश्च तत्त्वं, सम्प्रात्य लेभेऽथ चतुर्दशत्वम्।
शक्तिस्तथा नीतिचतुष्कसारमुपागताऽहो नवतां बभार। (वीरो० ३/११४)

नीतिचतुष्टय (वि०) चार नीतियों वाला आन्वीक्षिकी, त्रयी, वार्ता और दण्डनीति। 'निजनीतिचतुष्टयान्वयं गहन-व्याजवशेन धारयन्। (वीरो० ७/२१)

नीतिचेष्टित (वि०) नीतिपथ की चेष्टा करने वाला। (जयो० २१/५१) 'भूरिशोभि-नवनीतिचेष्टिताद्'।

नीतिदोषः (पुं०) आचारदोष।

नीतिनिपुणः (पुं०) नीतिकुशल। (जयो० ३/७१)

नीतिपथः (पुं०) आचारमार्ग, सदाचरण पथ।

नीतिफलं (नपुं०) योग्यफल, उचित परिणाम।

नीतिबलः (पुं०) आचारशक्ति, न्यायबल। (जयो० २३/२)

नीतिभावः (पुं०) आचरण का स्वभाव।

नीतिमार्गः (पुं०) नयवर्त्मन्। (जयो० २/१३७)

०लोकमार्ग, लौकिकमार्ग। (जयो०वृ० २/६९)

०सद्धर्मभावना (जयो०२३/९०)

०समीचीन धर्म की भावना।

नीतिमार्गश्रयिन् (वि०) नीतिपथ का आश्रय लेने वाला। (जयो० ७/७६)

नीतिमान् (वि०) वि०) न्यायमार्गानुयायी। (जयो० ३/१०८) नयपथ के अनुगामी, आचारवान्, सद् विचारक। (जयो०४/१)

नीतिरहित (वि०) नयोज्झित। (जयो०वृ० २/११३)

नीतिविचारवान् (वि०) नयपथ का विचारज्ञ, न्यायमार्ग का विशेषज्ञ। (जयो० १२/१०७)

नीतिवाक्यामृतं (नपुं०) एक ग्रन्थ विशेष, ऋक्सुधा-ऋग्वेद पर आधारित वचनामृत। (जयो०वृ० ७/७६)

नीतिविद्या (स्त्री०) न्यायशास्त्र का ज्ञान। (जयो० ७/३१)

नीतिविद् (वि०) नीतिभाव। (दयो० ७६, जयो०वृ० १/२०)

नीतिविषय (पुं०) नीतिसम्बंधी आधार।

नीतिव्यतिक्रमः (पुं०) आचारशास्त्र के नियमों का उल्लंघन।

नीतिशास्त्रं (नपुं०) निर्णयशास्त्र, नयशास्त्र, आचारशास्त्र, नियमसार। (जयो०वृ० ३/१२)

०तन्त्रशासन, राज्यसत्ता के नियम का प्रतिपादक शास्त्र।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नीति-सत्समयः (पुं०) उचित समय। 'सुभगे शुभगेहि-नीतिसत्समयः शेषमयः स्वयं निशः।' (सुद० १०४)

नीतिसेतु (पुं०) नीति का आधार, मर्यादा का आधारभूत कारण, मर्यादा पुरुषोत्तम। (जयो० २०/२९)

नीध्र (नपुं०) [नितरां ध्रियते धृ मूलवि क] *अरण्य, जंगल। ०परिधि, घेरा।

नीपः (पुं०) [नी-प] तलहटी, पर्वत के नीचे का स्थान। ०अशोक जाति का तरु।

नीपं (नपुं०) कदंब वृक्ष का पुष्प। (जयो० १/८५)

नीयत (वि०) संग्राहक। (जयो० १/९४)

नीरं (नपुं०) [नी+रक्] जल, अम्बु, पानी वारि। तथास्तु प्रीतये नृणां नद्या नीरघटेभृतम्। (दयो० १/७)
०रस, आसव।

नीरजं (नपुं०) ०कमल, पद्म। (जयो० १३/५८) ०मुक्ता, मोती।

नीरजस् (वि०) पाप रहित, विरज, रज रहित। 'नीरजसे रजसा पापेन रहिताय।'

नीरजस्क (वि०) श्रेष्ठ कर्म रहित। (जयो० १३/५८)

नीरदः (पुं०) ०मेघ, बादल। (वीरो० ४/१४)

नीरद (वि०) दंत रहित। (वीरो०वृ० ४/१४)

नीरदभावः (पुं०) दन्त रहित भाव, ०जलदानल। (जयो०२०/२)

नीरधि (पुं०) समुद्र, उदधि। (सुद० १/१३)

नीरधि चीरवत् (वि०) समुद्र रूपी वस्त्र की तरह। 'भालं भवेन्नीरधिचीर वत्या'

नीरनिधिः (पुं०) समुद्र, सागर, उदधि।

नीरपूरः (पुं०) जल प्रवाह। (जयो० ७/५६) नीरपूर इव संचरन् स वा छिद्र पूरणविधौ विचारवान्। (जयो० ७/५६)

नीरप्रदायिनी (स्त्री०) जल पिलाने वाली स्त्री।

नीरभावः (पुं०) आसव भाव, रसभाव।

नीरसंगत (वि०) जल सहित-नीरेण जलेन सङ्गतं समन्वितम्। (जयो० १९/८९)

नीरस (वि०) रस रहित, रस विहीन।
०सूखा हुआ-'नीरस-वत्कलतः विस्तृतः' (सम्य० १४९)

नीरसत्व (वि०) स्त्रीरसता, उदासीनता। (जयो० १२/१२५) ०रसाभाव, रसपरित्याग करने वाला तपस्वी। (जयो० २८/१३)

नीरस-परिणामः (पुं०) तपश्चरण योग्य समय। (जयो०वृ०६/८६)

नीरसवस्तु (नपुं०) रसहीन पदार्थ। (वीरो० १२/३१)

नीरागः (पुं०) वीतराग अवस्था। (भक्ति० ६) (जयो०वृ०२८/८)

नीराग (वि०) उबटन, अभ्यङ्ग लेप। (जयो०वृ० २८/८)

नीराजनं (नपुं०) [निर्+राज्+ल्युट्] ०आरार्तिक, आरती, ०देव के प्रति अर्चना हेतु दीपक लगाना। (जयो० १०३) ०शस्त्र चमकाना।

नीराजनं-भाजनं (नपुं०) आरती के पात्र। नीराजनस्य आरार्तिकावतरणस्य श्वश्रुद्वारा भाजनमेव प्रणौ। (जयो०वृ०१२/१०५)

नीरुज (वि०) रोग रहित। (समु० २/२५) स्वस्थ (जयो०७/८४) 'नीरुजा रोगरहितेन गुणेन स्वास्थ्येन हेतुना' (जयो०वृ०७/८४)

नील (वि०) [नील्+अच्] नीला, गहरा नीला, नील रंग का। (जयो०वृ० ३/८०)

नीलः (पुं०) नीलपर्वत। (जयो० २४/९)
०काला-दीर्घोऽहिनीलः किल केशपाशः। (सुद०व २/८)
०नीलमणि।
०गूलर का पेड़, वट वृक्ष।
०नील नामक वानर।

नीलं (नपुं०) काला नमक।
०नीला थोथा, तूतिया।
०सुरमा, ०विष।

नीलंयशा (स्त्री०) अलकापुरी के राजा मयूर की रानी। विशाखनन्दी समभृद् भ्रमित्वा नीलंयशामात्रुदरं स इत्वा। मयूरराज्ञस्तनयोऽश्वपूर्व-ग्रीवोऽलकायां धृतजन्मपूर्वः।। (वीरो० ११/१८)

नीलकंठः (पुं०) ०मयूर, ०शिव। ०नीलकण्ठ, मधुमक्खी। जलकुक्कुट, ०मधुमक्खी।

नीलक (नपुं०) [नील+कन्] काला नमक।
०नीला इस्पात, ०तूतिया, नीला थोथा।

नीलकः (पुं०) काले रंग का अश्व।

नीलकमलं (नपुं०) नीलोत्पल। (जयो० १/३३)

नीलग्रीवः (पुं०) ०शिव, शंकर। ०छुहारे का वृक्ष। ०गरुड।

नीलतरुः (पुं०) नारिकेल वृक्ष। ०नीलगिरि का वृक्ष, सफेदी।

नीलतालः (पुं०) तमाल तरु।

नीलपंकः (पुं०) अन्धकार।

नीलपादपः (पुं०) नीलगिरि का वृक्ष।

नीलपटलं (नपुं०) पाला आवरण।

नीलपिच्छः (पुं०) बाज पक्षी। १. मयूर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नीलपुष्पिका (स्त्री०) नील का पौधा। ०अलसी।
नीलभः (पुं०) चन्द्र, ०मेघ। ०मधुमक्खी।
नीलमणिप्रभा (स्त्री०) नीलमणि का कान्ति। (वीरो० २/२९)
नीलमणिरत्नं (नपुं०) नीलमणिरत्न।
नीलमलिकः (पुं०) जुगनू।
नीलमृत्तिका (स्त्री०) लोहमाक्षिक, काली मिट्टी।
नीलराजिः (स्त्री०) घोर अंधकार।
नीललेश्या (स्त्री०) छह लेश्याओं में दूसरी लेश्या।
नीललोहितः (पुं०) शंकर, महादेव।
नीला (स्त्री०) काला रंग।
नीलांगः (पुं०) सारस पक्षी।
नीलांजनं (नपुं०) सुरमा, काजल।
नीलांजना (स्त्री०) एक नृत्यांगना, जो ऋषभ के राजदरबार में नृत्य करती थी। उसी की असमय में मृत्यु का कारण ऋषभ वैराग्य को प्राप्त हुए वे ही तीर्थंकर ऋषभदेव कहलाए।
०बिजली, विद्युत।
नीलाब्जं (नपुं०) नीलकमल।
नीलाम्बरं (नपुं०) नीलगगन, नील वस्त्र। (जयो०वृ० २४/७९)
नीलाम्बरता (वि०) बलभद्रता।
०आकाश को नीला, करने वाली धूप।
०नीलाम्बरता धूमेन कृतौ नीलाम्बरामाकाशं येन तत्ता तथा।
०नीलाम्बरता नीलमम्बरं वस्त्रं। (जयो०वृ० २४/२९)
नीलाम्बुजं (नपुं०) ०नीलोत्पल, ०नीलकमल, ०इन्दीवर, ०अरविंद, ०पभ।
नीलाम्बुजन्मन् (नपुं०) नीलकमल, अरविंद।
नीलाम्बुरुहं (नपुं०) नीलोत्पल, नीलकमल, इन्दीवर। (वीरो०२/१६)
नीलाभ्रः (पुं०) काले मेघ।
नीलारुणः (पुं०) प्रभातकाल, प्रातःकाल, पौ फटना।
नीलोत्पलं (नपुं०) नीलकमल। (जयो० १/५३)
नीलिका (स्त्री०) नील का पौधा।
नीलिमन् (पुं०) [नील+इमनिच्] नीलारंग, कालापन, नीलापन।
नीली (स्त्री०) [नील+अच्+ङीप्] नील का पौधा।
नीवरः (पुं०) [नी+ष्वरक्] व्यापार, व्यवसाय।
०कीचड़।
नीवाकः (पुं०) [नि+वच्+घञ्] दुर्भिक्ष, अकाल।
नीवारः (पुं०) [नि+वृ+घञ्] धान्य, जंगली धान्य।
नीविः (स्त्री०) [निव्ययति निवीयते वा-नि+व्ये+इन्]
०नीवीतु स्त्रीकटीवस्त्रग्रन्थौ मूलधने स्त्रियाम्। इति विश्वलोचनः। (जयो०वृ० १७/८६)
०नीव्यामन्तरीयबन्धनस्थाने मूलधने च करं कुर्वति। (जयो० १७/६७)
०अधोवस्त्र। (जयो० १७/६२)
०नाड़ा, गाठ, कमरवन्द।
०पूंजी, मूलधन। आय-व्यय-विशुद्ध-द्रव्यम्।
०दांव, शर्त।
नीविबन्धः (पुं०) अधोवस्त्र ग्रन्थि, धोती का गांठ। (जयो० १७/६२)
नीविस्थानं (नपुं०) कमरबन्द का स्थान, नाड़ा। (जयो० १२/११७)
नीवृत् (पुं०) [नि+वृ+क्विप्] ०राज्य, राजधानी।
०समृद्धदेश, घनी आबादी वाला देश।
नीशार (पुं०) [नि+शृ+घञ्] ०गरमवस्त्र। मसहरी, मच्छरदानी।
०कनात।
०मलमूत्र त्याग।
नीहारः (पुं०) [नि+हृ+घञ्] ०कुहरा, धुंध, ०तुषार, पाला ओस।
नीहार-विहारः (पुं०) तुषार प्रसारण बर्फ प्रसार। (जयो० २४/२४)
नीहारचारणं (नपुं०) हिम का आश्रय लेकर चलना, जीव विराधना न करते हुए गमन करना।
नीहारप्रायोपगमनं (नपुं०) अन्यत्र मृत्यु को प्राप्त होना। उपसर्ग के द्वारा अपहृत होकर जो अन्यत्र मृत्यु को प्राप्त होता है।
नु (अव्य०) ०संभावना सूचक अव्यय, विस्तार। (जयो० १/६३) ०संदेहवाचक अव्यय, आश्चर्य है, ०प्रश्नवाचकता का द्योतक अव्यय। वितर्क (जयो० २५/८४) ०नु इति वितर्णे (जयो०१२/७८)
नु (अक०) स्तुति करना, प्रशंसा करना।
नु किम् (अव्य०) क्या संभव? (सुद० ८४)
नुतिः (स्त्री०) [नु+क्तिन्] प्रशंसा, स्तुति, प्रशस्ति। ०पूजा, समादार, सम्मान।
नुतिप्रिय (स्त्री०) भक्तिप्रिया। (वीरो० २२/४०)
नुद् (सक०) ०ठेलना, ०हांकना, ०धकेलना, ०प्रोत्साहित करना, ०उकसाना, ०भगाना, ०हटाना, ०अस्वीकार करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नुम् (वि०) नमन्। (सुद० ११८)

नुमा (अव्य०) नामक, नाम वाला। 'यमनुमारिवरेण समर्पिताम्। (समु० ७/११) ०नाम संज्ञा-नामा (जयो० ५/३८) 'क्व किन्नरीणान्तु नुमैव धन्या' (जयो० ११/७३)

नुरछाया (वि०) छाया रहित। (वीरो० ८/२४)

नूतन (वि०) [नव+तनप्] नया, तात्कालिक, ताजा, ०भेंट, उपहार, ०कुतूहल, पूर्ण, अजीब सा।

नूत्न (वि०) नूतन, नया, तात्कालिक।

नूत्नं (नपुं०) नूतन। (वीरो० १८/३९) (जयो० २७/३०)

नूतनकर्मबन्धः (पुं०) नए धर्मों का बन्ध। अतो भवेन्नूतनकर्मबन्धः। (समु० ८/१२)

नूतनानन्दवती (स्त्री०) नवीन आनन्दकारी। (सुद० १/४१) चन्द्रकलेव च नित्यनूतनाऽऽनन्दवती नृपशुचः पूतना।

नूतनातृप्तिः (स्त्री०) १. नवीन तृप्ति। (जयो० १७/८३) 'नूतनायां रुचिरावश्यं भाविनी'। २. नवीन अनुभूति। (जयो०वृ०१७/८३)

नूनं (अव्य०) [नु+ऊन्+अम्] निश्चय से, असन्दिग्ध रूप से, (सुद० १०९) नूनं हन्तुं क्षमो न स्याज्ज्ञान संचेतनामिमाम्' (सम्य० १२१)
०निःसंदेह। (सुद० १२४)
०वैसे ही। (जयो० २/३६)

नूनं अल्प। नूनमतून।

नूनमनून-अल्प-बहुत। (जयो०वृ० १/६०)

नूपुरः (पुं०) मञ्जरीक। (जयो० १७/८) ०तुलाकोटि। (जयो०१५/७५)
०पाजेब का घुंघरु, पैरों की अंगुलियों में पहलने वाला बिछिया, बिछुड़ी, घुंघरु, एक छोटा आभूषण।

नृ (पुं०) [नी+ऋन्] नर, मनुष्य, मानव।

नृकपालं (नपुं०) मनुष्य की खोपड़ी।

नृकलत्रा (स्त्री०) पति-पत्नी। 'द्वयोरवस्थानृकलत्र-कल्पाः' (सम्य० ३३)

नृकेसरिन् (पुं०) नर शेर, नृसिंहावतार।

नृगः (पुं०) वैवस्वत मनु का पुत्र।

नृजलं (नपुं०) मानवमूत्र।

नृत् (अक०) नाचना, नृत्य करना, हाव-भाव दिखाना, अभिनय करना।

नृता (वि०) मानवता। (जयो० २३/८०)

नृतिः (स्त्री०) [नृत्+इनि] नृत्य, नाच।

नृत्यं (नृत्+क्त) नाचना, अभिनय करना, नाच, लास्य। (जयो० १/३२) 'मूलसूत्रमनुरुद्धय नृत्यतः' (जयो० २/२९)

नृत्यकारिणी (स्त्री०) लासनिवासिनी, हाव-भाव दर्शनी। (जयो०वृ० २/५५) नटदप्सरोभर।

नृत्य गत (वि०) नाच को प्राप्त, अभिनयशील।

नृत्यचर (वि०) हाव-भाव का आचरण करने वाला।

नृत्यशाला (स्त्री०) रंगमंच, अभिनय स्थान। (जयो०वृ० २६/५५)

नृत्यस्थानं (नपुं०) रंगमंच।

नृदृग् (नपुं०) नर-नयन, मानव अक्षि। (सुद० ३/२०)

नृपः (पुं०) [नरान् पाति रक्षति-नृ+पा+क, नृणां पति] अधिपति, राजा, नरेश। (सुद० १/२२) पार्थिव। (जयो०वृ० २/७०)

नृपतिः (पुं०) राजा, अधिपति, नरेश, भूपति, भूप, भूपालक। शासक। (जयो० २/११८) नरप, नरपति, (सुद० १/४६) दण्डं चेदपराधिने न नृपतिर्दद्यात्स्थितिः का भवेत्। (सुद०११०)

नृपतिरीति (स्त्री०) राजनीति राजा का कर्त्तव्य। नृपतिः शासकस्तद्गतान् वर्णाश्रमगतान् सुधारयन्। (जयो०वृ० २/११८)

नृपतीर्थपतिः (पुं०) राजतीर्थ। नृपतीर्थपतिर्न्ययोजयन्नृपतीनां सन्नयो जयः। (जयो० २६/३)
स्वस्वकर्मनिरतोस्तु धारयन्
तद्गतोपनियमान् सुधारयन्।
सारयन् पथि निजं
परानथाऽऽधारयेन्नृपतिरीतिहृत्कथा।। (जयो० २/११८)

नृपद्वारः (पुं०) राज दरबार, राज्यसभा (समु० ३/३३)

नृपधामः (पुं०) राजप्रसाद, राजमहल। (जयो० १०/१)

नृपनाविकः (पुं०) राजकर्णधार। (जयो० ३/६१)

नृपदण्डः (पुं०) राजदण्ड।

नृपभूमि (वि०) राज बाहुल्य की भूमि। (जयो० ५/१४)

नृपयोषित (वि०) राजा द्वारा पालित, राजरानी। (सुद० १३४)

नृपवरः (पुं०) श्रेष्ठ राजा। (जयो० १/९१)

नृपशुचः (पुं०) राजा का शोक। चन्द्रकलेव च नित्यनूतना-ऽऽनन्दवती नृपशुचः पूतना। (सुद० १/४१)

नृपसद्दं (नपुं०) राजवचन। (जयो० १०/१४)

नृपसुतः (पुं०) राजकुमार, राजपुत्र, राजकुंवर। (जयो० १५/२)

नृपसौधः (पुं०) राज प्रसाद, राज भवन, राजमहल। (जयो० ५/१५ सुद ५/९८)

नृपस्थानं (नपुं०) राजा का स्थल, राज्य भू-भाग।

नृपाङ्गना (स्त्री०) राजरानी, महारानी, नृपभार्या। (सुद० ९०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नृपावतंसः (पुं०) राजाओं का मुखिया, नृप प्रधान, नृप-अध्यक्ष, राजाओं का शिरमोर। चक्रायुधः प्राप्य पितुः पदं स, भूमण्डलाशेषनृपावतंसः। (समु० ६/३७)

नृपासनं (नपुं०) राज्य सिंहासन। (जयो० १०/५) 'संसदीह नियतो नृपासने'

नृभवयोग्यः (पुं०) नरजन्म के योग्य। (जयो० २३/४८)

नृभूभृदन्तः (पुं०) मानुषोत्तरपर्वत। (भक्ति० ३६)

नृमिथुनं (नपुं०) मिथुनराशि।

नृमेधः (पुं०) नरमेध यज्ञ।

नृयज्ञः (पुं०) आतित्थ सत्कार।

नृलोकः (पुं०) मर्त्यलोक, मनुष्य लोक।

नृरत्नः (पुं०) राजा, अधिपति। (समु० ६/२९)

नृराट् (पुं०) अधिपति, राजा। (सुद० ७८) सज्जनपुरुष (जयो०२/५९)

नृवरः (पुं०) मनुष्योत्तम। (जयो० ९/६०)
०राजा (जयो० ८/२७)

नृवर्य (वि०) महापुरुष, सज्जन। (वीरो० ५/६)

नृवाहनः (पुं०) कुबेर।

नृवेष्टनः (पुं०) महादेव, शिव।

नृव्रातः (पुं०) समस्त जन समूह। (जयो० ६/१३२)

नृशंसव (वि०) [नृ+शस्+अण्] दुष्ट, क्रूर, निर्दय।

नृशंसता (वि०) आखेट, शिकार। (जयो० १६/२७) ०दुष्टता, क्रूरता (दयो० ३५)

नृशंसाङ्गिन् (वि०) मारना, हनन करना।

नृशार्दूलवरः (पुं०) नर श्रेष्ठ। (जयो० १७/१०)

नेक (वि०) अच्छा, श्रेष्ठ। 'इ' एव इक कामः खेदो वा स न विद्यते यस्य स नेकः।

नेतृ (वि०) ०नेता, नायक। (जयो० ८/८७) ०महापुरुष (जयो० २/१२७) (वीरो० १/५)

नेत्रं (नपुं०) [नयति नीयते वा अनेन] ०नेतृत्व करना, संचालन।
०अक्षि, आंख, नयन, दृष्टि।
०नेता, नायक।
०तारा, नक्षत्र, पुंज। (भक्ति० ४)
०दृष्टि। (जयो०वृ० १०/६४)

नेत्रकनीनिका (स्त्री०) नेत्र की पुतली। (जयो०वृ० १५/४९)

नेत्रकोषः (पुं०) नयनमण्डल, नेत्र तारक।

नेत्रगोचरः (पुं०) दृश्य, प्रत्यक्ष दृष्टिगत।

नेत्रजं (नपुं०) आंसू।

नेत्रजलं (नपुं०) अस्रु, आंसू।

नेत्रता (स्त्री०) नयनभाव। (जयो०वृ० ५/४९) 'नेत्रतामुपगतौ नयनभावं प्राप्तौ' (जयो०वृ० ५/४८)

नेत्रदानं (नपुं०) अक्षिदान, दृष्टिदान।

नेत्रदोषः (पुं०) नेत्ररोग।

नेत्रधारा (स्त्री०) आंसू।

नेत्रपर्यन्तः (पुं०) अक्षि का किनारा, आंख का बाहरी भाग।

नेत्रपिण्डः (पुं०) अक्षि गोलक। (२१/३१)

नेत्रबिन्दु (स्त्री०) नयनतारक (जयो० १५/४९)

नेत्रमलं (नपुं०) आंख का मैल, अक्षि कीचड़, ढीढ।

नेत्रयुग (वि०) दोनों नेत्र। (वीरो० ६/४)

नेत्रयोनिः (स्त्री०) नयनस्थल।

नेत्ररंजनं (नपुं०) सुरमा, अंजन।

नेत्ररोमन् (पुं०) अक्षिपलक, आंख का पर्दा।

नेत्रवती (वि०) नेत्र वाली।

नेत्रवस्त्रं (नपुं०) आंख की झिल्ली, अक्षि आवरण, नेत्रफलक।

नेत्रवालः (पुं०) ०नेत्र की औषधि, ०नयन टिमकार। (जयो० २८/२९)

नेत्रविकारः (पुं०) अक्षिदोष, विभ्रम। (जयो० १६/२०)

नेत्रान्तप्रदेशः (पुं०) कटाक्ष। (जयो० २४/४८)

नेत्रिकं (नपुं०) ०नली, ०चम्मच।

नेत्रिन् (वि०) नेत्रधारक। (समु० ३/९)

नेत्री (स्त्री०) [नेत्र+ङीप्] ०नदी, ०धमनी, ०लक्ष्मी, ०नायिक, अभिनेत्री।

नेत्रोदरः (पुं०) नेत्रभाग, अक्षिप्रान्त। (जयो० ३/९३)

नैदिष्ट (वि०) निकटतम, अत्यन्त निकट।

नेदीयस् (वि०) निकटतर, अत्यधिक समीप।

नेपः (पुं०) कुल पुरोहित।

नेपथ्यं (नपुं०) [नी+विच्, नेः नेता तस्य पथ्यम्] ०परिधान, पोशाक, वेशभूषा।
०आभूषण, सजावट।
०रंगमंच का पृष्ठ भाग। न नेपथ्यं पथ्यं बहुतरमनङ्गोत्सवविधौ इति प्रसिद्धः (जयो०वृ० १७/८२)

नेपथ्यकक्षः (पुं०) परदे के पीछे का भाग।

नेपथ्यकथा (स्त्री०) वेशभूषा की प्रंशसा।

नेपालः (पुं०) नेपालदेश।

नेपालिका (स्त्री०) [नेपाल+ङीष्+कन्+टाप्] मैनसिल।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नेम (वि०) [नी+मन] आधा।

नेमः (पुं०) भाग, समय, काल।

०ऋतु, हद, सीमा।

०घेरा, बाड़ा, खाई।

०परिखा।

नेमिः (स्त्री०) [नी+मि] परिधि, घेरा।

०पहिए का घेरा, वृत्त।

०वज्र, ०पृथ्वी।

०हस्तघर्घरी, गरारी।

०रथ के चक्र का अन्तभाग/परिधि।

०लोहे का घेरा/हाल।

नेमिः (पुं०) बाइसवें तीर्थंकर का नाम। जिन्हें अरिष्टनेमि भी कहते हैं। (भक्ति० १९)

नेमिकुमारः (पुं०) बाइसवें तीर्थंकर।

नेमिचन्दः (पुं०) नेमिचन्द नामक आचार्य, जिन्हें सिद्धान्त चक्रवर्ती की उपाधि प्राप्त थी। आप गणित, भूगोल एवं कर्मग्रन्थ के ज्ञाता थे। जिनके गोम्मटसार, त्रिलोकसार आदि ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं। (जयो० १९/३१) (वीरो० १५/४०)

नेमिनाथः (पुं०) बाइसवें, तीर्थंकर का नाम। 'नेमिनाथः शिवोऽथैवं नाम चन्द्रस्य वामन' (दयो० २६)

नेमीशः (पुं०) नेमिनाथ बाइसवें तीर्थंकर। नमि नेमीश न वश हो पाए जो जिन राजमती सती के। (भक्ति० २०)

नेष्टृटः (पुं०) [नेष्+तृच्]०सोमयाग के प्रधान।

नेष्टुः (स्त्री०) [निश्+तुन्] मिट्टी का लोंदा।

नेहरु (पुं०) जवाहरलाल नेहरु, भारत के प्रथम प्रधानमंत्री (जयो० १८/८४) नेहरुचयश्च उग्रवादी बभूव, अन्ते नेहरु-रापिशन्तिप्रियो बभूव (जयो० १८/३४)

नैक (वि०) [न+एक] जो अकेला न हो।

नैकटिक (वि०) [निकट+ठक्] पार्श्ववर्ती, निकटस्थ।

नैकट्यम् (नपुं०) [निकट+ष्यञ्] सामीप्य, पड़ौस।

नैकषेयः (पुं०) [निकषा+ढक्] राक्षस, पिशाच।

नैकृतिक (वि०) [निकृत्या परापकारेण जीवति-निकृति+ढक्] झूठा, बेईमान।

०नीच, दुष्टात्मा।

०सदाचारी नागरिक।

नैगमः (पुं०) वेदव्याख्याता उपनिषद, उपाय।

०व्यापारी, सौदागर।

०सदाचारी नागरिक।

नैगमः (पुं०)जानपद सम्बंधी। ०नय विशेष, सात नयों में प्रथम नैगमनय, जो पदार्थ के संकल्प मात्र का ग्रहण करता है। (त०सू० २६) 'अर्थसंकल्पमात्रग्राही नैगमः'

०निगम में कुशल-निगच्छन्ति तस्मिन्निति निगमनमात्रं वा निगमः, निगमे कुश लो भवो वा नैगमः। (जैन ल० पृ०६४१)

नैगमनयः (पुं०) एक नय, जो अर्थ संकल्प मात्र का ग्राहक होता है। अर्थसंकल्पमात्र ग्राहको नैगमः नयः।

नैगमाभासः (पुं०) अत्यन्त भेद का प्रतिपादन, गुण-गुणी और धर्म-धर्मी आदि में अत्यन्त्र भेद का प्रतिपादन करना। 'सर्वथाऽभेदवादस्तदाभासः'। (प्रमेयरत्नमाला० ६/७४)

नैघुंटुकं (नपुं०) [निघंटु+ठक्] जिसमें निरुक्त शब्द हैं।

नैचिकं (नपुं०) [नीचा+ठक्] बैल का सिर।

नैचिकी (स्त्री०) श्रेष्ठ गाय।

नैतलं (नपुं०) [नितल+अण्] पाताल, नरक, पृथ्वी का अधोभाग।

नैत्यं (नित्यं+अण्) नित्यता, ध्रुवता।

नैत्यक (वि०) नियमित, रूप से घटने वाला, अपरिहार्य, अनवरत, अवश्यकरणीय।

नैदाघः (पुं०) [निदाघ+अण्] ग्रीष्म ऋतु, गर्मी का समय।

नैदानः (पुं०) [निदान+अण्] निरुक्त वेत्ता।

नैदानिक (वि०) [निदान+ठक्] व्याधिज्ञाता, रोग-विशेषज्ञ।

नैदेशिक (वि०) [निदेश+ठक्] सेवक आदेश पालक।

नैपातिक (वि०) [निपात+ठक्] आकस्मिक संयोग वाला, दैवयोग से होने वाला कारण।

नैपुण्यं (नपुं०) [निपुण+अण्] कुशलता, चतुराई। (वीरो० ४/२१)

०प्रवीणता, चतुराई, दक्षता।

०समग्रता, पूर्णता, एक रूपता।

नैभृत्य (वि०) [निभृत्+ष्यञ्]०लज्जाशीलता, विनम्रता।

०गोपनीयता।

नैमन्त्रणक (वि०) [निमन्त्रण+अण्+कन्] भोज, दावत।

नैमष (वि०) [नियम+अण्] सौदागर, व्यापारी, व्यवसायी।

नैमित्तिक (वि०) [निमित्त+उक्] लक्ष्यवेधी, दैवज्ञ, निमित्तज्ञाता, ज्योतिषी। (दयो० ४८)

नैमित्तिकः (पुं०) वस्तु का विकार निमित्त है, जिसमें विकारपना या अन्यथापना है वह नैमित्तिक है। यत्स्यान्निमित्तं विकरोति वस्तु नैमित्तिकं विक्रियते तदस्तु। वह्निघृतं द्रावयतीत्यनेन घृतं पुनः संद्रवतीश्रियेनः।। (सम्य० ७)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नैमित्तिकता (वि०) नैमित्तिकपना। (सम्य० ६)

नैमिष (वि०) [निमिष+अण्] अस्थायी, क्षणिक, क्षणभर रहने वाला।

नैमेय (वि०) विनिमय, लेन-देन, अदला-बदली।

नैयग्रोधं (नपुं०) [न्यग्रोध+अण्] बड़फल, बरगद फल, बरगद पेड़, वटवृक्ष। ०एक संस्थान विशेष।

नैयमिक (वि०) [नियम+ठक्] नियमित, नियम सम्बन्धी।

नैयायिक (वि०) [न्याय+ठक्] न्यायदर्शन का अनुयायी। (वीरो०वृ० ३/१९)

नैरर्थ्य (वि०) [निरर्थ+ष्यञ्] निरर्थकता, बकवास।

नैरयिक (वि०) [निरर्थ+ष्यञ्] नरकगामी।

नैराश्य (वि०) [निराश+ष्यञ्] निरर्थकता, बकवास।

नैराश्य (वि०) [निराश+ष्यञ्] निराशा, आशा का अभाव। (वीरो० २०/२४) निराशापन, (सुद० ११७, ८४) तृष्णा से रहित। (वीरो० १४/३१)

नैराश्यमेवयस्याशाऽऽरम्भङ्गविवर्जितः।

साधुः स एव भूभागे ध्यानाध्ययनतत्परः।। (सम्य० ९४)

नैराग्य-निगडं (नपुं०) निराशा रूप सांकल।

अभिवाञ्छसि चेदात्मन् सत्कर्तुं संयमद्रुमम्।

नैराश्य-निगडेनैतन्मनोमर्कटमाधर।। (वीरो० ११/४३)

नैरुक्त (वि०) [निरुक्त+अण्] निरुक्ति ज्ञाता, शब्द व्युत्पत्ति का जानकार।

नैरुज्य (वि०) [निरुज+ष्यञ्] आरोग्य, स्वास्थ्य।

नैर्ऋत: (पुं०) [निर्ऋति+अण्] राक्षस।

नैर्गुण्य (वि०) [निर्गुण+ष्यञ्] निर्गुणता, सद्गुणों की हीनता।

नैर्घृण्य (वि०) [निर्घृण+ष्यञ्] घृणा की अधिकता, निर्ममता, क्रूरता।

नैर्जुप्सा (वि०) जुगुप्सा का अभाव। (जयो० २/८२)

नैर्जुगुप्सि (वि०) ग्लान्यभाव। (जयो० २/७६)

नैर्मल्य (वि०) निर्मलता, स्वच्छता, शुद्धता। (जयो० १८/६६)

नि:शेषतो मले नष्टे नैर्मल्यमधिगच्छति। (सुद० १३५)

नैर्लज्ज्य (वि०) [निर्लज्य+ष्यञ्] निर्लज्जता, ढीठपन।

नैव (अव्य०) नहीं, ऐसा नहीं-'नैव लोकविपरीतमञ्चितुम्' (जयो० २/१५) प्रवेष्टुं नैव शक्नोति चटिका त्वन्तु चेटिका। (सुद० ९४)

नैविड्य (वि०) निविडता, घनिष्टता, संशक्तता।

नैवेद्यं (नपुं०) [निवेद+ष्यञ्] देवार्चन में प्रयुक्त द्रव्य, भोज्य द्रव्य। (जयो० २४/७१) जल, चन्दन, अक्षत, पुष्प और पञ्चम नैवेद्य। 'क्षुद्यारोगविनाशनाय-नैवेद्यम्' षड्-रस-मयनाना-व्यञ्जन-दलमविकलमपि च सुधाया:, सम्बल-मादायार्पयेयमहमग्रे जिनमुद्राया: वशेऽपि स्यां न क्षुधाया:।। (सुद० पृ० ७२)

०नैवेद्य-गुल्गुला इति जयोदय काव्ये वि। (जयो० ११)

नै:शङ्ग्य (वि०) निर्ग्रन्थता, परिग्रह त्यागपना। (मुनि० ५)

नैशिक (वि०) रात्रि विषयक।

नैश्चल्य (वि०) [निश्चल+ष्यञ्] अचलता, स्थिरता, दृढ़ता।

नैश्चल्यमाप्त्वा विलसेद्यदा तु तदा समस्तं जगदत्र भातु। (वीरो० २०/४)

नैषध (वि०) निषधदेशवासी, निषध देश में उत्पन्न होने वाला।

नैषध: (पुं०) निषध पर्वत। (जयो० २४/१०)

नैषधि (वि०) निषध पर्वत संबंधी।

नैषेधिकी (स्त्री०) उत्तरगुण एवं मूलगुणधारी। (जयो० २४/९)

नैष्कर्म्य (वि०) [निष्कर्म+ष्यञ्] अकर्मण्यता, क्रियाहीनता, उद्यमविहीनता। समेति नैष्कर्म्यमुतात्मनेयं नैराश्यमभ्येत्य चराचरे य:। (वीरो० १४/३१)

नैष्किक (वि०) [निष्क+ठक्] निष्क से निर्मित, टकसाल में बना हुआ।

नैष्ठिक (वि०) [निष्ठा+ठक] ०उपसंहारक, अन्तिम।

०निर्णायक, निर्णीत, निश्चयात्मक।

०स्थिर, दृढ़।

नैष्ठिक: (पुं०) आध्यात्मिक शिक्षा में निपुण।

नैष्ठिक ब्रह्मचारी (वि०) आजीवन ब्रह्म में विचरण करने वाला, भिक्षावृत्ति पूर्वक विचरण करने वाला।

०जिसका क्रियाकाण्ड, आवरण पर्यन्त स्त्री से रहित हो।

नैष्ठिकश्रावक: (पुं०) जो निष्ठापूर्वक धर्माचरण करता, धर्म के प्रति निष्ठावान्, निरतिचार रूप से श्रावक धर्म परिपालक। नैष्ठिक: निष्ठयाचरति तत्र वा भव:' (सागारधर्मामृत टी०१/२०)

०मूलोत्तर-गुण-श्लाघ्यतपोऽनुष्ठाननिष्ठा' (सा०ध० ३/१)

नैष्ठुर्य (वि०) [निष्ठुर+ष्यञ्] निष्ठुरता, कठोरता, क्रूरता।

नैष्ठुर्ययो (पुं०) निष्ठुर व्यवहार। (सुद० १३४)

नैष्ठ्य (वि०) [निष्ठ+ष्यञ्] दृढ़ता, परिपक्वता, स्थायित्व।

नैष्प्रतीच्छयं (वि०) अप्रतिग्रह। (जयो० २/७४)

नैसर्गिक (वि०) [निसर्ग+ठक्] स्वाभाविक, निसर्गज, सहज, अन्तर्जात, स्वत: उत्पन्न। 'नैसार्गिको मेऽभिरुचिवितर्के' (वीरो० ५/२३)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नैसर्गिकचापल्य (वि०) स्वाभाविक चपलता। (जयो० १३/८८)

नैसर्गिकसरलस्वभावः (पुं०) सहज रूप में सरल प्रवृत्ति (दयो०पृ० ६१)

नैस्त्रिंशिक (वि०) कृपाणधारी, असि धारक।

नो (अव्य०) निषेधवाचक अव्यय, नहीं, बिना, मत। नो हृदैव न दृशैव विशोकैः किन्तु पूर्णवपुषैव हि लोकैः। (जयो० ५/६८)

नो आनुभावदीर्घः (पुं०) अपने अपने उत्कृष्ट अनुभावों से हीन बांधने वाले।

नो-आगमः (पुं०) आगम से भिन्न। आगमादण्णो णोमागमो। (धव० ३/१३)

नो इन्द्रियप्रणिधिः (स्त्री०) चार कषायों को रोकना। शुद्ध आत्मा में स्थिर होना।

नो इन्द्रिय प्रत्यक्षः (पुं०) इन्द्रिय बिना स्वयमेव ज्ञान होना।

नोकर्म (पुं०) पुद्गल परिणाम रूप सुख-दुःख का कारण।
०शरीरत्व परिणाम।
०शरीर रूप पुद्गल परिणाम।

नोकर्मबन्धः (पुं०) माता, पिता, पुत्रादि का सम्बन्ध।

नोकषायः (पुं०) कषाय के भाव, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेद।

नोकृतिः (स्त्री०) निमूल नष्ट होना, गणितीय पद्धति, वर्गमूल, निकालने पर कुछ नहीं रहना।

नो गौणः (पुं०) निरुक्त्यर्थ से रहित नाम-अमुद्र-समुद्र, अलाल-पलाल आदि।

नो गौण्यपदं (नपुं०) अनुगत अर्थ से रहित पद।

नो चेत् (अव्य०) न हो, ऐसा न हो, फिर भी नहीं।
०स्यान्नोचेद्हानि सा पुनीतम्बुजास्या। (सुद० ३/४५)
०नोचेच्छत्रुः सम्भवेन्नात्र चित्रम्। (सु० ११०)
०अन्यथा, वरना, तो भी

नो चेत् पुनः (अव्य०) फिर भी नहीं हो। अर्थ क्रियाकारितयाऽस्तु वस्तु नो चेत् पुनः कस्य कुतः स्तवस्तु। (वीरो० १९/१)

नोदनं (नपुं०) [नुद्+ल्युट्] हटाना, दूर करना, मिटाना।
०ठेला, हांकना, आगे बढ़ाना।

नोधा (अव्य०) [नो+धा] नौ प्रकार, नौ गुणा।

नौः (स्त्री०) [नुद्यते अनया-नुद्+डौ] जहाज, नाव, नौका।

नौकर्णः (पुं०) मल्लाह, नाविक, पोत संचालक।

नौकर्मन् (नपुं०) मल्लाह की आजीविका।

नौका (स्त्री०) [नौ+कन्+टाप्] नौका, छोटी नाव, किश्ती। (वीरो० १८/३०)

नौकादण्डः (पुं०) चम्पू, पतवार, दाव खेने का दण्ड-चम्पू।

नौचरः (पुं०) नाविक, मल्लाह, मांझी।

नौजीविकः (पुं०) नाव चलाकर जीविका करने वाला नाविक।

नौतार्य (वि०) नाव पार ले जा सके।

नौदण्डः (पुं०) चम्पू, पतवार, डांड।

नौमित (वि०) नमित, प्रणमित, बार बार नमित। (सम्य० १५२)

नौयायिन् (वि०) नाविक, जहाज संचालक, पोतवाहक।

नौवाहः (पुं०) कर्णधार, नाविक, पोतवाहक।

नौव्यसनं (नपुं०) नाव का भंग होना।

नौसाधनं (नपुं०) नौसेना समूह, नौका समूह, जहाजी बेड़ा।

न्यक् (अव्य०) [नि+अच्+क्विन्] घृणा, अपमान या दीनत सूचक अव्यय।

न्यकार (वि०) दीनता, अपमानता अनादर, घृणा।

न्यक्कृ (अक०) तिरस्कार करना, अपमान करना, निन्दा करना। 'स्वमुत्तमं सम्प्रति मन्यमानोऽन्येन्यक्करोतीति विवेकभावो' (वीरो० १७/४)

न्यकथः (वि०) फैलाना। (वीरो० १३/१९)

न्यक्भावः (पुं०) दीनता, घृणा, अपमान।

न्यक्भावित (वि०) अपमानित, घृणित।

न्यक्ष (वि०) [नियते क्रियते वा अक्षिणी यस्य] नीच, अधम, दुष्ट, पापी।

न्यक्षः (पुं०) भैंस।
०परशुराम।

न्यगद् (सक०) कहना, बोलना (सुद० १२९)

न्यगवृत्तिः (स्त्री०) नीचवृत्ति, अधम प्रवृत्ति-'न्यगवृत्ति कृता येन, स मुच्यतेऽत्र युक्ति किम्। (हित० सं० २८)

न्यगाद (भू०) कह दिया, बोल दिया। (जयो० २०/८६)

न्यग्रोधः (पुं०) [न्यक्रुणद्धि-न्यक्+रुध्+अच्] बरगद का पेड़।
०एक संस्थान या आकृति विशेष। नाभि के ऊपर का शरीरवयव जो विशाल हो।
०न्यग्रोधो वटवृक्षः, समन्तान् मण्डलं परिमण्डलम्।
०न्यग्रोधसंस्थान शरीरस्योर्ध्वभामेऽवयवपरमाणुबहुत्वम्। (जैन०ल० पृ० ६५३)

न्यग्रोधसंस्थानं (नपुं०) शरीरवयव।

न्यंकुः (पुं०) बारहसिंहा।

न्यञ्च् (वि०) [नि+अच्+क्विन्] ०नीचे की ओर जाता हुआ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०नीच, घृणा योग्य।
०मन्थर, आलसी।
न्यंचनं (नपुं०) वक्र, टेढ़ा, कुटिल।
न्यत् (वि०) व्यतीत। (सुद० ४/४७)
न्यपत् (वि०) गिराया। (सुद० १२२)
न्यमीलत् (वि०) जपा, फेरा गया। (जयो० ६/५५)
न्यस्त (भू०क०कृ०) समानीय, लाया गया।
०फेंका गया, लिटाया गया। (जयो० २७/४३)
०अन्तर्हित, प्रयुक्त।
०वर्णित, चित्रित।
०उत्सृष्ट, विसर्जित।
न्यस्तदेह (वि०) विसर्जित शरीर, मृतकाय।
न्यस्तशस्त्र (वि०) प्रयुक्त शस्त्र, निरस्त्र, अरक्षित।
न्यस्य (वि०) प्रीतिजनक। (दयो० ४/५८)
न्याक्य: (पुं०) मुर्मुरे, धानी, धान्य लाजा।
न्याद: (पुं०) [नि+अद्+ण] भोजन कराना, आहार देना।
न्ययोज (वि०) नियुक्त करना, बिठाना, स्थापित करना। (जयो० २६/३)
न्यवारि (वि०) बार, बार रोका गया। (जयो० १९/१५)
न्याय: (पुं०) [नियन्ति अनेन नि+इ+घञ्] रीति, प्रणाली, पद्धति, योजना,
०क्रियान्विति, औचित्य। (सम्य० १२१)
०कानून, न्यायपद्धति, नैतिकता की पद्धति।
०शासन व्यवस्था, दण्ड व्यवस्था।
०विश्वव्यापी नियम।
०न्याया मुक्तिः।
०न्याय: सिद्धान्त:।
०अनुष्ठान।
०प्रमाण से प्रमेय की संगति। 'नय: प्रमाणात्मको न्याय:, निपूर्वादिण् गतौ इत्यस्माद् धातो करणे घञ्प्रत्यये न्यायशब्द सिद्धि:। (जैन०ल०पृ० ६५३)
०प्रमाणेन प्रमेयस्य घटना।
न्याय-काव्यं (नपुं०) ०नीतिकाव्य, ०अनुष्ठान काव्य, ०सिद्धान्त ग्रन्थ।
न्यायगत (वि०) पद्धति को प्राप्त, न्याय/कानून को प्राप्त।
न्यायचर (वि०) न्यायपालक।
न्यायपथ (पुं०) न्यायमार्ग। 'न्यायस्य समौचित्यस्य य: पन्था मार्ग:। (जयो० २७/६१)
न्यायपद्धति: (स्त्री०) नैतिक पद्धति, नियम सम्बंधी योजना। (जयो० ३/७)
न्यायमार्गानुयायी (वि०) नीतिमान्, नीतिज्ञ, विचारक। (जयो०वृ० ३/१०८)
न्याययुक्त (वि०) तर्क संग्रह, युक्तियुक्त, सदाचरणशील। (जयो० ९/१०)
न्यायशास्त्र (नपुं०) तर्क विज्ञान, ०तर्कशास्त्र।
न्यायशील (वि०) सिद्धान्त पालक।
न्यायसम्मत (वि०) पुनीतपथ, सच्चामार्ग, तर्क संगत। (जयो० ७/९०)
न्यायिन् (वि०) नीतिमार्गश्रयणी, नीतिमार्गानुगामी।(जयो० ७/७६)
न्यायाधिप: (पुं०) न्यायधीश, न्यायप्रमुख। (वीरो० १८/५१)
न्यायोचित (वि०) नैतिकतापूर्ण। न्यायोचिते भोगपदेऽपकर्ष:, सन्तोष एवास्य वृथा न तर्ष:। (सम्य० ९९)
न्यायोपार्जित (वि०) न्यायपूर्वक कमाया गया, यथोचित, यथाशक्य। (जयो०वृ० २/९१)
न्याय्य (वि०) [न्याय+यत्] उचित, श्रेष्ठ, तर्कसंगत, प्रामाणिक, सारगर्भित, उपयुक्त, योग्य।
०सामान्य, प्रचलित।
न्याय्यात्पथ: (पुं०) न्यायोचितमार्ग। न्याय्यात्पथो नैवमथावसन्न: कर्त्तव्यमञ्चेत्सततं प्रसन्न:।। (वीरो० १७/१०)
न्यास: (पुं०) [नि+अस्+घञ्] रखना, धरोहर, संकलन, निक्षेप, प्रदान। स्वर्णमूर्ति: कवितेयमार्या लसत्पदन्यासतयेव भार्या। (वीरो० १/२७)
न्यासहेतु: (पुं०) चरण प्रदान कारण।
न्यासिन् (पुं०) [न्यास्+इनि] कर्म रहित।
न्युंरव (वि०) मनोहर, सुन्दर।
न्यायापहरणं (नपुं०) धरोहर का अपहरण। न्यस्यते रक्षणरयान्यस्मै समर्प्यत इति न्यास: सुवर्णादि: तस्यपहरणमलाप:।
न्यासापहार: (पुं०) विस्मरण कृत धरोहर का अपहरण। 'न्यासापहारे विस्मरणकृत परनिक्षेपग्रहणम्'
०प्रिय ०उचित, ठीक।
न्युब्ज (वि०) [नि+उब्ज+अच्] अवनत, झुका गया, मुड़ा हुआ।
न्यून (वि०) [नि+ऊन्+अच्] ०कम, घटाया हुआ, कम किया हुआ।
०नीच, निम्न, दुष्ट, निन्दनीय दुराचारी।
न्यूनं (अव्य०) कम, थोड़ी मात्रा में, स्वल्प।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

न्यूनांग (वि०) विकलांग, अपांग, अंगहीन।

न्यूनाधिकत्व (वि०) थोड़ा, अधिक, असमान, एक सा न होना। (वीरो० १९/७) पृथक्कृतौ व्यस्त-समस्तात: न्यूनाधिकत्वं न भवत्यधात:। (वीरो० १९/७)

प

प (पुं०) पवर्ग का प्रथम अक्षर। (जयो०वृ० १/२४) इसका उच्चारण स्थान औष्ठ है। इसमें विचार, श्वास, घोष और अल्पप्रमाण नामक प्रयत्न का व्यवहार होता है, यह स्पर्शवर्ण है।

प (वि०) [पा+क] पीने वाला, चौकसी करने वाला, रक्षक।

प: (पुं०) ०वायु, पवन। सुष्ठु यस्य पवनस्याण: शब्दो यत्र तस्मिन् सुपाणे (जयो० २७/२७)

०पत्र।

०अण्डा।

पकारपरा (स्त्री०) उमा, पार्वती (जयो० ५/५९)

पक्कण: (पुं०) [पचति श्वादि निकृष्टमांसमिति-पच्+क्विप्]

०चाण्डाल गृह।

०बर्बर, शबर का घर।

पक्ति: (स्त्री०) [पच्+क्तिन्] पकाना, परिपक्व, पक जाना।

०परिपक्वता।

०प्रसिद्धि, ख्याति, प्रतिष्ठा।

पक्तिशूलं (नपुं०) उदर पीड़ा, अपच से पीड़ा।

पक्तृ (वि०) [पच्+तृच्] रसोइया, पाचक, पकाने वाला।

०उद्दीपक, पचाने वाला।

पक्तृ (पुं०) जठराग्नि।

पक्तृं (वि०) [पच्+ष्ट्रन्] यज्ञाग्नि को स्थापित करने वाला।

पक्तिं (वि०) [पच्+क्ति+मम्] ०पक्का, ०पका हुआ, ०परिपक्व ०पकाया हुआ।

पक्त्रिम (वि०) भव्यमान। (जयो० २/६७)

पक्व (वि०) [पच्+क्त, तस्य व:] ०पकाया हुआ, भुना हुआ, उबाला हुआ। (वीरो० १६/२४) 'पक्वं नाम यद् अग्निना संस्कृतम्'

०गरम किया हुआ, तपाया हुआ।

०परिपक्व, पक्का।

०सुविकसित, सुपूरित।

०अनुभवशील, बुद्धिमान्।

०नष्ट, क्षय, नाश, घात।

पक्वकृत (वि०) परिपक्व होने वाला, पकाने वाला।

पक्वधान्य (वि०) पका हुआ धान्य,

पक्वफलं (नपुं०) परिपक्व फल।

पक्वबालसहित (वि०) पकी हुई धान्य की बालियों युक्त (जयो० ४/५१)

पक्वबालसहिता (स्त्री०) वृद्धा। (जयो० ४/५)

पक्वरस: (पुं०) मदिरा, मद्य, शराब।

पक्ववारि (नपुं०) कांजी का पानी, उबला पानी, प्रासुक जल।

पक्वश: (पुं०) एक भील जाति।

पक्वान्नम् (नपुं०) पका हुआ धान्य। (जयो० १०/१२)

पक्ष् (सक०) ०ग्रहण करना, ०लेना, ०स्वीकार करना। ०पक्ष लेना।

पक्ष: (पुं०) [पक्ष्+अच्] ०पत्र, पंख। ये पक्षा:/पत्राणि पतिता इतस्ततो विकीर्णास्ते। (जयो०वृ० १५/४५)

०पार्श्वभाग, वस्तु का हिस्सा, वस्तु का भाग, दक्षिण-उत्तर के भाग। नगौकसश्चाखर्वे पक्षद्वय-शलिन: खगा सर्वे। (जयो० ६/८)

०समीपवर्ती। (सुद० ७४)

०वार।

०वाद, कथन, अपनी अपनी नीति। एतदीयरदनच्छदसारौ। (जयो० ५/४८) ०पूर्वपक्ष-परपक्ष-विचारौ।

०शुक्लपक्ष, कृष्णपक्ष, महिने के दो भाग। समवर्धत वर्धयन्न यं सितपक्षोचित चन्द्रवत्स्वयम्। (सुद० ३/२७)

०काल विशेष। पण्णरस अहोरत्ता पक्खो-पन्द्रह दिनरात का पक्ष। पञ्चदशादिवसा: पक्ष: (धव० १४/३१९) पण्णरसदिवसेहि पक्खो होदि (धव० १३/३००)

०प्रतिज्ञा-श्रावकाचार की प्रवृत्ति धर्मवृद्धि हेतु असत्यादि का त्याग।

०साध्य की स्वीकारता-अनुमानांग। साध्याभ्युपगम:, पक्ष:, प्रत्यक्षाद्यनिराकृत:। (न्यायावतार १४)

०धर्म-धर्मिसमुदाय: पक्ष:। 'पक्षश्च धर्म-धर्मिकसमुदायात्मा' (न्यायकुमुद चं० १/३) साध्यविशिष्ट: प्रसिद्धो धर्मी पक्ष:। (न्यायपदीपिका पृ० ७२)

०दल, समूह, गुट।

०श्रेणी, अनुयायियों की संख्या।

०बाजू, भुजा, कंधा।

०प्रतिवचन, उत्तर, समाधान।

पक्षक: (पुं०) पार्श्व, समीपवर्ती।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पक्षकक्षः (पुं०) समीपवर्ती वनखण्ड। 'पक्षकक्षमिति कस्य दहन्ति श्रीवर, न मदनदावा।

पक्षकीय (वि०) पक्ष बाली। (वीरो० १८/५३)

पक्षगत (वि०) ०समूह युक्त।
०विकल्प युक्त।
०समाधान को प्राप्त।

पक्षचरः (पुं०) चन्द्र।

पक्षछिद् (पुं०) इन्द्र।

पक्षजः (पुं०) चन्द्र।

पक्षद्वयं (नपुं०) दो पक्ष, दोनों पहलू।

पक्षता (वि०) मित्रता,

पक्षता (स्त्री०) किसी एक पक्ष से सम्बन्धित।

पक्षतिः (स्त्री०) [पक्षस्य मूलं-पक्ष-ति] पंख की जड़। शुक्ल पक्ष।
०सभा, सदन, परिषद। (जयो० ३/७) सुखेन गतं गमन जीवननिर्वहणं तस्मै पक्षतिः सभा सा।

पक्षद्वार (नपुं०) दरवाजा, द्वारभाग।

पक्षधर (वि०) ०पक्ष रखने वाला।
०पंखधारी।

पक्षधरः (पुं०) चन्द्र, राशि।

पक्षपरिच्युतिः (स्त्री०) प्रतिज्ञाहानि। (जयो० २६/८२)

पक्षपातः (पुं०) किसी वस्तु के प्रति स्नेह, प्रेम, इच्छा, रुचि। (सुद० १२१)

पक्षपातवान् (वि०) पक्ष प्रस्तुत करने वाला। (सुद० ४/४४)

पक्षपातिन् (वि०) पक्षपात करने वाला, पतनशील, सहानुभूति रखने वाला, दुरुपयोगसमर्थ। (जयो० ३/१५)

पक्षपालिः (स्त्री०) चोर द्वार।

पक्षबिन्दु (स्त्री०) कंक पक्षी।

पक्षभागः (पुं०) पार्श्वभाग, समीपवर्ती स्थान। (जयो० ३/१०३)

पक्षमुक्तिः (स्त्री०) ०समय की सीमा। ०वचन सीमा।

पक्षवादः (पुं०) ०मताभिव्यक्ति, ०अपने पक्ष का कथन, ०पक्ष सम्मति। ०उत्तर, समाधान।

पक्षवाहनः (पुं०) पक्षी, पक्षेव वाहनः यस्या सा।

पक्षहत (वि०) पंख विहीन, पंख का घात।

पक्षहरः (पुं०) पक्षी।

पक्षहोमः (पुं०) पाक्षिक होम।

पक्षालु (पुं०) पक्षी, पंछी।

पक्षिणी (स्त्री०) [पक्ष+इनि+ङीप्] पतत्रिणी। (वीरो० ३/२७)
०मादापक्षी, ०दो पक्ष वाली रात। ०पक्षपातवती। (जयो० ११/८१)

पक्षिन् (पुं०) पक्षी, पंछी, खग। (जयो० ३/११३) पक्षवन्तस्तिर्यंचः पक्षिणः। (धव० ३७/३९)

पक्षिन् (वि०) पक्षवाला, अनुयायी।

पक्षिगणः (पुं०) शकुनिसमूह, खग समुदाय, पंछीगण। (जयो० १/८७) 'पादोदकं पक्षिगणः पिवन्ति' (जयो० १/८७)

पक्षिराज् (पुं०) गरुड़, वैनतेय। (जयो०वृ० १/४४)

पक्षिवरः (पुं०) श्रेष्ठपक्षी, गरुडपक्षी। (जयो०वृ० १८/४६)

पक्षिशावकः (पुं०) पक्षी के बच्चे, खगशावक। (जयो०वृ० १२/१३७)

पक्षिशाला (स्त्री०) घोंसला, चिड़ियाघर।

पक्षिसमूहः (पुं०) शकुन्तगण, शकुनिसमूह, खगकुल। (जयो०१८/३)

पक्षिसिंहः (पुं०) गरुड़ पक्षी।

पक्षिस्वामिन् (पुं०) गरुड़राज।

पक्ष्मन् (नपुं०) [पक्ष्+मनिन्] ०बटौनी, आंख के रोम।
०फूल की पंखुड़ी।
०धागे का सिरा।

पक्ष्मयुग्मः (पुं०) आंखों की बरौनी। (वीरो० १२/१४)

पक्ष्मल (वि०) [पक्ष्मन्+लच्] दृढ़ बरौनी, सुन्दर भौंह।

पक्ष्य (वि०) [पक्ष्+यत्] पाक्षिक, एक पक्ष से सम्बन्धित।

पङ्कः (पुं०) [पच् विस्तारे कर्मणि कारणे वा घञ्] पतन्त्यस्मिन्निति पङ्कः, पंकोनामत्वेदावद्धो मलः। कर्दम, मल, मैल, मिट्टी, दलदल। (सुद० १/६) (सुद० १२०)
०स एकदा मासिकवृत्तपारणा परायणोऽम्भः स्थलमेत्य पङ्कसात्। (समु० ४/३४)

पङ्ककीरः (पुं०) टिटहरी पक्षी।

पङ्कक्रीड़ा (पुं०) सूकर।

पङ्कगतिः (स्त्री०) कीचड़ से ऊपर गमन।

पङ्कग्राहः (पुं०) मगरमच्छ, घड़ियाल।

पङ्कजं (नपुं०) पंकादवकरात् जातानि पङ्कजान्येव। (जयो०वृ० ३/५०) कमल, वारिज। (जयो० ४/५६)

पङ्कजः (पुं०) ब्रह्मा, ०सारस। (जयो०)

पङ्कजन्मन् (पुं०) कमल।

पङ्कजटव (वि०) कीचड़ में पैदा होने वाला।
समुत्कीर्य करावस्या विधिना विधिवेदिना।
तच्छेषांशैः कृतान्येव पङ्कजानीति सिद्धयति।। (जयो० ३/५०)
'कमलानां पङ्कजत्वं सिद्ध्यतीति' (जयो०वृ० ३/५०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पङ्कजिनी (स्त्री०) कुमुद पादप, कमलदण्ड।
पङ्कप्रभा (स्त्री०) एक नरक की भूमि। (सम्मु० ५/३४)
पङ्कमंडुकः (पुं०) द्विकोष शंख।
पङ्करुह् (नपुं०) कमल।
पङ्कवासः (पुं०) केंकड़ा।
पङ्कारः (पुं०) [पङ्क+ऋ+अण्] ०सिवार।
०सीढ़ी, नसैनी, जीना, पौड़ियां।
०बांध, मेंड।
पङ्किल (वि०) [पंक+इतच्] मैला, मलिन, गंदला, कर्दम (जयो० ११/४)
पङ्किलत्व (वि०) कर्दमबाहुल्य। (जयो० ११/४)
पङ्केजं (नपुं०) [पके जायते-पंके+जन्+ड्] कमल।
पङ्केजात (वि०) कीचड़ में उत्पन्न कमल। (जयो० १४/५८)
पङ्केरुह् (नपुं०) कमल। (जयो० ५/६००)
पङ्केरुहः (पुं०) सारस पक्षी।
पङ्केशय (वि०) [पंके+शी+अच्] कीचड़ में रहने वाला।
पङ्क्तिः (स्त्री०) [पंच्+क्तिन्] ०श्रेणी, कतार।
०समूह, समुदाय, संग्रह दल, रेवड़।
०पृथ्वी।
०यश, प्रसिद्धि।
०संख्या समूह।
पंक्तिग्रीवः (पुं०) रावण।
पंक्तिचरः (पुं०) समुद्री पक्षी।
पंक्तिबद्ध (वि०) कतारबद्ध। (जयो० १/८३) (जयो०वृ० १३/६४)
पंक्तिवर्ज (वि०) पंक्तियुक्त, श्रेणीगत, एक दल से युक्त।
पंक्तिश (वि०) पंक्तिबद्ध, क्रम से, एक समूह, वाला। (जयो०वृ० १२/११८)
पंगु (वि०) [खञ्ज्+कु, खस्य पत्वे जस्य गादेशः] लंगड़ा, खंज, एक पैर से लडखड़ाता।
पंगुः (पुं०) लंगड़ा।
पंगूल (वि०) [पंगु+लच्] विकलांग, लंगड़ा, अपंग।
पच् (सक०) ०पकाना, पचाना, भूनना।
०भोजन तैयार करना।
०पूर्ण करना, परिपक्व करना।
०गलाना, उबालना।
पचतः (पुं०) [पच्+अत] ०अग्नि, आग। ०इंगाल, अंगार। ०सूर्य, ०इन्द्र।

पचनः (वि०) पकाया हुआ, पक्व किया हुआ।
पचनः (पुं०) अग्नि।
पचनं (नपुं०) [पच्+ल्युट्] ०पचाना, ०भोजन बनाना, ०परिपक्व करना।
०ईंधन, बर्तन, भाण्ड, पात्र।
पचा (स्त्री०) [पच्+अड्+टाप्] पकाने की क्रिया।
पचिः (स्त्री०) [पच्+इनि] अग्नि।
पचेलिम (वि०) [पच्+एलिमच्] इच्छा करने वाला। (सुद० ९८) ०शीघ्र ही पकने वाला, ०परिपक्व होने योग्य, ०स्वतः पकने वाला।
पचेलूकः (पुं०) [पच्+एलुक] रसोइया।
पञ्च (सं०वि०) पांच संख्या। (सम्य० १८)
पञ्चक (वि०) [पञ्च+कन्] पांच से युक्त, पांच से सम्बद्ध, पांच का समावेश। (जयो० ११/४६) 'अ सि आ उ सा इत्येव' (जयो० १९/५५) 'ह्राँ ह्रीं ह्रूँ, ह्रौं ह्रः। (जयो०१९/५५)
पञ्चता (स्त्री०) पांच गुना, पांच का समूह।
पञ्चकर्मन् (नपुं०) पांच विधि, पंचक्रिया।
पञ्चकृत्वस् (अव्य०) पांच बार।
पञ्चकोणं (नपुं०) पांच कोण की आकृति।
पञ्चकोषा (पुं०) पांच प्रकार का परिधान।
पञ्चकोशी (स्त्री०) पांच कोश की दूरी, ०मृत्यु, प्रणाश, विनाश। (जयो० ३/२४)
पञ्चत्व (वि०) पांच से युक्त, पांच संख्या वाला, पञ्चमभाव। (जयो० १/४८)
पञ्चथुः (पुं०) [पञ्चन्+अथुच्] ०समय, ०कोयल।
पञ्चतत्त्वं (नपुं०) पांच तत्त्व, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश।
पञ्चतपस् (पुं०) पञ्चतप वाला।
पञ्चतय (वि०) पांच गुणा।
पञ्चत्रिंश (वि०) पैंतीसवां।
पञ्चत्रिंशत् (स्त्री०) पैंतीस।
पञ्चदर्शन् (वि०) पन्द्रह।
पञ्चदशसर्गः (पुं०) पन्द्रहवां सर्ग।
पञ्चदशी (वि०) पन्द्रह से युक्त। [पञ्चानां दशानां समाहारः] (जयो० ५/९९)
०पूर्णिमा।
पञ्चदीर्घं (नपुं०) पांच दीर्घ।
पञ्चधा (अव्य०) [पञ्चन्+ध] पांच प्रकार से पंचभेद तत्व।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जीवोऽप्यजीवश्चस्तथापदार्थः स्यात् पञ्चधा। जीवइयानिहार्थः। (समु० ८/२)

पञ्चनखः (पुं०) पंच नखों से युक्त जानवर। ०हस्ति, ०कछुवा, ०सिंह, ०व्याघ्र।

पञ्चनदः (पुं०) पांच नदिया।

पञ्चनवति (स्त्री०) पिंचानवें।

पञ्चनीराजनं (नपुं०) पांच पूजा की सामग्री-दीपक, कमल, वस्त्र, आम और पान। ०पञ्च पात्र।

पञ्चपंचास (वि०) पचपनवां।

पञ्चपंचाशत् (वि०) पचपन।

पञ्चपदी (स्त्री०) पांच पद।

पञ्चपात्रं (नपुं०) पांच पात्रों का समूह। युधिष्ठिरो भीम इतीह मान्यः शुभैर्गुणैरर्जुन एव नान्यः। स्याद्वाच्यता वा नकुलस्य यस्य ख्यातश्च सद्भिः सहदेव शस्य।। (जयो० १/१८)

पञ्चपाण्डवः (पुं०) पांच पाण्डुपुत्र। अर्जुन, भीम, नकुल, सहदेव और युधिष्ठिर। (जयो० १/१८)

पञ्चप्राणाः (प्र०बहु०) पांच प्राण प्राण अपान, व्यान, उदान, और समान।

पञ्चप्रासादः (पुं०) विशिष्ट आकृति का देवालय। ०पञ्चमहल।

पञ्चवाणः (पुं०) कामदेव।

पञ्चबाणयुक्त (वि०) पांच बाणों से युक्त।

पञ्चभुज (वि०) पांचकोण वाला।

पञ्चभूतं (नपुं०) पांच भूततत्व। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। (सम्य० ५१)

पञ्चभर्तृका (स्त्री०) पांच भर्तारवाली द्रोपदी। (सुद० ८७)

पञ्चम (वि०) [पञ्चन्+मट्] पांचवां।

पञ्चमः (पुं०) संगीत का स्वर। (जयो० ११/४७) ०कोयल स्वर।

पञ्चम-अणुव्रतं (नपुं०) पांचवां अणुव्रत, परिग्रहपरिमाणाणुव्रत।

पञ्चमगुणस्थानवर्ती (वि०) पांचवें गुणस्थान वाला। (सम्य०१००)

पञ्चममहाव्रतं (नपुं०) पांचवां महाव्रत, परिग्रहत्याग महाव्रत।

पञ्चमपुद्‌गलः (पुं०) पांचवां पुद्‌गल द्रव्य। (समु० ८/२)

पञ्चममूलगुणः (पुं०) प्राणातिपात आदि मूलगुणों में परिग्रह परित्याग महाव्रत।

पञ्चमलम्बः (पुं०) पांचवां लम्ब, दयोदय के अध्याय का नाम लम्ब है, यह चम्पूकाव्य है।

पञ्चमहापातकं (नपुं०) पांच पाप। हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रह।

पञ्चमुष्टिः (स्त्री०) पांच मुष्टि, श्रमणचर्या के साधु के गुणों में एक गुण पञ्चमुष्टि का लुञ्चन भी है। पञ्चमुष्टि स्फुरद्दिष्टिः प्रवृत्तोऽखिलसंयमे। उच्चसान महाभागे वृजिनान् वृजिनोपमान्।। (जयो० २८/७)

पञ्चमुष्टिलोचनं (नपुं०) पञ्च मुष्टियों से केशों का लुञ्चन (जयो०वृ० २८/७)

पञ्चमेरु (पुं०) पांच पर्वतराजावक्षार, मेरु, विजयार्ध, गजदन्त, इष्कार और मानुषोत्तर ये पांच मेरु नाम वाले पर्वत हैं—वक्षार-रौप्याद्रिषु हस्तिदन्ते ष्विपूक्तशैलेषु नृभूभृदन्ते। वनेषु मेरुदित पर्वतानां चैत्यानि वन्दे जिनपुङ्गवानाम्।। (भक्ति० ३६)

पञ्चयामः (पुं०) पांच दिन।

पञ्चयोजनं (नपुं०) पांच योजन।

पञ्चरत्नं (नपुं०) पांच रत्न—नील, वज्रक, पद्मराग, मौक्तिक और प्रवाल।

पञ्चरात्रं (नपुं०) पांच रात्रि का समय।

पञ्चराशिकं (नपुं०) पांचवी राशि, गणितीय विभाजन।

पञ्चलक्षणं (नपुं०) पांच लक्षणों वाला।

पञ्चवर्णः (पुं०) पांच वर्ण।

पञ्चवर्णात्मकः (पुं०) पांच वर्ण वाला। पांचवां वर्ण, वर्ग का पञ्चमवर्ग पवर्ग। (जयो०वृ० १/२४)

पञ्चवर्षः (पुं०) पांच वर्ष।

पञ्चवर्षीय (वि०) पांच वर्ष सम्बन्धी।

पञ्चवल्कलं (नपुं०) पांच प्रकार के वृक्षों की छाल- बड़, पीपर, ऊमर, प्लक्ष और वेतस की छाल।

पञ्चविंश (वि०) पच्चीसवां।

पञ्चविंशतिः (वि०) पच्चीस।

पञ्चविंशतिका (स्त्री०) पच्चीस का संग्रह।

पञ्चविध (वि०) पांच प्रकार का, (वीरो० १३/५) छेत्तुं जना जन्मनगं कलित्रं नमामि तत्पञ्चविधं चरित्रम्।। (भक्ति०७)

पञ्चशत (वि०) पांच सौ। (वीरो० १५/२७)

पञ्चशतीद्वयं (नपुं०) पांच-पांच सौ-सहस्त्र। न हि पञ्चशतीद्वयं दृशां क्षममित्यत्र किलेति विस्मयात्। (वीरो० ७/४)

पञ्चशरी (स्त्री०) पांच बाण। 'कामदेवस्य पञ्चशरी' (जयो०वृ० ११/४६)

पञ्चशाखः (पुं०) ०हस्त, हाथ। ०हस्ति, हाथी।

पञ्चशिखः (पुं०) सिंह।

पञ्चशून्याक्षरं (नपुं०) पांच शून्य अक्षर-ह्रां ह्रीं ह्रूं है ह्रः (जयो०वृ० १९/५५)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पञ्चष (वि०) पांच-छह।
पञ्चषष्ठ (वि०) पैंसठवां।
पञ्चषष्ठिः (स्त्री०) पैंसठ।
पञ्चसप्तत (वि०) पचहत्तरवां।
पञ्चसप्ततिः (स्त्री०) पचहत्तर।
पञ्चसहस्रं (नपुं०) पांच हजार। (समु० ६/१८)
पञ्चसालीधान्यं (नपुं०) पांच साली धान्य।
पञ्चहायन (वि०) पांच वर्ष की वय का।
पञ्चाकारः (पुं०) पांच प्रकार की आकृति।
पञ्चाक्षं (नपुं०) पांच इन्द्रियां। (जयो० २८/७०) **स्पर्शन,** रसना, घ्राण, चक्षु और कर्ण।
पञ्चाङ्गः (पुं०) ग्रोचर ग्रह। (दयो० ४)
पञ्चाङ्गरूपः (पुं०) ज्योतिषशास्त्र के तिथि, वार, नक्षत्र, **योग** और कारण ये पांच ग्रह गोचर रूप हैं।
०गोचर भूमि वाले ग्रामवासी कृषक-सादा भोजन, सादा पहनावा, पशुपालन, कृषिकरण और सादा रहन-सहन।
पञ्चाङ्ग रूपा खलु यत्र निष्ठा सा गोचराधारतयोपविष्टा।
भवानिनो वत्सलताभिलाषी स्पृशेदपीत्थं बहुधान्यराशिम्।।
(सुद० १/२१)
पञ्चाचारः (पुं०) पांच प्रकार का चरित्र, ज्ञानाचार, दर्शनाचार, चरित्राधार, तपाचार और वीर्याचार (भक्ति० ७)
पञ्चाचारभक्तिः (स्त्री०) पांच प्रकार के आचार/चारित्र पर भक्ति भाव। (भक्ति० ७)
पञ्चातप (वि०) पांच अग्नियों से तप, चारों ओर अग्नि एवं सूर्य तपन रूप तप वाला तपस्वी। ०आतापना।
पञ्चाननः (पुं०) ०सिंह, शेर। (दयो० ४४, वीरो. १७/३०)
आखुः प्रवृत्तौ न कदापि तुल्यः। पञ्चाननेनानुशयैकमूल्यः।
तथा मनुष्येषु न भाति भेदः मूकेऽथ तूलेन किमस्तु खेदः।।
(वीरो० १७/३०)
पञ्चायतः (पुं०) पञ्चेन्द्रिय प्रवृत्ति। 'पञ्चानामिन्द्रियाणामाय आजीवनं तस्य।' (जयो०वृ० २७/६६)
पञ्चायतनं (नपुं०) पांच इन्द्रियां 'निजानि पञ्चायतनानि तर्पयन्नवाप पापं मनागनाकुलः। (जयो० २३/६)
पञ्चायुतः (पुं०) पांच हजार। 'वीरस्य पञ्चायुतबुद्धिमत्सु सकृत्प्रभावः समभून्महत्सु। (वीरो० १४/४६)
पञ्चालिका (स्त्री०) पुत्तलिका, गुड़िया।
पञ्चाली (स्त्री०) पुत्तलिका, गुड़िया।
पञ्चाश्रयः (पुं०) पांच का आधार, अरहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु का आश्रय।
अर्हन्नथो सिद्ध इतो गणेश साध्यापकः साधुरनन्यवेशः।
पञ्चाश्रया ये परमेष्ठितायास्ते सन्तु नित्यं गुरवः सहायाः।।
(भक्ति०१७)
पञ्चाश (वि०) पचासवां।
पञ्चाशत् (स्त्री०) पचास।
पञ्चाशति (स्त्री०) पचास।
पञ्चाशितका (स्त्री०) [पञ्चाश+क+टाप्] पचास श्लोक का समूह।
पञ्चाश्चर्यः (पुं०) पांच आश्चर्य (जयो०वृ० ६/१३२) पुष्पवृटि आदि।
पञ्चेन्द्रियं (नपुं०) पांच इन्द्रियां (वीरो० १९/३५) (सुद० १२७) 'पञ्च स्पर्शन-रसन-घ्राण-चक्षुः श्रोत्ररूपाणीन्द्रियाणि येषां ते पञ्चेन्द्रियाः' (जैन०ल० पृ० ६५७)
पञ्चेन्द्रियपराधीनः (पुं०) पांचों इन्द्रियों के वशीभूत। **हस्ती** स्पर्शन-सम्वशोभुवि वशामामाद्य सम्बद्ध्यते, मीनोऽसौ वडिशस्य मांसमुपयन्मृत्युं समापद्यते। अम्भोजान्तरितोऽलिरेवमधुना दीपे पतङ्गः पतन, सङ्गीतैकवशङ्गतोऽहिरपि भो तिष्ठेत-करण्डं गतः।। एकै काक्ष-वशेनामी विपत्तिं प्राप्नुवन्ति चेत्। पञ्चेन्द्रिय-पराधीनः पुमाँस्तत्र किमुच्यताम्। (सुद०पृ० १२७)
पञ्जरं (नपुं०) [पञ्ज्+अरन्] पिंजरा, चिड़ियाघर। (वीरो० २/४०) पक्षीनिलयतित्तिर-लावक-हरिणादिधरणार्थं विरचितं ग्रन्थिविशेषकलित-रज्जुमयं जालं पञ्जरः। (जैन०ल० ६५७)
०शरीर, कलियुग।
०कंकाल, ठठरी।
पञ्जरकः (पुं०) पिंजड़ा। (समु० ५/८)
पंञ्जिः (स्त्री०) [पञ्ज+इन्] ०रुई का गाला, पूनी।
०अभिलेख, बही, पंजिका।
०जंत्री, पत्रक, पाना, पञ्चांग।
पञ्जिका (स्त्री०) ०अभिलेख, सूची, लिपिबद्धता।
०विवेचन, निरूपण।
०व्याख्या, शब्द विश्लेषण।
०यन्त्रीपत्रक।
पट् (सक०) फाड़ना, टुकड़े करना, विदीर्ण करना, विभक्त करना।
०छेदना, घुसेड़ना, भेदना, चुभोना।
०उन्मूलन करना, खोंटना, उखाड़ना।
०खींचना, बाहर करना।
०गूंथना, बुनना, लपेटना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पटः (पुं०) [पट् वेष्टने करणे घनर्थे कः] वस्त्र, कपड़ा, चिथड़ा, लता। (समु० ९/३) (जयो० २/२८) (सम्य० १०९)
०घूंघट, परदा।

पटं (नपुं०) छत, छप्पर, आवरण। ०वस्त्र।

पटकः (पुं०) पड़ाव, शिविर।

पटकारः (पुं०) ०जुलाहा, तन्तुवाय।
०चित्रकार।

पटकुटी (स्त्री०) तम्बू, शामियाना, पाल।

पटच्चरः (पुं०) [पटत् इति अव्यक्तशब्द चरति-पटत्+चर्+अच्] चोर।

पटच्चरं (नपुं०) जीर्णवस्त्र, चिथड़ा, लत्ता।

पटत्कः (पुं०) चोर।

पटना (स्त्री०) पाटलीपुत्र, विहार की राजधानी। (सुद० हि० ११६)

पटपटा (अव्य०) अनुकरण मूलकध्वनि।

पटबुद्धिः (स्त्री०) प्रचुर तन्तु युक्त वस्त्र की तरह बुद्धि, सूक्ष्मबुद्धि।

पटभवनं (नपुं०) शिविर, तम्बू। 'रचितानि शिविराणि पटभवनानि' (जयो०वृ० १३/६५)

पटभागः (पुं०) वस्त्र का हिस्सा।

पटमंडलः (पुं०) तम्बू।

पटलं (नपुं०) छप्पर, छत।
०ढक्कन, आवरण, अवगुण्ठन, लेपन।
०राशि, समुच्चय, समूह। (दयो० ८६)

पटवापः (पुं०) तम्बू, शिविर।

पटवेश्मन् (नपुं०) तम्बू, शिविर।

पटवासः (पुं०) ०तम्बू, ०सुगन्धित चूर्ण। ०घाघरा, पेटीकोट।

पटवासकः (पुं०) सुगन्धित चूर्ण।

पटसंहारः (पुं०) कपड़े की कतरन। (समु० ९/२३)

पटहः (पुं०) [पटेन हन्यते-पर+हन्+ड] ०नगाड़ा, ठक्का, घोंसा, ढोल, नगारा, (जयो०वृ० १०/२२) (जयो० १२/७८)
०आवक, दुन्दुभी। (वीरो० ११/६३) आनकः पटहो ढक्का इत्यमरः। 'पटह आतोद्यविशेषः' (जयो०वृ० १८/१०)
०घायल करना, मारना।

पटहघोषकः (पुं०) ढिंढोरची, नगाड़ा पीडने वाला।

पटहशब्दं (नपुं०) दुन्दुभी शब्द।

पटानुझितवान् (पुं०) दिगम्बरी दीक्षा। विजनं स विरक्तात्मा गत्वाऽप्यविजनाकुलम्। निष्कपटत्वमुद्धर्तुं पटानुज्झितवानपि।। (वीरो० १०/२४)

पटालुका (स्त्री०) [पट+अल्+उक्+टाप्] जौक।

पटिः (स्त्री०) [पट्+इन्] ०मञ्च का परदा, रंगशाला का वस्त्र।
०कनात।

पटिमन् (पुं०) [पटु+इमनिच्] ०निपुणता, ०दक्षता, ०चतुराई ०नैपुण्य, ०प्रचंडता, ०तीव्रता। ०बुद्धि कौशल।

पटीरः (पुं०) [पट्+ईरन्] ०खेलने की गेंद, चंदन लकड़ी।
०कामदेव।

पटीर (नपुं०) ०कथा, ०चलनी पेट, ०खेत, ०मेघ।
०ऊँचाई।

पटीरजन्मन् (पुं०) चन्दन तरु।

पटु (वि०) ०चतुर, कुशल, प्रवीण। ०दक्ष, होशियार, निपुण, योग्य।
०तीक्ष्ण, तीखा, चरपरा।
०कर्कश, कठोर।
०प्रवण, स्वस्थ।
०कठोर, क्रूर, पाषाणहृदय।
०चालाक, धूर्त।
०सक्रिय, व्यस्त।

पटुक (वि०) मनोहर, सुखद। धर्म्यं विपाकपटुकं कटुकं विपश्चित्। (जयो० २७/६४)

पटुकल्पः (पुं०) तीक्ष्णबुद्धि, चतुरधी वाला।

पटुत्व (वि०) चतुरता, तीक्ष्णता। 'मुखस्य सम्भाषण-पटुत्वादित्याशयः' चातुर्य। (वीरो०१/१८) (जयो०वृ० १/५५)

पटुदेशीय (वि०) तीक्ष्णबुद्धि वाला।

पटुवाक्यता (वि०) तीक्ष्णता युक्त वचनावली, कर्कश शब्दावली।
०बोलने की अतुरता (दयो० ७०) औदार्यं रूपमारोग्यं दृढत्वं पटुवाक्यता। (दयो० ७०)

पटोलः (पुं०) [पट्+ओलच्] परमल, जो पान की पनवाड़ी में होता है।

पटोलं (नपुं०) ०एक प्रकार का वस्त्र। ०चमकदार वस्त्र।

पटोलका (स्त्री०) [पटोल+कै+क] शुक्ति, सीप, घोंघा।

पट्टः (पुं०) ०पाट, ०शिला, ०गोल पत्थर।

पट्टं (नपुं०) [पट्+क्त] शिला, प्रस्तर, लोष्ठ। (जयो० ७/८५)
०राजाज्ञा, राज अनुदान, राजकीय सहायता, पट्टलिखना।
०मुकुट, आसन देना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०शिरोवेष्टन, पगड़ी, रंगीन रेशमी साफा।
०सिंहासन, गद्दी, कुर्सी, आसंदी।
०पार, चक्की का पाट।
०चौराहा, नगर का चहुंमार्ग के मिलन का स्थान।
०नगर, कस्बा।
०रेशमी वस्त्र।

पट्टनं (नपुं०) [पट्ट+तनप्] नगर, जिस नगर में रत्नों का उत्पादन होता है 'वररयणाणं जोणी, पट्टणणामं विणिद्दिट्ठं। (ति०प० ४/१३०/९)

पट्टअं (नपुं०) कपड़ा वस्त्र।

पट्टदेविका (स्त्री०) पटरानी, प्रमुखरानी, राजरानी।

पट्टदेवी (स्त्री०) पटरानी। (वीरो० १५/४६)

पट्टमहिषी (स्त्री०) राजरानी।

पट्टरानी (स्त्री०) प्रधानरानी, प्रमुख रानी (जयो० ६/१०९)

पट्टराज्ञी (स्त्री०) पटरानी। महिलाप्रधानापट्टराज्ञी। (जयो०वृ० ११/८२)

पट्टवस्त्रं (नपुं०) रेशमी वस्त्र।

पट्टिका (स्त्री०) [पट्टी+कन्+टाप्] फलक, पट्टी, लिखने की पाटी।
०प्रलेख, आलेख, दस्तावेज।
०बन्धनी, तनी, पट्टी बांधने वाली धज्जी, चिंदी।

पट्टिशः (पुं०) वर्छी।

पट्टोलिका (स्त्री०) [पट्ट+उल्+ण्वुल्+टाप्] पट्टा, कमरबन्ध।

पठ् (सक०) पढ़ना, अभ्यास करना, (जयो० २/५७) पठेत् (जयो० २/५३) ०दुहराना, ०बार-बार याद करना, ०सस्वर पाठ करना, ०अध्ययन करना। ०अनुशीलन करना, ०मनन करना।
०आवाहन करना, बुलाना।
०साक्षी देना, उद्धृत करना।
०घोषणा करना, अभिव्यक्त करना, प्रतिपादित करना। (जयो० २/१५) मंगले न पठितुं समर्हति-
०अध्यापन करना, शिक्षा देना पाठित, पाठयति। (दयो० ५९)

पठक (वि०) [पठ्+ण्वुल्] पढ़ने वाला, अभ्यासी, अध्ययनशील, निरन्तर अभ्यासरत।

पठनं (नपुं०) [पठ्+ल्युट्] पढ़ना, पाठ करना, उल्लेख करना।
०अध्ययन, अनुशीलन, अभ्यास।
०मनन, चिन्तन, स्मरण। 'पठन-चिन्तनादि कृत्वा' (जयो० वृ० १/३४)

पठिः (स्त्री०) [पठ्+इन्] पढ़ना, अध्ययन करना, अभ्यास करना, अनुशीलन करना।

पण् (सक०) खरीदना, व्यापार करना, लेन-देन करना, वाणिज्य करना, व्यवसाय करना।
०प्रशंसा करना, सम्मान करना।
०बेचना, आदान-प्रदान करना।
०दांव लगाना।

पणः (पुं०) [पण्+अप्] ०दांव लगाना, पांसों से खेलना।
०जुआं, द्यूत।
०शर्त, संविदा, समझौता।
०पारितोषिक, पुरस्कार।
०मूल्य-पणं-मूल्यम्। (जयो० १०/६५)
०प्रतिज्ञान, ०वचनबद्धता। (जयो० १२/९०)
०विषय। (भक्ति० ४४)

पणकः (पुं०) काई। (मुनि० ६)

पणजनः (पुं०) द्यूतजन।

पणग्रन्थिः (स्त्री०) मेला, मण्डी।

पणनं (नपुं०) [पण्+ल्युट्] मूल्य, खरीद, लेन-देन, बिक्री।

पणबन्धः (पुं०) सन्धि, सुलह।

पणपणत्व (वि०) कौड़ी मूल्य वाला। कपर्द एव पणो मूल्यं-कौड़ी मूल्यम्। (जयो० १/७)

पणमापः (पुं०) मूल्य की प्रमाणिता। (सुद० १३६)

पणयित (वि०) विक्रीत, बेचा हुआ। (जयो० २३/७५)

पणवः (पुं०) [पणं स्तुति वाति-पण+वा+क] एक वाद्ययन्त्र।

पणाया (स्त्री०) [पण्+आय्+अप्+टाप्] व्यवसाय, व्यापार, लेन-देन, बिक्री। ०मण्डी वाणिज्यस्थल, जूंआ खेलना, शर्त रखना।

पणिः (स्त्री०) बाजार।

पणिः (पुं०) कंजूस, लो भी, लालची। ०शर्त लगाया गया।

पणित (वि०) ०क्रीत, खरीदा गया, मूल्य प्रदान कर लिया गया।
०शर्त लगाया गया।

पण्ड् (सक०) संग्रह करना, ढेर लगाना। ०जाना, हिलना-डुलना।

पण्डः (पुं०) [पण्ड्+अच्] हिजड़ा, नपुंसक।

पण्डा (स्त्री०) [पण्ड्+टाप्] बुद्धिमता, समझ। ०ज्ञान-विज्ञान।

पण्डावत् (पुं०) [पण्डा+मतुप्] बुद्धिमान्, धीमान, ज्ञानी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पण्डित (वि०) ०पाप से रहित व्यक्ति। ०पण्डा, बुद्धिमान्, विद्वान्। 'पापात् डीन:-पलायित: पण्डित: अथवा पण्डा बुद्धि: सा संजाता अस्येति पण्डित:' (जैन०ल० ६५७)
०पण्डिता: सम्यग्ज्ञानवन्त:।
०सूक्ष्मबुद्धि, चतुर।
०प्रवीण, कुशल, दक्ष, निपुक।
०पण्डा हि रत्नत्रयपरिणता बुद्धि संजाता यस्य स पण्डित:।
०परमसमाहि-परिट्ठियउ पंडिउ सो जि हवेइ-(परमात्म प्रकाश, १४)
०ज्ञानी। (सम्य० ३)

पण्डित: (पुं०) शास्त्रज्ञ, चतुर, विद्वान्, धीमंत, ज्ञाता। (जयो०वृ० ३/२०)

पण्डितजातीय (वि०) चतुर।

पण्डित-पण्डित: (पुं०) पाडित्यपूर्ण, ०अतिशय पाण्डित्य युक्त, ०ज्ञान दर्शन और चरित्रविषयक व्यक्ति। पाण्डित्यं यस्य ज्ञान दर्शन-चारित्रेषु स पण्डितपण्डित इत्युच्यते। (भ०आ०टी०२६)

पण्डितमरणं (नपुं०) संयत मरण, आत्मानुभूति रूप समाधि, परमसमाधि पूर्वक मरण।

पण्डितमानिक (वि०) विद्वान् समझने वाला, प्रवीणता युक्त, कुशलता युक्त, शास्त्रज्ञ।

पण्डिता (स्त्री०) प्रज्ञाशीला, संयिता, शास्त्रप्रवीणा। (सुद० १२) विदुषी। (सुद० ९०)

पण्डितिमन् (पुं०) [पण्डित+इमनिच्] ज्ञान, विद्वता, बुद्धिमत्ता।

पण्य (वि०) [पण्+यत्] क्रय-विक्रय-योग्य वस्तु। (जयो०१३/८७)
०लेन-देन योग्य।

पण्य (पुं०) वस्तु, पात्र, भाजन।
०वाणिज्य, व्यवसाय, व्यापार।
०मूल्य।

पण्यदारं (नपुं०) वेश्यागमन, सप्त व्यसनों में पञ्चम व्यसन। (जयो० २/१२५)

पण्यदारा (स्त्री०) वेश्या, दारिका, पत्तननायिका।

पण्ययति: (पुं०) बड़ा व्यापारी।

पण्यभूमि: (स्त्री०) मालगोदाम, अनाज संचयन केंद्र, संयचन स्थान।

पण्ययोषित् (स्त्री०) वेश्या। (सुद० १२५)

पण्यललना (स्त्री०) वेश्या। (सुद० १३३) आर्यात्वं स्म समेति पण्यललना दासीसमेतान्वित:। (सुद० १३३)

पण्य-वीथिका (स्त्री०) मण्डी, विक्रय केन्द्र।

पण-वीथी (स्त्री०) दुकान, आपण।

पण्य शाला (स्त्री०) ०दुकान, आपण। ०विक्रय क्रेन्द्र।

पण्यस्त्री (स्त्री०) वेश्या।
पलितप्रभ (वि०) श्वेतकेशत्व की भांति वाला। (जयो० १८/४१) क्षणिक भाव। 'संघूर्ण्यमानशिरसः पलितप्रभस्य' (जयो० १८/४१) 'पलितप्रभस्य पलभावं क्षणिकतामिता पलिता प्रभा यस्य', 'श्वेतकेशत्वं तस्य प्रभा यस्य' (जयो०वृ० १८/४१)

पल्यः (पुं०) ०प्रमाण विशेष, ०प्रमाणांगुल के प्रमाण से एक योजन विस्तार, आयाम और अवगाह वाले गोल गर्त का नाम पल्य है।

०एक योजन विस्तृत और एक योजन ऊँचे गोल गर्त का नाम पल्य है। 'प्रमाणांगुल-परिमित-योजनविष्कम्भाया-मावगाहनानि त्रीणि पल्यानि, कुशूला इत्यर्थः (स०सि० ३/३८)

०योजनविस्तीर्णं योजनोच्छ्रायं वृत्तं पल्यम्। (त०भा०४/१५)

पल्यङ्कः (पुं०) [परितः अक्यतेऽत्र-परि+अक्+घञ्, रस्य लः] पलंग, आसन, खटिया।

पल्ययनं (नपुं०) [परि+अच्+ल्युट्, रस्य लः]०जीन, काठी, पलान, झूल।

०रास, लगाम।

पल्यङ्कासनं (नपुं०) वीरासन। (सुद० ७०)

पल्योपमः (पुं०) एक प्रमाण विशेष। एक योजन विस्तीर्ण एवं गहरे गर्त को एक दिन के उत्पन्न बालक के बालाग्रकोटियों से भरकर सौ सौ वर्ष में एक बालाग्र से निकालने में जो काल लगता है, उतने काल का पल्योयम होता है। 'असंखेज्जेहि वस्सेहि पलिदोवमं होदि' (धव० १३/३००)

पल्लः (पुं०) [पल्ल्+अच्] कोठा, भण्डारन, खत्ती, अनाज संचयनी।

पल्लकः (पुं०) कोठा, अनाज संचयनी, भण्डारन, खत्ती। पल्लको नाम लाटदेशे धान्याधारविशेषः। (जैन०ल० ६७९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पल्लव् (अक०) बुद्धि को प्राप्त होना, बढ़ना, विकास करना, अंकुरित होना। 'स च पल्लवतान्मनोरथाङ्कुरस्त्वच्च-रणोद्कैस्तथा'। (जयो० १०/६)

पल्लवः (पुं०) [पल्+क्विप्=पल्-लू+अप्-लव, पल चासौ लवश्च] अंकुर, कोंपल, टहनी, पत्र, विटप, शृंग, किसलय। (जयो० १/४७) (सुद० ८२) पल्लवाणां पत्राणां पक्षे विटपानां यद्वा शृङ्गाराणां कुलैः समूहैः। (जयो०वृ० २४/११५) पल्लो विस्तरे खड्गे शृङ्गारेऽलक्तकरागयो। चलेऽप्यस्त्री तु किसले विटपेऽपि च पल्लवः।। (विश्वलोचन) (जयो०वृ० २४/११५)

०कली, मंजरी।

०लाल रंग, महावर, अलस्त। शृंगार (शृंगारेऽपि दले पुनरिति जयो० ३/९)

०सामर्थ्य, शक्ति, विस्तार। पल्लवः शब्दविस्तारे। (जयो०३/९)

०घास के अंकुरण।

०जल (सुद० १/१८)

०कंकण, बावजूद।

०प्रेम, केलि, क्रीड़ा।

०पदांश। (जयो० ५/९५)

०चपलता, वाचालता।

०विस्तार, अभिवृद्धि, अभिस्तुति। (जयो० ४/४)

पल्लवलेशः (पुं०) चपल स्वभाव। चलेऽप्यस्त्री तु किसले विटपेऽपि च पल्लवः। इति विश्वलोचनः' (जयो०वृ० ४/४)

पल्लवकः (पुं०) स्वेच्छाचारी।

०गांडू, लोंडा, रंडीप्रिय।

०अशोक तरु।

पल्लदेशः (पुं०) पल्लव राज्य। (वीरो० १५/३५)

पल्लवराट् (पुं०) पल्वव राजा। (वीरो० १७/४३)

पल्लवतार (वि०) कोंपलता, किसलयता। पदोर्लव एकदेश पल्लवः इति तद्भावं व्यनक्ति प्रकटीकरोति किसलयः (जयो० ११/३)

पल्लविकः (पुं०) [पल्लवः, शृंगारो रसः अस्ति अस्य पल्लव+ठन्] स्वेच्छाचारी, गांडू, लौंडा, छैला।

पल्लवित (वि०) [पल्लव+इतच्] ०अंकुरित होने वाला, कोंपल युक्त। (जयो० १/९१)

०विस्तृत, ०कुसुमित, प्रफुल्लित, ०विकसित।

०शृंगारित, सुसज्जित।

पल्लवितः (पुं०) लाख का रंग।

पल्लविन् (वि०) [पल्लव+इनि] कोंपल युक्त, अंकुरित, विकसित।

पल्लविन् (पुं०) वृक्ष, तरु।

पल्लि/पल्ली (स्त्री०) [पल्ल+इन् पल्लि+ङीष्] छोटा गांव, घास-फूंस की झोंपड़ी वाला गांव, पर्वतीय गांव।

०घर, पड़ाव, बस्ती। (दयो० ५६)

०नगर, कस्बा।

०छिपकली।

पल्लिका (स्त्री०) [पल्लि+कन्+टाप्] छोटा गांव, ०पड़ाव, ०छिपकली।

पल्लकं (नपुं०) [पल्+ववच्] छोटा तलाबा, पोखर, जोहड़।

पल्वकपंकः (पुं०) छप्पड़ का कीचड़, पोखर का गारा।

पल्वकावासः (पुं०) कच्छप, कछुवा।

पवः (पुं०) [पू+अप्] हवा, पवन। * पवित्रीकरण, * धान्य शोधन।

पव (अक०) पवित्र करना, स्वच्छ करना, शोध करना। (पवमान एष सुद० ११८)

पवं (नपुं०) गोबर।

पवनं (नपुं०) [पू+ल्युट्] हवा, वायु, तिर्यक् बाही।

०पवित्रीकरण, फटकना, शोधना, चालना, साफ करना।

०झरना।

०जल, वारि, नीर।

०कुम्हार का आवा।

पवनदेवः (पुं०) वायुदेव। (दयो० २८)

पवननाशः (पुं०) ०गरुड़।

०मयूर, मोर।

पवनतनयः (पुं०) हनुमान।

पवनसुतः (पुं०) पवनपुत्र, हनुमंत।

पवनाशः (पुं०) सर्प, अहि, सांप।

पवनाशनः (पुं०) सर्प, अहि। (वीरो० १२/२८)

पवनात्मजः (पुं०) हनुमान।

पवमानः (पुं०) हवा, वायु।

पवर्गः (पुं०) पवर्ग अक्षर। (जयो० १/२४)

पवर्गज्ञातृता (वि०) पवर्ग का ज्ञान वाला पञ्चवर्णात्मक-पवर्गज्ञातृताभावश्च। (जयो०वृ० १/२४)

पवर्गपरिणामः (पुं०) पवर्ग समूह का भाव। (जयो०वृ०३/२०)

पवाका (स्त्री०) [पू+आप्] बवंडर, आंधी, झंझावत।

पविः (पुं०) [पू+इ] इन्द्र का वज्र। ०विद्युत, बिजली। (जयो० २४/४१)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पवित (वि०) [पू+क्त] पवित्र किया हुआ, शोधा हुआ।
पवितं (नपुं०) काली मिर्च।
पवित्र (पुं०) [पू+इत्र] शुद्ध, उत्तम। सुदर्शनं नाम परं पवित्रम्। (भक्ति० ७) श्रेष्ठ, पावन, पूत। गंगापगासिन्धुनदान्तरत्र, पवित्रयेकं प्रतिभाति तत्र। (सुद० १/१४)
०पवित्रीकृत, निष्पाप।
०वज्रधारी। (जयो०
पवित्रं (नपुं०) चलनी, झाननी।
पवित्रकं (नपुं०) [पवित्र+कै+क] जाल, रस्सा।
पवित्रकटीमण्डलं (नपुं०) पविर्वज्र। सूक्ष्म कटी वाली। (जयो० ६/९)
पवित्रता (वि०) शुद्धता, स्वच्छता। सद्भिरादरणीयस्योद् भवतोऽपि पवित्रता। (वीरो० ६/४२)
पवित्रदूर्वा (स्त्री०) परमेष्ठि-पद-संस्पृष्ट दूर्वा, मंत्रित दूर्वा। (जयो० १२/९७) गुरवोऽभिधूवरं ददुर्वा शुभसम्वादकरी पवित्रदूर्वाः। (जयो० १२/९७)
पवित्रपाणिः (स्त्री०) धुले हुए हाथ।
पवित्रभावः (पुं०) उन्नतभाव, विशुद्धभाव।
पवित्ररूप (वि०) उत्कृष्ट सौंदर्य युक्त, चरम रमणीय। (सुद० २/४)
पवित्ररूपिणी (स्त्री०) पवित्र रूपवाली, सौंदर्य से परिपूर्ण। (समु० २/१३)
पवित्रात्मक (वि०) सुमन स्थल वाला, शुद्धात्मक स्वरूप वाला। (जयो०वृ० १/९७)
पवित्रात्मत्व (वि०) पवित्रात्मरूपवती, विशदाक्षवती, सुलोचना। (जयो० ३/८४)
पवित्रारोपणं (नपुं०) उन्नत संस्कार। ०उत्तम भावना।
पवित्रारोहरणं (नपुं०) उपनयनादि संस्कार। * संस्कारित दृष्टि।
पवित्राप्सारस् (स्त्री०) स्वर्ग सदृश। अप्सरा। ग्रामान् पवित्राप्सरसोऽप्यनेककल्पांघ्रिपान्यत्र सतां विवेकः। (सुद० १२०)
पवित्राशयवती (वि०) उदर अभिप्राय वाली। (जयो० १५/३७)
पवित्रतार्थ (वि०) संहितार्थ। (जयो०वृ० ९/९०)
पवित्री (स्त्री०) शुद्धि, स्वच्छता।
पवित्रीकृतावनिः (स्त्री०) स्वच्छ की गई, पृथ्वी, शुद्धता युक्त घटा। (पवित्रीकृताऽवनिः यथा सा (जयो० ११/७३)
पवित्रीभूत् (वि०) पवित्र की गई, शुद्ध हुई। (जयो० १९/५, १४/३)
पशव्य (वि०) [पशु+यत्] पशु सम्बंधी, पशुतापूर्ण।
पशु (स्त्री०) मवेशी, जानवर। (जयो०वृ० २/२०) जंगली, नृशंस। 'सरोमन्थाः पशवः' (धव० ४३/३९१)
पशुक्रिया (स्त्री०) क्रूर क्रिया, घातकक्रिया।
पशुगेहं (नपुं०) पशुशाला, वार, जहां पशुओं को बांधा जाता है। ०शार।
पशुचर (वि०) पशु की तरह चर्या करने वाला।
पशुचर्या (स्त्री०) सहवास, स्त्रीप्रसंग, निम्न प्रवृत्ति।
पशुजातिः (स्त्री०) जंगली जाति। ०विचार ही जाति।
पशुता (वि०) नीचता।
पशुधर्मः (पुं०) पशुप्रकृति।
पशुनाथः (पुं०) शिव।
पशुपः (पुं०) ग्वाला, अहीर।
पशुपतिः (पुं०) महादेव, शिव। उमामवाप्य महादेवोऽपि च गत्वाऽपत्रपतायाम्। किमिह पुनर्न बभूव विषादी स्थानं पशुपतितायाः। (सुद० ११२)
पशुपालः (पुं०) ग्वाला, पशु पालन करने वाला।
पशुपालकः (पुं०) गोपालक, ग्वाला।
पशुपालनं (नपुं०) पशुरक्षण।
पशुपुरीषः (पुं०) पाशविक विट, पशु की विष्टा, गाय का गोबर। (जयो० २/७८)
पशुप्रेरकः (पुं०) पशुओं को हांकना, जंगल ले जाना।
पशुबलिः (स्त्री०) पशुओं की आहूति। (वीरो० २२/१७)
पशुभक्षणीय (वि०) पशु सम्बंधी भोजन, बांटा। (जयो०वृ० २/१०९) पशु सम्बंधी आहार।
पशुभावः (पुं०) जड़भाव, मूर्तभाव। (जयो० १०/४१)
पशुभोजनं (नपुं०) वाण्ट, बांटा। 'गृहस्था जना वाण्टं पशुभोजनं तद्वद् वृषं धर्ममपेक्ष्य'।
पशुमारं (अव्य०) पशुवध की रीति के अनुसार।
पशुयोनिः (स्त्री०) पशु पर्याय। (समु० ५/४)
पशुरज्जू (स्त्री०) पशुधन की रस्सी।
पश्चात् (अव्य०) [अपर+अति-पश्चभावः] पीछे से, पिछली ओर से। पश्चात्-पुनः। (जयो० १/४७) निःसङ्गोऽनिलवद्यतिर्विचरतात्सर्वत्र पश्चादयम्। (मुनि० ७)
पश्चात्कृत (वि०) पीछे छोड़ हुआ।
पश्चात्तत्वं (नपुं०) इसके अनंतर की संतप्ति। (वीरो० १६/२६)
पश्चात्तापः (पुं०) पछताना, संतप्त होना।
पश्चात्तापशील (वि०) उपतापी। (जयो० १५/५८) ०पुनः पुनः विचार कर, पश्चात्ताप युक्त।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पश्चादपि (अव्य०) पुनरपि, फिर भी, पीछे से भी, 'बभूव पश्चादपि पूर्णचन्द्र' (समु० ४/१०)

पश्चार्ध (वि०) पश्चिमी, पश्चिमी भाग।

पश्चार्धः (पुं०) उत्तरार्ध।

पश्चिम (वि०) पूर्व के विपरीत दिशा।

पश्चिमदिवसमुद्रः (पुं०) अन्तिम समुद्र। (जयो० १५/१६)

पश्चिमदिशा (स्त्री०) प्रतीचीय। (दयो० १८) 'जत्तो अ अत्थमेइ उ अवरदिसा उ णायव्वा'

पश्चिमा (स्त्री०) पश्चिम दिशा, प्रतीचीय।

पश्यत् (वि०) [दृश्+शतृ] देखने वाला, साक्षात् कुर्वतः (जयो०वृ० १/४६)

पा (सक०) पाना, ग्रहण करना। (जयो० ११/९) आनन्द-सन्दोह-समुल्लसद्वपुस्तया तदास्येन्दुमदो दृशः पपुः। (वीरो० ८/४६)
०पीना, आचमन करना, पान करना 'पिबेन्नु मातापि सुतस्य शोणितमहो निशायामपि' (वीरो० ९/४)
०पिबन्ति। (जयो० १/८७)
०चिन्तन करना, मनन करना, ध्यान देना, अच्छी तरह सुनना।
०पिलाना, पान कराना।
०सींचना।

पा (वि०) पीने वाला, आचमन करने वाला। ०रक्षक, (जयो०वृ० ५/८६)

पांस (वि०) दुष्ट, अत्याचारी, अपराधी, पतित।

पांस (वि०) धूल धूसरित, धूल से भरा हुआ।

पांशु (स्त्री०) धूल, रज, गर्द, रेणु।

पांसुः (स्त्री०) धूल, रज, गर्द, रेणु, धूली।
०गोबर, खाद।

पांशुकुली (स्त्री०) राजपथ, राजमार्ग।

पांसुकुली (स्त्री०) राजमार्ग।

पांशुकूल/पासुकूलं (नपुं०) रजसमूह, धूल कर ढेर।

पांशुकृत/पांसुकृत (वि०) धूल से सना हुआ।

पांशुक्षर/पांसुक्षारं (नपुं०) लोन, लवण।

पांशुजालिक (वि०) धूल समूह।

पांशुयुत (वि०) धूली युक्त।

पांसुल (वि०) कलंकित, मर्दित, दूषित। ०परिव्याप्त। (जयो० ३/१११)

पांसुजं (नपुं०) नमक।

पांसुलः (पुं०) दुश्चरित्र, लम्पट।

पाकः (पुं०) [पच्+घञ्] पकाना। (सम्य० १२१)
०पकाना, सेकना, उबालना। न शाकस्य पाके पलस्येव पूतिर्न। (वीरो० १६/२५)
०परिपाक (जयो० ५/८६, वीरो० २/१९)
०परिपूर्ण, सम्पन्न, परिपक्वता।
०पूर्णविकास, भरा हुआ।
०परिणाम। (जयो० ३/१७)
०जरा युक्त। (जयो० ५/१५

पाकजं (नपुं०) काला नमक।

पाकपात्रं (नपुं०) पकाने का बर्तन।

पाककुटी (स्त्री०) कुम्हार का आबा।

पाकलः (पुं०) आग।

पाकशाला (स्त्री०) रसोईघर।

पाकलि (स्त्री०) विपाक-नवपाके तु पाकली दूतिविश्व-लोचनः। (वीरो० २८/२०)

पाकशासन (पुं०) इन्द्र।

पाकिम (वि०) पका हुआ।

पाकिस्तानम् (नपुं०) एक देश का नाम, जो मुस्लिम बाहुल क्षेत्र है। (जयो० १८/८३)

पाकुः (पुं०) [पच्+उण्] पाचक, रसोईया।

पाक्य (वि०) [पच्+ण्यत्] पकाने योग्य, परिपक्व होने योग्य।

पाक्ष (वि०) [पक्ष्+अण्] पाक्षिक, पक्ष से सम्बंधित।

पाक्षिक (वि०) [पक्ष्+ठक्] अर्धमासिक, पक्ष से सम्बंधि, पाक्ष।
०तर्क विषयक, पक्ष प्रस्तुत करने योग्य।
०ऐच्छिक, वैकल्पिक, अनुमत।

पाक्षिकः (पुं०) ०चिड़ियामार, बहेलिया। ०पाक्षिक श्रावक, एकदेशहिंसादिविरति रूप श्रावक।

पाक्षिकश्रावकः (पुं०) एक देशहिंसादि विरति व्रत पालक। (जयो०वृ० २/१३)
सम्यग्दृष्टिः सातिचारमूलाणुव्रतपालकः।
अर्चादिनिरतस्त्वग्रपदं कांक्षीह पाक्षिकः।।
(धर्म सं०धा०५/४)

पाक्षिकापाक्षिक (वि०) पक्ष और अपक्ष वाला ऐच्छिकानैच्छिक।

पाखण्डः (पुं०) [पातीति-पा+क्विप् पाः त्रयीधर्मः तं खण्डयति-पा+खण्ड+अच्] ०विधर्मी, नास्तिक।
०चाण्डाल, दुरात्मन्। ०आचरण विहीन मनुष्य।
०पाप जन्य।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पाखण्डिन् (वि०) पापी, दुराचारी।

पाखण्डिमूढता (स्त्री०) कुगुरु आदि के प्रति श्रद्धा, सांसारिक कार्यों से घिरे हुए साधु के प्रति श्रद्धा।
बाह्याभ्यन्तरपरिग्रहवतां पाखण्डिनां कुगुरूणां नमस्कारादि करणम्।(कार्तिकेयानुप्रेक्षा टी० ३२६)
सग्रन्थारम्भहिंसाना संसारावर्तवर्तिनाम्। पाखण्डिनां पुरस्कारो ज्ञेयं पाखण्डिमोहनाम्। (श्राव०)

पाखण्डिमोहनः (पुं०) पापाचारी के प्रति श्रद्धा।

पागल (वि०) [पारक्षणम् तस्मात् गलति विच्युतो भवति-पा+गल्+अच्] विक्षिप्त, मन्दबुद्धि वाला।

पांक्तेय (वि०) [पंक्ति+ढक्] पंक्ति बद्धता।

पाचक (वि०) [पच्+ण्वुल्] पचाने वाला, सेंकने वाला। (दयो० १७)

पाचकः (पुं०) रसोइया। ०अग्नि।

पाचकं (नपुं०) पित्त।

पाचनं (नपुं०) [पच्+णिच्+ल्युट्] पकाने की क्रिया।

पाचनः (पुं०) ०अग्नि, आग।
०खटास, अम्लता।

पाचन (वि०) पकाने वाला, पचाने वाला। (वीरो० १९/४०)

पाचनः (पुं०) तपस्या, प्रायश्चित्त।

पाचलः (पुं०) [पच्+णिच्+कलच्] ०रसोइया, पाचक।
०अग्नि, आग।

पाचलं (नपुं०) पचाना, परिपक्व करना।

पांचजन्यः (पुं०) [पंचजन+ञ्य]०शंख। एक शंख नाद, * कृष्ण के शंख की ध्वनि।

पांचजन्यधरः (पुं०) कृष्ण।

पांचदश (वि०) [पंचदशी+अण्] पन्दरस, पाक्षिक की अंतिम दिवस की तिथि। ०पूनम या अमावस्या का दिन।

पांचदश्यं (नपुं०) [पंचदशन्+ष्यञ्] पन्द्रह का समुच्चय।

पांचनद् (वि०) [पंचवद+अण्] पांच नदियों के समूह वाला स्थान पंजाब।

पांचभौतिक (वि०) [पंचभूत+ठक्] पांच तत्त्वों से निर्मित भौतिक वातावरण।

पांचवार्षिक (वि०) [पंचवर्ष+ठक्] पांचवर्ष का।

पांचशब्दिकं (नपुं०) [पंचशब्द+ठक्] वाद्ययन्त्र।

पाचा (स्त्री०) पकाना।

पांचाल (वि०) [पंचाल+अण्] पंचाल से सम्बंधित।

पांचालः (पुं०) पांचालदेश।

पांचालिका (स्त्री०) [पांचाली+कप्+टाप्] ०पुत्तलिका, गुड़िया।

पांचाली: (स्त्री०) [पांचाल+अण्+ङीप्] पांचालदेश की राजकुमारी।
०द्रोपदी, पाण्डुप्रिया।
०गुड़िया, पुत्तलिका, पुतली।
०पांचाली रीति-जहां प्रसाद गुण की रचना होती है, वहां पांचाली रीति होती है।

पाट् (अव्य०) आहूतार्थ में इस अव्यय का प्रयोग होता है।

पाटकः (पुं०) [पट्+णिच्+ण्वुल्] ०विदारक, विभाजक।
०ग्रामीण अंचल।
०संगीत का उपकरण।
०पर्यन्त, तक, सीमा, किनारा, ०भाग, ०पाडे, स्थल।
'वेश्यानां पाटकं प्राप्तं ब्राह्मिणी निन्द्यते'
०वित्था, वालिस्त। (हित० १९)
०पांसे फेंकना।

पाटच्चरः (पुं०) [पाटयन् छिन्दन् चरति-चर+अच्] 'पाटच्चरश्चोरो वन्दिकरो', चोर, लुटेरा, पाड़ लगाने वाला बन्दीकर।

पाटनं (नपुं०) [पट्+णिच्+ल्युट्] तोड़ना, ध्वंस करना, गिराना, विदीर्ण करना, नष्ट करना, फाड़ना।

पाटल (वि०) [पट्+णिच्+कलच्] ०गुलाबी रंग, पीतरक्त वर्ण।

पाटलं (नपुं०) गुलाब पुष्प। ०पाटलवृक्ष का पुष्प।

पाटलः (पुं०) एक औषधी। (जयो० २४/२६)

पाटलपुष्पं (नपुं०) भूपद्म। (जयो०१/८३) ०पृथ्वी का कमल।

पाटलरजं (नपुं०) गुलाब की पराग। ०गुलाब रंग की धूल।

पाटला (स्त्री०) [पाटल+अच्+टाप्] ०लोन, लोध, ०पादर तरु, गुलाब।

पाटलाञ्चित (वि०) गुलाबी वर्णवाला। (जयो० २४/२६)

पाटलिः (स्त्री०) [पाटल+इनि] गुलाब का पुष्प।

पाटलिकः (पुं०) छात्र, विद्यार्थी।

पाटलिपुत्रं (नपुं०) पटना, एक प्राचीन नगर, जो मागध देश की राजधानी के रूप में प्रचलित था। (सुद० ११९)
'प्रसञ्चरन् वात इवाप्यपापः क्रमादसौ पाटलिपुत्रमापः। (सुद० ११९)

पाटलिमन् (पुं०) [पाटल+इमनिच्] पीतरंग, पीलावर्ग।

पाटल्या (स्त्री०) [पाटल+यत्+टाप्] गुलाब के पुष्पों का गुच्छा।

पाटवं (नपुं०) [पटु+अण्] ०चातुर्य, चतुराई, निपुणता। (जयो० ५/२०) 'पाटताभरणविभ्रमसर्गः'।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०दाक्ष्य, नैपुण्य, तीक्ष्णता। (जयो० १६/८५)
०कौशल, दक्षता।
०ऊर्जा, स्फूर्ति, शक्ति।
पाटविक (वि०) [पाटव+ठन्] ०तीक्ष्ण, चतुर, कुशल।
०धूर्त, ठग, छली, कपटी।
पाटित (भू०क०कृ०) [पट्+णिच्+क्त] फाड़ा हुआ, विदारित/खण्डित किया गया।
०विद्ध, छिद्रित।
पाटी (स्त्री०) [पट्+णिच्+इन्+ङीष्] अंकगणित।
पाटीरः (पुं०) [पटीर+अण्] चन्दन।
०रांगा, ०मेघ,०चलनी।
पाठः (पुं०) [पठ्+घञ्] पाठ, पठन, आवृत्ति, घोकना, याद करना, स्मरण करना।
०पढ़ना, वाचन, अध्ययन, 'पठनं पाठः, पठ्यते वा तदिति पाठः, पठ्यते वाऽनेनास्मादस्मिन्निति वा अभिधेयमिति पाठः, व्यक्तिक्रियत इति भावार्थः। (जै०ल०पृ० ६९८)
पाठकः (पुं०) [पठ्+णिच्+ण्वुल्] आध्यात्मिक।
०अध्यापक, गुरु, उपाध्याय। (वीरो० २/७) भो पाठक ज्ञानधरा (सम्य० १९)
उपाध्याय परमेष्ठि। अज्झावयगुणजुत्तो धम्मोवदेसयारि चरियट्ठो।
णिस्सेसागमकुसलो परमेट्ठी पाठओ झाओ।।
(भाव सं०३७८)
०स्वाध्यायकारिन् (जयो० १९/१५)
पाठकगणः (पुं०) उपाध्याय समूह।
०पढ़ने वाले। (वीरो० २२/३४)
पाठक-परमेष्ठिन् (पुं०) उपाध्याय परमेष्ठि, पांच परमेष्ठियों में चतुर्थ परमेष्ठि, उपध्याय परमेष्ठि, जो स्वयं पढ़ते और दूसरों को पढ़ाते हैं।
पाठनं (नपुं०) [पठ्+णिच्+ल्युट्] अध्यापन, व्याख्यान देना, प्रवचन।
०निरूपण, प्ररूपण, विवेचन।
पाठित (भू०क०कृ०) [पठ्+णिच्+क्त] अध्यापित, व्याख्यापित, कथित, निरूपित, पढ़ाया हुआ, शिक्षित।
पाठिन् (वि०) [पठ्+णिनि] अध्ययन किया गया, ०परिचित।
पाठिन् (पुं०) एक मछली का नाम। (दयो० ४२)
पाठीनः (पुं०) [पठ्+ईनण्] पुराण सम्बंधी कथा।
पाणः (पुं०) [पण्+घञ्] ०व्यापार, व्यवसाय।
०खेल, दांव, ०व्यवहार।
०करार, प्रशंसा, हस्त।
पाणिः (स्त्री०) [पण्+इण्] हस्त, हाथ।
पाणिग्रहः (पुं०) पाणिग्रहण। (दयो० ७) (जयो० १०/४३)
पाणिग्रहणः (नपुं०) शादी-ब्याह संस्कार, करोपलब्धि। (जयो०वृ० १२/५७)
पाणिग्रहणपूर्वक्षणः (पुं०) विवाहके पूर्व का समय। (जयो०वृ० १०/११६)
पाणिग्रहणात्मिक (वि०) पाणिग्रहणवाला। (जयो०वृ० १/६७)
पाणिग्रहणाभिलाषिणी (वि०) पाणिग्रहण की इच्छा करने वाली। (जयो०वृ० १/६४)
पाणिग्राहः (पुं०) दूल्हा, पति।
पाणिघः (पुं०) ढोलवादक।
पाणिघातः (पुं०) घूंसा, प्रहार।
पाणिजः (पुं०) नख, नाखून।
पाणिजन्तुवधः (पुं०) आहार ग्रहण करते समय जीव का आकर मर जाना। ०जीव घात।
पाणितलं (नपुं०) हथेली, हाथ का भाग।
पाणिनिः (पुं०) एक प्रसिद्ध व्याकरणकार।
पाणिपरीतयष्टिक (वि०) चाबुकधारी। 'पाणिना पाणौ वा परीता स्वीकृता यष्टिर्येन यस्य वा' (जयो०वृ० १३/१६)
पाणिनीयः (पुं०) ०आचार्य पाणिनि। ०एक व्याकरणकार। ०पाणिनि-सम्बंधी। (जयो०वृ० ४/१६)
पाणिपरिग्रहः (पुं०) विवहनयोग्य। (जयो० १२/८१) (समु० ४/२७)
पाणिपीडनं (नपुं०) विवाह, पाणिग्रहण संस्कार। ०करपीडन। (समु० ५/२२)
पाणिप्रणयिनी (स्त्री०) पत्नी, भार्या।
पाणिबंधः (पुं०) वटवृक्ष; गूलर तरु।
पाणिमुक्तं (नपुं०) एक आयुध जो हाथ से फेंका जाता।
पाणिमुक्ता (स्त्री०) विग्रहगति। 'पाणिमुक्तेव पाणिमुक्ता' यथा पाणिना तिर्यक् प्रक्षिप्तस्य द्रव्यस्य गतिरेक विग्रहा: गतिः तथा संसारिणामेक विग्रहागतिः पाणिमुक्ता द्वैसमयिकी। (धव० १/२९९, ३००)
पाणिधम (वि०) [पाणि+ध्मा+खश्] हाथ से धोंकने वाला, हाथ से हवा करने वाला।
पाणिलेशः (पुं०) हस्ताग्रभाग। (जयो० १४/३७)
पाणिसप्तलः (पुं०) बन्धुजन। (सुद० ३/२४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पाणिसंकेतः (पुं०) हाथ द्वारा इंगित। (जयो० ६/६)

पाणिसमस्याण (स्त्री०) हाथ की समस्या। (जयो० ६/६)

पाण्डर (वि०) [पाण्डर+अच्] धवल, स्वच्छ, गेरु रंग का।
०चमेली पुष्प।

पाण्डपुत्रः (पुं०) पाण्डु पुत्र। (दयो० ८)

पाण्डवः (पुं०) [पाण्डोः अपत्यम्, पाण्डु+अण्] पाण्डवानां तथा भीष्म पितामह इति। (वीरो० ८/४०) ०पाण्डुपुत्र, ०पाण्डु की सन्तान। (सम्य० ६५) युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव। (जयो० १८/५१) (वीरो०)

पाण्डवमय (वि०) पाण्डव युक्त। (जयो०वृ० १/१८)

पाण्डवश्रेष्ठः (पुं०) युधिष्ठिर।

पाण्डवाभीलः (पुं०) कृष्ण।

पाण्डवीय (वि०) पाण्डव से सम्बन्धित।

पाण्डित्यं (नपुं०) [पण्डित+ष्यञ्] विद्वता, प्रज्ञाशील, अधिगम विद्येश्वर।
०कुशलता, प्रवीणता, तीक्ष्णता दक्षता।

पाण्डु (वि०) [पण्ड्+कु] पीतधवल, सफेद सा, पीलापन।

पाण्डुः (पुं०) स्वच्छ, शुभ्र।
०पाण्डु-पाण्डवों के पिताश्री।

पाण्डुकः (पुं०) पाण्डुकशिला।

पाण्डुनि (वि०) पाण्डुवर्ण वाली। (जयो० १४/६०) स्वच्छ आकार वाली।

पाण्डुनिधिः (स्त्री०) नैसर्गनिधि, एक प्रामाणिक निधि।

पाण्डुर (वि०) [पाण्डु+र] सफेद सा, पीत-धवल।

पण्डुरं (नपुं०) पाण्डुर रोग, श्वेत कुष्ट।

पाण्डुरत्व (वि०) पीतिमान। (जयो०वृ० ५/८)

पाण्डुरिमन् (पुं०) [पाण्डुर+इमनिच्] पीलापन, सफेदी युक्त।

पाण्डुवपु (नपुं०) श्वेतप्रायशरीर। (जयो० १८/२१)

पाण्डुशिला (स्त्री०) पाण्डुकशिला। (जयो० १९/२)

पाण्ड्या (स्त्री०) देश विशेष।

पात (वि०) [पा+क्त] रक्षित, संधारित।

पातः (पुं०) [पत्+घञ्] उड़ना, उतरना, अवतरण करना।
०बहना, छूटना, फेंकना।
०पतन, उतार।
०पराजय, आक्रमण।
०दोष, त्रुटि।

पातकः (पुं०) [पत्+णिच्+ण्वुल्] ०पाप, अपराध, दुरित (जयो०वृ० १६/११५) (समु० ८/३३)

पातङ्गि (पुं०) [पतङ्ग+इञ्] * यम, ०शनि, ०कर्म, ०सुग्रीव।

पातञ्जल (वि०) पतञ्जलि द्वारा रचित भाष्य।

पातञ्जलं (नपुं०) पतञ्जलि का योगदर्शन।

पातनं (नपुं०) [पत्+णिच्+ल्युट्] गिराना, धक्का देना, धकेड़ना।
०फेंकना, पछाड़ना, डालना।
०हीन करना, नीचा दिखाना।

पातालं (नपुं०) [पतत्यास्मिन्नधर्मेणपत्+आलञ्] अतल, वितल, रसातल, भूगर्भीय ,निम्नस्थल। 'स्वर्गाप्यतिरमणीयानि पतालानि' (जयो० हि० ११/७३)

पातालंगत (वि०) नीचे की ओर झुके हुए। (जयो० २२/१९)

पातालगंगा (स्त्री०) नीचे बहने वाली गंगा।

पातालनिलयः (पुं०) नागलोक।

पातालनिवासः (पुं०) नाग लोक।

पातयेत् (भू०क०कृ०) गिराया। (मुनि० २०)

पातालमूलं (नपुं०) पातालतल। (सुद० १/३६)

पातिकः (पुं०) [पात+ठन्] सूंस, शिंशुमार। गंगा नदी में पाया जाने वाला जलचरजीव।

पातिक (वि०) संयम घातक। (मुनि० २९)

पातित् (भू०क०कृ०) [पत्+णिच्+क्त] गिराया गया, पटका गया, पछाड़ा गया, परास्त किया गया।

पातित्यं (नपुं०) [पतित+ष्यञ्] पदच्युति, जाति से हीन, जातिभ्रंश।

पातिन् (वि०) [पत्+णिनि] ०अवतरण करने वाला, उतरने वाला, गिरने वाला।
०त्यागने वाला, परित्यक्त करने वाला, छोड़ने वाला।
०ध्वंस करने वाला, धकेलने वाला।

पातिली (स्त्री०) [पातिः संपातिः पक्षियूथं लीयतेऽत्र-पानि+ली+ड+ङीष्] ०जाल, फंदा, ०हांडी, पतेली।

पातिव्रत्य (वि०) पति धर्म का पालन करने वाली। (सुद०८८)

पातुक (वि०) [पत्+उकञ्] पतनशील, गिरने वाला।

पातुकः (पुं०) चट्टान, शिंशुमार।

पात्रं (नपुं०) [पाति रक्षति-पिबन्नि अनेन वा-पा+ष्ट्रन्] भाण्ड, बर्तन, पानी, सकोरा, पानी भरने का घटादि।
०वस्तु का आधार। (सुद०)
०जलाशय, सरोवर।
०अभिनेता, नायक, नायिका आदि।
०योग्यता, श्रेष्ठता, उन्नतता।
०ज्ञानाध्यान परायण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०ज्ञान, दर्शन चरित्र तपादि युक्त संयत।
०संतुष्टशील, शुचिता युक्त, विनीत।
०गुण प्रकर्ष युक्त।
०संयम लीन, जितेन्द्रिय, धीर व्यक्ति।
०राग-द्वेषादि से रहित मनुज। 'आपद्भ्य: पाति यस्तस्मात् पात्रमित्यभिधीयते' (जैन०ल० ६३९)

पात्रदत्ति (नपुं०) ०पात्रदान, ०योग्य दान, ०भक्तिपूर्वक श्रमणों को दान। ०साधनरत के लिए यथोचित दान। महातपोधनेभ्य: प्रतिग्रहर्चनादिपूर्वकं, निरवद्याहारदानं ज्ञानसंयमोपकरणादिदानं च पात्रदत्ति:। (कार्तिकेया० टी० ३९१)

पात्रदानं (नपुं०) पात्रदत्ति, पूजा/प्रतिग्रहपूर्वक दान।

पात्रपाल: (पुं०) चम्पू, डांड, नांव खेने को पतवार।

पात्रविशेष: (पुं०) तपादि से सम्पन्न व्यक्ति विशेष। 'मोक्षकारणगुण संयोग: विशेष:' (त०वा० ७/३९)

पात्रस्थित (वि०) भाण्डमर्जन।

पात्री (वि०) ०उकर्षगुणवाली। (सुद०३७) ०हस्तबाली (सुद०२/१०) ०धीरोदात्तगुणयुक्ता।

पात्रोचित (वि०) योग्यपात्रानुसार।

पात्रोपकरणं (नपुं०) उचित पात्र के लिए पुस्तकादि उपकरण।

पाथोजमुखी (वि०) (पाथोजं कमलेवमुखं) कमलमुखी। (जयो० १४/४७)

पाथ: (पुं०) ०अग्नि, ०सूर्य।

पाथं (नपुं०) जल, नीर, पानी।

पाथस् (नपुं०) [पा+असुथुन्] जल, वारि, नीर।

पाथेयं (नपुं०) [पथिन्+ढञ्] मार्ग का कलेबा, रास्ते का भोजन। (वीरो० २/२) सम्बल, आधार। (जयो० १२/९५) ०कन्याराशि।

पाथोधि (स्त्री०) समुद्र, सागर। (जयो० १०/८२)

पाथोनिधि (पुं०) समुद्र, जलराशि। (जयो०२०/२७, समु०३/५)

पान्थाङ्गिन् (वि०) पथिक, राहगीर। (वीरो० ६/२१)

पाद: (पुं०) [पद्+घञ्] पैर, चरण, पांव। (जयो०वृ० ३/४५) (सुद० ५/३) तत्पादयोर्विनीताभ्यामोच्चारणपूर्वकम्' (सुद० ४/४६)
०पेड़ की जड़।
०गिरिभाग, तलहटी।
०चौथाई, चौथाई भाषा।
०छह अंगुल प्रमाण पाद।
०श्लोक का एक चरण, एक पंक्ति-'सा तनुस्तानि चाङ्गानि' (जयो० ३/४३)
०किरण-सूर्यस्य पादै:। (जयो०वृ० १५/७२)
०स्तम्भ, खंभा।

पादकं (नपुं०) नूपुर, पायल।

पादकटक: (पुं०) पायल, नूपुर।

पादकीलिका (स्त्री०) पायल, नूपुर, पैरों के पायजेब।

पादक्षेप: (पुं०) कदम, पग, पांव रखना। (जयो० २४/६१६)

पादग्रन्थि: (स्त्री०) टखना, घुटना।

पादग्रहणं (नपुं०) ०मुनि का अन्तराय, ०पैरों द्वारा रत्न आदि ग्रहण करना।

पादग्रहणं (नपुं०) आदर युक्त अभिवादन, पैर लगना, चरणस्पर्श करना।

पादचतुर: (पुं०) मिथ्यानिन्दक, बकरा, ०रेतीला तट।

पादचत्वर: देखो ऊपर।

पादचम्पनं (नपुं०) सम्वाहन, दबाना, पैर मसलना। (जयो०वृ० १७/४०)

पादचारं (नपुं०) कोमल चरण। अश्वा धरित्रीं मृदुपारचारैर्जिघ्रन्त एते स्म च पर्यटन्ति। (जयो० १३/८८

पादचारिन् (पुं०) पथिक। (जयो०वृ० १३/६)
०पैदल सैनिक, पत्ति। (जयो० १३/११)

पादचारिन् (वि०) पैदल चलने वाला, फेरी लगाने वाला।

पादज: (पुं०) शूद्र, निम्न।

पादजाहं (नपुं०) पपोटा, टखने की हड्डी।

पादतलं (नपुं०) पैर का तलवा।

पादत्र: (पुं०) उपानह, जूता।

पादत्राणं (नपुं०) उपानह, जूता, पदरक्षक।

पादपतनं (नपुं०) अभिवादन, विनम्रता, चरणस्पर्श। 'पादपतनं प्रमाणदिगौरवम्' (जैन०ल० ७००)

पादप: (पुं०) वृक्ष, तरु। (सुद० ३/१४)

पादपकोटर: (पुं०) वृक्ष की खोह। (मुनि० ३)

पादपद्मरुचि: (स्त्री०) चरण कमल के प्रति रुचि। (जयो० ४/१८)

पादपोपगमनं (नपुं०) निश्चलपूर्वक अनशन करना।
०शरीर को वृक्ष की तरह स्थिर रखना। 'पादस्योपगमनंअस्पन्दतयाऽवस्थानम्' (जैन०ल० ७०१)

पादपोगमनमरणं (नपुं०) अनशन, अत्यन्त निश्चलता पूर्वक मरण। 'पादपो वृक्ष:, तस्येव छिन्नपतितस्योपगमनम् अत्यन्त' निश्चेष्टतयाऽवस्थानं यस्मिन् तत् पादपोगमनम्। (जैन०ल० ७०१)

पादपालिका (स्त्री०) पायजेब, पायल।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पादपाशः (पुं०) चरणधूली का स्पर्श। (जयो० १/१०४)
पादपूरकं (नपुं०) चरणपूर्ति, श्लोक के पादों की पूर्ति।
पादपूरण (नपुं०) चरणपूर्ति, श्लोक बद्ध रचना करना।
पादप्रक्षालनं (नपुं०) चरण धोना, पादप्रमार्जन।
पादप्रतिष्ठानं (नपुं०) पैरों की चौकी, पादपीठ।
पादप्रहारः (पुं०) ठोकर। (जयो० १/८४)
पादबन्धनं (नपुं०) बेड़ी, पैरों की शृंखला।
पादभू (स्त्री०) चरण प्रान्त, चरणभाग। (जयो० १२/१०४)
पादमुद्रा (स्त्री०) चिह्न, चरण-संकेत।
पादमूलं (नपुं०) पपोटा, तलवा, एडी।
पादरक्षिकः (पुं०) पादत्राण, उपानह। (जयो० २१/६४)
पादरसस् (नपुं०) चरणधूली।
पादरज्जुः (स्त्री०) पैरों की रस्सी।
पादरथी (स्त्री०) उपानह, जूता।
पादरोहः (पुं०) वट वृक्ष।
पादरोहणः (पुं०) वट वृक्ष।
पादलग्न (वि०) पैरों में नत। छाया तु मा यात्विति पादलग्ना प्रियाऽध्वनीनस्य गतिश्च भग्नाः। (वीरो० १२/१७)
पादवन्दनं (नपुं०) चरणस्पर्श, विनम्र अभिवादन।
पादविक्षेपः (पुं०) पग रखना, पैर बढ़ाना, पगचाल। (जयो० ८/४२)
पादविरजस् (नपुं०) उपानह, जूता।
पादशाखा (स्त्री०) पैरों की अंगुलियां।
पादशैलः (पुं०) गिरिपाद।
पादशोधः (पुं०) पैरों की सूजन।
पादशौचं (नपुं०) चरणों की स्वच्छता।
पाद-समन्वयः (पुं०) चरण स्पर्श, चरणों में नतभाव, चरण सम्पर्क। (जयो० २४/४७)
पादसम्पर्कः (पुं०) पादसमन्वय, चरणस्पर्श। (जयो० १/१०५, जयो०वृ० ५/१००)
पादसरोजं (नपुं०) चरण कमल। (सुद० २/३२) 'सम्प्रेरितः श्रीमुनिराजपाद-सरोजयोः तावसरं जगाद। (सुद० २/३२)
पादसेवनं (नपुं०) चरण स्पर्श।
पादसेवा (स्त्री०) चरणों की सेवा, कैंर्यवृत्ति भाव।०सेवा भाव।
पादस्फोटः (पुं०) विमाई, पैर फटना।
पादहत (वि०) पैरों से ठुकराना।
पादात् (पुं०) [पादाभ्यामतति-पाद+अत+क्विप्] प्यादा, पदाति, पैदल सिपाही।
पादातः (पुं०) [पदातीनो समूहः-पदाति+अण्] पैदल सिपाही।
पादाग्रः (पुं०) पैरों का अग्रभाग।
पादांकः (पुं०) पदचिह्न।
पादांगदः (पुं०) पैर का आभूषण, नूपुर, पायल।
पादांगुष्ठः (पुं०) पैर का अंगूठा।
पादांतरं (नपुं०) पग अन्तराल।
पादाम्बुजं (नपुं०) चरण कमल।
पादाब्जराजि (स्त्री०) चरणपृष्टदेश। 'पादावेवाब्जानां राजानौ तौ विशुद्धौ निर्दोषो (जयो०वृ० ११/१७)
पादानलोक्तर (वि०) किरण समूह। (भक्ति० २०)
पादारविंदं (नपुं०) चरण कमल।
पादार्दित (वि०) चरणाघातपीड़ित। (जयो० १५/७२)
पादि (स्त्री०) पदाति, पैदल। (जयो० २१/१२)
पादिक (वि०) चौथा भाग, चतुर्थांश।
पादिन् (वि०) [पाद्+इनि] सपाद, पैरों वाला।
पादुकः (वि०) [पद्+उकञ्] पैदल चलने वाला।
पादुका (स्त्री०) खड़ाऊँ, पदत्राण, पादरक्षिक। (जयो० २/१६)
पादुकारः (पुं०) मोची, जूता, बनाने वाला।
पादू (स्त्री०) [पद्+ऊ] पादत्राण, उपानह।
पादूकृत् (स्त्री०) मोची।
पादोदकं (नपुं०) चरणोदक। (जयो० १/८६)
पादैकदेशः (पुं०) चरणों का आंशिक भाग। (जयो० ११/१३)
पाद्य (वि०) [पाद+यत्] पैरों से सम्बन्ध रखने वाला।
पानं (नपुं०) [पा+ल्युट्] पीना, चढ़ा जाना।
०चुम्बन, आलिंगन।
०पान करना। (सुद० ३/१६)
०बचाना, रक्षा करना।
पानः (पुं०) शराब/मद्य खींचने वाला।
पानकं (नपुं०) [पान+कन्] पानीय, पेय पदार्थ, घूंट लेना। चषक।
पानकपात्रं (नपुं०) मधुमृत चषक। (जयो० १६/२९)
पानपात्रं (नपुं०) पानपात्र, प्याला, चषक। (जयो०वृ० १२/२०)
पानभाजनं (नपुं०) चषक।
पानभू (स्त्री०) मधुशाला।
पानभूमि (स्त्री०) सुरालय, मद्यालय।
पानमण्डलं (नपुं०) मद्यपान-समूह।
पानरत (वि०) मद्यपान में लीन सुरापायी।
पानवणिज् (पुं०) मद्य विक्रेता, शराब बेचने वाला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पानविभ्रमः (पुं०) उन्मत्त दशा, नशा, मदहोश।

पानागारः (पुं०) मद्यशाला, मदिरालय।

पानान्तरः (पुं०) पान का आस्वाद, मद्य का अस्वाद। (जयो० १६/३७)

पानिकः (पुं०) [पान+ठक्] कलाल, मद्य विक्रेता।

पानिलं (नपुं०) [पान+इलच्] प्याला, चषक।

पानीयं (नपुं०) [पा+अनीयर्] ०जल, वारि।
०पेय पदार्थ, पातुमिच्छतीति।

पानीय (वि०) पिया गया। (दयो० ८४) (जयो०वृ० १२/११९)

पानीयनकुलः (पुं०) ऊदविलाव।

पानीय-वर्णिका (स्त्री०) रेती, धूली। (वीरो० २/१९)

पानीयशाला (स्त्री०) प्याऊ, प्रपा।

पानीयस्थानं (नपुं०) पयोभू। (जयोवृ० १७/६०)

पानीयापत्तिः (स्त्री०) पानी से होने वाली आपत्ति। (दयो० ४२)
०जल व्याधि।

पान्थः (पुं०) [पन्थानं नित्यं गच्छति-पथिन् अण्] पथिक, बटोही, यात्री। (वीरो०) (दयो० २०) विग्रह-ग्रहसमुत्थित व्यथः पान्थः उच्चलित किं कदा पथः। (जयो० ७/५५)

पान्थजनः (पुं०) पथिक। (दयो० ९)

पान्थनृपालन (वि०) पथिकपालनार्थ। (वीरो० १२/२७)

पान्थोपरोधः (पुं०) पथिकवारण, प्रेषितजनगमन वारण। (वीरो० ६/२६)

पाप (वि०) [पाति रक्षति आत्मानम्, अस्मात्-पा+प] अहितकर, अनिष्टकर, हानिकारक, दुष्ट, निम्न, नीच, हीन।
०विनाशक, घातक, अभिशप्त।
०अधम, पतित, गिरा हुआ।
०दुर्भाग्य।

पापं (नपुं०) पाप, अशुभ प्रवृत्ति। 'पाति रक्षति आत्मानं शुभादिति पापम्' पापं तु देहात्मतया क्रियेत। (सम्य०४०)
०एन। (जयो० १/२१) (स०सि० ६/२)
०प्रतिद्वन्दि, दुष्कृत। (जयो० १/८२)
०दुर्व्यसन, नीच प्रवृत्ति।
०दुष्कर्म। पापं दुष्कर्म पुद्गला।
०कम्लष (जयो०वृ० ४/५१, मुनि० ३०)
०दुःख। दुःखं जनोऽभ्येति कुतोऽथ पापात्। पापे कुतो धीरविवेकतापात्' (वीरो० ५/२८)
०दुरित, अघ। (जयो० २/८३)

पापकर (वि०) पाप करने वाला, अनिष्टकर्ता।

पापकर्म (पुं०) अशुभ कर्म, अशुभ प्रकृति। असुहपयडीओ पावं।

पापकर्मोपदेशः (पुं०) निष्प्रयोजन अशुभ कर्म का कथन।

पापकारक (वि०) पाप उत्पादक। (जयो०वृ० २/१०३) अनिष्टकारण, घातक, अहितकर।

पापकारिन् (वि०) पापी, अधम, नीच व्यक्ति।

पापकृत् (वि०) पापकारी, दुष्कर करने वाला। पापकारक (जयो० २/१०३)

पापक्षयः (पुं०) पाप का नाश, अशुभ प्रवृत्ति का अन्त।

पापगत (वि०) अशुभ अवस्था को प्राप्त।

पापग्रहः (पुं०) अनिष्टस्थान, घातक ग्रह।

पापघ्न (वि०) पापकरी क्रियाओं को रोकने वाला, प्रायश्चित्तकारी।

पापचर (वि०) अशुभ चर्या।

पापचर्यः (पुं०) राक्षस, पापी।

पापजुगुप्सा (स्त्री०) पाप से ग्लानि, पाप से उद्विग्न रहना, पापोद्वेग।

पापदृष्टि (स्त्री०) अशुभ दृष्टि, नीच व्यवहार।

पापधी (स्त्री०) ०अधमबुद्धि। ०नीच प्रवृत्ति।

पापर्द्धिः (स्त्री०) आखेट, शिकार।

पापनाशन (वि०) मलापहरण, प्रायश्चित्तकारी। (जयो०वृ० ३/१०)

पापपः (पुं०) पापी।

पापपतिः (पुं०) यार, दूसरा व्यक्ति जार, पर पुरुष।

पापपथः (पुं०) पाखण्डमार्ग, दुरितस्थान। (जयो० २/११६)

पापपवि (नपुं०) पापवज्र वाला। अघवज्र (जयो० २/१५७)

पापपाखण्डः (पुं०) पापमार्ग, अधमपथ। (जयो०वृ० २/११६)

पापपुरुष (पुं०) नीच पुरुष, अधम व्यक्ति, दुराचारी, अपराधी, अत्याचारी।

पापप्रकृति (स्त्री०) अशुभप्रकृति। पापप्रकृतयः कटुकरसा, अशुभा उच्यन्ते' (जैन०ल० ७०३)

पापप्रचयः (पुं०) पाप समूह। (वीरो० १४/२४)

पापप्रतिवर्जनं (नपुं०) अशुभ से बचना, मलापहरण, अघनाश, (समु० ३/४)

पापप्रतीय (वि०) शत्रसंहारक, दुष्परिणाम घातक। (जयो० १/८५)

पापप्रलोप (वि०) दुरितावहानी दुरिताधीरण। (जयो० २/८३)

पापप्रवृत्तिः (स्त्री०) नीच भाव। (वीरो० १७/२२)

पापप्राय (वि०) पापों की बहुलता। (सुद० ५/१)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पापफल (वि०) अनिष्टकर, घातकपरिणाम।
पापबुद्धिः (स्त्री०) निम्नबुद्धि, नीचमति।
पापभावः (पुं०) पाप परिणाम।
पापमतिः (स्त्री०) निम्नबुद्धि, दुष्टहृदय।
पापमुक्त (वि०) अशुभ से हटा हुआ।
पापमोचनं (नपुं०) पापनाशन, पाप का अभाव।
पापयोनि (स्त्री०) पाप स्थान।
पापरोगः (पुं०) निम्नरोग, घातक बीमारी।
पापल (वि०) पाप अर्जित करने वाला।
पापवर्जित (वि०) अघनाशक, अघोन। (जयो०वृ० ३/३२)
पापवृत्तिपरान्मुखः (पुं०) पाप वृत्ति की ओर। (सुद० १२८)
पापश्रमणः (पुं०) एकाकी विचरण करने वाला श्रमण। ०श्रमणाचार विमुक्त साधु।
पापशील (वि०) दुष्ट प्रकृति वाला।
पाप संकल्प (वि०) दुरात्मन्।
पापहापनं (नपुं०) पापनाशक। 'पापस्य हापनं पापनाशकमेव' (जयो०वृ० २/२२)
पापहीन (वि०) अधमतारहित। निरेना। (जयो०वृ० २२/९)
पापहृत् (वि०) दुरितनाशक। (जयो० २४/५५)
पापाचार (पुं०) पाप प्रवृत्ति। (जयो० १२/३) दुर्व्यसनी, दुष्ट।
पापात्मक (वि०) हिंसात्मक। (जयो०वृ० ३/५४)
पापानुबन्धिन् (वि०) पाप करने वाला। (दयो० २/२३) पाप की ओर प्रवृत्त हुआ।
पापापकृत् (वि०) दुरितापहारक, पापापहारी, अशुभहर्ता। (जयो०वृ० १/११३)
पापारोपः (पुं०) अशुभ का आरोप, दुष्टता का कथन। (जयो०वृ० १/८२)
पापाशयः (पुं०) अशुभोपयोग। (समु० ११५)
पापाहः (पुं०) दुर्भाग्यपूर्ण दिवस।
पापाहारिम् (वि०) पापों का अपहारक। पापापहारीति वयं वदामः सम्विघ्नबाधामपि संहरामः। (सुद० २/२३)
पापिन् (वि०) [पाप+इनि] पाप पूर्ण, दुष्टात्मन्। (जयो० १५/५८) परमार्थाञ्च यो भ्रष्टः पापीयान्स पुनः पुमान्। (हित०सं० ५)
पापिवर्गः (पुं०) दुश्चरित्रात्माओं का समूह। पापं विमुच्यैव भवेत्पुनीतः स्वर्णं च किट्टप्रतिपाति हीतः। पापाद् घृणा किन्तु न पापिवर्गान् मनुष्यतैवं प्रभवेन्निसर्गात्।। (वीरो० १७/७)
पापिष्ठ (वि०) [अतिशयेन पापी-पाप-इष्ठन्] अधम, नीचवृत्ति युक्त दुष्टतम्। (मुनि० १८)
पापीयस् (वि०) [पाप+ईयसुन्, अयमनयोरतिशयेन पापी] महापापी, अतिशय दुष्कर्मी। (दयो० १२)
पाप्मन् (पुं०) [पा+मानिन्, पुगागमः] दुष्ट, नीच, अधम, अपराध
पामन् (पुं०) [पा+मनिन्] चर्मरोग, खुजली।
पामन (वि०) [पामन्+र] खुजली से पीड़ित, चर्मरोग से दुःखी।
पामर (वि०) [पामन्+न, न लोपः] खुजली से।
०पीड़ित, कण्डू वाला।
०दुष्ट, नीच, अधम, गंवार, दीन। (वीरो० १७/३७)
०मूर्ख, मूढ, विसम्मूढ।*
०निर्धन, असहाय।
पामरः (पुं०) मूढ, मूर्ख। ०दुष्ट, नीच पुरुष।
पामरत्व (वि०) शूद्रवर्णत्व। (जयो० १८/५०) प्रविरलानामेव लोकानां पामरत्वं शूद्रवर्णत्वं। (जयो० १८/५०)
पायः (पुं०) उपाय, प्रयत्न। इह सत्याशंसा पायात्। (सुद०११२)
पायना (स्त्री०) [पा+णिच्+युच्+टाप्] सिंचित करना, छिटकना, पिलाना, तर करना।
०तेज करना, पैना करना, तीक्ष्ण करना।
पायस (वि०) [पयस्+अण्] दूध से निर्मित।
पायसः (पुं०) ०पिपासा, तृष्ण खीर, ०दूध निर्मित चावल। (जयो० २२/५)
पायसं (नपुं०) दूध, क्षीर।
पायसस्मित (वि०) क्षीर सदृश। (जयो० १२/१२३)
पायिकः (पुं०) पैदल सिपाही।
पायित (वि०) पिलाई गई। (सुद० ३/२६)
पायुः (स्त्री०) [पा+उण्+युक्] गुदा, मलद्वार।
पायुवायु (स्त्री०) अपान वायु। (सुद० ९०)
पाय्यं (नपुं०) [पा+ण्यत्] ०नीर, जल, पानी।
०पेय पदार्थ, क्षीर, दूध।
०प्ररक्षण, परिमाण।
पारः (पुं०) [पृ+घञ्] किनारा, तट, दूसरा भाग। (जयो० ५/१००)
०अन्तिम सीमा, अन्तिम भाग।
०निष्पन्न, बना हुआ, निर्मित किया।
पारक (वि०) पार करने वाला, आगे बढ़ने वाला, अग्रगामी, विकाशशील।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पारकम्म (वि०) दूसरे पार पाने की इच्छा करने वाला।

पारक्य (वि०) पराया, दूसरे का।

०विरोधी।

पारक्यं (नपुं०) परलोक का साधन, पवित्र आचरण।

पारङ्गत (वि०) पार को प्राप्त हुआ। (दयो० ९१)

पारग (वि०) पार जाने वाला, नाव से पार होने वाला।

पारगत (वि०) पार पहुंचा हुआ।

पारगामिन् (वि०) पार जाने वाला।

पारगामी (वि०) उस पार होने वाला। (सुद० ३/३१)

पारग्रामिक (वि०) [पारग्राम+ठक्] ०अनात्मीय। पराया, विरोधी, शत्रुतापूर्ण।

पारञ्चिकः (पुं०) अनुपस्थान, प्रायश्चित्त का कथन।

पारज् (पुं०) [पार्+णिच्+अजि] स्वर्ण, सोना।

पारजायिक (वि०) [परजाया गच्छति परजाया+ठक्] व्यभिचारी, परस्त्रीगामी।

पारटीटः (वि०) प्रस्तर, पत्थर। ०पाषाण।

पारण (वि०) पार ले जाने वाला, उद्धार करने वाला।

पारणः (पुं०) मेघ, बादल।

पारणं (नपुं०) निष्पन्न करना, पूरा करना।

०व्रत के भोजन करना, उपवास के बाद दूसरे दिन आहर लेना।

०व्रत खोलना। (सुद० ९४)

पारणा (स्त्री०) उपवास के बाद की जाने वाली दूसरे दिन की आहार क्रिया।

पारतः (पुं०) [पारं तनोति-पार+तन्+ड] *पारा, * धातु विशेष।

पारद-सारद (वि०) पारदानुकरणकारी, पार के सार वाले (जयो० ९/५०)

पारतन्त्र्य (नपुं०) [परतन्त्र+ष्यञ्] पराधीनता, पराश्रयता, अनुसेवा।

पारत्रिक (वि०) [परत्र+ठक्] परलोक सम्बन्धी, आगामी लोक सम्बंधी।

पारत्र्यं (नपुं०) [परत्र+ष्यञ्] आगमी काल में प्राप्त होने वाला फल, भावी परिणाम।

पारदः (पुं०) [पारं ददाति पार+दा+क] पारा, एक धातु विशेष, रस विशेष। (जयो० १६/१८, १२/७) 'रसोऽगदः स्रागिव पारदेन' (वीरो० १४/४४) रसः स्वादेऽपि तिक्तादौ शृंङ्गारादौ द्रवे विषे।

पारदे धातु वीर्याम्बु-रागे गन्धरसे तनौ इति विश्वलोचन। (जयो०वृ० १२/७)

पारदर्शक (वि०) निर्मल, आर-पार दिखाई देने वाला। (जयो० १०/५)

पारदर्शकप्रस्तरः (पुं०) संगमरमर, ग्रेनाइट। ०पारा।

पारदारिकः (पुं०) [परदारा+ठक्] व्यभिचारी, परस्त्रीगमनी।

पारदार्यं (नपुं०) [परदार+ष्यञ्] व्यभिचार, परस्त्रीगमन।

पारदेशिक (वि०) [परदेश+ठक्] विदेशी, बाहर के देश का।

पारदेशिकः (पुं०) परदेशी, यात्री।

पारदेश्य (वि०) [परदेश+ष्यञ्] विदेशी, परदेश से सम्बंध रखने वाला।

पारभृतं (नपुं०) उपहार, भेंट, प्राभृत।

पारमहंस्यं (नपुं०) [परमहंस्+ष्यञ्] परमहंस वृत्ति।

परमार्थः (पुं०) परम प्रयोजन। (हित० ५)

पारमार्थिकः (पुं०) आत्मा की अपेक्षा, मोक्ष सम्बंधी परम अर्थ की दृष्टि। (हित० ३)

पारमार्थिक-प्रत्यक्षं (नपुं०) इन्द्रियादि कारणों की अपेक्षा नहीं करने वाला प्रत्यक्ष। परमार्थे भवं पारमार्थिकं मुख्यम्, आत्मसन्निधिमात्रापेक्षम्' अवध्यादि प्रत्क्षमित्यर्थः'

०सभी प्रकार से स्पष्ट प्रत्यक्ष। 'सर्वतो विशदं पारमार्थिकं प्रत्यक्षम्' (न्यायदीपिका ३४)

०अध्याम से सम्बन्ध रखने वाला।

०यथार्थ ज्ञान रखने वाला।

०सत्यार्थ निरूपण करने वाला प्रत्यक्ष।

पारमिक (वि०) [परम+ठक्] ०सर्वोपरि, सर्वोत्तम।

०मुख्य, प्रधान।

परमित (वि०) तट पर गया हुआ, पार प्राप्त। (जयो० ५/९३) अन्य किनारे पर गया हुआ।

पारमेतुं (तुमुन्) गन्तुम्-जाने के लिए, पार होने के लिए (जयो० १७/५३)

पारमेष्ठ्य (नपुं०) [परमेष्ठिन्+ष्यञ्] सर्वोपरिता, उत्तमता, उच्चतम।

पारंपरीण (वि०) [परंपरा+ष्यञ्] परंपरा प्राप्त, आनुवंशिक, क्रमागत।

पारंपरीय (वि०) [परम्परा+छ] आनुवंशिक, क्रमागत।

पारंपर्यं (नपुं०) [परम्परा+ष्यञ्] ०आनुवांशिक, अविच्छन्न, ०परंपरा से प्राप्त शिक्षा।

पारंपरोपदेशः (पुं०) [पार+णिच्+इष्णुच] ०तृप्तिकारक, संतोषजनक।

०पार जाने में समर्थ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पारलौकिक (वि०) [परलोकाय हितं पर+लोक+ठक्] परलोक से सम्बन्ध रखने वाला, उत्तर सुख युक्त (वीरो०वृ०२/१०)

पारवतः (पुं०) [पार+आ+पत्+अच्] कबूतर, कपोत।

पारवश्यं (नपुं०) [परवेश+ष्यञ्] आधीनता, पराश्रयता।

पारवश्यकविचारवेशिनी (वि०) सर्व साधारण विचार प्रवेश वाली (२/४)

पारशव (वि०) [परशु+अण्] लोहे से निर्मित।

पारशकः (पुं०) लोहा, ०शूद्र पुत्र।

पारस (वि०) [पारस्यदेशे भवः] फारसी, फारस देशवासी।

पारसिकः (वि०) फारस देश।

पारसी (स्त्री०) फारसी भाषा।

पारसीकः (पुं०) पारस देश।

पारस्परिक (वि०) एक दूसरे से सम्बन्धित। (दयो०वृ० ११/४८)

पारा (स्त्री०) एक नदी का नाम।

पारापतः (पुं०) [पार+आ+पत्] कपोत, कबूतर।

पारायणं (नपुं०) पारगमन, पूर्ण अध्ययनकर्ता। 'पारायणं नाम सूत्रार्थ-तदुभयानां पारगमनम्' (जैन०ल० ७०५)

पारायणिकः (पुं०) [पारायण+ठक्] व्याख्यानदाता। ०शिष्य, छात्र।

पारारुकः (पुं०) [पार+ऋ+उकञ्] प्रस्तर, चट्टान।

पारावतः (पुं०) कपोत, कबूतर। (जयो० १५/४५) ०वानर, ०पर्वत।

पारावारः (पुं०) समुद्र, उदधि। (सुद० ९८)

पारावारीण (वि०) दोनों ओर तक जाने वाला।

पाराशरः (पुं०) व्यास ऋषि।

पाराशरिका (स्त्री०) शाण्डिल्य ब्राह्मण की पत्नी। (वीरो० ११/१०)

पाराशरिन् (पुं०) [पाराशन्+इनि] साधु, मुनि, अध्येता, सूत्र कंठस्थकर्ता।

पारिक्षितः (वि०) [परिक्षित्+अण्] अर्जुन का प्रपौत्र।

पारिखेय (वि०) [परिखा+द] परिखा से घिरा हुआ, खाई से परिपूर्ण।

पारिग्राहिणी (वि०) परिग्रह से होने वाली क्रिया।

पारिजातः (पुं०) [पारमस्य अस्ति इति पारी समुद्रः तस्माज्जातः पारिजात+कन्] परिजात नामक तरु, स्वर्ग के देवेन्द्र के उद्यान का एक वृक्ष।

पारिणामिक (वि०) अवस्थान की प्राप्ति। परिणामः प्रयोजनमस्येति पारिणामिक। (स०सि० २/१)

पारिणामिकत्व (वि०) अवस्थान्तर की प्राप्ति-'भवान्तरोपादानं पारिणामिकत्वमुच्यते' (त०वृ० ५/३७) परिणामयतीति पारिणामिक:, परिणामिक इव पारिणामिकः। (त०वृ०५/३७)

पारिणामिक भावः (पुं०) द्रव्यात्मलाभमात्र का कारण। 'सकल-कर्मोपाधिविनिर्मुक्तः परिणामे भवः पारिणामिक भावः। (नियं०सा०वृ० ४१)
० दूसरी अवस्था को प्राप्त भाव।

पारिणामिकी (वि०) हितकारी। (दयो० १०४)

पारिणामिकी (स्त्री०) पारिणामिकी बुद्धि, अपने अपने अभीष्ट की साधक बुद्धि।
०अभ्युदय या निःश्रेयस् कारक बुद्धि। 'णिय-णिय-जादि-विसेसे उप्पण्णा पारिणामिकी णामा। (ति०प० ४/१०२०)

पारिणाम्य (वि०) [परिणय+ष्यञ्] विवाह से सम्बंध रखने वाला।

पारिणाम्यं (नपुं०) वैवाहिक सम्पत्ति।

पारितथ्या (स्त्री०) [परितथ्य+ष्यञ्] मोतियों की लड़ी, बेड़ी में गूंथी जाने वाली लड़ी।

पारितोषिक (वि०) [परितोष्+ठञ्] सुखकर, संतुष्टि युक्त, हितकर, सान्त्वना से परिपूर्ण।

पारितोषिकः (पुं०) उपहार, भेंट, प्राभृत, पुरस्कार। (दयो०६१)

पारिध्वजिकः (पुं०) [परिता ध्वजा-परिध्वजा+ठक्] झण्डा से चलने वाला, झण्डा युक्त।

पारिन्द्रः (पुं०) सिंह, केसरी।

पारिपंथिकः (पुं०) [परिपंथ+ठक्] डाकू, लुटेरा।

पारिपाट्यं (नपुं०) [परिपाटी+ष्यञ्] ०पद्धति, रीति, प्रणाली, ढंग।
०नियमितता।

पारिपार्श्वं (नपुं०) [पारिपार्श्व+अण्] अनुचर, सेवक, अनुयायी।

पारिपार्श्वकः (पुं०) [पारिपार्श्व+कन्] ०अनुचर, सेवक, भृत्य।
०सूत्रधार, अन्तर्वादी, पीछे से बोलने वाला, उद्घोषक।

पारिपार्श्विका (स्त्री०) सेविका, अनुचारी।

पारिप्लव (वि०) [परिप्लव+अण्] ०इधर उधर, घूमने वाला।
०चंचल, अस्थिर, कम्पायमान।
०क्षुब्ध, उद्विग्न, परेशान।
०व्याकुल, घबराया हुआ।

पारिप्लवः (पुं०) नाव।

पारिप्लवं (नपुं०) बेचैनी, व्याकुलता।

पारिप्लाव्यः (पुं०) हंस।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पारिप्लाब्यं (नपुं०) क्षोभ, बेचेनी, परेशानी, कंपकंपी, थरथराहट।
पारिबर्हः (पुं०) [परिबर्ह+अण्] वैवाहिक उपहार।
पारिभद्रः (पुं०) [परिभद्र+अण्] ०मूंगे का वृक्ष, ०देवदारु तरु।
०सरल वृक्ष।
०नीम तरु।
पारिभाष्यं (नपुं०) [परिभू+ष्यञ्] ०प्रतिभूति, ०जमानत।
०धरोहर, ०न्यास, निक्षेप।
पारिभाषिक (वि०) [परिभाषा+ठक्] ०सामान्य स्वरूप वाला।
०किसी विशेष अर्थ वाला। ०स्वाभाविक अर्थ युक्त।
०लाक्षणिक, लक्षण युक्त। ०स्वरूप युक्त।
पारिमांडल्यं (नपुं०) [परिमण्डल+ष्यञ्] ०अणु, सूर्य किरण रज।
पारिमुखिक (वि०) [परिमुख+ठक्] मुंह के सामने, निकटवर्ती, पास का।
पारिमुख्यं (नपुं०) [परिमुख+ष्यञ्] उपस्थिति, समीप होना, पार्श्ववर्ती।
पारियात्रः (पुं०) पर्वत श्रृंखला।
पारियात्रिक (वि०) पर्वतवासी।
पारियानिकः (पुं०) [परियान+ठक्] यात्री सम्बंधी गाड़ी।
पारिरक्षकः (पुं०) [परिरक्षति आत्मानं-परि+रक्ष्+ण्वुल्+अण्] ०मुनि, साधु ०सन्यासी।
पारिव्राजक (नपुं०) [परिव्राजक+अण्] परिभ्रमण शील जीवन वाला सन्यासी।
पारिवित्त्यं (नपुं०) [परिवृत्त+ष्यञ् परिवेतृ+ष्यञ्] ताऊ का अविवाहित होना, बड़े भाई का परिणय न होना।
पारिशीलः (पुं०) [परिशील+अण्] रोटी, पूआ, मालपुआं। अपूप।
पारिशेष्यं (नपुं०) [परिशेष+ष्यञ्] शेष, बचा हुआ, अवशिष्ट।
पारिषद (वि०) [परिषद्+अण्] सभा करने वाला, सभा से सम्बंध रखने वाला।
पारिषदः (पुं०) उपस्थित व्यक्ति, देवमित्र। परिषदि भवा पारिषदाः। (स०सि० ४/४) परिषदि सभायां भवाः पारिषदाः पीठमर्दमित्रतुल्याः-
पारिषद्यः (पुं०) [परिषद्+ण्यत्] दर्शक, सभा में उपस्थित जन समूह, श्रोतागण।
पारिहारिकी (स्त्री०) [परिहर+ठक्+ङीप्] प्रहेलिका, रहस्यमयी पहेली, बुझौवल।
पारिहार्यः (पुं०) कंगन, वलय, कड़ा।
पारिहार्यं (नपुं०) ग्रहण करना, स्वीकार करना लेना।
पारिहास्यं (नपुं०) [परिहास+ष्यञ्] हंसी उड़ाना।
पारी (स्त्री०) [पृ+णिच+घञ्+ङीष्] ०हस्बिंधन का रास्सा
०जल का परिमाण।
०प्याला, सकोरा, कटोरा।
०सुराही।
पारीण (वि०) दूसरे पार जाने वाला।
०सुविज्ञ, सुपरिचित, जानकारी।
पारीणह्यं (नपुं०) घर का सामान।
पारीन्द्रः (पुं०) [पारिपशुः तस्येन्द्रः] ०सिंह, ०अजगर।
पारीरणः (पुं०) [पायां जलपूरे रण यस्य] ०कच्छप, कूर्म, कछुवा।
०छड़ी, यष्टि, लाठी।
पारुः (पुं०) [पिबति रसान्-पा+रु] ०सूर्य, दिनकर।
०अग्नि, आग।
पारुष्य (वि०) [परुष+ष्यञ्] ०खुरदुरापन, कठोरता युक्त, कड़ापन।
०क्रूरता, निर्दयता।
०अपलाप, अपभाषा, बुरा-भला, अश्लील।
०इन्द्र का आराम।
०अगर। ०रोष युक्त।
पारुष्यः (पुं०) बृहस्पति।
पारोवर्यं (नपुं०) [परोवर+ष्यञ्] परम्परा, क्रम।
पार्घटं (नपुं०) [पादे घटते इति अच्] ०धूल, रज, राख।
पार्जन्य (वि०) [पर्जन्य+अण्] वृष्टि से सम्बन्ध रखने वाला।
पार्ण (वि०) [पर्ण+अण्] पत्तों से सम्बन्धित।
पार्थः (पुं०) [पृथा+अण्] ०युधिष्ठिर, भीम और अर्जुन के मातृकुलसूचक सम्बोधन।
०अर्जुन।
पार्थक्यं (नपुं०) पृथक्ता, अलग अलग।
पार्थसारथिः (पुं०) कृष्ण।
पार्थवं (नपुं०) विस्तार, फैलाव, चौड़ाई।
पार्थिव (वि०) [पृथिवी+अण्] भू सम्बन्धी।
पार्थिवः (पुं०) राजा, पृथ्वीपालक। (जयो० ११/७०, ६/९९)
पार्थिवसुता (स्त्री०) राजकुमारी।
पार्परः (पुं०) मुट्ठीभर चावल। ०क्षयरोग, तपेदिक।
पार्यंतिक (वि०) [पर्यन्त+ठक्] ०अन्तिम, आखरी।
०निर्णायक।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पावर्ण (वि०) [पर्वन्+अण्] पर्व सम्बंधी।
०वृद्धि को प्राप्त होना।
पार्वणं (नपुं०) पर्व का समय। उत्सवकाल।
पार्वत (वि०) [पर्वत+अण्] पर्वतवासी, गिरि निवासी।
०पहाड़ी, पर्वतीय।
पार्वतिकं (नपुं०) [पर्वत+ठन्] पर्वतमाला, गिरि शृंखला।
पार्वती (स्त्री०) [पर्वतभवां सुकन्दरां श्रितात्] उमा, गौरी, पर्वत पुत्री, शिव भार्या। (जयो० ६/४४) पर्वतसम्बन्धिनी तटीं तामेव वा पार्वती। (जयो० २४/६)
पार्वतीय (वि०) पर्वत पर रहने वाला, गिरि निवासी।
पार्वतीयः (पुं०) पहाड़ी, एक जाति। ०पार्वतीय नामक राजा न्यायाधिपः प्राह च पार्वतीयं वचो वसुर्वाग्विवशो महीयम्। (वीरो० १८/५१)
पार्वतेय (वि०) [पार्वती+ठक्] पर्वत पर उत्पन्न।
पार्वतेयं (नपुं०) अंजन, सुरमा।
पार्शवः (पुं०) [पर्शु+अण्] कुठार युक्त योद्धा। *फरसा वाला सैनिक।
पार्श्वः (पुं०) [पशूनां समूहः] पांसू, कांख।
पार्श्व (वि०) ०निकट, समीप। (जयो० १३/६५) ०पीछे। (मुनि० १२) (जयो० २/१५६) 'पृतनापतिपार्श्वमागतः' कथमप्यर्थिगणोऽथं रागतः'
०पक्ष भाग (जयो० ३/१०३) पतन् पार्श्वे मुहुर्यस्य चामराणां चयो बभौ।
०पदन्तिक (जयो० २४/९)
०पश्यति सर्वभावानिति निरुक्तात् पार्श्वः।
पार्श्वः (पुं०) पार्श्वनाथ, तेइसवें तीर्थंकर का नाम, जिनका चिह्न सर्प है। पार्श्वप्रभु (समु० ११/३६)
पार्श्वकुमारः (पुं०) पार्श्वनाथ, वामादेवी का सुत, बनारस के राजा अश्वसेन का पुत्र, जिसने जिनशासन के तीर्थमार्ग का प्रवर्तन किया।
पार्श्वकेकड़ा (स्त्री०) सेवक, अनुचर। ०भृत्य।
पार्श्वगः (पुं०) अनुचर।
पार्श्वगत (वि०) पास ही स्थित, पार्श्ववर्ती, शरणागत।
पार्श्वचरः (पुं०) सेवक, अनुचर।
पार्श्वजिनः (पुं०) पार्श्वप्रभु, तेइसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ स्वामी।
पार्श्वदेशः (पुं०) कोख, पांसू।
पार्श्वनाथः (पुं०) पार्श्वनाथ स्वामी। (भक्ति० २०)
पार्श्वनाथ जिनालयः (पुं०) पार्श्वनाथ स्वामी का मंदिर। (दयो० १०)
पार्श्वपरिवर्तनं (नपुं०) बिस्तर पर करवट बदलना, भाद्रशुक्लपक्ष।
पार्श्वप्रदेशः (पुं०) निकटवर्ती भाग। (जयो०वृ० ६/५८)
पार्श्वप्रभु (पुं०) पार्श्वनाथ। (वीरो० १/१४)
पार्श्वभागः (पुं०) सन्निकटता, समीपवर्त प्रदेश (जयो० १३/५६)
०कोख, पांसू।
पार्श्वमुद्रा (स्त्री०) ध्यान की एक अवस्था, जिसमें उल्टे हाथों से वेणीबन्ध करके सामने करते हुए दोनों तर्जनियों के मिलाने और शेष अंगुलियों के मध्य में दोनों अंगूठों के रखने पर पार्श्वमुद्रा होती है।
पार्श्ववर्तिन् (वि०) समीपवर्ती, निकटवर्ती। (दयो० ९५) (जयो०वृ० ६/४७)
पार्श्ववर्तिनी (वि०) सन्निकटस्थ। (जयो० १०/९३)
पार्श्वशय (वि०) समीप शयन करने वाला।
पार्श्वशूलः (पुं०) उदर शूल, कोख की पीड़ा।
पार्श्वसङ्गत (वि०) पार्श्वगत, समीप गया हुआ। (वीरो० ४/३२)
पार्श्वसूत्रकः (पुं०) एक प्रकार का आभूषण।
पार्श्वस्थ (वि०) समीपवर्ती, निकटवर्ती।
पार्श्वस्थः (पुं०) सहचर, सूत्रधार।
०पार्श्वमुनि, जो आत्महितकर दर्शन, ज्ञान, चारित्र, तप और प्रवचन के पार्श्व में विहार करता है-उनके पालन में पूर्णतया प्रयत्नशील नहीं रहता है वह पार्श्वस्थ मुनि कहलाता है।
पार्श्वस्थ सङ्गवशः (पुं०) समीपवर्ती साधुओं की संगति के वशीभूत। पार्श्वस्थसङ्गमवशेन दिगम्बरेषु शैथल्यमापतितमाशु तपः परेषु (वीरो० २२/९)
पार्श्विक (वि०) [पार्श्व+ठक्] कोख से सम्बंध रखने वाला। ०उदर सम्बन्धित।
पार्षत (वि०) [पृषत्+अण्] चितकबरे हिरण से सम्बधित।
पार्षती (स्त्री०) [पार्षत+ङीप्] ०द्रोपदी, ०दुर्गा।
पार्षद् (स्त्री०) सभा, परिषद्।
पार्षद्यः (पुं०) पार्षद्य नामक देव, जो मित्र सादृश होते हैं। 'वयस्यप्रायाः पार्षद्याः' 'पर्षदिसाधवः पार्षद्याः' 'पर्षदो ण्यणौ' इति ण्य प्रत्ययः ते च वयस्थस्थानीयाः मित्रासदृशा देवराजा-नामिति भावः (जैन०ल० ७०८) ०राभासद, सदस्य।
पार्ष्णि (पुं०) ०एड़ी, सेना की पिछाड़ी।
०ठोकर।
पार्ष्णिग्रहः (पुं०) अनुचर, अनुयायी।
पार्ष्णिग्राहणं (नपुं०) शत्रु की पीठ पर प्रहार करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पार्ष्णिग्राहः (पुं०) पृष्ठवर्ती शत्रु। पृष्ठवर्ती सेनापति, विजय के लिए, प्रस्थान गत।
०प्रस्थान के समय पीछे क्रोध करने वाला।

पार्ष्णिघातः (पुं०) ठोकर।

पार्ष्णित्रं (नपुं०) पृष्ठरक्षक।

पार्ष्णिवाहः (पुं०) बाह्यवर्ती अश्व।

पालः (पुं०) [पाल्+अच्] अभिभावक, संरक्षक, पालक। (वीरो० २/१३) पालने पालके तः स्यात् इति वि (जयो० १८/१६)
०ग्वाला, ०राजा, ०पीकदान।

पालकः (पुं०) [पाल्+ण्वुल्] संरक्षक, अभिभावक।
०राजा शासक, प्रभु।
०घोड़ा, ०चित्रकवृक्ष।

पालकाप्यः (पुं०) हस्तिविज्ञान।

पालंकः (पुं०) पालक का साग।
०बाजपक्षी।

पालंक्यः (पुं०) एक सुगन्धित द्रव्य।

पालनं (पुं०) [पाल+ल्युट्] संरक्षक, अभिभावक।

पालन (वि०) पालन करने वाला। (सुद० ३/२३)

पालनक (वि०) भरण-पोषण करने वाला।

पालनकरिन (वि०) रक्षा कारक। (वीरो० ३/३३) रक्षा करने वाला, संरक्षण देने वाला।

पालननिमित्तं (नपुं०) प्रजाहितार्थ (जयो० १८/१६)

पालयितृ (पुं०) [पाल्+णिच्+तृच्] संरक्षक, अभिभावक, पालन-पोषण कर्ता।

पालाश (वि०) ढाक से उत्पन्न।

पालाशखण्डः (पुं०) मगध देश।

पालित (वि०) रक्षित, सुरक्षित, पाला गया। 'पुनः पुनरूपयोगप्रतिजागरणेन रक्षितम्' (जैन०ल० ७०८)

पालिः (स्त्री०) कान का सिरा। ०परम्परा (जयो० १४/१०)
०भाषा विशेष, मगध में प्रचलित भाषा।

पालिका (स्त्री०) कान का सिरा।

पालिभेदः (पुं०) संयम में स्थित होकर संरक्षण करना, उपाश्रय की रक्षा करने वाली साध्वी।

पाली (स्त्री०) एक स्थान का नाम, मगध का एक क्षेत्र। जिसका अर्थ रक्षण अर्थ में भी होता है, बुद्धवचन को जिसमें रक्षण प्राप्त हुआ वह भाषा भी पाली है।

पालित्यं (नपुं०) [पलित+ष्यञ्] बालों में धवलता, वृद्धापन की द्योतकता।

पाल्वल्ल (वि०) [पल्वल+अण्] पोखर में उत्पन्न, तलैया से प्राप्त।

पावकः (पुं०) [पू+ण्वुल्] अग्नि, आग, ज्वाला।
०चित्रक वृक्ष।

पावकातिग (वि०) दूरवर्तिनी। (जयो० १२/५३)

पावकात्मजः (पुं०) ०सुदर्शन ऋषि। ०कार्तिकेय।

पावकिः (पुं०) [पावक+इञ्] कार्तिकेय।

पावकेकिलः (पुं०) अग्नि, आग। समेत्यमन्त्रोत्थित-पावकेकिल, प्रवेष्टुमन्यः परिनिर्वृतोऽखिलः। (समु० ४/१३)

पावन (वि०) [पू+णिच्+ल्युट्] विशुद्ध, पवित्र, निर्मल, परिष्कृत, अच्छा, पूत, पुनीत, श्रेष्ठ। 'पकारस्यावनं परिरक्षणं यस्यैवं शीलोऽमरपोमघवासन्' (जयो०वृ० १७) 'स्मासाद्य तत्पावनमिङ्गितज्ञ' (सुद० २/२८)
पावनया पवित्रया श्रिया (जयो० १/६४)

पावनपल्लवं (नपुं०) स्वच्छ जल, पवित्र जल। 'पदे पदे पावनपल्लवानि सदाप्रजम्बूज्ज्वलम्भलानि' (सुद० १/१९)

पावनमनं (नपुं०) पवित्रमन। (वीरो० १६/२७)

पावनी (स्त्री०) [पावन+ङीप्] ०पूत स्वभाविनी (जयो० ५/९५) ०गंगा, ०गाय, ०तुलसी।

पावमानी (स्त्री०) [पचमानं अधिकृत्य प्रवृत्तम् पवमान्+अण्+ङीप्] ०विशिष्ट ऋचा।
०पवित्र करने वाली।

पावरः (पुं०) पांसे का विशेष लक्षण।

पावा (स्त्री०) पावापुरी, प्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र, महावीर स्वामी की निर्वाणस्थली जो विहार में स्थित है।

पावानगरं (नपुं०) पावापुर। अपि मृदुभावाधिष्ठशरीरः सिद्धिश्रियमनुसर्तुं वीरः। कार्तिककृष्णाब्धीन्दुनुमायास्तिथे निशायां विजनमथाऽयात्।। (वीरो० २१/२०)
पावानगरोपवने मुक्तिश्रियमनुगतो महावीरः।
तस्या वर्त्मानुसरन् गतोऽभवत् सर्वथा धीरः।।
(वीरो० २१/२१)

पाशः (पुं०) [पश्यते वध्यतेऽनेन. 'पश करणे घञ्] ०डोरी, रज्जू, रस्सी।
०शृंखला, बेड़ी।
०जाल, फंदा।
०पांसा, खेलने की गोटी। (जयो० २०/७७)
०बुनी हुई वस्तु की किनारी।
०तिरस्कार, अपमान, हीनता। निन्दा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पाशकः (पुं०) [पाश्यति पीडयति-पश्+णिच्+ण्वुल्] अक्ष, पांसा।

पाशकला (स्त्री०) पाशक्षेपण, द्यूतक्रीड़ा, जुआ खेलना। (जयो० २०/७७) द्यूतक्रीडां पाशक्षेपणक्रियां करोति। (जयो०वृ० २०/७७)

पाशक्षेपणं (नपुं०) द्यूतक्रीड़ा। (जयो०वृ० २०/२७)

पाशनं (नपुं०) [पश्+णिच्+ल्युट्] ०बंधन, जाल, फंदा, पिंजरा।
०डोरी, रज्जू, रस्सी।

पाशपीशुं (नपुं०) जुआं का पाया, द्यूतक्रीडा का पाटा।

पाशबंधः (पुं०) बन्धन, जाल।

पाशबंधकः (पुं०) बन्धन, जाल।

पाशबन्धनं (नपुं०) जाल।

पाशमुद्रा (स्त्री०) ध्यान की मुद्रा।

पाशवद्ध (वि०) जाल में फंसा हुआ। (जयो० ७/७७)

पाशरज्जु (स्त्री०) जाल, रस्सी, बेड़ी।

पाशस्थ (वि०) बन्धन युक्त।

पाश हस्तः (पुं०) वरुण।

पाशविक (वि०) पशु सम्बंधी प्रवृत्ति वाला। (जयो० १२/१८९)

पाशित (वि०) [पश्+णिच्+क्त] बेड़ियों से आबद्ध।

पाशिन् (पुं०) [पाश+इनि] वरुण, यम, बहेलिया।

पाशिन् (वि०) जाल में फंसाने वाला, पाशबद्ध। (जयो० २/७७) रज्जु बद्ध, पाश युक्त। (वीरो० १४/२२)

पाशुपत (वि०) [पशुपति+अण्] पाशुपत दर्शन से संबंधित।

पाशपतं (नपुं०) पाशुपत सिद्धान्त।

पाशुपाल्यं (नपुं०) पशुपालक, ग्वाला की वृत्ति।

पाश्चात्य (वि०) [पश्चात्+त्यक्] ०पश्चिमी संस्कृति वाला। ०पश्चवर्ती।

पाश्चात्यं (नपुं०) पिछला भाग।

पाश्या (वि०) [पाश+य+टाप्] ०जाल, पिंजरा।

पाषण्डः (पुं०) [पात्रयोधर्मः, तं षंडयति-पा+षण्ड्+अच्] पाखण्ड।

पाषण्डकः (पुं०) [पाषण्ड+कन् पा+षड्+णिनि] धर्मभ्रष्ट धर्मच्युत।

पाषण्डस्थापना (स्त्री०) पाखण्ड की स्थापना। समणे य पुंडुरंगे भिक्खू कावलिए अ तावसए। परिवायगे से तं पासंड णामे।। (जैन०ल० ७०८)

पाषण्डिन् (वि०) पाखण्डता करने वाला। (सु० १०८)

पाषण्डिमूढता (स्त्री०) पाखण्डिमूढता, श्रमण होकर भी मंत्रादि शक्तियों की उपासना करना।

पाषाणः (पुं०) [पिनष्टि पिष् संचूर्णेन आनच्] ०प्रस्तर, पत्थर। (जयो० २/१२) (वीरो० २/१३)

पाषाण-कणं (नपुं०) पत्थर के टुकड़े, पत्थर के कण।

पाषाण दारकः (पुं०) ०छैनी, टॉकी।
०पत्थर काटने का औजार।

पाषाणदारणः (पुं०) छैनी, टॉकी।

पाषाण सन्धिः (स्त्री०) पत्थर की दरार।

पाषाणहृदय (वि०) कठोर हृदय, क्रूरहृदय, पत्थर की तरह कठोर हृदय।

पि (सक०) प्राप्त होना, परिभ्रमण करना, हिलना-जुलना।

पिकः (पुं०) [अपि कायति शब्दायते अपि+कै+क-अकारलोपः] अलिपक। (जयो० २१/२६) (दयो० १२०) कोकिक, कोयल।

पिकद्विजातिः (स्त्री०) कोयल पक्षियों का समूह। (वीरो० ६/१९) कुहूः करोतीह पिकद्विजातिः स एष संखध्व-निराविभातिः। (वीरो० ६/१९)

पिकबांधवः (पुं०) वसन्तऋतु।

पिकबन्धु (स्त्री०) कोयल की राग।

पिकमञ्जुकठिन् (वि०) मधुर कण्ठ वाली। पिष्कस्य कोकिलस्य मञ्जु मधुरं कण्ठ यस्याः सा। (जयो० १७/१८)

पिकखः (पुं०) कोकिक कूंक। (सुद० ८१)

पिकरागः (पुं०) कोयल की कूंक।

पिकस्वनः (पुं०) कोकिल शब्द। (वीरो० ६/२२) जनीस्वनीतिः स्मरमाणवेशः पिकस्वनः पञ्चम एष शेषः। (वीरो० ६/२२)

पिकवल्लभः (पुं०) आम्रवृक्ष।

पिकाङ्गना (पुं०) पिकी, कोकिला। (जयो० १०/११७)

पिकाननं (नपुं०) कोयलमुख। (जयो० ९/६९)

पिकानन्दः (पुं०) वसंत ऋतु।

पिकी (स्त्री०) कोकिला। (दयो० २०)

पिक्कः (पुं०) [पिकइत्यव्यक्तशब्देन कायति-पिक+कै+क] हस्ति शवक। २० वर्ष का हस्तिशावक।

पिंगल (वि०) [पिंगं लाति ला+क] पीताभ, लालिमा।

पिंगल (पुं०) ०खाकी रंग, ०अग्नि, आग।
०वानर, ०नेवला, ०उल्लू।
०सर्प विशेष।
०पिंगल नामक छन्दशास्त्र प्रणेता, प्राकृत-पैंगलं के रचनाकार।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पिंगलं (नपुं०) पीतल।

पिंगलगान्धारः (पुं०) रत्नपुर के राजा का नाम। (जयो० २४/१०४)

पिंगलनिधिः (स्त्री०) आभरणविधि, अलंकरण की पद्धति।

पिंगला (स्त्री०) शीशम तरु। ०उल्लू। एक धातु विशेष।

पिंगलाक्षः (पुं०) शिव, महादेव।

पिंगलिका (स्त्री०) [पिंगल+ठन्+टाप्] ०सारस, ०उल्लू विशेष।

पिंगाशः (पुं०) [पिंग+आश्+अण्] गांव का मुखिया, सरपंच।

पिगत् (अक०) गलना, बहना। (जयो० १७/१०१)

पिचण्डः (पुं०) पेट, उदर।

प्रचालः (पुं०) [प्रकृष्टश्चालः] वीणा की गरदन।

प्रचालनं (नपुं०) [प्र+चल्+णिच्+ल्युट्] ०प्रचार, प्रसारण।
०हिलाना, विलोडन करना, हलचल।

प्रचालयन्ती [प्र+चल+णिच्+शतृ+ङीप्] संचालन करने वाली। (जयो० ८/५२)

प्रचित (भू०क०कृ०) [प्र+चि+क्त] संचित किया, एकत्रित किया हुआ, तोड़ा हुआ।
० ढका गया, आच्छादित किया गया।

प्रचुर (वि०) [प्र+चुर्+क] अधिक, विशिष्ट, यथेष्ट, बहुल, पुष्कल,
०विशाला, बृहत्, विस्तृत।
०परिपूर्ण, भरा हुआ, बहुत अधिक।

प्रचुरः (पुं०) चोर।

प्रचुरजनः (पुं०) विशिष्ट लोग।

प्रचुरधनं (नपुं०) पर्याप्त धन।

प्रचुरतपः (पुं०) विशिष्ट तप, उत्कृष्ट तप।

प्रचुरता (वि०) प्रमुखता। (दयो० ३५)

प्रचुरमात्रा (स्त्री०) अधिकमात्रा।

प्रचुरमोहः (पुं०) मोह की व्यापकता।

प्रचुरयशः (पुं०) यथेष्ट कीर्ति।

प्रचुर-रजनी (स्त्री०) प्रगाढ़ रात्रि, अन्धकारमयी रात्रि।

प्रचुरशब्द (वि०) अधिक शब्द, शब्द की व्यापकता।

प्रचेतस् (पुं०) [प्र+चित्+असुन्] वरुण।

प्रचेतृ (पुं०) [प्र+चि+तृच्] सारथि, रथवाहक। (वीरो० १८/३४)

प्रचेलं (नपुं०) [प्र+चेल्+अच्] चन्दन की पीली लकड़ी।

प्रचेलकः (पुं०) [प्र+चेल्+ण्वुल्] अश्व, घोड़ा।

प्रचेलिमा (वि०) परिपाक प्राप्त। (जयो० २४/५८)

प्रचोदः (पुं०) [प्र+चुद्+घञ्] आगे हांकना, बलपूर्वक चलाना।
०भड़काना, प्रेरित करना।

प्रचोदनं (नपुं०) [प्र+चुद्+ल्युट्] ०बलपूर्वक चलाना, हांकना।
०उकसाना, भड़काना।
०आदेश देना, निर्देश करना।
०नियम, विधि, समादेश।

प्रचोदित (भू०क०कृ०) [प्र+चुद्+क्त] ०उकसाया हुआ, भड़काया हुआ।
०निदेशित, आदेशित।
०नियमित, आदिष्ट नियत किया हुआ।

प्रच्छ् (अक०) पूछना, प्रश्न करना।
०ढूढना, खोजना।
०अन्वेषण करना।

प्रच्छदः (पुं०) [प्र+च्छद्+णिच्+घ] ०आवरण, आच्छादन।
०चादर, ओढ़नी, बिछावन।

प्रच्छदपटः (पुं०) बिछावन, चादर।

प्रच्छनं (नपुं०) [प्रच्छ्+ल्युट्] परिपृच्छा, प्रश्न करना।

प्रच्छना (स्त्री०) परिपृच्छा, प्रश्न करना।

प्रच्छन्न (भू०क०कृ०) [प्र+च्छद्+क्त]०वस्त्राच्छादित, लपेटा हुआ, बन्द किया हुआ।
०गुप्त, छिपा हुआ, रहस्यमय।
०गोपनीय, निजी, स्वकीय।

प्रच्छन्नतप (वि०) गुप्त, गोपनीय, छिपा हुआ।
'द्रुतेव तत्र गत्वा प्रच्छन्मतया'। (दयो० ८१)

प्रच्छन्नं (नपुं०) द्वार, झरोखा।
०जाली, खिड़की।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रच्छन्न (अव्य०) गुप्त रूप से, चुपचाप।

प्रच्छन्नतस्करः (पुं०) गुप्तचर।

प्रच्छन्नवस्तु (वि०) गुप्त वस्तु, छिपी हुई वस्तु। (वीरो० २/१८)

प्रच्छन्नी भावः (पुं०) लय, छिपा, गुप्तभाव। (जयो० वृ० २६/४५)

प्रच्छर्द (अक०) वमन होना, उल्टी होना

प्रच्छर्दनं (नपुं०) [प्र+छर्द्+ल्युट्] ०वमन, कै,
०बाहर निकालना, फेंकना।

प्रच्छर्दिका (स्त्री०) [प्र+छर्द्+ण्वुल्+टाप्] उल्टी होना, वमन कै करना।

प्रच्छादनं (नपुं०) [प्र+छद्+णिच्+ल्युट्] ०ढकना, छिपाना।
०ओढ़नी, चादर, उत्तरीय।

प्रच्छादनपटः (पुं०) लटेपटन, चादर, ढकना।

प्रच्छादित (भू०क०कृ०) [प्र+छद्+णिच्+क्त] ढका हुआ। लपेटा हुआ।
०गुप्त, छिपा।

प्रच्छायं (नपुं०) [प्रकृष्टा छाया यत्र] सघन छाया, छाया युक्त प्रदेश।

प्रच्छिल (वि०) [प्रच्छ्+इलच्] शुष्क, निर्जल, सूखा।

प्रच्यवः (पुं०) [प्र+च्यु+अच्] आना, एक जन्म से दूसरे जन्म को प्राप्त होना।
०पतन।
०प्रगति, विकास।प्र
०पुनरागमन।

प्रच्यवनं (नपुं०) [प्र+च्यु+ल्युट्] आगमन, आना। (जयो० २७/५८)
०विदा होना, मुड़ना।
०हानि, क्षति।
०रिसना, झरना।

प्रच्युत (भू०क०कृ०) गिरा हुआ, च्युत हुआ, पुनरागमन को प्राप्त हुआ।
०भटका हुआ, विचलित।
०स्थान पतित, भ्रष्ट, गिरा हुआ।
०विस्थापित।

प्रच्युति (स्त्री०) [प्र+च्यु+क्तिन्] ०हानि, क्षति, अधः स्तन।
०पुनरागमन, एक जन्म से दूसरे जन्म को प्राप्त होना।
०वापसी।

प्रजः (पुं०) [प्रविश्य जायायां जायते-जन्+ड] पति, स्वामी।

प्रजनः (पुं०) [प्र+जत्+घञ्] ०गर्भाधान करना, पैदा करना।
०उत्पादन, उत्पन्न करना।

प्रजननं (नपुं०) [प्र+जन्+ल्युट्] ०प्रसृजन, जनन, योनि गत।
०जन्म, प्रसव।
०वीर्य, जनेनन्द्रिय।
०सन्तान।

प्रजनिका (स्त्री०) [प्र+जन्+णिच्+ण्वुल्+टाप्] माता, माँ, जननी।

प्रजनुकः (पुं०) [प्र+जन+उक] काया, शरीर देह।

प्रजल्प् (अक०) कहना, बखान करना। (वीरो० ९/२६)

प्रजल्पः (पुं०) [प्र+जल्प्+ल्युट्] ०मुखरी वचन, ०बकवास, ०व्यर्थकथन, ०कहना (सुद० ९४) ०प्रलाप! ०ऊट पटांग शब्द।

प्रजल्पनं (नपुं०) [प्र+जल्प्+ल्युट्] ०बोलना, कहना,
०बातचीत करना।
०गपशप, मुखरी वचन।

प्रजविन् (वि०) [प्र+जु+इनि] आशु, द्रुतगामी, वेगवान्।

प्रजविन् (पुं०) दूत, संदेशवाहक।

प्रजा (स्त्री०) [प्र+जन्+ड+टाप्] ०जनसमूह, जनसमुदाय।
०लोग, मानव, मनुष्य, प्रज्ञासु-लोकेषु (जयो०वृ० २/५९)
०सन्तति, सन्तान।
०प्रसृजन, प्रसूति, प्रसव।
०जन्म, उत्पादन।

प्रजाकम्म (वि०) सन्तान की चाह, सन्तति की वाञ्छा।

प्रजाकृतिः (स्त्री०) जनता का कर्तव्य। 'प्रज्ञायाः प्रजायाः चतुर्वर्णात्मिकाया जनतायाः कृतिः कर्त्तव्यम्। (जयो० ३/३)

प्रजागरः (पुं०) [प्र+जागृ+अप्] ०जागरण करना, सोना नहीं।
०सावधानी, चौकसी।
०अभिभावाक, संरक्षक।

प्रजाननः (पुं०) प्रजासमूह। (जयो० १/२२)

प्रजात (भू०क०कृ०) उत्पन्न, प्रजनन, प्रसूति।
०पैदा हुआ, उत्पन्न हुआ।

प्रजातिः (स्त्री०) [प्र+जन्+क्तिन्]
०प्रसूति, उत्पादन, प्रजनन।
०पीडाकारी। (जयो० १/५२)
०प्रसववेदना, प्रसवपीड़ा।

प्रजादानं (नपुं०) ०चांदी।
१. प्रजा कल्याण, प्रजाहित।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रजादुरीह (वि०) प्रजा की दुर्वृत्तिया। (वीरो० १८/९५)
प्रजानाथ (पुं०) राजा, प्रजापालक।
प्रजानिषेकः (पुं०) गर्भाधान।
प्रजापः (पुं०) राजा, नृप।
प्रजापतिः (पुं०) राजा, नृप।
०विधाता, सृष्टि सम्पादक। (दयो० १/२२) ०सृष्टिकर्ता (जयो० ११/१२) प्रजापतेः सृष्टिसम्पादकच्छिशुभावम् (जयो० ११/१२)
०पोदनपुर का राजा। (वीरो० ११/१७)
०जामाता, जमाई।
०सूर्य, दिनकर।
०पिता, जनक।
प्रजापालः (पुं०) नृप, राजा।
प्रजापालकः (पुं०) नृप, राजा, अधिपति। (दयो० ९१)
प्रजाप्रिय (वि०) प्रजा का हितकारी। 'प्रजायाः प्रियो हितकरः' (जयो० २३/१)
प्रजाबन्धुः (पुं०) राजा, नृप।
प्रजामयी (वि०) प्रजा युक्त। (जयो०वृ० १/५)
प्रजामोहः (पुं०) लोगों का मोह।
प्रजायशः (वि०) राजा, स्वामी, प्रभु।
प्रजावर्गः (पुं०) जनता, जनसमूह, जनसमुदाय। (जयो० ५/३४)
प्रजावृद्धिः (स्त्री०) संतति की वृद्धि।
प्रजासृज् (पुं०) विधाता, ब्रह्मा।
प्रजासेवा (स्त्री०) प्रजाहित। 'प्रजायाः सेवया तु सा'। (वीरो० ८/४३)
प्रजाहित (वि०) लोक कल्याण, जनहित। (दयो० १/१२, जयो० २२/३७)
प्रजिनः (पुं०) [प्र+जि+नक्] पवन, वायु।
प्रजिप् (सक०) भेजना, लौटाना, वापिस करना। (जयो०)
प्रजीप्सु (वि०) संतान की इच्छा।
प्रजीवनं (नपुं०) [प्र+जीव्+ल्युट्] जीविका, जीवनर्विाह का साधन, व्यापार।
प्रजीश्वरः (पुं०) राजा, प्रभु।
प्रजुष्ण (वि०) [प्र+जुष्+क्त] अनुरक्त, भक्त, जुटा हुआ।
प्रजोत्पत्तिः (स्त्री०) सन्तानोत्पत्ति।
प्रजोत्पादनं (नपुं०) संतान उत्पन्न करना।
प्रज्ञ (वि०) [प्र+ज्ञा+क] बुद्धिमान् ज्ञानी, मेधावी, विद्वान्।
प्रज्ञप्तिः (स्त्री०) [प्र+ज्ञा+णिच्+क्तिन्] ०प्रतिज्ञा, सहमति।
०शिक्षा, सूचना, संदेश, समाचार होना।
०सिद्धान्त।
प्रज्ञा (स्त्री०) [प्र+ज्ञा+अ+टाप्] प्रज्ञायते अनया प्रज्ञा, प्रगता ज्ञा प्रज्ञा।
०बुद्धि, मेधा, मति, ज्ञान। (जयो० १/९६)
०विवेक, जागृति, प्रकर्ष प्राप्त।
०ज्ञान के उत्पादन की योग्यता, ऊहाः अपोह दृष्टि।
प्रज्ञात (भू०क०कृ०) [प्र+ज्ञा+क्त] ०समझा हुआ, बोध प्राप्त हुआ।
०प्रसिद्ध, प्रख्यात।
प्रज्ञानं (नपुं०) [प्र+ज्ञा+ल्युट्] ०बुद्धि, प्रज्ञा, ज्ञान, मति, धी।
०समझ, जानकारी।
०चिह्न, पहचान, प्रतीक।
प्रज्ञापकः (पुं०) चारित्र का प्रवर्तक। 'चारित्रस्य प्रवर्तकः प्रज्ञापक उच्यते।'
प्रज्ञापना (स्त्री०) ०उपांग ग्रंथ।
०जीवादि पदार्थों का ज्ञापना। 'प्रज्ञाप्यते प्ररूप्यन्ते जीवादयो भावा अनया शब्दसंहत्या इति प्रज्ञापना।' (जै०ल० ७३३)
०प्रकर्ष अभिव्यक्ति।
प्रज्ञापनी भाषा (स्त्री०) विनम्र शिष्य के लिए गुरु उपदेश की भाषा।
०विज्ञान युक्त भाषा।
०धर्मकथात्मक भाषा।
प्रज्ञापरीषहः (पुं०) प्रकर्ष ज्ञान होने पर अभिमान। ज्ञानमद।
प्रज्ञापरीषहजयः (पुं०) ज्ञानविषयक अभिमान न होना, बुद्धि की अतिशयता होने पर अहंकार न होना। 'प्रज्ञा प्रकर्षावलेप-निरासः प्रज्ञाविजयः। (त०वा० ९/९) 'प्रज्ञायतेऽनयेति प्रज्ञा बुद्ध्यतिशयः तत्प्राप्तौ न गर्वमुद्वहत' (त०भा०वृ० ९/९)
प्रज्ञापारमितः (पुं०) दूसरों को प्रतिबोधित करने वाले पुरुष।
प्रज्ञाभावच्छेदना (स्त्री०) मति आदि ज्ञान से छह द्रव्यों का जानना।
प्रज्ञावत् (वि०) [प्रज्ञा+मतुप्] बुद्धिमान्, समझदार।
प्रज्ञावशार्तमरणं (नपुं०) प्रज्ञामद पूर्वक मरण।
प्रज्ञाल (वि०) बुद्धिमान, प्रज्ञाशील।
प्रज्ञाश्रमणः (पुं०) श्रुतज्ञायक श्रमण।
प्रज्ञिन् (वि०) बुद्धिमान, निपुण, मेधावी।
प्रज्वलनं (नपुं०) वह्नि, अग्नि, आग। (जयो०वृ० १६/२३)
देदीप्यमान होना, जलना, दहकना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रज्वाल् (सक०) लाना, प्रज्वलित करना। (सुद० ७१)

प्रज्वाल्य (वि०) भस्मी सात् करना, भस्म करना, जलाना। (जयो० १५/२५)

प्रज्वलित (वि०) जलता हुआ, देदीप्यमान हुआ।

प्रडीनं (नपुं०) [प्र+डी+क्त] हर दिशा में उड़ना, आगे दौड़ना।

प्रण (वि०) [पुरा+भव:-प्र+न] पुराना, प्राचीन। ०परोपकार, नियम। (जयो० २०/७४)

प्रणख: (पुं०) [प्रकृष्ट: नख:] कील का सिरा।

प्रणत (भू०क०कृ०) [प्र+नम्+क्त] झुका हुआ, नमनशील, प्रणाम करता हुआ।

०विनम्र, विनीत, ०कुशल, चतुर।

प्रणनाम (वि०) प्रणतवान।

प्रणप्रायत (वि०) प्रीति बाहुल्य। (जयो० १२/५२)

०पाणिग्रहण करने वाला। (जयो० १२/५२)

प्रणतवान् (वि०) प्रणनाम, अगवानी। (जयो० ४/१७)

प्रणतारिन् (वि०) शत्रुओं को झुकाने वाला। 'प्रणता: प्रणम्रा अरयो यस्य यस्मै वा तेन प्रणतारिणा। (जयो०वृ० १२/८७)

प्रणति (स्त्री०) [प्र+नम्+क्तिन्] ०प्रणाम, नमस्कार, अभिवादन।

०विनयभाव, विनम्रशीलता।

०शिष्टाचार, विशेष आदर।

०नम्रशील, नमक।

प्रणति प्रवण: (पुं०) नमन के कुशल, नम्रशील, अभिवादन प्रवीण। (जयो० १६/६१) 'रमणे चरणप्रान्ते प्रणति-प्रवणेऽप्यन्यशरणे वा' (जयो० १६/६१) 'प्रणतौ नमनकरणे प्रवण: कुशलो दत्तचित्त:' (जयो०वृ० १६/६१)

प्रणदनं (नपुं०) [प्र+नद्+ल्युट्] शब्द करना, ध्वनि करना।

प्रणदित (वि०) ध्वनित, प्रगटित, बतलाने वाला। 'साम्प्रतं प्रणदितानघानकं देवशब्दमिममुत्तमार्थकम्' (जयो० २/२५)

पणम् (सक०) [प्र+नम्] नमन करना, प्रणाम करना। प्रणोमि (समु० १/९) (जयो० १/२) प्रणमन्ति। (जयो० २१/७४) प्रणम्य (वीरो० ५/६)

प्रणय: (पुं०) [प्र+नी+अच्] ०पाणिग्रहण करना, विवाह करना।

०प्रेम, प्रीति, स्नेह, अनुराग। (जयो० ५/९८) (जयो० १०/९१)

०अभिलाषा, वाञ्छा। चाह, लालसा।

०परिचय, विश्वास। (जयो० २/१३३)

०अनुग्रह, कृपा, सौजन्य।

०अनुरोध, प्रार्थना, निवेदन।

०श्रद्धा, भक्ति।

प्रणयकुपित (वि०) प्रेम से क्रोधित।

प्रणयकुद्ध (वि०) प्रणय सम्बंधी क्रोध।

प्रणयनं (नपुं०) [प्र+नी+ल्युट्] ०संचालन करना, पहुंचाना, ले जाना। प्रापण। (जयो० २३/८४)

०लिखना, निर्णय देना।

०पालन करना, अनुष्ठान करना।

प्रणयनकारिन् (वि०) नीतिविद। 'प्रणीते: अधिप: नीतिविद: प्रणयनकारिणश्चं (जयो०वृ० १/२०)

प्रणयप्रकर्ष (पुं०) अत्यधिक प्रेम, तीव्र अनुराग।

प्रणयप्रणीति: (स्त्री०) अनुरागाधीन। (वीरो० ३/१५)

प्रणयभंग (पुं०) प्रीतिभंग, हीनप्रेम।

प्रणयप्रमातु (वि०) स्नेहभाव को प्राप्त। (वीरो० १७/१३)

प्रणयभाव: (पुं०) मित्रता का भाव।

प्रणयमति: (स्त्री०) निर्णयात्मक बुद्धि।

प्रणयवचनं (नपुं०) प्रेमाभिव्यक्ति, प्रीतिवचन।

प्रणयविमुख (वि०) प्रेम से हटाया हुआ, प्रेम में अनासक्त, आसक्ति रहित प्रेम वाला।

प्रणयविहति: (स्त्री०) प्रार्थना न मानना, अनुरोध ठुकराना।

प्रणयातिशय: (पुं०) प्रेम बाहुल्य, सन्मार्गातिशय। (जयो०२०/४)

प्रणयाधीन (वि०) प्रीतिपूर्वक। (जयो० १२/५०)

प्रणयिन् (वि०) [प्रणय+इनि] ०स्नेही, कृपालु, अनुरक्त।

०प्रिय, अत्यंत प्यारा।

०इच्छुक, लालायित, उत्कण्ठित।

०सुपरिचित, घनिष्ट।

प्रणयिन् (पुं०) मित्र, साथी, सहचर।

०पति, प्रेमी।

०कृताञ्जलि, प्रार्थी, निवेदक।

प्रणयिनी (स्त्री०) गृहिणी, पत्नी।

०सखी, सहेली, प्रेमिका।

प्रणयेश्वर: (पुं०) प्रेम का ईश्वर पति। 'प्रणयस्य प्रेम्ण ईश्वरायाधिकारिणे' (जयो० १२/८३)

प्रणव: (पुं०) [प्र+नू+अप्+णत्वम्]०पवित्र अक्षर। ०वाद्ययन्त्र।

पणष्ट (वि०) विनाश।

प्रणष्टवस्तुज्ञानं (नपुं०) चरण ऋद्धि से नष्ट हुई वस्तु का ज्ञान। (जयो० १९/६९)

प्रणष्टि: (स्त्री०) दंडविहीन, डंडविहीन। प्रणष्टा दण्डा येषां तानि (जयो० ८/३६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रणस (वि०) [प्रगता-नासिका यस्य सादेशः अच् णत्वम्] बड़ी नाक वाला, लम्बी नाक वाला।

प्रणहानिः (स्त्री०) प्रतिज्ञा हानि। (दयो० १३)

प्रणाडी (स्त्री०) माध्यम, अन्तरायण।

प्रणादः (पुं०) [प्र+नद्+घञ्] चीत्कार, क्रन्दन, तीव्र ध्वनि, (जयो० ८/२३)
०दहाड़, गर्जना, चिंघाड़।
०हर्षातिरेक की ध्वनि।
०कान का रोग।
०दुहाई देना।

प्रणामः (पुं०) [प्र+नम्+घञ्] नमस्कार करना, अभिवादन करना, झुकना, नम्र होना, वन्दन। (जयो० ११/८४)
०प्रणति, साष्टांग नति।

प्रणायकः (पुं०) [प्र+नी+ण्वुल्] ०नायक, नेता। ०अधिनायक। (जयो० १२/४६)
०सेनापति।
०प्रथप्रदर्शक, प्रधान, मुख्य।

प्रणाय्य (वि०) [प्र+नी+ण्यत्] ०प्रिय, प्यारा।
०खरा, स्पष्टवादी।
०आवेश, शून्य, विरक्ति।

प्रणालः (पुं०) [प्र+नल्+घञ्] नाली, पनाले, नहर मार्ग।
०परम्परा, अविच्छिन्न धारा।

प्रणालिका (स्त्री०) [प्र+नल्+कन्+टाप्] पनाले, नाली, नहर मार्ग।

प्रणाली (स्त्री०) पद्धति, रीति। (वीरो० २०/५)

प्रणाशः (पुं०) [प्र+नश्+घञ्] ०नाश, हानि, क्षय, घात। (सम्य० १३६) (सुद० १२९)
०विराम, मृत्यु।

प्रणाशगत (वि०) विनाश को प्राप्त। (मुनि० २४)

प्रणाशन् (वि०) [प्र+नश्+णिच्+ल्युट्] विनाश करने वाला, हानि पहुंचाने वाला।
०हटाने वाला, अलग करने वाला।

प्रणाशनं (नपुं०) समुच्छेदन, उन्मूलन, विनाश, विघात।

प्रणिगद् (सक०) बोलना, कहना। सर्वानवगुणांल्लातीत्य-बलाप्रणगद्यते। फांसना (समु० ५/५) (जयो २/१४५)

प्रणिधानं (नपुं०) [प्र+नि+धा+ल्युट्] चित्त की एकाग्रता। स्वास्थ्य चित्त।
०प्रयोग करना, व्यवहार, उपयोग।
०महान् प्रयत्न (हित० १६) 'प्रणिधानं विशिष्टश्चेतोधर्मः' प्रणिधानं चेतः स्वास्थ्यम्। (जैन०ल० ७३६)

प्रणिधानयोगः (पुं०) एकाग्रचित्त का योग। प्रणिधानं चेतः स्वास्थ्यम्, तत्प्रधानयोगाः प्रणिधानयोगाः। (जैन०ल० ७३६)

प्रणिधिः (स्त्री०) आसक्ति, अरुचि, ०अनुचर, गुप्तचर, सचेत, ०प्रार्थना।
०व्रतों की अपरिणति (अनुरोध) 'प्रणिधिः व्रतापरिणतावा-सक्तिः प्रणिधानम्' (जैन०ल० ७३६)

प्रणिधिमाया (स्त्री०) नाप-तौल में कमी रखना, हीनाधिक रखना।

प्रणिधृ (सक०) रखना, निक्षेपण करना, प्रणिधाय। (जयो० १२/११६)

प्रणिनादः (पुं०) [प्र+नि+नद्+घञ्] ०तीव्र ध्वनि।

प्रणिपतनं (नपुं०) [प्र+नि+पत्+ल्युट्] अभिवादन, नमन, प्रणाम, विनति, साष्टांग प्रणाम।
०वस्तु में अन्य वस्तु मिलाना।
०छल करना।

प्रणिपातमुद्रा (स्त्री०) जानु, हाथ और सिर को झुकाना, विनम्र होना, नत होना। 'जानु-हस्तोत्तमाङ्गादिसंप्रणिपातेन प्रणिपातमुद्रा। (जैन० ७३६)

प्रणिसित (वि०) [प्र+निश्+क्त] चुम्बन किया गया।

प्रणिहित (भू०क०कृ०) [प्र+नि+धा+क्त] ०व्यवहृत, रक्खा गया।
०न्यस्त, समर्पित।
०एकाग्रचित्त, निश्चित।
०सावधान, सचेत।
०उपलब्ध, प्राप्त।

प्रणीत (भू०क०कृ०) [प्र+नी+क्त] ०उपस्थित, उद्यत हुआ।
०लाया हुआ, कम किया गया।
०कार्यान्वित, अनुष्ठित, कार्यगत।
०सिखाया गया, नियत, प्रदत्त। (जयो० ८/७९)
०भेजा गया, सेवा निवृत्त।

प्रणीतः (पुं०) गीत, गान, प्रस्तुति। (जयो०वृ० १२/७०

प्रणीतहेति प्रसङ्गः (पुं०) ०प्रदत्तशस्त्रसमागम।
०प्रणीताग्निसम्बन्ध।

प्रणीतिः (स्त्री०) प्रणयन, विवाह।
०पराधीन जीवन। (जयो० २७/६१) पर के आधीन।
०सुरचना। (वीरो० २/२६) उचितनीति। (जयो० १/३५) 'जनस्य नीतिः परतः प्रणीतिः' (जयो० २७/६१)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रणुत (भू०क०कृ०) [प्र+नु+क्त] ०श्लाघा किया गया।
०हर्षव्यक्त किया गया।
०प्रशंसा की गई।

प्रणुत्त (भू०क०कृ०) [प्र+नुद्+क्त] ०भगाया हुआ, खदेड़ा हुआ।
०दूर किया गया।

प्रणुन्न (भू०क०कृ०) [प्रद+नुद+क्त] नत्वम्। भगाया गया, गतिशील किया गया।
०कांपता हुआ।

प्रणेतृ (पुं०) [प्र+नी+तृच्] नेता, नायक।
०निर्माता, स्रष्टा, व्याख्याता, अध्यापक।

प्रणेय (वि०) [प्र+नी+य] नेतृत्व करने योग्य, शिक्षा योग, ज्ञातत्व, वर्णन करने योग्य। (वीरो० २०/१९)
०विनीत, विनम्र, आज्ञाकारी।
०कार्यान्वित किए जाने योग्य।
०स्थिर किए जाने योग्य।

प्रणोदः (पुं०) [प्र+नुद+घञ्] ०हांकना, निर्देश देना।

प्रतत (भू०क०कृ०) [प्र+तन्+क्त] ०आच्छादित किया गया, ढका गया, ०प्रवारित।
०प्रसारित, फैलाया गया, पसारा हुआ।
०बिछाया गया।
०प्रकाशमान्। केशपूरकं कोमलकुटिलं चन्द्रमसः प्रततं व्रज रुचिरात्। (सुद० १००)

प्रततिः (स्त्री०) [प्र+तन्+क्तिन्] ०प्रसार, विस्तार, फैलाव।
०लता।

प्रतन् (सक०) [प्र+तन्] फैलाना, प्रकाशित करना। (वीरो०७/८)

प्रतन (वि०) [प्र+तन्+अच्] ०पुराना, प्राचीन।

प्रतनु (वि०) [प्रकृष्टः तनुः] ०पतला शरीर, क्षीणकाय, कृशदेह।
०सूक्ष्म, सुकुमार।
०अत्यल्प, सीमित।
०नगण्य, मामूली, थोड़ा।

प्रतनुकर्मा (स्त्री०) अतिशय हीनता को प्राप्त होना। प्रकृति, प्रदेश, स्थित और अनुभाग से कर्म का अतिशय हीनता को प्राप्त होना।

प्रतपनं (नपुं०) [प्र+तप्+ल्युट्] ०गरम, उष्ण, तेज।
०ज्वाला, अग्नि, जलना।

प्रतप्त (भू०क०कृ०) [प्र+तप्+क्त] ०गर्म, उष्ण।
०संतप्त हुआ, तपाया हुआ।
०पीड़ित, व्याकुल, दुःखित।

प्रतर् (सक०) [प्र+तृ] पार जाना। लज्जासागर प्रतरेत तरीतुं शक्नुयादित्यर्थः प्रतरंति (मुनि० ३४) (वीरो० ५/२१)

प्रतरः (पुं०) [प्र+तृ+अप्] ०पार जाना, पार करना।
०मेघ पटल का विघटन/भेद।
०सूचि रूप श्रेणि, एक एक आकाश प्रदेशात्मक पंक्ति का वर्ग।
०प्रतरोऽभ्रपटलादीनाम् (स०सि० ५/२४)

प्रतरगतकेवलिक्षेत्रं (नपुं०) समुघातगत केवली का क्षेत्र।

प्रतरभेदः (पुं०) एक प्रकार का घास भेद।
०मेयपटल, बांस, बेंत, नटया केला का भेद।

प्रतरलोक (पुं०) एक प्रमाण विशेष, जग श्रेणी को दूसरी जगश्रेणी से गुणित करना।

प्रतरसमुदायः (पुं०) सम्पूर्ण लोक को व्याप्त करने वाला क्षेत्र, केवली के आत्मप्रदेश वातवलयों के द्वारा रोके गए क्षेत्र को छोड़कर जो शेष सम्पूर्ण लोक।

प्रतरांगुलं (नपुं०) एक प्रमाण विशेष, सूच्यंगुल को दूसरे सूच्यंगुल से गुणित करना।

प्रतर्कः (पुं०) [प्र+तर्क्+अप्] ०अपमान, कल्पना, अटकल।
०विचार विमर्श।

प्रतर्ज् (सक०) [प्र+तर्ज्] डराना, कंपाना। (जयो० २/१४०)

प्रतलं (नपुं०) [प्रकृष्टं तलम्] निम्न लोक का भाग, नीचे का हिस्सा।

प्रतस्थ (वि०) प्रस्थान करना। (समु० ३/१६)

प्रताडित (वि०) समाहत, दुःखी करना। (वीरो०९/३६)

प्रतानः (पुं०) [प्र+तन्+घञ्] ०अंकुर, तन्तु।
०लता, नीचे की ओर फैलने वाली लता।
०शाखा-प्रशाखा, शाखा, संविभाग।
०धानुर्वात रोग।
० मिरगी रोग।

प्रतानिन् (वि०) [प्रतान+इनि] फैलाने वाला, अंकुर, तन्तु वाला।

प्रतानी (स्त्री०) प्रतापवान्, प्रतापशाली, प्रभावयुक्त। (दयो० १/११)

प्रतापः (पुं०) [प्र+तप्+घञ्] गर्मी, उष्णता, तेज।
०दीप्ति, दाहकता, उज्ज्वलता। (दयो० ३५)
०ताप, पराक्रम, बल, शक्ति, शौर्य।

प्रतापनं (नपुं०) [प्र+तप्+णिच्+ल्युट्] ०तपाना, जलाना, गर्माना।
०सताना, दण्ड देना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रताप-सम्पादित (वि०) प्रभावशील। (जयो०वृ०१/८)
०तेजस्वी, शक्तिशाली, प्रभाव युक्त।
०प्रभा युक्त, कान्तिशील।

प्रतापवत् (वि०) [प्रताप+मतुप्]

प्रताप-व्यथित (वि०) तेज से व्याकुल। (जयो० १/८)

प्रतापवह्नि (स्त्री०) तेजस्वी अग्नि। (जयो० ६/३६)

प्रतापिन् (वि०) तेजस्वी, प्रभावयुक्त। (सुद० ८७)
प्रतार: (पुं०) [प्र+तृ+णिच्+घञ्] ०पार ले जाने वाला।
०छल, धोखा।

प्रतारणं (नपुं०) [प्र+सृ+णिच्+ल्युट्] ०पार ले जाना।
०प्रवञ्चना, ०ठगना, ०पाखंड, ०धोखा, ०छलना, ०दम्भ, ०दर्प। (जयो०वृ० ११/२९)
०सताना, दु:ख देना।

प्रतारयन्ती (सक०) प्रतारण करने वाली। (वीरो० २१/९)

प्रतारणार्थ (वि०) प्रवञ्चनार्थ। (जयो० २७/२२)

प्रतारित (वि०) [प्र+तृ+णिच+क्त] ठगा हुआ, छला हुआ, प्रवञ्चित, तिरस्कृत। (वीरो० ४/१५)

प्रति (अव्य०) [प्रथ्+डति] यह प्रति उपसर्ग धातु, संज्ञाओं एवं विशेषण से पूर्व लगता है। जिसके कई अर्थ हो जाते हैं-की ओर, तरह, ऊपर, उस दिशा की ओर।
०सादृश्य, समानता, प्रतिस्पर्धा।
०तुलना, अनुपात में।
०निकट, आसपास में नगरं कुण्डनामक प्रति। (वीरो०७/७)
०पक्ष में।
०के विषय में, सम्बन्ध में।
०के एवज में, बदले में।
०प्रत्येक में।

प्रतिक (वि०) [कार्षापण+ठिठन्] कार्षापण में खरीदा हुआ।

प्रतिकंचुक: (पं०) शत्रु।

प्रतिकंठं (अव्य०) अलग-अलग एक-एक करके, गले के निकट।

प्रतिकर: (पुं०) [प्रति+कृ+तृच्] प्रतिशोध लेने वाला, क्षतिपूर्ति करने वाला।

प्रतिकर्तृ (पुं०) विरोधी, विपक्षी।

प्रतिकर्मन् (नपुं०) [प्रति+कृ+मनिन्] ०प्रतिशोध, प्रतिहिंसा।
०उपचार, प्रतिकार।
०प्रसाधन, शारीरिक शृंगार। (जयो० १०/३२)
०विरोध, शत्रुता।

प्रतिकर्ष: (पुं०) [प्रति+कृष्+घञ्] संयोजन, एकत्रीकरण।

प्रतिकर्षिक (वि०) संयोजन युक्त। (वीरो०६/४१)

प्रतिकश (वि०) उद्दण्ड, अत्याचारी।

प्रतिकष: (पुं०) [प्रति+कष्+अच्] नायक, नेता, सहायक।

प्रतिकृ (अक०) उद्यत होना, तैयार होना। (वीरो० ७/१७)

प्रतिकृति: (स्त्री०) मूर्ति, पुतला। (सुद० १२३)

प्रतिकाय: (पुं०) मूर्ति, प्रतिमा, पुतला।
०शत्रु।
०लक्ष्य, चिह्न, निशान।

प्रतिकार: (पुं०) [प्रति+कृ+घञ्] ०प्रतिशोध, प्रतिपाद, पुरस्कार।
०सम्मान, आदर।
०प्रतिहिंसा, बदला, प्रतिफल।
०प्रतिविधान, निवारण।
०चिकित्सा।
०विरोध।

प्रतिकारकर्मन् (नपुं०) जीर्णोद्धार करना, सुधार करना।

प्रतिकारविधानं (नपुं०) निदान, चिकित्सा करना।

प्रतिकारिणी (वि०) निवारणकर्त्री। (जयो० १२/९१)
अपलापिका-'रजनीव जनी महीभुज: शशिनाऽसौ ऽप्रतिकारिणी रुज:। (वीरो० ६/४०)

प्रतिकितव: (पुं०) जूएं का प्रतिद्वन्द्वी।

प्रतिकुंजर: (पुं०) प्रतिविरोधी हाथी।

प्रतिकुञ्चनमाया (स्त्री०) आलोचना करते हुए दोष छिपाना।

प्रतिकूप: (पुं०) परिवार, खाई, परिखा।

प्रतिकूल (वि०) विरुद्ध। (जयो० १२/९२)
०विरोधी, प्रतिपक्षी।
०अप्रिय, अरुचिकर, हानिकारक।
०अशुभ, अरुचिकर, हानिकारक।
०उलटा, व्युत्क्रान्त।
०कठोर, कठिन।

प्रतिकूलं (अव्य०) विरोधी रूप से, उलटे रूप से, विपरीत भाव से।

प्रतिकूलभाव: (पुं०) विरोधी भाव। (दयो० ८१)

प्रतिक्रमणं (नपुं०) प्रतिकार प्रकट करना, दुष्टकृत्य से दूर होना, असंयम स्थान से हटना। (भक्ति० ३७)
०प्राश्यचित्त।
०अशुभ योग से निवृत्ति, वृत्ते निजे दूषणमाप्यते यत्

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रतिक्रिया तस्य भवेत्सदेयम्। अग्रक्षणायाकरणप्रतिज्ञा, स्वनिन्दयेत्थं निगदन्त्यभिज्ञा।। (भक्ति० ३७)

०भविष्य में दोषों का न करना। पापिष्ठेन दुरात्मना जडधिया माया विना लोभिना राग-द्वेषमलीमसेनमनसा श्रीधर्मभावाद् विना। दुष्कर्मार्जितमर्हतामधिपते! त्वत्पादमूलेऽत्र तन्निंदापूर्वकमुज्जहानि सुपथे वर्वतिषु साम्प्रतम्।। (मुनि०१८) अतीतदोषपरिहारार्थं यत्प्रायश्चित्तं क्रियते तत्प्रतिक्रमणम्। (नियं०सा०वृ० ८२)

०प्रतिक्रमणं व्रतातिचारनिर्हरणम्। (मूला०वृ० ११/१६)

प्रतिक्राम् (सक०) आकर्षित करना, अपनी ओर खींचना- 'निर्गच्छच्च कुतोऽपि तत्पुनरितः सद्यः प्रतिक्रामयेत्। (मुनि०१७)

प्रतिक्रिया (स्त्री०) जन भावना, जनचेतना, जनता का विचार। (हित० १)

प्रतिक्षणं (अव्य०) हरपल, प्रतिसमय। (दयो० ११०)

प्रतिक्षपः (पुं०) अंगरक्षक, अनुचर।

प्रतिक्षुतं (नपुं०) छींक।

प्रतिक्षेप (पुं०) [प्रति+शिप्+घञ्] प्राप्ति, स्वीकार।

प्रतिख्याति (स्त्री०) प्रसिद्धि, विश्रुति।

प्रतिगजः (पुं०) आक्रमणकारी हाथी।

प्रतिगत (भू०क०कृ०) उड़ान भरना।

प्रतिगमनं (नपुं०) लौटना, वापिस जाना।

प्रतिगात्रं (अव्य०) प्रत्येक शरीर में।

प्रतिगिरिः (पुं०) पर्वत के समक्ष, पर्वत के सामने।

०छोटा पर्वत।

प्रतिग्रहं (नपुं०) स्वीकार करना, साधु को पडगाहन स्वागत।

प्रतिग्रहं (अव्य०) प्रत्येक घर में, घर-घर में। गेहं गेहं प्रतीति प्रतिग्रहम् (जयो० १५/२२)

प्रतिगेहं देखो ऊपर।

प्रतिग्रामं (अव्य०) हर एक गांव में।

प्रतिघातः (पुं०) द्रव्य व्याघात, रुकावट।

प्रतिघातिन् (वि०) द्रव्य व्याघात करने वाला, दान ग्रहण। (जयो० २/५)

प्रतिचरण (अव्य०) प्रत्येक सिद्धान्त में।

०प्रत्येक पग पर, हर एक स्थान पर।

प्रतिच्छवि (स्त्री०) मूर्ति, प्रतिमा, पुतला। (जयो० १६/४८)

प्रतिच्छन्न (भू०क०कृ०) [प्रति+छद्+क्त] आच्छादित, ढका हुआ।

०पूर्वसंचित, एकत्रित।

०गुप्त, छिपाया हुआ।

प्रतिच्छेदः (पुं०) विरोध।

प्रतिजल्पः (पुं०) [प्रति+जल्प्+घञ्] उत्तर, समाधान।

प्रतिजल्पकः (पुं०) [प्रति+जल्प्+कन्] सादर सहमति।

प्रतिजंघा (स्त्री०) टांग का अगला भाग।

प्रतिजागरः (पुं०) [प्रति+जागृ+घञ्] सावधानी, जागृत रहना।

प्रतिजिह्वा (स्त्री०) कोमलतालु, कलघंटी।

प्रतिजीवनं (नपुं०) [प्रति+जीव्+ल्युट्] पुनर्जीवन, सजीवनता।

प्रतिज्ञा (स्त्री०) [प्रति+ज्ञा+अङ्+टाप्] ०व्रत, वचन, घोषणा।

०जानकारी (जयो० ७/११३)

०प्रस्थापना-'प्राणहानावपि प्रणहानिर्न भवतुमर्हतीतियतः खलु। (दयो० १३)

०उक्ति, प्रकथन।

०साध्यनिर्देश।

०धर्म-धर्मिसमुदाय।

०व्याप्ति वचन।

०'व्याप्तिवचनं प्रतिज्ञां अतिशेते, तद्वचनं प्रतिज्ञेव स्यात् इत्यभिप्रायः। (सिद्धि वि० ५/१५)

प्रतिज्ञात (भू०क०कृ०) [प्रति+ज्ञा+क] उद्घोषित, वचन बद्धता, दृढ़ प्रतिज्ञ होना। (जयो०वृ० १२/९०)

०दृढोक्ति, प्रकथन।

०मानना, स्वीकार करना।

प्रतिज्ञावती (स्त्री०) दृढ़वचनवती। (जयो० ६/८५)

प्रतिज्ञार्थ (वि०) साध्यधर्म और धर्मी के समुदायार्थ।

प्रतिज्ञाविरोधः (पुं०) हेतु से प्रतिज्ञा का विरोध प्रतीति होना।

प्रतिज्ञाहानि (स्त्री०) पक्षपरिच्युति। (जयो०वृ० २६/८२)

प्रतितन्त्रं (अव्य०) प्रत्येक तन्त्र, सम्मति अनुसार।

प्रतितन्त्रसिद्धान्तः (पुं०) एक ही पक्ष के लिए मान्य सिद्धान्त।

प्रतितरः (पुं०) नाविक, मल्लाह।

प्रतित्र्यहं (अव्य०) तीन दिन तक क्रमशः।

प्रतिताली (स्त्री०) [प्रतिगता तालम्] कुंजी, चाबी।

प्रतिदन्तशतः (पुं०) प्रतिरदाङ्क। (जयो०वृ० १८/९९)

प्रतिदर्शनं (नपुं०) [प्रति+दृश+ल्युट्] ०देखना, अवलोकन करना।

०प्रत्यक्ष करना।

प्रतिदानं (नपुं०) [प्रति+दा+ल्युट्] ०विनिमय, क्रय, विक्रय।

०पुनरावृत्ति।

० प्रत्यर्पण, वापिस, पलटाना, अर्पण। (जयो० १२/९०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रतिदारं (नपुं०) [प्रति+दृ+णिच्+ल्युट्] ०लड़ाई, युद्ध।
०विदारण, फाड़ना।
प्रतिदिनं (अव्य०) प्रत्येक दिवस, हर रोज।
प्रतिदिवन् (पुं०) [प्रति+दिव्+कनिन्] ०सूर्य, दिवस, दिन।
प्रतिदिशं (अव्य०) चारों ओर सर्वत्र, सभी दिशाओं में।
प्रतिदिश (वि०) प्रत्यवयव। (जयो० १०/४९) प्रत्येक अंग।
प्रतिदेशं (अव्य०) प्रत्येक देश में।
प्रतिदेशः (पुं०) प्रत्यवयव, प्रत्यङ्गः। (जयो० १/६२)
प्रतिदेह (अव्य०) प्रत्येक शरीर में।
प्रतिदैवतं (अव्य०) प्रत्येक देव के लिए।
प्रतिद्वन्द्वः (पुं०) प्रतिस्पर्धी, विरोधी, प्रतिवादी, प्रतिपक्षी, शत्रु।
प्रलिद्वंद्विन् (वि०) विरोधी, प्रतिपक्षी।
०प्रतिकूल, ०शत्रुतापूर्ण।
प्रतिद्वन्द्विन् (वि०) विरोधी, प्रतिपक्षी, प्रतिस्पर्धी। (जयो० १३/९५) प्रतिवीर। (जयो० ८/११) (जयो० ८/४९)
प्रतिद्वारं (अव्य०) प्रत्येक दरवाजे पर। (वीरो० १३/१२) 'द्वारं द्वारं प्रति आराधनाकारकम्' (जयो०वृ० २/१३१)
प्रतिदृष्ट (भू०क०कृ०) [प्रति+दृश्+क्त] दृश्यमान्, देखा हुआ, दृष्टि गोचर।
प्रतिधामं (अव्य०) घर में, प्रत्येक गृह में-'धाम धाम प्रतीति प्रतिधाम। (जयो० १५/३३)
प्रतिधावनं (नपुं०) [प्रति+धाव्+ल्युट्] आक्रमण करना, धावा बोलना।
प्रतिधुरः (पुं०) दूसरे से संलग्न अश्व।
प्रतिधृत (वि०) पकड़ा, गृहीत। (जयो० ९/३०)
प्रतिध्वनि (स्त्री०) [प्रति+ध्वन्+इ] गूंज, शब्द की तीव्रता, गर्जना।
प्रतिध्वस्त (भू०क०कृ०) [प्रति+ध्वंस्+क्त] खिन्न, व्याकुल, ध्वंस, पतित किया, धराशायी किया।
प्रतिनखक्षतः (पुं०) प्रत्येक नखक्षत। (जयो० १८/९९)
प्रतिनगं (अव्य०) प्रत्येक पर्वत पर, प्रत्येक वृक्ष पर। 'नगं नगं प्रति प्रतिनगं प्रत्येकवृक्षमभिव्याप्तं' (जयो०वृ० १४/१४)
प्रतिनन्दनं (नपुं०) [प्रति+नन्द्+ल्युट्] स्वागत करना, बधाई देना, धन्यवाद करना, अभिनन्दन करना।
प्रतिनप्तृ (पुं०) प्रपौत्र, पौत्र का पुत्र, पड़ पोता।
प्रतिनव (वि०) ०युवा, ०नूतन, ताजा।
प्रतिनागः (पुं०) अन्य गज, दूसरा हाथी। (जयो० १३/९८)
प्रतिनाडी (स्त्री०) उपनाड़ी, प्रशिरा।

प्रतिनादः (पुं०) दहाड़, चीख, चिल्लाहट। (दयो० ४७)
०गूंज, प्रतिध्वनि।
प्रतिनारायणः (पुं०) अश्वग्रीव की पूर्व पर्याय। (वीरो०१२/१९)
प्रतिनाहः (पुं०) [प्रति+नह+घञ्] पताका, ध्वज, झण्डा।
प्रतिनिधिः (स्त्री०) [प्रति+नि+धा+कि] ०सहायक, अपना उत्तराधिकारी।
०स्थानापन्न, एवजी।
०दूसरे के स्थान पर नियुक्त व्यक्ति।
०कुबेर-प्रतिनिधिः श्रीमान् कुबेरोऽग्रणी। (वीरो० १२/५३)
०प्रतिमा, पुतला, चित्र।
प्रतिनियमः (पुं०) सामान्य नियम।
प्रतिनिर्जित (भू०क०कृ०) [प्रति+नि+जि+क्त] ०पराजित, परास्त।
०निराकृत, निरस्त।
प्रतिनिर्देश (वि०) संकेत, दिशा निर्देश।
प्रतिनिर्देश्य (वि०) दुहराने वाला।
प्रतिनिर्यातनं (नपुं०) [प्रति+निर्+यत्+णिच्+ल्युट्] प्रतिशोध, प्रतिहिंसा।
प्रतिनिविष्ट (वि०) [प्रति+नि+विश्+क्त] दुराग्रही, हठी, पक्का, जिद्दी।
प्रतिनिविष्टमूर्खः (पुं०) दुराग्रही व्यक्ति, संमूढ जन।
प्रतिनिवर्तनं (नपुं०) [प्रति+नि+वृत्+ल्युट्] ०लौटना, वापिस करना।
०मुड़ना, पुनरागमन।
प्रतिनिषेधिनी (वि०) विनाश करने वाली। (सुद० १२२)
प्रतिनिष्कास् (सक०) ०निकालना, ०तिरस्कार करना।
०प्रतिनिष्किासते तिरस्कुर्वते। (जयो० १२/१७)
प्रतिनोदः (पुं०) [प्रति+नुद्+घञ्] पीछे ढकेलना, पीछे हटाना।
प्रतिपक्षः (पुं०) प्रत्येक पक्ष। (सुद० ९६) अष्टमी-चतुर्दशी का पक्ष। चतुर्दश्यष्ठमी चापि प्रतिपक्षमिति द्वयम्। (सुद०९६)
प्रतिपक्षनाशिन् (वि०) प्रत्येक पक्ष का नाशक, विरुद्ध भाव।
प्रतिपक्षहर (वि०) प्रत्येक पक्ष का घातक।
प्रतिपक्षित (वि०) विरोध से युक्त। (जयो० ६/३१)
प्रतिपक्षिन् (वि०) विरोधी शत्रु।
प्रतिपततितितिक्षितः (पुं०) भेदविज्ञान की दृष्टि स्वीकृत। 'प्रतिपदा भेद विज्ञानदृष्ट्या तितिक्षितः स्वीकृतः' (जयो० २८/६८)
प्रतिपत्तक (वि०) उत्पन्न। (जयो० १२/४२)
प्रतिपत्तार (वि०) धारक। (वीरो० १५/५९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रतिपत्तिः (स्त्री०) [प्रति+पद्+क्तिन्] ०उपलब्धि, प्राप्ति, स्वीकृति
०व्युत्पत्ति (वीरो०)
०सम्मानयोग्य, विश्वास योग्य। समवाक् समवाप योगिभिः प्रतिपत्तिं प्रतिपत्तितिक्षितः। (जयो०वृ० २८/६८)
०लालन-पालन। (दयो० ३८)
०कर्तव्य निर्धारण। (जयो०वृ० ३/६६)
०स्पष्टीकरण। (समु० २/१)
०ज्ञप्ति, जानकारी। (जयो० ४/३४)
०प्राप्त करना।
०प्रत्यक्षज्ञान, अवेक्षण, चेतना।
०यथार्थ ज्ञान।
०दृढोक्ति।
०समारंभ, उपक्रम, प्रारंभ।
०पूजनीयता का चिह्न, आदर युक्त व्यवहार।
०प्रणाली, उपाय।
०बुद्धि, प्रज्ञा।
०कान लगाकर सावधानीपूर्वक उपदेश ग्रहण करना।
०हितरूप शिक्षा देना, अन्न-पानादि प्रदान करना।
०निश्चयात्मक बोध।
०उन्नति, तरक्की, उच्चपद प्राप्ति।
०यश, प्रसिद्धि, ख्याति।
०साहस, शक्ति, दृढ़ विश्वास।
०प्रमाण, सम्प्रत्यय।

प्रतिपत्तिदक्ष (वि०) कार्य का ज्ञाता।

प्रतिपत्तिपूर्वक (वि०) स्पष्टीकरण पूर्वक। (समु० २/१)

प्रतिपथं (अव्य०) मार्ग के साथ-साथ, प्रतिमार्ग की ओर।

प्रतिपद् (स्त्री०) [प्रति+पद्+क्विप्] पद् पद् प्रतीतिः प्रतिपद् पडिवा, प्रतिपदा (जयो० २०/१२)
०मार्ग, पथ, रास्ता।
०आरंभ, गुरु, प्रतिपदा तिथि। (जयो० ५/४९)

प्रतिपद्चन्द्र (पुं०) प्रतिपदा का चांद।

प्रतिपद्तूर्यं (नपुं०) एक नगाड़ा।

प्रतिपदा (स्त्री०) [प्रतिपद्+टाप्] शुक्लपक्ष का प्रथम दिन।

प्रतिपद्यमान (वि०) अंगीकार करने वाला। (सुद० ११५)

प्रतिपन्न (भू०क०कृ०) [प्रति+पद्+क्त] ०उपलब्ध, प्राप्त।
०निष्पन्न, अनुष्ठित, कार्यान्वित।
०हस्तगत, आरब्ध।
०सहमत, स्वीकार किया गया।
०ज्ञात, समझा हुआ।
०स्वीकार किया गया, सहमति प्राप्त हुआ।
०उत्तरित।
०प्रमाणित।
०प्रदर्शित।

प्रतिफल (पुं०) प्रत्येक समय। (मुनि० २५)

प्रतिपल्लवः (पुं०) प्रत्येक पत्र। पल्लवं पल्लवं प्रति पत्रं पत्रं (जयो० १८/६४)

प्रतिपर्वः (पुं०) पर्व पर्व इति प्रतिपर्व, प्रत्येक पर्व। (जयो०३/४०)

प्रतिपातः (पुं०) पतन, संयम च्युत होना। संयमात्प्रच्यवनं प्रतिपातः। (त०वृ० १/२४)

प्रतिपाति (स्त्री०) अधः स्तन प्रवृत्ति।

प्रतिपाद् (सक०) [प्रति+पद्] ०बतलाना, समझाना। (सुद०१२७)
०उद्बोधन देना।
०प्रदान करना, स्वीकार करना। (दयो० ६१)
०समर्पित करना।

प्रतिपादं (अव्य०) प्रत्येक चरण में।

प्रतिपादक (वि०) [प्रति+पद्+णिच्+ण्वुल्] प्रस्तुतकर्ता, स्वीकार करने वाला, प्रदान करने वाला।
०प्रमाणित करने वाला।
०विचार करने वाला।
०निरूपण करने वाला, प्ररूपण करने वाला।
०उन्नत करने वाला, आगे बढ़ाने वाला।
०प्रभावशाली।

प्रतिपादनं (नपुं०) [प्रति+पद्+णिच्+ल्युट्] ०कथन, निरूपण।
०आवृत्ति, अभ्यास।
०प्रदर्शन, प्रमाणन, स्थापन।
०अनुशीलन, अनुचिन्तन।
०आरम्भ, प्रारंभ।

प्रतिपादपं (अव्य०) प्रत्येक वृक्ष में।

प्रतिपादतीय (वि०) कथनीय। (वीरो० २०/७)

प्रतिपादित (भू०क०कृ०) [प्रति+पद्+णिच्+क्त] ०प्रस्तुत, निरूपित, कथित।
०प्रदत्त, प्रदान किया गया।
०स्थापित, प्रमाणित, प्रदर्शित।
०व्याख्यायित, सोदाहरण निरूपित।
०उक्त, व्यक्त।
०जन्म दिया; पैदा किया।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रतिपाद्य (वि०) समझाया गया। (सुद० ११०)
०विवेचित, निरूपित।

प्रतिपाल् (सक०) बचाना, संरक्षण करना, भरण-पोषण करना। (जयो०)

प्रतिपालः (पुं०) प्रतिपालन, संरक्षण। यद्यपि चक्र समाहृयवस्तु भवति सतां प्रतिपाल इतस्तु।'' (जयो०वृ० ९/८८)

प्रतिपालकः [प्रति+पाल्+णिच्+ण्वुल्] संरक्षक, अभिभावक।

प्रतिपालनं (नपुं०) [प्रति+पाल+णिच्+ल्युट्] ०संरक्षण, बचाना।
०रक्षा करना।
०अभ्यास करना।

प्रतिपालित (वि०) संरक्षित (दयो० ५५) ग्रहण किया गया।
०समुल्लासित, वचनों से सुशोभित। हृदयसिन्धुरभूदुपलालित इति सदीशगवा प्रतिपालितः। (जयो० ९/६६)

प्रतिपालिन् (वि०) संरक्षण देने वाला। (सुद० १/३८)

प्रतिपीडनं (नपुं०) [प्रति+पीड्+णिच्+ल्युट्] अत्याचार करना, सताना, डराना, धमकाना, भयभीत करना।

प्रतिपुरुषः (पुं०) सदृश पुरुष, समान व्यक्ति, एक सा व्यक्ति।
०स्थापन्न, प्रतिनिधि।
०प्रतिमा, मूर्ति,

प्रतिपूजनं (नपुं०) [प्रति+पूज्+ल्युट्] ०सम्मान करना, आदर करना।
०श्रद्धान्त होना, श्रद्धाञ्जलि देना।
०अभिवादन, नमस्कार।

प्रतिपूजा (स्त्री०) [प्रति+पूज्+अ+टाप्] ०श्रद्धाञ्जलि, नमन नतभाव।
०विशेष श्रद्धा, सम्मान भाव।

प्रतिपूरणं (नपुं०) [प्रति+पूर्+ल्युट्] पूरा करना, भरना।

प्रतिपूर्वाह्न (अव्य०) प्रत्येक दोपहर में पहले।

प्रतिपृच्छा (स्त्री०) पुनः पूछना।

प्रतिप्रभातं (अव्य०) प्रत्येक सुबह, प्रातःकाल में।

प्रतिप्रणामः (पुं०) [प्रति+प्र+नम्+घञ्] अभिनन्दन, नमन।

प्रतिप्रतीकः (पुं०) प्रत्येक अवयव। प्रतीकं प्रतीकं प्रति प्रतीकं सर्वेष्ववेवयवेषु (जयो० १९/८) एक दूरों को किया गया अभिवादन।

प्रतिपादनं (नपुं०) [प्रति+प्र+दा+ल्युट्] लौटाना, पुनः वापिस करना। ०वस्तु दान।

प्रतिप्रया (सक०) [प्रति+प्र+या] ०धारण करना।
०प्रत्यावर्तन, वापसी। ०लौटाना।
०पुनरागमन। प्रतिप्रयाति-प्रतिगच्छति। (जयो० १२/६१)

प्रतिप्रयाणं (नपुं०) [प्रति+प्र+या+ल्युट्] ०प्रत्यावर्तन, ०पुनरागमन, वापसी।

प्रतिप्रश्नः (पुं०) [प्रति+प्रच्छ्+नङ्] ०समाधान, उत्तर, ०प्रतिपृच्छा।

प्रतिप्रसवः (पुं०) [प्रति+प्र+सू+अप्] प्रत्यपवाद। अपवाद पर अपवाद।

प्रतिहारः (पुं०) [प्रति+प्र+हृ+घञ्] ०मारना, जड़ना, थप्पड़ मारना।
०बदले में प्रहार करना।

प्रतिपातः (अव्य०) प्रतिदिन (सम० ३/३३)

प्रतिप्लवनं (नपुं०) [प्रति+प्लु+ल्युट्] ०पीछे की ओर कूदना, पीछे को भागना।

प्रतिफलः (पुं०) [प्रति+फल्+अच्] ०मूर्ति, प्रतिमा।
०बिम्ब, प्रतिबिम्ब, छाया।
०पारश्रमिक, प्रतिदान, पुरस्कार।
०सम्मान, आदर।

प्रतिफलनं (नपुं०) [प्रति+फल्+ल्युट्] ०परछाई, प्रतिबिम्ब, छाया, प्रतिमूर्ति।
०प्रतिदान, पुरस्कार, सम्मान, सत्कार, पारश्रमिक।
०प्रतिशोध, प्रतिघात।

प्रतिफुल्लक (वि०) [प्रति+फुल्ल्+ण्वुल्] पूरा खिला हुआ, पूर्ण विकसित।

प्रतिबंध् (सक०) बांधना, कसना, जकड़ना, रोकना।

प्रतिबद्ध (भू०क०कृ०) [प्रति+बंध्+क्त] ०बांधा गया, कसा गया।
०अवरुद्ध, जोड़ा गया।
०बाधित।

प्रतिबद्धशय्या (स्त्री०) गृहस्थ गृह युक्त शय्या, श्रमण की प्रतिश्रय शय्या, निर्गन्थ के लिए निषेध की गई गृहस्थ के समीप वर्ती शय्या।

प्रतिबंधः (पुं०) [प्रति+बंध्+घञ्] ०बंधन, बांधना, जकड़ना।
०अवरोध, रुकावट, विघ्न।
०आवरण, आच्छादन, घेरा।
०अनिवार्य तथा अविच्छिन्न संयोग।

प्रतिबंधक (वि०) [प्रति+बंध्+ण्वुल्] ०बांधने वाला, विरोध करने वाला।
०विघ्न कारक, अवरोधक।

प्रतिबंधकः (पुं०) शाखा, अंकुर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रतिबंधनं (नपुं०) [प्रति+वंध्+ल्युट्] ०बांधना, कसना, जकड़ना।
०कैद, बन्धन।
०अवरोध, रुकावट।
प्रतिबन्धभावः (पुं०) विरोधभाव। (वीरो० २०/२५)
प्रतिबंधिः (स्त्री०) [प्रति+बंध्+इति] ०आक्षेप, दोष।
०विरोध सूचक तर्क।
प्रतिबन्धु (वि०) ०समानता युक्त। ०मित्र योग्य व्यक्तित्व वाला मित्र।
प्रतिबल (वि०) शक्ति में समान, सदृश बल युक्त।
०एक दूसरे में समान शक्ति।
प्रतिबाधक (वि०) [प्रति+वाध्+ण्वुल्] ०हटाने वाला, दूर करने वाला।
०रोकने वाला, अवरुद्ध करने वाला।
प्रतिवाधनं (नपुं०) [प्रति+वध्+ल्युट्] ०हटाना, दूर करना।
०रोकना, अवरुद्ध करना।
प्रतिबाहुः (पुं०) भुजा का अगला भाग, कोहनी से नीचे का भाग।
प्रतिबिम्बः (पुं०) प्रतिमूर्ति, परछाई।
०प्रतिमा, चित्र, पुतला।
प्रतिबिम्बभट् (वि०) प्रतिस्पर्धी, प्रतिद्वन्द्वी, प्रतिपक्षी।
०शत्रुपक्ष का योद्धा।
प्रतिबिम्बनं (नपुं०) [प्रतिबिम्ब+क्विप्+ल्युट्] परछाई, प्रतिमूर्ति, प्रतिमा।
०तुलना, समानता।
प्रतिबिम्बित (वि०) [प्रति+बिम्ब+क्विप्+क्त] प्रतिफलित, परछाई युक्त। (जयो०वृ० १२/११६) निपपौ चषकार्पित न नीरं जलदायाः प्रतिबिम्बितं शरीरम्। (जयो० १२/१२०)
प्रतिबुध् (अक०) जागना, सचेत होना। (जयो० २/१५६)
प्रतिबुद्ध (भू०क०कृ०) [प्रति+बुध्+क्त] जागृत, सचेत,
०प्रख्यात, प्रसिद्ध।
०पहचाना हुआ, देखा हुआ।
प्रतिबुद्धः (पुं०) सम्यक्त्व के विकास को प्राप्त, मिथ्यात्वाभाव वाला व्यक्ति। ०ज्ञान गुण युक्त व्यक्ति।
प्रतिबुद्धजीवी (वि०) जितेन्द्रिय, संयमप्रधान व्यक्ति।
प्रतिबुद्धिः (स्त्री०) ०जागरण, सचेत।
०विरोधी अभिप्राय।
प्रतिबोधः (पुं०) [प्रति+बुध्+घञ्] ०जागरण, सचेत, कर्त्तव्याभास। (जयो० १४/४५)
०ज्ञान, विशेष जानकारी।
०अनुदेश, शिक्षण।
तर्क, मनःशक्ति, ऊहा-पोह का विचार।
प्रतिबोधनं (नपुं०) [प्रति+बुध्+णिच्+ल्युट्] जगाना, सचेत करना।
०ज्ञान देना, शिक्षण, अनुदेश।
प्रतिबोधनता (वि०) शील, व्रतादि को निर्मल करने वाला।
प्रतिबोधित (वि०) [प्रति+बुध्+णिच्+क्त] ०अनुदेशित।
०जागृत किया गया।
०शिक्षित, उपदेशित। (समु० ४/१६)
प्रतिबोधिन् (वि०) पूर्ण रूप से ग्रहण करने वाला। 'यत् कथ्यते अभिधीयते तत्सर्वं यः प्रतिबुध्यते स प्रतिबोधी। (जैन०ल० ७४३)
प्रतिभा (अक०) [प्रति+भा] शोभित होना, रुचिकर होना। न काचिदन्या प्रतिभातिभिक्षा (वीरो० ५/४)
प्रतिभा (स्त्री०) [प्रति+भ+क+टाप्] ०प्रज्ञा, बुद्धि, प्रखरधी।
०प्रतिभा नव-नवोल्लेखशालिनी प्रज्ञा।
०यद्विज्ञानमुत्पद्यते सा प्रतिभा।
०दर्शन, दृष्टि। (दयो० १२/३६)
०प्रकाश, प्रभा।
०चातुरी। (जयो० १६/८४)
०बुद्धि, समझ।
०प्रतिबिम्ब, परछाई, छाया।
प्रतिभा (अक०) प्रतिभाषित होना, प्रतिभाति प्रतिभातु। (सुद० १/१४) चमकना, (सुद० १२९)
प्रतिभात (भू०क०कृ०) [प्रति+आ+क्त] उज्ज्वल, प्रकाशयुक्त।
०ज्ञान।
०अध्याहत, अवगत।
प्रतिभागत (वि०) बुद्धिमान्।
प्रतिभादः (पुं०) बुद्धिमान्-प्रतिभा ददतीति (जयो० ५/५५)
प्रतिभानं (नपुं०) [प्रति+भा+ल्युट्] ०प्रकाश, प्रभा, कान्ति, दीप्ति।
प्रतिभारतः (पुं०) भारतदेश। (मुनि० ३४/)
प्रतिभान्वित (वि०) मेधावी, प्रज्ञावान, बुद्धिमान्, प्रतिभा सम्पन्न।
प्रतिभाप्राप्त (वि०) प्रभा प्राप्त, विकास को प्राप्त, कान्ति को प्राप्त हुआ।
प्रतिभामय (वि०) स्फूर्तिजन्य। (जयो० ९/२४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रतिभामुख (वि०) साहसी, शक्तिशाली, बलवान्।
प्रतिभावः (पुं०) अनुकूल वृत्ति।
प्रतिभावान् (वि०) बुद्धिशाली, प्रखरधी वाला।
प्रतिभासा (स्त्री०) [प्रति+भाष्+अ+टाप्] समाधान, उत्तर।
प्रतिभा सम्पन्न (वि०) धीगत, बुद्धिसम्पन्न, प्रज्ञवंत।
प्रतिभासनं (नपुं०) [प्रति+भास्+ल्युट्] झलक, चमक, दीप्ति, प्रभा।
प्रतिभिन्न (भू०क०कृ०) [प्रति+भिद्+क्त] ०विभक्त, विभाजित, प्रज्ञक।
०पारविद्ध।
०सटा हुआ, जुड़ा हुआ।
प्रतिभू (अक०) समर्थ होना। प्रतिभवामि (जयो० ४/२९) प्रतिभवेत् (मुनि० २९)
प्रतिभू (स्त्री०) [प्रति+भू+क्विप्] प्रतिभूति, जमानत।
०उत्तरदायी का प्रमाण पत्र।
प्रतिभूषा (स्त्री०) अलंकार, आभूषण। (समु० २/१०)
प्रतिभेदनं (नपुं०) [प्रति+भिद्+ल्युट्] ०फाड़ना, विदीर्ण करना, खण्ड-खण्ड करना।
०काटना, छिन्न करना, भेद करना।
०निकाल लेना, पृथक् कर देना।
०विभक्त, विभाजन, भेद।
प्रतिभोगः (पुं०) [प्रति+भुज्+घञ्] ०उपभोग, भोगना।
प्रतिम (वि०) सदृश, समान, सरीखा। (समु० २/३)
प्रतिमा (स्त्री०) [प्रति+मा+अङ्+टाप्] ०प्रतिबिम्ब, प्रतिमूर्ति, प्रतिरूप। (जयो०वृ० ६/४०)
०प्रतिच्छवि। (जयो० १६/४८)
०छाया, परछाई। कुतः पुनर्मे प्रतिमेति कृत्वा निश्छायतामाप वपुर्हितत्त्वात्। (वीरो० १२/४४)
०आकृति, पुतला, बुत।
०एक प्रतिज्ञा, व्रती श्रावक द्वारा लिया जाने वाला व्रत का नियम। 'प्रतिमा यावज्जीवं नियमस्य स्थिरीकरण की प्रतिज्ञा। (जैन०ल० ७४४)
प्रतिमागत (वि०) प्रतिज्ञा शील, स्थिरीकरण युक्त।
प्रतिमागृहं (नपुं०) देवालय, देवघर।
प्रतिमाजोतिः (स्त्री०) ज्योति की परछाई। ज्योति की छाया।
प्रतिमानं (नपुं०) सम्मान। (जयो० ५/४९०)
०द्रव्य प्रमाण।
प्रतिमापरिचारकः (पुं०) पुजारी, सेवक।
प्रतिमामुक्त (वि०) [प्रति+मुच्+क्त] प्रतिमा रहित
प्रतिमावतारः (पुं०) प्रतिबिम्ब, छवि। (जयो० ६/४०) प्रतिमायाः प्रतिबिम्बस्यावताराः। (जयो० १६/३३)
प्रतिमामोक्षः (पुं०) प्रतिशोध, प्रतिहिंसा।
प्रतिमावलोक (नपुं०) मूर्ति दर्शन।
प्रतिमावान् (वि०) प्रतिमा युक्त, प्रतिज्ञा युक्त, नियम सहित। (जयो०वृ० ६/९३)
प्रतिमुक्त (वि०) [प्रति+मुच्+क्त] ०धारण किया हुआ, पहना हुआ।
०प्रयुक्त किया हुआ।
०कसा हुआ, बांधा हुआ, जकड़ा हुआ।
०शस्त्र सुसज्जित, हथियार युक्त।
०लौटाया हुआ, वापिस किया हुआ।
०फेंका हुआ, उछाला हुआ।
प्रतिमूर्तिः (स्त्री०) प्रतिबिम्ब, प्रतिमा, पुतला, बुत। (दयो० ४०) (जयो०वृ० ३/८१)
०छवि, शोभा। (जयो०वृ० ३/८१)
प्रतिमोचनं (नपुं०) [प्रति+मुच्+ल्युट्] ०प्रतिशोध, प्रतिहिंसा।
०मुक्ति, छुटकारा।
प्रतियत्तिमत्व (वि०) प्रतिशोध युक्त। (जयो० १/२४)
प्रतियत्नः (पुं०) [प्रति+यन्+नङ्] ०उद्योग, चेष्टा, उद्यम, परिश्रम।
०पूर्ण, सम्पूर्ण, पूरा।
०अभिलाषा, इच्छा, वाञ्छा।
०विरोध।
प्रतियच्छ् (सक०) प्रदान करना, देना। प्रतियच्छन्तु (जयो० १२/१११)
प्रतिया (सक०) [प्रति+या] लौटना, वापिस आना। प्रतियाति (जयो० १३/१८), प्रतियात् (सुद० १/३६)
०प्रतिहिंसा, प्रतिशोध।
०बन्दी बनाना, कैद करना।
०अनुग्रह।
प्रतियातनं (नपुं०) [प्रति+यत्+णिच्+ल्युट्] ०प्रतिशोध, प्रतिहिंसा, विशेष कष्ट।
०वैरी के प्रति वैरभाव।
प्रतियातना (स्त्री०) [प्रति+यत्+णिच्+युच्+टाप्] ०प्रतिबिम्ब, प्रतिमूर्ति, प्रतिमा, मूर्ति।
०परस्पर में वैरभाव।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रतियानं (नपुं०) [प्रति+या+ल्युट्] लौटना, प्रत्यावर्तन, वापसी, पुनरागमन।

प्रतियोगः (पुं०) [प्रति+युज्+घञ्] बनाना, योजना तैयार करना।
०अन्तर्विरोध, वचनविरोध।
०सहयोग।
०विष निवारक औषधि।
०उपचार।

प्रतियोगिन (वि०) विरोधभाव युक्त। (जयो० ९/३)

प्रतियोगिन् (वि०) [प्रति+युज्+घिनुण्] ०विरोध करने वाला, प्रतीकारक, बाधक। (जयो० १२/४)
०सहयोग करने वाला। प्रतिपक्ष स्वरूप। योगिनं योगिनं प्रति-

प्रतियोगिन् (पुं०) विरोधी, विपक्षी, शत्रु।

प्रतियोद्ध (पुं०) [प्रति+युध्+तुच्+घञ्] विरोधी, शत्रु प्रतिपक्षी।

प्रतिरक्षणं (नपुं०) [प्रति+रक्ष्+ल्युट्] ०रक्षा, बचाव, संधारण।
०परस्पर में उपकार करना, एक दूसरे को बचाना।

प्रतिरराङ्कः (पुं०) प्रतिदन्तक्षत्, वृद्ध। (जयो० १८/९९)

प्रतिरंभः (पुं०) [प्रति+रभ्+घञ्] ०कोप, रोष, क्रोध।
०आरम्भ, हिंसा।

प्रतिरवः (पुं०) [प्रति+रु+अच्] ०कलह, झगड़ा।
०गूंज, प्रतिध्वनि।

प्रतिरूपकः (पुं०) सोने चांदी में धोखा देना, कृत्रिम हिरण्यादि करण।
०वञ्चनापूर्ण व्यवहार।

प्रतिरूपकव्यवहारः (पुं०) मेल-सम्मेल का व्यापार, मिलावटी वस्तु का व्यापार।
०ब्याजीकरण, धोखाधड़ी। 'कृत्रिमहिरण्यादिकरणं प्रतिरूपक व्यवहारः' (त०व० ७/२१)

प्रतिरुद्ध (भू०क०कृ०) [प्रति+रुध्+क्त] अवरुद्ध, वाधित, व्यवधान युक्त।
०अन्तरित, रुका हुआ।
०क्षतियुक्त, खण्डित।
०वेष्टित, घेरा युक्त।

प्रतिरोधः (पुं०) [प्रति+रुध्+घञ्] ०विरोध, प्रतिहिंसा, प्रतिशोध।
०विघ्न, बाधा, अवरोध। (जयो० ९/७५)
०रुकावट, अटकाव, शत्रु, प्रतिपक्षी।
०छिपाना, रोकना।
०अपहरण करना, चोरी, ढकैती।

प्रतिरोधकः (पुं०) [प्रति+रुध्+ण्वुल्] ०विरोधी, विपक्षी, शत्रु।
०चोर, लुटेरा, तस्कर।

प्रतिरोधनं (नपुं०) [प्रति+रुध्+ल्युट्] ०विरोधी, विपक्षी, शत्रु।
०चोर, लुटेरा।

प्रतिरोधिन् (पुं०) [प्रति+रुध्+णिनि] ०विरोधी, विपक्षी, शत्रु।
०चोर, लुटेरा, तस्कर।
०रुकावट, बाधा, विघ्न।

प्रतिलंभः (पुं०) [प्रति+लम्भ्+घञ्] ०उपालम्भ, निन्दा, अपमान।
०ग्रहण करना, हासिल करना।
०वापिस लेना।

प्रतिलेखकः (पुं०) पुनर्रीक्षक, ०आगमानुसार निरीक्षण करने वाला साधु।
'प्रतिलेखतीति प्रतिलेखकः,प्रवचनानुसारेण स्थानादिनिरीक्षकः, साधुरित्यर्थः। (जैन०ल० ७४५)
०लिपिकार।

प्रतिलेखना (स्त्री०) क्षेत्रादि की प्ररूपणा, निरीक्षण, अवलोकन।
'प्रतिलेखनं, प्रतिलेखना, प्रति प्रत्यागमानुसारेण निरूपणमित्यर्थः' (जैन०ल० ७४५)

प्रतिलेखा (स्त्री०) विचार करना, आराधना में हिताहित का ध्यान रखना। 'आराधनानिर्विघ्नसिद्ध्यर्थं देवतोपदेष्टांग-निमित्तादिगगवेषणम्। (भ०आ०टी० ६८)

प्रतिलोमः (पुं०) अनभिप्रेत, अभीष्टता का अभाव। लोमं लोमं प्रति लोमं-प्रतिक्षण (जयो० २८/४३)

प्रतिलोम-विचारः (पुं०) अनभिप्रेत विचार। (जयो० २८/४३)

प्रतिलोक (सक०) देखना, अवलोकन करना, ध्यान देना। (मुनि० १३)

प्रतिवचनं (नपुं०) [प्रति+वच्+ल्युट्] पुनरुक्त, प्रतिवाद, उत्तम, समाधान।

प्रतिवचस् (नपुं०) उत्तर, समाधान।

प्रतिवद् (सक०) उत्तर देना, समाधान करना। (समु० ३/५)

प्रतिवर्तिनि (स्त्री०) विद्यमाना। (जयो० १३/५७)

प्रतिवदत् (वि०) अनुसरण करने वाला। (जयो० १२/१०८)

प्रतिवर्जनं (नपुं०) छोड़ना, त्यागना। (समु० ३/४)

प्रतिवर्तनं (नपुं०) [प्रति+वृत्+ल्युट्] लौटाना, वापिस करना।
०आना। (जयो० २७/५०)

प्रतिवर्षित (वि०) बरसाए गए। (जयो०वृ० १२/१३३)

प्रतिवसथः (पुं०) [प्रति+वस्+अथच्] ०ग्राम, गांव।
०उपनगर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रतिवह् (सक०) ले जाना, नेतृत्व करना। भैक्ष्यस्यापि विशुद्धये प्रतिवहेत् बुद्धिं भवादुन्मना:। (मुनि० ३)

प्रतिवहनं (नपुं०) [प्रति+वह्+ल्युट्] वापिस ले जाना, नेतृत्व करना।

प्रतिवाक्य: (पुं०) प्रतिध्वनि। (जयो० ५/३५)

प्रतिवाद: (पुं०) [प्रति+वद्+घञ्] समाधान, उत्तर।
०अस्वीकृति, इंकार करना।

प्रतिवादलोप (वि०) इंकार करने वाला। (वीरो० १४/५२)

प्रतिवादिन् (पुं०) [प्रति+वद्+णिनि] ०विरोधी, प्रतिपक्षी, विपक्षी।
०बोलने वाला। (समु० ४/१) (जयो० ३/१२)

प्रतिवार: (पुं०) [प्रति+वृ+घञ्] दूर रखना, अलग-थलग करना।

प्रतिवारणं (नपुं०) [प्रति+वृ+ल्युट्] निवारण, दूर करना।

प्रतिवारिडिम्ब: (पुं०) जल में अवस्थित। (सुद० १११)

प्रतिवार्ता (स्त्री०) सूचना, संदेश, प्रसारण, प्रचार, संवाद, समाचार।
०वार्तालाप।

प्रतिवासिन् (वि०) [प्रति+वस्+णिनि] निकटवर्ती, पड़ौसी, समीपस्थ रहने वाला।

प्रतिविघात: (पुं०) [प्रति+वि+ह्न+घञ्] ०संहार, बदला लेना।
०आपस में भिड़ना।

प्रतिविध (अक०) विरोध करना।

प्रतिविधानं (नपुं०) [प्रति+वि+धा+ल्युट्] प्रतिकार करना, विरोध करना, विरुद्ध कार्य करना।
०व्यवस्था, क्रम।
०स्थापन्न, सहकारी संस्कार।

प्रतिविधातुं (तुमुन्) विरोध करने के लिए। (समु० ७/२२)

प्रतिविधायि (वि०) [प्रति+वि+धा+कि] ०प्रतिशोध, प्रतिहिंसा, प्रतिघात।
०उपचार, निदान, चिकित्सा।
०प्रतिक्रिया के उपाय।

प्रतिविशिष्ट (वि०) [प्रति+वि+शास्+क्त] अत्यन्त श्रेष्ठ।

प्रतिवीथि (स्त्री०) प्रत्येक पथ-वीथिं विथिं प्रति प्रतिवीथि।

प्रतिवेशिन् (वि०) [प्रतिवेश्+इनि] पड़ौसी, पड़ौस में रहने वाला।

प्रतिवेशदानं (नपुं०) सभी दान, चारों प्रकार के दान। (वीरो० १३/१०)

प्रतिवेश्य: (पुं०) [प्रति+विश्+ण्यत्] पड़ौसी, निकटवर्ती, समीपस्थ।

प्रतिवेष्टित (भू०क०कृ०) [प्रति+वेष्ट+क्त] पीछे की ओर मुड़ा हुआ।

प्रतिव्यूढ (भू०क०कृ०) [प्रति+वि+ऊह्+क्त] संग्रामरचना, युद्ध में परास्त।

प्रतिव्यूह: (पुं०) [प्रति+वि+ऊह्+घञ्] युद्ध रचना, युद्ध में नाकाबंदी, शत्रु को घेरने की प्रक्रिया।
०समुच्चय, संग्रह।

प्रतिशब्दायित (वि०) प्रतिध्वनि युक्त। (जयो० १२/४९)

प्रतिशम: (पुं०) [प्रति+शम्+घञ्] ०विश्राम, विराम।
०उपशमन, शान्त।

प्रतिशयनं (नपुं०) [प्रति+शी+ल्युट्] प्रदर्शन करना, धरना देना।

प्रतिशयित (वि०) [प्रति+शी+क्त] अभीष्ट इच्छा के लिए धरना देने वाला।

प्रतिशाप: (पुं०) [प्रति+शप्+घञ्] शाप के बदले शाप।

प्रतिशासनं (नपुं०) [प्रति+शास्+ल्युट्] ०आदेश देना, दूत भेजना, संदेश देना, आज्ञा देना, इंगित करना।
०विरोधी आदेश, अधिकृत वचन।
०वापस बुलाना।

प्रतिशिष्ट (भू०क०कृ०) [प्रति+शास्+क्त] ०आदिष्ट, प्रेषित।
०विसर्जित किया हुआ, भेजा गया।
०अस्वीकृत किया हुआ।
०विख्यात, प्रसिद्ध।

प्रतिश्या (स्त्री०) [प्रति+श्यै+क+टाप्] सर्दी, जुकाम।

प्रतिश्रय: (पुं०) [प्रति+श्रि+अच्] ०आश्रम, आराम गृह।
०शरणस्थल, विश्राम गृह।
०घर, आवास, निवासस्थल।
०सभा, परिषद-स्थान।
०प्रतिज्ञा।
०सहायता।

प्रतिश्रव: (पुं०) [प्रति+श्रु+अप्] ०स्वीकृति, सहमति।
०प्रतिज्ञा, नियम।
०गूंज, ध्वनि।

प्रतिश्रवणं (नपुं०) [प्रति+श्रु+ल्युट्] ०ध्यानपूर्वक श्रवण करना।
०वचन देना, स्वीकृति देना।
०प्रतिज्ञा वचन।
०साधु वचन।
०साधु की क्रिया का दोष।

प्रतिश्रुत् (स्त्री०) [प्रति+श्रु+क्विप्] ०प्रतिज्ञा।
०गूंज, प्रतिध्वनि।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रतिश्रुत (भू०क०कृ०) [प्रति+श्रुत्+क्त] ०वचनबद्ध, सहमत।

प्रतिषिद्ध (भू०क०कृ०) [प्रति+सिध्+क्त] वर्जित, निषिद्ध, अस्वीकृत।
०खण्डित, प्रत्युक्त।

प्रतिषेध: (पुं०) [प्रति+सिध्+घञ्] ०असत् अंश का परित्याग- प्रतिषेधोऽसदंश:।
०दूर रखना, अलग करना।
०निकाल देना।
०मुकरना, अस्वीकृति।
०निषेध करना।
०विरुद्ध कथन।

प्रतिषेधक (वि०) [प्रति+सिध्+ण्वुल्] ०निषेध करने वाला, हटाने वाला।
०रोकने वाला, मना करने वाला।

प्रतिषेधक: (पुं०) निवारक, विघ्नकारक।

प्रतिषेधनं (नपुं०) [प्रति+सिध्+ल्युट्] ०दूर रखना, अलग करना।
०निवारण करना, रोकना।
०निषेध करना।
०अस्वीकृत, मना करना।

प्रतिषेवक (वि०) ज्ञान, तपादि का आश्रय वाला।

प्रतिषेवणा (स्त्री०) अकल्पना का आचरण।

प्रतिष्क: (पुं०) [प्रति+स्कंद+ड] ०दूत, संदेशवाहक।
०गुप्तचर, जासूस।

प्रतिष्कश: (पुं०) [प्रति+कश्+अच्] ०दूत, संदेशवाहक।
०गुप्तचर, जासूस।
०हंटर, चाबूक।

प्रतिष्कष: (पुं०) [प्रति+कष्+अच्] ०चाबुक, हंटर, चमड़े का कोड़ा।

प्रतिष्टंभ: (पुं०) [प्रति+स्तम्भ+घञ्] ०विरोध, अवरोध, रुकावट।
०विघ्न, बाधा, मुकाबला।

प्रतिष्ठा (स्त्री०) [प्रति+स्था+अङ्+टाप्] ०इज्जत, (समु०१/८)
०ख्याति, यश, कीर्ति, प्रसिद्धि।
०पद, पदवी, स्थान (जयो० २/५९) 'परामुत्कृष्टां पदवीञ्च व्रजेत्' (जयो० २/५९) 'पदं प्रतिष्ठां बबन्ध। (जयो०वृ०१/४५)
०रहना, स्थित होना, ठहरना।
०अवस्था, स्थिति। (जयो० २/३१)
०आवास स्थान, घर, जन्मभूमि।
०न्यास, स्थापना।
०दृढ़ता, धीरता, स्थिरता, दृढ़ाधार, स्थैर्य।
०पाया, टेक, सहारा।
०कीर्तिभाजन, विश्रुत अलंकार।
०उच्चपद, प्रमुखता, उच्च अधिकार।
०संस्थापन, प्रतिष्ठापन।
०निष्पत्ति, प्राप्ति।
०शान्ति, विश्राम, विश्रान्ति।
०आधार, आश्रय।
०किसी प्रतिमा की स्थापना।
०प्रतिष्ठापन समिति।
०धारणा ज्ञान।
'प्रतिष्ठन्ति विनाशेन विना अस्या अर्था इति प्रतिष्ठा' (धव० १३/२४३)

प्रतिष्ठाचार्य: (पुं०) वास्तुशास्त्रादि का वेत्ता।
०याजक।
०विधि-विधान वेत्ता।

प्रतिष्ठानं (नपुं०) [प्रति+स्था+ल्युट्] ०अवस्था,
०आधार, नींव।
०स्थिति, ठिकाना।

प्रतिष्ठापक (वि०) प्रतिष्ठा कराने वाला।

प्रतिष्ठापन: (पुं०) समिति विशेष। (वीरो० ६/३७)

प्रतिष्ठापनशुद्धि: (स्त्री०) मल-मूत्र आदि में त्याग भाव।

प्रतिष्ठापनसमिति: (स्त्री०) उच्चार-प्रस्रवणसमिति, उत्सर्गसमिति, मल, मूत्रादि के विसर्जन पर प्राणिपीडा परिहारक भावना। विष्ठादिप्रविलोक्य विस्मितमित: साधो त्वया भो! यथा त्वत्तुल्या अपरेऽपि सन्ति मनुजास्तेनैव यान्त: पथा। इत्यात्मीयमलोत्करं च भवतैकान्ते तथा त्यज्यतां। कस्मै जनमभृतेऽप्युपद्रवकरं न स्यात् प्रभुर्भज्यतां।। (मुनि०पृ० १३)

प्रतिष्ठाप्रदा (वि०) दीक्षा कारिणी, विधि प्रदान करने वाली। (जयो० २३/४)

प्रतिष्ठाप्रदायिनी (वि०) आदररदा, प्रतिष्ठा देने वाली। (जयो०वृ० २०/२६)

प्रतिष्ठित (भू०क०कृ०) [प्रति+स्था+क्त] ०मर्यादित।
०संस्थापित, अभिमंत्रित।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०विख्यात, प्रसिद्ध (जयो० २/१०५) कल्प्यतां भविषु भावनोच्छ्रिति स्तावतैव हि पथ: प्रतिष्ठित:। (जयो० २/१०५)
०स्थगित किया गया।
०अवस्थित, रखा गया।

प्रतिष्ठितिः (स्त्री०) स्थापना (जयो० ३/८)
०मर्यादा। (जयो०वृ० २/१०५)

प्रतिसंविद् (स्त्री०) [प्रति+सम्+विद्+क्विप्] यथार्थ ज्ञान, वस्तु स्थिति का ज्ञान।

प्रतिसंहारः (पुं०) [प्रति+सम्+हृ+घञ्] ०पीछे ले जाना, वापिस हटाना।
०अल्पता, संपीडन।
०धारणा शक्ति, समावेश।
०परित्यक्त करना, छोड़ना।

प्रतिसंहृत (भू०क०कृ०) [प्रति+सम्+हृ+क्त] वापिस लिया हुआ, पीछे खींचा हुआ।
०सम्मिलित करना, अंतर्गत करना, मिलाना।
०संपीडित।

प्रतिसंक्रमः (पुं०) [प्रति+सम्+क्रम्+घञ्] प्रति चलायमान
०परछाई, प्रतिबिम्ब, प्रतिच्छाया।

प्रतिसंख्या (स्त्री०) [प्रति+सम्+ख्या+अङ्+टाप्]
०चेतना, जागृति।

प्रतिसंचरः (पुं०) [प्रति+सम्+चर्+ट] ०पीछे मुड़ना,
०अनुसरण करना।

प्रतिसंदेशः (पुं०) [प्रति+सम्+दिश्+घञ्] ०प्रत्युत्तर, उत्तरित करना।
०संदेश का संदेश देना।

प्रतिसंधानं (नपुं०) [प्रति+सम्+ध्या+ल्युट्] ०एकत्रित होना, एक स्थान पर मिलना।
०उपाय, उपचार।
०आत्मनियंत्रण, आत्मदमन।
०प्रशंसा। ०समाधान, प्रत्युत्तर।

प्रतिसंधि (स्त्री०) [प्रति+सम्+धा+कि] ०पुनर्मिलन।
०संक्रमण काल।
०विराम, उपरम।

प्रतिसत्ता (स्त्री०) सत्ता युक्त।

प्रतिसमर्थ (वि०) समर्थन करने वाला। 'प्रतिसमर्थयता, निजलक्षणामितिनिशम्य स बुद्धिविचक्षणः। (समु० १/३६)

प्रतिसमाधानं (नपुं०) [प्रति+सम्+आ+धा+ल्युट्] ०समाधान, उपचार, निदान।
०चिकित्सा। ०उपाय।

प्रतिसमासनं (नपुं०) [प्रति+सम्+आ+अस्+ल्युट्] सामना होना,
०एक सा होना, जोड़ी युक्त।
०मुकाबला करना, विरोध करना, टक्कर लेना।

प्रतिसरः (पुं०) [प्रति+सृ+अच्] ०कलाई।
०अनुचर, भृत्य, सेवक।
०करकंकण।

प्रतिसम्मति (स्त्री०) समर्थक। (जयो० २३/४४)

प्रतिसर्गः (पुं०) [प्रति+सृज्+घञ्] ०गौण रचना
०पूर्ति-'त्रिवर्गप्रतिसर्गो धर्मार्थकाम-निर्माणमपिकृतम्' (जयो०वृ० १२/८५)
०विघटन, प्रलय।
०प्रथम इकाई, अध्याय का प्रथम अंश, प्रारम्भिक अंश।

प्रतिसांधानिकः (पुं०) [प्रतिसंधान+ठक्] ०भाट, चारण।
०बंदी।

प्रतिसारः (पुं०) [प्रति+सृ+घञ्] समारम्भ। (जयो० १०/१)

प्रतिसारणं (नपुं०) [प्रति+सृ+णिच्+ल्युट्] घाव भरने का उपक्रम, मल्हम पट्टी करना।

प्रतिसारी (स्त्री०) प्रतिसारीबुद्धि, ऋद्धि विशेष, जिससे गुरु के किसी भी बीजपद को ग्रहण करने की ऋद्धि।

प्रतिसीरा (स्त्री०) [प्रति+सि+क्रुन्+टाप्] ०परदा, कनात, चिक।
०आवरण। ०जवनिका, ०घूंघट।

प्रतिसूर्यगमनं (नपुं०) कायक्लेश की अवस्था, सूर्याभिमुख होकर तप करना। आदित्याभिमुखं गमनम्। (भ०आ०टी० २२२)

प्रतिसृष्ट (भू०क०कृ०) [प्रति+सृज्+क्त] ०प्रेषित, भेजा गया।
०अग्रसर किया गया।
०प्रसिद्ध, विख्यात, ०पुनर्रचना।
०अस्वीकृत।

प्रतिसेवना (स्त्री०) इन्द्रिय विषयों के प्रति अनुराग, मुनिधर्म पालन के समय में भी अनुराग।

प्रतिसेवनाकुशीलः (पुं०) इन्द्रियों के विषयों में आसक्ति, अनासक्त होकर भी उत्तरगुणों की विराधना।

प्रतिसेवनानुमतिः (स्त्री०) किए गए पाप की प्रशंसा करना।

प्रतिसेवा (स्त्री०) सेवा के प्रति सेवा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रतिसेवित (वि०) पांचों इन्द्रियों का उपयोग।

प्रतिस्नात (भू०क०कृ०) [प्रति+स्ना+क्त] स्नान किया हुआ।

प्रतिस्नेहः (पुं०) परस्पर स्नेहभाव।

प्रतिस्पंदनं (नपुं०) हृदय का कम्पन।

प्रतिस्पर्धिन् (वि०) प्रतिद्वन्द्विता युक्त। (जयो० ८/६१)

प्रतिस्वनः (पुं०) प्रतिध्वनि, गूंज।

प्रतिहत (भू०क०कृ०) [प्रति+हृ+क्त] ०पछाड़ा हुआ, मारा हुआ। ०हनन किया हुआ। ०विघात किया गया।
०पीछे खदेड़ा हुआ।
०विरोध किया गया, अवरुद्ध।
०प्रेषित।
०घृणित, निन्दनीय।
०ग्रहण नहीं किए जाने योग्य।

प्रतिहतमति (वि०) घृणा करने वाली बुद्धि।

प्रतिहति (स्त्री०) [प्रति+हन्+क्तिन्] ०प्रपञ्चवृत्ति ०छल कपट भाव। (जयो० २५/१५)
०उलटकर मारा गया, पछाड़ा गया, पलटा गया।
०परावर्त।
०भग्नाशा।
०क्रोध।
०उम्मीद नहीं। ०क्षमादि का अभाव।

प्रतिहननं (नपुं०) [प्रति+हन्+ल्युट्] ०प्रहार, ०करना, पछाड़ देना, पलटना।
०विघात करना।
०समारम्भ करना।
०हनन करना।

प्रतिहर्तृ (पुं०) [प्रति+हृ+तृच्] ०पछाड़ने वाला, धकेलने वाला।
०हरण करने वाला।

प्रतिहारः (पुं०) [प्रति+हृ+घञ्] ०द्वारपाल, प्रतिहारी, दरवान। (जयो० ३/२१) (सुद० ९४)
०दरवाजा, फाटक।
०प्रहार करना।
०जादूगर, ऐन्द्रजालिक।

प्रतिहारकः (पुं०) [प्रति+हृ+ण्वुल्] ०जादूगर, ऐन्द्रजालिक।

प्रतिहारक (वि०) क्रीडन कारक। (जयो० २५/१५)

प्रतिहासः (पुं०) [प्रति+हस्+घञ्] परस्पर हंसी, एक दूसरे की हंसी, हंसने पर हंसना।

प्रतिहित (भू०क०कृ०) [प्रति+धा+क्त] साथ जड़ा गया, साथ सटा दिया गया।

प्रतीक (वि०) [प्रति+कन्] की ओर मुड़ा हुआ।
०विपर्यस्त, उलटा।
०विरुद्ध, प्रतिकूल, विपरीत।

प्रतीकः (पुं०) अवयव, अङ्ग। आप्राणकैः प्राणभृतां प्रतीकैरमानि चाजिः प्रतता, सतीकैः (जयो० ८/३७)

प्रतीकं (नपुं०) प्रतिमा, प्रतिमूर्ति।
०चिह्न।
०मुंह, चेहरा।

प्रतीकारः (पुं०) विरुद्ध, प्रतिकूल, विपरीत।
०निराकरण। (दयो० ८८)

प्रतीक्ष् (अक०) प्रतीक्षा करना, इंतजार करना। (सुद० ९४) प्रतीक्षाञ्चके (जयो०१०/८)

प्रतीक्षणं (नपुं०) [प्रति+ईक्ष्+ल्युट्] ०इंतजार करना।
०अपेक्षा, आशा।
०ख्याल, विचार, ध्यान।

प्रतीक्षा (स्त्री०) [प्रति+ईक्ष्+अङ्ग+टाप्] ०अपेक्षा, आशा।
०ख्याल, विचार, ध्यान।
०इंतजार, बाट जोहना।

प्रतीक्षित (भू०क०कृ०) [प्रति+असृ+क्त] अपेक्षा की गई।
०विचार किया गया।

प्रतीक्ष्य (सं०कृ०) [प्रति+ईक्ष्+ष्यत्] ०प्रतीक्षा करने योग्य।
०विचार करने योग्य।
०श्रद्धेय, आदरणीय।
०अनुसरणी, प्रतिपालनीय, परिपूरणीय।

प्रतीची (स्त्री०) [प्रति+अञ्च्+क्विन्+ङीप्] पश्चिम दिशा।

प्रतीचीन (वि०) पश्चिमी।
०भावी, परवर्ती, अनुवर्ती।
०पश्चिमी दिशा का नियम, देशावकाशिकव्रत विशेष।

प्रतीचीय (स्त्री०) पश्चिमदिशा (जयो० १८)

प्रतीच्छ (वि०) प्रतीक्षा करने वाला। (दयो० २/२) ०ग्रहण करने वाला।

प्रतीच्छक (वि०) प्रतीक्षा करने वाला।

प्रतीच्छना (स्त्री०) अर्थ का निश्चय करना।

प्रतीच्य (वि०) [प्रतीची+यत्] पश्चिम दिशावर्ती।

प्रतीत (भू०क०कृ०) [प्रति+इ+क्त] ०स्वीकृत, अंगीकृत, गृहीत।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०ज्ञात, जाना गया।

०विख्यात, विश्रुत, प्रसिद्ध।

०दृढ़संकल्पयुक्त, विश्वास करने वाला।

०प्रसन्न, खुश, आनंदित।

०प्रस्थित, प्रयात।

०गुजरा हुआ, बीता हुआ।

०प्रमाणित, संस्थापित।

०चतुर, बुद्धिमान्।

प्रतीतिः (स्त्री०) [प्रति+ई+क्तिन्] ०विश्वास, प्रसक्ति (जयो० १४/६) सुसमये भाग्यप्रतीति प्रजाः (जयो० ८/८५)

०प्रति+इति-गमन होना। (जयो०वृ० १४/६)

०परिज्ञान, ज्ञान। (जयो० २७/६१) (सुद० २/२४) जनस्य नीतिः परत प्रणीतिः। समीतिरास्ते विकलप्रतीतिः। (जयो० २७/६१)

०निश्चय, स्पष्ट ज्ञान, प्रत्यक्षज्ञान।

०यश, कीर्ति।

०आदर, सम्मान।

०हर्ष, खुशी, आनन्द।

प्रतीतिदूती (स्त्री०) प्रेषित दूती, भेजी गई दूती। प्रति समीपं प्रियस्येतिप्रेषितादूती। (जयो०वृ० १५/८९)

प्रतीत्त (वि०) [प्रति+दा+क्त] लौटाया हुआ। ०वापिस किया हुआ।

प्रतीत्य (वि०) अन्य वस्तु की अपेक्षा वाला, विवक्षित। (सम्य० ८९)

प्रतीत्यसत्यं (नपुं०) अन्य वस्तु की अपेक्षा करके बोला जाने वाला सत्य।

प्रतीत्या (स्त्री०) पश्चिम दिशा। (जयो० १५/४)

प्रतीन्धकः (पुं०) एक देश का नाम।

प्रतीप (वि०) [प्रतिगता आपो यत्र, प्रति+अप्+अच्] ०प्रतिकूल, विरुद्ध, विपरीत,

०विरोधी, शत्रु बैरी। (जयो० १/४६)(जयो० १/११)

०उलटा, विपरीत।

०प्रतिगामी (भक्ति० ३) ०अनुसरण शील।

०अरुचिकर, अप्रिय।

०हठी, दुराग्रही, अडियल। ०दिवस दीप।

प्रतीपः (पुं०) सूर्य (सुद० २/३३)

प्रतीपं (नपुं०) एक अलंकार जिसमें उपमान की उपमेय से तुलना करते हैं।

०उपमा से विपरीत।

प्रतीपं (अव्य०) इसके विपरीत, विपरीत क्रमानुसार। के विरुद्ध, के विरोध में।

प्रतीपग (वि०) विरुद्ध चलने वाला, विपरीत, प्रतिकूल, विरोधी।

प्रतीपगतिः (स्त्री०) उलटी गति, विपरीत चाल।

प्रतीपगमनं (नपुं०) विपरीत गमन।

प्रतीपतरणं (नपुं०) धार के विरुद्ध जाना।

०नाव चलाना।

प्रतीपपत्नी (स्त्री०) सौत, दूसरी पत्नी। प्रतीपत्न्यास्तदेव किन्न समभूत्स्विदसीमशोकचिह्नम्। (जयो० १४/३०)

प्रतीपवचनं (नपुं०) ०खण्डन।

०प्रतिपक्षीवचन, प्रतिकूल वाणी।

प्रतीपवर्शिनी (स्त्री०) खण्डन।

०दुराग्रह पूर्व बोलने वाला।

प्रतीपविपाकिन् (वि०) विपरीत फलदायक।

प्रतीम (वि०) प्रतीति करने योग्य। विरागमेकान्तया प्रतीमः सिद्धौ रतः किन्तु भवान् सुपीम। (जयो० २६/७५) 'प्रतीमः प्रतीतिं कुर्मः' (जयो०वृ० २६/२५)

प्रतीय (वि०) पर्यटन, भ्रमण। (जयो० १/२०) प्रतीयन्तु (जयो० १/२०)

प्रतीरं (नपुं०) [प्र+तीर्+क] तट, किनारा।

प्रतीवापः (पुं०) [प्रति+वप्+घञ्] ०भस्म बनाना, धातु पिघलाना।

०महामारी, छूत की बीमारी।

प्रतिवेशः (पुं०) [प्रति+विश्+ह्-हस्+घञ्] द्वारपाल।

प्रतिवेशिन् (वि०) [प्रतिवेश+इनि] प्रतिवेश वाला।

प्रतिहारता (वि०) द्वारपालपना। (वीरो० १३/९)

प्रतीहारी (स्त्री०) [प्रतीहार+अच्+ङीष्] ०द्वारपालिन।

प्रतुदः (पुं०) [प्र+तुद्+क] पक्षियों की एक जाति तोता, काक विशेष।

०चुभोने का उपकरण, अंकुश, भाला।

प्रतुष्टिः (स्त्री०) [प्र+तुष्+क्तिन्] ०तृप्ति, संतोष, हर्ष, खुशी। ०प्रसन्न भाव। ०आनन्द। ०आशुतोष।

प्रतोदः (पुं०) [प्र+तुद्+घञ्] ०अंकुश, भाला। ०चाबुक।

प्रतूर्ण (वि०) [प्र+त्वर्+क्त] ०त्वरित, क्षिप्रगामी, शीघ्रगामी। ०तेज, तीव्रगति वाला, फुर्तीला।

प्रतोली (स्त्री०) [प्र+तुल्+घञ्+ङीष्] ०गली, नगर के मध्य की सड़क। द्वार का ऊपरी भाग, द्वारोपरिप्राङ्गणभाग प्रतोली कथ्यते। (वीरो० २/३४)

प्रत्त (भू०क०कृ०) [प्र+दा+क्त] ०प्रदत्त, दिया गया।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०प्रस्तुत किया गया। सृष्टये प्रत्तं दत्तमेव किलं। (जयो०वृ० २/९३)

प्रत्न (वि०) [प्र+त्नप्] ०पुराना, पुरातन, प्राचीन।
०प्रथम, पुराणगत।
०परम्परागत, प्रथागत।

प्रत्नपदं (नपुं०) पुराण प्रतिष्ठा, पुराण पुरुष सम्मत। 'प्रत्नानां पुराणपुरुषाणां पदं प्रतिष्ठा यस्मिंस्तत्' (जयो० २)

प्रत्यक् (अव्य०) [प्रति+अञ्च्+क्विन्] विरुद्ध दिशा में, पीछे की ओर।
०से पश्चिम में, भीतर की ओर।
०अन्तर की ओर।
०पहले समय में।

प्रत्यक्ष (वि०) समक्ष। (जयो० १/२३) इन्द्रिय गोचर।
०दृष्टिगोचर।
०उपस्थित, दृष्टिगत।
०इन्द्रियग्राह्य, इन्द्रियज्ञेय।
०स्पष्ट, विशद, साफ, सरल, व्यधान शून्य।
०सुस्पष्ट, सुव्यक्त।

प्रत्यक्षं (नपुं०) विशद प्रतिभास, स्पष्टाभास।
०साक्षात् रूप से जानना, (वीरो० २०/२१)
०स्वयं दृष्ट, विशद निर्भासन।
०आत्मनियत। ०आत्म ज्ञान से प्रतीति होना।
०स्वार्थ संवेदन, स्वार्थव्यवसाय।
०आत्मज्ञान, केवलज्ञान। ०देखें विशेष-प्रत्यक्षज्ञान।

प्रत्यक्षज्ञानं (नपुं०) ०विशद ज्ञान, स्पष्ट ज्ञान। (वीरो० २०/१८)
०स्व-पर व्यवसायात्मक ज्ञान।
०इन्द्रियानिन्द्रियानपेक्षमतीत व्यभिचारं साकारग्रहणं प्रत्यक्षम्। (त०वा० १/१२) 'अक्ष्णेति व्याप्नोति जानातीत्यक्ष आत्मा, तमेव प्राप्तक्षयोपशमं प्रक्षीणावरणं वा प्रतिनियतं प्रत्यक्षम्। (स०सि० १/१२)

प्रत्यक्षदर्शनं (नपुं०) विशद दर्शन, स्पष्ट दर्शन।
०साक्षात् दर्शन। ०आत्म दृष्टि।

प्रत्यक्षदर्शन (वि०) अक्षि से दृश्यमान्, दृष्टिगत।

प्रत्यक्षदर्शिन् (वि०) दृष्टिगत, आंखों की साक्षी, अभिप्रमाण।

प्रत्यक्षदृष्ट (वि०) साक्षात् दर्शित। अक्षि से देखा गया।

प्रत्यक्षप्रमा (स्त्री०) ज्ञानेन्द्रिय से जानकारी।

प्रत्यक्षप्रमाणं (नपुं०) विशद प्रमाण, स्पष्ट प्रमाण।

प्रत्यक्षप्रमाणं (नपुं०) ०अक्षि प्रमाण। ०नेत्रेन्द्रिय द्वारा दृष्ट का प्रमाण। ०आत्मजन्य प्रमाण।

प्रत्यक्षफल (वि०) स्पष्ट दर्शित, दृश्य फलों का रखने वाला।

प्रत्यक्ष-वादिन् (पुं०) प्रत्यक्ष का कथन, प्रत्यक्ष प्रमाण का वक्ता।

प्रत्यक्षविहित (वि०) स्पष्ट विधान किया हुआ, सीधा कथन किया हुआ।

प्रत्यक्षस्थित (वि०) सामने स्थित, चित्, समझदार, साक्षात्स्थित। (जयो०वृ० ३/२२)

प्रत्यक्षाभासः (पुं०) प्रत्यक्ष का आभास होना, अविशदता के होते हुए प्रत्यक्ष माना जाना, अकस्मात् धूम के देखने से जो अग्नि का ज्ञान होता है, वह प्रत्यक्ष नहीं, किन्तु प्रत्यक्षाभास है।

प्रत्यक्षिन् (पुं०) विशद दृष्टा, साक्षात् दर्शक।

प्रत्यक्षोपचारविनयः (पुं०) आचार्य, उपाध्याय, गुरु जनादि के प्रति आदर रखना।

प्रत्यग्र (वि०) [प्रतिगतं अग्रं श्रेष्ठं यस्य] ०नूतन, अभिनव, नया, ताजा।
०विशुद्ध, स्वच्छ, साफ।

प्रत्यग्रवयस् (वि०) अल्पवयस्क, तरुण।

प्रत्यग्रहं (नपुं०) पडिगाहन, साधु को आहार के निमित्त प्रतिवेदन। (सुद० ११९)

प्रत्यग्रमृष्ट (वि०) कोमलाग्रभाग। उदग्रशाखा नवपल्लवानि प्रत्यग्रमृष्टानि मुदा जघास। (जयो० १३/१११)

प्रत्यंच् (वि०) [प्रति+अञ्च्+क्विन्] ०पश्चवर्ती, अनुवर्ती, भावी।
०पश्चिम दिशा का।
०हटाया हुआ, निवारित।

प्रत्यंचक्षं (नपुं०) आन्तरिक अवयव।

प्रत्यंच्दक्षिणतः (अव्य०) दक्षिण-पश्चिम की ओर।

प्रत्यंच्दृश् (स्त्री०) अन्तर्दृष्टि, आभ्यान्तर दृष्टि।

प्रत्यंच्मुख (वि०) पश्चिमाभिमुखी, विपरीत स्थिति को प्राप्त हुआ। मुंह मोड़े हुए (जयो० ७/१९) प्रत्यङ् मुखे सखे स्यन्दे रोषो में प्रागिहोदितः। (जयो० ७/१९)

प्रत्यङ्मुख (वि०) देखो ऊपर।

प्रत्यंच्स्रोत (वि०) पश्चिम की ओर बहने वाला।

प्रत्यञ्चा (स्त्री०) बाण। (जयो०वृ० १/८८)

प्रत्यञ्चापरिणामः (पुं०) गुण। (वीरो० २/७)

प्रत्यचित् (वि०) [प्रति+अञ्च्+क्त] पूजित, सम्मानित, अर्चित।

प्रत्यथिन् (पुं०) शत्रु, प्रत्याशाधारी। (जयो० ८/५४)

प्रत्यदनं (नपुं०) [प्रति+अद्+ल्युट्] ०भोजन करना, आहार लेना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रत्यनीकः (पुं०) प्रत्यनीक दोष, आहार-नीहार आदि के समय गुरुजनों की वन्दना करना। कृतिकर्म के दोषों में सत्तरवां दोष। आहारस्स उकाले नीहारस्साvि होइ पडिणीयं' (जैन०ल० ७५२)

प्रत्यभिज्ञा (स्त्री०) [प्रति+अभि+ज्ञा+अङ्+टाप्] जानना, पहचानना।

०यह वही है, इस प्रकार का ज्ञान।

'प्रत्यभिज्ञा स एवायमिति ज्ञानम्' प्रत्यभिज्ञा। तदेवेदं तत्सदृशं इति वा। (जैन०ल० ७५२)

प्रत्यभिज्ञात (भू०क०कृ०) पहचाना हुआ।

प्रत्यभिज्ञानं (नपुं०) [प्रति+अभि+ज्ञा+ल्युट्] ०दर्शन और स्मरण के निमित्त से होने वाला संकल्पनात्मक ज्ञान। (जयो०वृ० २६/८९) 'दर्शन-स्मरण-कारणकं सङ्कलनं प्रत्यभिज्ञानं तदेवेदं तत्सदृशं तद्विलक्षणं तत्प्रतियोगीत्यादि'। (परीक्षामुख ३/५)

०अनुभवस्मृतिहेतुकं सङ्कलनात्मकं ज्ञानं प्रत्यभिज्ञानम्।' (न्यायदीपिका ५६)

०वस्तु का पूर्वापर काल की व्याप्ति का ज्ञान।

०जानना, पहचानना।

प्रत्यभिज्ञानाभासः (पुं०) सदृश वस्तु में 'वह यही है' इस प्रकार के ज्ञान को तथा उसी पदार्थ में 'यह उसके सदृश है' इस प्रकार के ज्ञान को प्रत्यभिज्ञानाभास कहते हैं। 'सदृशे तदेवेदं तस्मिन्नेव तेन सदृशं, यमलकवदित्यादि प्रत्यभिज्ञानाभासः'। (परीक्षा ६/९)

प्रत्यभिभूत (भू०क०कृ०) [प्रति+अभि+भू+क्त] पराजित, जीता हुआ।

प्रत्यभियुक्त (भू०क०कृ०) [प्रति+अभि+युज्+क्त] अभियोग लगाया हुआ।

प्रत्यभियोगः (पुं०) [प्रति+अभि+युज्+घञ्] अभियोक्ता के प्रति दोषारोपण करना, दोष लगाना।

प्रत्यभिवादः (पुं०) [प्रति+अभि+वद्+णिच्+घञ्] आपस में नमन करना, परस्पर में अभिवादन।

प्रत्यभिवादनं (नपुं०) परस्पर नमन, नमन करने वाले के प्रति प्रणम्यभाव।

प्रत्यभिस्कंदनं (नपुं०) [प्रति+भि+स्कन्द्+ल्युट्] प्रत्यारोप, दोषारोपण।

प्रत्ययः (पुं०) [प्रति+इ+अच्] प्रतिनिवृत्तो भवति (वीरो० २/३४) ०धारणा, निश्चित विश्वास।

०विश्वास, श्रद्धा-प्रत्ययो न पुनः कार्यः कुलीनानामपि स्त्रियाम्। प्रत्ययो विश्वासो न कार्यः (जयो० २/१५१)

०संबोध, विचार, भाव, सम्मति।

०जानकारी, अनुभव, संज्ञान।

०कारण, आधार, निमित्त, साधन।

०प्रसिद्धि, यश, कीर्ति, ख्याति।

०पदार्थ प्रतीति, आभास प्रतीयतेऽनेनार्थे इति प्रत्ययः- ज्ञानकारणं घटादि (जैन०ल० ७५३)

०विरुद्धगमक-प्रत्ययो विरुद्धगमनम्। (जयो० १/३१)

०व्याकरण प्रसिद्ध।

०तिङंत प्रत्यय सुप् आदि प्रत्यय, क्रियात्मक तिप्, तस् आदि प्रत्यय, संज्ञात्मक सुप् और जसादि प्रत्यय (जयो० २/५२)

०प्रचलन, अभ्यास।

०शपथ, सौगन्ध उठाना। साक्षी लेना।

प्रत्यय-कषायः (पुं०) कर्म रूप बन्ध का कारण, कषाय का आधार, कषाय का आश्रय। क्रोध वेदनीय कर्म के उदय से जीव क्रोध रूप परिणत होता है।

'पच्चय-कसाओ णाम कोहवेयणीयस्स कम्मस्स उदएण जीवो कोहो होदि, तम्हा तं पच्चयकसाएण कोहो' (कसाय पा०पृ० २१)

प्रत्ययकारक (वि०) विश्वास पैदा करने वाला।

प्रत्यय-कारिन् (वि०) विश्वास उत्पन्न करने वाला, श्रद्धाशील, विचारवान्।

प्रत्ययक्रिया (स्त्री०) अपूर्व अधिकरण की कल्पना, पापास्रव रूप क्रिया।

प्रत्ययवत् (वि०) प्रत्ययों की तरह। ०धारणा/विचार के समान। ०अनुभव युक्त। ०साधन संपन्नता युक्त।

प्रत्ययवती (वि०) प्रत्ययों वाली 'ति' आदि प्रत्यय वाली। (जयो०वृ० १/३१) श्रद्धेय, विश्वासी।

प्रत्ययिन् (वि०) [प्रत्यय+इनि] विश्वास करने वाला, श्रद्धा करने वाला।

प्रत्यर्थ (वि०) [प्रति+अर्थ्+अच्] उपयोगी, युक्तिसंगत।

प्रत्यर्थक (वि०) [प्रति+अर्थ्+ण्वुल्] विरोधी, प्रतिपक्षी।

प्रत्यर्थिन् (वि०) [प्रति+अर्थ+णिनि] प्रतिपथी, विरोधी, शत्रुतापूर्ण।

प्रत्यर्थिन् (पुं०) शत्रु, विरोधी, विपक्षी।

०प्रतिद्वन्द्वी, सम, समानता युक्त, जोड़ी का।

०प्रतिवादी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रत्यर्पणं (नपुं०) [प्रति+ऋ+णिच्+ल्युट्] ०वापिस देना, लौटा देना।

प्रत्यर्पित (भू०क०कृ०) [प्रति+ऋ+णिच्+क्त] लौटाया, वापस किया।

प्रत्यवमर्शः (पुं०) [प्रति+अव+मृश्+घञ्] ०गम्भीर चिन्तन, मनन।
०परामर्श, सीख, उचित शिक्षा।
०प्रत्युपसंहार।

प्रत्यवरोधनं (नपुं०) [प्रति+अव्+रुध्+ल्युट्] ०विघ्न, बाधा, रुकावट, अवरोध, विराम।

प्रत्यवसानं (नपुं०) [प्रति+अव्+रुध्+ल्युट्] ०भोजन करना, खाना, पान करना।

प्रत्यवसित (वि०) [प्रति+अव+सी+क्त] खाया हुआ, पीया हुआ।

प्रत्यवस्कंदः [प्रति+अव+स्कन्द्+घञ्] ०विशेष तर्क, प्रतिवादी के खण्डन योग्य तर्क।

प्रत्यवस्थानं (नपुं०) [प्रति+अव+स्था+ल्युट्+] अपाकरण, निर्दोष करना।
०शत्रुता, विरोध।
०यथास्थिति, पूर्वस्थित।

प्रत्यवस्थापनं (पुं०) [प्रति+अव+स्थाप+ल्युट्] ०युक्तिपूर्वक, निराकरण, दोषों का निराकरण।
०निर्दोष करना।

प्रत्यवहारः (पुं०) [प्रति+अव+हृ+घञ्] ०वापिस खींचना,
०प्रलय, विनाश, विध्वंस।

प्रत्यवायः (पुं०) [प्रति+अव+अय्+घञ्] ०अवरोध, गतिरोध, विराम, रुकावट।
०ह्रास, न्यूनता, अल्पता।
०विरुद्ध, विपरीत मार्ग।
०पाप, अपराध।

प्रत्यवर्तमान (वि०) परिभ्रमण करने वाला। (वीरो० १९/२७)

प्रत्यवेक्षणं (नपुं०) [प्रति+अव+ईक्ष्+ल्युट्] ध्यान रखना, देखरेख करना।
०चक्षु-व्यापार, निरीक्षण। 'प्रत्यवेक्षणं चक्षुषो व्यापार:' (त०वा० ७/३४) 'अत्र, प्राणिनो विद्यन्त न वा विद्यन्त इति निजबुद्धया निजचक्षुषा पुनर्निराक्षणं प्रत्यवेक्षितमुच्यते। (त०वृ० ७/३४)

प्रत्यवेक्षा (स्त्री०) [प्रति+अव+ईक्ष्+अङ्+टाप्] निरीक्षण, अवलोकन, दृष्टि व्यापार।

प्रत्यवेक्षित (वि०) [प्रति+अव+ईक्ष्+क्त] निरीक्षित, अवलोकित।

प्रत्यस्तमयः (पुं०) [प्रति+अस्तम्+अय्+अच्] छिपना, अस्त होना।
०अन्त, समाप्ति।

प्रत्याक्षेपक (वि०) [प्रति+आ+क्षिप्+ण्वुल्] उपहास करने वाला, हंसी उड़ाने वाला, व्यंग्यपूर्ण व्यवहार।

प्रत्याख्यात (भू०क०कृ०) [प्रति+आ+ख्या+क्त] ०प्रतिषिद्ध, निषिद्ध।
०अस्वीकृत, मना की गई।

प्रख्यातसेवा (स्त्री०) निषिद्ध वस्तु का सेवन।
०मुनि के आहार का अन्तराय, देव या गुरु की साक्षी पूर्वक छोड़ी गई वस्तु का सेवन अन्तराय।

प्रत्याख्यानं (नपुं०) [प्रति+आ+ख्या+ल्युट्] ०अस्वीकार करना, ग्रहण नहीं करना।
०निराकरण, अवहेलना, भर्त्सना।
०मुकरना, मना करना।
०परित्याग, आगन्तुक दोषों का त्याग। 'प्रत्याख्यानं सर्वविरतिलक्षणम्' 'प्रत्याख्यान मुरीकरोतु अशनस्यान्तेऽन्य-घस्त्रावधिः। (मुनि० १०)

प्रत्याख्यानकषायः (पुं०) सकल संयम घातक कषाय।

प्रत्याख्यानकुशलः (पुं०) त्याग कुशल।

प्रत्याख्यानपूर्वः (पुं०) प्रत्याख्यान का निरूपण। ०परिमित अपरिमित द्रव्यभाव का प्रत्याख्यान।

प्रत्याख्यानप्रवादः (पुं०) पूर्वगत श्रुत, समस्त प्रत्याख्यान निरूपण करने वाला ग्रंथ।

प्रत्याख्यानावरणं (नपुं०) प्रत्याख्यान कषाय, सकल संयम को आच्छादित करने वाला कारण।

प्रत्याख्यानी भाषा (स्त्री०) परित्याग वचन की भाषा, दोषजनक भाषा का त्याग।

प्रत्यागत (वि०) लौटा हुआ। (वीरो० २१/२२)

प्रत्यागतिः (स्त्री०) [प्रति+आ+गम्+क्तिन्] लौटना, वापिस आना।

प्रत्यागमः (पुं०) [प्रति+आ+गम्+अव] लौटाना, वापस आना।

प्रत्यागमनं (नपुं०) [प्रति+आ+गम्+ल्युट्] लौटना, वापस आना।

प्रत्यागालः (पुं०) द्वितीय स्थिति में गमन। 'प्रथमस्थिति द्रव्यस्योत्कर्षणवशात् द्वितीयस्थितौ गमनं प्रत्यागाल:' (जैन०ल० ७५६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रत्यात्मवेद्य (वि०) आत्म ज्ञाता। (मुनि० ८४)

प्रत्यादानं (नपुं०) [प्रति+आ+दा+ल्युट्] पुनर्ग्रहण, वापस लेना, पुनः प्राप्ति।

प्रत्यादिष्ट (भू०क०कृ०) [प्रति+आ+दिश्+क्त] सूचित, ज्ञापित, नियत।
०अस्वीकृत, पीछे की गई।
०तिरोहित।
०चेताया हुआ, सावधान किया गया।

प्रत्यादेशः (पुं०) [प्रति+आ+दिश्+घञ्] सूचना, आज्ञा, आदेश, घोषणा।
०अस्वीकृति, मना करना।
०मुकरना, मेटना।
०निराकरण।
०तिरोहित करना, ग्रस्त करना।
०सावधानी, चेतावनी।

प्रत्यानयनं (नपुं०) [प्रति+आ+नी+ल्युट्] वापिस लाना, लौटा जाना।

प्रत्यापत्तिः (स्त्री०) [प्रति+आ+पद्+क्तिन्]०अरुचि।
०विषयों से विरक्ति, विराग, वैराग्य।
०वापसी।

प्रत्यामुण्डा (स्त्री०) अवाय का नामान्तर, संकोच किया जाना। 'प्रत्यर्थमामुण्ड्यते सङ्कोच्यते मीमांसितोऽर्थः अनयेति प्रत्यामुण्डा।' (धव० १३/२४३)

प्रत्यायः (पुं०) [प्रति+अय्+घञ्] चुंगी, कर।

प्रत्यायक (वि०) [प्रति+आ+इ+णिच्+ण्वुल्] प्रमाणित करने वाला।
०विश्वास दिलाने वाला।

प्रत्यायनं (नपुं०) [प्रति+आ+इ+णिच्+ल्युट्]०घर ले जाना, विवाह करना।

प्रत्यालीढं (नपुं०) [प्रति+आ+लिह्+क्त] एक निशाना लगाने की पद्धति, जिसमें बायें पांव को आगे की ओर करके दाहिने पांव को पीछे की ओर रखा जाता है।

प्रत्यालीढस्थानं (नपुं०) निशाना लगाने की स्थिति का स्थान।

प्रत्यावर्तनं (नपुं०) [प्रति+आ+वृत्+ल्युट्] लौटाना, वापिस आना।

प्रत्याव्रज् (अक०) जाना, पहुंचना। (सुद० ४/२३)

प्रत्याव्रजन (भू०) गया।

प्रत्याशाधारी (पुं०) शत्रु। (जयो० ८/५४)

प्रत्याश्वस्त (भू०क०कृ०) [प्रति+आ+श्वस्+क्त] सान्त्वना दिया हुआ, आश्वस्त किया गया।

प्रत्याश्वासः (पुं०) [प्रति+आ+श्वस्+घञ्] फिर से सांस लेना, लौट आना, चलने लगना।

प्रत्याश्वासनं (नपुं०) [प्रति+आ+श्वास्+णिच्+ल्युट्] ढाढस बंधाना, सान्त्वना देना।

प्रत्यासक्तिः (स्त्री०) [प्रति+आ+सद्+क्तिन] ०अत्यन्त सामीप्य, संसक्ति। (हित० ६/४)
०घनिष्ट संपर्क।
०सादृश्य, समानता।

प्रत्यासन्न (भू०क०कृ०) [प्रति+आ+सद्+क्त] ०समीप, निकट, संसक्त।
०सटा हुआ।

प्रत्यासरः (पुं०) [प्रति+आ+सृ+अप्] सेना का पृष्ठ भाग, व्यूह रचना।

प्रत्याहरणं (नपुं०) [प्रति+आ+हृ+ल्युट्] वापिस होना, पुनः ग्रहण करना।
०रोकना, अवरोध उत्पन्न करना।
०नियंत्रण करना।

प्रत्याहारः (पुं०) [प्रति+आ+हृ+घञ्] ०पीछे हटाना, लौटाना, प्रत्यावर्तन।
०पीछे रखना, रोकना।
०इन्द्रिय दमन करना।
०एक ही ध्वनि में कई अक्षरों का बोध।
व्याकरणोक्त-संकोच व्याकरण में आदि और अन्तिम अक्षर और मध्यपाती अक्षरों को लेकर प्रत्याहार बनता है। 'अ इ उण्' यहां अन्तिम 'ण्' इत्संज्ञक है। आदि अक्षर 'अ' है और मध्य में इ, उ आते हैं। इस प्रकार 'अण्' प्रत्याहार में 'अ इ उ' इन तीन अक्षरों का समावेश हैं। (जयो० हि० २८/३१) 'प्रत्याहारं नाम भ्रवोर्मध्यदेशादिषु यथेच्छं मनोनयनमुपेतः' (जयो०वृ० २८/३१)
०इन्द्रिय निग्रह-
'समाकृष्येन्द्रियार्थेभ्यः साक्षं चेतः प्रशान्तधीः'
यत्र यत्रेच्छया धत्ते स प्रत्याहार उच्यते। (ज्ञानार्णव ३०/१)
'प्रत्याहारस्त्विन्द्रियाणां विषयेभ्यः समाहृति' (जैन०ल० ७५७)

प्रत्याहृत् (वि०) प्रत्याहारीकृत। (जयो० ११/८९)

प्रत्युक्त (भू०क०कृ०) [प्रति+वच्+क्त] उत्तर दिया गया, बदले में कहा गया, समाधान किया गया।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रत्युक्तिः (स्त्री०) [प्रति+वच्+क्तिन्] उत्तर, समाधान। (सुद० ८४)

प्रत्युच्चारः (पुं०) [प्रति+उद्+चर्+णिच्+घञ्] ०आवृत्ति, अभ्यास।
०पुनर्चिन्तन।

प्रत्युच्चारणं (नपुं०) [प्रति+उद्+चर्+णिच्+ल्युट्] ०आवृत्ति, दोहराना, पुनः पुनः घोकना, याद करना।

प्रत्युज्जीवनं (नपुं०) [प्रति+उद्+जीव्+ल्युट्] पुनर्जीवन होना, फिर से जन्म लेना, फिर से जी उठना।

प्रत्युत (अव्य०) इसके विपरीत, इससे भिन्न।
०अधिक। भवेत् प्रत्युत दारुणा। (सुद० १२६)
०बल्कि, जो भी, दूसरी ओर तथा तथा प्रत्युत सम्विरागं। (सुद० १०१)

प्रत्युत्क्रमः (पुं०) [प्रति+उद्+क्रम्+घञ्] ०उद्यत होना, तैयार होना।
०कार्यशीलता युक्त होना।
०प्रयाण करना, प्रस्थान करना।
०व्यवसाय का प्रारम्भ करना।

प्रत्युत्क्षेपः (पुं०) पद प्रक्षेप, नृत्यांगना का पद संचालन।
०वाद्ययंत्रों की ध्वनि।

प्रत्युत्तरः (पुं०) बदले में कहना, जवाब देना। (सुद० ७८)

प्रत्युत्थानं (पुं०) [प्रति+उद्+स्था+ल्युट्] ०किसी के विरुद्ध उठना, युद्ध की तैयारी करना, अभ्यागत के स्वागत के लिए उठना।

प्रत्युत्थित (भू०क०कृ०) [प्रति+उद्+स्था+क्त] ०उद्यत, तत्पर, तैयार, संलग्न हुआ।
०फिर से उत्पन्न।

प्रत्युत्पन्न (भू०क०कृ०) [प्रति+उद्+स्था+क्त] उद्यत, तत्पर, तैयार, संलग्न।

प्रत्युदाहरणं (नपुं०) [प्रति+उद्+आ+हृ+ल्युट्] विपक्ष का उदाहरण, दृष्टान्त देना।

प्रत्युद्गत (भू०क०कृ०) [प्रति+उद्+गम्+क्त] ०अभ्यागत के स्वागत हेतु उद्यत।
०आगे बढ़ा हुआ।

प्रत्युद्गतिः (स्त्री०) [प्रति+उद्+गम्+क्तिन्] अभ्यागत हेतु उद्यत।
०आगे आना, स्वागत के लिए तैयार होना।

प्रत्युद्गमनीयं (नपुं०) [प्रति+उद्+गम्+अनीयर्] स्वच्छ वस्त्र का जोड़ा।

प्रत्युद्धरणं (नपुं०) [प्रति+उद्+हृ+ल्युट्] ०पुनः प्राप्त करना, दी गई वस्तु को वापिस लेना।
०पुनः धारण करना, ग्रहण करना।

प्रत्युद्यमः (पुं०) [प्रति+उद्+यम्+अप्] प्रति संतुलन, समतोल।
०प्रतिक्रिया, रोकथाम।

प्रत्युद्यात (वि०) [प्रति+उद्+या+क्त] प्रतिक्रिया युक्त, आदर हेतु बाहर आना।

प्रत्युन्नमनं (नपुं०) [प्रति+उद्+नम्+ल्युट्] उछलना, पलट कर आना, पुनः उठना।

प्रत्युपकारः (पुं०) [प्रति+उप्+कृ+घञ्] उपकार चुकाना, प्रतिदान, सेवा करना। (जयो०वृ० १६/४४)

प्रत्युपकारशून्य (वि०) उपकार रहित, सेवा के बदले सेवा से रहित। 'मतङ्गजेन्द्रैर्निजदानवारि न वंशिनः प्रत्युपकार शून्याः। (जयो० १३/१०५)

प्रत्युपक्रिया (स्त्री०) प्रत्यर्पण की भावना, सेवा का प्रतिफल। (जयो० १४/३४)

प्रत्युपदेशः (पुं०) [प्रति+उप्+दिश्+घञ्] ०प्ररूपणा, निरूपण, कथन, उपदेश। ०सुझाव।

प्रत्युपदेशः (पुं०) [प्रति+उप्+दिश्+णिच्+घञ्] ०घेराव करना, बात मनवाने का आग्रह करना।
०कार्य करवाना।

प्रत्युपदेशनं (नपुं०) [प्रति+उप्+दिश्+णिच्+ल्युट्] ०घेराव करना, बात मनवाना।
०कार्य की ओर उन्मुख करना।

प्रत्युपपन्न (वि०) [प्रति+उप्+पद्+क्त] ०उद्यत, तत्पर, तैयार।
०फिर से उत्पन्न।

प्रत्युपमानं (नपुं०) [प्रति+उप्+मा+ल्युट्] ०आदर्श, समरूपता, तुलना।

प्रत्युपलब्ध (भू०क०कृ०) [प्रति उप्+लभ्+क्त] वापिस प्राप्त फिर से गृहीत, पुनः प्राप्त हुआ।

प्रत्युपस्थानं (नपुं०) [प्रति+उप्+स्था+ल्युट्] समीपवर्ती स्थान।

प्रत्युप्त (भू०क०कृ०) [प्रति+उप्+क्त] ०जटित, भरा हुआ, बोया हुआ, स्थिर किया हुआ।
०दृढ़तापूर्वक टिकाया हुआ।

प्रत्युवाच (वि०) समाधान दिया हुआ, पुनः समझाया गया।

प्रत्युषः (पुं०) प्रभात, प्रातःकाल, सुबह, भोर, तड़का।

प्रत्यूषं (नपुं०) [प्रति+ऊष्+क] प्रभात, प्रातःकाल, भोर।

प्रत्यूषस् (नपुं०) [प्रति+ऊह्+घञ्] बाधा, विघ्न।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रत्येक (वि०) सभी, प्रत्येक। 'एकमेकं प्रति'

प्रत्येककाय: (पुं०) सभी अंग।

प्रत्येकजीव: (पुं०) पत्र, पुष्प, मूल, फल और स्कन्ध आदि के आश्रित जो एक जीव है। 'एगसरीरे एगो जीवो जेसिं तु ते य पत्तेया।

प्रत्येकनामा (पुं०) एक शरीर की रचना। 'एकं एकं प्रति प्रत्येकं, यस्योदये प्रत्येक जीवो भवति पृथग्जीवो भवति तत्प्रत्येकनाम।' (जैन०ल० ७५७)

प्रत्येकबुद्ध: (पुं०) बाह्य प्रत्यय युक्त बुद्ध।

प्रत्येकबुद्धसिद्ध (वि०) सिद्धि/मुक्ति को प्राप्त हुए प्रत्येक बुद्ध।

प्रत्येकबुद्धिऋद्धि (स्त्री०) स्वयं शक्ति को प्राप्त होना, बिना उपदेश ज्ञान, तपादि की अतिशयता को प्राप्त होना।

प्रत्येकवनस्पति: (स्त्री०) पृथक् पृथक् वनस्पतियां। (वीरो० १९/३१)

प्रत्येकविशेषणं (नपुं०) प्रति विशेषण। (जयो०वृ० १/६३)

प्रत्येकशरीर: (पुं०) प्रत्येक जीव, प्रत्येक अंग, पृथक्-पृथक् शरीर 'एकमेकं प्रति प्रत्येकं, प्रत्येकं शरीरं येषां ते प्रत्येकशरीरा:। (धव० ३/३३१)

प्रत्येकाङ्गं (नपुं०) जिस एक जीव का एक शरीर होता है, प्रत्येक शरीर, पृथिवी आदि। 'एकमेकं प्रति प्रत्येकं पृथक्कादय: शरीरं येषां ते' (मूला० ५/१६)

प्रथ् (सक०) बढ़ाना, फैलाना, खोलना, विस्तृत करना, दिखलाना।

प्रथ् (अक०) प्रकट होना, उदय होना। उद्घोषणा करना।

प्रथनं (नपुं०) [प्रथ्+ल्युट्] फैलाना, विस्तार करना, बतलाना। ०प्रकाशित करना, प्रदर्शन करना। ०सूचित करना।

प्रथम (वि०) [प्रथ्+अमच्] ०पहला, आदि, आगे का (जयो० २/४५, जयो० ३/६८)
०प्रमुख, मुख्य, प्रधान, श्रेष्ठ, अनुपम। (जयो० २/४५) (सम्य० ५६)
०प्राचीन, पुरातन, प्रथमानुयोग। (जयो०वृ० १/६)
०प्रथम पुरुष, अन्य पुरुष।

प्रथमं (अव्य०) पहले, प्रमथत:, सबसे पहले का, पूर्वकाल का, पूर्व समय में।

प्रथमकल्प: (पुं०) ०आदिकल्प। ०प्रारम्भिक विधान। ०प्रमुख नियम, पहला विधान।

प्रथमकल्पित (वि०) ०पहले सोचा गया, ०सर्वोच्च विचार वाला।

प्रथमजन्मन् (नपुं०) प्रारंभिक अवस्था।

प्रथम-तत्त्वं (नपुं०) जीव तत्त्व।

प्रथमता (वि०) अग्रगामिता (जयो० ५/९)

प्रथम-तीर्थंकर: (पुं) आदिब्रह्म, (जयो० ५/२४) नाभेय, ऋषभदेव, जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव, आदिनाथ, नाभेय।

प्रथमदर्शनं (नपुं०) आदि दर्शन, प्रारंभिक श्रद्धा।

प्रथमदिवस: (पुं०) प्रथम दिन, पहला दिन, कार्य करने का प्रारम्भिक समय।

प्रथम द्रव्यं (नपुं०) जीव द्रव्य।

प्रथमधर्मन् (नपुं०) प्रारंभिक धर्म, पहला धर्म, उत्तम क्षमाधर्म।

प्रथमपुरु (पुं०) तीर्थंकर आदिनाथ, प्रथमादरणीय पुरुष।

प्रथमपुरुष: (पुं०) अन्य पुरुष, आदिदेव तीर्थंकर ऋषभ।

प्रथममूलगुणं (नपुं०) मुनि का प्रथम अहिंसामहाव्रत, प्राणातिपातविरमण।

प्रथमयौवनं (नपुं०) किशोरावस्था, युवावस्था।

प्रथमवयस् (नपुं०) बचपन, शैशव।

प्रथमवार (वि०) पहली पहली बार। (दयो० २३)

प्रथमविरह: (पुं०) प्रारम्भिक वियोग।

प्रथमसर्ग: (पुं०) पहला सर्ग, काव्य का प्रथम अध्याय। (वीरो० १/१)

प्रथमसम्यक्त्वं (नपुं०) सम्यक्त्व प्राप्ति का समय, कर्मों की अन्त: कोडाकोडिप्रमाण स्थिति बांधने के बाद प्रथम सम्यक्त्व की प्राप्ति होती है।

प्रथमसुकृतं (नपुं०) पुण्य, सेवा।

प्रथमा (स्त्री०) प्रथमा विभक्ति, कर्ताकारक।

प्रथमाकारक: (पुं०) कर्ताकारक।

प्रथमाधिप: (पुं०) महादेव। आदिनाथ। (जयो० ७/३३)

प्रथमानुयोग: (पुं०) विशिष्ट पुरुष (जयो० १९/२५) शलाका पुरुष का चरित्र। पुराणं चरितं चार्थाख्यानं बोधिसमाधिदम्। तत्त्वप्राथार्थी प्रथमानुयोगं प्रथयेत्तराम्।। (अन०ध० ३/९)

प्रथमाप्रतिमा (स्त्री०) दर्शन प्रतिमा।

प्रथमाभिधा (स्त्री०) प्रथम भुजा, प्रथमानुयोग। (जयो० १९/२५)

प्रथमास्थिति: (स्त्री०) अन्त:करण से नीचे की स्थिति।

प्रथमोशम: (पुं०) प्रथम उपशम भाव। (सम्य० ५६)

प्रथा (स्त्री०) [प्रथ्+अङ्+टाप्] परम्परा (मुनि० १२) रीति। (वीरो० १८/४८)
०पद्धति, ख्याति, प्रसिद्धि। (जयो० २७/७)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रथित (भू०क०कृ०) [प्रथ्+क्त] ०प्रकाशित, उद्घोषित, प्रतिपादिन।
०सेवित। (सुद० ८२)
०दिखाया गया, प्रदर्शित किया गया। (सुद० १/११) युक्त (जयो० ३/१०८)
०विख्यात, विश्रुत सुप्रसिद्ध।

प्रथिता (वि०) मीठी, मधुर। (सुद० १/२२) (जयो० ११/६०)

प्रथिमन् (पुं०) [पृथोर्भाव:, प्रथु+इमनिच्] विस्तार, चौड़ाई विशालता।

प्रथिवि (स्त्री०) धरती, धरा, भूमि।

प्रथिष्ठ (वि०) [पृथु+इष्ठन्] सबसे बड़ा, सबसे चौड़ा, अत्यंत विशाल।

प्रथीयस् (वि०) [पृथु+ईयसुन्] चौड़ा, विशाल, व्यापक, विस्तार युक्त, फैला हुआ।

प्रथु (वि०) [प्रथ्+उण्] व्यापक, विशाल, विस्तीर्ण, फैला हुआ।

प्रथुक: (पुं०) [प्रथ्+उक्] चौले, चउले।

प्रदक्षिण (वि०) दाँई ओर रखा गया, दाँई ओर घूमने वाला।
०सम्मानपूर्वक, श्रद्धालु।

प्रदक्षिण: (पुं०) श्रद्धापूर्ण, सम्मानजनक।

प्रदक्षिणं (अव्य०) दाईं ओर को, दाईं ओर प्रदक्षिणा की गई परावर्तन की एक स्थिति को।
०दक्षिण दिशा की ओर।

प्रदक्षिणा (स्त्री०) परिक्रमा, परावर्तन, गुरु, देव, गमन, जिनालय की परिक्रमा। (जयो० १२/७३)
०दाईं ओर से परिक्रमा करना।

प्रदक्षिणीकृत् (वि०) परिक्रान्त। (जयो० १२/१७५)

प्रदक्षिणीकृत्य (वि०) परीत्य, परिक्रमा करके। (जयो०वृ० १/१००)

प्रदग्ध (भू०क०कृ०) [प्र+दह्+क्त] भस्म किया गया, जलाया गया।

प्रदत्त (भू०क०कृ०) [प्र+दा+क्त] दिया गया, प्रदान किया गया। (जयो० १२/१२४) 'तद्वैशिष्ट्यमिदन्तु साम्प्रतमभूद्वैव प्रदत्तात्पदात्' (मुनि० १४)

प्रदर: (पुं०) [प्र+दृ+अप्] ०तोड़ना, फाड़ना।
०अस्थिभंग होना।
०दरार, छिद्र, विवर, छेद, सुराग।
०तीर।
०प्रदर रोग, उदर पीड़ा, स्त्री जाति में होने वाली पीड़ा।

प्रदर्प: (पुं०) अहंकार, अभिमान, घमण्ड।

प्रदर्श: (पुं०) [प्र+दृश्+घञ्] ०दृष्टि, दर्शन।
०निदेश, आज्ञा।

प्रदर्शक (वि०) [प्र+दृश्+ण्वुल्] ०दिखाने वाला, प्रकट करने वाला।

प्रदर्शनं (नपुं०) [प्र+दृश्+ल्युट्] ०दृष्टि, दर्शन, अवलोकन।
०दिखावा, प्रदर्शनी।
०प्रकट होना।
०अध्यापन, व्याख्यान, उपदेश।
०दृष्टान्त, उदाहरण।

प्रदर्शित (भू०क०कृ०) [प्र+दृश्+णिच्+क्त] ०प्रकाशित, दिखलाया गया।
०व्याख्यायित, प्रतिपादित।
०सिखाया गया, उद्घोषित किया गया।

प्रदल: (पुं०) [प्र+दल्+अच्] ०बाण, तीर।

प्रदव: (पुं०) [प्र+दु+अच्] ०जलना, ज्वाला उठना।

प्रदा (सक०) [प्र+दा] ०प्रदान करना, देना, समर्पित करना, अर्पण करना।

प्रदा (वि०) प्रदान करने वाला। (जयो० २३/१४)

प्रदातृ (पुं०) [प्र+दा+तृप्] ०उदार व्यक्ति, दानी।

प्रदातृ (वि०) देने वाला, अर्पित करने वाला।

प्रदात्री (वि०) देने वाली, समर्पित करने वाली। (समु०१/२६) 'वाक्कामधेनु: खलशीलनेनाऽमृतप्रदात्री सुतरा मनेना:। (समु० १/२६)

प्रदानं (नपुं०) [प्र+दा+ल्युट्] ०देना, समर्पित करना, प्रस्तुत करना।
०शिक्षा देना, सीख देना।
०विद्यादान, भेंट उपहार, प्राभृत।

प्रदानकं (नपुं०) भेंट, उपहार, पुरस्कार।

प्रदानदक्ष (वि०) देने में कुशल। (दयो० १०)

प्रदाय (नपुं०) [प्र+दा+घञ्] ०उपहार, भेंट, पुरस्कार, सम्मान।

प्रदि: (स्त्री०) उपहार, भेंट।

प्रदिग्ध (भू०क०कृ०) [प्र+दिह्+क्त] चुपड़ी हुई, मालिश युक्त, स्निग्ध युक्त, चिक्कण सहित हुई।

प्रदिग्धं (नपुं०) तला हुआ।

प्रदिश् (सक०) संकेत करना, सूचित करना।

प्रदिश् (स्त्री०) [प्रगता दिग्भ्य, प्र+दिश्+क्विप्] ०आज्ञा, आदेश, दिशा निर्देश।
०संकेत, सूचना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रदिष्ट (भू०क०कृ०) [प्र+दिश्+क्त] ०संकेतित, आज्ञापित, आदेश दिया गया।
०आदिष्ट, ०निर्दिष्ट, ०स्थिर किया हुआ नियोजित किया गया।

प्रदीप् (सक०) [प्र+दीप्] प्रकाशित करना, आलोकित करना।
०जलाना, ०उद्योत करना।

प्रदीपः (पुं०) [प्र+दीप+णिच्+क] ०दीपक, दिया, दीवा, चिराग।

प्रदीपन (वि०) जलाना, प्रकाश करना आलोकित करना।

प्रदीपभू (स्त्री०) दीपक स्थान, प्रकाश स्थान। (जयो० १८/६४)

प्रदीपयुक्त (वि०) ०ह्रस्व-दीर्घ-प्लुत संज्ञा सहित।
०अनेक दीपकों सहित। (जयो०वृ० १५/३५) 'प्रदीपैर्दीपकैर्युता सन्ध्या'

प्रदीपसंज्ञा (स्त्री०) ह्रस्व-दीर्घ-प्लुत संज्ञा-'ह्रस्व-दीर्घ- प्लुतानां क्रमशः प्रदीपसंज्ञा' (जयो०वृ० १५/३५)

प्रदीपोत्सवः (पुं०) दीपावली। वीरो० २/२७)

प्रदीप्त (भू०क०कृ०) [प्र+दीप्+क्त] ०प्रज्ज्वलित, प्रकाशित।
०देदीप्यमान, जाज्वल्यमान, प्रकाशमान, द्युतिमान, कान्तियुक्त।

प्रदीप्त गेह (वि०) जलता हुआ घर।

प्रदीप्तगेहं (नपुं०) दीपघर, दीपस्थान।

प्रदीप्त-बह्नि (स्त्री०) प्रज्ज्वलित आग, धधकती हुई अग्नि।

प्रदीप्तसूर्यः (पुं०) तेजस्वी सूर्य।

प्रदीप्त-हिरण्यं (नपुं०) देदीप्यमान सोना, चमकता हुआ स्वर्ण।

प्रदीप्ताग्निः (स्त्री०) द्युतिदान, सदर्चिष, तेजयुक्त अग्नि। (जयो० २/१०३)

प्रदीप्तिः (स्त्री०) द्युति, कान्ति, प्रभा, तेज।

प्रदीप्तिसम्पादनं (नपुं०) द्युतिदान, कान्तिमय, प्रभायुक्त। (जयो०वृ० १७/६६) ०दीपदान।

प्रदुष्ट (भू०क०कृ०) [प्र+दुष्+क्त] ०दूषित, मलिन, पापमय, घृणित।
०लम्पट, स्वेच्छाचारी।
०भ्रष्ट, पवित्र।

प्रदूषित (भू०क०कृ०) [प्र+दूष+णिच्+क्त] ०विकृत, विषाक्त।
०भ्रष्ट, पतित, गिरा हुआ, हीन।
०अपवित्र, मलिन। (दयो० ९)

प्रदेयः (सं०कृ०) [प्र+दा+यत्] ०प्रदान करने योग, दिए जाने योग्य।
०संवहन किए जाने योग्य।

प्रदेशः (पुं०) [प्र+दिश्+घञ्] ०स्थान, स्थल, जगह, मण्डल क्षेत्र, मैदान।
०देश, हिस्सा, भाग, प्रान्त।
०कण्ठ तालु आदि स्थान।
०जितने प्रदेश में परमाणु रहता है।
०निरंश अवयव
०सबसे सूक्ष्म अवगाह। 'सन्नहं अणोः परमाणोरिवास्मात्' प्रदेश स्वरूपम्। (जयो०वृ० १५/४१)
०प्रकृष्टो देशः प्रदेशः, परमनिरुद्धो निरवयव इति यावत्।

प्रदेशबन्धः (पुं०) जीव प्रदेशों और कर्म प्रदेशों का सम्बन्ध।

प्रदेशपर्यन्तः (पुं०) सम्पूर्ण स्थान तक। (जयो०वृ० १२/१०८)

प्रदेशस्थितः (पुं०) देश में स्थित। 'श्रीमङ्गलावत्यभिधप्रदेशस्थिते पुरे श्रीकनकाभिधे सन्।

प्रदेशवती (वि०) अनुवेशिनी। (जयो०वृ० ३/१०)

प्रदेशनं (नपुं०) [प्र+दिश्+ल्युट्] ०भेंट, उपहार, प्राभृत,
०उपदेश, अनुदेश।
०संकेत करना।

प्रदेशिनी (स्त्री०) [प्र+दिश्+णिनि+ङीप्] तर्जनी अंगुली, अभिसूचक अंगुली।

प्रदेहः (पुं०) [प्र+दिह्+घञ्] लेप करना, मालिश करना।
०लेप, मिट्टी या तेल का घोल चढ़ाना।

प्रदोष (वि०) [प्रकृष्टः दोषो यस्य] ०बुरा समय, भ्रष्ट।

प्रदोषः (पुं०) संध्याकाल, रात्रि का प्रारंभ।
०मत्सरभाव, दुष्ट परिणाम।
०दोष, त्रुटि, पाप, अपराध।
०अव्यवस्थित स्थिति, विद्रोह, बगावत।

प्रदोषकालः (पुं०) सन्ध्याकाल, रात्रि का समारंभ।

प्रदोषतिमिरं (नपुं०) सन्ध्याकालीन अंधकार, निशातम, रजनीतिमिर।

प्रदोषभावः (पुं०) रात्रि समय। (जयो० १५/२१)

प्रदोहः (पुं०) [प्र+दुह्+घञ्] दुहना, दूध निकालना।

प्रद्युम्नः (पुं०) प्रद्युम्नकुमार, प्रसिद्ध कामदेव, कृष्णपुत्र।

प्रद्योतः (पुं०) [प्रकृष्टौ द्योतः] ०आभा, कान्ति, प्रभा, प्रकाश, रेशमी। (वीरो० १५/२३)
०एक नृप, उज्जयिनी राजा।

प्रद्योतनं (नपुं०) [प्र+द्युत+ल्युट्] ०जगमगाना, चमकना।
०भास्वरित होना।
०प्रकाश, आभा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रद्योतमः (पुं०) दिवाकर, सूर्य, भानु।
प्रद्रवः (पुं०) [प्र+द्रु+अप्] दौड़ना, पलायन।
प्रद्रावः (पुं०) [प्र+द्रु+घञ्] पलायन, भागना, पीछे आना।
०प्रत्यावर्तन, द्रुतगमन, तेजी से जाना।
प्रद्वारः (पुं०) [प्रगतं द्वारं-प्रद्वारं] दरवाजे के सामने का भाग।
प्रद्वारं (नपुं०) ०द्वार भाग, ०द्वार का हिस्सा।
प्रद्वेषः (पुं०) [प्र+द्विष्+घञ्] ०घृणा, अरुचि, कोप इष्ट-हाट-वित्त-हरण-निमित्तः कोपः प्रद्वेषः।
०द्वेष, द्रोह, ईर्ष्या।
प्रद्वेषणं (नपुं०) [प्र+द्विष्+ल्युट्] ०घृणा, अरुचि।
०द्वेष, द्रोह, ईर्ष्या।
प्रधनं (नपुं०) [प्र+धा+क्यु] ०संग्राम, युद्ध, लड़ाई, संघर्ष।
०विनाश, विध्वंस, विघात, हानि।
०फाड़ना, तोड़ना, चीरना।
प्रधमनं (नपुं०) [प्र+धम्+ल्युट्] ०लम्बा सांस लेना।
०सुंघनी, नासिका, नास्य, छींकनी।
प्रधर्ष (पुं०) [प्र+धृष्+घञ्] ०आक्रमण, हमला।
०बलात्कार।
प्रधर्षणं (नपुं०) [प्र+धृष्+ल्युट्] ०आक्रमण, हमला।
०बलात्कार, दुर्व्यवहार, अपमान।
प्रधर्षित (भू०क०कृ०) [प्र+धृष्+णिच्+क्त] आक्रान्त, हमला किया गया।
०क्षतिग्रस्त, चोट पहुंचाया हुआ।
०घमण्डी, अहंकारी।
प्रधान (वि०) [प्र+धा+ल्युट्] ०मुख्य, प्रमुख, उत्तम, श्रेष्ठ, उत्कृष्ट। (दयो० ८१)
प्रधानं (नपुं०) मुख्य पदार्थ, महत्त्वपूर्ण वस्तु, अधिष्ठाता।
०बुद्धियुक्त, परमात्मन्, क्षेत्रधी, महामात्र-'प्रधान परमात्मनि क्षेत्रज्ञधी महामात्रेऽप्येकत्वेतूत्तमे सदा' इति वि (भक्ति० २०)
०सांख्यमत द्वारा प्रतिपादित प्रकृति और पुरुष तत्त्व। (जयो०वृ० १/३१)
०प्रधान-आमात्य, प्रमुख मंत्री, सचिव। (जयो०वृ० १/३१)
०महानुभाव, सभासद।
प्रधानता (वि०) प्रधानता युक्त, प्रमुखता युक्त।
प्रधानधातुः (पुं०) शरीर का मूल तत्त्व, शुक्र, वीर्य।
प्रधानपदं (नपुं०) प्रमुख पद, उत्तम पद।
प्रधानपुरुषः (पुं०) प्रमुख व्यक्ति, राजसत्ता का प्रमुख अधिकारी।
प्रधानभूत (वि०) मुख्यभूत। (जयो० १/२) (जयो० १/३१)
प्रधानमन्त्रिन् (पुं०) सबसे उत्तम मंत्री, प्रथम प्रधान मंत्री नेहरु। 'नेहरुचयो जवाहरलालनेहरुपरिवारः सत्सु सज्जनेषु वृहदुत्सवाय प्रधानमन्त्रित्वेन महोत्सवाय एति' (जयो०वृ० १८/८४)
प्रधानभावशुद्धिः (स्त्री०) ज्ञान, दर्शन आदि की शुद्धि की प्रधानता।
प्रधानवासस् (नपुं०) मुख्य वस्त्र।
प्रधानवृष्टि (स्त्री०) वर्षा की प्रारंभिकी, प्रारंभिक बरसात।
प्रधावनः (पुं०) [प्र+धाव्+घञ्] ०पवन, वायु, हवा।
प्रधावनं (नपुं०) [प्र+धाव्+ल्युट्] रगड़ देना, धो देना।
प्रधि (स्त्री०) [प्र+धा+कि] पहिए की नाभि।
०कूप, कुआं।
प्रधी (स्त्री०) [प्र+धा+ङीप्] कुशाग्रबुद्धि, प्रज्ञा, तीव्रबुद्धि, उत्कृष्टबुद्धि, सुप्रज्ञा।
प्रधूपित (भू०क०कृ०) [प्र+धूप्+क्त] ०तिरस्कार किया गया।
०अहंकार किया गया।
प्रधृ (सक०) धारण करना, ग्रहण करना, अंगीकार करना। एका मृदङ्गं प्रदधार वीणामत्या (वीरो० ५/७)
प्रधृत (वि०) धारण किया, ग्रहण किया। (समु० ७/१७)
प्रधृष्ट (भू०क०कृ०) [प्र+धृष्+क्त] अहंकार किया गया, अभिमान किया गया।
प्रध्यानं (नपुं०) [प्र+ध्यै+ल्युट्] ०परम ध्यान, उत्कृष्ट ध्यान।
०उचित चिन्तन, समीचीन विचार।
०गहन विचार-विमर्श।
प्रध्वंसः (पुं०) [प्र+ध्वंस्+घञ्] ०विनाश, पूर्णक्षत, विनष्ट।
प्रध्वंसाभावः (पुं०) चार प्रकारों के अभाव में एक, जिससे विनाश से अभाव की उत्पत्ति होती है। (जयो०वृ० २६/८७)
०आगामी काल से-अगली पर्याय से विशिष्ट जो कार्य है वह प्रध्वंसाभाव है। दही में दूध का अभाव प्रध्वंसाभाव है 'यदुत्पत्तौ कार्यस्यावश्यं विपत्तिः सोऽस्य प्रध्वंसा भावः' (जैन०ल० ७६५)
०वर्तमान पर्याय का नष्ट होना। (जयो०वृ० २६/८७)
प्रध्वस्त (वि०) [प्र+ध्वंस्+क्त] विनष्ट किया हुआ, विघात किया हुआ।
प्रनप्तृ (पुं०) [प्रगतौ नप्तारं जनकतया] प्रपौत्र, पौत्र का पुत्र, पोते का लड़का।
प्रनष्ट (भू०क०कृ०) [प्र+नश्+क्त] ०लुप्त, विनष्ट, विघात।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०अदृश्य, अन्तर्धान।
०खोया हुआ, मिटा हुआ, मृत।
०उन्मूलित, उच्छिन्न।
प्रनायक (वि०) [प्रगतो नायको यस्मात्] जिसका नायक न हो, पथप्रदर्शक रहित।
प्रनालः (पुं०) प्रणाली, पद्धति, परम्परा।
प्रनाली (स्त्री०) पद्धति, परम्परा।
प्रनिघातनं (नपुं०) [प्र+नि+हृ+णिच्+ल्युट्] वध, हत्या।
०विध्वंस, विनाश।
प्रनृत्त (वि०) [प्र+नृत+क्त] नाचने वाला।
प्रनृत्तं (नपुं०) नृत्य, नाच।
प्रपक्षः (पुं०) पंख का अंतिम छोर।
प्रपञ्चः (पुं०) प्रदर्शन, प्रकटीकरण।
०संकल्प (जयो०वृ० १२/५)
०विस्तार, फैलाव, विकास।
०विशद व्याख्या, विवरण।
०ढेर, प्राचुर्य, बाहुल्य।
०दर्शन, दृश्यवस्तु।
०संसार, बाधा, मनश्चेष्टा। (जयो०वृ० ६/९०)
०विभाग, भेद। (सुद० १३२)
०प्रतारणा। (जयो० २४/८५)
०माया, छल, जालसाजी, धोखाधड़ी।
प्रपञ्चबुद्धि (स्त्री०) धूर्तबुद्धि, छलधी।
प्रपञ्चबुद्धि (वि०) धूर्त, कपटी। ०छल-कपट वाला।
प्रपञ्चयति-दिखलाना, प्रदर्शन करना, प्रसार करना।
प्रपञ्चवचनं (नपुं०) विकासशील वचन।
०विस्तृत वचन, प्रसार युक्त वाणी।
०गम्भीरवार्ता, विचारविमर्श।
प्रपञ्चवृत्तिः (स्त्री०) प्रतिहति, प्रतिहारक। (जयो०वृ० २५/१५)
प्रपञ्चशाखा (स्त्री०) [प्रकृष्टाः पञ्च पञ्च शाखा] अंगुलियाँ। (जयो० २४/८५)
प्रपञ्चित (भू०क०कृ०) [प्र+पञ्च्+क्त] ०विस्तारित, प्रसारित।
०प्रदर्शित, फैलाया हुआ।
०विशदीकृत, व्याख्यायित।
०भूल जाने वाला, भटका हुआ।
प्रपठ् (अक०) पढ़ना, गंभीर अध्ययन करना। (सुद० १३५)
प्रपाठोऽस्ति मौढ्यस्य कार्यम् (वीरो० १६/१८)
प्रपतनं (नपुं०) [प्र+यत्+ल्युट्] ०उड़ जाना, गिराना, अवपात।
०अवतरण, उतार।
०मृत्यु, मरण, विनाश।
प्रपद् (सक०) पाना, प्राप्त करना। (सुद०)
प्रपदं (नपुं०) पैर का अग्रभाग।
प्रपदीन (वि०) [प्रपद+ख] तौर के अग्रभाग से सम्बद्ध।
प्रपन्न (भू०क०कृ०) [प्र+पद्+क्त] ०सम्प्राप्त। (जयो० १२/१०३) 'उचितामिति कामनां प्रपन्नौ'
०पहुंचने वाला, जाने वाला।
०आश्रय ग्रहण करने वाला, अपनाने वाला।
०आश्रय देने वाला, संरक्षण देने वाला।
०प्रार्थी, दीन, याचक।
०सुसज्जित, सन्निहित, उद्यत, तत्पर।
०हासिल, प्राप्त।
०बेचारा, कष्टग्रस्त।
प्रपन्नाडः (पुं०) [प्रपन्न+अल्+अण्] चक्रमर्द वृक्ष, चकवंड।
प्रपर्ण (वि०) [प्रपतितानि पर्णानि यस्य] पत्तों रहित।
प्रपर्णं (नपुं०) गिरा हुआ पत्ता, पतित पत्र।
प्रपलायनं (नपुं०) [प्र+परा+अय्+ल्युट्] प्रत्यावर्तन, भाग खड़ा हुआ, पलायन कर गया।
प्रपा (सक०) पाना, प्राप्त करना। (समु० २/३२)
प्रपा (स्त्री०) [प्र+पा+अङ्+टाप्] प्याऊ, जलदायिनी। पानीयशाला। (वीरो० २/१९)
०कुआं, कुण्ड।
०पानी का भण्डार, जलसंधारण केंद्र।
प्रपाठ (भू०) पढ़ाया। (वीरो० १६/१८)
प्रपाठकः (पुं०) [प्रकृष्टः पाठोऽत्र] ०पाठ, व्याख्यान।
०अध्याय, भाग, अंश। ०प्रवचन। ०स्वाध्याय।
प्रपाणि (स्त्री०) [प्रकृष्टः पाणि] हस्ताग्र भाग, कौंचा।
प्रपातः (पुं०) [प्र+पत्+घञ्] ०झरना, प्रवाह, जलप्रवाह।
०नीचे गिरना, अवपात।
०आकस्मिक आक्रमण।
०तट, बेला।
०खड़ी चट्टान।
०उत्सर्जन, प्रस्रवण, स्खलन।
प्रपातनं (नपुं०) [प्र+पत्+णिच्+ल्युट्] ०गिराना, अभिसरण क्रिया।
प्रपातनकुशीलः (पुं०) अभिसरण क्रिया में दोष, त्रस जीवों के गर्भ का विनाश।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रपादिक: (पुं०) मयूर, मोर, कलापी।
प्रपानं (नपुं०) [प्र+पा+ल्युट्] पेय पदार्थ, पानी पीन।
प्रपानकं (नपुं०) [प्रपान+कन्] एक प्रकार का पेय।
प्रपालक (वि०) पालन करने वाला। (दयो० ८८)
प्रपास्थापनं (नपुं०) पेय पदार्थ।
प्रपितामह: (पुं०) [प्रकर्षेण पितामह:] पड़दादा, ०कृष्ण, ०ब्रह्मा।
प्रपितृव्य (पुं०) ताऊ।
प्रपीडनं (नपुं०) [प्र+पीड्+णिच्+ल्युट्] ०भींचना, निचोड़ना। ०रक्त स्रावावरोधक औषधि।
प्रपीतृ (वि०) [प्रपा+क्त] सूजा हुआ, फूला हुआ।
प्रपुनाट: (पुं०) [प्रकर्षेण पुंमांसं नाटयति-प्र+पुम्+नट्+णिच्+अण्] चक्रमर्द नामक वृक्ष, चकवंड।
प्रपुष्प (वि०) पोषित हुआ। (सम्य० ७५)
प्रपूर (सक०) पूरा करना, पूर्ण करना। प्रपूरयामास। (वीरो० १३/२५)
प्रपूरणं (नपुं०) [प्र+पूर्+ल्युट्] ०पूरा करना, भरना, पूर्ति करना।
०सन्निविष्ट करना।
०सुई लगाना।
०संतुष्ट करना, तृप्त करना।
०संबद्ध करना।
प्रपृष्ठ (वि०) विशिष्ट पीठ वाला।
प्रपूर्ण (वि०) भरा हुआ, पूरित।
प्रपूर्णास्थिति (स्त्री०) परिपूर्णस्थिति। भूयात्ते खलु वैभवेनं परमानन्दप्रपूर्णास्थिति:। (मुनि० २३)
प्रपूर्ति (स्त्री०) पूर्ति, पूर्णता, पूरा करना, संतुष्ट करना। (सम्य० १२५)
'प्रवादस्य किल प्रपूर्ति:' (सुद० १/३५)
प्रपौत्र: (पुं०) पड़पोता।
प्रपौत्री (स्त्री०) पड़पोती।
प्रफुल्ल (भू०क०कृ०) खिला हुआ, पूर्ण विकसित।
०मंजरित, मुकलित।
०प्रमुदित, हर्षित, उल्लसित। (वीरो० २/१२)
प्रफुल्ल-कमल (वि०) खिले हुए कमल।
प्रफुल्लजन (वि०) हर्षित लोग।
प्रफुल्लनयन (वि०) फैले हुए नेत्र, रमणीय नेत्र, हर्षित नेत्र।
प्रफुल्लपद्म (वि०) खिले हुए पद्म।
प्रफुल्लभाव (वि०) हर्षित भाव। (दयो० ५४)
प्रफुल्ललोचन (वि०) विकास युक्त नयन, विस्तीर्ण नेत्र।
प्रफुल्लवदन (वि०) हंसमुख चेहरा, प्रसन्नचित्त मुख। अम्भोजमुखी। (जयो०वृ० ६/१४)
प्रफुल्लि: (स्त्री०) [प्र+फुल्+क्तिन्] ०खिलना, विस्तरण। ०पुष्पित होना।
प्रफुल्लित (वि०) हर्षित, रोमाञ्चित, विकसित, खिला हुआ।
प्रफुल्लितशरीर (वि०) समुदङ्ग, (जयो०वृ० ३/१०९) ०उन्नत देह, ०हृष्ट-पुष्ट काय।
प्रबद्ध (भू०क०कृ०) [प्र+बन्ध्+क्त] ०बंधा हुआ, कसा हुआ। ०आबद्ध, अवरुद्ध, रोका गया।
प्रबद्धृ (पुं०) [प्र+बन्ध्+तृच्] प्रणेता, ग्रंथकार।
प्रबन्ध: (पुं०) [प्र+बन्ध्+घञ्] ०अभ्युपाय। (जयो०वृ० ३/८७)
०वाक्यप्रयोग। (वीरो० १९/१४)
०बन्धन, जोड़, गांठ।
०अविच्छिन्नता, सातत्य, नैरंतर्य।
०साहित्यिक कृति, अनुसंधानात्मक आलेख। 'सर्वाङ्ग सुन्दरत्वेनोदितस्य प्रबन्धस्य' (वीरो० १/१६)
०वाणिज्य व्यवस्था।
प्रबन्धक (वि०) नियामक। (वीरो० १९/४३)
प्रबन्धकल्पना (स्त्री०) तथ्यात्मक प्रस्तुति, कल्पना युक्त कृति।
प्रबन्धनं (नपुं०) [प्र+बन्ध्+ल्युट्] बंधन, जोड़, गांठ, बांधना। (जयो०वृ० १९/७६)
प्रबन्धनीति: (स्त्री०) अविच्छिन्न नीति।
प्रबन्धरचना (स्त्री०) काव्य रचना (वीरो० २२/३४)
प्रबन्धशास्त्र (नपुं०) काव्यशास्त्र।
प्रबन्ध सेतु (पुं०) अच्छा बधा हुआ पुल।
प्रबर्ह (वि०) [प्र+बर्ह+अच्] सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम।
प्रबल (वि०) [प्रकृष्टं बलं यस्य] ०शक्तिसम्पन्न, बलशाली, शूरवीर।
०प्रचण्ड, तीव्र, अत्यधिक, बहुत भारी।
०महत्त्वपूर्ण।
०भयानक, विनाशकारी।
प्रबह्लिका (स्त्री०) [प्र+बह्ल+ण्वुल्+टाप्] प्रहेलिका।
प्रबाधनं (नपुं०) [प्र+बाध+ल्युट्] ०प्रत्याचार, प्रपीडन।
०अस्वीकृति।
०दूर रखना।
प्रबाल: (पुं०) [प्र+बल्+णिचि+अच्] ०कोंपल, किसलय पल्लव, अंकुर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०मूंगा। 'बालको न भवन्तीति तेन नबालकेन तेन प्रवाले विद्रुमे पल्लवे च वा प्रकर्षेण बालकरूपे तस्मिन्न-धरोष्ठरूपता।' (जयो०वृ० ११/७९)
प्रबाल:-जन्तु, प्राणी।
०शिष्य।
प्रबालफलं (नपुं०) लाल चंदन की लकड़ी।
प्रबालभस्मन् (नपुं०) मूंगे की भस्म, आयुर्वेद में प्रसिद्ध प्रवाल भस्म।
प्रबालशुक्तिः (स्त्री०) मूंगे की शीप। प्रबालकृता शुक्तिर्मुक्तास्फोटाभिव्यक्तिः। (जयो०वृ० ११/६०)
प्रबाहुः (पुं०) [प्रकृष्टो बाहुः प्रबाहुः] भुजा का अग्रभाग, कौंचा।
प्रबाहुकं (अव्य०) [प्रबाहु+कप्] ऊंचाई पर।
०उसी समय।
प्रबुध् (अक०) जागृत होना-प्रबोधाय (सम्य० १५५)
प्रबुद्ध (भू०क०कृ०) [प्र+बुध्+क्त] ०जागृत, जागा हुआ। (सुद० २/१८) दृष्टवा प्रबुद्धेः सुख सम्पदेवं श्रुतं तदेतद्भवतान्मुदे वा। (सुद० २/१८) 'ब्राह्मे मूहूर्त उत्थाय' इत्यादिसूक्तमाश्रित्य सूर्योदयात् पूर्वमुत्थानं सदाचारः' (जयो०वृ० १९/१)
०बुद्धिमान, मतिमान, प्रज्ञावंत।
०चतुर, निपुण, ज्ञानी।
०ज्ञाता, जानकर, भिज्ञ।
०पूर्ण जागृत, पूर्ण विकसित, खिला हुआ।
०फैला हुआ, विस्तृत, विकासशील।
०कार्यान्वित होने वाला, कार्यारंभ करने वाला।
प्रबोधः (पुं०) [प्र+बुध्+घञ्] ०जागृत अवस्था, जागना, जागरण।
०चेतना।
०खिलना, फैलना।
०जागरण, निन्द्राशून्य अवस्था।
०सतर्कता, सावधानी।
०ज्ञान, ज्ञ, समझ, मेधा, बुद्धि।
प्रबोधन (वि०) [प्र+बुध्+णिच्+ल्युट्] जागरण, जागना।
प्रबोधनं (नपुं०) जागना, सचेत होना।
०ज्ञान, बुद्धि, शिक्षण, उपदेश।
प्रबोधनी (स्त्री०) [प्रबोधन+ङीप्] देव उठनी एकादशी।
०ज्ञान युक्ता, सचेता। ०उपदेशिनी।
प्रबोधित (भू०क०कृ०) [प्र+बुध्+णिच्+क्त] जगाया हुआ।
०शिक्षण प्राप्त, सचेत हुआ।
०प्राप्त हुआ, सूचना दिया हुआ।
प्रभञ्जनं (नपुं०) [प्र+भञ्ज्+ल्युट्] तोड़ना, खण्ड-खण्ड करना।
प्रभञ्जनः (पुं०) हवा, पवन, झंझावात।
प्रभद्रः (पुं०) निम्बतरु, नीम वृक्ष।
प्रभय (वि०) भय युक्त।
प्रभयान्वित (वि०) बहुत कष्ट सहित, अत्यधिक कष्टपूर्ण। (जयो० २३/२)
प्रभवः (पुं०) [प्र+भुव-अप्] स्रोत, मूल उद्गम स्थान।
०जन्म, उत्पत्ति।
०नदी का उद्गमस्थान।
०उत्पत्ति का कारण।
०देना, प्रदान करना-भूरानन्दमदीय। सकला प्रचरित शान्तेः प्रभवं तत्। (सुद० ८१)
०प्रणेता, रचयिता।
०उत्पत्ति स्थान, जन्म स्थल।
०शक्ति, सामर्थ्य, शौर्य, गरिमा, प्रताप, प्रभाव।
प्रभवितृ (पुं०) [प्र-भू+तृच्] शासक, महाप्रभु।
प्रभविष्णु (वि०) [प्र+भू+इष्णुच्] शक्तिसम्पन्न, पराक्रमी।
प्रभविष्णुः (पुं०) प्रभु, स्वामी।
प्रभा (स्त्री०) [प्र+भा+अङ्+टाप्] ०दीप्ति, कान्ति, प्रकाश, चमक।
०सूर्य किरण, शरीर निर्गत प्रभा। शरीरनिर्गतरश्मिकला प्रभा।
प्रभाकरः (पुं०) ०सूर्य, ०शशि, ०ज्वाला।
०समुद्र, ०मीमांसक दर्शन का विचारक।
प्रभाकीटः (पुं०) जुगनू, खद्योत।
प्रभागः (पुं०) भाग, अंश, खण्ड।
प्रभाचन्द्र (पुं०) ०आचार्य प्रभाचन्द्र, ०न्यायशास्त्र के प्रसिद्ध जैनाचार्य, प्रमेयकमलमार्तण्ड के रचनकार। (वीरो० १/२५, जयो० २२/८३)
प्रभाचंद्रसिद्धान्तदेवः (पुं०) आचार्य प्रभाचन्द्र। (वीरो० १५/४६)
प्रभातरल (वि०) जगमगाता हुआ।
प्रभात (वि०) प्रातःकाल। (सुद० २/१२)
प्रभातकालीनरागः (पुं०) प्रातःकाल की रागिमा। (सु० ५/१)
प्रभातकिरणं (नपुं०) अरुणोदय की रश्मि।
प्रभातगेहं (नपुं०) प्रकाशघर, दीपगृह।
प्रभातजन्मन् (नपुं०) अरुणोदय।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रभातजातिः (स्त्री०) प्रातःकाल की उत्पत्ति।

प्रभातचरणं (नपुं०) सुबह होना।

प्रभातवर्णनं (नपुं०) प्रातःकाल का चित्रण। (जयो० २०/८९)

प्रभातवेला (स्त्री०) उषाकालागम। (वीरो० ५/२४) ०अरुणोदय, प्रातःकाल।

प्रभातोदयः (पुं०) उषाकालागम। (वीरो० ५/२४)

प्रभानं (नपुं०) [प्र+भा+ल्युट्] प्रकाश, कान्ति।

प्रभालेपिन् (वि०) कान्तियुक्त, प्रभा विस्तारक।

प्रभाभर (वि०) प्रभायुक्त, कान्ति से परिपूर्ण। (जयो० २४/२२)

प्रभामण्डलं (नपुं०) यश समूह, प्रभो प्रभामण्डलमत्युदात्तं (वीरो० १३/२१) ०प्रकाशवृत्त, ०चक्राकार प्रकाश, ०तेजपुञ्ज।

प्रभावः (पुं०) [प्र+भू+घञ्] ०प्रभुशक्ति। (जयो०वृ० २/१२१)
०तेज। (जयो०वृ० १/८)
०यश, कीर्ति, भव्य कान्ति। (जयो० १/७९)
०प्रभा, प्रकाश, दीप्ति, कान्ति, तेज, प्रताप। (जयो०वृ० १/२३)
०गरिमा, महिमा।
०धाक। (जयो०वृ० ५/८६)
०सामर्थ्य, शौर्य, शक्ति, अव्यर्थता।
०राजोचित शक्ति, अलौकिक शक्ति।

प्रभावक (वि०) शक्ति सम्पन्न। (वीरो० १९/४२)

प्रभावज (वि०) राजशक्ति से उत्पन्न प्रभाव वाला।

प्रभावना (स्त्री०) रत्नत्रय का प्रकाशन।
०अष्टांग भेदों में एक भेद जिसमें जिनशासन की प्रभावना को महत्त्व दिया जाता है। त्रिरत्नैरात्मनः सम्यग्भावनं स्यात् प्रभावनं। सद्धर्मस्य प्रकाशो वा सम्यग्दर्शनादिभिर्गुणैः। (जैन०ल० ७६६) 'प्रभावना धर्मकथादिभिस्तीर्थस्थापना'

प्रभावती (स्त्री०) रतिषेणा नामक कपोती का अपर नाम (जयो० २२/५०) उद्दायन राजा की रानी वीतभयपुट के नरेश की रानी (वीरो० १५/२१)
०पुण्डरीकिणी नगर के रामा वायुरथ, रानी स्वयंप्रभा की पुत्री। (जयो० २३/५२)

प्रभावभू (स्त्री०) प्रभावशाली। (समु० २/११)

प्रभावभृच्छरीर (वि०) कान्ति युक्त शरीर (वीरो० १२/४१०) (जैन०ल० ७६६)

प्रभावान् (वि०) प्रभा युक्त। (सम्य० ५८)

प्रभावि (नपुं०) प्रभाव वाला, शक्ति युक्त। (समु० ८/१४)

प्रभाव्य (वि०) अपने आप उत्पन्न होने वाली। (वीरो० १९/४२)

प्रभाषणं (नपुं०) [प्र+भाष्+ल्युट्] व्याख्या, विवरण, अर्थ प्रस्तुतीकरण।

प्रभासः (पुं०) [प्र+भासृ+घञ्] कान्ति, प्रभा, दीप्ति, सौंदर्य।

प्रभासखण्डाध्यायः (पुं०) प्रभास खण्ड का अध्याय। (दयो० २६)

प्रभासनं (नपुं०) [प्र+भासृ+ल्युट्] प्रकाशित होना, चमकना, दीप्तिमान होना, झलकना।

प्रभास्वर (वि०) [प्र+भासृ+वरच्] उज्ज्वल, चमकीला, प्रभावान।

प्रभिन्न (भू०क०कृ०) [प्र+भिद्+क्त] ०खण्डित, विभक्त, विभाजित।
०मुकुलित, विकसित।
०विरूपित, विकृत।
०शिथिलित, ढीला।

प्रभिन्नः (पुं०) उन्मत्त हस्ति।

प्रभिन्नाञ्जनं (नपुं०) कज्जल, काजल।

प्रभु (वि०) [प्र+भू+डु] शक्तिसम्पन्न, बलवान।

प्रभुः (पुं०) ०स्वामी, अधिपति, *मालिक, *भगवान्, ईश्वर, नाथ (सुद० १/४५) (सुद० १/१) 'लोको निन्दतु पूजाद्रुत ततस्ते का विशिष्टः प्रभोः। (मुनि० १३)
०अरहंत देव, केवलज्ञानी।

प्रभु-आच्छेद्य (वि०) स्वामी द्वारा बलपूर्वक देना।

प्रभुता (स्त्री०) [प्रभु+तल्+टाप्] आधिपत्य, सर्वोपरिता स्वामित्व, शासन, अधिकार।

प्रभुभक्त (वि०) ईश्वर भक्त, भगवद्भक्त।
०स्वामी की आज्ञा पालने वाला।

प्रभुशक्तिः (स्त्री०) ईश्वर आराधना। (सुद० ३१५)

प्रभू (अक०) [प्र+भू] उत्पन्न होना-प्रभवन्ति (जयो० २/१४४) श्री चन्द्रनद्रोः प्रभवन्तु अन्ते। (वीरो० १४/४५) प्रभवन् (सुद० ३/२९) प्रभवति (सुद० ८२) उल्लसिन होना, प्रसन्न होना। (जयो० २३/३१)

प्रभूत (भू०क०कृ०) [प्र+भू+क्त] ०पर्याप्त, विपुल, प्रचुर, अत्यधिक।
०अनेक, बहुत।
०उदभूत, उत्पन्न।
०परिपक्व, पूर्ण।
०उन्नत, ऊंचा, उत्तुंग।
०लम्बा, दीर्घ, विस्तृत।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रभूतवयस् (वि०) वयोवृद्ध, बूढ़ा।
प्रभूतवित्त (नपुं०) विपुल धन। (जयो० ४९/)
प्रभूति (स्त्री०) [प्र+भू+क्तिन्] ०उद्गम, उद्भूत, उत्पत्ति।
०शक्ति, सामर्थ्य।
०अधिकता, पर्याप्तता।
प्रभूति (अव्य०) से लेकर, शुरू करके।
प्रभृतिः (स्त्री०) आरंभ, शुरु, आदि, इत्यादि। (जयो० ६/६)
प्रभेदः (पुं०) [प्र+भिद्+घञ्] चीरना, फाड़ना। भेद करना, पृथक् करना।
प्रभ्रंशः (पुं०) [प्र+भ्रंश्+घञ्] ०टूटना, पतित होना, गिरना।
०ध्वंस होना, क्षय होना, क्षीण होना।
प्रभ्रंशथुः (पुं०) [प्र+भ्रंश्+अथुच्] पीनस नाक का रोग।
प्रभ्रंशित (भू०क०कृ०) [प्र+भ्रंश्+णिच्+क्त] ०खण्डित किया गया, तोड़ा गया।
०फेंक गया, नीचे पड़ा हुआ।
०वञ्चित।
प्रभ्रष्ट (भू०क०कृ०) [प्र+भ्रंश्+क्त] गिरा हुआ, नीचे पड़ा हुआ।
प्रभ्रष्टं (नपुं०) मुकुट, माला, शिरोपस्थित मुकुट।
प्रभ्रष्टकं (नपुं०) [प्र+भ्रष्ट+कन्] शिरोपस्थित मुकुट।
प्रमग्न (भू०क०कृ०) [प्र+मस्ज्+क्त] निमग्न, डूबा हुआ, डुबोआ हुआ।
प्रमत (भू०क०कृ०) [प्र+मन्+क्त] सम्मत, विचारा हुआ।
प्रमत्त (भू०क०कृ०) [प्र+मद्+क्त] ०मन्दोमत्त, नशे में चूर, उन्माद।
०उन्मत्त, पागल।
०उपेक्षक, अनवधान, असावधान, अनपेक्ष।
०उन्मार्गगामी, भूल करने वाला।
०स्वेच्छाचारी, लम्पट।
०प्रमाद परिणत व्यक्ति।
०कार्य-अकार्य से अनभिज्ञ।
०मोहनीय कर्म के प्रभाव से युक्त।
०संयम और योग से युक्त।
०विकथा, कषाय युक्त।
प्रमत्तगीत (वि०) उपेक्षा भाव से गाया गया गीत।
प्रमत्तचित्त (वि०) लापरवाह, असावधान।
प्रमत्तता (वि०) प्रमादता। (वीरो० १६/१५)
प्रमत्तभावः (पुं०) प्रमादभाव, उन्मत्त भाव।
प्रमत्तविरतः (पुं०) संयम के साथ प्रमाद।
प्रमत्तसंयतः (पुं०) प्राप्त संयम में प्रमाद। 'प्रकर्षेण मत्ता प्रमत्ताः, सं सम्यक् यताः विरताः, प्रमत्ताश्च ते संयताश्च प्रमत्तसंयताः' (धव० १/१७५)
प्रमथः (पुं०) [प्र+मथ्+अच्] अश्व, घोड़ा।
प्रमथनं (नपुं०) [प्र+मथ्+ल्युट्] ०चोट पहुंचाना, क्षति करना, संतप्त करना।
०मंथन, मथना, विलोना।
०वध, हत्या।
प्रमथित (भू०क०कृ०) [प्र+मथ्+क्त] ०प्रपीड़ित, कष्टजन्य।
०विलोया गया, मथा गया।
०वध किया गया।
प्रमद (वि०) [प्रकृष्टो मदो हर्षस्तेन] मंदोन्मत्त, नशे में धुत्त।
०आवेशपूर्ण, स्वेच्छचारी। ०प्रमादी। ०आलसी।
प्रमदः (पुं०) [प्रकृष्टो मदो हर्षस्तेन] हर्ष, आनंद, खुशी, प्रसन्नता। (सुद० ३/५) 'प्रकृष्टेन मदेन स्वगतेन वीर्यणेति मदो मृगमदे मद्ये दानमुद्गर्वरेतसि इति विश्वलोचनः' (जयो०वृ० ५/४०)
प्रमदक (वि०) मद वाला, मद युक्त।
०लम्पट, कामुक।
प्रमदकाननं (नपुं०) प्रमोदवन, राजगृहोद्यान, भवन से जुड़ा हुआ उपवन। ०आनन्द वन। ०क्रीडोद्यान।
प्रमदनं (नपुं०) [प्र+मद्+ल्युट्] कामेच्छा, लम्पटता।
प्रमदा (स्त्री०) [प्रमद+अच्+टाप्] पुरिस सदा प्रमत्तं कुणदि त्ति-य उच्चदे पमदा। ०प्रमत्त युक्ता। ०प्रमादिता।
०स्त्री०, पत्नी। (वीरो० ८/३१, जयो० १३/९५)
०नवयौवना, रूपवती नारी।
०नायिका का एक भेद। (जयो०वृ० १/८४)
प्रमदाकाननं (नपुं०) प्रमोद वन, क्रीड़ावन, राजगृहोद्यान।
प्रमदाजनः (पुं०) नवयौवना, रूपवती नारी।
प्रमदापादप्रहारः (पुं०) नवयौवना का पाद प्रहार। 'अशोकः प्रमदापादप्रहारेण विकसतीति' (जयो०वृ० १/८४)
प्रमदाम्बुधिः (पुं०) आनन्दोदधि, हर्षरूपी सागर। (वीरो०७/१)
प्रमदावनं (नपुं०) अंतापुर उपवन, भवनोद्यान, केलिगृह का उपवन।
प्रमदासमूहः (पुं०) जनीजन समूह, नवयौवना समूह। (जयो० १०/५८)
०कौतुकप्रिय। (जयो० १०/५८)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रमद्वर (वि०) [प्र+मद्+ष्वरच्] असावधान, लापरवाह, अनवधान।

प्रमनस् (वि०) [प्रकृष्टं मनो यस्य] हर्षयुक्त, प्रसन्नचित्त, आनन्दित।

प्रमन्यता (वि०) मान लिया जाता। (सुद० ११९)

प्रमन्यु (वि०) [प्रकृष्टो मन्यु यस्य] क्रोधाविष्ट, चिड़चिड़ा हुआ।

०कष्ट जन्य, शोकाकुलित।

प्रमयः (पुं०) [प्र+मी+अच्] ०मरण, विनाश, मृत्यु।

०निधन, ०बंध हत्या।

प्रमर्दनं (नपुं०) [प्र+मृद्+ल्युट्] मसल डालना, कुचलना, मीड़ना, मर्दन करना।

०नष्ट करना, समाप्त करना।

प्रमर्दनः (पुं०) विष्णु।

प्रमा (स्त्री०) [प्र+मा+अङ्+टाप्] ०प्रतिबोध, प्रबोध।

०प्रत्यक्षज्ञान।

०सही बोध, यथार्थज्ञान, सही जानकारी।

प्रमाण (सक०) प्रमाण मानना, साक्ष्य देना। प्रमाणयतु (सुद०४/४१)

प्रमाणं (नपुं०) [प्र+मा+ल्युट्] ०माप, पैमाना, मान, मानक।

०परिमाण, सीमा, आकार, विस्तार।

०साक्ष्य, शहादत।

०सत्य ज्ञान, यथार्थ ज्ञान।

०दार्शनिक तत्त्व को निरीक्षण करने का यथार्थ कारण। वस्तु का सम्पूर्ण ज्ञान, पूर्ण परीक्षण।

०सम्यक् अर्थ का निर्णय। 'सम्यगर्थनिर्णयः प्रमाणम्' (प्रमाण स्त्री० १/२)

०स्व-पर का प्रकाशक ज्ञान, 'स्व-पर-व्यवसायिज्ञानं प्रमाणम्'

०संशय, अनध्यवसाय आदि से रहित अर्थ की वास्तविक प्रतीति।

०निबोध-बोध-विशिष्टः आत्मा प्रमाणम्। (धव० ९/१४१)

०प्रमाण पदार्थ के पूरे हिस्से को ग्रहण करता है।

प्रमाणकला (स्त्री०) प्रमाण विचारक सौगत। (दयो० ४१)

प्रमाणकालः (पुं०) प्रमाण स्वरूप का काल, पल्योपम, सागरोपम, उत्सर्पिणी, अवसर्पिणी, कल्प आदि के भेद से प्रमाणकाल नाना प्रकार का है।

०जिसके आश्रय से सौ वर्ष और पल्योपम आदि का परिज्ञान होता है वह प्रमाण स्वरूप काल प्रमाणकाल है।

प्रमाणगम्य (वि०) प्रमाण से जानने योग्य।

प्रमाणगव्यूतिः (स्त्री०) दो हजार धनुष प्रमाण माप।

प्रमाणज्जनी (वि०) प्रमाण मानने वाला। (सुद० ११५)

प्रमाणज्ञ (वि०) प्रमाण पद्धति का जानकार।

प्रमाणदुष्ट (वि०) अधिकारी द्वारा स्वीकृत पत्र।

प्रमाणदोषः (पुं०) प्रमाण का उल्लंघन करना।

प्रमाणपत्रं (नपुं०) आठ अक्षरों का एक प्रमाणपद, श्लोक का एक चरण।

०माप का पात्र।

प्रमाणपुरुषः (पुं०) निर्णायक, समीक्षक, मध्यस्थ, विवाचक।

प्रमाणप्राप्त (वि०) प्रमाण को प्राप्त हुआ।

प्रमाणफलं (नपुं०) प्रमाण का साक्षात् परिणाम, स्व-पर का निश्चयात्मक रूप।

प्रमाणयन् (भू०) प्रमाण दिया। (सुद० ४/४१)

प्रमाणयोजनं (नपुं०) चार गव्यूति प्रमाण मात्र।

प्रमाणभू (वि०) प्रमाण युक्त। (जयो० १२/३७)

प्रमाणभूतज्ञानं (नपुं०) निर्णयवेद, विशदीकरणयुक्त ज्ञान (जयो०वृ० २/१३७) ०प्रमाण ज्ञान।

प्रमाणवचनं (नपुं०) अधिकृत वाक्य, प्रमाणयुक्त वचन।

प्रमाणवाक्यं (नपुं०) अधिकृत वक्तव्य। ०विशद कथन।

प्रमाणशास्त्रं (नपुं०) न्यायशास्त्र, तर्कशास्त्र।

प्रमाणसप्तभंगी (स्त्री०) अनेकान्तात्मक वस्तु प्रतिपादक पद्धति, सप्तंगी पद्धति।

प्रमाणाङ्गलं (नपुं०) पांच सौ उत्सेधांगुण प्रमाण। एक हजार से गुणित।

प्रमाणातिक्रमः (पुं०) प्रमाण का उल्लंघन, परिग्रहप्रमाण का अतिक्रम/उल्लंघन/सीमातिक्रम।

प्रमाणाधिक (वि०) सामान्य से अधिक। ०प्रामाण से अधिक।

प्रमाणान्तरं (नपुं०) प्रमाण की अन्य पद्धति।

प्रमाणाभावः (पुं०) प्रमाण का अभाव।

प्रमाणाभासः (पुं०) प्रमाण के समान प्रतीत होना, स्व को न जानकर अन्य मतानुसार गृहीत ज्ञानार्थ या दर्शन की प्रतीति।

प्रमाणिपदं (नपुं०) प्रमाणशास्त्र के पद, न्यायशास्त्र के सूत्र। 'प्रमाणं न्यायशास्त्रं तस्य पदानि प्रमाणिपदानि। (जयो०२२/८९)

प्रमाणित (वि०) अभीष्ट, अधिकृत, संस्तुत। (जयो० ११/४१) (जयो० ५/८९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रमाणिक (वि०) [प्रमाण+ठन्] माप का अधिकार ग्रहण करने वाला अधिकार रूप का धारक।

प्रमाता (स्त्री०) प्रमिति क्रिया का कर्ता, चेतन या परिणमन स्वभाव वाला जीव प्रमाता कहलाता हैं 'प्रमाता चेतन: परिणामी रक्ष्यमाणो जीव:' (सिद्धि वि० ९७) 'प्रमाता प्रत्यक्षादिप्रसिद्ध आत्मा'

प्रमातामह: (पुं०) परनाना।

प्रमातामही (स्त्री०) पर नानी।

प्रमातु (वि०) ज्ञाता। (सम्य० ११७)

प्रमाथ: (पुं०) [प्र+मथ्+घञ्] ०प्रपीडन, संताप, दु:ख।
०क्षुब्ध करना, दु:खित करना।
०मथना, बिलौना।
०वध, विनाश, घात, विध्वंस।
०हिंसा, अत्याचार।
०बलपूर्वक अपहरण।

प्रमाथिन् (वि०) [प्र+मथ्+णिनि] ०प्रताड़ित करने वाला, ०यातना देने वाला, ०सताने वाला, ०कष्ट देने वाला, ०दु:ख पहुंचाने वाला।
०वध करने वाला, घात करने वाला विनाश करने वाला।
०फाड़ने वाला, विर्दीण करने वाला।
०गिराने वाला, पछाड़ने वाला।

प्रमाद: (पुं०) [प्र+मद्+घञ्] ०अनादर करना, प्रताड़ना।
०अवहेलना, असावधानी, लापरवाही।
०उन्मत्तता, पागलपन।
०गलती, त्रुटि।
०दुर्घटना, उत्पात, संकट, भय।
०योगों की दुष्प्रवृत्ति।
०आगमोक्त क्रिया अनुष्ठानों में अनुत्साह।
०आलस्य, उदासीनता।

प्रमादकलित (वि०) प्रमाद युक्त, अनादर करने वाला।

प्रमादचरितं (नपुं०) प्रमाद से आचरण करना प्रमादचर्या।
०अनर्थदण्डव्रत का भेद।

प्रमादचर्या (स्त्री०) प्रमत्ताचरण।

प्रमादभाव: (पुं०) आलस्यभाव, उदासीनता का भाव।

प्रमादवश (वि०) प्रमाद के वशीभूत। (समु० ५/१३) 'मा स्म कच्चिदपराधविहीन: स प्रमादवशतो भुवि दीन:।। (समु० ५/१३)

प्रमादाचरितं (नपुं०) प्रमादचर्या। ०प्रमत्ताचरण।

प्रमादाप्रमाद: (पुं०) प्रमाद और अप्रमाद का स्वरूप।

प्रमादी (वि०) प्रमाद युक्त, आलस्य सहित। (समु० ९/२८)

प्रमापणं (नपुं०) शस्त्र, वध, मारण। 'प्रमापणं मारणं प्रमाया: प्रमाणास्य पणो व्यवहार:' (जयो०वृ० ८/४६) **शास्त्र** जहां प्रमापण/मरण में एक मात्र नियुक्त होता है, वहीं **शास्त्र** प्रमाकरण या प्रमाण के व्यवहार में कुशल होते हैं। (जयो०हि० ८/४६)
०समझदार। (जयो० ७/४७)

प्रमार्जनं (नपुं०) [प्र+मृज्+णिच्+ल्युट्] ०साफ करना, स्वच्छ बनाना।
०रगड़ना, झाड़ना।
०धोना, प्रक्षालन करना।
०मिटा देना।
०जीवों के संरक्षणार्थ मृदु उपकरणों के द्वारा झाड़ना। 'प्रमार्जनमुपकरणोपकार:'।

प्रमार्जनासंयम: (पुं०) प्रमार्जन करके गमन करना। रजोहरण आदि से स्वच्छ करके स्थान आदि ग्रहण करना।

प्रमार्जित (वि०) स्वच्छ किया हुआ, झाड़ा हुआ।

प्रमार्ष्टि (वि०) परिमार्जित, पोंछा गया। (दयो० ८/१०२)

प्रमित (भू०क०कृ०) [प्र+मा+क्त] सीमित, मापा हुआ, तुला हुआ।
०ज्ञात, समझा हुआ।
०प्रमाणित, प्रदर्शित।

प्रमिति: (स्त्री०) [प्र+मा+क्तिन्] ०माप, नाप।
०सत्यार्थ का बोध, यथार्थज्ञान की प्रतीति।
०किसी प्रमाण या ज्ञान के स्रोत से प्राप्त जानकारी।
०संशय, विपर्यय आदि से रहित बोध।
०प्रमाण **का फल।**
०प्रमिति, **स्वार्थविनिश्चय:** अज्ञाननिवृत्ति: साक्षात् प्रमाणस्य फलम्। **(सिद्धि०हि०** ३७)

प्रमिल् (अक०) [प्र+मित्] मिलना, एकत्रित होना। (जयो० १२/१०६)

प्रमीढ़ (वि०) [प्र+मिह्+क्त] सघन, प्रगाढ़, सटा हुआ, घन।

प्रमीत (भू०क०कृ०) [प्र+मी+क्त] ०मृतक, मरा हुआ।

प्रमीत: (पुं०) बलि चढ़ाया गया पशु।

प्रमीति (स्त्री०) [प्र+मी+क्तिन्] मृत्यु, मरण, विनाश, निधन।

प्रमीला (स्त्री०) [प्र+मील्+अ+टाप्] ०आलस्य, तन्द्रा, अनुत्साह।
०स्त्री नाम विशेष।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रतीलित (वि०भू०क०कृ०) [प्र+मील्+क्त] उन्मीलित, उदासीनता युक्त आंखे, निद्रा से युक्त, आलस्यपूर्ण आंखें।

प्रमुक्त (भू०क०कृ०) [प्र+मुच्+क्त] ०छूटा हुआ, मुक्ति को प्राप्त हुआ। तदा प्रमुक्त एवेति श्रोतमेतद्वचोऽमृतम्। (हित० ५९)
०फेंका हुआ, डाला गया।
०स्वतंत्र हुआ, पराधीनता से छूटा हुआ।
०विरक्त, मुमुक्षु, विरागी।

प्रमुक्तकण्ठं (अव्य०) फूटफूटकर। ०स्वतन्त्र होकर।

प्रमुक्तिः (स्त्री०) मुक्ति, निर्वाण, मोक्ष। प्रमुक्तये सारतयाभ्युदारं चरन्ति चाचारमिषुप्रकारम्। (भक्ति० १०)

प्रमुख (वि०) मुख्य, प्रधान, अग्रणी, प्रथम।
०प्रभृति, आदि। (जयो० १/३८)

प्रमुखं (नपुं०) अध्याय, पाठ, अंश, मुखभाग।

प्रमुग्ध (वि०) [प्र+मुह्+क्त] ०मूर्छित, अचेत।
०मोहासक्त, वाञ्छाशील, इच्छायुक्त।

प्रमुच् (सक०) छोड़ना, अलग रहना। प्रमुमोच (जयो० १२/१३)

प्रमुद् (स्त्री०) [प्र+मुद्+क्विप्] प्रमोद, आनन्द, हर्ष, खुशी।

प्रमुदित (भू०क०कृ०) [प्र+मुद्+क्त] हर्षित, उल्लसित, कामोल्लसित, विकसित। वाहनैः प्रमुदितैस्ततमेतत् कं निशासु कुमुदैः समवेतम्। (जयो० ४/६३) आह्लादित, प्रसन्न, आनन्दित।

प्रमुषित (भू०क०कृ०) [प्र+मुष्+क्त] अपहृत, चुराया गया, हरण किया गया, छीना गया।

प्रमुषिता (स्त्री०) एक पहेलिका विशेष।

प्रमूढ (भू०क०कृ०) [प्र+मुह्+क्त] ०विस्मित, उद्विग्न, व्याकुल।
०संमूढ, मूढ, मूर्ख।
०जड़, बुद्धि।

प्रमृष्ट (भू०क०कृ०) रगड़ा गया, मिटा दिया।

प्रमेयं (नपुं०) प्रमाण का विषयभूत पदार्थ। 'प्रमाणेन परिच्छेद्यं प्रमेयं प्रणिगद्यते' (जयो० २६/९८) (जैन०ल० ७७४)
०अभीष्ट वस्तु (जयो० ३/८५) 'प्रमेयेऽभीष्टवस्तुनि विद्वान् विवेकशाली।' (जयो०वृ० ३/८५)
०निश्चित ज्ञान की वस्तु।
०प्रदर्शित, उपसंहार, साध्य।
०सिद्ध करने योग्य वस्तु।
०जो विषय प्रमाणित किया जाए।

प्रमेय (वि०) [प्र+मा+यत्] मापे जाने योग्य, प्रमाणित करने योग्य, सिद्ध करने योग्य।
०निश्चित।

प्रमेयता (वि०) ०सिद्ध करने योग्य। ०प्रमाणित करने योग्य।

प्रमेयत्व (वि०) प्रमाणित करने योग्य, सिद्ध करने योग्य। (जयो०वृ० २६/९८)

प्रमेयकमलमार्तण्डं (नपुं०) आचार्य प्रभाचन्द्र कृत प्रसिद्ध न्यायशास्त्र। (वीरो० १९/४४)

प्रमेयताविरहित (वि०) सिद्धि से रहित, निश्चितता से रहित।

प्रमेहः (पुं०) [प्र+मिह्+घञ्] मूत्र रोग, धातुक्षीणता, मधुमेह, मूत्र के साथ धातु/शर्करा क्षय होने वाला रोग।

प्रमोक्षः (पुं०) [प्र+मोक्ष्+घञ्] ०गिराना, छड़ाना, छोड़ना, त्यागना, परित्याग करना।
०मुक्त करना, स्वतंत्र करना।
०बंध का वियोग करना। बंध विओगो पमोक्खो दु।

प्रमोक्षोपसंग्रही (वि०) पवन के छोड़ने योग्य रेचक क्रिया की इच्छा करने वाला मोक्षज्ञ। (जयो० २८/५९)

प्रमोचनं (नपुं०) [प्र+मुच्+ल्युट्] छोड़ना, परित्याग करना, मुक्त करना।
०उगलना, गिराना।

प्रमोदः (पुं०) [प्र+मुद्+घञ्] आनन्द, हर्ष, खुशी, उल्लास प्रसन्नता।

प्रमोदनं (नपुं०) [प्र+मुद्+णिच्+ल्युट्] आह्लादित करना, आनंदित करना।
०प्रसन्न करना।

प्रमोदभावना (स्त्री०) व्रती जनों को देखकर खुश होना, वृद्धिगत गुणों से हर्षित होना।
तपः श्रुत-यमोद्युक्तः चेतसां ज्ञानचक्षुषाम्।
विजिताक्ष-कषायाणां स्वतत्त्वाभ्यासशालिनाम्।।

प्रमोदित (भू०क०कृ०) [प्र+मुद्+णिच्+क्त] हर्षित, आनन्दित, प्रसन्नचित्त।

प्रमोदिन् (वि०) हर्षित होने वाला।

प्रमोदी (वि०) हर्ष सम्पन्न व्यक्ति। (जयो० २४/७९)

प्रमोहः (पुं०) [प्र+मुह्+घञ्] ०मूर्छा, बेहोशी, जड़ता।
०मूर्छाभाव, मोहभाव, आसक्ति।
०आकुलता, व्याकुलता।

प्रमोहित (भू०क०कृ०) [प्र+मुह्+णिच्+क्त] ०मूर्छित, आसक्ति जन्य।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०मुग्ध हो गया, आसक्त हो गया।
०उद्विग्न, आकुलित।
प्रयच्छनं (नपुं०) दान, उपहार, भेंट। (जयो० २/१०६)
प्रयत (भू०क०कृ०) [प्र+यम्+क्त] ०संयमित, जितेन्द्रिय, यम युक्त। (वीरो० ८/४५)
०आत्मसंयमी।
०उत्साहित, उल्लसित, हर्षित।
प्रयतेत (विधि) प्रयत्न करता रहे। इष्टे प्रमेये प्रयतेत विद्वान् विधेर्मनः सम्प्रति को नु विद्वान्। (जयो० ३/८५)
प्रयत्नवान् (वि०) प्रयत्नशील। (सम्य० १२६)
प्रयत्नः (पुं०) [प्र+यत्+नङ्] उद्यम, प्रयास, चेष्टा, उद्योग। श्रम। (जयो०वृ० ३/८१)
०उच्चारण स्थान।
०प्रदेशों का हलन-चलन। (सम्य० १२६)
०पदार्थ के प्रति चित्त देना।
०कार्य में मन लगाना। 'प्रयत्नः परनिमित्तको भावः' परार्थेऽन्यकृते यो भावश्चित्तं मयास्यैतदवश्यं करणीयमिति स प्रयत्नः। (जैन०ल० ७७५) परस्य करणीये यश्चित्तं निश्चित्य धार्यते। प्रयत्न स विज्ञेयो गर्गस्ये वचनं यथा।
प्रयत्नपूर्वक (वि०) उद्यम युक्त। (हित० ६)
प्रयत्नी (वि०) प्रयत्नशाला। (जयो० ८/६९)
प्रयत्नशील (वि०) प्रयत्न करने वाला। (वीरो० ६/२)
प्रयत्नीवित (वि०) प्रयत्नशीला (वीरो० ६/८)
प्रयय् (अक०) चलना, गमन करना। (जयो० ३/१००)
प्रयस्त (भू०क०कृ०) [प्र+यस्+क्त] अभ्यस्त, सिखाया हुआ। ०स्वादिष्ट किया हुआ।
प्रया (अक०) पिघलना, विगलित होना, प्रयत्नशील। (जयो० २२/८६)
प्रयागः (पुं०) [प्रकृष्टो यागफलं यत्र] गंगा-जमुना का संगम।
०संगमतीर्थ-इलाहाबाद के पास गंगा-यमुना का मिलन स्थान। (जयो० ६/१०, तीर्थदेश स्थान। (जयो० ६/४३) 'परः परागः प्रकृतः प्रयागः (जयो० २७/४१) सुभरास्तयोः प्रयागे सुखाशया सन्निमज्जन्ति। (जयो० ६/४३)
०इन्द्र, ०यज्ञ, ०अश्व, घोटक, घोड़ा। प्रयागस्तीर्थ भेदेस्याता-घज्ञेवाहे विडौजसि इति ।
प्रयाचनं (नपुं०) [प्र+याच्+ल्युट्] ०मांगना, प्रार्थना करना।
०अनुरोध करना, निवेदन करना।
०अनुनय करना।
प्रयाजः (पुं०) [प्र+यञ्+घञ्] यज्ञ सम्बंधी अनुष्ठान।
प्रयाणं (नपुं०) [प्र+या+ल्युट्] ०प्रस्थान करना, गमन करना। (जयो०वृ० ५/५३)
०विदा, अन्यत्र जाना।
०अभियान, मात्रा। (जयो० ८/७०)
०प्रगति, अग्रगमन, निधान, प्रस्थान, विनिर्गमन। (जयो०१३/४)
०सत् पथ की ओर गमन।
०आक्रमण, चढ़ाई।
०आरम्भ, शुरू।
प्रयाणकं (नपुं०) [प्रयाण+कन्] ०यात्रा, प्रस्थान, गमन।
प्रमाणभंगः (पुं०) चलते-चलते ठहरना, यात्रा विराम, प्रस्थान में गतिरोध।
प्रयाणवादित्रं (नपुं०) दिग्विजय के प्रस्थान का वाद्य, प्रगतिसूचक वाद्य। (जयो० १/१९)
प्रयाणवेला (स्त्री०) दिग्विजय अभियान, दिग्विजयसमय। (जयो० १६/२)
प्रयाणसमयः (स्त्री०) निर्गमक्षण, प्रयाणबेला। (जयो०वृ०२१/४)
प्रयात (भू०क०कृ) [प्र+या+क्त] ०आगे बढ़ा हुआ, गया हुआ। (समु० ३/८) गतानुगत्या कतिचित् प्रयाता (वीरो० १८/१७)
०विसर्जित।
०मृतक, मरा हुआ।
प्रयातः (पुं०) आक्रमण, प्रहार।
०चट्टान, चेष्टा। (वीरो० ४/१७)
प्रयापित (भू०क०कृ०) [प्र+या+णिच्+क्त] ०आगे पहुंचा हुआ, भेजा हुआ।
०भगाया हुआ।
प्रयामः (पुं०) [प्र+यम्+घञ्] ०अभाव, रहित, शून्य, रिक्त।
०मंहगाई।
०रोकथाम, नियंत्रण।
०लम्बाई।
प्रयासः (पुं०) [प्र+यस्+घञ्] ०प्रयत्न, चेष्टा, उद्योग। (जयो० ११/८४)
०उद्यम, श्रम, परिश्रम। (जयो० ११/४५) अस्मत्प्रयासस्त-दुपार्जनाय। (समु० १/२७)
प्रयुक्त (भू०क०कृ०) [प्र+युज्+क्त] ०प्रयोग में लाया हुआ, नियत किया गया, मनोनीत।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०संसक्त। (जयो०पृ० ६/५७)

०उदित, उद्गत, उत्पन्न,।

०उपयुक्त। (जयो० १०/९)

०फलित, घटित, युक्त। (सुद० १०१)

०ध्यानमग्न, बेसुध।

०प्रेरित किया हुआ, उकसाया हुआ।

०प्रचलित, व्यवहार में लाया हुआ।

प्रयुक्ता (स्त्री०) स्वीकृति। (जयो० ५/१०३)

प्रयुक्तिः (स्त्री०) [प्रयुज्+क्तिन्] ०उपयोग, प्रयोग। (समु० ३/२८)

०प्रयोजन, उद्देश्य, अभिप्राय।

०ध्येय, अवसर।

०परिणाम, फल।

प्रयुतं (नपुं०) एक संख्या विशेष, चौरासी लाख प्रयुतांग।

प्रयुतांगं (नपुं०) चौरासी लाख अयुत।

प्रयुद्धं (नपुं०) संग्राम, युद्ध, आक्रमण, लड़ाई।

प्रयुयुत्सुः (पुं०) [प्र+युध्+सन्+उ] ०योद्धा, ०मेंढा, ०हवा, पवन।

०संयासी, ०इन्द्र।

प्रयोक्तव्यम् (वि०कृ०/तव्यत्) प्रयुक्त करने योग्य। (जयो० १९/८२) ०व्यवहार करने योग्य।

प्रयोक्तृ (वि०) [प्र+युज्+तृच्] ०अनुष्ठाता, निदेशक, परिणायक। (जयो० ११/९१)

०प्रेरक, उत्तेजक।

०प्रणेता, अभिकर्ता, अभिनय कर्ता।

०उपाय, प्रयोग करने वाला। (वीरो० १८/२६) उपयोग करने वाला।

प्रयोक्ता देखो ऊपर।

प्रयोगः (पुं०) ०व्यवहार, उपयोग। [प्रकर्षेण मनोनिग्रहाख्यः] (जयो० १/३४)

०प्रचलित रूप, सामान्य प्रचलन। गाङ्गस्य वै यामुनतः प्रयोगः (वीरो० १४/४७)

०फेंकना, विभक्तमंत्रम्, प्रक्षेपण करना।

०प्रदर्शनी, अनुष्ठान्, अभिनयन।

०नाटक खेलना, प्रदर्शन करना।

०अभ्यास, अध्ययन। (सुद० ३/४७)

०योजना, साधन, युक्ति, उपकरण। (जयो० १/३१)

०फल, परिणाम।

०मन, वचन और काय का योग भी प्रयोग है। 'मण-वचि-कायजोगा पओओ'

०जीव की व्यापार। (धव० १२/२८६)

प्रयोगकरणं (नपुं०) चेतन-अचेतन का निर्माण। 'प्रयोगः जीवव्यापारः, तद्धेतुकं करणं प्रयोगकरणम्' (जैन०ल० ७७५)

प्रयोगक्रिया (स्त्री०) आने-जाने प्रवृत्त होना, मन का व्यापार, हिंसकजनक प्रवृत्ति, ईर्ष्या व्यापार।

'आत्माधिष्ठित कायादिव्यापारः प्रयोगः, तत्र योगत्रयकृता' (जैन०ल० ७७६)

प्रयोगगति (स्त्री०) आकृति विषयक गति, बाण चक्र आदि की तरह जीव की गति।

प्रयोगजपरिणामः (पुं०) प्रयोग में निमित्त वाला परिणाम, प्रयोग के आश्रय से होने वाला भाव।

प्रयोगजशब्दं (नपुं०) प्रयोग से होने वाला शब्द।

प्रयोगपरिणामः (पुं०) चेष्टा रूप परिणाम।

प्रयोगबन्धः (पुं०) कर्म-नौकर्म रूप बन्ध।

प्रयोगरसती (वि०) साधन रसवाली। (मुनि० ४)

प्रयोजक (वि०) [प्र+युज्+ण्वुल्] नेतृत्व करने वाला, उद्दीपक उकसाने वाला।

०सम्पन्न करने वाला, कारण बनाने वाला।

प्रयोजकः (पुं०) संस्थापक, प्रवर्तक।

०साहूकार, महाजन।

०धर्मशास्त्री, विधायक।

प्रयोजनं (नपुं०) [प्र+युज्+ल्युट्] ०अभिप्राय, उद्देश्य, ध्येय।

०कारण, निमित्त।

०प्रमाणभूत। (जयो० २/१४६)

०लाभ, स्वार्थ।

प्रयोजनसिद्धिः (स्त्री०) कार्यसम्पत्ति। (जयो० ३/१०६)

प्रयोजनाधीनः (पुं०) कार्य के आधीन, लक्ष्य के आधीन। (जयो० २७/५२)

प्रयोजनीय (वि०) उचित। (जयो० २/२०) ०लक्ष्य युक्त।

प्रयोज्य (सं०कृ०) [प्र+युज्+ण्यत्] ०नियुक्त करने योग्य, फेंकने योग्य।

०कार्य समारम्भ करने योग्य।

०पैदा करने योग्य।

प्ररुदित (भू०क०कृ) [प्र+रुद्+क्त] रोया हुआ, रोता हुआ।

प्ररुद (भू०क०कृ०) [प्र+रुह्+क्त] ०पूर्ण विकसित हुआ, पूरा हुआ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०उत्पन्न, उद्भूत, पैदा हुआ।
०बड़ा हुआ, गहराई में गया हुआ।

प्ररूढिः (स्त्री०) ०निरूपण, कथन परीक्षा, घोष, आदेश की अपेक्षा। ०गुणस्थान, जीवसमास आदि का कथन।

प्ररूपणा कारिणी (वि०) यशोनिरूणीय। (जयो०वृ० १३/६१)

प्ररोचन (नपुं०) [प्र+रुच्+णिच्+ल्युट्] ०उत्तेजना, उद्दीपन, निदर्शन, व्याख्या।
०प्रतिस्थापना, बतलाना।
०संकेत करना, सूचना देना।

प्ररोहः (पुं०) [प्र+रुह्+घञ्] अंकुरित होना, निकलना, बढ़ना। उगना।
०अंकुर, अंखुवा।
०किसलय, पल्लव, कोंपल।
०शाखा, टहनी, नवांकुर।

प्ररोहणं (नपुं०) [प्र+रुह्+ल्युट्] ०वर्धन, अंकुरण, स्फुटन।
०किसलय, पल्लव, कोंपल।
०टहनी, स्फुटन।
०कर्माणि प्ररोहन्ति अस्मिन्निति प्ररोहणम्। (जैन०ल०७७७)

प्रलप् (अक०) कहना, बात करना। ०निरूपण करना। ०प्रलाप करना।

प्रलपनं (नपुं०) [प्र+लभ्+ल्युट्] ०प्रलाप, संलाप, वार्तालाप।
०असंभाषण, बकवास।
०विलाप, रुदन।

प्रलपित (भू०क०कृ०) [प्र+लप्+क्त] प्रलाप किया हुआ, कथित कहा गया। ०निरूपित, ०अभिव्यक्त।

प्रलब्ध (भू०क०कृ०) [प्र+लभ्+क्त] ०धोखा दिया हुआ, ठगा हुआ।

प्रलम्ब (वि०) [प्र+लंब्+अच्] लटकने वाला, लटकाहुआ।
०नीचे की ओर लटके हए।
०उन्नत।
०मन्थर, बिलम्बकारी।

प्रलम्बः (पुं०) ०लटकता हुआ, आश्रित। ०कण्ठहार।
०एक प्रकार का हार।
०जस्ता, सीसा।
०एक राक्षस।

प्रलम्बनं (नपुं०) [प्र+लम्ब्+ल्युट्] लटकना, झुकरना, आश्रित होना। ०आलम्बन, ०आधार।

प्रलम्बमथनः (पुं०) बलराम। ०बलदेव।

प्रलम्बित (वि०) [प्र+लम्ब्+क्त] लटकनशील, लटकने वाला।

प्रलम्बितकर (वि०) लटकता हुआ हाथ। (सुद० ९८)

प्रलम्भः (पुं०) [प्र+लभ्+घञ्] ०प्राप्त करना, लाभ उठाना।
०अवाप्ति।
०धोखा देना, छलना, ठगना, प्रवञ्चना।

प्रलयः (पुं०) [प्र+ली+अच्] विनाश, संहार, विघटन, विध्वंस। प्रणासन। (जयो० १२/१०२)
०मृत्यु, मरण, छन्न
०मूर्छा, बेहोशी, चेतना शून्य। कालान्त। (जयो० ७/५९)
०रहस्य ध्वनि।

प्रलयकालः (पुं०) विनाश का समय।

प्रलयज (वि०) कल्पांत जात। ०चेतना शून्य युक्त, ०मरणासन्न। (जयो० ७/७४)

प्रलयजलधरः (पुं०) विश्व विनाश। ०सम्पूर्ण संसार, ०मरणासन्न।

प्रलयपयोधिः (पुं०) प्रलय रूपी समुद्र। ०नीरधि विध्वंस, ०सुनामी आपदा। ०समुद्री उत्पात।

प्रललाट (वि०) उन्नत ललाट युक्त।

प्रलवः (पुं०) [प्र+लू+अप्] टुकड़ा, खण्ड, अंश।

प्रलवित्रं (नपुं०) [प्र+लू+इत्र] कर्तन का उपकरण।

प्रलापः (पुं०) [प्र+लप्+घञ्] ०बात, वार्तालाप, कथन।
०कलकल शब्द। (जयो० १८/१९) वकझक (जयो० १८/१९)
०वाचालता, असंबद्ध प्रताप।
०विलाप, रुदन। ०विप्रलापनी। (जयो० १३/५२)

प्रलापिन (वि०) [प्र+लप्+णिनि]
०बातूनी, अधिक बालेने वाला।
०मुसदी, बकवासी। (जयो० १८/१९)
०वाचालता।

प्रलापिनी (वि०) प्रलाप करने वाली। (जयो० १३/५२)

प्रलीन (वि०) विनष्ट, विनाश।
०हत, नष्ट, लुप्त, तत्पर। (जयो० १/६७)
०घुला हुआ, पिघला हुआ।

प्रलीप् (अक०) नष्ट होना-प्रलीयेत्। (सम्य० १)

प्रलुण्ठत (वि०) वेल्लत, घूमते हुए। (जयो०वृ० १८/९१)

प्रलुप्त (वि०) छन्न, नष्ट। (जयो० ११/४९) ०अभाव।

प्रलेपः (पुं०) [प्र+लिप्+घञ्] ०लेप, मल्हम, चोपड़।

प्रलेपक (वि०) [प्र+लिप्+ण्वुल्] मलने वाला, लेप करने वाला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रलेहः (पुं०) [प्र+लिह्+घञ्] ०एक रस्सा। ०बंधन का साधन।

प्रलोढनं (नपुं०) [प्र+लुठ्+ल्युट्] ०लौटना, लुड़कना।
०उत्तोलन, उछालना।

प्रलोभः (पुं०) [प्र+लुभ्+घञ्] ०अतितृष्णा, लालच, लालसा।
०ललचाना, ०उछालना।

प्रलोभनं (नपुं०) [प्र+लुभ्+ल्युट्] ०आकर्षण, लालच।
०फुसलाना, अपनी ओर खींचना।
०चारा, दाना।

प्रलोभनी (स्त्री०) रेती, बालुका, रज।

प्रलोल (वि०) ०प्रलोभी, लालची। ०अत्यन्त क्षुब्ध, थरथर कांपने वाला।

प्रवक्तृ (पुं०) [प्र+वच्+तृच्] ०वक्ता, उपदेशक, उद्घोषक, प्रवाचक।
०अध्यापक, व्याख्याता।
०स्पष्ट वक्ता।

प्रवगः (पुं०) वानर, बन्दर।

प्रवचनं (नपुं०) [प्र+वच्+ल्युट्] ०निरूपण, कथन, प्रतिवादन। (समु० १/३६)
०उपदेश, व्याख्यान, अध्यापन। 'प्रकृष्टं वचनं प्रवचनम्' 'प्रकृष्टस्य वा वचनं प्रवचनम्'
०सिद्धान्त निरूपण।
०श्रुतज्ञान-प्रवचनं श्रुतज्ञानम्।
०शब्दकलाप-उच्यते भण्यते कथ्यते इति वचनं शब्दकलापः, प्रकृष्टं वचनं प्रवचनम्। (धव० १३/२८०)

प्रवचनपटु (वि०) कथन करने में कुशल।
०बातचीत में कुशल, वाक्पटु।

प्रवचनप्रभावना (स्त्री०) आगम प्रशंसा, श्रुत प्रशंसा, सिद्धान्त प्रभावना।

प्रवचनभक्तिः (स्त्री०) अंग-आगम के अर्थ का अनुष्ठान, आचरण युक्त अर्थ में श्रद्धा।

प्रवचनवत्सलत्व (वि०) सधार्मिक के प्रति अनुराग रखने वाला।
०सम्यग्दृष्टि जीवों के प्रति वात्सल्य भाव।

प्रवचनविराधना (स्त्री०) सिद्धांत दोष। ०श्रुत दोष, ०आगम अर्थ में सम्यक् निरूपण की विराधना।

प्रवचनसन्निकर्षः (पुं०) धर्म के उत्कर्ष का विचार।
०धर्मों के सत्त्व, असत्त्व का विचार।

प्रवचनसन्यासः (पुं०) अनेकान्त रूप में प्ररूपणा।

प्रवचनाद्धा (स्त्री०) प्रकृष्ट वचनों का काल-अद्धा कालः, प्रकृष्टानां शोभानां, वचनानामद्धा श्रुतज्ञानम्'। (धव० १३/२८४)

प्रवचनार्थ (वि०) द्वादशांग वाणी का अर्थ।
'प्रकृष्टैर्वचनैः अर्यते गम्यते इति प्रवचनार्थः'। (जैन०ल० ७७९)

प्रवचनी (स्त्री०) द्वादशांग वाणी। 'प्रकृष्टानि वचनानि अस्मिन्, सन्तीति प्रवचनी भावागमः। अथवा प्रोच्यते इति प्रवचनोऽर्थः सोऽत्रास्तीति प्रवचनी द्वादशांगग्रन्थः। (धव० १३/२८४)

प्रवचनीय (वि०) ०व्याख्यानीय, ०प्रतिपादनीय। ०विवेचनीय ०प्ररूपणीय। ०संदर्भ से युक्त व्याख्यान करने वाला।
'प्रबन्धेन वचनीयं व्याख्येयं प्रतिपादनीयमिति प्रवचनीयम्'

प्रवञ्चना (वि०) हति, हानि। (जयो०वृ० २/५७) (धव० १३/२८१) ०क्षति, ०घात, ०ठगी।

प्रवञ्चनार्थ (वि०) प्रतारणार्थ। (जयो० २७/२२) ०ठगने के लिए, ०एक-दूसरे को हानि पहुंचाने के लिए।

प्रवटः (पुं०) [प्र+वट्+अप्] गेहूं। ०गोधूम।

प्रवण (वि०) [प्र+वण्+अच्] ०बहने वाला, ढकान वाला।
०ढालू, दुरारोह, विप्रपाती।
०कुटिल, झुका हुआ।
०अनुरक्त, प्रवृत्त, संलग्न।
०कुशल, निपुण (जयो० ८/४६)
०भक्त, अनुरक्त, व्यस्त।
०भरा हुआ, पूर्ण।
०अनुकूल, उत्सुक।
०आतुर, तत्पर।
०युक्त, सम्पन्न।
०विनम्र, सुशील, विनीत, कुशील, दत्तचित्त। (जयो० १६/६१)
०बर्बाद, क्षीण।

प्रवणः (पुं०) चौराहा, चार रास्ते।

प्रवणं (नपुं०) उतार।
०चट्टान।
०पर्वत का पार्श्वभाग, ढलान।

प्रवत्स्यत् (वि०) [प्र+वस्+स्य+शतृ] यात्रा हेतु उद्यत, धर्म यात्रा हेतु तैयार।

प्रवत्स्यत्पतिका (स्त्री०) यात्रा में उद्यत की पत्नी।

प्रवद् (सक०) समझाना (सुद० ७०) कहना। (समु० २/१)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रवयणं (नपुं०) [प्र+वे+ल्युट्] बुने हुए कपड़े का ऊपर का भाग। ०निरोधनी, ०प्रवेशिनी।
०अंकुश।

प्रवयस् (वि०) [प्रगता वयो यस्य] ०बड़ी उम्र का व्यक्ति।
०अधेड़ वृद्ध।

प्रवर (वि०) [प्र+वृ+अप्] ०मुख्य, श्रेष्ठ, उत्तम, प्रधान। (सुद० २/१०)
०सर्वोत्तम, उत्कृष्ट, उन्नत। (सुद० ८१)
०कान्तिमान्, चतुर। (जयो० १/५६)
०श्रीमान्, महानुभाव, भाग्यशाली, महायश।

प्रवरः (पुं०) बुलावा, आह्वान।
०कुरु, वंश, परिवार।
०प्राणनाथ। (जयो० १६/४४)
०पूर्वज, वंशज, संतान।

प्रवरं (नपुं०) अगर चंदन की लकड़ी।

प्रवर+आत्मवत् (वि०) श्रेष्ठ, आत्मा की तरह। (सुद० ४/२)

प्रवरवादः (पुं०) सर्वोत्तम कथन, श्रुतज्ञान, आगमवाणी। 'स्वर्गापवर्गमार्गत्वात् रत्नत्रयं प्रवरः, स उद्यते निरूप्यतेऽनेनेति प्रवरवादः। (धव० १३/२८७)

प्रवरवाहनी (वि०) उत्कृष्ट प्रवाह वाली।

प्रवर्गः (पुं०) [प्रवृत्यते निःक्षिप्यते हविरादिकस्मिन्-प्र+वृज्+घञ्] यज्ञ की बह्नि। ०होमाग्नि।

प्रवर्ग्यः (पुं०) [प्र+वृज्+ण्यत्] एक अनुष्ठान।

प्रवर्तः (पुं०) [प्र+वृत्+घञ्] आरंभ, उपक्रम, कार्य समारंभ।

प्रवर्तक (वि०) [प्र+वृत्+णिच्+ण्वुल्] चालू करने वाला, स्थापित करने वाला।
०प्रगतिशील, उन्नेता।
०प्रबोधक, प्रोत्साहक।
०प्रवर्तक, प्रणेता।
०विवाचक, प्रतिपादक।

प्रवर्तमान (वि०) व्यवहार शील। (जयो० ५/९३) कार्यारंभ करने वाला।

प्रवर्तनं (नपुं०) [प्र+वृत्+ल्युट्] ०आरंभ, क्रम, शुरु, समारंभ।
०कार्यारंभ, संस्थापन, प्रतिष्ठापन।
०व्यवहार, आचरण, कार्यविधि।
०प्रोत्साहन, उद्दीपन, बलपूर्वक चलाना।

प्रवर्तना (स्त्री०) प्रोत्साहन देना।

प्रवर्तयितु (तुमुन्) ले जाने के लिए। (जयो० २/१२०)

प्रवर्तिनी (स्त्री०) अधिष्ठात्री, अधिकारिणी।
०निर्देशिनी, व्रर्तिनी।

प्रवर्तित (वि०) प्रोत्साहित, प्रेरित किया।

प्रवर्ध बढ़ना। (वीरो० १९/३)

प्रवर्धनं (नपुं०) [प्र+वध्+ल्युट्] बढ़ाना, वृद्धि करना। (जयो०वृ० ३/९२)

प्रवर्षः (पुं०) [प्र+वृष्+घञ्] मूसलाधार वर्षा, उत्तम वर्षा, तेज बारिश, अच्छी बरसात।

प्रवर्षणं (नपुं०) [प्र+वस्+ल्युट्] प्रवास, विदेश गमन, यात्रा।

प्रवहः (पुं०) [प्र+वह्+अच्] ०पवन, वायु।
०बहना, धार बनाना।

प्रवहणं (नपुं०) [प्र+वह्+ल्युट्] ०प्रवाह, बहना।
०यान, वाहन, सवारी।
०पोत, जहाज।

प्रवहनं ०देखो ऊपर।

प्रवह्लिः (स्त्री०) [प्र+वह्ल+इन्] प्रहेलिका।

प्रवाच् (वि०) [प्र+वच्+णिच्+ल्युट्] बोलने वाला, वाग्मी। वक्ता, प्रकथन, उद्घोषणा, प्रतिपादक।

प्रवाचनं (नपुं०) घोषणा, कथन।

प्रवाणं (नपुं०) [प्र+वे+ल्युट्] छांटना, संभालना।

प्रवाणिः (स्त्री०) [प्रवाण+ङीप्] जुलाहे की ढरकी।

प्रवात (भू०क०कृ०) [प्रकृष्टो वातो यस्मिन्] तूफान में पड़ा हुआ। ०झंझावात में फंसा हुआ।

प्रवातं (नपुं०) वायु का झोंका, हवा का प्रवाह, स्वच्छ पवन।
०आंधी, झंझावात।

प्रवादः (पुं०) [प्र+वद्+घञ्] ०शब्द, ध्वनि, उच्चारण।
०लोकोक्ति। (सुद० १/२२)
०निवेदन, प्रतिवेदन।
०आख्यायिका, विवाद सम्बंधी भाषा।
०प्रकल्पित नाद।

प्रवारः (पुं०) चादर, आच्छादन।

प्रवारकः (पुं०) चादर, ओढ़नी, आच्छादन।

प्रवारणं (नपुं०) [प्र+वृ+णिच्+ल्युट्] ०निषेध, विरोध, रोक।
०आच्छादन, ढकना।

प्रवालः (पुं०) मूंगा, ललिमा। (जयो० ११/१३) कोंपल, पराग, विद्रुम, पल्लव, (जयो०वृ० ५/७५) अंकुर।

प्रवालता (वि०) [प्रकर्षेण बालभावोऽस्ति] बालकपना। (जयो० ५/८८)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०यात्रा, अन्यत्र गमन।
०परदेश गमन।
प्रवालभाव (पुं०) उत्कृष्ट भाव, बोझल भाव। (वीरो० ३/२३)
प्रवालोपादनं (नपुं०) अंकुर का फूटना। (जयो० २२/१०)
प्रवासः (पुं०) [प्र+वस्+घञ्] विदेश गमन, विदेशयात्रा। (जयो० ३/३३)
प्रवासवात (नपुं०) यात्रा गया हुआ, विदेश जाने वाला।
प्रवासनं (नपुं०) [प्र+वस्+णिच्+ल्युट्] ०विदेश निवास, अन्यत्र गमन।
०निर्वासन, देश निकाला।
प्रवासावरः (पुं०) यात्रा का समय (जयो० २१/७३)
प्रवासिन् (पुं०) [प्र+वस्+णिनि] यात्रा का समय (जयो० २१/७३)
प्रवासिन् (पुं०) [प्र+वस्+णिनि] यात्री, मुसाफिर। (दयो०८९) यात्री, वटोही, परदेशी, गमनशील। (जयो० १४/९५) प्रोषित। (जयो० १९/६२)
प्रवासी (पुं०) देखो ऊपर।
प्रवाहः (पुं०) [प्र+वह्+घञ्] ०धारा, बहाव। (सम्य० १३३) (जयो० ३/९९)
०नदी मार्ग, जलमार्ग, का प्रवाह।
०स्मृति। (जयो०वृ ११/९)
०सक्रियता, सजगता।
०तालाब, सरोवर, झील।
प्रवाहकः (पुं०) [प्र+वह्+ण्वुल्] भूत, प्रेत, पिशाच।
प्रवाहनं (नपुं०) [प्र+वह्+णिच्+ल्युट्] आगे बढ़ाना, आगे ले जाना।
०दस्त कराना।
प्रवाहिका (स्त्री०) [प्र+वह्+णिच+ल्युट्] ०दस्त लग जाना।
०नदी, सरिता।
प्रवाही (स्त्री०) [प्रवाह+ङीप्] रेत, बालू।
प्रविकीर्णः (भू०क०कृ०) [प्र+वि+कृ+क्त] फैलाया हुआ, बिखेरा हुआ, इधर-उधर छितराया हुआ, तितर-बितर किया हुआ।
प्रविघ्न (वि०) व्यवधान।
प्रविख्यात (भू०क०कृ०) [प्र+वि+ख्या+क्त] ०प्रसिद्ध, ख्यात, विश्रुत।
०बुलाया गया।
प्रविख्याती (स्त्री०) [प्र+वि+ख्या+क्तिन्] * कीर्ति, प्रसिद्धि, यश।
०विख्याती, ख्याती, अधिक प्रसिद्धि।

प्रविचक्षणं (नपुं०) चरित्र से युक्त।
प्रविचयः (पुं०) [प्र+वि+चि+अच्] ०परीक्षा, खोज, अनुसंधान।
प्रविचारः (पुं०) विवेचन, विवेक।
०मैथुनव्यवहार-मैथुनोपसेवनं प्रविचारः। (त०वा० ४/७) 'प्रवीचरणं प्रवीचारो मैथुनोपसेवनम्'
प्रविचेतनं (नपुं०) विवेक, चेतना, ज्ञान, समझ।
प्रवितत (भू०क०कृ०) [प्र+वि+तन्+क्त] फैलाया हुआ, बिछाया हुआ।
०अस्त व्यस्त।
०निवास। (सुद० १/३७)
प्रविताड्यलोकः (पुं०) पहरेदार। (समु० ३/३२)
प्रविदारः (पुं०) [प्र+वि+दृ+घञ्] ०विदीर्ण होना, खण्ड खण्ड होना।
०खुलना।
प्रविदारणं (नपुं०) [प्र+वि+दृ+णिच्+ल्युट्] ०फाड़ना, विदीर्ण करना।
०तोड़ना, ध्वस्त करना।
०संघर्ष, युद्ध, लड़ाई।
०गड़बड़ी, हल्ला-गुल्ला।
प्रविधायि (वि०) प्रदान करने वाला। (सम्य० ७२)
प्रविद्ध (भू०क०कृ०) [प्र+विध्+क्त] डाला हुआ, फेंका हुआ।
प्रविद्धदोषः (पुं०) अनवस्थित चित्त से वन्दन, गुरु वन्दना समाप्ति से पूर्व चला जाना।
प्रविद्रुत (भू०क०कृ०) [प्र+वि+द्रु+क्त] भगाया हुआ, तितर-बितर किया हुआ।
प्रविभक्त (भू०क०कृ०) [प्र+वि+भज्+क्त] ०वियुक्त, अलग अलग किया हुआ।
०विभाजन किया गया, विभाजित किया हुआ।
प्रविभागः (पुं०) [प्र+वि+भज्+घञ्] ०वितरण, वर्गीकरण।
०हिस्सा, बंद।
प्रविभृ (अक०) बनना, तैयार होना। (समु० २/६)
प्रविरः (पुं०) पीला चंदन।
प्रविरल (वि०) वियुक्त, बहुत दूर।
०बहुत कम, विरले ही।
०स्वल्प, थोड़े।
प्रविलयः (पुं०) [प्र+वि+ली+अच्] विलीन होना, शुष्क होना।
प्रविलुप्त (भू०क०कृ) [प्र+वि+लुप्+क्त] ०काटा हुआ, निकाला हुआ, हटाया हुआ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रविवाद: (पुं०) [प्र+वि+वद्+घञ्] झगड़ा, कलह, वैमनस्क।

प्रविहृ (अक०) विहार करना-प्रविहर्तुम्। (वीरो० ५/३७)

प्रविविक्त (वि०) अकेला, एकमात्र।

०वियुक्त, अलग।

प्रविश् (अक०) प्रवेश करना, घुसना। (सुद० ९५) प्रवेष्टु प्रविवेश। (सुद० ९४)

प्रविश्लेष: (पुं०) [प्र+वि+श्लिष्+घञ्]

प्रविषण्ण (भू०क०कृ०) [प्र+वि+सद्+घञ्] ०खिन्न, उदास, व्याकुल।

प्रविष्ट (भू०क०कृ०) [प्र+विश्+क्त] ०घुसा हुआ, अंदर गया हुआ। (जयो० १/९)

०लगा हुआ, ध्वस्त।

प्रविष्टकं (नपुं०) रंगभूमि का द्वार।

प्रविस्तर: (पुं०) [प्र+वि+स्तृ+अप्] ०परिधि, घेरा, ध्वस्त।

प्रवीचार: (पुं०) मैथुन व्यवहार।

प्रवीक्ष्यता (वि०) स्पष्टीकरण। (समु० १/२८)

प्रवीण: (पुं०) कुशल, चतुर। (सु० २/२ दयो० ८२)

प्रवीणा (स्त्री०) कुशल, चतुर, (जयो०) प्रवीणा कार प्रौढा (जयो २/११४)

प्रवीर (वि०) अग्रणी, उत्तम, सर्वश्रेष्ठ, पूज्य।

०शौर्यसम्पन्न, शक्तिशाली।

प्रवीर: (पुं०) योद्धा, नायक, वीर, सुभट। (जयो० ८/५)

०मुख्य व्यक्ति।

प्रवृत (भू०क०कृ०) [प्र+वृ+क्त] संकलित, घटा हुआ।

०चुना हुआ।

प्रवृत्त (भू०क०कृ०) [प्र+वृत्+क्त] ०आरंभ किया गया, शुरू किया गया।

०प्रगत, कटिबद्ध, संलग्न।

०स्थिर, निश्चित, निर्धारण।

०निर्बाध।

०विवादरहित।

प्रवृत्त: (पुं०) गोल, वलयाकृति, वलयाकार आभूषण, कंगन।

प्रवृत्तकं (नपुं०) रंगभूमि का अवतरण।

प्रवृत्तालम्बनं (नपुं०) गोलाकार रंगमंच का आधार।

प्रवृत्ति: (स्त्री०) [प्र+वृत्+क्तिन्] ०प्रगति, मूल, स्रोत, उदय। (जयो० १/६)

०आरंभ, शुरु। (सुद २/२ (जयो० १/५)

०प्रयोग, रुचि, रुझान। (सम्य० १०२)

०आचरण, व्यवहार, व्यवसाय। (सुद० १११)

०परिपालन, योग परिपालन। 'प्रवर्तनं प्रवृत्ति: अनुष्ठान रूपा'

०सार्थकता, भावार्थ।

०अनावरत प्रयत्न, निरंतर प्रयत्न। (भक्ति० २९)

०स्थायित्व, प्राबल्य।

०गुप्त वार्ता, समाचार।

०भाग्य, नियति, कलना। (जयो०वृ० १/३९)

०प्रत्यक्षज्ञान।

प्रवृत्तिज्ञ: (पुं०) जासूस, गुप्तचर, दूत।

प्रवृत्तिनिमित्तं (नपुं०) प्रयत्न के कारण।

प्रवृत्तिमार्ग: (पुं०) सक्रिय मार्ग।

प्रवृत्तिशील (वि०) प्रयत्न युक्त। (जयो०वृ० १/५)

प्रवृद्ध (भू०क०कृ०) [प्र+वृध्+क्त] पूर्ण बढ़ा हुआ, वृद्धि को प्राप्त हुआ। ०बड़े पुरुष। (सुद० ४/१९)

०पूरा, गहरा।

०अहंकार, घमंडी।

प्रवृद्धि: (स्त्री०) [प्र+वृध्+क्तिन्] ०बढ़ना, वृद्धि।

०उन्नति, समृद्धि, पदोन्नति।

०उत्कर्ष।

प्रवेक (वि०) [प्र+विच्+ण्वुल्] श्रेष्ठ, उत्तम, अच्छा।

प्रवेग: (पुं०) [प्र+विज्+घञ्] वेग, गति, चाल।

प्रवेट: (पुं०) [प्र+वी+ट] जौ, यव।

प्रवेणि: (स्त्री०) [प्र+वेण्+इन्] ०बालों का जूड़ा, शृंगारहीन बाल।

०झूल, हस्ति पलान।

०प्रवाह।

प्रवेणिका (स्त्री०) कबरी, बेणी। (जयो० १३/५३)

प्रवेतृ (पुं०) [प्र+अच्+तृन्] ०सारथि, रथवाला, यान वाहक चालक।

प्रवेदनं (नपुं०) [प्र+विद्+णिच्+ल्युट्] ०निवेदन, प्रतिवेदन, घोषणा।

०समुचित ज्ञान। (जयो० २७/५)

०जतलाना, ऐलान करना।

प्रवेप: (पुं०) [प्र+वेप्+घञ्] कपकपी, ठिठुरन, थरथराना। (दयो० ३८)

प्रवेपक: (पुं०) [प्र+वेप्+कन्+घञ्] कपकपी।

प्रवेरित (पुं०) [प्रवेर+इतच्] फेंका हुआ, डाला हुआ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रवेल: (पुं०) [प्र+वेल्+अच्] एक मूंग विशेष।

प्रवेश: (पुं०) [प्र+विश्+घञ्] ०पहुंच, घुसना, अन्तर्गमन। (सुद० ९४)
०मुख्य द्वार भाग, घुसने का स्थान।
०आय, राजस्व।
०पीछा करना, प्रयोजन की तत्परता।

प्रवेशक: (पुं०) [प्र+विश्+ण्वुल्] ०घुसना, प्रविष्ट होना।

प्रवेष्ट: (भू०क०कृ०) [प्र+विश्+णिच्+क्त] प्रविष्ट कराया हुआ, अंदन किया गया।

प्रवेशिनी (वि०) प्रविष्ट होने वाली। (जयो०वृ० २/४३)

प्रवेष्ट: (पुं०) [प्र+वेष्ट्+अच्] भुजा, कलाई।
०पहुंचा गया। अंदर प्रविष्ट हुआ।

प्रव्यक्त (भू०क०कृ) [प्रकर्षेण व्यक्त:] स्पष्ट, साफ, प्रकट।

प्रव्यक्ति: (स्त्री०) [प्र+वि+अज्+क्तिन्] दर्शन, प्रकटीभवन, दिखाई देना। ०प्रत्यक्षीकरण।

प्रव्रज् (अक०) गमन करना, जाना। 'पुन: प्रवव्राज समुक्ति हेतु प्रयुक्तये'। (वीरो० ११/६)

प्रव्रजनं (नपुं०) [प्र+व्रज्+ल्युट्] विदेश गमन, विदेश यात्रा।
०अस्थायी रूप से बसना।
०निर्वासित होना।
०वानप्रस्थ हो जाना।

प्रव्रजित (भू०क०कृ०) [प्र+व्रज्+क्त] ०निर्वासित, ०संयस्त, ०प्रव्रज्या लिया हुआ, संन्यास लिया हुआ।

प्रव्रजित: (पुं०) साधु, मुनि।

प्रव्रजितं (नपुं०) साधु जीवन, साधु बनना।

प्रव्रज्या (स्त्री०) [प्र+व्रज्+क्यप्+टाप्] ०संन्यास, दीक्षा, श्रमण होना। ०दीक्षा अङ्गीकार करना।
०साधु बनना, संन्यासी जीवन।
०देशान्तर गमन, प्रयाण, पर्यटन।
०सावद्य योग का परित्याग।
०विरतिपरिणाम।

प्रव्रज्यार्ह (वि०) ०आर्य देश में उत्पन्न। ०मुनिदीक्षार्थ।

प्रव्रश्चन: (पुं०) [प्र+व्रश्च्+ल्युट्] आरी, लकड़ी काटने का उपकरण।

प्रव्राज् (पुं०) [प्र+व्रज्र+क्विप्] साधु, मुनि, यति, संन्यासी, विरागी।

प्रव्राजक: (पुं०) साधु, मुनि।
०पांच प्रकार के आचार्यों में प्रथम।

प्रव्राजनं (नपुं०) [प्र+व्रज्+णिच्+ल्युट्] ०निर्वासन, देशनिकाला।

प्रशंसनं (नपुं०) [प्र+शंस्+ल्युट्] ०प्रशंसा करना, स्तुति करना, स्नेह करना।

प्रशंसनीय (वि०) श्लाघनीय, शिष्ट। (जयो०वृ० ३/२३)
०बहुशोभि (जयो०वृ० ४/२५) ०स्तुति करने योग्य।

प्रशंसा (स्त्री०) [प्र+शंस्+अङ्+टाप्] गुणोद् भावनाभिप्राय:
०स्तुति, गुणगान। ०आत्मानुशासन की शंसा।
०वर्णन, उल्लेख।
०कीर्ति, ख्याति, प्रसिद्धि।
०सम्मानजनक वाणी।

प्रशंसायोग्य: (पुं०) गुणगान योग्य। (जयो०वृ० १/१३)

प्रशंसित (भू०क०कृ०) [प्र+शंस्+क्त] प्रशंसा किया गया, स्तुति किया गया।

प्रशत्त्वन् (पुं०) [प्र+शद्+क्वनिप्] समुद्र, सागर।

प्रशत्त्वरी (स्त्री०) नदी, सरिता।

प्रशम: (पुं०) [प्र+शम्+घञ्] ०शमन, शान्ति, बुझाना, शान्तगुण महाशयस्य प्रशम: प्रशस्य:। (सम्य० ७४)
०उपशमन।
०विराम, अंत, विनाश।
०सान्त्वना, तुष्टिकरण। (सुद० १३०)
०कषायाभाव-प्रशम: कषायाभाव:।
०रागादीनमनुद्रेक: प्रशम: (त०वा० १/२)

प्रशमगुणं (नपुं०) शांत गुण। (सम्य० ७४)

प्रशमधर (वि०) प्रशमभाव के धारक। (सुद० १३६)

प्रशमनं (वि०) [प्र+शम्+णिच्+ल्युट्] ०शांत करने वाला, शांति स्थापित करना।
०धीरज बंधाने वाला।
०दमन करना, धैर्य बांधना।
०दिलासा देना।
०चिकित्सा करना, स्वास्थ्य करना।
०उपयुक्त रूप से प्रदान करना।
०प्राप्त करना, ग्रहण करना।

प्रशमभाव: (पुं०) शांतपरिणाम। (जयो० १/८७)

प्रशमित (भू०क०कृ०) [प्र+शम्+णिच्+क्त] ०शमित, शांत किया गया। (वीरो० २२/४१)
०बुझाई गई, शांत की गई।
०प्रायश्चित्त किया गया, परिशोध किया गया।

प्रशस्त (भू०क०कृ०) [प्र+शम्+णिच्+क्त] ०सान्त्वना दी गई, धीरज बंधाया गया।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०शान्त किया गया, तुष्टीकृत। (सुद० ११५)
०स्तुति की गई। (सुद० १/३ स्तुत० जयो० १/५)
०योग्य, उचित। (जयो० २/१०९)
०उत्तम। (सुद० ४/४२, शुभ०) (जयो० १/१८)
०प्रशंसनीय, श्लाघनीय। (जयो० १/१३)
०सौभाग्यशाली, प्रसन्न, आनन्दित।
०सर्वोत्तम, श्रेष्ठ। (सम्य० ११५)
०पुण्य आशय, यथेष्टमार्ग।

प्रशस्तकरणोपशामना (स्त्री०) आठों कारणों का शमन होना, ०गुणों की उपासना।

प्रशस्तघोटनः (पुं०) उत्तम घोड़ा, सप्ति समूह। (जयो०वृ० ३/११०)

प्रशस्तज्ञानिन् (वि०) उत्तम ज्ञानी, उदार दर्शन। (जयो० २/३६)

प्रशस्तधारणाशक्ति (स्त्री०) उत्तमबुद्धि बल। (जयो० २/१२)

प्रशस्तध्यानं (नपुं०) श्रेष्ठध्यान, प्रकृष्ट ध्यान, शुद्धलेश्या का आश्रय लेकर ध्यान करना।
अस्तरागो मुनिर्यत्र वस्तुतत्त्वं विचिन्तयेत्।
तत् प्रशस्तं मतं ध्यानं सूरिभिः क्षीणकल्मषैः।।

प्रशस्तनिदानं (नपुं०) संयम युक्त निदान।

प्रशस्त-निस्सरणं (नपुं०) ०शान्त प्रवाह। ०संयम स्थान। ०उत्तम भाव।

प्रशस्तप्रभावना (स्त्री०) तीर्थ प्रभावना, प्रवचन प्रभावना, या मोक्षमार्ग की प्रभावना।

प्रशस्तभागः (पुं०) श्रेष्ठभाग। (जयो० १/१०)

प्रशस्त-भावपिण्डः (पुं०) उत्तम क्षमादि युक्त भाग।

प्रशस्तभावयोगः (पुं०) सम्यग्दर्शनादि उत्तमभाव का योग।

प्रशस्तभावसंयोगः (पुं०) ज्ञान, दर्शन चारित्रादि गुणों का संयोग।

प्रशस्तरागः (पुं०) अरहंत, सिद्ध आचार्यादि की भक्ति। ०धर्मानुष्ठान।

प्रशस्तलक्षणं (नपुं०) उत्तम स्वरूप, शिष्ट गुण। (जयो०वृ० १/४५)

प्रशस्त वात्सल्यः (पुं०) आचार्यादि के प्रति संक्लेश से रहित आदरभाव।

प्रशस्तविधिः (स्त्री०) उत्तमविधि, शिष्ट पद्धति। (जयो०

प्रशस्त-विहायोगतिः (स्त्री०) उत्तम गति का कारण, वर-वृषभ-द्विरदादिप्रशस्तगतिकरणं प्रशस्तविहायोगतिनाम्। (त०वा० ८/११)

प्रशस्तशरीरं (नपुं०) उत्तम देह। (जयो०वृ० १/१११)
०सुगठित शरीर। ०सौष्ठव युक्त काय।

प्रशस्तस्थिरीकरणं (नपुं०) चारित्रादि में स्थिर करना।

प्रशस्तिः (स्त्री०) [प्र+शंस्+क्तिन्] श्लाघा। (जयो० १/१२)
०प्रशंसा, स्तुति, गुणगान। (सम्य० ४)
०विरूदावली (वीरो० ३/१२, जयो० १/१४)
०वर्णन, शुभकामना, श्रेष्ठभावना।

प्रशस्तिस्तूपः (पुं०) शान्त मानस्तम्भ। (दयो० ६५)
०श्रेष्ठ विचारात्मक स्तूप। ०गुणानुवाद युक्त स्तम्भ।
०निर्देशन, शिक्षण।

प्रशस्तिभावः (पुं०) यशोगान। (वीरो० २०/२२)

प्रशस्य (वि०) [प्र+शंस्+क्यप्] प्रशंसनीय, प्रशंसा योग्य। (जयो० ३/२४)
०प्रशंसा के योग्य, श्रेष्ठ, श्लाघनीय। (सम्य० ७४) (जयो० १८/४१)

प्रशाख (वि०) [प्रशस्ता शाखा यस्य] उत्तम शाखाओं वाला।

प्रशाखिका (स्त्री०) [प्रशाखा+कन्+टाप्] टहनी, छोटी-छोटी टहनिया।

प्रशान्त (भू०क०कृ०) [प्र+शम्+णिच्+क्त] ०शान्त, शान्ति प्राप्त, स्वस्थ्यचित्त।
०प्रसन्न, हर्षित हुआ। (सुद० १२४)
०निश्चल, सौम्य, धीरता युक्त, गम्भीर।
०निस्तब्ध, धीर, निश्चेष्ट।
०समाप्त, क्षीण, विरत, विवृत्त।
०निर्विकार, हिंसादि दोषों से रहित।

प्रशान्तकरण (वि०) इन्द्रिय विजयी। (दयो० ३०)

प्रशान्तकाम (वि०) संतुष्ट, संतोषी।

प्रशान्तगत (वि०) शान्त हुआ, संतुष्टि को प्राप्त हुआ।

प्रशान्तगेहं (नपुं०) शांतिप्रिय गृह। ०विश्रान्ति गृह।

प्रशान्तचित्त (नपुं०) शांत मन, स्वस्थ्य चित्त। (जयो० १/२४)

प्रशान्तचेष्ट (वि०) विरत, विवृत्त, शान्तचेष्टा वाला। ०धीरता युक्त।

प्रशान्तजन्मन् (वि०) निर्विकार जन्म युक्त।

प्रशान्ततपः (वि०) ०निश्चल तप। ०उत्कृष्ट गगन।

प्रशान्तदानं (नपुं०) यथेष्ट दान। पात्रोचिता दान।

प्रशान्तधर्मन् (वि०) हिंसादि दोषों से रहित धर्म, उचित धर्म।

प्रशान्तनभः (पुं०) बादलों रहित आकाश।

प्रशान्तनयनं (नपुं०) ०निश्चेष्ट नेत्र। ०अपलक नयन। ०सुंदर नेत्र।

प्रशान्तपदं (नपुं०) निर्विकार पद, यथेष्टपद।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रशान्तपाप (वि०) क्षीण पाप। ०पापों का अभाव।
प्रशान्तबाधा (स्त्री०) बाधाओं का अभाव।
प्रशान्तरसः (पुं०) विकार रहित भाव।
प्रशान्तिः (स्त्री०) धैर्य, शन्ति।
०आराम, विराम, विश्राम।
०निराकरण, बुझाना।
०स्थिरता।
प्रशान्त्य (सं०कृ०) स्वस्थचित्त करके। (भक्ति० ७)
प्रशामः (पुं०) [प्र+शम्+घञ्] ०शान्ति, धैर्य, स्थिरता।
०विश्राम, विराम।
०प्यास बुझाना।
०शमन करना, शांत करना।
प्रशासनं (नपुं०) [प्र+शास्+ल्युट्] ०शासन करना, अनुज्ञा, आज्ञा देना, राज्य शासन।
०आदेश देना, सत्ता संभालना।
प्रशास्तिस्तूपका (वि०) प्रशासनिकता। (दयो० १०९)
प्रशास्तृ (पुं०) [प्र+शास्+तृच्] ०शासक, प्रशासक, नृप, अधिपति।
०राजा, राज्यपाल।
प्रशिथिल (वि०) अत्यधिक ढीला।
प्रशिष्यः (पुं०) शिष्य का शिष्य, शिष्य परम्परा।
प्रशुद्धयन् (भू०) शुद्ध किया गया। (सम्य० १०९)
प्रशुद्धिः (स्त्री०) स्वच्छता, पवित्रता, विशुद्धि।
प्रशोषः (पुं०) [प्र+शुष्+घञ्] सूखना, शुष्क, सूख जाना।
प्रशोषित (वि०) सुखाती हुई। (दयो० ९)
प्रश्चोतनं (नपुं०) [प्र+श्चुत्+ल्युट्] ०छिड़कना, क्षरण।
प्रश्नः (पुं०) [प्रच्छ्+नङ्] पृच्छ, पूछताछ, परिपृच्छा, सवाल। पृष्टा, चोद्य। (जयो०वृ० २३/८३)
०सूत्र ग्रंथ का अनुभाग।
०संघ को लक्ष्यकर प्रश्न करना। 'विद्यादिदेवतां यत्पृच्छति स प्रश्नः।'
प्रश्नकर्ता (वि०) पृच्छा करने वाला। (जयो० २३/४२)
प्रश्नकुशलः (पुं०) निर्यापकाचार्य। ०समाधि कराने में प्रवीण।
०प्रश्न में निपुण।
प्रश्न व्याकरणं (नपुं०) एक आगम ग्रंथ, जिस अंग ग्रंथ में शंकासमाधानपूर्वक प्रश्नों का व्याख्यान किया गया है, वह दसवां अंग ग्रन्थ।

प्रश्नान्तर (वि०) प्रश्न के पश्चात्। (जयो०वृ० ३/३५)
प्रश्नाप्रश्नं (नपुं०) प्रश्नकर्ता के लिए कहना।
प्रश्नाक्षरं (नपुं०) प्रश्नकारक। (जयो० १०/३१)
प्रश्वासः (पुं०) निःश्वसन, श्वांस।
प्रश्रथः (पुं०) [प्र+श्रथ्+अच्] शिथिलता, ढीलापन।
प्रश्रयः (पुं०) [प्र+श्रि+अच्] ०आदर, सम्मान, भक्ति।
०शिष्टाचार, विनय।
प्रश्रित (भू०क०कृ०) सुजन, नम्र, विनीत शिष्ट, शिष्टाचरणयुक्त।
प्रश्लथ (वि०) बहुत ढीला, अधिक शिथिल।
०उत्साह, निस्तेज।
प्रश्लिष्ट (भू०क०कृ०) [प्र+श्लिष्+क्त] मरोड़ा दियागया।
०तर्क संगत, युक्ति युक्त।
प्रश्लेषः (पुं०) [प्र+श्लिष्+घञ्] संहति, घना संपर्क।
प्रश्वासः (पुं०) [प्र+श्वास्+घञ्] ०सांस, श्वसन, निःश्वास।
०प्रश्वासक्रिया।
प्रश्रयः (पुं०) आश्रय, आधार, सहारा। (जयो० १०/५०)
प्रष्ठ (वि०) [प्र+स्था+क] सामने स्थित।
०मुख्य, प्रधान, अग्रणी, उत्तम।
०नेता, मुखिया, नायक।
प्रस् (अक०) फैलाना, प्रसार करना, विस्तार करना, बिछाना।
प्रसक्त (भू०क०कृ०) [प्र+सञ्ज्+क्त] ०लग्न, संयुक्त।
०अत्यन्त आसक्त/स्नेहशील।
०अनुगामी, अनुषक्त।
०स्थिर तुला हुआ, भक्त।
०व्यसनग्रस्त।
०सटा हुआ, निकटस्थ।
०निरन्तर, अविच्छिन्न, अनवरत।
०प्राप्त, गृहीत।
प्रसक्तिः (स्त्री०) [प्र+सञ्ज्+क्तिन्] ०आसक्ति, अनुरक्ति, लगाव।
०व्यसन, सम्बंध, संयोग, संसर्ग। (वीरो० २/१२)
०साहचर्य।
०बीज-वपनादि क्रिया। (जयो० २/५)
प्रसंख्या (स्त्री०) विचार-विमर्श। ०प्रशस्त कथन।
०कुल योग, राशि।
प्रसंख्यानं (नपुं०) [प्र+सम्+ख्या+ल्युट्] ०गिनना, विचारण, मनन, चिन्तन।
०कीर्ति, प्रसिद्धि, विश्रुति।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रसंख्यानः (पुं०) [प्र+सम्+ख्या+घञ्] ०भुगतान, चुकाना।
प्रसङ्गः (पुं०) [प्र+सञ्ज्+घञ्] ०प्रकरण, अवसर, समय, संयोग/तद्दानप्रसङ्गोऽवसरः (जयो० १/३१)
०आसक्ति, भक्ति, साहचर्य, सहयोग, संसर्ग। (जयो० १/३१)
०कार्यतत्परता, तल्लीनता।
०एकाग्रता, संश्लेख। (जयो०वृ० ११/४७)
०एक विषय, शीर्षक।
०देवयोग, घटना, काण्ड, संभावना का होना।
०उपसंहार, अनुमान।
०सम्बंध, अभियोज्य प्रयोग।
प्रसङ्गकरण (वि०) संयोग युक्त। (सुद० १०२)
प्रसङ्गगत (वि०) अवसर को प्राप्त।
प्रसङ्गजनित (वि०) दैवयोग की प्राप्ति। ०एकाग्रता युक्त।
प्रसङ्गजात (वि०) दैवयोग की प्राप्ति। प्रसङ्गानुरूपार्थ प्रतिपादक। (जयो० २/४२)
प्रसङ्गद्यूत (वि०) द्यूत व्यसन। ०जुआं के प्रति आसक्ति।
प्रसङ्गप्राप्त (वि०) प्रसञ्जन। (जयो० २३/२६)
प्रसङ्गसाधन (वि०) स्वीकृति के बिना न होना, जिस साधन में व्याप्य की स्वीकृति को व्यापक की अविनाभाविनी-व्यापक की स्वीकृति के बिना न होने वाली-दिखलाया जाए। ०पर के गन्तव्य से ही जो उसे अनिष्ट का प्रसंग दिया जाता है।
प्रसङ्गानुसारिणी (स्त्री०) अभिनयानुराधिनी। (जयो०वृ० २/९४)
प्रसङ्गिन् (वि०) संयोग वाला। (जयो० २/१३४)
प्रसञ्जनं (नपुं०) [प्र+सञ्ज्+घञ्] ०मिलाना, जोड़ना, एकत्र करना।
०व्यवहार में लाना, सबल बनाना, उपयोग में लाना।
०प्रसंग प्राप्त (जयो० २३/२६)
प्रसञ्चर (वि०) विचरण करने वाला। (सुद० ११९)
प्रसत्तिः (स्त्री०) [प्र+सद्+क्तिन्] ०अनुग्रह, कृपालुता, शिष्टाचार, प्रसाद। (जयो० ३/१०६)
०स्वच्छता, पवित्रता, विशदता।
प्रसत्तिकृत (वि०) उज्ज्वलता युक्त। (जयो०वृ० ३/५३)
प्रसत्तिदायिनी (वि०) उदार युक्त। (जयो० ११/१३)
प्रसत्तिप्रद (वि०) प्रसारदायक। (वीरो० ५/३६) (वीरो० १/४)?
प्रसात्तिभृत (वि०) प्रसाद युक्त। (जयो० ११/१३)
प्रसत्तिमनम् (नपुं०) प्रसार युक्त मन। (जयो० ३/१०६)
प्रसत्तिसंवादः (पुं०) प्रसन्नता युक्त समाचार। (जयो० १५/६१)
प्रसन्धान (नपुं०) [प्र+सम्+ध्या+ल्युट्] ०मेल , मिलान।
प्रसन्न (भू०क०कृ०) [प्र+सद्+क्त] पवित्र, स्वच्छ, साफ, उज्ज्वल, निर्मल, विमल, पारदर्शी, मुदन्वयी।
०हर्ष, आनंद, खुश, संतुष्ट, तोष। (सम्य० ११५)
०दयालु, अनुग्रहशील, कृपालु, मंगलप्रद।
०सरल, सीधा, स्पष्ट, सुबोध।
०सत्य, सही, यथार्थ, समीचीन।
प्रसन्नधी (वि०) हंसमुख। (दयो ७२)
प्रसन्नवाञ्च (स्त्री०) प्रसन्नवाणी। (जयो०वृ० १/४३)
प्रसन्नवाणी (स्त्री०)०विमल वचन, ०पवित्र विचार।
प्रसन्नतादायक (वि०) हर्ष प्रदायक, शातप्रद। (जयो०वृ०४/२)
प्रसन्नदृष्टि (स्त्री०) आन्नददृग। (जयो० १/७७) ०सरलदृष्टि, मंगलप्रद नेत्र, उचित अवलोकन।
प्रसन्नमुखत्व (वि०) कृपादृष्टि वाला। (जयो०वृ० १/५७)
प्रसन्नवदन-देखो ऊपर।
प्रसन्ना (स्त्री०) एक मदिरा विशेष, जो द्राक्षा से बनाई जात है।
०प्रसादन, अनुरंजन।
प्रसन्नाखण्डाधिकारवती (वि०) स्पर्श अखंड अधिकार वाली। (जयो० ३/८४)
प्रसन्नात्मन् (वि०) मंगलप्रद, कृपायुक्त।
प्रसन्नीरा (स्त्री०) खींची हुई मदिरा।
प्रसभः (पुं०) [प्रगता सभा समानाधिकारी यस्मात्] * शक्ति, बल।
०हिंसा, आरंभ।
०बहुत अधिक, अत्यंत।
०आग्रहपूर्वक।
प्रसभदमनं (नपुं०) बलपूर्वक दमन करना।
प्रसभहरणं (नपुं०) बलपूर्वक, अपहरण।
प्रसभीक्षः (पुं०) गवेषणा, छानबीन। (जयो० १३/७१)
प्रसभीक्षणं (नपुं०) [प्र+सम्+ईक्ष्+ल्युट्] विचारण, विचार-विमर्श।
०निर्धारण।
प्रसभीक्षा (स्त्री०) [प्रसम्+ईक्ष्+अङ्+टाप्] विचारण, निर्धारण।
प्रसयनं (नपुं०) [प्र+सि+ल्युट्] ०बंधन, कसना। ०जाल।
प्रसरः (पुं०) [प्र+सृ+अप्] ०फैलना, आगे बढ़ना। (सुद० ९०) 'वृत्तं तदेत्प्रससारं लोकप्रान्तेषु शीघ्रं प्रभुदामथौकम्' (वीरो० १४/४६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०प्रगमन करना।
०प्रसार, विस्तार, फैलाव।
०आयाम, बृहद्मात्रा।
०प्रचलन, प्रभाव।
०सरिता, प्रवाह धारा, बाढ़, प्रपात।
०समूह, समुच्चय, समुदाय।
०युद्ध, लड़ाई।
०लोहे की बाण।
०विनम्रभाव।

प्रसरणं (नपुं०) [प्र+सृ+ल्युट्] ०विस्तार, फैलाव, प्रसार। ०प्रगमन, दौड़ना, बहना, शत्रु को घेरना।

प्रसरणशील (वि०) विस्तार युक्त, पल्लवित। (जयो०वृ० १/९१) ०प्रवाह युक्त। ०विनम्र भाव सहित।

प्रसरणिः (स्त्री०) [प्र+सृ+अनि] शत्रु को घेर लेना।

प्रसरत्प्रभामण्डल (वि०) फैली हुई प्रभा। (जयो० १/८४)

प्रसर्पणं (नपुं०) [प्र+सृप्+ल्युट्] चलना, सरकना, आगे बढ़ना। ०व्याप्त करना, सब ओर फैलना।

प्रसर्पति (वर्त०) उत्सुक रहता है (वीरो० ८/३२)

प्रसलः (पुं०) [प्र+सल्+अच्] हेमंत ऋतु।

प्रसवः (पुं०) [प्र+सू+अप्] जनन, प्रसूति, जन्म देना, उत्पादन, जन्म।
०बच्चे का जन्म, गर्भ मोचन।
०संतान, प्रजा, शिशु।
०स्रोत, मूल, जन्मस्थान।
०फूल, मञ्जरी।

प्रसवकः (पुं०) [प्रसवेन पुष्पादिना कायति शोभते-प्रसव+ कै+क] पियाल वृक्ष, चिरौंजी का पेड़, चारोली तरु।

प्रसवनं (नपुं०) [प्र+सू+ल्युट्] पैदा करना, बच्चे को जन्म देना। ०प्रसूति स्थान।
०ऊपजाऊपन, उपज युक्त स्थान।

प्रसवन्तिः (स्त्री०) [प्र+सू+भिच्] जच्चा स्त्री।

प्रसवन्ती (स्त्री०) [प्र+सू+शतृ+ङीप्] जच्चा स्त्री।

प्रसवपीडा (स्त्री०) संतानोत्पत्ति का कष्ट। (दयो० ५४)

प्रसवबंधनं (नपुं०) उत्पत्ति का बन्ध, सृजन का ग्रहण। (जयो०वृ० १४/२२)

प्रसवितृ (वि०) [प्र+सू+तृ] जनक, पिता।

प्रसवित्रा (स्त्री०) [प्रसवितृ+ङीप्] भाता, जननी। (जयो०वृ० ३/९)

प्रसव्य (वि०) [प्रगतं सव्यात्] प्रतिकूल, व्युत्क्रान्त, बायां, उल्टा।

प्रसह (वि०) [प्र+सह्+अच्] सहनशील, सहिष्णु कष्ट उठाने वाला।

प्रसहः (पुं०) शिकारी जानवर, पक्षी।
०सहनशील, विरोध।

प्रसहनं (नपुं०) [प्र+सह्+ल्युट्] सामना करना,।
०विजय प्राप्त करना।
०आलिंगन, परिरम्भण।

प्रसहनः (पुं०) [प्र+सह्+घञ्] शिकारी जानवर या पक्षी।

प्रसह्य (अव्य०) [प्र+सह्+ल्यप्] बलपूर्वक, प्रचण्डता के साथ।
०अत्यधिक, अत्यन्त।

प्रसातिका (स्त्री०) [प्रगता सातिं-सो+क्तिन्] एक प्रकार का धान्य विशेष।

प्रसादः (पुं०) [प्र+सद्+घञ्] ०कृपा, अनुग्रह, दाक्षिण्य,
०धीरता, शान्ति, सौम्यता, गांभीर्य।
०उत्तेजना का अभाव, शांत, प्रसत्ति। (जयो०वृ० ३/१०६)
०पुरस्कार, भेंट, उपहार।
०अनुशासन। (जयो०वृ० १/६७)
०चढ़ावा, भोग।
०कुशल, क्षेम, सौभाग्य। (वीरो० २/३१)
०स्वच्छता, निर्मलता, उज्ज्वलता, पारदर्शिता।
०प्रसाद गुण।
०प्रासाद। (सुद० ७८)
०मंगल, कल्याण-'मङ्गललोकोत्तरमशरण्यानां प्रसाद इवा भवत्। (जयो० १२/७२)
०दृष्टिदान (जयो० १०/११६) 'अभवदपि परस्परप्रसादः पुनरुभयोरिह तोष-पोषवादः। (जयो० १०/११६)

प्रसादक (वि०) [प्र+सद्+णिच्+ण्वुल्] ०कृपा करने वाला, अनुग्रह करने वाला।
०पवित्र करने वाला, स्वच्छ करने वाला।
०आनन्दित करने वाला, हर्ष उत्पन्न करने वाला।
०प्रसन्न करने वाला।
०सान्त्वना देने वाला, धैर्य बंधाने वाला।

प्रसादकारिणी (वि०) रुचिरा। (जयो०वृ० ३/३७)

प्रसाददायक (वि०) प्रसत्तिप्रद, प्रसन्न करने वाला। (वीरो० ५/३६)

प्रसादनं (वि०) [प्र+सद्+णिच्+ल्युट्] ०निर्मल करना, पवित्र करना, शांत करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०सान्त्वना देना, धैर्य बंधाना।
०प्रसन्न करना, संतुष्ट करना।
०तुष्ट करना, कल्याण करना, अनुग्रह करना।

प्रसादन (वि०) [प्र+सद्+णिच्+ण्वुल्] ०आनन्दित करने वाला, प्रसन्न करने वाला।
०धैर्य बंधाने वाला, विशुद्ध करने वाला।
०नम्र, प्रसन्नता। (जयो० ११/३५)

प्रसादना (स्त्री०) शुद्धिकरण, पवित्रीकरण।
०सेवा, अर्चना।

प्रसादविधि (स्त्री०) प्रसम्यता का भंडार। (जयो० १/१०५)

प्रसादयितु [प्र+सद्+णिच्+तुमुन्] संतुष्ट करने के लिए। (वीरो० ८/३५)

प्रसादित (भू०क०कृ०) [प्र+सद्+णिच्+क्त] ०पवित्र किया हुआ, स्वच्छ किया हुआ।
०खुश किया हुआ, प्रसन्न किया हुआ।
०धीरज बंधाया हुआ, सान्त्वना दिया हुआ।

प्रसादितमानस् (नपुं०) प्रसन्नता युक्त मन। (जयो० १/१०१)

प्रसादिनी (स्त्री०) आनन्ददायिनी, हर्षप्रदायिनी। (वीरो० १/१) द्राक्षेव मृद्वी रसने हृदोऽपि प्रसादिनी नोऽस्तु मनाक् श्रमोऽपि-

प्रसाधक (वि०) [प्र+साध्+ण्वुल्] ०स्वच्छ करने वाला, शुद्ध करने वाला।
०पवित्र करने वाला।
०अलंकृत करने वाला, सजाने वाला।
०निष्पन्न करने वाला, पूर्ण करने वाला।

प्रसाधकः (पुं०) पार्श्वचर।
०श्रृंगार करने वाला सेवक।

प्रसाधनं (नपुं०) [प्र+साध्+ल्युट्] ०निष्पन्न करना, पूर्ण करना।
०व्यवस्थित करना, विभूषित करना, अलंकृत करना, अलंकरण करना। (जयो० १०/४३)
०प्रतिकर्म। (जयो०वृ० १०/३२)
०शरीर सज्जा, वस्त्राभूषण पहनना। (जयो० ३/१०५)

प्रसाधनः (पुं०) कंघी।

प्रसाधनविधिः (स्त्री०) श्रृंगार, सजावट।

प्रसाधनविशेषः (पुं०) विशेष अलंकरण।

प्रसाधनी (स्त्री०) कंघी। (जयो०वृ० १०/३२)

प्रसाधिका (स्त्री०) [प्रसाधक+टाप्+इत्वम्] ०सेविका, अलंकरणिका।

प्रसाधित (भू०क०कृ०) [प्र+साध्+क्त] ०निष्पन्न, पूर्ण, कार्यान्वित।
०विभूषित, अलंकृत, सुसज्जित। (जयो०वृ० १०/३२)

प्रसाद्य (सं०कृ०) अलंकृत्य, सजा करके। (जयो०वृ० १/३६)

प्रसारः (पुं०) [प्र+सृ+घञ्] ०प्रसारण, विस्तार, फैलाव, प्रसूति।
०फैलाना, विस्तार करना।
०बिछावन।
०छाया (सुद० १३२)
०आसार (जयो० ६/५१)
०परिणाम-'कान्त्याः परिणामः प्रसारो यत्र' (जयो०वृ० ५/२६)

प्रसारणं (नपुं०) ०प्रचारण। प्रचारणा मुहुर्मुहुः प्रकटीकरणं पक्षे क्रमशः प्रसारणं येषां ते। (जयो० ३/१७)
०विस्तार करना, फैलाना, प्रसारण।
०प्रसूति, उत्पत्ति।
०ईंधन और घास फैलाना।
०सम्प्रसारण भाव।

प्रसारिणी (स्त्री०) [प्र+सृ+णिनि+ङीप्] शत्रु को घेरना।

प्रसारित (भू०क०कृ०) [प्र+सृ+णिच्+क्त] ०विस्तारित, प्रसृत किया गया।
०प्रसार किया गया, फैलाया गया।
०बढ़ाया हुआ।
०प्रदर्शित किया हुआ, रक्खा गया।

प्रसार्यताम् फैलाया गया, देखा गया। (जयो० १३/३८)

प्रसाहः (पुं०) [प्र+सह्+घञ्] जीत लेना, पराजित करना।

प्रसित (भू०क०कृ०) [प्र+सि+क्त] ०संलग्न, व्यस्त।
०लालायित, इच्छुक।
०तुला हुआ, संलग्न।
०बांधा हुआ, कसा हुआ।

प्रसितं (नपुं०) पीव, मवाद।

प्रसिति (स्त्री०) [प्र+सि+क्तिन्] ०जाल, घेरा।
०पट्टी, बंधन।

प्रसिद्ध (भू०क०कृ०) [प्र+सिध्+क्त] ०विश्रुत, विख्यात।
०अलंकृत, सुसज्जित, विभूषित। 'प्रकर्षेण सिद्धं सिद्धिमापन्नं तत्तस्मादेव दिव्यस्य' (जयो०वृ० १/३४) प्रसिद्धा न तु विबुधस्य सिद्धिरनेकान्तस्य। (सुद० ९१)

प्रसिद्धगोत्र (वि०) ख्यातवंश, उत्कृष्टता को प्राप्त हुआ वंश।

प्रसिद्धजाति (स्त्री०) ख्याति जाति।

प्रसिद्धतपस्वी (वि०) तपस्या के लिए प्रसिद्ध हुआ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रसिद्धतापस् (वि०) ख्यात गुण युक्त तपस्वी।

प्रसिद्धदानं (नपुं०) उत्कृष्ट दान।

प्रसिद्धवंश (वि०) ख्यातवंश वाला, अच्छे कुल/गोत्र वाला।

प्रसिद्धसंधिन् (वि०) ख्यात संघ वाला।

प्रसिद्धा (स्त्री०) कीर्ति, विश्रुति, ख्याति। (जयो०वृ० १/३)

प्रसिद्धि (स्त्री०) [प्र+सिध्+क्तिन्] ०ख्याति, यश, कीर्ति, विश्रुति।
०सफलता, पूर्ति, निष्पन्नता।
०शृंगार, अलंकरण।

प्रसिद्धिमत् (वि०) प्रशंसनीय, कीर्तिमय। प्रसिद्धिरस्यास्तीति प्रसिद्धिमत् प्रशंसनीयम्। (जयो०)

प्रसिद्धिशील (वि०) कीर्तिवाला।

प्रसीदिका (स्त्री०) [प्र+सद्+ण्वुल्-प्रसाद्यतेऽस्याम्] वाटिका, उद्यान।

प्रसुप्त (भू०क०कृ०) [प्र+स्वप्+क्त] ०निद्रित, सोया हुआ, आलस्य युक्त।

प्रसुप्तिः (स्त्री०) [प्र+स्वप्+क्तिन्] ०प्रगाढ़ निद्रा, घोर निद्रा।
०व्याकुलता।
०निद्रालुता।
०बेचैनी, बेहोशी।

प्रसू (वि०) [प्र+सू+क्विप्] प्रकाशित करने वाला, पैदा करने वाला, जन्म देने वाला।

प्रसूत (भू०क०कृ०) [प्र+सू+क्त] उत्पन्न, जनित, सूत। (वीरो० समु० १/७) (दयो० ३) (जयो० १०/११७)
०उत्पादित, पैदा किया गया। (जयो० ३/८६)

प्रसूतं (नपुं०) पुष्प।
०उपजाऊ स्रोत।

प्रसूता (स्त्री०) जच्चा स्त्री।

प्रसूति (स्त्री०) [प्र+सू+क्तिन्] ०प्रसव, प्रसर्जन, जन्म, उत्पत्ति।
०उत्पादन, जनम। (समु० ३/२१)
०जन्म देना, उत्पन्न करना।
०प्रकट होना, दर्शन।
०संतति, प्रजा, अपत्य।
०उत्पादक, जनक, प्रस्रष्टा।
०विकसन।

प्रसूतिका (स्त्री०) जच्चा स्त्री। प्रसूति।

प्रसूतिजं (नपुं०) प्रसव पीड़ा।

प्रसूत्व (वि०) उत्पत्ति वाला। (सुद० २/१०)

प्रसून (भू०क०कृ०) [प्र+सू+क्त] उत्पन्न, जन्म दिया, पैदा किया।

प्रसूनं (नपुं०) पुष्प, फूल।

प्रसूनकं (नपुं०) कुसुमत्व, पुष्पत्व।

प्रसूनता (वि०) पुष्पपना, फूलपना। (सुद० ३/२१)

प्रसूनवर्षः (पुं०) पुष्पवृष्टि।

प्रसूनवाणः (पुं०) कामदेव। (जयो० १/७६)

प्रसृ (अक०) फैलना, बढ़ना, विकसित होना, विस्तृत होना।
प्रसरन्ति (जयो० १/१०२)
०प्रसन्न होना-प्रससार (जयो० ८/८२) अथ जन्मनि सन्मनीषिणः प्रससारात्यभितो यशः किणः।। (वीरो० ७/१)
०लोट-पोट होना-प्रसरन् (सुद० ३/२५)

प्रसृत (भू०क०कृ०) [प्र+सृ+क्त] ०फैला हुआ, आगे बढ़ा हुआ।
०फैलाया गया, प्रसारित किया गया।
०विस्तृत, विस्तार युक्त, लम्बा, विस्तीर्ण।
०व्यस्त, लगा हुआ।
०फुर्तीला, तेज।
०सुशील, विनीत।

प्रसृतः (पुं०) दो पग माप। (जयो० ११/१९)

प्रसृता (स्त्री०) पैर।

प्रसृताच्छल (वि०) पैरों के बहाने। (जयो० ११/१९)

प्रसृतिः (स्त्री०) [प्र+सृ+क्तिन्] ०प्रगति, आगे जाना, बहना।
०फैली हुई हथेली, अञ्जलि।

प्रसृतिभावः (पुं०) अञ्जलि भाव। (जयो० १/१०३)

प्रसृत्वर (वि०) [प्र+सृ+क्वरप्] ०बहता हुआ, झरता हुआ।
०फैलता हुआ, आगे बढ़ता हुआ।
०टकराने वाला।

प्रसृमर (वि०) [प्र+सृ+क्मरच्] ०बहता हुआ, झरता हुआ।
०घायल, क्षतिग्रस्त।

प्रसृष्ट (भू०क०कृ०) [प्र+सृज्+क्त] त्यागा हुआ।
०एक ओर डाला हुआ। ०बहाया हुआ।
०घायल किया गया। ०क्षतिग्रस्त।

प्रसृष्टा (स्त्री०) फैली हुई अंगुली।

प्रसेकः (पुं०) [प्र+सिच्+घञ्] ०बहना, रिसना, झरना।
०टपकना, गिरना, चूना।
०छिड़कना, आर्द्र करना।
०उद्गिरण, प्रस्रवण।
०उद्गमन, वमन, कै।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रसेदिका (स्त्री०) वाटिका, छोटा उद्यान।
प्रसेनजितः (पुं०) महावीर शासन काल में दीक्षा को प्राप्त होने वाला राजा प्रसेनजित, जिसकी रानी मल्लिकादेवी थी;
प्रसेनिकाकुशलः (पुं०) अनुरंजित करने वाली विद्या।
१. अंगुष्ठप्रसेनिका, २. अक्षर प्रसेनिका, ३. प्रदीपप्रसेनिका, ४. शशिप्रसेनिका, ५. सूर्यप्रसेनिका और ६. स्वप्नप्रसेनिका ये समस्त विद्याएं हैं।
प्रसेवः (पुं०) [प्र+सिव्+घञ् प्रसेव+किन्+घञ्] थैला, बोरा, बोरी, गहरा पात्र।
प्रसेवकः (पुं०) बोरा, थैला।
प्रस्कन्दनं (नपुं०) [प्र+स्कन्द्+ल्युट्] ०छलांग लगाना, कूद जाना, उछलना।
०विरेचन, जुलाब, अतिसार।
प्रस्कन्न (भू०क०कृ०) [प्र+स्कन्द्+क्त] ०पतित, गिरा हुआ।
०छलांग लगया गया।
०पार किया गया।
प्रस्कन्नः (पुं०) जातिवहिस्कृत।
०पापी, दुष्ट।
प्रस्कुन्दः (पुं०) [प्रगतः कुन्दं चक्रम्] गोलाकार वेदी।
प्रस्खलनं (नपुं०) [प्र+स्खल्+ल्युट्] लड़खड़ाना, डगमगाना, गिर जाना, पतन।
प्रस्तरः (पुं०) [प्र+स्तृ+अच्] पर्णशय्या।
०पुष्पशय्या, पर्यंक, खटिया।
०समतल शिखर।
०प्रस्तर, चट्टान, पत्थर, पाषाण। (जयो० २/१२)
०मूल्यवान्, रत्न प्रस्तर।
प्रस्तरणं (नपुं०) [प्र+स्तृ+ल्युट्] ०पर्यंक, खटिया, पलंग।
०शय्या, विस्तरण, बिछौना।
प्रस्तरोच्चयः (पुं०) पाषाण समूह। (जयो० ४/३८)
प्रस्तारः (पुं०) [प्र+स्तृ+घञ्] ०पुष्पशय्या, पर्णशय्या।
०पलंग, खाट, खटिया।
०फैलाना, विस्तृत करना।
०आच्छादित करना।
०चपटी सतह, समतल स्थान।
०वनस्थली, अरण्य, जंगल।
०एक छन्द विशेष।
प्रस्तावः (पुं०) [प्र+स्तु+घञ्] ०आरंभ, शुरु।
०रचना, कृति। (जयो०वृ० १/६२) (जयो० १/२)
०आमुख, प्रस्तावना, भूमिका।
०उल्लेख, संकेत, संदर्भ। (जयो०वृ० १/६९)
०अवसर, समय, ऋतु।
०विषय, शीर्षक।
प्रस्तावना (स्त्री०) [प्र+स्तु+णिच्+युच्+टाप्] भूमिका, प्रारंभिनी, आमुख। ०प्रारम्भिकी, ०प्राक्कथन।
०प्रशंसा, सराहना।
०परिचय, सूत्रधार।
प्रस्तावित (वि०) [प्र+स्तु+णिच्+क्त] ०प्रारंभिक, उल्लिखित, संकेतत।
०प्रारंभ किया हुआ, शुरू किया हुआ।
०इंगित।
प्रस्तिरः (पुं०) पर्णशय्या, पुष्पशय्या।
प्रस्तीतः (पुं०) [प्र+स्त्यै+क्त] कोलाहल करने वाला, शब्दायमान।
प्रस्तुत (भू०क०कृ०) [प्र+स्तु+क्त] फैलती हुई, व्यापक होने वाली। 'समन्तादाप्तशाखाय प्रस्तुताऽस्मै सदा स्फीतिः।। (सुद० ८२)
०घटित, उपागत, प्राप्त। (जयो०वृ० १/३)
०निष्पन्न, कृत, कार्यान्वित।
०विचाराधीन, विचारणीय।
०आरंभ की गई।
प्रस्तुतं (नपुं०) उपस्थित विषय, विचारणीय विषय।
प्रस्थः (पुं०) एक प्रमाण विशेष।
०साढ़े बारह पलों का एक प्रस्थ।
०चार कुद्रव प्रमाण माप।
०समतल भूमि-इन्द्रप्रस्थ।
प्रस्थ (वि०) [प्र+स्था+क] जाने वाला, दर्शन करने वाला, पालन करने वाला।
०यात्रा पर जाने वाला, फैलाने वाला।
०दृढ़, स्थिर।
प्रस्थम्पच (वि०) [प्रस्थ+पच्+अच्] प्रस्थमात्र, पकाने वाला।
प्रस्थानं (नपुं०) [प्र+स्था+ल्युट्] ०प्रयाण, गमन। (जयो० ३/१०६)
०कूच करना, विहरण। (जयो० ३/३४)
०मरण, मृत्य, विनाश।
प्रस्थानकालोचित (वि०) उचित काल में प्रयाण। (जयो०वृ० १२/३६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रस्थापनं (नपुं०) [प्र+स्था+णिच्+ल्युट्] ०भेजना, विसर्जित करना।
०प्रेषित करना।
०प्रमाणित करना, प्रदर्शन करना।
०उपयोग करना, काम में लगाना।

प्रस्थापित (भू०क०कृ०) [प्र+स्था+णिच्+क्त] ०प्रेषित, भेजा गया।
०स्थापित, सिद्ध।

प्रस्थित (भू०क०कृ०) [प्र+स्था+क्त] ०प्रस्थान किया, प्रयाण किया। (जयो० ३/३४) प्रस्थितं सहसोत्थाय श्रीमतामग्रगामिना। (जयो० ३/९८) प्रस्थिते भवन्तमुद्दिश्य गन्तुमुद्यते। (जयो० ३/८९)
०विसर्जित किया, यात्रा पर गया हुआ।

प्रस्थितिः (स्त्री०) [प्र+स्था+क्तिन्] चले जाना, विदा होना, कूच करना।
०प्रयाण करना।

प्रस्नः (पुं०) [प्र+स्ना+क] स्नान पात्र।

प्रस्नवः (पुं०) [प्र+स्नु+अप्] ०उमड़ कर बहना, निःस्रवण।
०धार, प्रवाह।

प्रस्नुत (भू०क०कृ०) [प्र+स्नु+क्त] झरता हुआ, बहता हुआ, निकलता हुआ।

प्रस्नुस्तनी (स्त्री०) स्तन से दूध बहाने वाली स्त्री।

प्रस्नुषा (स्त्री०) पौत्रवधू।

प्रस्पन्दनं (नपुं०) [प्र+स्पन्द्+ल्युट्] धड़कन, थरथराहट, कंपकंपी।

०भेजना, आदेश, निवेश।
०उत्तेजित करना, उकसाना, आगे बढ़ाना।

प्रेरणा (स्त्री०) [प्र+ईर्+णिच्+टाप्] ०प्रेरित करना, आगे बढ़ाना।
०आवेग, आवेश।
०आदेश, निदेश।

प्रेरय् (सक०) प्रेरित करना, आगे बढ़ाना।

प्रेरित (भू०क०कृ०) [प्र+ईर्+णिच्+क्त] ०उत्तेजित किया, उकसाया गया।
०बढ़ाया गया। (जयो० ५/४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०उद्दीपित, प्रणोदित, उदीरित। (जयो०वृ० १२/१२०)
०भेजा गया।
प्रेरितसूक्त (वि०) उत्तेजित कथन। (जयो०वृ० १२/१२५)
प्रेष् (अक०) चलना-फिरना, घूमना, भ्रमण करना।
प्रेषः (पुं०) [प्र+इष्+घञ्]०भेजना, प्रेषण करना।
०निदेश देना, बोझ डालना।
०संदेश देना। ०चलना-फिरना। ०आमन्त्रण करना।
प्रेषणं (नपुं०) भेजना, संदेश देना। (दयो० ६२)
०नयन, असि, दृष्टि। (जयो०वृ० २/११३)
प्रेषित (भू०क०कृ०) [प्र+इष्+क्त] ०निदेशित, आदिष्ट।
०भेजा गया (दयो० ९८)
०मुड़ा हुआ।
०निर्वासित।
प्रेष्ठ (वि०) [प्रिय+इष्टन्] प्रियतम, प्यारा, अधिक प्रिय।
प्रेष्ठः (पुं०) प्रेमी, पति।
प्रेष्ठा (स्त्री०) पत्नी, स्वामिनी, भार्या।
प्रेष्य (वि०) [प्र+ईष्+ण्यत्] ०भेजने योग्य।
०आदेश दिए जाने योग्य।
प्रेष्यः (पुं०) सेवक, भृत्य, अनुचर।
प्रेष्यं (नपुं०) सेवा, दूतमंडली। ०अनुचर समूह।
प्रेष्यप्रयोगः (पुं०) आदेश देकर मार्यादित क्षेत्र में भेजना।
०बहिर के इष्ट कार्य कराना।
०देशव्रत/श्रावक के देशव्रत का एक दोष।
०मर्यादा भंग करना।
प्रेष्यभावः (पुं०) सेवा, बंधन।
प्रेष्यवधू (स्त्री०) सेविका, दासी।
प्रेष्यवर्गः (पुं०) सेवक समूह, अनुचर वर्ग।
प्रेष्या (स्त्री०) सेविका, दासी।
प्रेहि (वि०) ०प्रेक्षी, ०अनुदर्शी।
प्रोक्त (भू०क०कृ) [प्र+वच्+क्त] कथित, भाषित, बोला गया। (सुद०) कहा गया।
०विरचित। (सुद०)
०उच्चारण किया गया।
०निर्धारित किया गया, नियत किया गया।
प्रोक्तभाव (वि०) वक्ष्यमाण, कथित। (सुद० ३/४५, जयो० ४/१७)
प्रोञ्छ (अक०) प्रमार्जन करना, साफ करना। (मुनि. ९)
प्रोक्षणं (नपुं०) [प्र+उक्ष्+ल्युट्] ०प्रामर्जन, समार्जन।
०प्रक्षालन, अभिषिक्त।
०छिड़काव।
०मंत्रित करना।
प्रोक्षणीयं (नपुं०) [प्र+उक्ष्+अनीयर्] ०पवित्रीकरण, प्रक्षालीकरण।
०प्रमार्जनयी, अभिसिंचिनीय
प्रोक्षित (भू०क०कृ०) [प्र+उक्ष्+क्त]
प्रोञ्छनम् (नपुं०) अभिषेचन, परिमार्जन। (जयो० २७/९)
०प्रक्षालन, प्रमार्जन।
प्रोञ्छनकारिणी (वि०) सम्मार्जनकर्त्री।
प्रोञ्छनकः (पुं०) तौलिया। (जयो० १०/२८) (वीरो० ५/११)
प्रोञ्छनवस्त्रं (नपुं०) तौलिया। (जयो० १३/१०, १७३)
प्रोञ्छितवती (वि०) प्रक्षालित करती हुई। (जयो० १७/१३०)
०प्रमार्जित, शुद्ध किया गया।
०साफ किया गया।
प्रोच्छ्रित (भू०क०कृ०) उत्तुंग, उन्नत, ऊंचा।
प्रोच्चंड (वि०) अत्यंत, तीव्र, भयानक।
प्रोच्चैः (अव्य०) अत्यधिकता से, ऊंचे स्वर से।
प्रोज्जासनं (नपुं०) [प्र+उद्+जस्+णिच्+ल्युट्] वध, हत्या।
प्रोज्झनं (नपुं०) [प्र+उज्झ्+ल्युट्] ०त्यागना, छोड़ना, विसर्जित करना।
प्रोज्झित (भू०क०कृ०) [प्र+उज्झ्+क्त] ०परित्यक्त, छोड़ा गया।
०विसर्जित किया गया।
प्रोढ (वि०) [प्र+वह्+क्त] प्रौढ, पौढि, वृद्धापना युक्त।
प्रोत (भू०क०कृ०) [प्र+वे+क्त]०पारित, बद्ध किया गया।
०जमा हुआ, जड़ा हुआ।
प्रोत्कण्ठ (वि०) [प्रकर्षेण+उत्कण्ठः] उठाए हुए, ग्रीवा तक लिए हुए।
प्रोत्कुष्टं (नपुं०) [प्र+उत्+क्रुश्+क्त] ०कोलाहल, हल्लागुल्ला।
प्रोत्खात (भू०क०कृ०) [प्र+उत्+खन्+क्त]०खोदा हुआ, खनन किया गया।
प्रोत्क्षिप्त (वि०) उछाला गया। (जयो० ८/२)
प्रोत्तुङ्गः (वि०) अत्यधिक ऊंचा।
प्रोत्फुल्ल (वि०) पूर्ण विकसित हुआ, खिला हुआ।
प्रोतवसु (स्त्री०) रत्न राशि। 'प्रोतानामङ्कितानां वसूनां रत्नानां पद्मरागवैडूर्यादीनां सञ्चयस्य' (जयो०वृ० १०/८६)
प्रोत्सह (वि०) प्रोत्साहन देने वाला। (सम्य० ४१)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रोत्सारणं (नपुं०) [प्र+उत्+सृ+णिच्+ल्युट्] छुटकारा करना, हटाना।
०निर्वासित करना, विसर्जित करना।

प्रोत्सारित (भू०क०कृ०) [प्र+उत्+सृ+णिच्+क्त] ०निष्कासित, हटाया गया, पदमुक्त किया गया, परित्यक्त।
०आगे बढ़ाया गया।

प्रोत्साहः (पुं०) [प्र+उत्+सह्+घञ्] *अनुराग, विशेष लगाव, अत्यनुरक्ति।
०उद्दीपन, बढ़ावा।

प्रोत्साहक (वि०) [प्र+उत्+सह्+णिच्+ण्वुल्] उत्साह बढ़ाने वाला, उकसाने वाला।

प्रोत्साहनं (नपुं०) [प्र+उत्+सह्+णिच्+ल्युट्] ०उत्साहवर्धन, उकसाना, प्रतिविधापि। (समु० ७/१६)
०भड़काना, प्रणोदन।
०प्रेरित करना।

प्रोथ् (अक०) सदृश होना, समान होना।
०योग्य होना, यथेष्ट होना।
०सक्षम होना, समर्थ होना।
०जोड़ीदार होना।

प्रोथ (वि०) [प्रोथ्+घ] ०प्रसिद्ध, विख्यात, सुविश्रुत, ख्याति प्राप्त।
०रक्खा हुआ, स्थिर किया हुआ।
०भ्रमण करना, यात्रा पर जाना, अग्रसर होना, आगे बढ़ना।

प्रोथः (पुं०) नक्र, नाक, नथूना। (जैन० १३/७२)
०घोड़े की नाक।
०सूकर का थूथन।
०कूल्हा, नितम्ब देश। (वीरो० ४/३७)
प्रोथ: पान्थऽश्वघोणायामस्त्रीना कटिगर्भयो इति वि०। (जयो० ४/३७)
०खुदाई।
०वस्त्र।
०गर्भ, कलल।

प्रोथिन् (पुं०) [प्रोथ्+इनि] अश्व, घोड़ा।

प्रोद्घुष्ट (भू०क०कृ०) [प्र+उद्+घुष्+क्त] ०गूंजना, ध्वनि होना।
०घोषणा, उद्घोष।
०ऊंचा शब्द करना, उच्च स्वर में बोलना।

प्रोद्घोषणं (नपुं०) [प्र+उद्+घुष+ल्युट्] घेषणा, ऐलान, प्रतिध्वनि करना, मिमादी करना।

प्रोद्दीप्त (भू०क०कृ०) [प्र+उद्+डीप्+क्त]

प्रोद्धाद् (अक०) प्राप्त होना। (वीरो० १७/९)

प्रोन्नत (वि०) प्रशस्त। (जयो० ३/३८)
०देदीप्यमान, आग पर रखा हुआ, गर्म किया हुआ।

प्रोद्भिन्न (भू०क०कृ०) [प्र+उद्+भिद्+क्त] ०अंकुरित, प्रस्फुरित।
०फूटा हुआ, निकला हुआ।

प्रोद्भूत (भू०क०कृ०) [प्र+उद्+भू+क्त] ०प्रस्फुरित, निस्सरित, निकला हुआ।
०फूटा हुआ।

प्रोद्यत (भू०क०कृ०) [प्र+उद्+यम्+क्त] ०अंकुरित, प्रस्फुटित।
० फूटा हुआ, निकला हुआ।

प्रोद्भूत (भू०क०कृ०) [प्र+उद्+भू+क्त]० प्रस्फुटित, निस्सरित, निकला हुआ।
० उद्यत हुआ, तैयार हुआ। ०तैयार।

प्रोद्वाहः (पुं०) [प्र+उद्+वह्+घञ्]पाणिग्रहण, विवाह।

प्रोद्वृन्तः (पुं०) पाषाण उपटा, ठोकर। (मुनि० ६)

प्रोधृ (सक०) उठाना। (जयो० १०/१०८)

प्रोल्लाघित (वि०) [प्र+उद्+लाघ+क्त] स्वास्थ्य लाभ युक्त, रोगोन्मुक्ति की ओर अग्रसर, उल्लसित, परम प्रसक्तियुक्त। (जयो० ४/५९)
०उत्कण्ठित।
० सुगठित, हृष्ट पुष्ट।

प्रोल्लिखित (वि०) चिह्नित, अंकित। (वीरो० १८/१)

प्रोल्लेखनं (नपुं०) *[प्र+उद्+लिख्+ल्युट्] ० प्रमार्जन।
० खुरचना, चिह्नित करना।
० अंकित करना।

प्रोषधः (पुं०) एकाशन, एक बार भोजन करना। प्रोषधः सकृद्भुक्तिः।

प्रोषधसिम्विधायी (वि०) प्रोषधोपवास धारण करने वाला। (सुद० १०७)

प्रोषधोवासः (पुं०) पर्व-अष्टमी और चतुर्दशी के दिन उपवास। चतुर्दश्यामथाष्टभ्यां प्रोषध क्रियते।

प्रोषधोपवासप्रतिमा (स्त्री०) प्रत्येक माह की चारों अष्टमी-चतुर्दशी को नियम पूर्वक उपवास करना।

प्रोषित (भू०क०कृ०) [प्र+वस्+क्त] ० प्रवास पर गया हुआ, यात्रा को गया हुआ।
०अनुपस्थित, घर से बाहर गया हुआ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रोषितभर्तृका (स्त्री०) नारी। (वीरो० २१/१७)

प्रोष्ठः (पुं०) [प्रकृष्टो ओष्ठो यस्य] ०बलीवर्द, वृषभ, बैल। ०तिपाई, चौकी।

प्रौष्ठपदः (पुं०) भाद्रपद।

प्रौंडः (पुं०) ईख, इक्षु, गन्ना, बराई। (जयो० ११/५६)

प्रौढ (वि०) [प्र+वह्+क्त]०परिपक्व, पका हुआ।
०वयस्क, बूढ़ा, वृद्ध (जयो० १६/५८)
०घना, सघन, व्यापक।
०विशाल, उन्नत, बलवान, साहसी।
०समर्थ।

प्रौढता (वि०) उत्थान शीलता। (जयो० ५/७०)

प्रौढवयस्का (स्त्री०) किशोरी। (जयो० १२/११८)

प्रौढसम्भाषणः (पुं०) पाठकजन। (जयो० २०/२०) शिक्षाव्रतं द्वितीयं स्यान्मुनिमार्गविधानतः। (जैन०ल० ८००) प्रोषधे उपवासः प्रोषधोपवासः (स०सि० ७/२१)

प्रौढा (स्त्री०) वृद्धा (जयो० १६/५८) प्रवीणा। (जयो० १२/११४)

प्रौढिः (स्त्री०) पूर्णवृद्धि, वृद्धि वर्धन, प्रौढ अवस्था। (वीरो० १२/११४) ०ऐश्वर्य, समुन्नति, प्रताप।

प्रौण (वि०) [प्र+ओण्+अच्] कुशल, प्रवीण, विज्ञ, चतुर।

प्लक्षः (पुं०) [प्लक्ष्+घञ्] वटवृक्ष, ०पिलानन, अभक्ष। (हित० ४७) गूलर का वृक्ष।
०पार्श्वद्वार, पिछवाड़े का दरवाजा।

प्लव (वि०) [प्लु+अच्] बहता हुआ, वृद्धिगत।
०कूदता हुआ, छलांग लगाता हुआ। (जयो० ३/७७)

प्लवः (पुं०) तैरना, बहना। ०बाढ़, ०छलांग, कुलांच, ०छोटी नौका। डोंगी, बेड़ा, घड़नई।
०वानर, मेंढक, भेड़।

प्लवकः (पुं०) मेंढक, दादुर।
०कूदने वाला व्यक्ति, उछलने वाला।
०वट, ०वटवृक्ष, पाकर तरु।
०चाण्डाल।

प्लवंगः (पुं०) [प्लव+गम्+खच्] ०वानर, बन्दर, लंगूर, दर्दुर। (वीरो० ४/८)
०हिरण, मृग।
०वट वृक्ष।

प्लवङ्गमः (पुं०) [प्लवगम्+खच्-मुम] ०वानर, बंदर, ०मेंढक।

प्लवनं (नपुं०) [प्लु+ल्युट्] तैरना, गोता लगाना।
०स्नान करना, छलांग लगान, कूदना।
०स्नान। (जयो० १८/२६)
०बाढ़, प्रलय।

प्लावाका (स्त्री०) [प्लु+आकन्+टाप्] बेड़ा, घड़नई।

प्लविक (वि०) [प्लव+ठन्] खिवैया, पार ले जाने वाला।

प्लाक्षं (नपुं०) [प्लक्ष्+अण्] प्लक्षतरु फल।

प्लावः (पुं०) [प्लु+घञ्] छलांग लगाना।
०बह निकलना।

प्लावनं (नपुं०) [प्लु+णिच्+ल्युट्] ०स्नान, ०आचमन, * बाढ़।
०जलमग्न होना, प्रलय।

प्लावय् (सक०) आप्लावन करना। (वीरो० ४/९)

प्लावित (भू०क०कृ०) [प्लु+णिच्+क्त] ०तैराया गया, ०बहाया गया, ०डुबोया गया, ०जलमग्न किया गया।
०आच्छादित, आवृत, आवरण युक्त।

प्लह् (अक०) चलना-फिरना, हिंडन करना।

प्ली (अक०) चलना-फिरना।

प्लीहन् (पुं०) [प्लिह्+क्वनिन्] तिल्ली।

प्लीहा (स्त्री०) तिल्ली, एक उदर रोग।

प्लु (अक०) बहना, तैरना। ०कूदना, छलांग लगाना, उड़ना, मण्डराना।

प्लुत (भू०क०कृ०) [प्लु+क्त] तैरता हुआ, बहता हुआ।
०छलांग लगाता हुआ।
०उच्चस्वर। (जयो० १३/८२)
०कूदा हुआ।
०स्नात। (सु० ३/५)

प्लुतं (नपुं०) कूद, उछल-कूंद, उचकना। ०तीन मात्रा वाले स्वर। त्रिमात्रास्तु प्लुतो ज्ञेयः (धव० १३/२४८)

प्लुतः (पुं०) देखो ऊपर।

प्लुतगतिः (स्त्री०) खरगोश। ०शीघ्रगति।

प्लुतिः (स्त्री०) [प्लुच+क्तिन्] बाढ़, प्रलय, बहाव, जलमग्नता।
०उछल कूद।

प्लुतोक्त (वि०) उच्च स्वर से कहा गया। (जयो० १३/८२)

प्लुष् (सक०) जलाना, झुलसाना, दागना।

प्लुष्ट (भू०क०कृ०) ०झुलसाया गया, ०जलाया गया, ०दागा गया। ०दग्ध। (जयो० १/७६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्लेव् (अक०) सेवा करना, वैश्यावृत्ति करना, उपस्थित होना।

प्लोषः (पुं०) [प्लुष्+घञ्] जलाना, तपाना।

प्लोषणं (नपुं०) [प्लुष+ल्युट्] जलना, झुलसना।

प्लोषण (वि०) जलने वाला।

प्सा (अक०) खाना, निगलना।

प्लोषिवान् (वि०) भस्म करने वाला, भस्मीचकार। (जयो० २३/२०)

प्सात (भू०क०कृ०) भुंजित, खाया हुआ।

प्सानं (नपुं०) भोजन, खाना।

फ

फ-(पुं०) पवर्ग का द्वितीय वर्ण, इसका उच्चारण।

फ (न०/पुं०) रुखा वचन, फुफकार।

फ (पुं०) अंधड़, जम्हाई, निष्फल, भाषण, यज्ञ-साधन, स्फुट, फल-लाभ।

फक्क (१-प०) धीरे-धीरे जाना, बुरा व्यवहार करना, फक्कति, अफक्कीत।

फक्कक (त्रि०) व्यर्थ।

फक्किका (स्त्री०) कूटप्रश्न, अनुचित व्यवहार, धोखेबाजी।

फट (अव्य०) मंत्रोच्चारण के पश्चात् बोला जाने वाला शब्द।

फट (पुं०/स्त्री०) सांप का फन।

फट (स्फुट+अच्) विस्तारित, फैलाया हुआ। पदांत धते, ठग।

फट् (अव्य०) तंत्र शास्त्र में कहा हुआ एक मंत्र।

फडिंगा (स्त्री०) झींगुर, टिड्डी, फतिंगा। ०पतंगा।

फण (स्त्री०) सांप का फन। (दयो० ६१)

फणधरः (पुं०) सांप।

फणमणि (स्त्री०) शेषनाग मणि। फणासु ये मणयो रत्नानि। (जयो० ८/६६)

फणिप्रिय (पुं०) वायु।

फणिन् (पुं०) [फणा+इनि] फणधारी सांप।

फणिन् (पुं०) सांप। (दयो० ६१)

फणीन्द्रः (पुं०) शेषनाग। (वीरो० २/३)

फणीश्नरः (पुं०) शेषनाग, नागराज।

फर्फराक (पुं०) फैली उंगलियों वाली हथेली। (न०) मिठास।

फल् (अक०) फल आना, पैदा करना।

फल फल पैदा करना। फलति, अफालीत्।

फलं (नपुं०) [फल्+अच्] परिणाम, प्रभाव। ०भाव, विचार।

फल (न०) वृक्ष आदि का बीज कोष, लाभ, नतीजा, कर्म-भोग, (सम्य० ६२) प्रभाव, शुभ-कर्मों के परिणाम। धर्म, (सम्य० १३५) अर्थ काम, मोक्ष।

०परिणाम जानना। (मुनि० ५)

०पूजन सामग्री में चढ़ाने वाली द्रव्य। (सुद० ७२) बदला, बाण, भाले, आदि का लोहे का बना-तेज अगला भाग, हल की फाल, ढाल, उद्देश्य की सिद्धि, सूद प्रयोजन जायफल, कंकोल। काष्टफलक। (जयो० २/८३)

फलकः (पुं०) पटिया, पाट। (दयो० ३२)

फलचारणं (नपुं०) एक ऋद्धि जिसके प्रयोग से ऊपर गमन होता है।

फलत (वि०) दृष्टि गोचरित। (समु० २/१६)

फलता (वि०) फलोत्पादक। (जयो० १३/६०)

फलती (वि०) फलप्रदायी, परिणामजनक।

फलदा (वि०) फलप्रदायी। (समु० ६/६३) (सुद० ३/५)

फलभर (वि०) फलों से परिपूर्ण। (जयो० २/३८)

फल-पाक (पुं०) करोंदा, जल-आंवला।

फलवत्ता (वि०) सफलता युक्त। (सुद० ८६, सुद० ९२)

फलित (वि०) फलवती, घटित होने वाली। (जयो० ११/८९) परछाई (जयो० १२/११६) प्रतिबिम्बित।

फलेशवेषः (पुं०) शरद काल। (वीरो० २१/१२)

फलोदपर (पुं०) लाभ के उदय का आधार। (वीरो० ९/२२) (जयो० ११/९५)

फल्गु (स्त्री०) गया तीर्थ की नदी।

फल्गु (वि०) रम्य, सुंदर, निरर्थक।

०तच्छ (जयो० १/१७)

फल्गुफलं (नपुं०) अंजीर का फल। (हि० ४७)

फलीभूत (वि०) सफल हुआ। (जयो० २६/११)

फल्य (न०) फूल।

फाणि (पुं०) गुड़ से बना सीरा, दही और सत्तू, गुड। (जयो० १२/७) ०सीरा, ०मिष्ठान्न।

फाण्टं (नपुं०) औषधि युक्त गरम पानी में औटाना, काढ़ा।

फाण्टवत् (वि०) विकृततक्रवत्। (जयो० १२/१५३)

फाल (न०) फाला। (पुं०) बलदेव, महादेव।

फाल (त्रि०) सूती कपड़ा।

फाल्गुन (पुं०) अर्जुन का नाम, माघ के बाद का महीना, दूर्वा नामक सोमलता।

फाल्गुनमासः (पुं०) फागुन का महिना। (वीरो० ६/२४)

फि (पुं०) पाप, कोप, निष्फल वाक्य।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

फिरक्की (स्त्री०) पहिये का घेरा।

फिरङ्गी (पुं०) अंग्रेज। (वीरो० १७/२८)

फिरंगिराज्यं (नपुं०) अंग्रेजी राज्य। (दयो० ५२)

फु (पुं०) मन्त्र पढ़कर फूंकना, तुच्छ वाक्य।

फुट (वि०) विदीर्ण, खिला हुआ, सांप का फन।

फुत् (अव्य०) फूंक मारने से उत्पन्न ध्वनि।

फुत्कर (पुं०) अग्नि।

फुत्कार (पुं०) फूंक।

फुल्लता (वि०) प्रफुल्लता, हर्षित भाव-सौम्यभाव। (जयो० ७/६०)

फुल्लाननं (नपुं०) हर्षित मुख। (दयो० ११०) (जयो० ४/४)

फुल्ल (त्रि०) खिला हुआ, फूल, पुष्प। (जयो० १४/३३)

फुल्लगण्डं (नपुं०) फूले हुए गाल।
०विकास (वीरो० ४/३७)

फुल्ल (भू०क०कृ०) खिलना, फुल्लति, अफुल्लीत। (जयो० १/८१)

फुल्लदेहं (नपुं०) रोमाञ्चित शरीर। पुष्यत्कग्य, समलंकृत शरीर (जयो० १०/११९)

फुल्लिताननं (नपुं०) हर्षित मुख। (जयो० १०/५४)

फुलेलः (पुं०) इत्र का पोहा। (वीरो० ८/३४) पुष्पासव (जयो० २७/१५)

फुल्लविकोकिन् (पुं०) फूल देखने वाला।

फुल्लपरिणामः (पुं०) उचित भाव, हर्षित भाव। (वीरो० ६/२४)

फुल्लवक (वि०) फुलों से युक्त। (दयो० ७०)

फूत्कार पूत्कर (वि०) फूंक से पवित्र किया गया। (वीरो०२७/६)

फूत्कृत्य (सं०कृ०) थूक देना। (जयो० १९/७६)

फूत्कृत् -फूंकी गई (जयो० १२/९६)

फेन (पुं०) झाग, रेंट, पूक। (जयो० १५/६८) (जयो० १९/७६)

फेनक (वि०) ०झाग युक्त। ०फुत्कार युक्त।

फेनकयं (नपुं०) फेन समूह (जयो०वृ० १३/९०) हिण्डी खण्ड।

फेनवञ्जुबल (वि०) फेन सदृश। (जयो० २/१०७)

फेनप्रभारः (पुं०) फेनकण। (जयो०१३/९०)

फेनसंचयः (पुं०) झाग समूह। (जयो० १४/६२)

फेनायमान (वि०) फेन सदृश हर्षित। (जयो० २४/१३५)

फेनिका (स्त्री०) बुलबुला।

फेनिल (वि०) झागदार/साबुन (वीरो० २६/२) रीठा (जयो० १५/१७) (जयो० २५/६६)

फेरः (पुं०) गीदड़।

फेरण्डः [फेन्+इलच्] गीदड़। [फे+रा+क]

फेरवः (पुं०) गीदड़।

फेरवः (पुं०) गीदड़, राक्षस।
०धूर्त, ठग।

फेरव (पुं०) धूर्त, चालबाज, दुःख पहुंचाने वाला।

फेक (पुं०) गीदड़।

फेरू (अक०) खाकर छोड़ दिया, जूठा।

फेल् (१-प०) जाना, फेलति, अफेलीत्।

ब

बः (पुं०) पवर्ग का तृतीय वर्ण, इसका उच्चारण स्थान ओष्ठ है।

बंह् (अक०) बढ़ना, उगना, निकलना।

बंहिमन् (पुं०) [बहुल+इमनिच्] अधिकता, बहुलता, बाहुल्य,

बंहिष्ठ (वि०) [बहुल+इष्ठन्] अधिक भारी, विशालता युक्त, बहुत बड़ा, भारी।

बंहीयस् (वि०) [बहुल+ईयसुन्] बहुसंख्यक, अपेक्षाकृत बहुत बड़ा।

बकः (पुं०) [वङ्क+अघ्] बगुला, बगता। न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा। (दयो० ५९)
०कङ्क-पुलिने चलनेन केवलं वलितग्रीवमुपस्थितो बकः। (जयो० १३/६३) बकाः पताकाः करिणोऽम्कुवाहा (जयो० ८/६२)
०ठग, धूर्त, पाखण्डी, छली, वंचक।
०बक नामका राक्षस।

बकचरः (पुं०) बक की तरह आचरण करने वाला, ढोंगी, पाखण्डी।

बकवृत्तिः (स्त्री०) बक की तरह आचरण। (सुद० १०५)

बकव्रतचरः/वकव्रतिकः (पुं०) बक की तरह आचरण।

बकुलः (पुं०) [बङ्क-उरच्-रेफस्य लत्वम्] मौलसिरी वृक्ष। (जयो० १/८०)

बकुलं (नपुं०) बकुल पुष्प।

बकुशः (पुं०) ०साधु का एक भेद, जो विचित्र संयम के धारक होते हैं। ०अखंड मूल व्रती। अखंडितव्रताः शरीरसंस्कारर्द्धि सुखयशो विभूतिप्रवणा बकुशाः। (त०वा० ९/४६) (त०सू० ९/४६)

बकेरुका (स्त्री०) [बकानां बकसमूहानां ईरुकं गतिर्यत्र] छोटी बगुली।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बकोटः (पुं०) बगुला, कंकपक्षी।

बट् बढ़ना, रखना।

बटुः (पुं०) [बट्+उ] बालक, लाड़ला, छोकरा, यज्ञोपवीत संस्कार योग्य लड़का।

बटुकः (पुं०) ०बालक, लड़का, ०यज्ञोपवीत संस्कार युक्त बालक।

बडवा (स्त्री०) ०घोड़ी, ०दासी।

बडिशं (नपुं०) ०मछली पकड़ने का कांटा। ०वंशी। (जयो० २५/७३)

बडवाग्नि (पुं०) समुद्र के भीतर की आग।

बडिशमांसं (नपुं०) वंशी का मांस। (जयो० २५/७७) 'मीनोऽपि यो बडिशस्य मांसं लोस्कण्टकेन सह लग्नं पलमितः'

वणिज् (पुं०) बनिया, व्यापारी। (जयो० २५/७७)

बत (अव्य०) [वन्+क्त] ०सम्बोधन, पुकारना।
०अहो, अरे, अचम्भा व्यक्त करना।

०निन्दा, अफसोस।
०शोक, खेद, 'बतेति खेदोऽनूभयते' (जयो. ९/९२)

बदरः (पुं०) [बद्+अरच्] बेर का पेड़।

बदरं (नपुं०) बेर, बोर।
०गंगा स्रोत।

बदरी (स्त्री०) बोर, बेर।

बदरीतपोवनं (नपुं०) बदरी नामक तपस्थान।

बदरीफलं (नपुं०) बैर, बोर।

बदरीवनं (नपुं०) बोर की झाड़ी।

बदरीशैलः (पुं०) बदरी पर स्थित पहाड़।

बद्ध (भू०क०कृ) [बन्धु+क्त] बंधा हुआ, आबद्ध, जकड़ा हुआ।
०बंदी, पकड़ा हुआ, वेष्टित। (सुद० १/२५)
०संयत।

बद्धकक्ष (वि०) रोष दमन करने वाले, क्रोधदमी।

बद्धकक्ष्य (वि०) ०क्षमाशील, ०क्रोधशान्त युक्त।

बद्धकषाय (वि०) कषाय दबाने वाले।

बद्धकोप (वि०) कोप रहित, संयत क्रोध वाले।

बद्धचित्त (वि०) स्थिर चित्त, संयत मन वाले।

बद्धजिह्व (वि०) रस की लोलुपता रहित जीभ।

बद्धदृष्टि (वि०) ०टकटकी लगाने वाले। ०दृष्टि की स्थिरता युक्त।

बद्धनेत्र (वि०) स्थिर दृष्टि वाले। ०अचल नेत्र।

बद्धनेपथ्य (वि०) नेपथ्य की ओर खिंचे हुए। ०रंगमंच के

बद्धपरिकर (वि०) सजे हुए, अलंकृत हुए।

बद्धप्रतिज्ञ (वि०) दृढ़ प्रतिज्ञ।

बद्धप्रलाप (वि०) चार पुरुषार्थों के वर्णन सहित।

बद्धभाव (वि०) मुग्ध।

बद्धमुष्टि (वि०) बंधी हुई मुट्ठी वाले। (जयो० १४/३२)

बद्धमूल (वि०) मूल को धारण किए हुए।

बद्धराग (वि०) ०अनुरक्त, मुग्ध।
०सत्कर्म में स्थित।

बद्धवसति (वि०) स्थिर स्थान वाला।

बद्धवाच् (वि०) चुप रहने वाला।

बद्धवेपथु (वि०) कंपायमान।

बद्धवैर (वि०) घृणा से भरा हुआ।

बद्धशिख (वि०) चोटी को बांधने वाला।

बद्धश्रुत (वि०) गद्य-पद्य बंधन से युक्त।

बद्धस्नेह (वि०) ०प्रेमासक्त। ०प्रेमबन्धन में बंधा हुआ।

बद्धहस्त (वि०) करबद्ध, हाथ से बंधा हुआ। (जयो० १/८९)

बद्धाञ्जलि (स्त्री०) करबद्ध, अंजलियुक्त। (जयो० १६/१३)

बद्धेक्षणं (नपुं०) संधृतनेत्र। (जयो० १७/६४)

बध् (अक०) घृणा करना, अरुचि करना, संकोच करना।
०झिझकना, ऊबना।

बधः (पुं०) मारना। ०घात, ०हनन, ०क्षत।

बधिर (वि०) [बन्ध्+किरच्] बहरा, कानों से नहीं सुनने वाला।

बधिरित (वि०) [बधिर+इतच्] बहरा किया गया, बहरा बनाया गया।

बन्दिः (स्त्री०) [वन्द्+इन्] ०कैदी, बंधुआ।
०कारागृह युक्त, बंधन युक्त।

बन्दीगृहं (नपुं०) कारागृह। (जयो०वृ० ८/६८)

बन्दीजनः (पुं०) बन्दीगृह, स्तुतिपाठक। (जयो० ६/३२)

बन्ध् (सक०) बांधना, कसना, जकड़ना। बन्धामि (सुद०७६)
०पकड़ना, दबोचना, (बबन्ध)। (जयो० १/४५)
०रोकना, ठहराना।
०दमन करना, संयत करना, रोकना। (सम्य० २९)
०धारण करना, निदेशित करना।
०रखना, डालना-बबन्ध। (जयो० १२/१०)
०निर्माण करना, संरचना करना।
* अज्ञान चेतना (सम्य०१७) अबोधसंचेतना। (सम्य०११७)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०कर्म-परमाणुओं का भार। (सम्य० २८)
०स्थिति, अनुभाग, प्रकृति, प्रदेश। (सम्य० २८)
०हथकड़ी, बेड़ी, उम्र कैद, बोझ।
०लिखना, बनाना, काव्य करना।

बन्धः (पुं०) [बन्ध्+घञ्] ग्रन्थि, बन्धन।
०शृंखला, बेड़ी, बन्धो ग्रन्थि बन्धनाख्य। (जयो० १२/६३)
०फल, परिणाम, संश्लेष, संयोग।
०स्थिति, अंगविन्यास।
०एक आसन।
०चैतन्य का हीनस्थान प्राप्त होना।
०कर्म का आत्मा से संयोग।
०बांधना,-बध्नातीति बन्धनः
०कर्म प्रदेश और आत्म का एकमेक होना।
०कर्म से आत्मा का संलेष।
०अभीष्ट स्थान में रोकने का कारण।
०रस्सी या सांकल से जकड़ना।

बन्धक (वि०) बांधने वाला, पकड़ने वाला, बंध, गांठ, बांध, मेंढ, किनारा।

बन्धकाद्धा (स्त्री०) स्थितिकाण्डकाल। अपूर्वकरण के समय में जो बन्ध प्रारम्भ किया गया है, जब तक उसकी समाप्ति न हो।

बन्धनं (नपुं०) [बन्ध्+ल्युट्] कसना, जकड़ना, कैद करना, लपेटना।
०बेड़ी, ग्रन्थि, गांठ, शृंखला। (सम्य० १२०)
०जेल, कारावास।
०बनाना, निर्माण करना, संरचना।
०स्नायु, पुट्ठा, पट्टी।
०परतंत्र करना। (वीरो० ८/३०)
०मारना, घात करना, हिंसा।
०कषायपरिणाम। (सम्य० १२०)
०बंधनं कर्मपुद्गलानां जीवप्रदेशानां च परस्परसम्बंधनम्।

बन्धनकरणं (नपुं०) बन्ध के कारण, अष्टविध कर्म बन्धकरण हैं। प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश रूप परिणमन की क्रिया। ०परतन्त्र करना, ०गांठ लगाना।

बन्धनगुणं (नपुं०) परस्पर मिलना, एकमेक होना।

बन्धनग्रन्थि (स्त्री०) पट्टी की गांठ, गठजोड़, जाल, रस्सा।

बन्धननामः (पुं०) कर्मप्रदेशों का सम्बन्ध। 'शरीरनामकर्मोदयोपात्तानां यतोऽन्योऽन्यसंश्लेषणं तद् बन्धनम्' (त०वा० ८/११)

बन्धनपालकः (पुं०) काराध्यक्ष, कारावासाध्यक्ष।

बन्धनरक्षिन् (नपुं०) मुक्त होना, बन्धनों से छूटना।

बन्धनवेश्मन् (नपुं०) कारागार।

बन्धनागारः (पुं०) कारागार।

बन्धनालयः (पुं०) कारागार, जेलखाना।

बन्धनीय (वि०) बन्धन योग्य, कर्म-नोकर्म से बंधने योग्य।

बन्धबध्री (स्त्री०) वागुरा।

बन्धविधानं (नपुं०) बन्ध विकल्प। ०बंध के भेद।

बन्धस्थानं (नपुं०) बन्धानुभाव, बन्ध से जो स्थान निर्मित हो।

बन्धित (वि०) [बन्ध्+इतच्] ०बंधा हुआ, जकड़ा हुआ।
०कैदी, बन्दी।

बन्धित्रः (पुं०) [बन्ध+इत्र] कामदेव।
०धब्बा, मस्सा, घाव।

बन्धु (पुं०) [बन्ध्+उ] कुटुम्बि जन, (जयो० १५/८) परिजन, बान्धव, सम्बंधी, रिश्तेदार।
०मित्र, सखा। (जयो० १/४९)
०सहायक, आश्रयदाता। (सुद० १/३)
०पिता, माता, पति।

बन्धुका (पुं०) एक तरु विशेष।
०वर्ण संकर।

बन्धुक (स्त्री०) असती स्त्री, दुराचारिणी।

बन्धुकृत्यं (नपुं०) बन्धु कर्तव्य, मैत्रीपूर्ण कार्य।

बन्धुगात्रं (नपुं०) सम्बन्धित शरीर। ०शरीराश्रित।

बन्धुजनः (पुं०) कुटुम्बिजन, परिजन। (सुद० ३/२७)
०स्वजन, आत्मीय जन।
०सहभागी, मित्रगण।

बन्धुजीवः (पुं०) वृक्ष जाति, वृक्ष विशेष।

बन्धुजीवकः (पुं०) वृक्ष जाति, वृक्ष विशेष।

बन्धुता (वि०) बन्धु भावपना। 'सहभागो हि सहकारितैव बन्धुताऽस्ति' (जयो० ३/७०) 'स्वमिति सम्बदतोऽङ्गमिदं गलत्तदनुबन्धि च बन्धुतया दलम्। (समु० ७/१७)

बन्धुता (स्त्री०) [बन्धु+तल्+टाप्] स्वजन, परिजन, सम्बंधी।

बन्धुदत्त (वि०) बन्धु द्वारा प्रदत्त।

बन्धुदा (स्त्री०) [बन्धु+दा+क+टाप्] असती स्त्री, दुराचारिणी स्त्री।

बन्धुनिबन्धं (नपुं०) सूर्यमुखी पुष्प। (जयो० ६/५८)

बन्धुप्रीतिः (स्त्री०) स्वजन प्रीति, आत्मीयता भाव।

बन्धु-बन्धु (वि०) मित्रता ही मित्रता, कुटुम्बियों की उन्नति। (जयो० ३/६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बन्धुभाव: (पुं०) मित्रता, बन्धुता, रिश्तेदारी।

बन्धुर (वि०) [बन्ध्+उरच्] लहरदार, ऊंचा-नीचा।

○वक्र, टेढ़ा।

○सुहावन, मनोहर, रमणीय।

○हानिकर, उत्पातप्रिय।

बन्धुर: (पुं०) ○हंस, ○सारस।

○औषधि।

○खली।

○योनि।

बन्धुरं (नपुं०) मुकुट। ○मौलि।

बन्धुल (वि०) [बन्ध्+उलच्] वक्र, टेढ़ा, झुका हुआ।

बन्धुल: (पुं०) पतित, गिरा हुआ व्यक्ति, हरामी, नीच, तुच्छ।

बन्धुवर्ग: (पुं०) स्वजन, कुटुम्बीजन। (दयो० ८)

बन्धुहीन (वि०) मित्र रहित, स्वजनातीत।

बन्धूक: (पुं०) [बन्ध्+ऊक्] एक वृक्ष विशेष, बिम्ब फल। (जयो० ५/६०७)

बन्धूकं (नपुं०) बन्धूक के फूल।

बन्धूकोष्ठी (वि०) बिम्बीकुसुमतुल्याधरवती। बिम्बी पुष्प के ओंठ वाली। (जयो० ५/१०७)

○रक्ताधार। (जयो० ५/१०७)

बन्धूर (वि०) [बन्ध्+ऊरच्] ○ऊंचा नीचा, डांवाडोल, उन्नतावनत।

○झुका हुआ, नम्रीभूत, विनत।

○सुहावना, रमणीय, सुंदर।

बन्धूरं (नपुं०) छिद्र, सुराख।

बन्धूलि: (स्त्री०) [बन्ध्+ऊलि] बन्धुक वृक्ष।

वन्ध्य (वि०) [बन्ध्+ण्यत्] बांधे जाने योग्य, जकड़े जाने योग्य।

○निरुद्ध, निगृहीत, व्यर्थ। (वीरो० ८/२)

○बांझ, बंजर, अनुपजाऊ।

○विहीन, रहित, निरर्थक, अर्थहीन।

बन्ध्यफल (वि०) निरर्थक, अर्थहीन, फल रहित।

बन्ध्या (स्त्री०) [बन्ध्य+टाप्] बांझ स्त्री, सुतोत्पत्ति से रहित स्त्री, गर्भधारण करने में असमर्थ। 'वाञ्छा बन्ध्या या सतां न हि' (वीरो० ८/२)

बन्ध्यातनय: (पुं०) बांझ का पुत्र, दार्शनिक दृष्टि से अस्तित्व के अभाव के लिए ऐसा कहना।

बन्ध्यापुत्र: (पुं०) बांझ का पुत्र।

बंध्रं (नपुं०) [बंध्+ष्ट्रन्] ग्रन्थि, गांठ, बन्धन।

बभूव (भू०) हुआ (सम्य० ५३)

बभ्रवी (स्त्री०) दुर्गा, चण्डी।

बभ्रु (वि०) गहरा भूरा, खाकी, लाली युक्त।

बभ्रु: (पुं०) ○अग्नि, आग।

○नेवला।

○भूरा रंग।

बभ्रुधातु (पुं०) स्वर्ण, सोना, गेरु।

बभ्रुवाहन: (पुं०) अर्जुनपुत्र।

बबूल: (पुं०) बबूलतरु, कांटों युक्त वृक्ष। (वीरो० १९/११)

बम्ब् (अक०) चलना-फिरना, भ्रमण करना, घूमना।

बम्भर: (पुं०) [भृ+अच्] भ्रमर, भौंरा, मधुमक्खी।

बम्भराली (स्त्री०) [बम्भर+अल्+अच्+ङीष्] मधुमक्खी।

बरट: (पुं०) [वृ+अटन्] मधुमक्खी, भ्रमर।

बहिरेव (सव्य०) बाहर ही। (जयो० २/१४६)

बर्द्धनं (नपुं०) बढ़ना। (दयो० ११८)

बर्व (अक०) चलना-फिरना, घूमना।

बर्वट: (पुं०) [बर्व्+अटन्] एक धान्य, राजमा, राजमाष।

बर्वटी (स्त्री०) [बर्वट+ङीष्] राजमाष, राजमा।

○वेश्या, रण्डी।

बर्वणा (स्त्री०) नीली मक्खी।

बर्बर: (पुं०) अनार्य, एक जाति विशेष, आदिवासी जाति।

○असभ्य।

○मूर्ख, मूढ।

बर्वुर: (पुं०) [बर्व+उरच्] एक वृक्ष विशेष।

बर्ह् (सक०) बोलना, कथन करना।

○मारना, चोट पहुंचाना।

○ढकना, आच्छादित करना।

○नष्ट करना, क्षय करना।

बर्ह: (पुं०) मयूर पिञ्छ, मोर की पूंछ।

बर्हं (नपुं०) मयूर पिच्छ।

बर्हणं (नपुं०) [बर्ह्+ल्युट्] पत्ता, पर्ण।

बर्हभार: (पुं०) मोर पूंछ, मयूर पंख।

बर्हणीय (वि०) विचित्र सम्बन्ध। (वीरो० १७/१९)

बर्हि: (स्त्री०) [बर्ह्+इनि] अग्नि, आग।

बर्हिण: (पुं०) मयूर।

बर्हिन् (पुं०) [बर्ह्+इनि] मयूर, मोर, शिखण्डी।

बर्हिपुष्पं (नपुं०) एक मादक फूल।

बर्हिध्वजा (स्त्री०) दुर्गा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बर्हियानः (पुं०) कार्तिकेय।
बर्हिस् (पुं०/नपुं०) [बर्ह्+इसि] कुश नामक घास।
०आसन।
०प्रकाश।
०दीप्ति।
०जल।
०यश।
बर्हिर्मुख (वि०) अग्नि, युक्त, ०अग्निस्थान।
बर्हिषद् (वि०) कुश नामक घास।
बल् (अक०) सांस लेना, जीना।
बल् (सक०) बोलना, कहना।
०मार डालना, चोट पहुंचाना।
०चिह्न लगाना।
बलं (नपुं०) [बल्+अच्] ०शक्ति। (सुद० ७०)
०सामर्थ्य। (जयो० १/७१)
०सत्त्व, प्राण। (जयो०वृ० ३/१०९)
०वीर्य। (सम्य० ४१)
०चारित्रगुण। (सम्य० ४१)
०अनन्तदर्शन, ज्ञान, सुख, वीर्य।
०वीर्य।
०तीन शक्तियों में द्वितीय बलशक्ति। (जयो०वृ० २/१२१)
०सेना, चमू, सैन्यदल।
०शरीर, आवृति, रूप। बलं गन्धरसे सैन्ये स्वामिन् स्थौल्यरूपयो' इति वि० (जयो० २१/४३)
०शक्र, इन्द्र, पुरन्दर। सर्वास्थासु बलते संवृणोतीति बलम्। (जै०ल० ८०८)
बलः (पुं०) प्रभास गणधर के पिता। बलः पिताऽम्बाऽस्यच सास्तु। भद्रा स्थितिः स्वयं राजगृहे किल द्राक्। प्रभासनामा चरमो गणीशः। श्रीवीरदेवस्य महान् गुणी सः।।
०वीर भगवान् के अन्तिम गणधर। (वीरो० १४/१२)
बलकरं (नपुं०) धात्रीफल। (जयो० १/३८)
बलक्ष (वि०) [बलं क्षायत्यस्मात् क्षै+क] शुभ्र, श्वेत, सफेद।
बलक्षोभः (पुं०) गदर, विद्रोह, अव्यवस्था, सैन्य विक्षोभ।
बलचक्रं (नपुं०) साम्राज्य।
०सैन्य समुदाय।
बलजं (नपुं०) मुख्य द्वार, नगर प्रवेश द्वार।
०खेत।
०धान्य समुच्चय।
बलदः (पुं०) वृषभ, बैल, बलीवर्द।
बलदर्पः (पुं०) ज्ञानादिशक्ति का अभिमान।
बलदेवः (पुं०) कृष्ण का भाई बलराम।
०पवन, वायु।
बलद्विष् (पुं०) शक्र, इन्द्र। (जयो० २४/२९)
बलनेतृ (नपुं०) ०नेता, नायक, प्रधान। (जयो० ६/११५) भरताधिपबलनेता तस्माज्जयः श्रेयान्। (जयो० ६/११५)
०जमाता, जमाई-'बलनेतुर्जामातुर्जयकुमारस्य पदौ' (जयो०वृ० १३/२)
बलपतिः (पुं०) सेनापति, सेनानायक।
०इन्द्र, शक्र।
बलप्रद (वि०) शक्तिदायक।
बलप्रजूः (स्त्री०) बलराम की माता रोहिणी।
बलभद्र (पुं०) बलराम। शक्तिशाली मनुष्य।
०एक जैन विद्वान्। ०दक्षिण भारतीय भाषाविद एवं प्राकृत-संस्कृत तथा जैन सिद्धांत का ज्ञाता।
बलभिद् (पुं०) इन्द्र।
बलभृत् (वि०) बलवान्, शक्तिसम्पन्न।
बलरामः (पुं०) बलदेव, कृष्ण का ज्येष्ठ भ्राता।
बललः (पुं०) [बल+ला+क] इन्द्र, शक्र।
बलवत् (वि०) शक्तिशाली, बलिष्ठ, हृष्ट-पुष्ट। ०सर्वप्रमुख, प्रभुविष्णु।
०अत्यावश्यक।
०अत्यधिक, दृढ़।
बलवाजनिधि (पुं०) सैन्यसागर, सेना समूह। (जयो० १३/३४)
बलवासं (नपुं०) सैन्य व्यूह। 'रणभूमौ स्वस्य बलस्य वासं चक्राभं चक्रव्यहूरूपं रचयन्। (जयो०वृ० ७/११३)
बलविक्रमः (पुं०) ०पराक्रम, ०अत्यधिक पराक्रम। मृत्युं गतो हन्त जरत्कुमारैक बाणतो यो हि पुरा प्रहारै। नार्तो जरासन्धमहीश्वरस्य किन्नाम मूल्यं बलविक्रमस्य।। (वीरो० १८/४)
बलवीर्यः (वि०) बल और वीर्य वाले। (जयो० २/३९)
बलसंस्तवः (पुं०) बलगर्व, शक्ति का अभिमान। जरत्कुमारस्य च कीलकेन वा मृतः किमित्यत्र बलस्य संस्तवाः। (वीरो० १७/४२)
बलहानि (स्त्री०) शक्तिक्षीण। (वीरो २२/२०)
बला (वी०) [बल्+अच्+टाप्] शक्तिसम्पन्न ज्ञान।
बलाकः (पुं०) [बल+अक्+अच्] बगुला, व्रक।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बलाका (स्त्री०) प्रिया, कान्ता।

बलाकिका (स्त्री०) [बलाका+कन्+टाप्] छोटी जाति का बगुला।

बलाकिन् (वि०) [बलाका+इनि] सारसों का परिपूर्ण।

बलात् (वि०) बलपूर्वक, शक्ति से, हिंसापूर्वक हठात। (जयो० २/१९)

बलात्कारः (पुं०) [बल+अत्+क्विद्] ०अत्याचार, दुराचार। ०सतीत्वभंग, जबरन छीना झपटी।
०विनम्रतट का विनाश।
०हिंसा प्रयोग। ०अपहरण पूर्व सतीत्व नष्ट करना।

बलात्कृत (वि०) [बलात्कृ+क्त] अत्याचार किया हुआ।

बलात्क्षत (वि०) बलात्कार से भ्रष्ट। बलात्क्षतोतुङ्गनितम्बबिम्बा मदोद्धतैः सिन्धुवधूर्द्विपेन्द्रैः। (जयो० १३/९६)

बलाधिराट् (पुं०) सेना पति, सैन्यनायक। 'षट्खण्डिबलाधिराडितः' षट् खण्डिनश्चक्राधिपतेर्बल-स्याधिराट् (जयो०वृ० १३/४६)

बलायितक (वि०) बल के आधीन, सैन्याधीन आत्मा। बलस्यायित आधीनः क आत्मा यस्य तस्य किल। (जयो० ४/८)

बलाहकः (पुं०) [बल+हा+क्कुन] मेघ, बादल। (जयो० ७/७०) 'बलस्य स्वागतकारको मेघो वा'

बलाहकबलाधान (वि०) मेघ गर्जन के भ्रम से-बलाहकानां मेघानां बलाधानात् मेघगर्जनभ्रमात्' (जयो०वृ० ३/१११)

बलाहकावलिः (स्त्री०) निर्जल मेघ पंक्ति, मेघ समूह। 'बालहकानां निर्जलमेघानामाबलिः पक्तिर्यस्य सः' (जयो०वृ० २४/२९)

बलिः (स्त्री०) [बल+इन्] ०आहूति, समर्पण, चढ़ावा।
०भेंट, उपहार।
०पूजा। बलिं पूजां स्वकीयां तनुमिव। (जयो०वृ० २४/८)
०बलिष्ठ, योग्य, शक्तिमान्। (जयो० २/११२)

बलि (पुं०) बलि राजा। 'बलेः पुरं वेद्धि सदैव सर्पैः' (सुद०१/३०)

बलिकर्मन् (वि०) पूजा कर्म करने वाला, आहूति देने वाला।

बलित्रि (स्त्री०) तीन रेखाएं। (सुद० २/४३)

बलित्रय तीन रेखाएं।

बलिदानं (नपुं०) समर्पण, आत्म आहूति,

बलिदानर्थ (वि०) यज्ञार्थ। (वीरो० १/३०) ०समर्पण के लिए।

बलिध्वंसिन् (पुं०) शक्तिधर, विष्णु।

बलिन् (वि०) बलिष्ठ, बलवन्त, शक्तिसम्पन्न। (जयो० १२/६०)

बलिपर्वः (पुं०) यज्ञकरण, आहूति। (जयो०वृ० ११/२६)

बलिनन्दनः (पुं०) लोध्र तरु, लोध्र वृक्ष।

बलिपुत्रः (पुं०) लोध्र वृक्ष।

बलिपुष्टः (पुं०) काक, कौवा।

बलिप्रदानं (नपुं०) यज्ञकरण। (जयो०वृ० ११/२६)

बलिप्रियः (पुं०) काक, कौवा।

बलिबन्धनः (पुं०) विष्णु।

बलिभुज् (पुं०) काक, कौवा।

बलिमंदिरं (नपुं०) बलि स्थान।

बलि रत्नत्रयं (नपुं०) उत्तम तीन रेखाएं, मस्तिष्क रेखाएं। (सुद० १२२)

बलिवर्द् (पुं०) बैल।

बलिव्याजत् (वि०) रेखाओं के छल से। त्रिबलिनामावयवच्छलात् (जयो० ११/९७)

बलिसंप्रयोगः (पुं०) पूजा सम्बंधी द्रव्य का प्रयोग। पूजा द्रव्यस्य सम्प्रयोगे सम्पर्के। (जयो० ८/७९)

बलिष्णु (वि०) अनाहत, अपमानित, तिरस्कृत।

बली (वि०) बहादुरी (समु० २/६) बलिष्ठता। (समु० ४/२३)

बलीकः (पुं०) [बल्+ईकन्] छप्पर की मुंडेर।

बलीत (वि०) बलशाली। (समु० ६/४१)

बलीमुखः (पुं०) वानर, बन्दर, कपि। (जयो० ७/७७)

बलीयस् (वि०) बलवान्, शक्ति सम्पन्न।
०अधिक शक्तिशाली, अत्यधिक प्रभावी।

बलीयसी (स्त्री०) बलवती, शक्तिशाली। (जयो० ७/४०) (वीरो० २१/४) 'नीतिरेव हि बलाद् बलीयसी' (जयो०७/७८)

बलीवर्दः (पुं०) सांड, बैल।

बलीवीर्यः (वि०) बलशाली।

बलोद्धत (वि०) गमन युक्त सेना से परिपूर्ण। बलेन सेनासमूहेन गमनेनोद्धृतं गमन व्याप्तम्' (जयो० १३/२५)

बल्य (वि०) [बल्+यत्] ०दृढ़, शक्तिसम्पन्न, बलशाली।

बल्यं (नपुं०) शुक्र, वीर्य।

बल्लवः (पुं०) [बल्ल+अच्+तं वाति वा+कः] ग्वाला, गोपाल। ०रसोइया।

बल्लवी (स्त्री०) ग्वालिन, गोपी।

बल्हिका (स्त्री०) एक देश विशेष।

बस्तः (पुं०) [बस्त्+घञ्] बकरा, अज।

बहल (वि०) [वह्+अलच्] बहुत।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०प्रचुर, अत्यधिक, बहुत भारी, तीव्रतर।
०महान् बड़ा।
०सघन, दृढ़, प्रबल, तीव्र।
०कठोर, शक्तिशाली।

बहल: (पुं०) ईख, गन्ना।

बहला (स्त्री०) बड़ी इलायची।

बहि (वि०) बाहर। (जयो० २/३५)

बहिरङ्गं (नपुं०) बाह्य शरीर।

बहिरङ्गच्छेद: (पुं०) बाह्य अंग का छेद, दूसरे के प्राणों का विघात-परप्राण व्यपरोपो बहिरङ्गच्छेद: (प्रव०टी० ३/१७)

बहिरङ्गणं (नपुं०) अरण्य, जंगल। (दयो० १४)

बहिरङ्गधर्मध्यानं (नपुं०) अनुकूल उत्तम आचरण।

बहिरात्मान् (पुं०) बहिरात्मा वह आत्मा जो कि सिद्धि पाना तो दूर अपितु उसे याद तक नहीं करता, बल्कि उसके विरुद्ध रास्ते पर है। (हि०सं० ३) (समु० ८/२१) 'देहं वदेत्स्वं बहिरात्मनामा' (सुद० १३३)
०विभाव परणति को आत्मरूप मानना।
०जिसकी बुद्धि बाह्य शरीर पर केन्द्रित होती है। 'बहिरात्माऽऽत्वविभ्रान्ति: शरीरे मुग्धचेतस:' (जैन०ल० ८०९)

बहिस् (अव्य०) [वह+इसुन्] में से, बाहर की ओर से, बहिर्गत से।

बहिर्गत (वि०) बाहर की ओर गई हुई। (दयो० २६)

बहिद्वारं (नपुं०) बाह्य द्वल (दयो० ७)

बहिर्गतवस्तु (नपुं०) बाह्य क्षेत्र में गई हुई वस्तु।(समु० ७/९)

बहिर्गम (वि०) बाहर की ओर जाना।

बहिर्धर (वि०) बाहर के क्षेत्र में धारण करने वाला।

बहिर्देश (वि०) बाहरी स्थान।

बहिर्भवत्व (वि०) बाह्य भाव को उत्पन्न होने वाला। (जयो० १/२४)

बहिर्मल (वि०) बाह्य मल।

बहिर्योग (पुं०) बाहरी क्रिया के योग वाला।

बहिर्व्याप्ति: (स्त्री०) साध्य-साधन के अविनाभाव का दर्शन।

बहि:पुद्गलक्षेप: (पुं०) मर्यादित सीमा से बाहर कंकरादि का फेंकना।

बहि:शम्बुका (स्त्री०) गोचरभूमि।

बहिश्चित्त (पुं०) बाह्यचित्त। (मुनि० २३)

बहिष्कार: (पुं०) अलग करना, निकालना। (वीरो० ११/३८)

बहिष्कृ (पुं०) निकालना, बाहर करना। (वीरो० २/१८) अपि कुर्याद् बहिष्कारं मत्सरादेरिहात्मन: (वीरो० ११/३८)

बहिष्कृत देखो ऊपर।

बहिस्थित: (स्त्री०) बाह्यक्षेत्र में स्थित। (वीरो० २/११) बाहिर अवस्थित। शिखावलीढाभ्रतयाऽप्यटूटा बहि:स्थिता नूतमधान्यकूटा:। (वीरो० २/११)

बहु (वि०) ०अधिक, प्रचुर, अत्यधिक।
०प्रबल, व्यापक। (सुद० १/५, सुद० ११३)
०अनेक, असंख्य, अनल्प। (जयो० १८/१७)
०समृद्ध, भरा हुआ, परिपूर्ण।
०बृहद्, विशाल।
०अनुपम, अतिशय (जयो०वृ० ६/१०९)
बहु-शब्द संख्या की प्रचुरता का वाचक है। बहुशब्दोहि संख्यावाची वैपुल्यवाची च। (धव० ९/१४९)

बहु-अवग्रह: (पुं०) बहुत पदार्थों का एक बार ग्रहण करना।

बहुकर (वि०) अधिक क्रियाशीलता।

बहुकल्प (वि०) अनेक प्रकार के कल्पतरु।

बहुकल्पपादप: (पुं०) अनेक प्रकार के कल्पवृक्ष, नानाविध कल्पतरु।

बहुकालं (अव्य०) बहुत देर तक, बहुत समय तक।

बहुकालभाव: (पुं०) अनेक प्रकार के समय से युक्त भाव।

बहुकालीन (वि०) पुराना, पुरातन, प्राचीनतम।

बहुकूर्च: (पुं०) नारिकेल तरु।

बहुकृत (वि०) अनेक प्रकार से किया गया। (वीरो० ११/४०)

बहुगंधा (स्त्री०) चंपकलता, यूथिका लता।

बहुगुणरत्न (स्त्री०) बहुत गुण रूपी रत्न। बहवो ये गुणा एव रत्नानि यस्य तस्माद् राज्ञ एव। बहुगुणान्यनल्परूपाणि रत्नानि मुक्तादीनि यस्मिन्। (जयो०वृ० ६/६३)

बहुगम्या (वि०) अनेक जनापेक्षित। (जयो० ३/६०) अनेक लोगों द्वारा अभिलषणीय।

बहुजन्तुक (वि०) बहु जीव वाले, बड़, पीपल, गूलर, अंजीर पिलस्तादि बहुबीजक फल बहुत जीव वाले हैं। (सुद० १२९)

बहुजल्प (वि०) मुखरी, वाचाल।
०बहुत बोलने वाला।

बहुज्ञ (वि०) ०अधिक जानकारी रखने वाला, ०सुविज्ञ, ०विशेषज्ञ, ०ज्ञानी।

बहुज्ञानं (वि०) अधिक ज्ञान।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बहुतृणं (नपुं०) अधिक तृण युक्त।

बहुत्वच् (पुं०) भोजपत्र, भोजवृक्ष।

बहुदक्षिण (वि०) उदार, दानशील, अधिक उपहार देने वाला।

बहुदानविधाकारक (वि०) बड़ा दानी। (समु० २/१६)

बहुदायिन् (वि०) अधिक दानी, उदार, दानशील।

बहुदुग्ध (वि०) अधिक दूध, पर्याप्त दूध, दूध की प्रचुरता।

बहुदोष (वि०) ०दोषों की अधिकता, ०विशाल अवगुण, ०अधिक दोष।
०अपराध युक्त, भयदाई।

बहुधन (वि०) अधिक धनवान्, पर्याप्त धन वाला।

बहुधा (अव्य०) [बहु+धाच्]०प्राय: कई तरह से, विविध तरह से।
०बारंबार, भिन्न-भिन्न रूप से। (जयो० ३/८)

बहुधान्य (वि०) नाना प्रकार के धान्य, विविध अनाज संचय केन्द्र। (दयो० १/२) विविध व्रीही। (जयो० ३/८)

बहुधान्यगुणार्जन (वि०) नाना प्रकार के धान्य गुणों का उपार्जन। (जयो० ४/६७)
०नाना प्रकार के अध्ययन गुण मति में धारण करते- बहुधाऽनेकप्रकारेण अन्येषां विप्रादीनां ये गुणा अध्यापनादयस्तेषामर्जने मतिमुपैति' (जयो०वृ० २१/६७)

बहुधान्यराशि: (स्त्री०) अत्यधिक धान्य समूह। (सु० १/२१)

बहुधाबलिधारिणी (वि०) प्राय: झुर्रियों को धारण करने वाली। (जयो० २०/२)

बहुधेनुक (वि०) बहुत दूध देने वाली गायों का समूह।

बहुनाद: (पुं०) शंख,

बहुनिष्कपट (वि०) अधिक सरल, ऋजुता युक्त। (समु० ९/३)

बहुपत्र (वि०) ०बहुत पंखों वाला।
०अधिक घोड़ों वाला।

बहुपत्र: (पुं०) प्याज।

बहुपत्ररथ (वि०) बहुत से घोड़ों वाला रथ। बहूनि पत्राणि येषां ते रथा वेतसा यत्र तत्।
०बहूनि पत्राणि वाहनानि रथाश्च यत्र। (जयो०वृ० १३/७४)

बहुपादप: (पुं०) बड़ा वृक्ष।

बहुपुण्यसत्त्व (वि०) विविध पुण्य से युक्त जीव। (सुद० १/३५)

बहुपुष्प: (पुं०) मूंग।
०निम्बतरु, नीम का पेड़।

बहुप्रकार (वि०) विविध रूप का, अनेक तरह का।

बहुप्रज (वि०) अनेक संतानोत्पत्ति वाला।

बहुप्रतिज्ञ (वि०) नाना प्रतिज्ञ वाला।
०विविध पंक्ति वाला।

बहुप्रद (वि०) अधिक उदार, दानशील।

बहुप्रयास (वि०) अधिक प्रयास करने वाला। (दयो० ८५)

बहुप्रसू (स्त्री०) अनेक शिशुओं को जन्म देने वाली स्त्री।

बहुप्रेयसी (वि०) बहु प्रेमिका वाला। ०अधिक प्रेमी।

बहुफल (वि०) अधिक लाभ वाला।

बहुफल: (पुं०) कदम्ब वृक्ष।

बहुबल: (पुं०) सिंह।

बद्धबीजक: (पुं०) अधिक बीजों वाले।

बहुभव्य (वि०) अत्यन्त सुंदर, अति मनोहर। (जयो० ४/७)

बहुभाषिन् (वि०) मुखरी, वाचाल, अधिक बोलने वाला।

बहुमञ्जरी (स्त्री०) तुलसी पादप।

बहुमञ्जुलता (स्त्री०) अधिक सुंदर लता। (सुद० ३/३३)

बहुमतित्व (वि०) तीव्र बुद्धि वाला। (भक्ति० ८)

बहुमलं (नपुं०) सीसा।

बहुमान (वि०) आदर करने वाला, सम्मान देने वाला। बहुमानं पूजा-सत्कारादिकेन पाठादिकं बहुमानाचार:। (मूला०वृ० ५/७२)
०प्रीतिविशेष, सकलकल्याण।

बहुमानाचार: (पुं०) ज्ञानाचार के आठ भेदों में अंतिम भेद (भक्ति० ८)
०समृद्ध, भरा हुआ, पूर्ण।
०संयुक्त, संलग्न।
०यथेष्ठ, पुष्कल, विपुल।

बहुलं (नपुं०) विस्तार करना, बढ़ाना, वृद्धि करना।

बहुलतर (वि०) अधिकतर, अधिकांशत:।

बहुलवणं (नपुं०) लवण युक्त भूमि। (दयो० ८)

बहुहरि (पुं०) सिंह।

बहुलरहित (वि०) अत्यधिक हरयाली युक्त।
०बहुत हरि भक्ति वाला। (दयो० ९)

बहुला (स्त्री०) ०गाय।
०इलायची।
०नील पादप।

बहुलापाप (वि०) दु:खपूर्ण, कष्टसहित। (जयो० २३/६६)
०बातूनी, वाचाल।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बहुलोह (वि०) लोह की अधिकता। (जयो०वृ० ८/४) 'बहुलश्चासौ लोह-आयसः' (जयो०वृ० ६/४)

बहुलोहगोचर (वि०) नाना प्रकार के वितर्क, विविध लोह समूह युक्त। बहुलस्योहस्य वितर्कस्य गोचरोऽथवा बहुलोहस्यानल्पस्यायसो गोचरो। (जयो०वृ० २४/३३)

बहुलिका (स्त्री०) कृतिकानक्षत्र।

बहुलीकृत (नपुं०) खोलना, प्रकाशित करना।
०बढ़ाना, विस्तार करना।

बहुलीभू (स्त्री०) ०फैलाना, विस्तृत करना।
०गुणन करना।

बहुवचनं (नपुं०) एक से अधिक का बोधक वचन।

बहुवर्ण (वि०) बहुरंगी, रंगबिरंगा।

बहुवार्षिक (वि०) अधिक वर्षों तक रहने वाला। ०अनेक प्रकार के अन्तराय।

बहुविघ्न (वि०) नाना प्रकार की बाधाएं।

बहुविध (वि०) अनेक प्रकार। बहुत प्रकार। 'प्रकारार्थे विधशब्दः, बहुविधं बहुप्रकारमित्यर्थः, जातिगत-भूयः संख्याविशिष्टवस्तु प्रत्ययो बहुविधः। (धव० १३/२३९)

बहुविधज्ञान (वि०) अनेक जाति विषयक ज्ञान।

बहुविभव (वि०) नाना प्रकार की सम्पत्तियां, महदैश्वर्य। (जयो० ६/११३)

बहुविरह (वि०) ०विपत्ति वियोग, ०अत्यधिक विरह। विपत्तेर्वियोग दुःखादि। (जयो०वृ० १४/९४)

बहुवृद्धि (स्त्री०) अतिश्य वृद्धि, अनुपम विस्तार। (जयो०वृ० ६/१०९)

बहुव्रीहिः (स्त्री०) बहुव्रीहि नामक समास, जिससे अन्य अर्थ की प्रतीति हो-'अन्यपदार्थप्रधानो बहुव्रीहिः' (जैन०ल० ८११)
०बहुत सा धान्य, अनेक प्रकार का धान्य। (दयो० ४) (सुद० १/२२)

बहुव्रीहिमय (वि०) नाना प्रकार के धान्य सहित। (सुद० १/२२) उद्योतयन्तोऽपि परार्थमन्तर्घोषा बहुव्रीहिमया लसन्तः। (सुद० १/२२)

बहुशः (अव्य०) [बहु+शस्] ०बहुतायत से, प्रायः। (सम्य० ९७)
०अनेक विध, अनेक प्रकार से। (जयो० २/७९) नाना प्रकार के। (सुद० १०५)
०अनल्परूपता। (जयो० १२/१३३)
०विविधता। (भक्ति० १२)

बहुशस्यं (नपुं०) अत्यधिक धान्य। (जयो० ३/५२)

बहुशस्य (वि०) अतिशय प्रशंसनीय, अनुपम सौंदर्य युक्त। (जयो०वृ० ३/५२)

बहुशस्यवृत्तिः (स्त्री०) बहु धान्य की वृत्ति, बहुधान्यसंग्रह। (जयो० २४)
०प्रशस्य वृत्ति।
०बहुव्रीहिसमास (जयो० १०/४१) 'बहु' पद के वाद 'शस्य' पद का पर्यायवाची शब्द, 'व्रीहि' लेकर उस नाम की 'वृत्ति' यानि समास बहुव्रीहिसमास (जयो०वृ०हि० ३/५२)

बहुशाप (वि०) नाना प्रकार के शाप। ०विविध दूषित भाव को प्रकट करना। (सुद० ९५)

बहुशैत्य (वि०) अतिशीतलत्व, अधिक ठंडा। (जयो० ७२/१२०)

बहुशोभि (वि०) समुचित प्रशंसनीय। (जयो० ४/२५)
०अत्यधिक रमणीय, ०परम प्रभावक।

बहुश्रुत (वि०) विज्ञ पुरुष, प्रज्ञावान्, पूर्वधर।

बहुश्रुतता (वि०) युग श्रेष्ठ आगमों की जानकारी वाला।
०वेत्ता, ०शास्त्रज्ञ।

बहुश्रुतभक्तिः (स्त्री०) बारह अंगों के पारगामी बहुश्रुतों की भक्ति।
०स्व-पर समय का ज्ञाता होना।

बहुसंतति (स्त्री०) अधिक संतान।

बहुसार (वि०) रस से युक्त।

बहुसुंदर (वि०) सुललित। (जयो०वृ० ४/७)

बहुसूतिः (स्त्री०) अधिक शिशुओं की जन्मदात्री नारी।

बाकुलं (नपुं०) [बकुल+अच्] बकुल वृक्ष के फल।

बागः (पुं०) आराम, बगीचा। (सम्य० १०५)

बाड् (अक०) स्नान करना, नहाना, गोता लगाना।

बाडवः (पुं०) [बडवा+अण्] वडवानल।

बाडवेय (वि०) बडमानत अग्नि के उत्पन्न हुआ।

बाढ (वि०) [वह्+क्त] ०दृढ़, शक्तिशाली।

बाढं (अव्य०) वस्तुतः, हां, निश्चय ही, बहुत अच्छा, तथास्तु शुभम्।

बाणः (पुं०) [वण्+घञ्] शर, तीर, आशुग। (जयो० ५/६०)
०कीलण। जरत्कुमारस्य च कीलकेन वा मृतः किमित्यत्र बलस्य संस्तवाः' (वीरो० १७/४२)
०लक्ष्य, निशाना।
०बाण कवि।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बाणघात: (पुं०) बाण प्रहार।
बाणतति: (स्त्री०) बाणावलि, तीरसमूह।
बाणतूण (पुं०) तरकस।
बाणधि: (स्त्री०) तरकस।
बाणपन्थ: (पुं०) बाण का परास।
बाणपाणि (स्त्री०) बाणों से सुसज्जित हस्त।
बाणपात: (पुं०) तीर प्रहार।
बाणपाति: (स्त्री०) शर घात।
बाणमुक्ति: (स्त्री०) बाण छोड़ना, तीर फेंकना, तीर बरसाना।
बाणमोचनं (नपुं०) तीर बरसाना।
बाणयोजनं (नपुं०) तरकस।
बाणवृष्टि: (स्त्री०) बाणों की बौंछार, तीरवृष्टि।
बाण-संहति: (स्त्री०) बाण समूह।
बाणसुता (स्त्री०) बाण की पुत्री।
बाणिनी (स्त्री०) नर्तकी, नृत्यांगना, अभिनेत्री।
बाणोदित (वि०) बाणों का निशाना। (जयो० १४/३१)
बादर: (पुं०) ०स्थूल पर्याय, जो छिन्न होकर स्वयं जुड़ने में समर्थ।
'बादर शब्द: स्थूलपर्याय:' (धव० १/२४९)
बादरं (नपुं०) ०बोर, बेर।
०रेशम, ०जल, ०रुई।
बादर (वि०) बेर से प्राप्त, बोर से सम्बद्ध।
बादरिक (वि०) [बदर+ठञ्] बेर एकत्रित करने वाला।
बाध् (सक०) सताना, उत्पीड़न करना, कष्ट देना।
०रोकना, अवरोध करना, हस्तक्षेप करना, निष्फल करना।
०आक्रमण करना, धावा बोलना।
०मिटाना, ध्वस्त करना।
०हटाना, पीछे धकेलना।
बाध: (पुं०) पीड़ा, कष्ट, दु:ख।
०यातना, संताप।
०हानि, क्षति, घाटा।
०भय, खतरा, डर।
०आपत्ति, विरोध।
०प्रत्याख्यान, निराकरण।
०स्थगन, रद्द करना।
बाधक (वि०) [बाध्+ण्वुल्] ०उत्पीडन, परेशान करने वाला।
०अवरोधक, ०अन्तराय करने वाला।
०उत्पीडक, उन्मूलन।
०विघ्न उपस्थित करने वाला। (भक्ति० ३१)
बाधनं (नपुं०) उन्मूलन, उत्पीडन, परेशान करना, अशान्ति, बाधा, पीड़ा।
बाधना (स्त्री०) पीड़ा, कष्ट, दु:ख, अशान्ति, चिन्ता, व्यवधान। (भक्ति० ३४)
बाधा (स्त्री०) सङ्कोच। (जयो० ५/७) 'तत्तदङ्गिसमुपाङ्गिनबाधा'
०पीड़ा, कष्ट, दु:ख, अशान्ति।
०विघ्न। (सुद० २/२३)
०उत्पीडन। (सुद० १०९)
०अवरोध, विरोध। (भक्ति० २२)
बाधाकारक (वि०) व्यथाकार, दु:ख उत्पन्न करने वाले। (जयो०वृ० २/६२)
०अहितार्थ (जयो० २७/२२)
बाधागत (वि०) दु:ख को प्राप्त हुआ।
बाधाघात (वि०) सहनशील।
बालारहित (वि०) व्यधान रहित। (भक्ति० ३४)
बाधासहित (वि०) कष्ट युक्त। (जयो० २६/९६)
बाधित (भू०क०कृ०) [बाध्+क्त] ०उत्पीडित, संतप्त, कष्टजन्य।
०परेशान।
०निराकृत, स्थगित।
०असंगत, विवादग्रस्त।
बाधिर्यं (नपुं०) [बधिर+ष्यञ्] बहरापन।
बान्धकिनेय: (पुं०) दोगला, चुगुलखोर।
बांधव: (पुं०) [बन्धु+अण्] ०स्वजन, मित्रजन, कुटुम्बिजन।
० भाई, सम्बंधी, रिश्तेदार।
बान्धवजन: (पुं०) कुटुम्बिजन।
बान्धव्यं (नपुं०) [बान्धव+ष्यञ्] बन्धुता, बन्धभाव। (जयो० ३/७०) रिश्तेदारी, सम्बंधीपना।
बापी (स्त्री०) वापिका। (सुद० १०१)
बाभ्रवी (स्त्री०) [वभ्र+अण्+ङीप्] ०दुर्गा।
बाराधार: (पुं०) जल की धार। (सुद० ७१)
बारुणी (स्त्री०) पश्चिम दिशा।
०मदिरा (जयो० वृ० १८/३२, ३३)
बार्बटीर: (पुं०) ०आम का गूदा।
०नया अंगुर।
बार्ह (वि०) [बर्ह+अण्] मोर की पूंछ से निर्मित।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बार्हस्पत (वि०) [बृहस्पति+अण्] बृहस्पति में संबंधित।
बार्हिण (वि०) [बर्हिन्+अण्] मयूर से उत्पन्न।
बाल (वि०) [बल+ण या-बाल्+अच्] बालक, शिशुता। (सुद० २/४८)
०अनजान, अबोध, अज्ञानी।
०भोला (सुद० १२०) भोंदू।
०मूर्ख, असत् प्रवृत्ति वाला। (सम्य० ८४)
०नूतन, नवीन, वर्धमान।
०स्थूल असंयम से भी निवृत्त नहीं होने वाला।
०प्रथम। (जयो० ३/४९)
बालः (पुं०) केश, काला हि बाला खलु खञ्जलस्य रूपे स्वरूपे गतिमज्जलस्य। (जयो० ११/६९)
०तरुण, युवा, वयस्क।
बालक (वि०) बच्चों के समान, नन्हा, अवयस्क।
बालकः (पुं०) शिशु, बच्चा। 'प्रयोग इह यः खलु बालकेन' (सुद० ३/४६) 'पैत्रिकाङ्गुलियुगेव बालको यथा चलति' (जयो० २/७१) 'बालकः परकरोपलेखकः' (जयो० २/१३) 'संलिखत्थ कुमार एककः' (जयो० २/१३) यथा प्रयतते भूमौ गृहीतुं बालको विधुम्' (वीरो० १०/४)
बाल-कदली (स्त्री०) केले का नया पौधा।
बालकुदः (पुं०) नई चमेली।
बालकुन्दं (नपुं०) नई चमेली।
बालकृमिः (स्त्री०) जूं, लीख।
बालक्रीडनं (नपुं०) शिशु रञ्जन, शिशुक्रीडक यन्त्र, खिलौना।
बालक्रीडा (स्त्री०) शिशु लीला, बालकों की रोमांचकारी क्रिया।
बालखिल्यः (पुं०) एक दिव्यमूर्ति।
बालगर्भिणी (स्त्री०) आदि में गर्भ धारण देने वाली।
बालगोपालः (पुं०) तरुण ग्वाला, चपल ग्वाला।
बालग्रहः (पुं०) बालकों को पीड़ा उत्पन्न करने वाला रोग, बालरोग, बालकष्ट, शिशुपीड़ा। (सुद० ३/२८)
बालचन्द्रः (पुं०) दूज का चांद।
बालचरितं (नपुं०) बाल्य जीवन का वर्णन।
बालज (वि०) बालों से उत्पन्न।
बालतनयः (पुं०) खदिरवृक्ष, खैर, ह्री बेर वृक्ष। (जयो० २१/३९)
बालतन्त्रं (नपुं०) धात्रीकर्म।
बालतपः (पुं०) मायाचार युक्त तप।
०मिथ्यादर्शन युक्त।
०अज्ञानतापूर्ण तप।
०मोक्षसिद्धि में सहायक न होने वाला तप। 'बालोमूढः इत्यनर्थान्तरम् तस्य तपो बालतपः। (त०भा० ६/२०)
बालतृणं (नपुं०) अंकुरित हुई दूब, नवीन घास, नूतन घास। हरी घास।
बालदलकः (पुं०) खैर।
बालदेवराट् (पुं०) बाल जिनदेव। ०बालक जिन।
समानायुष्कदेवौघ-मध्येऽथो बालदेवराट्।
कालक्षेपं चकारासौ रममाणो निजेच्छया।।
(वीरो० ८/१३)
बालपण्डितमरणं (नपुं०) एकदेशव्रत वाले का मरण।
बालपुष्टिका (स्त्री०) चमेली।
बालपुष्पं (नपुं०) नूतन मञ्जरी, नवीन पुष्प।
बालबालः (पुं०) मिथ्यादृष्टि।
बालबोधः (पुं०) बालक सम्बंधी ज्ञान।
बाल-बोधिनी-टीका (स्त्री०) ग्रंथ पर लिखा गया सरल भाष्य।
बालब्रह्मचारी (वि०) बालपने से ब्रह्मचर्य में रमण करने वाला। (वीरो० ८/४०) बचपन से अन्त तक ब्रह्मचर्य व्रत पालन करने वाला।
बालभद्रकः (पुं०) एक विष विशेष।
बालभारः (पुं०) बालों/केशों का भार।
बालभावः (पुं०) चञ्चल भाव, शिशुत्व भाव। (जयो० १/६०)
०बचपन, बाल्यावस्था।
बालभैषज्यं (नपुं०) एक अंजन। ०शिशु औषधि।
बालमण्ड (वि०) अभद्र प्रसाधन।
बालमरणं (नपुं०) असंयमी का मरण। 'बाला इवबालाः अविरताः तेषां मरणं बालमरणम्' (जैन०ल० ८१९)
बालराजं (नपुं०) वैडूर्यमणि। नीलमणि।
बाललता (स्त्री०) नूतन वल्ली।
बालवत्सः (पुं०) नन्हा बछड़ा।
बाल-वायजं (नपुं०) वैडूर्यमणि। नीत्कम।
बालवायस् (नपुं०) ऊनी वस्त्र।
बालविधवा (स्त्री०) बाल्यावस्था में पति की मृत्यु वाली नारी।
बालसखि (स्त्री०) बचपन का मित्र।
बालसंध्या (स्त्री०) अस्ताचल का आभास।
बालसत्त्व (वि०) बालकपन, बचपना, बालस्वभावता। (वीरो०१/७)
बालसुहृद् (पुं०) बचपन का मित्र।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बालसूर्यः (पुं०) वैडूर्यमणि।

बालस्वभाव (वि०) केशत्व। (जयो० ५/८९)

बालस्वभावा (स्त्री०) चपला, चंचला स्त्री। गौरी। (जयो०वृ० १२/९)

बालहठः (पुं०) शिशुहठ। (सुद० ३/२५) अनुभाविमुनित्वसूत्रले प्रसरन् बालहठेन भूतले। तनुसौरभतोऽम्धाद्वरं धरणेर्गन्धवतीत्वमप्यरम्।। (सुद० ३/२५)

बाला (स्त्री०) बालिका। (जयो० ३/३९)

०नववयस्था। (जयो० ५/३९)

०बाला-सुलोचना। (जयो० ३/४०)

०यौवनारम्भा। (जयो० ३/४३)

०प्रथमा वर्णमाला।

बालाग्रं (नपुं०) केशप्रान्त, केश की नोंक। भूयो बभाण बालां बालाग्रमितोग्रदारकान्तिमवाक्। (जयो० ६/७८)

बालाध्यापकः (पुं०) शिशु शिक्षक।

बालापिनी (स्त्री०) नववधू, आह्वानवर्ती-आलापिनी बालिका। (जयो० ६/३१)

बालाभ्यासः (पुं०) बालपने में अध्ययन।

बालारुणः (पुं०) ऊषाकाल, प्रभातकाल, अरुणोदय।

बालार्कः (पुं०) अरुणोदय, प्रातःकालीन सूर्य।

बालालोचनं (नपुं०) दीर्घदर्शी नेत्र। 'बलितया लोचनैर्नयनैर्विशाला' बलितनेत्र। (जयो० १६/७७)

बालिः (पुं०) [बल्+इन] एक वानराधिपति।

बालिका (स्त्री०) [बाला+कन्+टाप्] बाला, लड़की। (जयो०६/२६) (सुद० ९०) (वीरो० २१/१०) बालिका।

०कान की गोलाकार बाली।

०छोटी इलायची।

०रेत।

०पत्तों की सरसराहट।

बालिन् (पुं०) एक वानर।

बालिनी (स्त्री०) [बालिन्+ङीप्] अश्विनी नक्षत्र।

बालिभुक् (वि०) विषयलम्पट।

०विषयासक्त व्यक्ति।

बालिमन् (पुं०) [बाल+इमनिच्]०बचपन, बाल्यावस्था।

बालिश (वि०) [वाडिंश्यति, बाडि+शो+ड]०अबोध, अज्ञानी।

०मूढ़, मूर्ख, अनपढ़।

०अनजान, अनभिज्ञ, लापरवाह।

बालिशः (पुं०) बुद्ध, मूर्ख, अज्ञानी। (सम्य० १४०)

०बालक, बच्चा, शिशु।

बालिशं (नपुं०) उपधान, तकिया।

बालिश्य (वि०) [बालिश+ष्यञ्] बचपना, लड़कपन।

०मूर्खता, अज्ञानता।

बाली (स्त्री०) [बालि+ङीप्] कान में गोलाकार कुण्डल।

बालीशः (पुं०) मूत्रावरोध।

बालुः (पुं०) ग्रंथ विशेष।

बालेय (वि०) [बलि+ढञ्] ०मुदु, कोमल।

०बलि देने योग्य।

बालेयः (पुं०) गधा, गर्दन।

बाल्यं (वि०) लड़कपन, बचपन, बालकपन। (जयो० ३/५९)

०बाल्यकाल। (जयो० ११/३५)

०कौमार। (जयो० २३/२४)

०भद्रत्व। (जयो० ११/४२) केवलं बाल्यमेव-भद्रत्वमेव।

०सुकुमारता। (सुद० ११९) किमर्थमाचार इयान् विचार्य बाल्येऽपि लब्धस्त्वकया वदाऽऽर्य। (सुद० ११९)

०अपरिपक्वता, न समझ, अबोधता।

०मूर्खता, मूढ़ता।

बाल्यक्रीड़ा (स्त्री०) बचपन की लीला। महात्माऽनुबभूवेदं बाल्यक्रीडासु तत्परः। (वीरो० ८/१११)

बाल्यत् (वि०) बचपना। (सुद० ३/३२)

बाल्यभाञ्जि (वि०) केश रूपता।

०बालरूपत्व-'ये बालका भवन्ति ते सूर्यस्योदये सत्येव प्रवुद्धा भवन्तीत्यर्थः' (जयो० ५/७१)

बाल्हकः (पुं०) बाल्कृक राजा, बल्हि के रहने वाले।

बाल्हिः (स्त्री०) एक देश का नाम।

बाष्पः (पुं०) आंसू, अश्रु। ०कुहरा, ०भाप।

बाष्पं (नपुं०) ०कुहरा, भाप। ०आंसू, ०अश्रु। ०लोहा।

बाष्पकण्ठः (वि०) रुंधा हुआ गला, आंसुओं के कारण रुंध गया कंठ, हर्ष से भरा हुआ कण्ठ।

बाष्पदुर्दिनं (नपुं०) आंसुओं का प्रवाह, अश्रुधारा।

बाष्पपूरः (पुं०) अश्रुबाढ, आंसुओं का फूट निकलना।

बाष्पमोक्षः (पुं०) आंसू छोड़ना, अश्रुप्रवाह।

बाष्पमोक्षनं (नपुं०) अश्रुधारा, आंसू बहाना।

बाष्पमोचनं देखो ऊपर।

बाष्पबिन्दु (पुं०) आंसू की बूंद।

बास्त (वि०) [वस्त+अण्] बकरे से उत्पन्न।

बाहः (पुं०) भुजा, बाहु।

बाहा (दे०) भुजा, बाहु।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बाहवि (वि०) भुजा से भुजा।
बाहीकाः (स्त्री०) पंजाब के निवासी।
बाहु (स्त्री०) भुजा, हस्त दण्ड।
०कलाई--
०पशु का अगला पैर।
०द्वार की चौखट का बाजू।
०आर्द्र नक्षत्र।
बाहुकः (पुं०) बंदर।
बाहुकुण्ठ (वि०) लुंजा, विकृत हाथ वाला।
बाहुकुब्ज देखो ऊपर।
बाहुकुन्थः (पुं०) ०बाजू, ०डैना पक्षी।
बाहुगुण्यं (नपुं०) [बहुगुण+ष्यञ्] श्रेष्ठ गुणों का आधार।
बाहुचतुष्टय (वि०) धर्म, अर्थादि पुरुषार्थ। (जयो० १७/३१)
बाहुजः (पुं०) क्षत्रिय। (जयो० ५/२७) राजमानं इव राजनि चैतैबाहुजैः (जयो० ५/२७) (वीरो० १४/४८)
बाहुजसमाजसतः (पुं०) क्षत्रिय जनशिरोमणि। (जयो० १८/५७)
बाहुज्या (स्त्री०) चाप के सिरों को मिलाने वाली रेखा, एक गणतीय रेखा पद्धति।
बाहुत्रः (पुं०) भुजरक्षक, भुज कवच।
बाहुत्रं (नपुं०) देखो ऊपर।
बाहुदण्डः (पुं०) लम्बी भुजा, दीर्घ बाहु।
बाहुदन्तकः (नपुं०) नैतिक गुणी।
बाहुपाशः (पुं०) भुजपाश, मल्लयुद्ध का एक दांव-पेंच।
बाहुबन्धः (पुं०) केयूर। (वीरो० ५/१५)
बाहुबलं (नपुं०) भुजबल, भुजाओं की शक्ति।
बाहुबलिः (पुं०) ऋषभदेव का पुत्र, भरत का छोटा भाई। (जयो०वृ० ७/६७) (जयो० ९/५१) (मुनि० १५)
बाहुबलि (वि०) बाहुओं से बलिष्ठ, अत्यधिक शक्तिमान्।
बाहुभूषणं (नपुं०) बाजूबंद, अंगद, भुजा में धारण करने वाला आभूषण।
बाहुभूषा (स्त्री०) बाजूबंद, अंगद।
बाहुमूलं (नपुं०) कांख।
बाहुयुद्धं (नपुं०) मल्ल युद्ध, हस्त-दांव-पेंच वाला युद्ध।
बाहुयोधः (पुं०) मुष्टि योद्धा, मुक्केबाज, घूंसेबाज।
बाहुयोधिन् देखो ऊपर।
बाहुलः (पुं०) अग्नि।
बाहुलता (स्त्री०) भुजदण्ड।
बाहुवीर्यं (नपुं०) भुजबल।
बाहुवंशः (पुं०) भुजदण्ड। (जयो० १७/६३)
बाहुव्यायामः (पुं०) कसरत, दण्ड पेलना, मांस पेशियों के पुष्ट हेतु व्यायाम करना।
बाहुशालिन् (पुं०) भीम, योद्धा, वीर।
बाहुशिखरं (नपुं०) कंधा।
बाह्य (वि०) [बहिर्भव] बाहर का, बाहरी, बहिर्देश। (जयो० १/२०)
०विदेशी, अपरिचित, अपने को छोड़कर। जो अन्य है, वह बाह्य है।
०बहिष्कृत।
बाह्यशुद्धिः (स्त्री०) शारीरिक शुद्धि। (हित० ४२)
बाह्यशुद्धिर्यथा लोकं, माननीया मुमुक्षुभिः।
न्यूनता न व्रते चेत्स्यान्न च तत्त्वात्परिच्युतिः।। (हित० ४२)
बाह्य-सल्लेखना (स्त्री०) शरीर विषयक सल्लेखना, शरीर को कृश करने की क्रिया।
बाह्याडम्बरः (पुं०) बाहरी वस्तुओं का समूह। (वीरो० २२/२१) (सुद० १२७)
बाह्याधारः (पुं०) बाहिरी आश्रय, बाहर का सहारा।
बाह्याश्रयः (पुं०) बाहर का आश्रय। बाह्याधार।
बिट् (सक०) शपथ लेना, सौगन्ध्य उठाना।
बिटकः (पुं०) फोड़ा, फुंसी।
बिटकं (नपुं०) देखो ऊपर।
बिडं (नपुं०) नमक विशेष।
बिडालः (पुं०) [विड्+आलन्] बिल्ली, बिलाव।
०आंख का डला।
बिडालकः (पुं०) [बिडाल+लन्] बिलाव, बिल्ली।
बिडालकं (नपुं०) पीली मल्हम।
बिडौजस् (पुं०) इन्द्र, शक्र।
बिन्द् (सक०) खण्ड-खण्ड करना, विभक्त करना, बांटना।
बिन्दुः (स्त्री०) [बिन्द्+उ] बूद, बिंदी।
०लेश (जयो०वृ० ३/१३) कण (जयो०वृ० ३/१३)
०अनुस्वार। मुखमात्मनामगतस्य मुकारस्य खमभावमेव सखीकृत्य आत्मसात् कृत्वात्र तत्स्थाने बिन्दुमनुस्वारमाप्नोतु। (जयो०वृ० ३/५७)
०विसर्ग। बिन्दुद्वयात्मकौ विसर्गौ निर्दिष्टौ' (जयो०वृ०३/४३)
०शून्य।
बिन्दुचित्रकः (पुं०) चित्तीदार हिरण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बिन्दुजालं (नपुं०) बूंद समुच्चय।
बिन्दुजालकं (नपुं०) जलबिंदु समूह।
बिन्दुतंत्रः (पुं०) पांसा, शतरंज की बिसात।
बिन्दुदेवः (पुं०) शिव, शंकर।
बिन्दुपत्रः (पुं०) भोजपत्र।
बिन्दुफलं (नपुं०) मोती।
बिन्दुभावः (पुं०) जलकण। (जयो० १८/४२)
बिन्दुरेखकः (पुं०) अनुस्वार।
बिन्दुरेखा (स्त्री०) बिन्दुपंक्ति।
विभित्सा (स्त्री०) [भिद्+सन्+अ+टाप्] भेदने की इच्छा।
बिभित्सु (वि०) भेदने की इच्छा वाला।
बिभीषणः (पुं०) रावण का भाई।
बिभ्रक्षुः (स्त्री०) अग्नि, आग।
बिभ्राण (वि०) प्रशंसनीय। (जयो०वृ० १/३०)
बिभ्यद्वन्दनं (नपुं०) बिभ्यत नाम का दोष, गुरु से भयभीत होकर जो वन्दना की जाती है।
बिम्बः (पुं०) ०प्रतिमा, छाया, परछाई, प्रतिबिम्ब।
०शीश, दर्पण।
०कलश।
०चन्द्रमण्डल। 'बिम्बशब्दस्य पुंनपुंसकत्वादिह पुंल्लिंगो ग्राह्यः' (वीरो० ४/२२)
०प्रतिच्छाय, रूप फल (जयो० ११/९९)
०बिम्बफल। (जयो० ३/५२)
बिम्बकं (नपुं०) [बिम्ब+कन्] सूर्यमण्डल, चन्द्रमण्डल।
०बिम्बफल।
०प्रतिबिम्ब, प्रतिच्छाय। (जयो० २/३२)
बिम्बध्वजः (पुं०) ध्वजछाया।
बिम्बफलं (नपुं०) बिम्बवृक्ष का फल। (जयो०वृ० ३/५२)
बिम्बमुद्रा (स्त्री०) पद्मासन की मुद्रा, प्रतिमाव्रत मुद्रा।
बिम्बार्चनं (नपुं०) प्रतिमा पूजन। (वीरो० २२/२२)
बिम्बिका (स्त्री०) [बिम्ब+कन्+इत्वम्] सूर्यमण्डल, चन्द्रमण्डल।
०बिंब पादप, बिम्बिकाफल। (जयो०वृ० ३/५२)
बिम्बित (वि०) [बिम्ब+इतच्] प्रतिबिम्बित। (सुद० १३५)
बिल् (सक०) खण्ड खण्ड करना, फाड़ना, विभाजित करना, बांटना।
बिलं (नपुं०) [बिल्+क] छिद्र, विवर, खूड।
०रिक्तस्थान, गर्त।
०द्वारक, सूराखा।
०कंदरा, कोटर।
बिलंगम (पुं०) सर्प, सांप, अहि।
बिलकारिन् (पुं०) चूहा, मूषक।
बिलयोनि (वि०) बिल जंतुओं की पर्याय।
बिलवासः (पुं०) गंधमार्जार।
बिलवासिन् (पुं०) सर्प, सांप।
बिलेशयः (पुं०) [बिले-शेते-शी+अच] ०मूषक, चूहा।
०बिल में रहने वाला जन्तु।
बिल्लः (पुं०) [बिल्+ला+क] गर्त, कंदरा, खाई, गड्ढा।
०थांवला, आलवाल।
बिल्वः (पुं०) [बिल+वन्] बेलतरु। ०बेल का वृक्ष।
बिल्वं (नपुं०) बेलफल।
बिल्वपत्रं (नपुं०) बेलपत्र।
बिल्ववनं (नपुं०) बेल उपवन।
बिस् (सक०) हिलना-डुलना, भड़काना, फेंकना, डाल देना।
बिसं (नपुं०) [बिस्+क] कमलतन्तु, कमलनाल, कमलदण्ड। (जयो० ५/९६)
बिसकण्ठिका (स्त्री०) छोटा सारस।
बिसकण्ठिन् (पुं०) छोटा सारस।
बिसपुष्पं (नपुं०) कमल का फूल।
बिसलं (नपुं०) [बिस+ला+क] कली, नया अंकुर।
बिसिनी (स्त्री०) कमलिनी, कुमदिनी।
०कमलमाल, कमल समूह।
बिसिल (वि०) [बिस्+इलच्] बिस से सम्बंधित, कमलदण्ड से सम्बद्ध।
बिस्तः (पुं०) [बिस्+क्त] सोने का प्रमाण। ८० रत्ती।
बिह्लगः (पुं०) विक्रमांदेव के रचनाकार। बिह्लहा कवि, संस्कृत का एक कवि।
बीजं (नपुं०) धान्यकण, अनाज का दाना।
०मृदन्तरा बीजवदीष्यतेऽदः (सम्य० १०७)
०वीर्य, शुक्र।
०कहानी का मूल कारण, कथावस्तु का अंश।
बीजः (पुं०) नींबू का पेड़।
बीजग्रहणं (नपुं०) सुरत चेष्टा। बीजमिति शुक्रपर्यायवाची शब्दः। (जयो० १६/३१)
बीजगणितं (नपुं०) वैज्ञानिक पद्धति का गणित।
बीजगुप्तिः (स्त्री०) बीजकोश, फली, सेम, छीमी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बीजदर्शकः (पुं०) रंगशाला का व्यवस्थापक।
बीजधान्यं (नपुं०) बीज और अंकुर का भेदात्मक विवेचन।
बीजपदं (नपुं०) बीजाधार, बीज, मूल, अंकुरादि का मूल कारण।
बीजपुरुषः (पुं०) कुल प्रवर्तक।
बीजफलकः (पुं०) बीजपूर तरु।
बीजबुद्धि (स्त्री०) एक ऋद्धि।
बीजमन्त्र (नपुं०) रहस्यमय अक्षर युक्त मन्त्र।
बीजमातृका (स्त्री०) कमलकोष।
बीजमाणं (नपुं०) माप विशेष, कुडव, प्रस्थादि।
बीजरुहः (पुं०) दाना, अनाज।
बीजरुचिः (स्त्री०) परमार्थ के प्रति श्रद्धा।
बीजल (वि०) बीजों से युक्त।
बीजवत् (वि०) बीज की तरह। (सम्य० १४०)
बीजवपनं (नपुं०) बीज डालना, बीज बौना।
बीजवपनक्रिया (स्त्री०) बीज बोने की क्रिया।
ऊषर टके बीजवपनादिक्रिया कथम्। (जयो०वृ० २/५)
बीजव्यभिचारि (वि०) बीच से भिन्न हुआ। (सुद० ३/८)
बीजसम्यक्त्वं (नपुं०) बीजरुचि, जाने हुए एक पद के आश्रय से परमार्थ स्वरूप का श्रद्धान्।
बीजसू (स्त्री०) पृथ्वी, धरणी, धरती।
बीजाक्षरं (नपुं०) मंत्राक्षर। (जयो०वृ० १६/८२) 'भूर्जपत्रे ठकार युक्तान् बीजाक्षरान्' (जयो०वृ० १६/८२) ठः ठः नामक बीजाक्षर।
बीजाङ्कुरं (नपुं०) बीज से उत्पन्न अंकुर।
बीजाध्यक्षः (पुं०) शंकर, शिव।
बीजाश्वः (पुं०) जनताश्व, सांड, घोड़ा।
बीजिक (वि०) बीजों से युक्त।
बीजोत्कृष्टं (नपुं०) उत्तम बीज।
बीज्य (वि०) [बीज्+यत्] बीज से उत्पन्न।
बीभत्स (वि०) घृणोत्पादक, घृणास्पद, घिनौना, दुर्गन्धयुक्त।
०जुगुप्साजनक।
०अशुचिकर, अपवित्रतम।
०ईष्यालु, द्वेषी।
०बर्बर, क्रूर, दुदर्शनीय।
बीभत्सः (पुं०) बीभत्सरस, जुगुप्सा, घृणा, गर्हणा। 'बीभत्सः स्याज्जुगुप्सातः'
बीभत्सुः (पुं०) अर्जुन।

बुक् (अव्य०) [बुक्क्+क्विप्] अनुकरणमूलक शब्द।
बुक्क् (सक०) ०बोलना। ०भौंकना। ०भौं भौं करना।
बुक्कः (पुं०) हृदय, दिल, वक्षस्थल।
०बकरा। ०समय।
बुक्कन् (नपुं०) [बुक्क्+ल्युट्] भौंकना।
बुक्कसः (पुं०) चाण्डाल।
बुक्का (स्त्री०) हृदय, दिल।
बुडित (वि०) मज्जित प्रमार्जित। (जयो० ५/६८)
बुद (सक०) देखना, अवलोकन करना।
०प्रत्यक्ष करना, समझना, पहचानना।
०समझ लेना, जान लेना।
बुद्बुद (वि०) ०शब्द विशेष ०बबूला, ०जल कल्लोल। (सुद० १००)
बुद्बुदाशी (वि०) जलोत्थकोलक, बबूले। (जयो० १४/६५)
बुद्ध (भू०क०कृ०) [बुध्+क्त] ०ज्ञात, समझा हुआ, जाना हुआ।
०जागृत जागा हुआ, सचेत।
०देखा हुआ, प्रकाशमान।
बुद्धः (पुं०) गौतम बुद्ध, जिनका जन्म विहार में ढाई हजार वर्ष से पूर्व हुआ था। जिनके प्रचार-प्रसार से लोगों को बोध प्राप्त हुआ था। बुद्धस्त्वमेव विबुधार्चितबुद्धिबोधात्।
०आचार्य (भक्तामर० २५) बुद्धवंत पुरुष, केवलज्ञान।
बुद्धजागरिक (वि०) [सर्वज्ञ, सर्वदर्शी] ज्ञान-दर्शनादि गुणों के धारक अरहंत देव।
बुद्ध-बोधित (वि०) आचार्यों द्वारा ज्ञान कराया गया।
०ज्ञान के सामीप्य को प्राप्त द्वारा जो बोध दिया जाता है।
बुद्धमनं (नपुं०) समर्थमन, ज्ञानजन्यमन। किन्तु किं तदिह बुद्धमनेन नैव वेद्मि खलु वृद्धजनेन।। (जयो० ४/४०)
बुद्धिः (स्त्री०) [बुध्+क्तिन्] मति, धी, धिषणा। (जयो०वृ० ४/१६)
०प्रज्ञा, प्रतिभा, ज्ञान, विवेक।
'बुद्ध्या सुतमत्र पुष्यात्' (सम्य० ६८)
०विचार। तदेव भुङ्तेऽत उदार बुद्ध्या। (सम्य० ७८)
०चेतना। (सम्य० १२१)
०बुद्धि नामक सखी। (जयो० ६/३)
०एक देवी, जो भगवान की माता की सेवा में उपस्थित रहती है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०पदार्थ के ग्रहण करने की शक्ति, ऊहित का निश्चय होना।

०जानने की शक्ति, अर्थग्रहण शक्ति।

बुद्धिऋद्धिः (स्त्री०) बुद्धि नाम ऋद्धि, णमो भयवदो महति महावीर-वड्ढमाणबुद्धिरिसीणं (जयो०वृ० १९/८४)

बुद्धिकर (वि०) ज्ञानधारक। (वीरो० १४/१३)

बुद्धिकौशलः (नपुं०) निषेक, ज्ञान की कुशलता। (जयो० १२/९६)

बुद्धिगम्यं (वि०) प्रतिभा योग्य।

बुद्धिपूर्वक (वि०) चेतनापूर्वक। (सम्य० १२१)

बुद्धिपूर्वकं (अव्य०) स्वेच्छा से जानबूझकर।

बुद्धिभृत् (वि०) ज्ञान से परिपूर्ण। (मुनि० ३०)

बुद्धिभ्रमः (पुं०) मन की एकाग्रता का नाश एकाग्रता का प्रभाव।

बुद्धिमत् (वि०) प्रज्ञावंत, धीवंत, ज्ञानवान्, विचारशील, विवेकी। (सुद० १/११) (जयो०वृ० १/४२)

बुद्धिमती (स्त्री०) धीमति, ज्ञानवती, विचक्षणा। (जयो०वृ० ९/७९)

बुद्धिमान् (वि०) धीवर। (जयो०वृ० १/४०) औत्पत्तिकी आदि बुद्धि से युक्त। अन्तरङ्ग-बहिरङ्गशुद्धिमान् धर्म्यकर्मणि रतोऽस्तु बुद्धिमान्। श्रीर्यतोऽस्तु नियमेन संवशा मूलमस्ति विनयो हि धर्मसात्।। (जयो० २/७३)

बुद्धिमदग्रेसर (वि०) विज्ञवर, विद्वान्, प्रज्ञाशील। (जयो० ३/२३)

बुद्धियोगः (पुं०) ज्ञानयोग, ब्रह्मयोग।

बुद्धिलक्षणं (नपुं०) बुद्धिमान पुरुष। (समु० १/३६)

बुद्धिविधा (स्त्री०) ज्ञानविधा, मति परम्परा। (वीरो०१४/३९)

बुद्धिविधानिधानं (नपुं०) ज्ञानविधा का केंद्र। स ब्राह्मणो बुद्धिविधानिधानः। (वीरो० १४/३९)

बुद्धिविशारद (वि०) बुद्धिमान, ज्ञानशील। (वीरो० १८/५४) अतिचतुर- व्यासर्षिणाथो भविता पुनस्ताः प्रयत्नतः सङ्कलिताः समस्ताः। यथोचितं पल्लविताश्च तेन सङ्कल्पने बुद्धिविशारदेन।। (वीरो० १८/५४)

बुद्धिवैभवं (नपुं०) ज्ञाननिधि। ०ब्रह्मचर्य।

बुद्धिवैशद्य (वि०) अनुमान आदि की अपेक्षा से पदार्थों का प्रतिभास।

बुद्धिसिद्ध (वि०) ०बुद्धि सम्पन्न, ०ज्ञान निपुण, ०जिसकी बुद्धि विपुल पदों का अनुसरण करने वाली हो, ०संशय विपर्यय और अनध्यवसाय से रहित हो, अतिशयता से युक्त हो, और जो औत्पत्तिकी, पारिणमिकी, वैनयिकी और कर्मजा के भेद से सम्पन्न हो।

बुद्धिहीन (वि०) प्रतिभाशून्य, मूर्ख, मूढ।

बुध् (सक०) जानना, समझना, ज्ञान करना।

०प्रत्यक्ष करना, देखना, अवलोकन करना।

०जागना, सचेत होना।

०संकेत करना, सीखना।

०ज्ञात करना, परिचित करना।

बुध (वि०) [बुध्+क] चतुर, विज्ञ, विद्वान्, विशारद। (सुद० ३/१७) रत्नत्रय का अनुसरण करने वाला, तत्त्वमार्गानुसारी। (जयो० ५/९१)

बुधजनः (पुं०) बुध ग्रह।

०बुद्धिमान व्यक्ति। (सुद०)

०कवि।

बुधतातः (पुं०) चंद्रमा, शशि।

बुधदिनं (नपुं०) बुधवार।

बुधरत्नं (नपुं०) मरकतमणि, पन्ना।

बुधवारः (पुं०) बुधवार।

बुधवासरः देखो ऊपर।

बुधानः (पुं०) [बुध्+आनच्] ०बुद्धिमान पुरुष, ज्ञानीजन।

०धर्मोपदेष्टा, तत्त्वमार्गोपदेष्टा।

०अध्यात्म ज्ञानदायक।

बुधित (वि०) [बुध्+क्त] जाना हुआ, समझा हुआ।

बुधिल (वि०) [बुध्+किलच्] विज्ञ, प्रज्ञाशील, ज्ञानी, मेधावी, विद्वान्।

बुध्नः (पुं०) तरुमूल, पेड़ की जड़।

०निम्न भाग।

बुन्द् (सक०) भाँपना, अवलोकन करना, ज्ञान करना।

बुन्ध् (सक०) प्रत्यक्ष करना, अवलोकन करना, देखना, समझना।

बुभुक्षा (स्त्री०) भूखा। [भुज+सन्+अ+टाप्] भूख (दयो०१८)

०तृष्णा, इच्छा, क्षुधा।

बुभुक्षित (वि०) [बुभुक्षा+इतच्] क्षुधित, भूखा, भूख से युक्त। (सम्य० ३३) (जयो० ६/१२१)

बुभुक्षु (वि०) [भुज्+सन्+उ] उपयोग की इच्छुक। (जयो० २०/३४)

०भोक्तुमिच्छु (जयो० १२/११७)

०भूखा, क्षुधित, भूख से पीड़ित।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बुभूषा (स्त्री०) [भू+सन्+अ+टाप्] होने की इच्छा।
बुभूषु (वि०) [भू+सन्+उ] ०होने की इच्छा वाला।
०बनने की इच्छा युक्त।
बुल् (अक०) डूबना, गोता लगाना।
बुलिः (स्त्री०) [बुल्+इन्] भय, डर।
बुस् (सक०) छोड़ना, त्यागना।
०उगलना, उडेलना।
बुसं (नपुं०) कूड़ा, गंदगी। बूर, भूसी।
बुस्त् (अक०) सम्मान करना, आदर देना।
बृशी (वि०) गद्दी।
बृंह् (अक०) बढ़ना, उगना।
बृंहणं (नपुं०) [बृंह्+ल्युट्] चिंघाडशब्द, तीव्र शब्द।
बृंहित (भू०क०कृ०) [बृह्+क्त] ०चिंघाड़ा हुआ, उगा हुआ, बढ़ा हुआ।
बृंहितं (नपुं०) हस्ति चिंघाड़।
बृह् (अक०) उगना, बढ़ना, फैलना।
०दहाड़ना।
बृहच्छरीर (वि०) शोभनीय शरीर। (जयो० ११/६०)
बृहत् (वि०) [बृह्+अति] ०बड़ा, विस्तृत, विशाल, महत्।
०चौड़ा, फैला हुआ, प्रशस्त।
०प्रचुर, विपुल, व्यापक, अधिक। (सुद० १/२६)
०प्रगाढ़, अत्यधिक, यथेष्ट।
०लम्बा, ऊंचा, उन्नत।
०पूर्णविकसित, सटा हुआ।
बृहत्कथाकोशः (पुं०) बृहदाख्यान, विस्तृत कथा ग्रंथ।
बृहत्काय (वि०) स्थूलशरीर, विशालदेह।
बृहत्कुक्षि (वि०) स्थूलोदर, सुंदिल, तोंदू, मोटे पेट वाला।
बृहत्केषुः (स्त्री०) अग्नि।
बृहत्गोलः (पुं०) तरबूज।
बृहत्चित्तः (पुं०) नींबू का पेड़।
बृहत्जघ (नपुं०) उन्नत जंघा।
बृहत्तरु (पुं०) अलघुवृक्ष। (जयो० १/९३)
बृहत्परिणाम (वि०) महत्भाव। (जयो०वृ०)
बृहतिका (स्त्री०) [बृहत्+ङीष्+टाप्] ०दुपट्टा, उत्तरीय वस्त्र, चादर।
०ओढ़नी, चोगा।
बृहद्गुण (वि०) विशालगुण, अच्छे भाव। (जयो० ५/२९)
बृहदाख्यानं (नपुं०) हरिषेण रचित बृहत्कथाकोश। (वीरो० १७/३९)
बृहद्विषं (नपुं०) विशाल जलराशि, अधिक जल। (वीरो०२/२४)
बृहत्मन (वि०) विशालहृदय।
बृहस्पतिः (स्त्री०) [बृहतः वाचः पति] ०देवगुरु, ०ग्रह विशेष।
बृहस्पतिवारः (पुं०) गुरुवार।
बेडा (स्त्री०) नाव, किश्ती।
बेरदलं (नपुं०) बेरी का पत्ते। (वीरो० १९/११)
बेरः (पुं०) बोर।
बेह् (अक०) उद्योग करना, चेष्टा करना, प्रयत्न करना।
बैजिकः (पुं०) मौलिक, ०गर्भविषयक।
०वीर्यसम्बन्धी।
बैजिकः (पुं०) नूतनांकुर।
बैजिकं (नपुं०) मूल, स्रोत।
बैडाल (वि०) [बिडाल+अण्] बिलाव से सम्बंधित।
बैदल (वि०) बेंत से निर्मित।
बैदलः (पुं०) एक धान्य विशेष।
बैम्बिकः (पुं०) [बिम्ब्+ठञ्] प्रेमी, कार्य में संलग्न व्यक्ति।
बैल्व (वि०) बेल से निर्मित।
बोधः (पुं०) [बुध्+घञ्] ०ज्ञान, विचार, विवेक, समझ। (जयो० २/६९, १/८५) (सम्य० ५२)
०प्रतिभा, प्रज्ञा।
०विचार, चिन्तन। (सम्य० १३६)
०शिक्षण, परामर्श-भव्यजीव प्रबोधाय बोधाय च निजात्मनः। (सम्य० १५५)
०जगना, उठना, जागृत होना।
०सचेत, जागृति।
०खिलना, फूलना, विकसित होना।
०सम्यक्ज्ञान (भक्ति० ३०) (मुनि० १४)
०आत्मपरिज्ञान-'आत्मपरिज्ञानमिष्यते **बोधः**' (पुरुषार्थ २१६)
बोधक (वि०) [बुध्+णिच्+ण्वुल्]०सूचक, शिक्षण। ०सीख देने वाला। ०अभिसूचक। ०जगाने वाला, उठाने वाला।
बोधकः (पुं०) [बुध्+णिच्+ल्युट्] ०सूचना, शिक्षण, ज्ञान।
०अध्यापन, शिक्षण।
०जागरण, चेतना, सचेत करना।
०ज्ञापित करना, प्रकट करना।
०अभिव्यक्त करना। (सुद० ९७)
बोधनदीप (वि०) ज्ञानदीप। 'लसति बोधनदीप इयान् इयतः विधि-पतङ्गगणः पतति स्वतः' (जयो० २५/६९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बोधप्रदा (स्त्री०) बोधिनी, ज्ञानदायिनी। (जयो०वृ० २/५४)
बोधयुत (वि०) ज्ञान से पूर्ण, समझ सहित। (भक्ति १)
बोधमूर्तिन् (स्त्री०) ज्ञानप्रतिमा। वन्देऽन्तिमांगायितबोधमूर्तीनुपात्त-सम्यक्त्वगुणोरुपूर्तीन्। (सम्य० ५८)
बोधिः (स्त्री०) [बुध्+इन्]०धर्म प्राप्ति, ज्ञान प्राप्ति, संबोधि।
०उचित शिक्षण, उत्तम जानकारी।
०सीख, अध्ययन 'बोधिश्च जिनशासनावबोध-लक्षणा' (जैन०ल० ८२५)
बोधिदुर्लभभावना (स्त्री०) निरंतर चिंतन करना, सम्यग्ज्ञान रूप उत्पत्ति की भावना।
०बोधिलाभ, बोधि प्राप्ति।
बोधिलाभः (पुं०) धर्म प्राप्ति, ज्ञान प्राप्ति, विवेक जागृति, चेतना प्राप्ति।
बोधिसत्त्वः (पुं०) दिव्यभाषा बोध, सम्पूर्ण प्राणियों के लिए प्रबोध।
बोलः (पुं०) बुलाना, पूत्कार करना, ध्वनि निकालना।
बौद्धः (पुं०) बौद्धधर्म, बौद्ध धर्मानुयायी।
बौद्ध (वि०) [बुद्धि+अण्] बुद्ध विषयक, बुद्धि से सम्बंधित।
बौद्धाचार्यः (पुं०) सुगत मत के आचार्य। (जयो०वृ० १८/५९)
ब्रघ्नः (पुं०) सूर्य, दिनकर।
०दिन।
०मदार स्वरूप।
०सीसा।
ब्रह्मन् (नपुं०) ब्रह्मा, हिरण्यगर्भ। (जयो०वृ० ३/७३)
०विधि। (जयो०वृ० १/३५) (वीरो० १८/१५)
०अपूर्वप्रतिभा-ब्रह्मा कोऽपि अपूर्वप्रतिभोऽसि (जयो० १६/८६)
ब्रह्मं (नपुं०) ज्ञान, ज्ञानब्रह्म, दयाब्रह्म। ब्रह्मकामविनिग्रहः'
०परमात्मा-परमब्रह्म।
०मन वचन और शरीर परित्याग भाव।
०अहिंसादि गुण।
ब्रह्मकर्मन् (नपुं०) ज्ञानक्रिया।
ब्रह्मकल्पः (पुं०) ज्ञानावधि।
ब्रह्मकाण्डं (नपुं०) ज्ञानांश।
ब्रह्मगुणं (नपुं०) ब्रह्मचर्य गुण। 'राज्ञीक्षमा ब्रह्मगुणैकनावे' (सुद० १०३)
ब्रह्मग्रन्थिः (स्त्री०) ब्रह्मगांठ, ज्ञान गांठ, बोधजन्य जोड़।
ब्रह्मग्रहः (पुं०) ब्रह्म राक्षस।
ब्रह्मघातिनी (वि०) संयमघातिनी।
ब्रह्मघोषः (पुं०) दिव्यज्ञानोद घोष।
ब्रह्मचर्यं (नपुं०) ०सतीत्व, विरति।
०इन्द्रियनिग्रह, इन्द्रिय जगज्जेतृ। (वीरो० ३७)
०कामजयी।
०कौमार्य रक्षा।
०मैथुनादिविरति।
०ब्रह्म/आत्मा में रमण करने वाला व्यक्ति। आत्मा ब्रह्म विविक्तबोधनिलयो यत्तत्र चर्यं परं स्वाङ्गासंगविवर्जितैक-मनसस्तद् ब्रह्मचर्यं। (जैन०ल० ८२६)
०उत्तमब्रह्मचर्य धर्म (जयो०वृ० २८/३९)
०ब्रह्मचर्य महाव्रत-सम्यक् प्रकार से काम चेष्टादि को जीतना।
स्त्रीरूपं न विलोकयेन्न च तया संलापमेवाचरेत्
प्राचीनां न रतिं स्मरेन्न च तनो संस्कारमत्रोद्धरेत्।
नात्रं पौष्टिकमाहरेदपि मुनिर्ब्रह्मव्रतप्राप्तये कामं
नाम तमेष विश्वजयिनं संप्राप्तयुक्त्या जपेत्।। (मुनि० ३)
०ब्रह्मचर्याणुव्रत-परस्त्री विषयक अनुराग का त्याग।
ब्रह्मचर्य आश्रमः (पुं०) वर्णी। (जयो० २/११७)
ब्रह्मचारी (वि०) ब्रह्म/आत्मसंय पालन करने वाला।
उपान्त्योऽपि जिनो बाल-ब्रह्मचारी जगन्मतः।
पाण्डवानां तथा भीष्म-पितामह इति श्रुतः।।
(वीरो० ८/४०)
ब्रह्मचर्यधर्मः (पुं०) दशधर्मों में अंतिम धर्म।
ब्रह्मचर्यप्रतिमा (स्त्री०) व्रती का कामंजस्य भोगों से विरति।
ब्रह्मपथं (नपुं०) ज्ञान व्यापार, आत्मसंयम का मार्ग- ज्ञानेनचानन्दमुपाश्रयन्तश्चरन्ति ये ब्रह्मपथं स जन्तः। (वीरो० १/६)
ब्रह्मपदैकभूमिः (स्त्री०) ब्रह्म का अद्वितीय स्थान। (वीरो० १२/४६)
ब्रह्मभावः (पुं०) ब्रह्मचर्य भाव। (जयो० १६/२१)
ब्रह्मभूयं (नपुं०) ब्रह्म की एकरूपता, परम तत्त्व की तल्लीनता।
ब्रह्ममीमांसा (स्त्री०) वेदांत दर्शन की विचारधारा का वर्णन।
०आत्मज्ञान का विवेचन।
ब्रह्ममार्गः (पुं०) उत्तम ज्ञान मार्ग। (दयो० २२)
ब्रह्मराक्षसनिवारणं (नपुं०) ब्रह्मचर्य के व्यवधान का नाश। (जयो० १९/७५)
ब्रह्मवर्त्म (नपुं०) ब्रह्ममार्ग, आत्ममार्ग, ज्ञानपथ। (वीरो०

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

१०/१४) वस्त्रेण वेष्टितः कस्माद् ब्रह्मचारी च सन्नहम्। दम्भो यन्न भवेत्किं भो! ब्रह्मवर्त्मनि बाधकः। (वीरो० १०/१४)

ब्रह्मवादः (पुं०) ब्रह्म का कथन, वेदांत कथन। (दयो० ४)

ब्रह्मवादिन् (पुं०) वेदव्याख्याता, वेदांती। (जयो०वृ० २६/९३)

ब्रह्मविद (वि०) ब्रह्मज्ञ। स ब्रह्मणो ब्रह्मविदाश्रमोऽतः (वीरो० १४/४१)

ब्रह्मविद्या (स्त्री०) ब्रह्मज्ञान, आत्मसंयम की शिक्षा। (दयो०९)

ब्रह्मवृक्षः (पुं०) ढाक वृक्ष।

ब्रह्मवेदिन् (वि०) ज्ञानतत्त्वज्ञ, आत्मतत्त्वज्ञ।

ब्रह्मव्रतं (नपुं०) ब्रह्मचर्यव्रत। (मुनि० ३)

ब्रह्मसूत्रं (नपुं०) वेदांतदर्शन का सूत्र।

ब्रह्माणी (स्त्री०) [ब्रह्म+अण्+ङीप्] ब्रह्मा की पत्नी। ०दुर्गा।

ब्रह्माण्डकः (पुं०) ब्रह्माण्ड, विश्व। (वीरो० १२/१८)

ब्रह्मिन् (वि०) [ब्रह्मन्+इनि] ब्रह्मा से सम्बंधित।

ब्रह्मि (पुं०) विष्णु।

ब्रह्मिष्ठ (वि०) [ब्रह्मन्+इष्ठन्] ब्रह्म ज्ञाता, आत्मज्ञ, ब्रह्मविद। ०तत्त्वज्ञ, विचारज्ञ।

ब्रह्मी (स्त्री०) [ब्रह्मन्+अण्+ङीप्] ब्राह्मी जड़ी बूटी, एक पौधा।

ब्रह्मेशयः (पुं०) कार्तिकेय। ०विष्णु।

ब्राह्म (वि०) [ब्रह्मन्+अण्]०वैदिक, वेदज्ञाता।
०आत्मज्ञ, ब्रह्मज्ञानी।
०ब्रह्मा, विधाता।
०विशुद्ध, पवित्र, दिव्य।

ब्राह्मं (नपुं०) वेदाध्ययन।

ब्राह्मण (वि०) [ब्रह्मं वेदं शुद्धं चैतन्यं वा वेत्यधीते वा-अण्]
०ब्रह्मज्ञान के योग्य, वेदाध्ययनशील।
०ब्राह्मण के योग्य।

ब्राह्मणः (पुं०) विप्र। (जयो० १८/१५)
०ब्राह्मण वर्ण। (जयो० १/११८) ब्राह्मणादिषु ज्ञातिषु वा (जयो०वृ० १/४८)
तपोधनश्चाक्षजयी विशोकः न कामकोपच्छल-विस्मयैकः।
शान्तेस्तथा संयमनस्य नेता स ब्राह्मणद स्यादिह शुद्धचेताः।। (वीरो० १४/३६)
कृपान्वितं मानसमत्र यस्य ब्राह्मणः सम्भवतान्नृशस्य।। (वीरो० १४/३५)
०वीरोदय महाकाव्य के चौदहवें सर्ग में ब्राह्मण, ब्राह्मणत्व आदि पर पर्याप्त प्रकाश डाला गया। (वीरो० ३४-४४)

ब्राह्मणता (वि०) ब्रह्म की विशेषता, ब्राह्मणता सत्य, अहिंसा, अस्तेय, स्त्रीपरित्याग और निःसंगता से आती है।
त्वं ब्राह्मणोऽसि स्वयमेव विद्धि,
क्व ब्राह्मणत्वस्य भवेत्प्रसिद्धिः।
सत्यावधास्तेय विरामभाव
निःसङ्गताभि, समुदेतु सा वः।। (वीरो० १४/३५)
मुखेऽहि ब्राह्मणत्वं तद्विद्यते ब्राह्मणो यदि।
तदा विप्रैर्न तत्पादौ, वन्दनीयौ प्रतिष्ठितम्।। (हित०सं० १८)

ब्राह्मणपुत्रः (पुं०) विप्रजात। (जयो.वृ० १८/१५)

ब्राह्मण-सम्पद (स्त्री०) ब्रह्म की सम्पदा। (वीरो० १४/४०)

ब्राह्मणी (स्त्री०) [ब्राह्मण+ङीप्] व्रिप स्त्री। (वीरो० १९) ब्राह्मण स्त्री।

ब्राह्मण्य (वि०) [ब्राह्मण+ष्यञ्] ब्राह्मण के योग्य।

ब्राह्ममूहूर्तः (पुं०) सूर्योदयात् पूर्वमुत्थान, प्रभातकाल से पूर्व की बेला। (जयो० १९/१)

ब्राह्मविवाहः (पुं०) अलंकृत कन्या का प्रदान करना।

ब्राह्मी (स्त्री०) [ब्राह्म+ङीप्] ०ज्ञानमूर्ति-ब्राह्मी बालिका, ऋषभ की पुत्री, जो सम्पूर्ण ज्ञान की अधिष्ठात्री थी, जिसने लिपि विज्ञान का विकास किया। (वीरो० ८/३९)
०ब्राह्मी नामक आर्या/आर्यिका जैन आर्यिका। 'ब्राह्मीदेशिमेषितं सुमतिभिस्तप्त्वा समुग्रं सती। (जयो० २८/६९)
०वाणी, भारती, सरस्वती, दिव्या।
०कथा, कहानी।
०रोहिणी नक्षत्र।
०ब्राह्मी नामक जड़ी, जिसके सेवन से बुद्धि बढ़ती है।

ब्राह्मीलिपिः (स्त्री०) ऋषभ की पुत्री द्वारा जो अक्षरादि रूप लेखन किया गया।

ब्रिटिशशासनं (नपुं०) ब्रिटेन का शासन, अंग्रेजी शासन। (जयो०वृ० १५/४१)

बुड् (अक०) डूबना, निमग्न होना। ब्रुडन्ति-बुडित्वा (जयो० २३/३०) (जयो० १५/२०)

ब्रुव (वि०) बहाने बनाने वाला।

ब्रू (अक०) कहना, बोलना। (सुद० ४/४२) (सम्य० १२४, सुद० ३/४५)

ब्रू (सक०) संकेत करना, पुकारना, सिद्ध करना। (सुद० १०२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भ

भः (पुं०) पवर्ग का चतुर्थ वर्ण, (जयो० १/३७) भकार। (जयो०वृ० १/२९) इसका उच्चारण स्थान ओष्ठ्य है।

भः (पुं०) [भा+ड]०शक्र ग्रह।
०भ्रम, भ्रान्ति।
०प्रकाश-भं प्रकाशस्द्वान सन्। (जयो०वृ० १/१५)
०आभास, चमत्कार। (जयो०वृ० ३/८८)

भं (नपुं०) ०तारा, ग्रह, नक्षत्र। (जयो० ७/७९) भानां नक्षत्राणां वनस्य स्थानाय प्रदेशे भवनप्रदेश। (जयो०वृ० १५/७३)

भक्त (भू०क०कृ०) [भज्+क्त] ०पूजित, अर्चित।
०सेवित।
०विभाजित, विभक्त, निर्दिष्ट।
०अनुरक्त, संलग्न।
०श्रद्धावान्, विश्वास युक्त, श्रद्धालु।

भक्तः (पुं०) उपासक, पूजक, आराधक।

भक्तं (नपुं०) ०भाग, हिस्सा।
०भोजन, आहार।

भक्तकथा (स्त्री०) रसनेन्द्रिय की लोलुपता सम्बंधी कथा। भोजन से सम्बंधी कथा।

भक्तपरिज्ञा (स्त्री०) तीन या चार प्रकार के आहार का परित्याग, समाधि के समय विविध प्रकार के आहार का त्याग।

भक्तपानविवेकः (पुं०) भोजन-पान का परित्याग।

भक्त-पान-संयोगः (पुं०) भोजन पान का संयोग।

भक्तप्रतिज्ञा (स्त्री०) भोजन परित्याग।

भक्तप्रत्याख्यानं (नपुं०) समाधि मरण के समय रसादिसहित आहार का परित्याग।

भक्तमण्डः (पुं०) भात का मांड। ०चावल के पकाने पर निकलने का मांड।

भक्तरोचनं (वि०) भूख को उत्तेजित करने वाला।

भक्तवत्सल (वि०) कृपालु, दयावान्।

भक्तशाला (स्त्री०) भोजनालय। ०भोजनशाला। ०आहार स्थान।

भक्तामरः (पुं०) भक्तदेव।

भक्तामरसमयः (पुं०) भक्तामर स्तोत्र-भक्तानां भक्ति। परायणानां च तेषाममराणां देवानां समयेन समूहेन। (जयो० १५/८५)

भलामरस्तोत्रं (नपुं०) आचार्य मानतुंग की प्रसिद्ध रचना, प्रथम तीर्थंकर सम्बंधी स्तोत्र आदिनाथ स्तोत्र। (जयो० १९/८५)

भक्तिः (स्त्री०) [भज्+क्तिन्] ०उपासना, आराधना।
०पूजा, अर्चना, ध्यान। (सुद० ४/३४)
०सम्मान, समादर, श्रद्धा।
०अंश, हिस्सा, भाग।
०अनुरक्ति, अनुरंजन।
०आत्मगुण तल्लीनता।
०भावविशुद्धि-'अर्हदाचार्येषु बहुश्रुतेषु प्रवचने च भावविशुद्धियुक्तोऽनुरागो भक्तिः। (त०वा० ६/२४)
०पात्रगुणानुराग।
०विनय वैयावृत्य रूप प्रतिपत्ति।
०चिद् गुणलब्धि-'नाममि तांश्चिद् गुणलब्धये तु। (भक्ति० १)
भक्ति का अर्थ अलंकरण, श्रृंगार सजावट भी है।

भक्तिगत (वि०) सेवा को प्राप्त हुआ।

भक्तिगुणं (नपुं०) श्रद्धागुण।

भक्तिचैत्यं (नपुं०) भक्तिपूर्वक चैत्यस्थापन। ०चैत्यगृह, ०आराधना कक्ष।

भक्तिभावः (पुं०) श्रद्धाभाव। आराधना गुण।

भक्तिभेदः (पुं०) भक्ति के प्रकार। सिद्धभक्ति, अरहंतभक्ति, श्रुतभक्ति, पञ्चाचार भक्ति, श्रुतभक्ति, योगिभक्ति, तीर्थंकरभक्ति, शान्तिभक्ति, समाधिभक्ति, चैत्यभक्ति, प्रतिक्रमणभक्ति, कायोत्सर्ग भक्ति आदि।

भक्तिमत् (वि०) [भक्ति+मतुप्] ०उपासक, ०आराधक, ०श्रद्धालु। ०गुणानुरागी, आत्मगुणपरायणी।

भक्तिमान् (वि०) भक्ति करने वाला। (वीरो० १५/७)

भक्तिमार्गः (पुं०) आराधना की पद्धति, उपासना की रीति।

भक्तियोगः (पुं०) आत्म समर्पण की भावना, शारीरिक आदि स्थिरता के लिए उपासना।

भक्तिल (वि०) [भक्ति+ला+क] श्रद्धाशील, विश्वासपात्र।

भक्ष् (सक०) भोजना करना, खाना, निगलना।
०उपयोग करना।

भक्षः (पुं०) [भक्ष्+घञ्] भोजन, आहार।

भक्षक (वि०) [भक्ष्+ण्वुल्] आहार करने वाला, भोजन करने वाला।
०भोजक, आहारक।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भक्षणं (नपुं०)०नक्षत्र। (जयो० २८/६) खाना, भोजन करना। (जयो० १/८७)

भक्षणीय (वि०) भोजनीय, आहारणीय। (जयो० २७/६१)

भक्ष्य (वि०) [भक्ष्+ण्यत्] खाने योग्य, आहरण योग्य, भोज्य। ०ग्राह्य।

भक्ष्यवस्तु (नपुं०) भोज्य पदार्थ। (वीरो० १९/४)

भक्ष्य (नपुं०) ग्राह्य पदार्थ भोज्य वस्तु, खाद्यवस्तु।

भगः (पुं०) [भज्+घ] ०सूर्य।
०चन्द्र, शिव।
०सुखद वातावरण, प्रसन्नता।
०इष्ट, प्रिय।
०यश, कीर्ति, श्रेय, कल्याण।
०मर्यादा, श्रेष्ठता।
०सद्गुण, नैतिकगुण, धर्मगुण। 'भगः खल्वैश्वर्यादि लक्षणः। भगोऽस्यास्तीति भगवान् ऐश्वर्यादिः (जयो० ८/८८) 'भगः समग्रैश्वर्यादिलक्षणः'
०सामर्थ्य, शक्ति।
०मुक्ति, मोक्ष।

भगं (नपुं०) उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र।

भगन्दरः (पुं०) [भग+दृ+णिच्+खच्] एक रोग, गुदा व्रण।

भगवत् (वि०) [भग+मतुप्] ०यशस्वी, प्रसिद्ध, ख्यात। ०दिव्य, श्रद्धेय, पूज्य, सम्माननीय।

भगवत् (पुं०) भगवान्, देव, देवता। (जयो० ४/८, ९/५) (सुद० २/३४)
०भगवन्त, भगवान्। (जयो० ४/४५)
०जिनदेव, जिनेन्द्र प्रभु।

भगवत् पूजा (स्त्री०) भगवान् की प्रार्थना। जिनप्रभु की अर्चना। (जयो० २/३३) ०श्रद्धा भाव।

भगवत्भक्ति (स्त्री०) भगवान् की भक्ति। ०दिव्यश्रद्धा।

भगवती (स्त्री०) सरस्वती, वाणी, भारती। (जयो० २/४१)

भगवद्विलाशः (पुं०) भगवान् ने चाहा, भगवन्त की इच्छा। (समु० ३/३६)

भगवदीयः (पुं०) भगवान्।

भगवान् (पुं०) अरहत प्रभु (वीरो०२०/२५) ०ईश्वर, स्वामी।

भगालं (नपुं०) [भज्+गलन्] कपाल, खोपड़ी।

भगालिन् (वि०) [भग+इनि] ०भाग्यशाली, सौभाग्यशील। ०ऐश्वर्य युक्त, संपन्न।

भगिन् (वि०) वैभवशाली, ऐश्वर्य सम्पन्न।

भगिनिका (स्त्री०) [भगिनि+कन्+टाप्+इत्वम्] ०बहिन, ०बेन।

भगिनी (स्त्री०) [भगिन्+ङीप्] बहिन।

भगिनीपति (पुं०) बहनोई, बहिन का पति।

भगिनीभर्तृ (पुं०) देखो ऊपर।

भगिनीयः (पुं०) बहिन का पुत्र, भांजा।

भगीरथः (पुं०) भगीरथ नृप। नयति स्म स जन्यजनो भगीरथो जह्नुकन्यकां सुयशाः। (जयो० ६/३३)

भगीरथसुता (स्त्री०) गंगा।

भग्न (भू०क०कृ०) [भञ्ज्+क्त] ०टूटा हुआ, खण्डित हुआ।
०ध्वस्त, पतित।
०पराजित, परास्त हुआ।

भग्नक्रम (पुं०) अतिक्रमण। ० पराजय।

भग्नचेष्ट (वि०) चेष्टा रहित, निराश, हताश।

भग्नजङ्घ (वि०) घायल जंघा वाला। (जयो०वृ० १/१९)

भग्नतप (वि०) खण्डित तप वाला। ०तप में बाधा युक्त।

भग्नदर्प (वि०) दर्पविहीन, क्षीण अहंकार वाला।

भग्ननिद्र (वि०) जागता हुआ, नींद से उठा हुआ।

भग्नपत्त (वि०) विदीर्ण पत्ते।

भग्नपात्र (वि०) टूटे हुए भाण्ड/बर्तन।

भग्नभुज (वि०) खंजा, भुज से रहित।

भग्नमनस् (वि०) हताश, निराश, हतोत्साही।

भग्नव्रत (वि०) व्रत में दोष लगाने वाला, व्रत में कमी करने वाला।

भग्नसंकल्प (वि०) संकल्प रहित, उत्साहहीन।

भग्नी (स्त्री०) बहिन।

भङ्कारी (स्त्री०) डांसमच्छर, गोमक्षिका।

भङ्क्ति (स्त्री०) [भञ्ज्+क्तिन्] टूटना, खण्डित होना।

भङ्गः (पुं०) [भञ्ज-घञ्] टूटना, खण्डित होना, विभक्त करना।
०विकृति। (जयो० ६/१९)
०पराभव, पराजय।
०विघ्न, बाधा, रुकावट।
०पतन, ध्वंश, नाश।
०खंड, भाग, हिस्सा।
०भाग। (जयो० २/१२९) ०विभाग, ०विकल्प।
०पटसन।

भङ्गनयः (पुं०) विभक्त होने वाले नय, विभाग युक्त नय।

भङ्गवासा (स्त्री०) हल्दी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भङ्गा (स्त्री०) पटसन।
०मादक पेय। भांग का घोट।
भङ्गिः (स्त्री०) [भञ्ज+इन्] ०विच्छेद, विभाग, खण्ड, हिस्सा।
०धारा, परम्परा।
०आभास, प्रतीति।
०प्रभाग।
०दांवपेंच, जालसाजी, धोखाधड़ी।
०भंगिमा, दृष्टि विच्छेद। (जयो०११/६)
०विभाजन।
०छटा जन्म। (जयो०वृ० ११/९)
भङ्गिन् (वि०) [भङ्ग+इनि] क्षण भंगुर, अस्थायी। ०शीघ्र खण्डित होने वाला।
भङ्गिमत् (वि०) विभाजित।
भङ्गुर (वि०) टूटने योग्य, विभाजित होने योग्य। ०कुटिल, वक्र, घुमावदार।
भज् (सक०) ०भजना, ०कीर्तन करना, ०गुणगान करना, ०स्तुति करना, ०प्रार्थना करना। (मुनि० ३४)
०स्पष्ट करना। (सुद० ११६) (जयो० १/९५)
०पाना-अमी शमीशान कृपां भजन्ति कृपामनुग्रहं भजन्ति प्राप्नुवन्ति। (जयो०वृ० १/८७)
०सेवा करना।
०वंदना करना।
०स्मरण करना, ध्यान देना। (जयो० ६/१११)
०रटना, घोंटना, थोकना (जयो० १/४८)
०प्राप्त होना, बभाज। (जयो० ५/९)
०निर्दिष्ट करना, नियत करना।
०भाग लेना, हिस्सा लेना।
०समर्पण करना।
०अभ्यास करना, अनुगमन करना।
०पालन करना, भोगना।
०उपभोग करना, रखना, अनुबन्ध करना।
०अनुभव करना, अधिहृत करना।
०आराधना करना, सत्कार करना। (सम्य० १००)
०छांटना, चुनना।
भजकः (पुं०) [भज्+ण्वुल्] वितरक, बांटने वाला।
०पूजक, अर्चक, प्रार्थक, भक्त, उपासक।
भजनं (नपुं०) [भज्+ल्युट्] ०बांटना, हिस्सा लेना, विभाजन।
०अर्चन, पूजन, वन्दन।
०योग्य, श्रेष्ठ, उचित।
०सेवा, आराधना।
भजमान (वि०) [भज्+शानच्] बांटने वाला, ०उपभोक्ता।
०यथेष्ठ, योग्य, उचित।
भञ्ज् (सक०) तोड़ना, खण्डित करना।
०चुनना, चयन करना।
०उखाड़ना, उजाड़ना।
०निराश करना, प्रयत्न व्यर्थ करना।
०पकड़ना, रोकना, ग्रहण करना।
०हराना, परास्त करना।
०उज्ज्वल करना, चमकाना।
भञ्जक (वि०) [भञ्ज+ण्वुल्] तोड़ने वाला, बांटने वाला।
०खण्डित करने वाला, उखाड़ने वाला।
भञ्जनं (नपुं०) [भञ्ज+ल्युट्] ०तोड़ना, भग्न करना, खण्ड करना।
०कष्ट देना।
०नाश करना, ध्वंश करना।
०हटाना, भगाना, दूर करना।
भञ्जन (वि०) तोड़ने वाला, खण्ड-खण्ड करने वाला, कष्ट देने वाला।
भञ्जनकः (पुं०) दांत टूटना, दांत गिरना।
भट् (अक०) पालना, पोषण करना।
०स्थिर रखना।
०भाड़े पर लेना, मजदूरी लेना।
०बोलना, बातचीत करना।
भटः (पुं०) योद्धा, सैनिक, बहादुर, वीर सिपाही। (सुद० १०५)
०भृति भोगी।
०वर्णसंकर।
भटसन्मणि (पुं०) नृप, राजा। ०अधिपति, ०भूपति।
०सेनापति।
भटाग्रणी (वि०) योद्धाओं में प्रमुख।
०वीरश्री। (जयो० ८/२४)
भट्टः (पुं०) [भट्+तन्]०विज्ञ, प्रज्ञापुरुष, विद्वान्।
०स्वामी, प्रभु।
०भाट, बन्दीजन।
भट्टमीमांसकः (पुं०) मीमांसा मत का विज्ञ पुरुष। (हित०१५)
भट्टार (वि०) [भट्टं स्वामित्वमिच्छति] श्रद्धास्पद, पूज्य।
भट्टारक (वि०) [भट्टार+कन्] श्रद्धेय, पूज्य।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०विज्ञजनों को प्रेरित करने वाला।
०पण्डितों को प्रेरित करने वाला।
०महामनस्वी, प्रभावशाली।
०शास्त्रज्ञ, कलामर्मज्ञ।
'भट्टान् पण्डितान, अरयति प्रेरयतीति भट्टारक:।' (जैन० ल० वृ० ८३३)

भट्टिनि (स्त्री०) [भट्ट+इनि+ङीप्] रानी, राजकुमारी। (समु० ३/४४) ०प्राज्ञी, ०विदुषी।
०नाटकों में दासियों द्वारा रानियों को सम्बोधन।
०उच्चपद पर प्रतिष्ठित नारी।

भट्टिनी देखो ऊपर।

भड: (पुं०) [भण्ड्+अच्] एक जाति विशेष।

भडिल: (पुं०) नेता, नायक, योद्धा।
०भृत्य, सेवक।

भण् (सक०) कहना, बोलना। बभाण। (जयो० २/१४१)
०वर्णन करना, प्रतिपादन करना। ०प्ररुपण करना। (सम्य० १३५) (सुद० ४/१४)
०कथन, प्रतिपादन, वचन।
०बोलना, कहना।
०प्रवचन। ०निरूपण। ०प्रतिपादन।

भणित (वि०) कथित, प्रतिपादित।

भणित्वा (भण्+क्त्वा) कहकर। (सुद० ७०)

भण्ड् (अक०) छिड़कना, बोलना।
०खिल्ली उड़ाना।
०व्यंग करना।
०बोलना।
०उपहास करना, मजाक उड़ाना।

भण्ड: (पुं०) [भण्ड्+अच्] ०विदूषक, भाण्ड।

भण्डक: (पुं०) [भण्ड्+कन्] खंजन पक्षी।

भण्डनं (नपुं०) [भण्ड्+ल्युट्] ०कवच, बस्तर।
०उत्पात, दुष्टता।

भण्डिल (वि०) [भण्ड्+इलच्] ०सौभाग्यशाली, सुखद, श्रेष्ठ।
०प्रसन्नता, कल्याण।

भण्डिल: (पुं०) गुप्तचर, दूत, संदेशवाहक।
०कारीगर, दस्तकार।

भदन्त: (पुं०) श्रेष्ठ, सज्जन। जैन एवं बौद्ध आगमों में सज्जनों के उद्बोधन के लिए 'भदन्त' शब्द का प्रयोग होता है।

भदाक: (पुं०) सौभाग्य, सम्पन्नता।

भद्दिला (स्त्री०) कोल्लाग ग्राम के धम्मिल्ल ब्राह्मण की भार्या। (वीरो० १४/६)

भन्दता (वि०) भला, यथेष्ठता। (सुद० ४/१४)

भभभाजनम् (नपुं०) अस्पष्टवाणी। (जयो० १६/५०)

भद्र (वि०) [भन्द्+रक्] भला, सुखद, समृद्धशाली।
०उत्तम, शिव। (जयो०वृ० १/५)
०प्रमुख, प्रधान, सर्वोत्तम, मुख्य।
०यथेष्ट, श्रेष्ठ, सहृदय।
०कृपालु, सौहार्दपूर्ण।
०अनुकूल, मंगलप्रद।
०स्तुत्य, श्लाघनीय, प्रशंसनीय।
०प्रियतम, प्यारा।
०कल्याण (सुद० १३७) शुभ, इष्ट।
०सद्धर्मशीला। भद्रेत्वमद्रेरिव मार्गरीतिं प्राप्ता किलास्य प्रगुणप्रणीतिम्। (सुद० १२१)
०भाति शोभते स्वगुणैर्ददाति च प्रेरयितुश्चित्तनिर्वृत्तिमिदि भद्र:। (जैन०ल० ८३३)

भद्रक: (वि०) ०शुभ, यथेष्ट, श्रेष्ठ।
०मंगलमय, मनोहर, रमणीय।

भद्रक (पुं०) देवदारु का वृक्ष।

भद्रकारक (वि०) मंगलप्रद। ०कल्याण कारक। ०सुखद।

भद्रकुम्भ: (पुं०) पवित्रजल का घट। ०मंगलकलश।

भद्रङ्कर (वि०) समृद्धकारी, सम्पत्ति प्रदाता।

भद्रघट: (पुं०) कल्याणकारी घट।

भद्रता (वि०) सहृदयता, लोककल्याणकारी दृष्टि वाला।
०भोलापन। मत्तोऽप्यवित्तविधिरेष मयोपकार्य: किन्नेति चेतसि स भद्रतया विचार्य। (सुद० ४/२४)

भद्रताकारी (वि०) कल्याणकारी, उपकारी।
'जयतज्जगतीत्येवमस्माकं भद्रताकारी' (वीरो० १०/२६)

भद्रतापस् (वि०) श्रेष्ठ तपस्वी। ०उत्कृष्ट तप करने वाला।

भद्रदानं (नपुं०) उत्तम दान। यथोचित पात्रदान।

भद्रदेशिका (स्त्री०) भद्र उपदेशिका। आत्मकल्याणकारी उपदेशिका। (जयो० ३६) ०प्रवचन पटु।

भद्रनामन् (पुं०) खंजनपक्षी।

भद्रपरम्परा (स्त्री०) यथेष्ट परम्परा। 'ख्यातिगतो भद्रपरम्परायां नालीकवागित्यसकौ धरायाम्। (समु० ३/२३)

भद्रपीठं (नपुं०) राजगद्दी, सिंहासन। ०सुखासन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भद्रबलनः (पुं०) बलराम। ०बलदेव।

भद्रबाहु (पुं०) एक प्रसिद्ध जैनाचार्य। 'स भद्रवाहोर्निकटे मुनिर्भवन्' (समु० ४/३१)
०श्रुतकेवली। (वीरो० २२/२)

भद्रभावः (पुं०) उत्तम भाव, श्रेष्ठ भाव। (हित० ७) प्रभोर्जन्मनि लोकानामाशयो भद्रभावभाक्। (हित० ७)
०भद्र विचार। (सुद० ११३) 'निशम्येद् भद्रभावात् स्व प्राणेश्वरभाषितम्। (सुद० ११३)

भद्रमित्र (पुं०) श्री पद्मखण्ड नगर के सुदत्त वैश्यवर एवं सुमित्रा का पुत्र। (समु० १/३०) 'श्रीभद्रमित्रो मृदुचित्तलेशः' (समु० ३/१)

भद्रमुख (वि०) हंसमुख, हर्षित वदन वाला। महोदय/महानुभाव।

भद्रमृगः (पुं०) उत्तम हस्ति। ०श्रेष्ठ जाति का हिरण।

भद्ररेणुः (पुं०) ऐरावत हस्ति।

भद्रवर्मन् (पुं०) नवमल्लिका।

भद्रशाखाः (पुं०) उत्तम टहनियां।

भद्रशील (वि०) उत्तमाचरण। (दयो० ७६) ०शुभाचरण।

भद्रश्रयं (नपुं०) चन्दन तरु।

भद्रश्रियं देखो ऊपर।

भद्रश्रीः (स्त्री०) चंदन तरु।

भद्रसालं (नपुं०) भद्रसाल नामक वन। (भक्ति०)

भद्रा (स्त्री०) [भद्र+टाप्] गाय।
०स्वर्ग गंगा।
०तिथि विशेष। भद्रानामतिथिर्द्वितीया वास्ति। (जयो० ६/८८)
०प्रभास गणधर की माता, राजगृह के राजा बल की भार्या। (वीरो० ४/१२)

भद्राकारः (पुं०) श्रेष्ठ छवि।

भद्राकृतिः (स्त्री०) मनोरम आकृति, रमणीय मूर्ति।

भद्राचरणं (नपुं०) उत्तम आचरण। ०शुभध्यान, ०उत्तम चरित्र।

भद्रात्मजः (पुं०) तलवार।

भ्रद्राप्रतिमा (स्त्री०) पूर्वादिक् में स्थित मनोज्ञ प्रतिमा। (दयो० १११)

भद्राव्याख्या (स्त्री०) सिद्धांतगत विवेचन।

भद्रासनं (नपुं०) राजगद्दी, सिंहासन। ०सुखासन।

भद्रिका (स्त्री०) [भद्रा+कन्+टाप्] ०ताबीज। ०दोयज।

भद्रिलं (नपुं०) [भद्र+इलच्] ०समृद्धि, सौभाग्य। ०कंपनशील।

भम्भः (पुं०) [भम्+भा+क] ०मक्खी। ०धुआं।

भम्मारवः (पुं०) [भम्मा+रु+अच्] गाय का रंभाना।

भयं (नपुं०) [विभेत्यस्मात्भी-अपादाने अच्] ०डर, आशंका, आतंक।
०संकट, जोखिम, खतरा।
०त्रास, व्याधि।
०भीति।
इहलोक, परलोक, वेदना, अरक्षा, अगुप्ति, मरण, अकस्मात् भय। (सम्य० १/१)

भयकारक (वि०) भयपूर्ण, कष्टदायक। (जयो०वृ० १/३५)

भयङ्कर (वि०) भयानक, कष्टदायी, संकटपूर्ण। (सम्य० १/१)
०भीतिकरी-दुःखदायिनी। (जयो० २/५९)
०दारुण-सङ्गमितोऽप्यभयंकरः। (समु० ७/२९)

भयडिण्डिमः (पुं०) युद्ध में प्रयुक्त होने वाला वाद्य, ढोल, मारूवाद्य।

भयदायक (वि०) भय उत्पन्न करने वाला, पीड़ादायक, कष्टदायक। (दयो० ५०) (जयो०वृ० ८/७)

भयद्रुत (वि०) पराजित, भागा हुआ।

भयनाशक (वि०) कष्ट को नष्ट करने वाला, पीड़ाहारक, दुःखहर्ता। (जयो०वृ० २/३१)

भयपूर्ण (वि०) भयकारक, कष्टजन्य। (जयो०वृ० १/३५)

भयप्रद (वि०) भयानक, भय उत्पन्न करने वाला, भयकारक।

भयभीत (वि०) भयाढ्य। (वीरो० ३/४) दरि, भययुक्त। (जयो०वृ० १/१९)

भयभृत (वि०) सतर्क, सावधान। (जयो० २५/८७)

भयवर्जित (वि०) भयभीति। (जयो० २/१५३)

भयविनय (वि०) अनुकूल प्रवृत्ति।

भयविप्लुत (वि०) दुःख से घिरा हुआ।

भयव्यूहः (पुं०) भयचक्र। ०कष्ट युक्त घेरा।

भयसंज्ञा (स्त्री०) भीतिरूप परिणाम, भय की अधिकता, त्रासरूप। 'भयसंज्ञा, त्रासरूपा।

भयहर (वि०) भयनाशक, कष्ट हरण करने वाला। (सुद०५/१)

भयाढ्य (वि०) भयानक, भयकारक। (सुद० १/२३) भय से आढ्य-भयभीत, भय से संयुक्त। (सुद० ७७)

भयाद्रुय (वि०) भयभीत, डरा हुआ। (वीरो० ८/४)

भयातुर (वि०) डरा हुआ, दुःख से पीड़ित। (जयो० ८/७)

भयानक (वि०) भयकारक, भयातुर। भीषण, भयजनक। (जयो०वृ० ८/६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भयानकः (पुं०) व्याघ्र।

भयान्वित (वि०) भयाक्रान्त, भय युक्त। (जयो०वृ० ६/५) भयभीत हुआ 'भया शोभया भयेन चान्विता' (जयो०वृ० ५/१००)

भयापहारिणि (वि०) भयनाशक। (जयो० २३/२)

भयालुता (वि०) भय को दूर करना। (जयो०वृ० १/२९)

भयुत (वि०) नक्षत सहित। भैर्नक्षत्रैर्युतस्य (जयो० ४/५९)

भर (वि०) धारण करने वाला, देने वाला, भरण पोषण करने वाला।

भरः (पुं०) भार, बोझ, वजन। (जयो० २/१३८)

भरक (वि०) भार स्थान। (जयो० २५/८७)

भरटः (पुं०) [भृ+अटन्] ०कुम्हार। ०कुम्भकार।
०सेवक।

भरण (वि०) परिपूरण, पूर्ति (जयो० ५/८२) निर्वाह करने वाला, आश्रय देने वाला, सहारा देने वाला, पालन-पोषण करने वाला।

भरणं (नपुं०) [भृ+ल्युट्] पालन पोषण, निर्वाह करना, आश्रय देना।
०लाना, प्राप्त करना। भारवहन, मजदूरी, भाड़ा।

भरणः (पुं०) भरणी नक्षत्र।

भरणी (पुं०) भरणी नक्षत्र।

भरण्डः (पुं०) [भृ+कण्डन्] ०प्रभु, स्वामी, नाथ। ०राजा, नृप, अधिपति।
०शासक।
०बैल, सांड।

भरण्य (वि०) [भरण+यत्] पालन-पोषण करने वाला, आश्रय देने वाला।
०मजदूरी, भाड़ा।

भरण्यभुज् (पुं०) सेवक, भृत्य, वृत्तियुक्त सेवक।

भरण्या (स्त्री०) भाड़ा, मजदूरी।

भरण्युः (पुं०) नाथ, स्वामी, प्रभु।
०चन्द्र, ०सूर्य, ०अग्नि।
०मित्र, ०प्ररक्षक।

भरतः (पुं०) [भरं तनोति तन्-ड] ऋषभदेव का ज्येष्ठ पुत्र भरत। (जयो०वृ० १/६६) मरुदेवी रानी का पुत्र। प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के सौ पुत्रों में प्रथम पुत्र भरत है, जो षट्खण्डाधिपति चक्रवर्ती हुए। (जयो० ३/८८) भारतवर्ष का इन्हीं से पड़ा।
०शकुन्तला और दुष्यन्त पुत्र भरत।
०भरतमुनि, नाट्यशास्त्र के प्रणेता।
०नक्षत्र।
०अग्नि।
०चमत्कार युक्त रत्न। (जयो०वृ० १/८८)

भरतखण्डं (नपुं०) भारतवर्ष।

भरतज्ञ (वि०) नाट्यशास्त्रज्ञ।

भरतचक्रवर्तिन् (पुं०) भरत चक्रवर्ती ऋषभपुत्र भरत, जिन्होंने षट्खण्ड विजय के उपरांत चक्ररत्न को प्राप्त किया किया था।

भरतनन्दनः (पुं०) भरतपुत्र, अर्ककीर्ति। (जयो० ७/१७) (जयो० ३/५२)

भरतपुत्रः देखो ऊपर।

भरतभूपतुज (पुं०) भरत राजा का पुत्र अर्ककीर्ति। (जयो० ४/१७) भरतभूपस्य तुजं पुत्रमर्ककीर्तिम्' (जयो० ४/१७)

भरतवन्दनश्चक्रबन्धः (पुं०) एक छन्द भक्तानामनुकूल-साधनकरं वीक्ष्यार्हतां संस्तवं रङ्गत्तुङ्ग-तरङ्ग- भृदघनवने पोतोयमं प्रीतिदम्। तस्मिंस्तिग्मकरोदये च न इहास्त्वन्तस्त-मोनाशनं नर्मारम्भकसारमद्भुतगुणं वन्दे सदङ्गं पुनः।। (जयो० २०/८९) इसका विशेष अध्ययन-डॉ० किरण टण्डन के द्वारा प्रतिपादित शोध ग्रंथ महाकवि ज्ञानसागर के काव्य एक अध्ययन पृ० ३५० देखा जा सकता है।

भरतवर्षः (पुं०) भारतवर्ष।

भरत-सम्राडात्मजत्व (वि०) भरत सम्राट् के पुत्रत्व को प्राप्त हुआ। (जयो०वृ० ७/८)

भरताङ्गभू (पुं०) ०अर्ककीर्ति भरत के अंग से उत्पन्न। ०भरतात्मज अर्ककीर्ति। (जयो०वृ० ७/१२)

भरतात्मजः (पुं०) अर्ककीर्ति। (जयो० ९/२१२)

भरतानीकः (पुं०) भरत की सेना, सम्राट् चक्रवर्ती भरत का सैन्यदल। (जयो० १३/५३)

भरतान्वयचन्द्रः (पुं०) कुलेन्दु, भरत पुत्र अर्ककीर्ति। (जयो०वृ० ७/१३)

भरताधिपः (पुं०) भारतदेश का चक्रवर्ती ऋषभपुत्र भरत। 'भरतमात्रस्य अधिपतेर्नेता इयानेव' (जयो०वृ० ६/११५)

भरताभिधानं (नपुं०) भरत नाम। (सुद० १/१३)

भरतेशः (पुं०) भरत चक्रवर्ती, भारत का अधिपति।

भरतेशतुक् (पुं०) अर्ककीर्ति। भरतेशस्य तुक्-कुमारः (जयो० ६/१४) (जयो० ४/५०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भरतेशसुतः (पु०) अर्ककीर्ति।

भरद्वाजः (पुं०) एक ऋषि, सप्त ऋषियों में प्रसिद्ध एक ऋषि।

भरित (वि०) [भर+इतच्] भरण-पोषण युक्त, पालन-पोषणा किया गया।
०भरा हुआ, परिपूर्ण।

भरिन् (वि०) भार वाहक। (जयो०वृ० २/२९)

भरुः (पुं०) [भृ+उन्] प्रभ। स्वामी, नायक, अधिपति।
०पति। 'भरुणां भर्तृणां मध्ये स्थिताभिस्तरुणिभिस्तुल्याः' (जयो० १४/२१) भरु-भर्तरि-काञ्चने इति विश्वलोचनः। (जयो०वृ० १४/२१)

भरुक्त (वि०) सुवर्णघटित 'भरुणोक्तेः सुवर्णघटितैरथ च' (जयो०वृ० १७/७)

भरुजः (पुं०) ['भ' इति शब्देन रुजति-भ+रुज्+क] गीदड़।

भरुटकं (नपुं०) [भृ+उट+कन्] तला हुआ मांस।

भरुत्सख (वि०) मोम सदृश। भरुत्सखममुं मत्वा तस्या मदनवन्मनः। नरतः स्थातुं शशाकेदं मनागप्युचितस्थले।। (सुद० ७६)

भरुस्तभमयी (वि०) सुवर्णस्तम्भमयी (जयो० ११/१९) 'भरोः सुवर्णस्य स्तम्भमयी' (जयो०वृ० ११/१९)

भर्गः [भुज्+घञ्] शिव।

भर्ग्यः (पुं०) [भृज्+ण्यत्] शिव।

भर्जनं (नपुं०) [भृज्+ल्युट्] तलना, भूनना।

भर्जन (वि०) भूनने वाला, तलने वाला, पकाने वाला।

भर्तृ (पुं०) [भृ+तृच्] पति, भर्ता। (जयो० २/१५०) (सुद०)
०वल्लभ, प्रिय। (जयो० १/११)
०स्वामी, प्रभु, महत्तर।
०सेनापति, नेता, रक्षक। (जयो० २३/७६)
०भरण-पोषणकर्ता।

भर्तृदारकः (पुं०) युवराज, राजकुमार।

भर्तृदारिका (स्त्री०) युवराज्ञी।

भर्तृव्रतं (नपुं०) पातिव्रत, पतिभक्ति, पतिपरायणता।

भर्तृशोकः (पुं०) पति की मृत्यु पर शोक।

भर्तृहरि (पुं०) एक राजा। वैराग्य शतक एवं शृंगार शतक के कर्ता संस्कृत काव्यकार।

भर्त्स् (सक०) धमकाना, डराना, झिड़कना, व्यंग करना।

भर्त्सक (वि०) [भर्त्स्+ण्वुल्] धमकाने वाला, डराने वाला।
०अभिशाप।

भर्म (नपुं०) भाड़ा, किराया, मजदूरी, पारश्रमिक। (सम्य०२५)

भर्मन् (नपुं०) [भृ+मनिन्] ०सहारा, संधारण, आश्रय, आधार।
०मजदूरी, भाड़ा।
०सोना।
०सोने का सिक्का।
०नाभि।

भल् (सक०) देखना, अवलोकन करना, प्रत्यक्ष करना, निगाह डालना।

भलल् (सक०) ०घायल करना।
०वर्णन करना, बोलना।
०चोट पहुंचाना।

भल्लः (पुं०) एक अस्त्र, भाला, जिसमें अग्रभाग पर लोहे का तीखा गोल एवं नुकीला होता है, जो व्यक्ति की ऊंचाई बराबर या इससे बड़े बांस में निबद्ध होता है।
०भालू, रीछ।

भल्लकः (पुं०) भालू, रीछ।

भल्लातः (पुं०) [भल्ल्+अत्+अच्] भिलावे का पौधा।

भल्लुकः (पुं०) [भल्ल्+ऊक्] रीछ, भालू।

भव (वि०) [भवत्यस्मात्-भू-अपादाने अप्] उत्पन्न, जन्म लेता हुआ, उदित हुआ।
०अवतरित हुआ, आया हुआ।

भवः (पुं०) होना, उत्पत्ति, सत्ता।
०जन्म, उत्पत्ति, प्रसूति। (जयो०वृ० २३/७५)
०स्रोत, मूल। (सम्य० १२५/८०)
०संसार।
०रुद्र। (जयो० १/१५)

भवक्षितिः (स्त्री०) जन्म स्थान, उत्पत्ति स्थान।

भवक्षिद् (वि०) संसार नाशक।

भवछेदः (पुं०) पुनर्जन्म रोकना।

भवच्छिद (वि०) संसार विनाश। (जयो० २५/१)

भवत् (वि०) [भू+शतृ] होने वाला, घटित होने वाला। (जयो० ४/१२)
०आप, तुम, समादर के लिए प्रयुक्त शब्द (सुद० ९८) भवता भवता प्रणायकेन (जयो० १२/४६) 'भो सुभद्र भवतामधिवेशः' (जयो०वृ० ४/३६) भवान्निति (सुद०९९)

भवतः (वि०) भवशब्दात्तसिल् प्रत्यय इति विश्वलोचनः। (जयो० १८/१७) आपका।

भवतरू (पुं०) संसार रूपी वृक्ष। (भक्ति० ७)
भवति-भवतीति भवच्छब्दस्य सप्तम्येकवचन भवति-'नहि भवति भवति मदनः' (जयो० ६/८७)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भवता (स्त्री०) आपकी। (सुद० १२४)
भवतात् (वि०) प्रशंसनीय। (सुद० १/९)
भवतादृशी (वि०) आप जैसी। (समु० ७/१९)
भवती (स्त्री०) [भू+शतृ+ङीप्] आपकी, तुम्हारी। (समु०३/१४)
भवतोचित (वि०) आपके लिए उचित, उसके अनुकूल। (सुद० ११०)
भवदीय (वि०) आपश्री का, आपका, (सुद० २/१४) (पुं०) महोदय का, भवन्धी का पति। (दयो०१०)
भवदीयपादाः आपके चरण।
भवदेवः (पुं०) भवश्री का पति। (दयो० १०)
भवनं (नपुं०) [भू+ल्युट्] ०घर, आवास, निवास।
०स्थान।
०मकान, इमारत।
भवनपतिः (पुं०) गृहपति, मालिक, गृहस्वामी।
भवनप्रदेशः (पुं०) शय्यागार प्रदेश। भवनस्य शय्यागारस्य प्रदेशे।
०भव-वन-प्रदेश। नक्षत्रों के स्थान स्वरूप आकाश प्रदेश। 'भानां नक्षत्राणां वनस्य स्थानस्य प्रदेशे' (जयो०वृ० १५/३७)
भवनस्वामिन् (पुं०) गृहपति, घर का मालिक।
भवनोदरं (नपुं०) गृह का मध्यवर्ती भाग, आंगन।
भवन्तः [भू+शतृ+घञ्] आप सब, इस समय में।
भवन्ती (भू+शतृ+ङीप्)आपकी, गुणवती स्त्री।
भवनवासी (पुं०) देव विशेष, भवनों में निवास करने वाले देव।
भवभृत् (पुं०) संसारी जन। (जयो० २/३१) 'भवं विभ्रतीति भवभृतः सांसारिकजनाः'।
भवपरिवर्तनं (नपुं०) संसार परावर्तन, चतुर्गतिभ्रमण।
भवपात (वि०) संसार लोप।
भवप्रत्यय अवधिज्ञान (नपुं०) नरकादि की उत्पत्ति का कारणभूत ज्ञान।
भवभूति (पुं०) संस्कृत का एक कवि।
भवभाजा (पुं०) संसारोत्पत्ति। (सुद० ११२)
भवभयस् (वि०) संसार नाशक। (सुद० ५/१)
भवमरण (नपुं०) आयु क्षीण होना।
भवरुद् (पुं०) अन्तिम समय में बजने वाला ढोल।
भवलोकः (पुं०) नरक, तिर्यंच, देव और मनुष्य लोक।
भवविरक्त (वि०) संसार से विमुख। (समु० ३/१)
भवविचयः (पुं०) दुःख रूप चिंतन।
भवविपाकः (पुं०) अपने योग्य फल देना।
भवविमोचक (वि०) प्राणविघात।
भवश्री (स्त्री०) शिंशपावासी मृगसेन धीवर की माता।
भवसंभवनार्ति (स्त्री०) संसार के दुःख के व्याकुल। दुःखी, आर्त युक्त। (समु०)
भवस्तलं (नपुं०) भूतल। (सुद० ३/१८)
भवस्थ (वि०) संसार स्थित।
भवस्थितिः (स्त्री०) संसार स्थिति,
०आयुविषयक स्थिति।
भवस्मृतिः (स्त्री०) जातिस्मरण। (जयो० २३/४६)
भवातिग (वि०) वीतरागः सांसारिक जीवन पर विजय प्राप्त करने वाला, वीतरागी।
भवान् ( ) आपका, आप, तुम्हारा। भुवि भवान् विभविष्यति भो भवान् विपदगाः पद गास्तु वयं नवाः' (सुद० ३/३१) (जयो० ९/११)
भवानि (पुं०) ज्योतिषि। (सुद० १/२१)
भवानी (स्त्री०) पार्वती, गौरी।
भवानुगामी (वि०) अन्य भव में उत्पन्न होने वाला।
भवान्तक (वि०) जन्म जरा-मृत्युनाशक। 'भवस्य जन्म-मरणात्मकस्य संसारस्य अन्तकाः नाशकाः भवन्तीति परिहारः' (जयो०वृ० १/९४)
भवान्तरं (नपुं०) ०पुनर्जीवन, ०पुनरागमन, ०अन्यज्जन्म। (जयो० २३/३३)
भवान्तरारिः (पुं०) पूर्वानुबद्ध वैरी। (जयो० २३/७०)
भवान्ध (वि०) सब/संसार रूपी अंधा। (सुद० २/४७)
भवान्धु (स्त्री०) भवकूप, संसारगर्त। (सुद० १/३)
भवान्धुगर्तः (पुं०) संसार रूप अंधकूप। (समु० १/३)
भवांस्तु (अव्य०) आप तो हैं। (सुद० ११३)
भवादृश (वि०) आप जैसा दिखाई पड़ने वाला। (जयो० ३/३३) (जयो० २६/३७)
भवाब्धिः (पुं०) संसार समुद्र। (सु० २/३१) (भक्ति० १)
भवाब्धितीरः (पुं०) संसार समुद्र रूपी तट। (सुद १/१)
भवाभिय (वि०) संसार जयी-भवात् संसारान्नास्ति भीर्यस्यतं भवाभियं लोकविजयिनं जिननाथ। (जयो० १९/४७)
भवाम्बुधिः (स्त्री०) संसार समुद्र। (समु० ४/२०)
भवारण्यं (नपुं०) संसार रूपी जंगल।
भवार्णवं (नपुं०) संसार समुद्र।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भवार्णवसेतु (पुं०) संसार पार हेतु पुल। (जयो० २/१०१)

भविक (वि०) दाता, उपयोगी।

भविकं (नपुं०) कल्याण, सुख, आनंद।

भवितव्य (वि०) [भू+तव्यत्] घटित होने वाला, घटित होना चाहिए। ०होनहार।

भवितव्यता (स्त्री०) [भवितव्य+तल्+टाप्] ०अनिवार्यता, होनी। ०भाग्य, प्रारब्ध।

भवितृ (भू+तृच्) भावी, होने वाला। भोक्तुं गता (जयो० १४/३, जयो० ११/२३)

भवित्री देखो ऊपर।

भविन् (भू+इनि) भविष्यत् (जयो० १०/११९) ०छद्मस्थ जीव भविनां छद्मस्थानां स्थानां वरो विधिः। (जयो० २/८४)

भविनः (पुं०) कवि।

भविलः (पुं०) प्रेमी, लम्पट, कामी।

भविष्णु (वि०) [भू+इष्णुच्] होने वाला।

भविष्य (वि०) [भू+लृट्+स्य+शतृ] भावी, भविष्य सम्बंधी, आगे आने वाला।

भविष्यं (नपुं०) भावीकाल, उत्तरकाल।

भविष्यकालः (पुं०) आगामी काल, अनागत काल। (जयो०वृ० १२/७३)

भविष्यज्ञानं (नपुं) आगामी काल सम्बंधी ज्ञान।

भविष्यत् (वि०) [भू+लृट्+स्य+शतृ] आगामी काल सम्बंधी।

भविष्यत्कालः (पुं०) आगामी काल, आगे बताने वाला समय। भविष्यतीति भविष्यत्। (धव० १३/२८६)

भवोच्छेदक (वि०) जन्म-मरण नाशक। (जयो० २३/७५)

भवोदधिः (पुं०) संसार समुद्र। (भक्ति० २)

भव्य (वि०) [भू+यत्] ०श्रेष्ठ, उन्नत, उत्तम, उचित, आनन्दप्रद।
०उपयुक्त, अच्छा, बढ़िया।
०मनोरंजक। (सुद० १/५) विद्यमान।
०पवित्र (समु० १/४)
०मनोहर, रमणीय, सुंदर। (जयो० १०/८५)
०अनुपम, यथेष्ट, समीचीन।
०अति मनोहर। (जयो० ३/७७)
०उत्कृष्ट।
०दिव्य। (जयो०वृ० २/४०)
०सौम्य, शांत, मृदु।

भव्यः (पुं०) भव्य जीव, निकट भविष्य में मुक्ति को प्राप्त होने वाला जीव। (वीरो० १४/२९)
०सम्यग्दर्शनादि भाव से जो मुक्त होंगे-'सम्यग्दर्शनादिभिर्व्यक्तिर्यस्य भविष्यतीति भव्यः' (स०सि० ८/६) महिमा यस्य भो भव्या ललामामादूरगः। (सुद० १३६)

भव्यं (नपुं०) अनागत, भविष्यत्काल।
०परिणाम, फल समृद्धि।

भव्यकर (वि०) उत्तम कारण करने वाला।

भव्यकार्य (वि०) यथेष्ट कार्य, उचित काम।

भव्यकौमुदी (स्त्री०) सुंदरता युक्त चांदनी।

भव्यगात्रं (नपुं०) सुंदर शरीर।

भव्यगेहं (नपुं०) उत्तम प्रासाद, उन्नत गृह।

भव्यचातकः (पुं०) श्रेष्ठ पपीहा। (समु० ५/२७)

भव्यचेतस् (वि०) भक्त, गुणग्राही व्यक्ति। (जयो० २/२९) ०भव्यजन, सज्जन।

भव्यजनः (पुं०) सज्जन। (भक्ति० १) ०भव्यजीव।

भव्यजन्मन् (नपुं०) अच्छी पर्याय। ०उत्तम योनि।

भव्यजातिः (स्त्री०) उत्तम जाति, श्रेष्ठ जाति। ०उत्तम कुल में उत्पत्ति।

भव्यतम (वि०) उत्तम से उत्तम। (सुद० २/३१)

भव्यतापस् (वि०) उत्कृष्ट तपस्वी।

भव्यदिवाकरः (पुं०) अरुणोदय, सूर्योदय, प्रभातकाल का सूर्य।

भव्यद्रव्यं (नपुं०) उत्तम वस्तु।

भव्य पयोरुहः (पुं०) सज्जन रूपी कमल। 'भव्यानि मनोहराणि च तानि पयोरुहाणि (जयो०वृ० १/९६)

भव्यभावः (पुं०) पवित्रम, पवित्र परिणाम। (जयो०वृ० २/६७) ०उचित भाव। ०सम्यक् भाव।

भव्यभ्रमरः (पुं०) आनंदप्रद भ्रमर। (समु० १/४)

भव्यमिलिन्दः (पुं०) हर्ष से परिपूर्ण भौंरे। भव्यभ्रमर (समु०१/४)

भव्यरत्नं (नपुं०) अनुपम रत्न।

भव्यरथः (पुं०) सुंदर वाहन, अच्छा रथ।

भव्यव्रतं (नपुं०) दिव्य व्रत, परमार्थ साधक व्रत। (सुद०२/३१)

भव्यशरीरं (नपुं०) दिव्यतनु। (जयो०वृ० २/४०) भव्यो योग्यः, मंगलपदार्थं ज्ञास्यति यो न तावद्विजानाति स भव्य इति तस्य शरीरं भव्यशरीरम्। (जैन०ल० ८३९)

भव्यसिद्ध (वि०) भविष्य में मुक्त होने वाला सिद्ध/मुक्त।

भव्यस्पर्शः (पुं०) इच्छित स्पर्श। ०अनुपम स्पर्श।

भव्यात्मन् (पुं०) भव्यजीव। (सुद० ४/३९, मुनि० १)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भव्याम्बुजं (नपुं०) भव्य कमल। (भक्ति० २१)
भव्योत्तम (वि०) भव्यों में श्रेष्ठ। (वीरो० २०/२२)
भष् (अक०) भौंकना, गुर्राना।
०झिड़कना, डांटना, फटकारना, धमकाना।
भषः (पुं०) [भेष्+अच्] श्वान, कुत्ता।
भषकः (पुं०) ०श्वान, ०कुत्ता।
भषणः (पुं०) [भष्+घञ्] कुत्ता।
भषणं (नपुं०) [भष्+ल्युट्] ०भौंकना, गुर्राना।
०कथन, बोलना।
भस् (अक०) कहना, बोलना। (जयो० १२/२०)
भसद् (पुं०) [भस्+अदि] ०सूर्य। ०दिनकर।
०बत्तख।
०समय। ०उचित काल।
०डोंगी।
०योनि।
भसन् (नपुं०) [भष्+ल्युट्] मधुमक्खी।
भसन्तः (पुं०) काल, समय।
भसित (वि०) [भस्+क्त] भस्म से निर्मित हुआ।
भस्त्रका (स्त्री०) धौंकनी, मशक, चमड़े की थैली।
भस्त्रा (स्त्री०) वायुसंवर्द्धिनी, धौंकनी। (जयो०वृ० ११/६८)
भस्थानं (नपुं०) नक्षत्रस्थान। (जयो० १५/५४) भवर्ग। (जयो०वृ० १/३७)
भस्मकं (नपुं०) [भस्मन्+कन्] स्वर्ण, रजत।
०भस्मक व्याधि, जिसमें भूख की तीव्रता बनी रहती है।
भस्मकरुज् (नपुं०) भस्मक व्याधि। (जयो० २/६३)
भस्मकला (स्त्री०) नाशविधि। (समु० ७/३) ०चूर्ण बनाने का पद्धति।
भस्मन् (नपुं०) [भस्+मनिन्] ०राख (जयो० २/७७)
०नाश, समाप्ति, क्षय। (जयो० २/११६) भस्मसात् करोति। (जयो० ६/२९)
भस्मकारः (पुं०) धोबी।
भस्मकूटः (पुं०) राख समूह, राख का ढेर।
भस्मगंधा (स्त्री०) राख की गंध।
भस्मतूलं (नपुं०) कुहरा, हिम, वर्ष।
भस्मरोगः (पुं०) भस्मक व्याधि।
भस्मवस्तु (नपुं०) छिन्न-भिन्न वस्तु।
०क्षीण होने वाली वस्तु। (सुद० २/४०)
भस्मवेधकः (पुं०) गन्धी, कपूर।
भस्मव्याधिः (स्त्री०) भस्मक रोग।
भस्मसात् (अव्य०) [भस्मन्+साति] राख की स्थिति में।
भस्मस्नानं (नपुं०) राख का लेप।
भस्माधिकारी (वि०) विभूतिमान। भस्म को/राख को लपेटने वाला। (जयो०वृ० ६/२९)
भस्मीभावः (पुं०) क्षीणभाव, हीन परिणाम। (जयो०वृ० १/४६)
भस्मीभूत (वि०) दग्ध। (जयो०वृ० ५/२५) विदग्ध (जयो०वृ० १२/७०)
०जला हुआ।
भा (अक०) ०चमकना, ०देदीप्यमान होना, ०शोभित होना, ०स्वच्छ होना। (वाभौ सुशोभित जयो० ३/१०३) व्यभात्। (जयो० ३/८८) भास्यति (जयो० ३/६७)
०प्रतीत होना, आभास होना। (सुद० १००)
०सुहाना, अच्छा लगना-भाति लब्धविषय व्यवस्थिति (जयो० २/२)
०प्रिय लगना। भातु (सुद० १/३३)
०दिखाई देना, प्रकट होना।
०प्रगति करना, उन्नति करना।
भा (स्त्री०) [भा+अङ्+टाप्] ०दीप्ति-'दीप्तौ च स्थानमात्रे भा इति' विश्वलोचनः (जयो० २४/१२)
०प्रभा। (जयो०वृ० १/२)
०प्रकाश, आभा, शोभा, कान्ति। भानां शोभामान् (जयो० ११/९३)
०सौंदर्य, रमणीयता।
०छाया, प्रतिबिम्ब, परछाई।
०नक्षत्र, तारा। भानां नक्षत्राणाम्। (जयो० ११/९३)
भाक्त (वि०) [भक्त+अण्] ०पराश्रित, पराधीन।
०दूसरे पर आश्रित, दूसरे से भोजन प्राप्त करने वाला।
०सेवा के लिए, भोजन योग्य।
भाक्तिक (वि०) [भक्त+ठक्] अनुजीवी, पराश्रयी।
भाक्तिकजनः (पुं०) अनुजीवी लोग, भक्ति करने वाले लोग। (वीरो० २१/२२)
भाक्ष (वि०) [भक्षा+अण्] उदर, पेट, भोजनभट्ट।
भागः (पुं०) [भज्+घञ्] भाग, हिस्सा, अंश, प्रभाग, अंशदान, (सुद० १/१३)
०वितरण, विभाजन, नियतन।
०भाग्य, किस्मत।
०किसी वृत्त की परिधि का घात या अंश।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०राशिचक्र का तीसवां अंश।
०लब्धि, कक्ष, अन्तराल।
०स्थान, क्षेत्र। (सम्य० १३९)
भागकल्पना (स्त्री०) अंश विभाजन।
भागकारिणी (वि०) सौभाग्य शालिनी।
भागजाति (स्त्री०) भिन्न राशियों को घटाकर हर समान करना।
भागधेयं (नपुं०) खण्ड, अंश, हिस्सा।
०भाग्य, प्रारब्ध।
भागभाज् (वि०) हिस्सेदार, भागीदार।
भागभुज् (वि०) नृप, अधिपति।
०स्वामी, नायक।
भागवत (वि०) पवित्र, पुष्करशील, शुद्ध।
भागवती (स्त्री०) सौभाग्यशलिनी। (जयो० ६/७४)
भागशस् (अव्य०) [भाग+शस्] अंशानुसार, खण्ड रूप में।
भागहरः (पुं०) उत्तराधिकारी।
०भाग देना।
भागिक (वि०) [भाग+ठन्] खण्ड से सम्बन्धित, अंश बनाने वाला, भिन्न संबंधी।
०सौ में से एक भाग एक प्रतिशत।
भागिन् (वि०) खण्ड से युक्त, अंशदान वाला, हिस्सेदार। (वीरो० १७/४१)
०सम्बंधित, ग्रस्त।
०भाग्यवान, सौभाग्य शाली, भाग्यशालिन्। (जयो०१२/२७)
भागिनेयः (पुं०) [भगिनी+ढक्] भानजा, बहिन का पुत्र।
भागिनेयी (स्त्री०) भानजी।
भागीरथी (स्त्री०) [भागीरथ+अण्+ङीप्] गंगा नदी। (जयो०वृ० ९/६७)
भाग्यं (नपुं०) [भज्+ण्यत्] ०पुण्योदय-'स्वागतमिह भवतां खलु भाग्यान्नि: स्वागत-गणना अपि चाज्ञा। (जयो० १२/१४३)
०प्रारब्ध, दैवयोग। (सम्य० ४३) 'भाग्येन तेनास्तु समागमोऽपि' (सुद० २/२२)
०सौभाग्य, विशेष कृपा। (सुद० ९८)
०समृद्धि, सम्पन्नता। (सुद० १२४)
०आनन्द, कल्याण।
भाग्यक्रमः (पुं०) दैव गति, भाग्यचक्र।
भाग्यवत (वि०) सौभाग्य को प्राप्त हुआ।
भाग्यगतिः (स्त्री०) प्रारब्ध की अवस्था, प्रारब्ध का परावर्तन।
भाग्यचक्रं (नपुं०) भाग्यक्रम, प्रारब्ध का परावर्तन।
भाग्यज्योति (स्त्री०) आनन्द ज्योति।
भाग्यदायी (वि०) सौभाग्य शाली।
भाग्यदिवाकरः (पुं०) दैव सूर्य। (जयो०वृ० २६/४३)
भाग्यपथं (नपुं०) आनंद मार्ग। कल्याणपथ।
भाग्यपूर्णः (पुं०) सौभाग्य युक्त। 'तारुण्यपूर्णामिह भाग्यपूर्णाः' (वीरो० ९/३१)
भाग्यप्रतीतिः (स्त्री०) समृद्धि का आभास, अच्छाई का ज्ञान। (जयो० ८/८५)
भाग्यबलः (पुं०) दैव योग। (दयो० १००)
भाग्ययोगः (पुं०) दैव योग, कल्याण का समागम।
भाग्यबल्ली (स्त्री०) भाग्य लता। (जयो० ४/४३)
भाग्यवितस्ति (स्त्री०) भाग्य विस्तार, प्रारब्ध की व्यापकता। (जयो० ४/४७)
भाग्यविधि (स्त्री०) दैवविधान। (वीरो० ५/४)
भाग्यविप्लवः (पुं०) दुर्भाग्य, सौभाग्य हीन।
भाग्यानुकूलः (पुं०) सौभाग्यशील, भाग्यानुसार। (समु० १/३२) निज प्रयत्नेन तदेक नाम भाग्यानुकूलं द्रविणं श्रयामः। (समु० १/३२)
भाग्योदयः (पुं०) शुभयोगवश। (जयो०वृ० २३/३०)
०प्रारब्ध की प्रतीति। (दयो० ११५)
०पुण्यपरिणाम (जयो० १/१०६) भाग्योदयाच्चकास्तीति स पार्णो मे महामणिः। (जयो० १/१०६)
०भाग्यवश (सुद० ९८)
भाङ्ग (वि०) [भङ्गा+अण्] पटसन से निर्मित, सन का बना हुआ।
भाङ्गकः (पुं०) जीर्ण शीर्ण वस्त्र, चिथड़ा।
भाङ्गीनं (नपुं०) [भङ्गाया भवनं क्षेत्र-खञ्] सन का खेत।
भाज् (सक०) बांटना, वितरित करना।
भाज् (वि०) [भाज्+क्विप्] ०हिस्सेदार, सहभागी, सहयोगी।
०उपयोग करने वाला।
०अधिकार करने वाला, प्राप्त करने वाला।
०भावुक, सचेतन, अनुरक्त।
०आवासी, निवासी।
०आश्रय लेने वाला, खोजने वाला।
०पूजा करने वाला, स्तुति वाला।
०कर्त्तव्यशील।
भाजकः (पुं०) [भाज्+ण्वुल्] बांटने वाला, विभाजक।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भाजनं (नपुं०) [भाज्यतेऽनेन-भाज्+ल्युट्] ०बांटना, विभाग करना, हिस्सा करना।
०पात्र, बर्तन, प्याला (जयो० ८/३८) 'उद्भवेत् सममरिक्त भाजनस्तद्धि संग्रहणता गृहीशिनः। (जयो० २/१०७)
०थाल, स्थाली, थाली। (जयो०वृ० १५/२९)
०आधार, आश्रय, ग्रहण।
०योग्य पदार्थ, योग्य व्यक्ति।

भाजित (वि०) [भाज्+क्त] विभाजित, हिस्सा किया हुआ, खण्डित किया गया।

भाजी (स्त्री०) दलिया, भात, आधुनिक प्रचलित तरकारी, शाक-सब्जी।

भाज्य (वि०) [भाज्+ण्यत्] हिंसा, अंश, लाभांश।

भाटं (नपुं०) [भट्+ण्वुल्] भाड़ा, मजदूरी।

भाटकं (नपुं०) भाड़ा, मजदूरी।

भाटकजीविका (स्त्री०) भाड़े से आजीविका करना, बैल, ऊंट, भैंसा आदि को भाड़े पर चलाकर आजीविका करना।

भाटिः (स्त्री०) [भट्+णिच्+इञ्] भाड़ा, मजदूरी।

भाटीकर्मन् (नपुं०) भाड़े से आजीविका करना। किराए पर घोड़ा, बैल आदि चलाकर आजीविका करना।

भाट्ट (वि०) भट्टमत का अनुयायी। कुमारिल भट्ट द्वारा प्रतिपादित मीमांसादर्शन का अनुयायी।

भाणः (पुं०) [भण्+घञ्] नाटक का पात्र।

भाणकः (पुं०) उद्घोषक, वाचक।

भाण्डं (नपुं०) [भाण्ड्+अच्] ०पात्र, बर्तन, बासन, थाल।
०संदूक, पेटी।
०यंत्र।
०संगीत उपकरण।
०सामान, वस्तुएं, मांस।
०सम्पत्ति, निधि धन-धान्य।
०भण्डार, संचयकेन्द्र, संचयशाला।

भाण्डपतिः (पुं०) सौदागर। ०वस्त्र आदि का व्यापारी।

भाण्डपुरः (पुं०) नाई।

भाण्डप्रतिभाण्डकं (नपुं०) विनिमय, क्रय-विक्रय, आयात-निर्यात।

भाण्डभरकः (पुं०) बर्तन की वस्तु, पात्र में रखी गई वस्तु।

भाण्डमूल्यं (नपुं०) बर्तन की कीमत।

भाण्डशाला (स्त्री०) भाण्डागार, भण्डार, संचयकेंद्र।

मनाक् (अव्य०) [मन्+आक्] जरा सा, थोड़ा सा, किञ्चिदपि। (जयो० २३/३२) (सुद० ७६)

०जातुचिदपि (जयो० ४/२५)

०स्वल्पार्थ (जयो० ३/३४) 'मनाङ् न चित्तेऽस्यपुनर्विकारः' (सुद० ९९)

०शनैः शनैः, विलम्ब से।

मनाका (स्त्री०) [मन्+आक्+टाप्] हथिनी।

मनाग्विलम्बनं (नपुं०) कुछ बिलम्ब, कुछ देरी। (जयो०१३/६)

मनिन् (वि०) [मन+क्त] ज्ञात, प्रत्यक्षज्ञान, समझा हुआ।

मनीकं (नपुं०) [मन्+कीकन्] सुर्मा, अंजन।

मनीषा (स्त्री०) प्रज्ञा, बुद्धि, मति, धी। (जयो०वृ० ४/११) (जयो० ५/२३)

०चाह, इच्छा, धारणा। (जयो० ६/३१)

०शोध, समझ, विचार। (दयो० ४३)

मनीषिका (स्त्री०) [मनीषा+कन्+टाप्] ०प्रज्ञा, बुद्धि, समझ।

मनीषित (वि०) [मनीषा+इतच्] ०अभिलषित, वाञ्छित।

०प्यारा, अभीष्ट, इष्ट, प्रिय।

०कामना, इच्छा, चाह।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मनीषिन् (वि०) बुद्धिमंत। (दयो० ८/८०)
०विश्रवर। (जयो० ३/९८)
०बुद्धिमान्, विद्वान्, विद्ववर।

मनीषिन् (पुं०) पंडित, विचारक व्यक्ति।

मनुः (पुं०) [मन्+उन] मनु नामक पौराणिक पुरुष।
०कुलप्रवर्तक। (जयो० १२/८४)
०महापुरुष।
०कुलकर। (जयो०वृ० १२/९, वीरो० १८/११)
०चौदह कुलकरों में अंतिम कुलकर नाभिराय को मनु कहा जाता है। क्योंकि उन्होंने सर्वप्रथम कुल परम्परा के लिए श्रेयस्कर एवं जीवन जीने की पद्धति का कथन किया था।
०प्रतिश्रुति, सन्मति, क्षेमंकर, क्षेमंधर, सीमंकर, विमलवाहन, चक्षुष्मान्, यशस्वी, अभिचन्द्र, चन्द्राभ, मरुदेव, प्रसेनजित् और नाभिराय ये चौदह कुलकर हैं। जिन्हें मनु कहा गया। विस्तार के लिए तिलोय पं० ४/४२८) से ५१० तक)
०महापुरुष।

मनुजः (पुं०) मनुष्य, मानव, मनु। (सुद० ९१) (दयो० १२) (जयो० २/१५५)
०मनुष्य जाति, नरवर्ग। (जयो० ३/३११) सुमना मनुजो यस्या महिला सारसालया। (जयो० ३/३०) मानुषीसु मैथुनसेवकाः मनुजा नाम। (धव० १३/३९)

मनुजपतिः (पुं०) नृप, राजा।

मनुजराजन् (पुं०) अधिपति, लोकपति, नृपति।

मनुजलोक (पुं०) मनुष्य लोक।

मनुजाति (स्त्री०) मनुष्य पर्याय। मनूनां कुलप्रवर्तकाणां जातौ समन्वये। (जयो० १२/८४)

मनुजाधिपः (पुं०) राजा, नृप।

मनुष्यः (पुं०) [मनोरपत्यं यक् सुक् च] ०मनुज, मानव मनु-'क्षौद्रं किलाक्षुद्रमना मनुष्यः किमु सञ्चरेत्' (सुद० १३०)
०नर, मर्त्य।
पशुष्विव मनुष्येषु, निद्राभी रतिजग्धयः।
तेभ्यस्तेषु विशेषश्चेद्विवेकः केवलं किल।। (हित० ११)

मनुष्य क्षेत्रं (नपुं०) मनुष्य लोक। (भक्ति० ३५)

मनुष्यगतिः (स्त्री०) मनुजगति, मानव पर्याय। जो कर्म मनुष्य को सब अवस्थाओं की उत्पत्ति का कारण है।
'मनसा निपुणाः, मनसा उत्कटा इति वा मनुष्याः, तेषां गतिः मनुष्यगतिः' (धव० १/२०२, २०३)

मनुष्यजातिः (स्त्री०) मनुजता की प्राप्ति, मनुज जन्म।

मनोगुप्तिः (स्त्री०) मन को वश में करना, मनोगत राग को हटानामनसो गुप्ति मनोगुप्तिः।

मनुष्यता (वि०) मानवीयता। (सुद० १३४)

मनुष्यदेवः (पुं०) नृप, राजा।

मनुष्यधर्मः (पुं०) मानव कर्त्तव्य।

मनुष्यधामः (पुं०) मनुष्य क्षेत्र।

मनुष्यमात्रं (नपुं०) नरमात्र। (वीरो० १६/२०)

मनुष्यलोकः (पुं०) मनुष्य क्षेत्र। (भक्ति० ३५)

मनुष्ययोनिः (पुं०) मनुज जाति की उत्पत्ति।

मनोक्षनिग्रह्यकर (वि०) संवशिन्, वश में किया गया। (जयो०वृ० २५/२७) मन की शक्ति, आकृष्ट।

मनोजः (पुं०) मन का ओज, मन की शक्ति। (जयो०वृ० १६/३९) ०कामदेव।

मनोजन्मनिदेशः (पुं०) पणिग्रहण संस्कार, कामदेव का निर्देश। (जयो० १/६४)

मनोजन्मन् (वि०) मनोजात। ०मन से उत्पन्न हुआ।

मनोजन्मन् (पुं०) कामदेव, मनोजराज। (जयो० १६/३९)

मनोजिघ्र (वि०) मन से सूंघने वाला।

मनोजित् (वि०) मन को जीतने वाला।

मनोजित् (पुं०) कामदेव। (वीरो० ११/३०)

मनोज्ञ (वि०) सुहावना, प्रिय। मनसा ज्ञायन्ते अनुकूलतया।
* सुंदर, मृदु। (जयो० १२/३३)
०अभिरूप, लोक सम्मत।

मनोज्ञधारणा (स्त्री०) मृदु विचार। ०सुन्दर विचार।

मनोज्ञदानं (नपुं०) उचित दान। ०पात्रोचित दान।

मनोज्ञजन्मन् (नपुं०) उत्तमजन्म।

मनोज्ञराशिः (स्त्री०) सुंदर समूह।

मनोज्ञ वाक् (नपुं०) मृदु गिरा। (जयो० १२/३३)

मनोज्ञा (स्त्री०) मैनशिल, एक मादक पदार्थ।

मनोतापः (पुं०) मन का संताप।

मनोदण्डः (पुं०) मन निग्रह।

मनोदत्त (वि०) दत्तचित्त, एकाग्र।

मनोदाहः (पुं०) मानसिक क्लेश।

मनोदुःखं (नपुं०) मानसिक दुःख।

मनोपूत (वि०) मन की पवित्रता।

मनोपहा (वि०) मन का उपहार। (जयो० १२/१११)

मनोप्रणीतः (वि०) सुखद, रुचिकर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मनोप्रसादः (पुं०) मन को शांति।
मनोप्रीतिः (स्त्री०) मानसिक संतोष।
मनोभवः (पुं०) कामदेव।
मनोऽभिलषित (वि०) मन को प्रिय। (जयो० १/६५)
मनोभू (पुं०) कामदेव। (जयो०वृ० ३/१२) ०खिन्नता, राग-द्वेष आदि युक्त।
मनोभूसदृश (वि०) कामवत्, कामदेव की तरह। (जयो०वृ०३/१२)
मनोमथनः (पुं०) कामदेव।
मनोमालिन्य (वि०) मन की मलीनता। (जयो० ४/२७)
मनोमोहकः (पुं०) वल्लभ, प्रिय। (जयो०वृ० १२/६)
मनोमोहमयी (वि०) सम्मोहिनी, मञ्जुल। (जयो० ३/११) (जयो० ११/७०)
मनोयायिन् (वि०) इच्छानुसार गमन करने वाला, तेज, फुर्तीला।
मनोयोगः (पुं०) ०दत्तचित्तता। ०मनोविषय, ०मनावलम्बन।
मनोयोनि (पुं०) कामदेव।
मनोरञ्जनं (नपुं०) मन को प्रसन्न करना, कौतुक। (जयो०वृ०३/६८)
मनोरथः (पुं०) मन की चाह, मन की इच्छा। (जयो०४/१७)
०अभीष्ट, इष्ट। (जयो०वृ० २/३६)
०कांक्षित, इच्छित। (जयो० ९/६०)
मनोरथ-कल्पलता (स्त्री०) ०इच्छा पूति कल्प लता, ०इच्छा पूर्ति करने वाली कल्पवृक्ष की लतिका। (जयो० ९/५०)
मनोरथलता (स्त्री०) इच्छापूर्ति लता। (जयो० १/९१)
मनोरथसाधकः (पुं०) इष्टसिद्धि। (जयो० २/३६)
मनोरथसाफल्य (वि०) इष्टकार्य की सफलता। (दयो० २/३६)
०अभीष्ट सिद्धि।
मनोरथसिद्धि (स्त्री०) इष्टकार्य की सिद्धि। (जयो०वृ० १/१०६)
मनोरथारुढ (पुं०) इष्टकार्य से युक्त। (वीरो० १२/३९)
मनोरम (वि०) आकर्षक, सुखद, रुचिकर, प्रिय, सुंदर।
मनोरमत्व (वि०) सुंदरता। (जयो० १/०१४)
मनोरमदृश्य (वि०) दर्शनीय स्थल।
मनोरमप्रकृतिः (स्त्री०) मनोनुकूल वातावरण।
मनोरमा (स्त्री०) प्रिय लक्ष्मी, अर्धाङ्गिनी, वल्लभा।
०सुदर्शन सेठ की पत्नी (सुद० ११५) स्नेहासिक्ता। (सुद० ११३) मनोरमापि चतुरा समाह समयोचितम्। (सुद० ११३)
मनोरमाधिपतिः (स्त्री०) लक्ष्मी पति।
मनोवचनं (नपुं०) मन वचन। (सुद० ८७)
मनोवृत्तिः (स्त्री०) मन की भावना, चित्तभाव। (जयो० २/३५) (जयो० २०/८३)
मनोहर (वि०) सुखद, लावण्यमय, मनोरम, रमणीय, सुंदरता युक्त। (जयो० २/१४६) मञ्जुल (जयो०वृ० ३/७५)
मनोहरगात्री (वि०) सौंदर्य से परिपूर्ण शरीर वाली। (जयो० ६/७५) ०लावण्यपूर्ण देहवाली।
मनोहरतायुक्त (वि०) कलताभृत, (जयो० १३/६०) रमणीयता युक्त।
मनोहराङ्गी (स्त्री०) सुंदर स्त्री। (समु० ४/२५)
मन्तुः (पुं०) [मन्+तुन्] दोष, अपराध। (जयो० १/३९)
मन्तुः स्यादपराधेऽपि मानवे परमेष्ठिनि'
०मनुष्य, मानव इति वि।
०परमेष्ठिनि इति वि (जयो० २७/३२
०ऋषि, मुनि, विद्वान्।
मन्तुः (स्त्री०) ज्ञान, समझ, बुद्धि।
मन्तुमदक्षरं (नपुं०) मन्तु मद अक्षर। तवर्ग से लेकर म तक के अक्षर मन्तुमदक्षराणां मवर्ग-तवर्ग-रूपाणामक्षराणां कलनाः प्ररूपणाः' (जयो०वृ० १/३९)
०अपराधकारी शब्द। (जयो०वृ० १/३९)
मन्त् (अक०) विचार करना, सलाह लेना, मंत्रणा करना, विचार-विमर्श करना।
मन्त् (सक०) मुग्ध करना, कहना, बोलना।
०गुनगुनाना।
मन्त्रः (पुं०) [मन्त्+अच्] मन्त्रशास्त्र। (जयो० २/६१)
०सम्मोहन, वशीकरण।
०वार्ता, बातचीत, परामर्श, मंत्रणा विचार।
०योजना, संकल्प, रहस्यपूर्ण वार्ता।
०सिद्धि मंत्र।
०सूत्र। ०संक्षिप्त विवरण, ०लघु विचार, ०सूक्ष्म निरूपण।
०पञ्चाङ्ग सहित।
०सामर्थ्य दायक।
०आपत्ति प्रतिकारक।
मंत्रकरणं (नपुं०) सस्वर उच्चारण।
मन्त्रकारः (वि०) मन्त्र बनाने वाला।
मन्त्रकालः (पुं०) मंत्रणा/परामर्श का समय।
मन्त्रकुशलः (पुं०) मंत्र में प्रवीण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मन्त्रकृत् (पुं०) सूत्र रचनाकार।
मन्त्रगण्डकः (पुं०) ज्ञान, विवेक।
मन्त्रगुप्ति (स्त्री०) रहस्यपूर्ण मंत्रणा, गुप्त मंत्रणा।
मन्त्रगूढः (पुं०) गुप्तचर, अभिकर्ता।
मन्त्रजिह्वः (पुं०) अग्नि।
मन्त्रज्ञः (पुं०) परामर्श कर्ता।
मन्त्रज्ञानं (नपुं०) सूत्रज्ञान, मन्त्र की जानकारी।
मन्त्रण् (नपुं०) मन्त्रणा करना। (जयो० ४/२३)
मन्त्रदः (पुं०) सूत्रज्ञ, आचार्य, गुरु।
मन्त्रपिण्डः (पुं०) मन्त्रजाप पूर्वक आहार।
मन्त्रपूतं (वि०) मन्त्र से पवित्र किया गया।
मन्त्रप्रभावः (पुं०) मन्त्र का प्रभाव। (सुद० ६४)
मन्त्रभिदः (पुं०) संसिद्धिकरण। (जयो० १७/३८)
मन्त्रभेदः (पुं०) सत्याणुव्रत का अतिचार।
०दूसरे के अभिप्राय को प्रकट करना।
०गुप्त रहस्य खोलना, भेद प्रकट करना।
मन्त्रमूर्तिः (स्त्री०) सिद्धयन्त्र।
मन्त्रमूलं (नपुं०) जादू।
मन्त्रयन्त्रं (नपुं०) मन्त्रित यन्त्र, सिद्ध यन्त्र, परमेष्ठिसूचक यन्त्र। ०मन्त्र प्रयोग।
मन्त्रयोगः (पुं०) मन्त्रित यन्त्र, सिद्ध यन्त्र, परमेष्ठिसूचक यन्त्र।
मन्त्रयोगः (पुं०) मन्त्र प्रयोग। ०मन्त्र शक्ति, ०गुप्त संयोग।
मन्त्रवर्जं (अव्य०) बिना मंत्र उच्चरित।
मन्त्रवादिन् (पुं०) मन्त्र जानने वाला, मन्त्रवेत्ता।
मन्त्र विद्या (स्त्री०) मन्त्रशास्त्र, मन्त्रविज्ञान।
मन्त्रशक्तिः (स्त्री०) मन्त्र बल। (जयो० २/१२१)
मन्त्र संस्कारः (पुं०) मन्त्र जाप की क्रिया, मन्त्र का अनुष्ठान।
मन्त्रसाधकः (पुं०) जादूगर, बाजीगर। ०सिद्धि प्रवृत्त।
मन्त्रसाधनं (नपुं०) मंत्र आराधना।
मन्त्रस्मरणं (नपुं०) मंत्र का जपना, मंत्रोच्चारण, मन्त्रध्यान। (सुद० ४/२६)
मन्त्रित (भू०क०कृ०) [मन्त्र+क्त] झाड़े हुए (भक्ति० २४)
०अभिमन्त्रित, मन्त्र पढ़ा गया। (जयो०)
०निश्चित, निर्धारण।
मन्त्रिन् (पुं०) [मन्त्र्+णिनि] ०मन्त्री, सचिव। (जयो० ३/१४)
०राज्याधिष्ठायक। (समु० ३/४०)
०पञ्चाङ्गमन्त्रकुशल।
०गारुडिन्, मन्त्र उतारने वाला। (वीरो० ३/१०)
०जादूगर। (जयो०वृ० ३/१४)
०मन्त्रवादी-मन्त्री, मंत्रणा प्रवीण। यत्र सभायां मन्त्रिणो मन्त्रवादिन् इव सचिवास्ते विषादस्य विनाशिनः। (जयो०वृ० ३/१४)
मन्त्रिसदनं (नपुं०) सभासदन, सांसद भवन, मन्त्रिनिवास।
मन्त्रोक्तपदं (नपुं०) अव्यक्त पद। (जयो० ६/८) (समु०३/४३)
०सिद्धिसाधक सूत्र।
मन्त्रोक्तिपदं (नपुं०) मंत्रोच्चारण स्थान। (जयो० १६/४६)
मन्त्रोत्थित (वि०) मंत्रवेत्ता, मंत्रवादी। (समु० ४/१३)
मन्त्रोत्पादनदोषः (पुं०) मंत्र सिद्धि की आशा दिलाना मंत्रदोष है।
मंत्रोपजीवनं (नपुं०) मंत्र से जीविकोपार्जन करना।
मंथ्/मथ् (सक०) मथना, बिलोना।
०हिलाना, घुमाना।
०पीसना, कुचलना।
०अत्याचार करना, नष्ट करना।
०विदीर्ण करना, विघात करना।
०कष्ट देना, प्रहार करना।
मन्थः (पुं०) [मन्थ् करणे घञ्] ०बिलोना, हिलाना, मथना।
०क्षुब्ध करना, दहि बिलोडन। (जयो० २५/६०)
०सूर्य।
मन्थकर्मन् (नपुं०) मथना, बिलोना। (जयो०वृ० २१/५५)
मन्थगिरिः (पुं०) मंदराचल।
मन्थगुणः (पुं०) ०मथानी की रस्सी। ०दहि, मन्थल प्रयोग। (जयो० २५/६३)
मन्थजं (नपुं०) मक्खन, दधि बिलोने से निकलता हुआ मक्खन।
मन्थदण्डः (पुं०) रई की डंडा।
मन्थनं (नपुं०) दधि बिलोडन, मथना, बिलोना। (जयो०२१/५४)
मन्थनरज्जू (स्त्री०) मथानी की रस्सी। मन्थो मन्थानदण्डे स्यादिति मन्थकलिना इति विश्वलोचन। (जयो०वृ० २१/५७)
मन्थनातिशयः (पुं०) मन्थकर्म, मथना, बिलौना।
मन्थपर्वतः (पुं०) मन्दराचल।
मंथरः (वि०) ०मंथर गति वाला, ०शिथिल, ०मंद, ०बिलम्बदारी। ०सुस्त।
०जड़, मूर्ख, मूढ।
०निम्न, गहरा, नीच।
०विस्तृत, विशाल।
मन्थरः (पुं०) भण्डार, कोष।
०सिर के बाल।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०कोप, क्रोध।
०गुप्तचर, सूचक।
०मंदराचल पर्वत।
०हरिण।
मन्थरा (स्त्री०) कैकेयी की कुब्जादासी।
मंथराङ्गः (नपुं०) शिक्षित अंग। (वीरो० ४/३७)
मन्थरु (स्त्री०) चमर से उत्पन्न हवा।
मन्थानः (पुं०) [मन्थ्+आनच्] रई का डंडा, मथानी।
मन्थानकः (पुं०) एक प्रकार की घास।
मन्थानदण्डः (पुं०) मथानी का दण्ड। (जयो० २१/५७)
मन्थिन् (वि०) [मन्थ्+णिनि] मन्थन करने वाला, मथने वाला।
मन्थिन् (पुं०) बल, वीर्य, शुक्र।
मन्थिनी (स्त्री०) मथानी, बिलौनी, दधिपतिनी। (जयो० २५/६७) मन्थानरज्जु (जयो० २१/५७) मथने वाली (जयो०वृ० २५/५०)
मन्द् (अक०) मन्थर होना, सुस्त होना।
०शिथिल होना, टहलना, घूमना।
०चमकना।
मन्द (वि०) [मद्+अच्] सुस्त, धीमे चलने वाला, विलंबकारी।
०अकर्मण्य, उद्यमहीन।
०थोड़ा, अल्प, जरा सा।
०बलहीन, दुर्भाग्य ग्रस्त।
मन्दं (अव्य०) धीमे से, क्रमशः धीरे धीरे।
मन्दकर्ण (वि०) धीरे सुनने वाला।
मन्दकलः (वि०) सच्छिद्रकर। (जयो० १२/१३१)
मन्दकान्तिः (स्त्री०) चंद्रमा। ०शशि, रजनीकर।
मन्दकारिन् (वि०) धीरे धीरे काम करने वाला। ०मन्दगतिशील।
मन्दगः (पुं०) शनि।
मन्दगतिः (स्त्री०) धीमी गति।
मन्दगामिन् (वि०) धीरे धीरे चलने वाला।
मन्दगामिनी (स्त्री०) मन्द गति वाली।
मन्दचेतस् (वि०) मन्दबुद्धि वाला मूर्ख, मूढ़, अज्ञानी।
०अचेत, असावधान।
मन्दत्वः (वि०) मूर्खता। (वीरो० २२/१०)
मन्दधी (पुं०) मूर्ख, अज्ञानी, मूढ़।
मन्दपद (वि०) धीरे चलने वाला। (जयो० १/३२)
मन्दपाद (वि०) धीरे धीरे गमन करने वाला। (दयो० २०)
मन्दप्रज्ञा (वि०) मूर्ख, अज्ञानी, मूढ, मन्दबुद्धि वाला।
मन्दमति (वि०) मूर्ख, अज्ञानी, मूढ़। (सुद० ८०)
मन्दमति (स्त्री०० एक रानी। (सुद० ८०)
मन्दभागिन् (वि०) भाग्यहीन, दयनीय, दुर्भाग्य शाली।
मन्दभाग्य (वि०) देखो ऊपर।
मन्दमुख (वि०) अप्रसन्न, हर्ष रहित, म्लान मुख। (जयो० ७/१०४)
मन्दयन्ती (स्त्री०) [मन्द्+णिच्+शतृ+ङीप्] ०दुर्गा।
०मन्द होती हुई, धीमी होने वाली।
मन्दर (वि०) [मन्द्+अर] धीमा, सुस्त।
०मोटा, सघन, दृढ़।
०विस्तृत, स्थूल।
मन्दरः (पुं०) ०मन्दराचल पर्वत, ०मेरु पर्वत, ०महापर्वत। (जयो० ११) (भक्ति० ३४)
०मथानी।
०मोतियों का हार।
०स्वर्ग।
०दर्पण।
मन्दरप्राय (वि०) पवर्ततुल्य। (जयो० २१/५७)
मन्दरावासः (पुं०) दुर्गा।
मन्दवीर्यः (पुं०) दुर्बल। ०क्षीणकाय।
मन्दवृष्टिः (स्त्री०) हल्की फूहार, थोड़ी बरसात, रिमझिम बारिश।
मन्दसानः (पुं०) [मन्द्+शानच्] ०अग्नि।
०जीवन।
०निद्रा।
मन्दस्पन्दित (वि०) धीरे धीरे चलने वाला, धीरे चलायमान। (जयो० १८/९१)
मन्दस्मितः (पुं०) हंसी, हर्ष, मंद मन्द मुस्कान। (दयो० ५३)
मन्दस्मितयुक्त (वि०) सहास, हसी सहित। (जयो०वृ० ११/४९)
मन्दहासः (पुं०) स्मित, हर्ष युक्त। (जयो० २/१५५) (सुद०२/८)
०मन्दस्मित व्यक्ति।
मन्दहास्यः देखो ऊपर।
मन्दाकः (पुं०) [मन्द्+आक्] धारा, नदी प्रवाह।
मन्दाकिनी (स्त्री०) गंगा नदी।
मन्दाक्ष (वि०) दृष्टि की कमी, कमजोर दृष्टि वाला।
मन्दाक्षं (नपुं०) लज्जाशील।
मन्दाग्निः (स्त्री०) दुर्बल पाचन शक्ति।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मन्दाग्निरोग: (पुं०) ०अपचन रोग, ०पचाने की शक्ति में क्षीण व्यक्ति। ०पाचाग्नि की कमी, ०उदराग्नि की कमी। (जयो०वृ० १८/१८)

मन्दादिक (वि०) शनिप्रभृति। (जयो० ८/७८)

मन्दात्मन् (वि०) ०मन्द बुद्धि वाला, ०काषायिक प्रवृत्ति युक्त आत्मा वाला।

मन्दानिल: (पुं०) मन्द मन्द पवन, हवा की धीमी गति। (जयो० १३/११३)

मन्दार: (पुं०) [मन्द्+आरक्] आकड़ा, आक का पौधा मदारवृक्ष, धतूरे का पौधा। (वीरो० १९/११)

मन्दारं (नपुं०) मूंगे का वृक्ष।

मन्दारमाला (स्त्री०) मन्दार पुष्प माला, आक के पुष्पों की माला।

मन्दिमन् (वि०) धीमायन। ०मन्द-मन्द मुदित।
०सुस्ती। ०आलस्य युक्त।
०जड़ता, मूर्खता।

मन्दिरं (नपुं०) [मन्द्यतेऽत्र मन्द्+किरच्] ०देवालय, देवस्थान, देवगृह। ०पवित्र आराधन ग्रह।
०स्थान, आवास, स्थल।
०शिविर, पड़ाव।

मन्दिरगत (वि०) देव स्थान को प्राप्त हुआ।

मन्दिरद्वार: (पुं०) देवस्थान भाग। (दयो० ८४)

मन्दिरध्वज: (पुं०) देवस्थान की ध्वजा। (जयो० २१/६३)

मन्दिरमाला (स्त्री०) देवालय समूह।

मन्दिरस्थानं (नपुं०) देवालय का स्थल।

मन्दिरा (स्त्री०) [मन्द्+उरच्+टाप्] अश्वशाला, अस्तबल, घुड़शाल।

मन्द्र (वि०) [मन्द्+रक्] नीचा, गहरा, गंभीर।

मन्द्र: (पुं०) मन्दध्वनि, ढोल विशेष।

मन्मथ: (पुं०) कामदेव।
०प्रेम, प्रीति, प्रणय परिणति।
०कपित्थ, कैंथा, कबीट। 'मन्मथ: कामचिंतायां कामदेव-कपित्थयो' इति विश्वलोचलन: (जयो०वृ० २१/२७)

मन्मथकर (वि०) प्रेम की भावना युक्त, प्रीतियुक्त।

मन्मथभाव: (वि०) काम भाव।

मन्मथमति: (स्त्री०) प्रेम युक्त बुद्धि।

मन्मथलेखि: (पुं०) प्रेमपत्र।

मन्मथशाला (स्त्री०) कामशाला, कामक्रीड़ा स्थल।

मन्मथालय: (पुं०) स्त्री मोह, कामक्रीड़, स्थल।
०आम्रतरु।

मन्मन: (पुं०) कामदेव। ०रतिपति।

मन्मन:स्था (स्त्री०) जीवन सहचरी। (सुद० ११३)

मन्यु: (नपुं०) [मन्+युच्] कोप, क्रोध, गुस्सा, नाराजगी।
०व्यथा, शोक, व्याकुलता।
०दयनीय स्थिति, विकट स्थिति।
०दु:ख, कष्ट, पीड़ा, आताप।

मभ्र (अक०) जाना, पहुंचना।

मम [अस्मद् सर्वनाम-उत्तम पुरुष-एकवचन] मेरा-न तुङ् ममायं कुविधामनुष्यादेकेति। (सम्य० ६८)

ममकार: (पुं०) मेरापन, ममता, स्वार्थ। (जयो० २६/४७)

ममता (स्त्री०) [मम्+तल्+टाप्] ममत्व, अपने पन की भावना, मूर्च्छा आसक्ति, स्वहित।

ममताविहीन (वि०) ममत्वरहित। (वीरो० १२/५२)

ममत्व (वि०) मेरापन, ममता। अहन्तवमेतस्य ममत्वमेतत्मिथ्यात्व नामानुधत्तथे। (सम्य० २७)
०स्नेह, आदर, अनुराग।
०अहंकार, अहं। (जयो० २९/५२)

ममत्वभाव: (पुं०) ममताभाव। (सम्य० ४१)
०घमण्ड, अभिमान, अहंकार।
०स्वार्थ भाव।

ममात्मन् (वि०) मेरी आत्मा। (सुद० ९४)

ममामुक (वि०) मुझ जैसा। (सुद० २/१३)

मम्मट: (पुं०) काव्य प्रकाश के प्रणेता।

मय् (सक०) जाना, पहुंचना।

मय (वि०) युक्त, परिपूर्ण, सहित। (सुद० २/२)

मय: (पुं०) अश्व, खच्चर, घोड़ा
०उष्ट्र। (जयो० १३/३९)

मयट: (पुं०) [मय्+अटन्] पर्णशाला, घासफूंस की झोपड़ी।

मयवर्ग: (पुं०) उष्ट्रसमूह। मयानामुष्ट्राणां वर्ग: समूहो। (जयो० १०/५६)

मया (सर्व०) मेरे द्वारा, मुझसे। (सम्य० ४३)

ममीहित (स्त्री०) मतानुकूल। (जयो० ९/६०)

मयु: (पुं०) [मय्+कु] किन्नर, संगीतज्ञ। मयवा मृगा यस्मिन् तस्मिन् बने कानने।
०हिरण।
०बारहसिंहा, मृग। मयुमृगे किन्नर स्यात् इति वि (जयो० २५/८१)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मयूखः (पुं०) [मा+ऊख मयादेशः] ०रश्मि, किरण, अंशु। (वीरो० १२/१९)
०दीप्ति, प्रभा, प्रकाश, आभा।
०सौंदर्य।
०ज्वाला।
मयूरः (पुं०) कलापी (जयो०वृ० ५/५५) शिखण्डी। (जयो० ३/१११) शिखि (सुद० २/४१)
०अलकापुरी का राजा। (वीरो० ११/१८)
मयूरः (पुं०) [भी+करन्] मोर।
मयूरकः (पुं०) मोर।
मयूरकेतुः (पुं०) कार्तिकेय।
मयूरग्रीवकं (नपुं०) तूतिया।
मयूरचटकः (पुं०) गृह कुक्कट।
मयूरचूडा (स्त्री०)मयूर शिखा, मोर की कलगी।
मयूरतुत्थं (नपुं०) तूतिया।
मयूरपत्रिन् (वि०) मोर पंख युक्त।
मयूररथः (पुं०) कार्तिकेय।
मयूरवर्गः (पुं०) शिखिजन। (जयो० ४/६७)
मयूरव्यनकः (नपुं०) चालाक मोर।
मयूर शिखा (स्त्री०) मोर की कलगी।
मयूरवत् (वि०) मोर की तरह (सुद० ४/१४)
मरकः (पुं०) [मृ+वुन्] संक्रामक रोग, पशुओं में होने वाला रोग।
मरकतं (नपुं०) [मरकं तरत्यनेन] [तृ+ड] पन्ना।
मरकतमणिः (स्त्री०) पन्ना।
मरणं (नपुं०) [मृ+भावे+ल्युट्] मरना, मृत्यु, मारकेश। (जयो०वृ० ७/५३)
०आयु के क्षय से प्राणों का वियोग।
०शरीरप्रच्युत। मरण विक्षेप। (जयो० २/३२)
०प्राणत्याग। (सुद० ११९)
०जीवन परिसमाप्ति, जीवनोच्छेद।
०आयुष्य समाप्ति।
मरणभयं (नपुं०) प्राणों के परित्याग का भय-'मरणंभयं प्रतीतम् प्राणपरित्यागभयं मरणभयम्।
मरतः (पुं०) [मृ+अतच्] मृत्यु, मरण, विनाश, क्षय।
मरन्दः (पुं०) [मरणं द्यति खण्डयति] फूलों का रस, पुष्पासव।
मरारः (पुं०) [मरं मरणमलति निवारयति-मट्+अल्+अण्] खत्ती, धान्यागार, धान्यभण्डार।
मरालः (पुं०) [मृ+आलच्] हंस, बालक। (जयो० ४/५९, जयो० २/९)
०जलचर पक्षी।
०अश्व।
०मेघ, बादल।
०अनार उद्यान।
०ठग।
मरालततिः (स्त्री०) हंस, पंक्ति। (वीरो० २/४०)
मरालबालः (पुं०) हंस बालक। (वीरो० २१/७)
मरालशिशु देखो ऊपर।
मरालसंघः (पुं०) हंस समूह।
मरलि (पुं०) अड़ियल टट्टू, अड़ियल अश्व।
मराली (स्त्री०) राजहंसी। (जयो०वृ० १/२४)
मरिचः (पुं०) [म्रियते नश्यति श्लेष्मादिकनेन] काली मिर्च। (सुद० १११)
मरिचं (नपुं०) मिर्च। (जयो०वृ० १२/१३)
मरिची (स्त्री०) मिर्च। (जयो० २५/२३)
मरीचिः (पुं०) ०भगवान् ऋषभ का पौत्रा पौत्रोऽहमेतस्य तदग्रगामी मरीचिनाम्ना समभूच्च नामी। (वीरो० ११/८)
०प्रथम मनु से उत्पन्न पुत्र।
०प्रकाश कथा, रश्मि किरण। (जयो० १५/४८)
मरीचिका (स्त्री०) [मरीचि+कन्+टाप्] ०मृगतृष्णा, ०आशा, ०लालसा। (जयो० २६/४३) ०अभिलाषा, ०इच्छा, ०आसक्ति।
मरीचितोयं (नपुं०) मृगतृष्णा।
मरीचिन् (पुं०) सूर्य।
मरीचिमालिन् (वि०) उज्ज्वल, कान्तिमय।
मरीचिमालिन् (पुं०) दिनकर, सूर्य।
मरीमृज (वि०) बार बार मलने वाला।
मरीमर्ति (स्त्री०) मरणोन्मुख। (वीरो० ९/३५)
मरु (स्त्री०) मरुस्थल, रेगिस्तान, (सुद० ११८) रेतीली भूमि, रेणु। 'मरौ रेणूप्राये प्रदेशे प्रभृतिरुत्पत्तिर्यस्येति' (जयो० १९/१८)
०निर्जलदेश। (जयो० ११/५९)
०पर्वत, चट्टान।
मरुकः (पुं०) [मरु+कः] मयूर, कलापी, शिखि।
मरुकच्छः (पुं०) मरुस्थल का स्थान।
मरुत् (पुं०) हवा, पवन, अनिल। (जयो० २१/१०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मरुत्करः (पुं०) सेम।
मरुत्कर्मन् (पुं०) अफारा, बदहज़मी, अपचन, उदर वायुवेग।
मरुत्कोणः (पुं०) पश्चिमोत्तर दिशा।
मरुद्गणः (पुं०) देव समूह, वायु समूह। (जयो० ९/२९)
मरुत्तनयः (पुं०) पवनपुत्र, हनुमान।
मरुतभङ्गः (नपुं०) वायु भूकम्पन। (जयो० २४/१११)
मरुदन्तकीयः (पुं०) मलयानिल। (वीरो० ६/२२)
मरुदावेल्लित (वि०) हवा से आन्दोलित। (जयो० ३/७४)
मरुदेवी (स्त्री०) नाभिराय नामक अन्तिम कुलकर/मनु की प्रिया। ०ऋषभदेव की माता प्रथम तीर्थंकर ऋषभ की मातुश्री। (दयो० ३१)
मरुदेशः (पुं०) मरुस्थल।
मरुपगत (वि०) मरुदेश को प्राप्त। मरुदेशेन उपगतां प्राप्ताम्। (जयो० २८/५३)
मरुपथः (पुं०) रेतीला मार्ग, मरुस्थल भूमि।
मरुप्रभृतिः (स्त्री०) मरुदेवी से उत्पन्न। मरोरिति मरुदेव्या, प्रभृतिरुत्पत्तिर्यस्य (जयो०वृ० १९/१८)
मरुप्रियः (पुं०) उष्ट्र, ऊंट।
मरुभूः (स्त्री०) मरुभूमि, मारवाड़ देश।
मरुवर्मन् (पुं०) पल्लवदेश का राजा। (वीरो० १५/३५) पल्लवाधिपतेः पुत्री कदाञ्छी मरुवर्मणः
मरुस्थलं (नपुं०) मरुभूमि।
मरुवः (पुं०) [मरु+वा+क] मरुआ, नामक पादप।
मरुवकः (पुं०) ०व्याघ्र, ०मरुआ पौधा।
०चूना, ०राहु।
मर्कटः (पुं०) [मर्क+अटन्] ०बंदर, लंगूर। (जयो० २/१३)
०मकड़ी, ०सारस विशेष।
०रतिबन्ध क्रिया, संभोगावस्था।
मर्कतिंदुकः (पुं०) एक प्रकार का आबनूस।
मर्कटपोतः (पुं०) बंदर का बच्चा।
मर्कटवासः (पुं०) मकड़ी का जाला।
मर्कटिकार्थः (पुं०) लूताकृत, मकड़ी द्वारा बनाया गया। (जयो०वृ० २०/५०)
मर्करा (स्त्री०) [मर्क्+अट्+टाप्]०पात्र, बर्तन।
०सुरंग, छिद्र, विवर, खोह, गुफा।
०बांझ स्त्री।
मर्च् (सक०) लेना, ग्रहण करना।
०स्वच्छ करना।

मर्जः (पुं०) [मृज्+उ] धोबी। ०धोना, साफ करना।
मर्तः (मृ+तन्) मानव, मनुज, मर्त्य।
०भूलोक।
०मर्त्यलोक।
मर्त्य (वि०) [मर्त्+यत्] मरणशील।
मर्त्यः (पुं०) मानव, मनुज, मनुष्य। (दयो० १/२३) जिजीविषुरतो मर्त्यः परानपि न मारयेत्। (दयो० १/२३)
०भूलोक, मर्त्यलोक।
मर्त्यं (नपुं०) शरीर, देह, मिट्टी। (सुद० १०२)
मर्त्यगत (वि०) मरण को प्राप्त हुआ।
मर्त्यजन्मन् (नपुं०) मनुष्य जन्म, मनुज उत्पत्ति।
मर्त्यजातिः (स्त्री०) मनुष्य जाति।
मर्त्यधर्मन् (वि०) मरणशील।
मर्त्यनाथः (पुं०) मानवपति, नृप। (जयो० १३/११५)
मर्त्यनाश (वि०) मृत्युंजयी।
मर्त्यनिवासिन् (पुं०) मनुष्य।
मर्त्यपतिः (पुं०) मनुष्य शिरोमणि, नृप, राजा। (जयो० ५/३१)
मर्त्यभवः (पुं०) मनुष्य जन्म। (सुद० ५/३)
मर्त्यभावः (पुं०) मनुष्यता, मनुजपना। अनेकजन्मबहुत-मर्त्यभावोऽति-दुर्लभः। खदिरादिसमाकीर्णे चन्दनद्रुमवद्वने।। (सुद० १२८)
मर्त्यभोगिनी (वि०) मनुष्योचित गुणों को भोगने वाली। (जयो० २/११७)
मर्त्यरत्नः (पुं०) श्रेष्ठमनुष्य, सज्जन व्यक्ति। (वीरो० २२/८) प्रथम शिरोमणि सुदर्शन।
मर्त्यराट् (पुं०) मनुजराज, नृप, अधिपति। (वीरो० ६/२) 'पत्नी प्रयत्नीपितमर्त्यराट्' (वीरो० ६/२)
मर्त्यलोकः (पुं०) भूलोक, पृथिवीलोक।
मर्त्यशिरोमणि (पुं०) मानव रत्न। (जयो० ९/८३) सुमुख! मर्त्य शिरोमणिनाऽधुना सुगुण वंशवयोगुरुणाऽमुना। बहुकृतं प्रकृतं गुणराशिना पुरुनिभेन धरातलवासिराम्।। (जयो० ९/८३)
मर्त्यसहितः (पुं०) देवता।
मर्त्यसार्थकः (वि०) मनुष्य की सार्थकता। 'मर्त्यानां मानवानां सार्थकः' (जयो०वृ० १३/१६)
मर्द (वि०) [मृद्+घञ्] मर्दन करने वाला, मसलने वाला, कुचलने वाला।
०नष्ट करने वाला, नाश करने वाला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मर्दः (पुं०) पीसना, कुचलना।
०दबाना, नष्ट करना।
०प्रबल, प्रहार।
मर्दन (वि०) कुचलने वाला, नाश करने वाला।
मर्दनं (नपुं०) कुचलना, नाश करना।
०पीसना, रगड़ना, मालिश करना।
०पीड़ा देना, कष्ट देना, सताना।
मर्दल (पुं०) [मर्द+ला+क] एक ढोल विशेष।
मर्दित (वि०) मर्दन किया गया, मसला गया। (जयो० १२/११६)
मर्ब् (सक०) जाना, पहुंचना।
मर्मन् (नपुं०) [मृ+मनिम्] अन्तस्तल, सन्धिस्थान।०रहस्य भेद, गूढार्थ। अकीकृते धर्मिणी भातु धर्मः सूर्ये प्रकाशः स्फुरतीति मर्मः। (सम्य० ७२)
०फल, परिणाम, भेद। संचेत्यते यावदसंज्ञिकर्मफलं शरीरीपरि भिन्नमर्म। (सभ्य० ४१) स्वस्योपयोगपरतोद्धणाय मर्म।
मर्मनिकर्मन (वि०) मर्मभेदी कार्य। (वीरो० २२/२७) मर्मणि विषमस्थाने निकर्मणन उत्कृन्तनस्य।
मर्मगत (वि०) रहस्य युक्त।
मर्मघातिन् (वि०) अंतस्तल को घातने वाला।
मर्मघ्न (वि०) पीड़ा जनक।
मर्मज्ञ (वि०) अंतर्दृष्टि रखने वाला, मर्म जानने वाला।
मर्मच्छेदकरी (वि०) मर्म को प्रकट करने वाला। (जयो० १७/३३)
मर्मचरं (नपुं०) हृदय।
मर्मच्छिद (वि०) मर्म घातक , हृदय घातक। (मुनि० ८)
मर्मभेदः (पुं०) मर्मस्थान का भेदना।
मर्मभेदिन् (पुं०) बाण, तीर।
०दृढ़ (जयो०वृ० ८/२६)
मर्मस्पर्शिन् (वि०) हृदय को छू जाने वाला।
मर्मर (वि०) पत्तों का खड़खड़ाहट।
मर्मदी (स्त्री०) हल्दी।
मर्या (स्त्री०) [मृ-यत्+टाप्] सीमा, हद।
मर्यादा (स्त्री०) [मर्यायां सीमायां दीयतेमर्या+दा+अङ्+टाप्]
०सीमा, हद, परिधि।
०उद्देश्य, मंजिल।
०अन्त, अवसर, अंतिम।
०तट, किनारा।
०निश्चित प्रथा।
०व्यवस्थित विधि।
०नैतिक विधि, शिष्टाचार।
मर्यादाक्रान्त (वि०) मर्यादातीत, मर्यादा रहित। (जयो०वृ० २०/७२)
मर्यादागिरि (पुं०) सीमांत पर्वत।
मर्यादापुरुषोत्तमः (पुं०) मर्यादा का पालन करने वाला श्रेष्ठ पुरुष राम। (दयो० ८)
मर्शनं (नपुं०) [मृश्+घञ्] परामर्श, मंत्रणा, विचारना, प्रच्छना।
०मिटाना, मल देना।
०सलाह देना।
०उपदेश देना।
मर्ष (वि०) शालीनता, सहिष्णुता, धैर्य।
मर्षित (भू०क०कृ०) क्षमा किया गया।
मर्षिन् (वि०) [मृष्+णिनि] धैर्यशील, सहनशील।
मल् (सक०) थामना, अधिकार में रखना।
मलः (पुं०) [मृज्यते शोध्यते-मृज्+कल्] कठिनीभूतं रजो मतोऽभिधीयते।
०कालिमा, कालिख।
०मैल, गंदगी, मलिनता।
०अपवित्रता, अशुद्ध, किट्टिम। (जयो० २/८१)
०धूल, रजकण।
०पाप, अशुभकर्म। 'निःशेषतो मते नष्टे नैमल्यमधिगच्छति (सुद० १३५)
०नैतिक दोष।
०पुरीष, विष्ठा। (जयो०वृ० १९/९)
०गोबर।
मलकर्मन् (नपुं०) पापमय कर्म, घृणित कर्म।
मलगत (वि०) दोषगत, अशुद्धता युक्त।
मलघ्न (वि०) परिमार्जक, शोधक।
मलचं (नपुं०) पीप, मवाद।
मलजात (वि०) धूलधूसारित।
मलदूषित (वि०) मल से अपवित्र, मैला, गंदा।
मलद्रवः (पुं०) रेचन, अतिसार।
मलपरीसहः (पुं०) परीषह का एक भेद।
मलधावनं (नपुं०) मल प्रक्षालन। (सुद० ७०)
मलपृष्ठं (नपुं०) आवरण पृष्ठ पुस्तक का ऊपरी भाग।
मलभुज् (पुं०) कौवा, काक।
मलमल्लकः (पुं०) ०कौपीन, लंगोट।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मलमूत्रकुण्डः (पुं०) मलस्थान। (जयो० १५/९३)
०मलय चन्दन।
मलमासः (पुं०) लौंद का महिना।
मलयः (पुं०) ०मलय पर्वत।
मलयगिरिः (पुं०) मलयाचल पर्वत। (सुद० ७१)
मलयगंधः (पुं०) चंदन की सुरभि।
मलयज (वि०) चंदन से उत्पन्न।
मलयपर्वतः (पुं०) मलयगिरि।
मलयरजस् (पुं०) चंदन की रज, चंदन चूरी।
मलयवातः (पुं०) चंदन की गंध से परिपूर्ण हवा, मलयाचल की पवन।
मलयसमीरः (पुं०) मलयाचल की पवन।
मलयाचल (पुं०) मलयगिरि। ०चंदनाद्रि।
मलयाद्रिः (पुं०) मलयगिरि।
मलयानिलः (पुं०) मलयगिरि की हवा।
मलयोत्पन्नः (पुं०) चंदन लकड़ी। (जयो० १३/७९)
मलयोद्भव (नपुं०) चंदन की लकड़ी।
मलविसर्जनं (नपुं०) मल परित्याग।
मलस्रावः (पुं०) मलविसर्जन। (सुद० १०२)
मलाका (स्त्री०) [मलेन मनोमालिन्येन अकति कुटिलं गच्छति मल+अक्+अच्+टाप्] ०हथिनी, ०दूती।
०सखी, ०कामुक स्त्री।
मलाङ्गी (वि०) मलिन अंगों वाली। 'मलमेवाङ्ग यस्य स मलाङ्गी भवति' (जयो० ५/८६)
मलापहः (वि०) मल दूर करने वाला। मलं किट्टादि अपहरतीति मलापहः (जयो० १९/९)
मलायपहरकं (नपुं०) परिशोधन (जयो०वृ० २/८१) दोषनाशन (जयो० ३/१०)
मलिका (स्त्री०) राजरानी, राजी। (जयो०वृ० ९/७७)
मलिन (वि०) [मल+इनन्] मैला, गंदा, म्लान। (जयो०वृ० ६/११)
०घिनौना, अपवित्र, अशुद्ध। (सुद० ५/३)
०कलुषित, कलंकित, आविल। (वीरो० १/१०)
०काला, अन्धकारमय।
०पापी, दुष्ट, नीच, समल। (जयो०वृ० १/३८)
मलिनं (नपुं०) पाप, दोष अपराध।
०मट्ठा।
०सोहागा।
मलिनत्व (वि०) मलिनता, अपवित्रता। (जयो० २३/४१)
मलिना (स्त्री०) रजस्वला स्त्री।
मलिनिमन् (पुं०) [मलिन्+इमनिच्] ०गंदगी, अपवित्रता, अशुद्धता।
०कालिमा, कालापन।
मलिनी (स्त्री०) रजस्वला स्त्री।
मलिम्लुचः (पुं०) [मलिन्+म्लुच्+क] लुटेरा, चोर।
०राक्षस।
०डांस, पिस्सू।
०खटमल।
०वायु, पवन।
०अग्नि।
मलीमस (वि०) [मल+ईमसच्] ०मैला, अपवित्र, गन्दा।
०अस्वच्छ, मलिन।
०कलुषित, कलंकित।
०अपराध, दोष।
०दुष्ट, नीच, तुच्छ।
०अव्यवहारिक, सदोष, मल में जो दुष्कर्म जनित किया है। (मुनि० १८)
०काला।
मलीमसः (पुं०) अयस्क, लोहा।
०हरा कसीस।
मलेच्छखण्डः (पुं०) म्लेच्छखण्ड चक्रपाणेः समम्लेच्छा आयाता मलेच्छखण्डतः। (हित० २७)
मलोत्कर (वि०) मल समूह।
मलोत्सर्गकर (वि०) पापमल विसर्जित करने वाला। (वीरो० १८/२८)
मलोत्सर्जनं (नपुं०) पुरीष परित्याग।
०मल/पाप परित्यज। (जयो०वृ० १९/४) 'मलस्य पुरीषस्य पापस्योत्सर्जनं परित्यजनम्। (जयो०वृ० १९/९)
मलौषधिः (वि०) मल नाशक दवा। मलौषधि नामक ऋद्धि, जिसके प्रभाव से जिह्वा, ओष्ठ, नासिका और श्रोत्रादि के मल को नाश किया जाता है।
मल्ल् (सक०) थामना, ग्रहण करना।
मल्ल (वि०) [मल्ल्+अच्] बलिष्ठ, शक्तिमान।
०अच्छा, उत्कृष्ट।
०मल (जयो० १६/७) हृद्भेतकृत्सम्भवतीव भल्लः परत्रयो-दीपशिखांशमल्लः। (जयो० १६/७) 'शरीरैकदेशवर्ती मल्लः' (जैन०ल० ३९४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मल्लः (पुं०) पहलवान, कसरती, मुक्केबाजी।
०पानपात्र, प्याला।
०गाल, कपोल, गण्डस्थल।
मल्लकः (पुं०) दीपट, तेलपात्र, दीपक, दीवा।
मल्लक्रीडा (स्त्री०) मल्लयुद्ध।
मल्लजं (नपुं०) काली मिर्च।
मल्लतूर्यं (नपुं०) युद्ध का बिगुल।
मल्लभीत (वि०) मदुक्त। (जयो० १७/२४) आसक्ति जन्य।
मल्लभू (स्त्री०) युद्धभूमि, रणस्थल।
०अखाड़ा।
मल्लभूमि (स्त्री०) मल्ल स्थान, अखाड़ा, व्यायामशाला।
मल्लयुद्धं (नपुं०) द्वन्द्व युद्ध, कुश्ती करना, समान बलिष्ठ व्यक्तियों द्वारा लड़ना।
मल्लविद्या (स्त्री०) मल्लयुद्ध की कला।
मल्लशाला (स्त्री०) व्यायामशाला। अखाड़ा।
मल्लि (पुं०) मल्लिनाथ तीर्थंकर, उन्नीसवें तीर्थंकर का नाम। (भक्ति० १९)
मल्लि (स्त्री०) चमेली।
मल्लिका (स्त्री०) प्रसेनजित राजा की रानी।
०मलिका, राजरानी। (जयो० ९/७७) मल्लिकामहिषी चात्सीतप्रसेनजिन्महीपतेः। माला (जयो० ५/७७) (वीरो० १५/२८)
मल्लिगंधि (नपुं०) अगर गंध। ०चंदन की सुगन्ध।
मल्लिनाथः (पुं०) उन्नीसवें तीर्थंकर।
०कालिदास के संस्कृत काव्यों पर टीका/भाष्य लिखने वाला कवि। इस भाष्यकार ने रघुवंश, कुमारसंभव, मेघदूत, किरातर्जुनीय, नैषधीयचरित, शिशु पालवध जैसी संस्कृत कवियों की कृतियों पर चौदहवी पंद्रहवी शताब्दी में टीकाएं लिखीं। जो वर्तमान युग में अधिक प्रसिद्ध हैं।
मल्लिमाला (स्त्री०) जातिकुसुमस्रग। (जयो० २०/३५)
मल्लीकरः (वि०) [अमल्लमपि आत्मानं मल्लमिव करोति] कोर।
मल्लु (पुं०) भालू, रीछ।
मव् (सक०) कसना, बांधना।
मव्य् (सक०) बांधना, जकड़ना।
मश् (अक०) ०गुनगुनाना, गुञ्जन करना, ०भिनभिनाना। ०क्रोध करना।
मशः (पुं०) [मश्+अच्] ०गूंजना, गुनगुनाना।
मशकः (पुं०) [मश्+कुन्] मच्छर, पिस्सू, डांस।
०चमड़े का थैला, मशक।
मशकवरणं (नपुं०) मच्छर उड़ाने का चंवर।
मशकहरी (स्त्री०) मसहरी, मच्छरदानी।
मशकिन् (पुं०) [मशक+इनि] गूलर का पेड़।
मशुनः (पुं०) कुत्ता, श्वान।
मष् (सक०) चोट पहुंचाना, क्षति करना, नाश करना।
०मार डालना।
मषिः (स्त्री०) स्याही।
०काजल।
मषिकर्मन् (पुं०) लेखन क्रिया।
मषिवर्तिन् (वि०) अंधकार में प्रवर्तन करने वाला। (जयो० १२/२) ०स्याही से युक्त।
मषिपात्रं (नपुं०) स्याही का दवात। (जयो० २१/३२)
मस् (सक०) तोलना, मापना।
०रूप बदलना।
मसनं (पुं०) [मस्+ल्युट्] मापना, तोलना।
मसकपूरणः (पुं०) एक यति का नाम। (जयो० २३/८७)
मसरा (स्त्री०) [मस्+अरच्+टाप्] मसूर दाल।
मसारः (पुं०) [मसं परिमाणं ऋच्छति।] [मस्+ऋ+अण्-मसार+कन्] पन्ना।
मसि (पुं०/वि०) [मस्+इनि] स्याही, काजल, ०मसिविद्या, ०लेखन आदि की कला, ०ऋषभ के द्वारा सर्वप्रथम छह विद्याओं को जन-जन के लिए शिक्षा दी उसमें मसिविद्या भी एक कला है।
मसिकूपी (स्त्री०) स्याही का पात्र।
मसिधानं (नपुं०) दवात।
मसिधानी (स्त्री०) दवात, मसिपात्र।
मसिपण्यः (पुं०) लिपिकार, लेखक।
मसिपथः (पुं०) कमल, लेखनी।
मसिप्रसू (स्त्री०) लेखनी।
मसिवर्धनं (नपुं०) लोबान।
मसुरः (पुं०) मसूर दाल। ०तकिया। द्विदलान्न भेद। (जयो० १२/१२६)
मसुरा (स्त्री०) ०मसूरदाल।
०पण्याङ्गना, वेश्या।
मसुरोचितः (पुं०) मसूरदाल। (जयो० १२/१२६)
मसूरिका (स्त्री०) [मसूर+कन्+टाप्] ०खसरा रोग।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०मच्छरदानी।
०कुहिनी।
०दूती।

मसूरी (वि०) छोटी चेचक।

मसृण (वि०) स्निग्ध, चिकना।
०मृदु, कोमल, सरल।
०प्रिय, मनोहर।
०चमकीला, उज्ज्वल।

मसृणा (स्त्री०) अलसी।

मस्क् (सक०) जाना, पहुंचना।

मस्करः (पुं०) [मस्क्+अरच्] ०गति, चाल।
०ज्ञान।
०बांस, खोखला बांस।

मस्करिन् (पुं०) [मस्कर+इनि] ०संन्यासी, साधु।
०चन्द्र, शशि।

मस्ज् (अक०) स्नान करना, नहाना।
०डूबना, ढलना।
०उठना, दृष्टिगोचर होना।
०घुल जाना, ओझल होना।

मस्तं (नपुं०) [मस्+क्त] सिर, माथा, खोपड़ी।
०देवदारु वृक्ष।

मस्तकः (पुं०) [मस्मति परिमात्यनेन मस् करणेन स्वार्थे क] ०सिर, माथा, खोपड़ी। (समु० ९) ललाट। (जयो० १२/५७)
०शिखर, चोटी, कूट।

मस्तकज्वरः (पुं०) सिरवेदना, तीव्र शिरोवेदना।

मस्तकचूलिका (स्त्र०) ललाट रेखा। (जयो० १२/५७)

मस्तकपिंडकः (पुं०) हस्ति गण्डस्थल का उभार।

मस्तकमल्लिका (वि०) शिरोमाला, शिरोमल्लिका। (जयो० ९/७७) ०शिरोभूषण।

मस्तकमूलकं (नपुं०) गर्दन।

मस्तकस्थली (वि०) मूर्धभुव। (जयो० २२/२१)

मस्तकस्नेहः (पुं०) सिर।

मस्तिष्कं (नपुं०) सिर, दिमाग।

मस्तिष्कवत् (वि०) सिर के सदृश। (सुद० १/२)

मस्तु (नपुं०) [मस्+तुन्] छांछ।

मह् (अक०) आदर करना, सम्मान करना।
०समझना, श्रद्धा रखना।
०पूजा करना।

महः (पुं०) [मह्+घञ्] उत्सव, त्योहार। मह-उत्सव तेजसो इति वि (जयो० २१/१३)
०उपहार।
०यज्ञ।
०भैंसा।
०प्रकाश, प्रभा, कान्ति।

महकः (पुं०) [मह+कन्] प्रधान व्यक्ति, श्रेष्ठ व्यक्ति।
०कच्छप।

महत् (वि०) महानता युक्त।

महत् (पुं०) बृहद्, बड़ा, विस्तृत, विशाल। (सम्य० ४३) गत्वा गुरोरन्तिकमेतदाज्ञां, लब्ध्वा मयेयं महतोऽपिभाग्यात्।। (सम्य० ४३)
०यथेष्ठ, पुष्कल, विपुल, प्रधान, प्रमुख।
०असंख्य।
०लम्बा, विस्तारित, व्यापक।
०प्रचण्ड, गहन, अत्यधिक।
०सघन, निविड।
०महत्त्वपूर्ण, महती, गुरुतर।
०उन्नत, उदात्त। (सुद० ९४)
०उत्ताल, उत्तम, विशाल।

महता (वि०) पुण्यशाली। (जयो० १/१०६) महात्मा। (जयो०२/२)

महती (स्त्री०) [महत्+ङीष्] ०बीणा, एक वाद्य विशेष।
०महत्त्वपूर्ण, उत्तम। (जयो० २/८९)
०बृहत् परिणाम। (जयो० ३/६०)
०घनिष्ठा। (जयो०वृ० १/१६)

महती प्रपञ्चः (पुं०) विशेष प्रपञ्च (वीरो० १८/२३) अधिक छल, महा वंचना, अधिक ठगीभाव।

महतीय (वि०) महत्त्वपूर्ण। (सुद० ११२)

महत्तर (वि०) [महत्+तरप्] अपेक्षाकृत बड़ा, विशाल।

महत्तरः (पुं०) प्रधान, मुख्य।
०कंचुकी, प्रतिहारी। युवराज के कार्य को देखने वाला राज्य कुशल व्यक्ति।
०गांव का मुखिया।

महत्तरकः (पुं०) [महत्तर+कन्] राजकीय व्यक्ति, महा प्रतिहार।

महत्तरवत् (वि०) विशालता युक्त। (जयो०वृ०९ १/२४)

महत्त्वं (नपुं०) [महत्+त्व] ०बड़ापन, विशालता, विस्तृति।
०विभूति, ऐश्वर्य।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०उन्नत अवस्था, ऊंचाई, उन्नयन।
०गहनता, प्रचण्डता।
०महान्। (सुद० ४/३०)
०महत्त्वपूर्ण-'प्रणयनं प्रापणमेव महत्त्वं भवेत्' (जयो०२३/८४)
०अतिशय विशाल।
०एक ऋद्धि विशेष, जिसके प्रभाव से जीव अपने शरीर को अतिशय विशाल कर सकता है।

महत्तत्वं (नपुं०) सांख्य के पच्चीस तत्त्वों में दूसरा तत्त्व।
०प्रधान तत्त्व।

महद्धनं (नपुं०) विशालधन, अधिक धन सम्पत्ति। (समु०३/५)

महदन्तरं (नपुं०) बड़ा अंतर। (दयो० ३२)

महदाश्रित (वि०) महत्त्वपूर्ण आधार। (सुद० २/३)

महदी (स्त्री०) मेंहदी। (जयो० १५/७५)

महद्र (वि०) महानतम्, अत्यधिक। सौंदर्यमङ्गे किमुपैसि भद्रे घृणास्पद तावदिदं महद्रे।। (सुद० १२०)
मह्यं मेरे लिए (जयो० २०/२६)

महनीय (वि०) आदरणीय (जयो० ४/३३) पूजनीय। (जयो० ४/९) प्रतिष्ठित, पूज्य। परमादरणीय (दयो०३९)

महर्घ्य (वि०) पूजनीय (सुद० ९१) ०सम्माननीय।

महर्ष (वि०) हर्ष युक्त, ०आनन्द सहित।

महर्षिनन्दनः (वि०) पूजनीय। (सुद० ९१)

महर्षि (पुं०) ऋषि, मुनि। (जयो० १/७९)

महल्लकः (पुं०) निर्बल, दुबला, कमजोर, जीर्ण, पुराना।

महस् (नपुं०) [मह्+असुन्] ०उत्सव, त्योहार।
०उपहार, आहूति।
०प्रकाश, आभा।

महस्करः (पुं०) [मस्स्+कर] सूर्य, दिनकर। (दयो० १८)

महस्वत् (वि०) [महस्+मतुप्] भव्य, उज्ज्वल, आभावान्।

महा (स्त्री०) [मह्+घ+टाप्] गाय।

महा (वि०) ०महान्, उत्तम, विशिष्ट। (सम्य० ९९)
०उन्नत, विशाल, भयानक।
* विशेष, युक्तिसंगत।
०विस्तृत, फैला हुआ, विस्तीर्ण।
०विपुल, असंख्य।
०प्रचण्ड, गहन, प्रगाढ़।

महाकच्छः (पुं०) समुद्र, स्थान। (समु० २/११)

महाकविः (पुं०) कवि शिरोमणि। अनेक अर्थों के सूचक रचना वाले कवि शब्दार्थ-वैचित्र्योपेतं महाकाव्यम्।

महाकाव्यं (नपुं०) बृहत्काव्य।

महाकोशः (पुं०) विश्वकोश।

महाङ्गसंग्रहः (पुं०) उष्ट्र समूह। महाङ्गानामुष्ट्राणां संग्रहः उष्ट्रसहितः। (जयो० २१/५)

महागजः (पुं०) उन्नत हस्ति।

महागंगा (स्त्री०) अनेक नदियों के प्रवाह वाली गंगा नदी।

महागणः (पुं०) गणधर।

महागरः (पुं०) महाविष। (जयो० १५/१७)

महागुणः (पुं०) विशाल गुण।
०गुणस्थान, बारह गुणास्थान। महान्तो गुणस्थानानि। (जयो० १/९८)

महागणपति (पुं०) गणेश। ०गणधर।

महाघोषः (पुं०) उच्च उद्घोष।

महाचम् (स्त्री०) विशाल सेना। ०उत्तम चतुरंगिनी सेना।

महाछायः (पुं०) वटवृक्ष।

महाजनः (पुं०) प्रतिष्ठित व्यक्ति, सज्जन, पूज्य पुरुष। (जयो० २४/८)
०सौदागर, व्यापारी।
०साधारण जन समूह।

महातपस् (पुं०) कठोर तप, तेजस्वी, शूरवीर योद्धा।
०अग्नि।

महादण्डः (पुं०) विशाल बाहु।

महादंती (स्त्री०) उन्नत हाथी।

महादानं (नपुं०) सकलदत्ति कारक। (जयो० १/१०८)

महाधनु (वि०) विशाल बाहु।

महात्मन् (पुं०) महान् आत्मा, दिगम्बर मुनि।
समान-सुख-दुःख-सन् पाणिपात्रो दिगम्बरः।
निःसङ्गो निष्पृहः शान्तो ज्ञान-ध्यानपरायणः।। (दयो० २०)
०साधक, साधनाशील, तपस्वी (सुद० १०९)
०भगवत् (वीरो० ८/१८) महापुरुषेण प्रमोदिना उत्कृष्टः (जयो० २५/७९)
०महापुरुष (दयो० १२२-१२३) अनन्तज्ञानवीर्ययुक्त-त्वान्महानात्मा यस्य स महात्मा। (जैन०ल० ८९३)

महादेवः (पुं०) रुद्र, ऋषभदेव। (जयो० ७/५३)
०शिव, शंकर। (जयो० १/१५)
०पशुपति। (सुद० ११२)
०उमा-धव (जयो० १/७६)

महादर्शः (पुं०) अमावस्या तिथि।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०दर्पण। (जयो० ३/१०१)

०देखना।

महादेवः (पुं०) शिव, शंकर। (जयो० १/२)

महाकाव्यम् (नपुं०) महाकाव्य, प्रबन्ध की एक-एक विधि। (जयो० १/६)

महाकायः (पुं०) विशाल देह। (दयो० २५)

महाजप (वि०) महाकाय।

महाजनः (पुं०) मृत्यु, मरण।

महात्मन् (वि०) उत्तम आत्मा वाले (दयो० ३१) महात्मा (वीरो० २२/१०)

महात्ययः (पुं०) बड़ा भारी संकट।

महाध्वनिक (वि०) महाप्रयात, दूर तक गया हुआ।

महाध्वरः (पुं०) महत् यज्ञ।

महानटः (पुं०) शिव, नटराज।

महानदः (पुं०) विशाल सरोवर।

महानदी (स्त्री०) विस्तृत क्षेत्र वाली नदी, गंगा, यमुना आदि नदी।

महानयः (पुं०) महापुरुष। (समु० ४/३)

महानरकः (पुं०) दुःखपूर्ण नरक।

महानसः (पुं०) रसोईघर। (दयो० ९) ०बड़ा भोज स्थान।

महासत्व (वि०) रसोईघर, रसवती स्थान युक्त। (जयो० २२/४९)

महानिन्द्रा (स्त्री०) मृत्यु, मरण।

महानिर्वाणं (नपुं०) परमनिर्वाण, मुक्ति, मोक्ष।

महानुग्रहः (पुं०) विशेष कृपा। (समु० १/६)

महानुत्सवः (पुं०) उत्तम उत्सव।

महानुभवः (पुं०) विशेष अनुभव। (दयो० ३७ मुनि० १५/)

महानुभावः (पुं०) महायश, महान् व्यक्ति। (समु० १/११)

०भव्यात्मन् (वीरो० १८/५२)

०लोकोत्तर महिमा (पंक्ति० ३)

०सज्जन, ज्ञानीजन।

०महापुरुष।

महानेमिः (पुं०) काक, कौवा।

महान्वयः (पुं०) श्रेष्ठ कुलोत्पन्न। महान् अन्वयो येषां ते (जयो० २/११)

महापञ्चमूल (नपुं०) पंच महाव्रत। एवं मूल गुण युक्त।

महापथः (पुं०) राजमार्ग, मुख्य सड़क।

महापंथः (पुं०) राजमार्ग।

महापद्म (नपुं०) श्वेत कमल।

०हिमवान आदि पर्वत स्थित तालाब।

महापालकं (नपुं०) जघन्य अपराधी।

महापात्रः (पुं०) प्रधानमंत्री।

महापुंसः (पुं०) महापुरुष।

महापुरः (पुं०) महानगर। (सुद० ४/२८)

महापुरु (पुं०) महापुरुष। (सुद० ३/२३)

महापुराणं (नपुं०) वैदिक पुराण। (दयो० ३१)

०जैन पुराण-जिनसेनाचार्य प्रणीत।

महापुराणी (स्त्री०) गुणभद्राचार्य की रचना। (समु० १/२)

महापुण्डरीकः (पुं०) हिमवान् आदि पर्वत पर स्थित तालाब। (त०सू० पृ० ५१)

महापुण्योदयः (पुं०) उत्तम पुण्य का कारण (दयो० १०४)

महापुरुषः (पुं०) सज्जन, महाशय। (सुद० १२३)

महापूजा (स्त्री०) उत्तम अर्चना, विशेष पर्व पर की जाने वाली पूजा।

महाप्रसादः (पुं०) अतिकृपा।

महाप्रस्थानं (नपुं०) मृत्यु, मरण।

०महाविलीन, समाधि।

महाफल (वि०) अच्छाफल देने वाली।

महाबल (वि०) बलशाली, शक्ति सम्पन्न।

महाबलः (पुं०) एक नाम, विष कन्या के पिता का नाम। (दयो० ६९)

महाबाहु (वि०) लम्बी भुजा युक्त। (जयो० ११/९८)

महाबोधिः (स्त्री०) उत्कृष्ट ज्ञान, वीतरागता।

महाब्रह्मं (नपुं०) परमात्मन्।

महाभागः (पुं०) महानुभाव, सौभाग्यशाली, महाशय। भव्यात्मन्। (जयो०वृ० १/२१ सुद० ४/३८)

महाभारताख्यः (पुं०) महाभारत नाम। (जयो० १/१) एक काव्य।

महाभुज (वि०) बाहुबली, शक्तिशाली।

महामणि (स्त्री०) चिंतामणिरत्न (जयो० १/१०६) मूल्यवान् मणि।

महामतिः (स्त्री०) विचारशील व्यक्ति, बुद्धिमान जन। (जयो० २/५१)

०उत्तमबुद्धि। (दयो० ५८)

महामत्खी (स्त्री०) बड़ी मछली। (दयो० २३)

महामद (वि०) उन्मत्त, नशे में धुत्त।

महामनस् (वि०) उदारमना, महाशय, उदारचित्त। (जयो० ९/८४)

०उदार, अभिमानी। (समु० ४/९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

महामना (वि०) विद्वान्, चतुर निपुण। (सुद० ४/२५) ०महामनस्विन्। (सुद० ३/३६)

महामन्त्रं (नपुं०) नवकार मन्त्र, पञ्च परमेष्ठिमंत्र, जैनधर्म में प्रचलित अनादि मूल मन्त्र। णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं। णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं।। ०श्रेष्ठ मन्त्र १० उत्तम मन्त्र।

महामन्त्रिन् (पुं०) प्रधानमंत्री।

महामहिमा (स्त्री०) उदार महिमा, उत्कृष्ट महिमा।

महामहिमोदयपात्री (वि०) महान् महिमा के उदय का पात्र होने वाली।

महामहोपाध्यायः (पुं०) महापण्डित।

महामांसं (नपुं०) विपुल मांस।

महामात्रः (पुं०) राज्याधिकारी। ०प्रमुख-राज्य अधिकारी।

महामाया (स्त्री०) सांसारिक अविद्या। ०अधिक छल-कपट।

महामारी (स्त्री०) हैजा, संक्रामक रोग।

महामुखः (पुं०) मगरमच्छ।

महामुनि (पुं०) ज्ञानी मुनि, तपस्वी मुनि, ध्यानी मुनि। (दयो० २/१८)

महामूल्य (वि०) अधिक मूल्य। ०वस्तु का अधिक मूल्य।

महाभृगः (पुं०) हस्ति, हाथी।

महामेदः (पुं०) मूंगे का पेड़।

महामोहः (पुं०) अति लुभावना, अत्यधिक आकर्षक।

महायज्ञः (पुं०) विशिष्ट यज्ञ।

महायात्रा (स्त्री०) महाप्रयाण।

महारजतं (नपुं०) स्वर्ण। ०धतूरा।

महारजनं (नपुं०) बहुमूल्य रत्न।

महारथः (पुं०) विशाल रथ, बड़ा रथ।

महारस (वि०) रस पूर्ण।

महारसः (पुं०) गन्ना, ईख, इक्षु।
०पारा।
०बहुमूल्य धातु।

महाराजन् (पुं०) प्रभु, स्वामी, राजा, चक्रवर्ती। (सुद० १/४५) रायाण जो सहस्सं पालइ सो होदि महाराजो (ति०प० १/४५) जनतां सततं प्रयालयस्तु महाराज इतो भवान् स्वयम्। सहस्रराजस्वामीमहाराजः (दयो० १०६)

महाराज्ञी (स्त्री०) पटरानी। (सुद० ८५) भवत्यस्ति महाराज्ञी यत्किञ्चिद्वक्तुमर्हति।

महारात्रि (स्त्री०) प्रलय काल।

महालक्ष्मी (स्त्री०) महालक्ष्मी।

महालिंग (नपुं०) शिव लिंग।

महालोलः (पुं०) काक, कौवा।

महावनं (नपुं०) विशाल जंगल, विंध्याचल पर्वत।

महावनीश्वरी (स्त्री०) पटरानी। (सुद० ८४) कपिलाऽऽहावनीश्वरीम्।

महावाक्यं (नपुं०) विशेष साहित्य, रचना, अतिशय विशिष्ट अर्थ वाले वाक्य-महाकाव्य, महापुराण।

महावातः (पुं०) झंझावात, आंधी।

महावार्तिकं (नपुं०) महाभाष्य, किसी ग्रंथ या सूत्र पर बृहट्टीका।

महाविकाशिन् (वि०) अत्यंत विस्तृत होने वाला। (जयो०१/४२)

महाविदेहः (पुं०) एक क्षेत्र विशेष।

महावीरः (पुं०) बलशाली, शक्तिसम्पन्न, महाविक्रान्त। ०अन्तिम तीर्थंकर महावीर।

महावीरप्रभु (पुं०) महावीर स्वामी। (सुद० १/४५) जिन्हें जिनशासन में वर्धमान, वीर, अतिवीर, सन्मति भी कहते हैं।

महावेग (वि०) विशाल वेग, बहुत तेज।

महाव्याधिः (स्त्री०) भयानक रोग।

महाव्रतं (नपुं०) पञ्च महाव्रत, जैन श्रमणों द्वारा अंगीकार किए जाने वाले अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह व्रत, जिसमें सम्पूर्ण अंश के त्याग को महत्त्व दिया जाता है। (भक्ति० ९) साहेंति जं महत्थं आचारिदाणी य जं महल्लेहिं। जं च महल्लाणि तदो महव्वयाइं भवे ताइं।। (मूला० ५/९९) 'सर्वतो विरतिर्नाम मुनियोग्यं महाव्रतम्' ०जो महान् अर्थ को/मोक्ष को सिद्ध करते हैं।

महाव्रतिन् (पुं०) महाव्रती, श्रमण, मुनि।

महाश्रावकः (पुं०) व्रतपालक श्रावक, अणुव्रत धारक श्रावक।

महाशब्द (वि०) उच्च ध्वनि।

महाशय (वि०) महाभाग्य, सौभाग्यशाली।
०महाजन, सज्जन। (सम्य० ७४)
०महानुभाव। (सुद० २/२०)
०आर्य। (जयो०वृ० १/२६)
०उदारचेता। (जयो० ३/९४)
०महान् आशय वाला, उत्तम आशय युक्त। (जयो० १३/४४) दृष्ट्वाऽवाचि महाशयासि किमिहाऽऽगत्य स्थितः किं तया। (सुद० ९८)

महाशुक्तिः (स्त्री०) मोती युक्त सीपी। (समु० ५/१५)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

महाशुक्रः (पुं०) दसवां स्वर्ग। (वीरो० ११/१६)
महाशुक्ला (स्त्री०) सरस्वती, भारती।
महाशुभ्रं (नपुं०) रजत, चांदी।
महाश्वेता (स्त्री०) सरस्वती, भारती।
महासंक्रान्ति (स्त्री०) मकर संक्रान्ति।
महासती (स्त्री०) साध्वियों में अग्रणी, महाव्रतधारण करने वाली सती।
महासत्ता (स्त्री०) ०समस्त पदार्थ में व्याप्त सत्ता, ०असीम अस्तित्व। ०प्रभुत्व, ०विशालता।
महासत्त्वः (पुं०) कुबेर।
महासिद्धिः (स्त्री०) विशेष सिद्धि।
महासुखं (नपुं०) परम सुख।
महास्कंधः (पुं०) उष्ट्र, ऊँट।
महास्थली (स्त्री०) पृथ्वी, भूमि।
महास्थानं (नपुं०) विशेष स्थान, परम पद।
महाहिमवन् (पुं०) पूर्व समुद्र से पश्चिम समुद्र तक लम्बा पर्वत। (त०सू० ३/११)
महि (स्त्री०) भूमि, धरणी। 'महि शब्दो ह्रस्वेकारान्तोऽपि कविभिः सम्मतोऽस्ति धरिणि शब्दवत्। (जयो० २५/७४)
महिका (स्त्री०) [मह्+क्वुन्+टाप्] ०कोहरा, धुंध।
महित (भू०क०कृ०) [मह्+क्त] ०पूजित। (जयो० २८/८) ०सम्मानित, श्रद्धेय। ०पूजनीय, अर्चनीय, आदरणीय।
महिता (स्त्री०) [मह्+क्त+टाप्] पूजनीया, माननीया पूज्या वसुधा महिला तावद्युक्ता नवसुधान्वयैः (जयो० ३/७८) ०महामान्या। विरम विरम भो स्वामिनि त्वं महितापि जनेन।। (सुद० ८७)
महिमन् (पुं०) [महत्+इमनिच्] यश, गौरव, प्रतिष्ठा, कीर्ति।
महिमहित (वि०) पृथ्वी पर पूजित, भू भाग पर पूजनीय। (जयो० ५/५३)
महिमा (स्त्री०) यश, गौरव। (सुद० १०९) महाशरीर विधान, महत्त्व (जयो० ९/८८)
महिमान (वि०) महिमा युक्त, प्रतिष्ठित। (सुद० ३/६)
महिमानः (पुं०) पृथ्वी परिमाण। तेजस्ते जयतादपि मित्रं महिमा तव महिमानविचित्रः। (जयो० ९/८८)
महिमाविषयक (वि०) गौरव युक्त। (जयो० २६/५९)
महिमोहविस्मयी (वि०) पृथ्वी पर आश्चर्यजनक विचार वाला। 'महिम्नि विषये य ऊहोय विचारस्तेन। (जयो० २६/५९)
महिरः (पुं०) [मह्+इलच्, तस्य रत्वम्] सूर्य, दिनकर।
महिला (स्त्री०) [मह+इलच्+टाप्] स्त्री जाति। नारी। ०पृथ्वी को लाभ पहुंचाने वाली।
महिषः (पुं०) भैंसा। (वीरो० १/३१)
महिषघातिनी (स्त्री०) दुर्गा।
महिमथनी (स्त्री०) दुर्गा।
महिषि (स्त्री०) [महिष्+ङीष्] भैंस। (सुद० ४/२६) ०राजरानी। ०पटरानी। (सुद० १/२२, वीरो० ३/२४) ०पट्टराज्ञी। (जयो० ११/८२) (समु० ६/४३)
महिषी देखो ऊपर।
महिषी (स्त्री०) सेविका, दासी। ०व्यभिचारिणी स्त्री।
महिषीचरी (स्त्री०) रानी (सुद० १३३)
महिषीसनायता (वि०) पटरानी युक्त। (दयो० ४)
महिष्मत् (वि०) [महिष+मतुप्] बहुत सी भैंसें रखने वाला।
मही (स्त्री०) [मह्+अच्+ङीष्] ०भूमि, पृथ्वी, धरणी, धरा। ०स्थान। (जयो० ९/१) ०मही, छांछ। (जयो०वृ० १०/१५) ०भूसम्पत्ति, भूवैभव।
महीकंपः (पुं०) भूकम्प, भूचाल।
महीक्षित् (वि०) पृथ्वीदर्शक। (जयो० १०/५६)
महीक्षित् (पुं०) राजा, नृप।
महीज (पुं०) वृक्ष, तरु, पादप। ०मंगलगृह।
महीजं (नपुं०) अदरक।
महीतलं (नपुं०) धरातल, भूभाग।
महीदानं (नपुं०) भूदान।
महीधरः (पुं०) पर्वत, पहाड़।
महीध्रः (पुं०) पर्वत, गिरि।
महीनाथः (पुं०) नृप, राजा।
महीपः (पुं०) नृप, राजा। (जयो० १/२४) नरनाथ। (जयो० ९/४०) (सुद० ११२)
महिभुज् (पुं०) नरनाथ, नरपति, राजा, महाराज। (जयो० ९/१) (समु० ४/३) विजयनाज्जयनामहीभुजः समभवत्समरेऽपि महीरुजः। (जयो० ९/१) महिभुजः शशिनाऽसौ प्रतिकारिणी सजः। (वीरो० ६/४०)
महीबला (स्त्री०) चौहानवंशी कीर्तिपाल की रानी। (वीरो० १५/५१)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

महिभृत् (वि०) भूमिधर। (सुद० १/१६)

महिभृत् (पुं०) कृष्ण। (सुद० १/१६) पर्वत, पहाड़।

महीभूतिः (स्त्री०) रानी। (समु० २/९)

महीमघवन् (पुं०) राजा।

महीमघोनः (पुं०) पृथ्वीन्द्र, राजा। 'पृथ्वीन्द्रस्य अघोनः पापवर्जितः समागमः'

महीमहाङ्क (वि०) भूमण्डल पर चलने वाला। (वीरो० २१/१५)

महीमहेन्द्रः (पुं०) राजा।

महीमूर्ध्निः (स्त्री०) भू का अग्रभाग (सुद० १०९) समस्ति यताऽऽत्मनो नूनं कोऽपि महिमूर्ध्न्यहो महिमा। (सुद० १०९)

महीयस् (वि०) [महत्+ईयसुन्] ०महत् प्रशंसनीय, परमादरणीय। (जयो० १२/१४२)

०पूज्य। (जयो० १५/३)

०महत्त्वपूर्ण, शक्तिसम्पन्न। (सुद० ३/६)

महायसी (स्त्री०) विशाल, उन्नत, श्रेष्ठ परिणाम वाली। परिणामेन महीयसी सती। (समु० २/५)

महीयान् (वि०) महापरिणामवान्। (जयो० १६/४०)

०महिमा युक्त। (सुद० १०७)

महीरुहः (पुं०) वृक्ष, तरु। (जयो० १३/७५) (जयो० १३/४६)

महीवलयं (नपुं०) भूमण्डल। (वीरो० ४/४४) पृथ्वी समूह।

महीशः (पुं०) राजा, नृप। (समु० ४/५१) (सुद० १०८)

महीशमहनीय (वि०) राजाओं में आदरणीय। (जयो० ४/९)

महीशितु (पुं०) राजा। (जयो० ९/५९)

महीशूरः (पुं०) मैसूर देश। (वीरो० ५/३४)

महीशूराधिपः (पुं०) मैसूर नरेश। (वीरो० १५/३४) महीशूराधिपास्तेषां योषितोऽद्यावधीति ताः। जैनधर्मानुयायित्वं स्वीकुर्वाणा भवन्त्यपि।। (वीरो० १५/३४)

महीश्वरः (पुं०) राजा (वीरो० १८/४) नृप, अधिपति। (जयो० १/११)

महीस्थलं (नपुं०) भूमि, भूभाग। (जयो०१३/८५)

महेङ्गित (वि०) प्रशस्त चेष्टा वाले। ग्रन्थारम्भमये गेहे कं लोकं हे महेङ्गित। (जयो० १/११०)

महेन्द्रः (पुं०)०महेन्द्र नामक राजा। माहेन्द्र देव। (भक्ति० ३२)

०राजा। (समु० ४/१५)

० महेन्द्र नामक कञ्चुकी। (जयो० ४/३५)

०इन्द्र जालिक। (जयो० ३/४)

महेन्द्रजालः (पुं०) इन्द्रजाल। (भक्ति० ४९)

महेन्द्रदत्तः (पुं०) महेन्द्रदत्त नामक कञ्चुकी। (जयो० ५/६०)

महेन्द्रयुतदत्तः देखो ऊपर।

महेन्द्रस्वर्गः (पुं०) माहेन्द्र स्वर्ग। (वीरो० ११/११)

महेशः (पुं०) परमेश्वर। (जयो० ५/७५) ०शिव।

महेश्वरः (पुं०) ०ईश्वर, भगवन्, ०अर्हत्। ०शिव, ०महादेव।

महेशत्व (वि०) परमात्मपना, ईश्वरपना। (वीरो० ३/१३)

महोज्वरी (वि०) पित्तज्वर वाला। (जयो० २३/२६)

महोत्सवः (पुं०) महान् पर्व, अतिहर्ष। (समु० ६/२८, सुद० ३/४८)

महोदयः (पुं०) भाग्यशाली, सौभाग्यशाली। (जयो० १/९९) (जयो०१२/१४०)

०महाभाग, महाशय, महानुभाव। (वीरो०१/२)

महोदयन्वति (पुं०) महासागर, समुद्र। (जयो० ५/५५)

मा (अव्य०) निषेधात्मक अव्यय, मत, नहीं, ऐसा नहीं। मा हिंस्यात्सर्पभूतानि (सुद० ४/४४) पुरि कोलाहल मा निवेदितम्। (समु० २/२४)

मा (स्त्री०) [मा+क+आप्] लक्ष्मी, पद्मा, विष्णुप्रिया। (जयो० ३/१०१) धनदेवी। (जयो० १/५७) (जयो० ५/९९) मा लक्ष्मी सा सम्पूर्णपृथिवीतलगत मनुष्याणां मान्यता सम्भवा, लक्ष्मी। (जयो०वृ० १/५७)

०माता, जननी। (जयो० १/४५) ०पृथिवी। मातरमिव। ०अमावस्या। (जयो० १२/९२) (जयो० ५/९९)

मा (सक०) मापना, नापतोल करना, घटाना। माक्षेपमानबन्धयोः। इति वि (जयो० २७/२६)

०बनाना, सृजन करना, बसाना।

मा (अक०) अंदर होना।

मांस् (नपुं०) मांस।

मांसं (नपुं०) [मन्+स दीर्घश्च] मांस, गोश्त। (सुद० १२७) ०एक व्यसन विशेष, सप्त व्यसनों में दूसरा मांसभक्षण (जयो० २/१२५) त्रसानां तनुर्मांसनाम्ना प्रसिद्धा यदुक्तिश्च विज्ञेषु नित्यं निषिद्धा। सुशाकेषु सत्स्वप्यहो तं जिघांसुधि 'गेनं मनुष्यं परासृक्पियासुम्।। (जयो० २/१२८) त्रसानां चराचरजीवानां या तनुःकलेवरततिः सा मांसनाम्ना। (जयो०वृ० २/१२८)

मांसकारि (नपुं०) रक्त।

मांसग्रन्थि (स्त्री०) मांस की गिल्टी, मांस का थक्का।

मांसजं (नपुं०) चर्बी, वसा।

मांसद्राविन् (पुं०) खट्टी भाजी।

मांसनिर्यासः (पुं०) शरीर के रोम, देह वाला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मांसपिटकः (पुं०) मांस समूह, मांस का पिटारा।
मांसपित्तं (नपुं०) हड्डी।
मांसपेशी (स्त्री०) पुट्ठा, मांस का टुकड़ा।
मांसभक्षणं (नपुं०) मांसाहार। (जयो० २/१२५) (वीरो० १८/३६) पल भक्षण।
मांसभुग् (वि०) मांस भोजी। विप्रोऽपि चेन्मांसभुगस्ति निंद्यः सद्-वृत्तभावाद् वृषलोऽपि वन्द्यः। (वीरो० १७/१७)
मांसभेतृ (वि०) मांस काटने वाला।
मांसभेदिन् (वि०) मांस काटने वाला।
मांसभोजी (वि०) मांसभुग्, मांसाशिन्, मांस खाने वाली। (जयो० १५/१२)
मांसयोनिः (स्त्री०) मांस से बनाजीव।
मांसल (वि०) पुष्ट, हृस्ट-पुष्ट, शक्ति सम्पन्न। (सुद० १०१) (दयो० ६७)
मांसविक्रयः (पुं०) मांस की बिक्री।
मांसवृद्धिः (स्त्री०) मांस का बढ़ना। (सुद० १०२)
मांसाशनं (नपुं०) मांसाहार। (दयो० ९६)
मांसाशिन् (वि०) मांसभोजी। (जयो० १५/१२)
मांसिकः (पुं०) कसाई, मांस विक्रेता।
माकन्दः (पुं०) आम्रवृक्ष (वीरो० ६/२०)
०आम्र तरु।
०आबलक तरु।
माकन्दक्षारकः (पुं०) आम्रमंजरी। (जयो० ६/१०१)
माकर (वि०) मगरमच्छ से सम्बंधित।
माकरन्द (वि०) [मकरन्द+अण्] फूलों के रस से प्राप्त।
०मधुमिश्रित।
०पराग समन्वित।
माकलिः (पुं०) इन्द्र का सारथि।
०चन्द्रमा।
माक्षिक (वि०) मधुमक्खियों से उत्पन्न।
माक्षिकं (नपुं०) मधु, शहद। (जयो० २/१३०) माक्षिकं मधु जायते।
माक्षिकजं (नपुं०) मोम।
माक्षिकफलं (नपुं०) नारिकेल फल।
माक्षिकशर्करा (स्त्री०) कन्दयुक्त शर्करा।
मागध (वि०) मगध देश में उत्पन्न।
मागधः (पुं०) चारण, बन्दिजन (वीरो० ४/२८) स्तुतिपाठक। (जयो० १८/११)
०सुर, देव। मागधाः सुरा देवा। (जयो० २६/६३)
मागधवर्गः (पुं०) बन्दिजन। (जयो० २६/२८)
मागधः (पुं०) मगध नरेश।
मागधसुरः (पुं०) मागधदेव। (वीरो० १५/९)
मागधा (स्त्री०) [मागध+टाप्] बड़ी पीपल।
मागधिका (स्त्री०) [मागध+ठक्+टाप्] बड़ी पीपल।
मागधी (स्त्री०) मागधी प्राकृत, मगध देश में प्रचलित प्राकृत, जिसमें 'र' को ल और श स ष को श प्रयुक्त किया जाता है-सरोज-शलोज।
०बड़ी पीपल।
०सफेद जीरा।
०परिष्कृत खांड।
०छोटी इलायची।
मागिरि (स्त्री०) लक्ष्मी, सरस्वती। (जयो० ६/१०९)
माघः (पुं०) माघकवि जिसने शिशुपालवध की रचना की।
०माघमास। (वीरो० ६/२४)
माघी (स्त्री०) माघमास की पूर्णिमा।
माघ्यं (नपुं०) [माघे जातम्-माघ-यत] कुन्दलता का पुष्प।
